पेश लफझ लिख्वने के लिये व इस किताब को नझरेशानी प्रुफ व इल्मी, तारिखी, मझमुन के लिये और सफरे किताब तैयार करनेमें जीनकी बडी आला कद्र दुवा, हिंमत, ताकात, होंसलाअफझाइ रहेनुमाइ, सदारत रही ऐसे सुबे गुजरात के मेरे तर्जुबेसे लिख शकता हुं के पावागढ से जुनागढ, दाहोद से द्वारका, शामळाजी से वापी तक, कंडला से कंवाट तक, कहीं भी आप जैसा कोइ पीर नझर नहीं आया।

ऐसा कोइ सैयदझादा मख्दुमझादा, पीरझादा, मुफती, शेख्वे तरीकत नझर नहीं आता कयुं के आप में, इल्में अरबी, उर्दु, गुजराती के साथ साथ हर पहेलुं शामील है । आप दारुल उलुममें सरपस्त, जल्सोमें सरपरस्त, लीटरेचर में सरपरस्त, दोरोमें सरपरस्त, कुम्बे में सरपरस्त, औलाद में चोथी पुस्त देख्वनेमें सरपरस्त, रुहानी दुनियामें सरपरस्त अेक बापके साये के बिना दुआ

का सहारा - दीन का अझीम गाझी , मुझाहीदे दीने इस्लाम, शैखुल कबीर, फाइीले शाही, शहेनशाहे कलम, मुब्लगीगे आलम, वलीअे कामील अस्सय्यिद अल्लामा मुफती अल्हाज हझरत पीर कमालुद्दीन उर्फ कमरुद्दीन बाबा अब्दुलरहमान दरियाइ कुत्बी अशरफी चिश्ती सोहरवर्दी, कादरी अल हाश्मी, दामतहुं आलीय्या का में तहेदिल से शुक्र गुझार हुं के इन्होने मेरी किताब के लिये दो अल्फाझ (शब्द) लीख्खें । उस लिये किसीने ठीक ही कहा है बडो की शोहबत, बडा बडा देती है । सचवालो को साथ रहेते चलते, फीरते खाते-पीनेसे दिल रुहानी बन जाता है । अल्लाह तआला आपकी उम्रमें, इल्ममें, अमलमें, शेहतमें बेहिसाब और जयादा बरकत अता करे. दिन-दुनियाके लोगोको आपसे फैज मीले व हमारे उपर रुहानी फैझे-दरियाइ का खास साया मिलता... मिलता... मिलता रहे ।

इस किताबके लिये दिली मदद करनेवालो को मैं कैसे भूल शकता हुं ? उसमें सबसे पहेले (1) मेरे भतीजे जनाब पीरजादा सैयद हाजी हमीदुद्दीन अेम. दरियाइ अशरफी जीन्होने मेरी टुर में हर वकत साथ साथ रहे और दो लब्झ इस किताब के लिये लीख्खे है । (2) जनाब हाजी मुझाहीदे इस्लाम मुबल्लीगे इस्लाम शैख निशार अहमद मास्टर सहाब (चाचा) ट्रस्टी दारुल उलुम मदीनतुल उलम मु.रतनपुर जी.खेडा (दावते इस्लामी सोसायटी ट्रस्ट) रायखड, अहमदआबाद (3) जनाब शेख हाजी गुलाम राझीक सहाब उर्दु स्कुल सलापस रोड, जी.पी.ओ. अहमदआबाद (4) मर्हुम मौलाना मकबुल आलम मिरबाही सहाब (5) शेख अस्फाकभाइ (6) जनाब सुन्नी मुझाहीद अल्हाज मुनीर कलीमी, कुरेशी सहाब नाझीमे आला व ट्रस्टी दारुल उलुम शाहे आलम (7) जनाब उरमानगनी शैदा कुरैशी अशरफी खलीफ-अे शैखुल इस्लाम (मीरझापुर) उन्होंने अपने दो अल्फाझ पेश कीये व प्रुफ भी किये है (8) जनाब रफीकभाइ कुरैशी (दोस्त)(हांडी) (9) जनाब पीरझादा सैयद मोहंमद षाकिब बाबा अेम. दरियाइ अशरफी (मेरे फरजंदे अव्वल) (10) जनाब वहोरा अब्दुलकैयुम अब्दुलरहेमान - खलीफ-अे दरियाइ अशरफी (नरसंडा, नडियाद-खेडा) (11) जनाब पीरझादा सैयद रियाझुद्दीन जे. दरियाइ अशरफी (12) पीर सैयद मोहंमद युसुफमीयां अेफ. दरियाइ अशरफी (13) जनाब पीरझादा सैयद मोहंमद शकलैन बाबा अेम. दरियाइ अशरफी (मेरे फरजंदे दोयम)

जीन्होने ये किताब मन्जरे आलम पर लाने के लिये हर वकत दिन-रात मुझे अपना पुरा वकत दिया साथ साथ कदम ब कदम मेरे साथ चले । कयुं के

काम आसान नहीं था और दुन्यवी कामो की भी मुश्कीलों का सामना करके मेरा साथ दीया । इन नेक काम में साथ देनेवाले हझरातों ने सच्चे आशिके सरकार दरियाइ के दिवानो ने पहाड की चट्टानो के सामने अपनी रुहानी दिल और सिना रख दीया था । अल्लाह तआला के **हुझूर हल जझाउल इहसानि इल्लल इहसान** (सूरअे रहमान आयत नं.६०)

तरजुमा : कया हया अेहसान का बदला बजुझ अेहसानके. (मआरेफुल कुर्आन) की तरहा अहले बैत के सदके ये हझरातो की मदद करे ये दुआ है ।

किताब के लिये मुझे हरदम दामे दिरहमें कदमें सुखने बल्के अपने दिलो को भी मेरे तरफ रखकर मदद करनेवालो के लिये में जीतना लिख्खुं उतना कम है । कयुं के हर काम के मकसद मन्जरे आम पर लाने के लिये ताउन मदद चाहिये जो मुझे गुजरात की मशरुफो मारुफ खिदमते दीने इस्लामकी अझीम तन्झीम सुन्नी मुस्लिम कमिटी जैसी कोइ टीम नझर नहीं आती है । ये कमिटी ने जो काम किया है उसकी कोइ मिशाल नहीं है । की जीनकी जानिब से अबतक कइ इशाअते (लाखों किताबे) साये की तकसीम कर दी है । ये नेक मकसद के लिये सुन्नी मुस्लिम अवाम का भी बडा हिस्सा है वरना कइ कमिटी अे वजुदमें आइ और चली गइ । मेरी २००५ के गोंडल के दौरेमें उन्हे ये मेनें राय पेश की आप हिन्दी में सरकार दरियाइ की शानमें कोइ किताब साये करे । ये बात मेरे मुंहसे निकली थी की जनाब अल्हाज सुफी सुन्नी मुजाहिद इस्लाम के सच्चे मुबल्लीग सुलेमानभाइ जे. इसाणी सहाबने मेरी बातको फौरन कबुल कर लीया । बादमें जनाब पीर सैयद अल्हाज मुझाहीदे अव्वल, शीशादिल, सुन्नीयतके परचम को हंमेशा बुलंद रखने वाले आले-नबी औलादे अली हझरत हाजी मोहंमदमीयां बिन हाजी अबदुल मजीदमीयां नागाणी बरकाती दरियाइ फातेमी व हाश्मी को ये बताया गया । दोनो ने मश्वरा करके मुझे कहा आप अपना काम शुरु कर दे हम आपको ये काममें ख्वाजा दरियाइ मिशनको आगे ले जानेमें हमा वकत साथ है ।

ये दोनो हझरातमें से कोइना कोइ अेक लास्ट २० साल से हर साल उर्स ख्वाजा दरियाइ सरकारमें अपनी खिदमत खानकाहे रझझाकीय्याह, दरियाइय्याह अदा करते है । उन्हें यहां के हर अेक पहेलुं को देखा व समझा है के यहां कया कया जरुरत है ये दोनो हजरात हमारी फेमीली के बराबर तआल्लुक रखते है ।

काम बडा मुश्किल था जगह जगह जाना दोरे करना, किताबोका मुतअल्ला करना, वकत निकालना, मगर जब बंदे गरिब को, वलीअे कामिल

हुझूर दरियाइ सरकार की रुहानी मदद से जो जो लोग सुनते गये मिलते गये तमाम की दीली दुआओ से ये काम अव्वल से आखिर पुरा हुवा । अल्लाह तआला के फझल से अहले बैत आले पाक के सदके जनाब सैयद महंमद बापु नागाणी, जनाब हाजी सुलेमानभाइ इसाणी साहेबान की आल दर आल अब तक जीतनी किताबे साये कि है उसका जझाओ खैर मिलता है । अल्लाह तआला उनकी व उनके रिश्तेदारों की रोझी में, उम्रमें, इल्ममें, सेहतमें बेशुमार बरकतें व झझाओ खैर अता करे आमीन ।

इस किताब के प्रुफ के लिये हझरत शैखे नडीआद पीर सैयद सलाहुद्दीन बाबा, बुखारी अशरफी दरियाइ (खलीफ-ओ अशरफी-दरियाइ) मु. नडीआद का भी में ओहसानमंद हुं के आपने अपना किंमती वकत निकालकर हमें वकफ किया । अल्लाह तआला ख्वाजा दरियाइ शाहे आलम सरकार का फैझ और जयादाह अता करे । आप और जयादाह मकबुलीयत हांसिल करे वैसी ख्वाजा दरियाइमें खास दुआ है ।

साथ में किताबकी टाइपींग, प्रिन्टींग, डीझाइन मे ओक और सुन्नी भाइ का साथ मिला । मनसुरी शकील अब्दुलगनी (मदनी ग्राफीकस) मु.पो. नडीआद का पुरा ताउन मीला उनका भी दिलसे शुक्र अदा करता हुं । अल्लाह तआला उन्हें मेरे बुझुर्गोसे मोहब्बत सुन्नी मशाइखो से बावस्ता रखे और नेक काममें उनके कामयाबी अता हो ऐसी बारगाहे खुदावंदीमें दुआ है ।

इस किताबके अव्वल उर्दु पेज का में आसान हिन्दी न कर शका और बादमें कुछ लोगोका मश्वरा रहा के बोली-चाली रोज मरराकी जुबान आसान हिन्दीमें लिख्खे । कयुं के ये किताब हिन्दुस्तान के कई गांव और छोटे शहरोमें जायेगी इस लिये आसान जुबान रख्खे । मेरे खानकाह के साथियों का भी यही मश्वरा था की आप आसान हिन्दी जुबान रख्खें । इस लिये पळहनेमें गलतियां, तरजुमेमें हुइ हो तो बराये करम माफ करे और हमसे इस्लाह के लिये मेरे ओड्रेस पर या इन्टरनेट से लीख भेजे । कोइ वाकियात या मजमुन से कोइ शीकायत हो तो भी मुझे अपने इल्मसे नवाझे और अपने किंमती मश्वरे अच्छे-बुरे मुझे जरुर दे या लीख भेजे तो जयादा अच्छा होगा । मेरी गलतियोंकी इस्लाह होगी और अगले ओडीशन के लिये आसानी होगी ।

में उन तमाम मेरे बुझुर्गो आलीमो मशाइखो दोस्तो ओहबाबों का शुक्रीया अदा करता हुं जीन्होनें मेरी मदद की व साथ में रहेनुमाइ व हीदायत दी व होंसला अफझाइ व करम नवाझीश की ।

सोहबते सालेह तुरा सालेह कूनद
सोहबते तालेह तूरा तालेह कूनद

तर्जुमा : नेक पाकीझा लोगोंकी सोहबत (संग) बेठनेसे नेक बनोगे
बूरे लोगोकी सोहबत (संग) में बेठनेसे बूरे (गुनेहगार) बनोगे

ता.6-5-2014 बरोझ मंगल चांद 6 रजजबुल मुरजजब हिजरी सन-1435
वकत : सुब्ह बाद नमाजे फझर

दुआगो
खाक पा-अे औलीया
(दरे दरियाइ का लाचार गुलाम)
महबूबूल मशाइख, नुरुल औलिया,
गुलाम अब्बास अल मारुफ

(1) **पीर सैयद अल्हाज मोहम्मद मदनीबाबा अेफ. दरियाइ,**
कुत्बी अशरफी चिश्ती सोहरवर्दी कादरी अल हाश्मी
खलीफ-अे शैखुल इस्लाम व खलीफ-अे शैखुल मशाइख
अता-अे शाहजी - 2, अम्मार टेनामेन्ट, संजर पार्क से पहले,
देनाबेंक लाइन, विशाला सर्कल, जुहापुरा सरखेज रोड,
अहमदआबाद-380055 मो.091-98791 81156

(2) **पीरझादा सैयद मोहंमद मदनीबाबा अेफ. दरियाई**
खवाजा दरियाइ रीसर्च सेन्टर व कुतुबखाना-अे-रजजाकीया
ठे. आमेना मंझील, जुना सरकारी गेस्ट के पीछे,
मु.पो.ता.बीरपुर शरीफ-388 260, जी.महीसागर, गुजरात
मो.091-98791 81156
E-mail : gpeerzada@yahoo.com

ताअरुफे मुसन्निफ (संपादक का परिचय)

नाम : वालीद माजिद की तरफसे गुलाम अब्बास और नानाजान की जानीबसे मोहंमद मदनीमीयां रख्खा गया । आपकी पैदाइश के वकत नानाजान पीर सैयद अल्हाज अब्दुलरझझाक बावा हज के दौरान मदीना शरीफमें मौजुद थे वही पैदाइश की खबर मिलते ही अपने नवासे नाम मोहंमद मदनीमीयां रखखा । तो वालिद साहब हजरत फतेहमोहंमद ने खत लिखकर बताया की हुजुर आपके रख्खे हुअे नाम से ही आपका नवासा मशहुर होगा और मेरा रख्खा हुवा नाम सीर्फ कागज पर रहेगा । अैसा ही हुवा जैसा वालदि साहबने फरमाया था ।

पैदाइश : 8 शाबान हिजरी सन 1386 पीर सुब्ह सादिक इ.स.22 जुलाइ 1965.

वालिद : फतेमोहम्मद इब्ने पीर सैयद मौलाना शहाबुद्दीन दरियाइ कादरी, सुहरवर्दी, जलाली

वालिद : सैयदा आमेना बीबी

वालदि की तरफसे : मोहंमद मदनीमीयां बिन फतेहमोहंमद बिन शहाबुद्दीन बिन जमालुद्दीन बिन कमालुद्दीन बिन अब्दुल जब्बार बिन इल्मुद्दीन उर्फ शाहे आलम बिन मोहंमद शाह मीठा बिन शहाबुद्दीन बिन अलहादीया बीन हजरत शाह सालम साहब बिन प्यारुल्लाह बिन लाड मोहम्मद बिन ख्वाजा महमूद दरियाइ दुल्हा कुद्देस सिर्रहुल अजीज.

वालेदा की तरफसे : सैयदा आमेना बिबी बिन्ते अब्दुलरझझाक बिन शहाबुद्दीन उर्फ शाहसाहबमीयां बिन कमालुद्दीन बिन अब्दुलजब्बार... बाकी उपर दिये गये नाम मुताबिक ये नसब नामा पुरा के पुरा हाल के जमाने तक का सीवील कोर्टमें रजीस्टर हुवा हे यानी की ये नसब नामा सनदी है ।

नसब नामा : आप वालदि और वालेदा दोनो की तरफ से ख्वाजा दरियाइ दुल्हा रहमतुल्लाह की नसल से है ।

तालीम : दुन्यवी इल्म धो.8 तक और दीनी इल्म दारुल उलुम शाहेआलम अहमदाबाद में इ.स.1978 में ।

व्यापार : आयात निकास, मुंबइ दो साल सुपरवाइजर कंपनी में रहे । उर्स ख्वाजा दरीयाइमें हर साल केसेट, सीडी वगेरा के स्टोल किये, ट्रावेल्स, पासपोर्ट विझा, इस्लामी पोस्टर व बेकरी आइटम वगेरा का भी काम कीया खेती भी की थी ।

खिलाफत 1 : ता.29-6-2009 मु.चांद 14 जमादिउल आखर बरोजे जुम्आ बाद मगरीब मदनी मस्कन मिरजापुर, अहमदाबादमें हजरत शैखुल इस्लाम सैयद मोहम्मद मदनीमीयां बाबा अशरफी, जीलानी, किछौछवी ने सिलसिलअे आलिया, अशरफीया, चिश्तिया, कादरीया की इजाजत और खिलाफतसे नवाजे गये सुब्हानल्लाह ।

खिलाफत 2 : ता.3-02-2008 मु.चांद 4 जिल्कद के रोज कारंटा शरीफ गुजरात के मशहुरो मारुफ पीर मुफतीअे गुजरात रइसुल तेहरीर सुल्तानुल मशाइख, शैखुल आलम अल्लामा अल्हाज पीर सैयद कमरुद्दीन बावा अे पीरजादा दरियाइने सिलसिलाअे दरियाइय्याह, रफाकतीय्याह, रजवीयह, बरकातीयाह, अशरफीयह, चिश्तियह, कादरीयह आलीय्याह वगैराह की खिलाफत की सनद और अमामा शरीफ बांधकर दुआअे खैर दी (ये हजरत मेरे सगे चचरे बळे अब्बाजान के सहाबजादा की बिना पर बडे भाइ जान होते है)

खिलाफत 3 : हजरत पीर सैयद अब्दुलरझझाक दरियाइ कादरी रहमतुल्लाह अलयहेने अपने वीलनामे वसितिनामे में ता.29-1-1977 हि.स.8 सफर 1387 बरोज जुम्आ के दिन आपने तेहरीर कीया के मेरे बादमें आपको इस्लामी मसाइल के तौर पर हकदार बताता हुं । आप अच्छे अख्लाक इस्लामी परहेजगारी पर रहकर अमली जींदगी गुजारे व आपको ये इजाजत देता हुं जो मेरे पास दीन-दुन्यवी मिल्कत के वारीश बताता हुं ।

शादी : 23-5-1992 शनीचर चांद 20 जील्कद 1412 हि.स. बीरपुर शरीफमें अपने चचाजाद भाइके यहां जोजह सैयदा हजीयाणी जहांआरा बीबी खातुन बिन्ते जमालुद्दीन औलाद : आपकी दो सहाबजादी और दो सहाबजादे है ।

(1) सैयदा अक्रमाबीबी - कोम्प्युटर अेन्जीनीयरींग डीग्री व M.A. Part-2

(2) सैयदा अम्मारा बीबी - F.S.L. गुजरात कोलेज अहमदाबाद

(3) सैयद षाकिबमीयां - E.C. Engineer - L.S. कोलेज सरखेज अहमदाबाद

(4) सैयद मोहंमद सकलैनमीयां - धो.9 - F.D. मकतमपुर कोलेज अहमदाबाद

खिदमत : दीनो सुन्नीयत का पैगाम, पैगामे दरियाइ दुल्हा व सवानेह हयात को पहुंचाना और संशोधन करना ।

किताब : आपने यह किताब लिख्खी है (1) हलाल और हराम (2) कफन-दफन (3) सवाने ख्वाजाने दरियाइ दुल्हा (4) विर्द-वजाइफ का तरीका (5) इस्लामी तरीक-अे जीन्दगी । इसके अलावा आप सुन्नी मेगेजीन में आप अपनी कोलममें लिखते रहेते है ।

खास शौख : रुहानी इल्म हांसील करना और तसव्वुफ की किताबे पढना ।

ख्वाहिश : अकाबरीने गुजरात, इस्लामी सरमाया हमारी विरासत और गुजरातके पीछले 200 सालके तमाम पीर बुजुर्गो खानकाहओ आलिमो पर इतिहासिक किताबे लिखना और वीडीयो रेकोर्डींग और सीडी रेकोर्डींग कराना और खिदमत पीरो मुर्शीद हजरत शैखुल इस्लाम की तरफ मन्सुब करना।

सफर : आपने इस्लाम के फैलावे के लीये गुजरात-भारत के अलावा आफ्रीका, केन्या, कोमरुस, सउदी अरब, झांम्बीया वगेरे देशो का सफर किया है।

खानकाह : बिरपुर शरीफमें हवेली जैसी खानकाह है और जुहापुरा-अहमदाबादमें खानकाहे दरियाइ, अता-अे-शाहजी बंगला हे जहां तीनो भाइ साथ-साथ रहते है।

तमन्ना : हजज जो मेनें अपनी वालेदा माजेदा उम्मुल खैर सैयेदा आमेनाबीबी जोजह पीर फतेहमोहंमद के साथ तमन्ना की थी, लेकीन अपनी कमनसीबी की वजहसे लब्बेक न हो शकी, कयुंकी वालेदा माजेदा का इन्तकाल मु.चांद 11 जमादील आखर बरोज बुधवार ता.26-5-2010 को सुब्हा 6-45 बजे ब.मुकाम अहमदाबादमें इन्तकाल फरमा गये। इन्ना लिल्लाहे व इन्ना इलयहे राजेउन बीरपुर शरीफमें मदफन किये गे। मै मेरी बीबी, बळे बेटी-बेटा के साथ मुंबाइ था वहांसे स्पेशियल व्हीकल लेकर जनाजा में शरीक हुवा था। बंदे को इ.स.2011 में उमराह का सर्फ हांसिल हुआ जो ता.21-3-2011 हि.स.1432 को बम्बइ से मक्का शरीफ पहुंचे और 3-4-2011 को मदीना शरीफ से जिद्दाह और जिद्दाह से मुंबइ सुब्ह 4-30 बजे आ गये। उसके बाद ता.18-10-2012 बरोज जुमेरात हि.स.1433 में अहमदाबादसे में और मेरी जोजह सैयदा जहांआरा बीबी के साथ हजजे-बयतुल्लाह के लीये रवाना हुआ यह दौरा बडा रुहानी व इरफानी रहा। हमने 11-11 उमराह व 105-105 तवाफ किये। जिनमें उमरे व तवाफ अल्लाहके रसुल अहले-बैत अत्हार, खुल्फा अे राशेदीन और आदम अलैहीस्सलाम व बीबी हव्वा के नामसे तवाफ किये दिगर सहाबा-अे-किराम सिलसिलअे कादरीया, चिश्तिया, सोहरवर्दीया, नकशबंदीया, अशरफीय्यह, कुत्बीया, दरियाइयह व शाहीया के नामो से व हमारे तमाम मर्हुमो हमारे करीबी नाना-नानी, दादा-दादी, मामु-मामी और हमारे घरो के मेरे बच्चे के अलावा तमाम भाइ, बहेनो, बहेनोइ, चाचा-चाचीयों उन्के तमाम बच्चों के नाम से भी तवाफ कीये थे। मुरीदो और खुद्दामो के नामसे भी तवाफ किये अल्लाह त्आला अपने खास फजल से हमारी इबादतों को कबुल फरमाअे। हम ता.29-11-2012को असर के वकत अहमदाबाद आ गये थे। हमने यहां अेरपोर्टपे जोहर व असरकी नमाज बा-जमाअत अदा की, अल-हम्दो-लिल्लाह

हमारे घर अहमदाबादमें लौट आअे अल्लाह से दुआ है के सब मुसलमानो को अपने घर काबतुल्लाह की जियारत करनेका शर्फ नसीब करे और बक्षीस का परवाना नबी अे बरहकक की जाते बा-बरकत से नशीब हो आमीन... सुम्मा आमीन।

सियासत : आपको ता.27-2-2013 को राष्ट्रीय सोनीया गांधी ब्रिगेड कोंग्रेस का गुजरात कार्यकारणी में अहमदाबाद जील्ला का अध्यक्ष पद पर नियुकत किया गया है।

गाजी : सन ता.9-4-1987 के कौमी फसादात में सलाखोमें (जेल) बेगुना तकरीबन सवाचार साल तक रहे। इन दौरान सलाखों में नमाज बा जमात अदा करते और करवाते और लोगों (मुसलमान) को इल्मे दीन की बाते बताते थे और शिखाते थे। इसमें हिन्दुस्तानके कोमी फसादात आइपीसी की तमाम कलमे लगाइ गइ थीं। लेकीन अल्लाह तबारक व त्आला के अहेसान और जद्दे करीम सरकार ख्वाजा दरियाइ दुल्हा रहमतुल्लाह अलयहे की दुआओसे 102 गवाह की गवाही देनेके बावजुद हम 28 मुसलमान बा-इजजत बरी हो गये। यह ता.26-3-1991 के रोज खास कोर्ट नडीआदने बाइजजत बरी कर दीये थे। बीरपुर, बालासिनोर, आणंद, नडीआद, वडोदरा सेन्ट्रल जेलोमें रख्खा गया था।

खल्के-मखलुक : आपका पैदाइशी माहोल नाना-हुजुर की जानीब से व वालिदे गिरामी के जानीब से खानकाही माहोल नसीब हुवा था। जीनमें दीनकी इशाअत का काम करना, मुरीदीन मोतकीदीन से मिलना जुलना इन्हे जाहेरी व बातेनी मसाइल को हल करना और महेमानो का खाना-पीना उठना-बेठना वगेरेह सामील था जो दिन व रात इस्लामी माहोलमें चला आ रहा है और चलता रहेगा इन्शाअल्लाह।

अल्लाह करे जोरे खिदमत और भी जियादा (आमीन)
येह उन्का करम हे, बात अब तक बनी हुइ हय
अल्लाह त्आला करे जोरे खिदमत और भी जियादा

सय्यिद किसे कहते हैं ?

सय्यिद के मा'ना सरदार, शरीफ, बुजुर्ग, पेश्वा, रईसे कौम वगैरह हैं। अवलाद के लिए कुर्आनो हदीस में आल, जुर्रिय्यत और औलाद का लफ्ज इस्ते'माल हुवा है। मगर सरदार के लिए कुर्आनो हदीस में सय्यिद का लफ्ज है। हम सुन्नी तो हर वली को सरदार समझते हैं। तो तमाम वलियों के सरदार हजरत अली को सरदार या'नी सय्यिद क्यों न कहें ? सिर्फ और सिर्फ बीबी फातिमा की अवलाद को ही सय्यिद केहना चाहिए येह कानून बनाना गैर मुनासिब होगा। रसूले पाक सल्लल्लाहो अलयहे व सल्लम भी तो अवलादे फातिमा नहीं हैं तो क्या....? खुद बीबी फातिमा भी आले फातिमा नहीं हैं, तो क्या... ? बीबी फातिमा के अलावा हजरत अली की और भी बीबियां हैं बीबी फातिमा की आल और दीगर बीबियों की अवलाद में इम्तियाझ (फर्क और पहचान) रखने के लिए आले फातिमा को सय्यिद और दीगर बीबियों की औलाद को अलवी कहा जाता है, मगर याद रखिए अलवी को भी सय्यिद ही की तरह फझीलत हासिल है। दोनों वाजिबुल एहतिराम। दोनों पर जकातो सदका हराम, बल्कि बनी हाशिम या'नी हजरते अली, हजरते जा'फर बिन अली तालीब, हजरते अकील, हजरते अब्बास, हजरते हारिस बिन अब्दुल मुत्तलिब रदियल्लाहु तआला अन्हो सब की अवलाद को जकातो सदका खाना जाइझ नहीं। आले फातिमा न होने के बावजूद सय्यिद की तरह फझीलत का मिलना, उन की सियादत या'नी उनके सय्यिद होनेकी दलील है। इस्लामी तवारीख में बनी हाशिम रदियल्लाहु तआला तआला अन्हो को सय्यिद कहेना जाइजो मुनासिब समझा गया है। अल्लामा जलालुदीन सुयूती रहमतुल्लाह तआला अलैह और साहिबे फतावाए हदीसिय्या के नजदीक तमाम अह्ले बैत की गिनती सादाते गिरामी में होती थी। और पहले जमाने में अलवी, जाफरी, अब्बासी पर भी लफ्जे सय्यिद का इस्तेमाल होता था। जैसा कि फतावाए हदीसिय्या में है (तरजुमा : बेशक शरीफ या'नी सय्यिद का इत्लाक तमामी अह्ले बैत पर होगा। अगरचे अब्बासी हो या अकीली हो, या अलवी हो, इमामे हसन और इमामे हुसैन रदियल्लाहु तआला अन्हो की अवलाद के साथ खास होना येह कोई शरई कानून नहीं। बल्कि एक उर्फी इस्तिलाह (लोक बोली) है और उर्फी इस्तिलाह की वजह से अलवी हजरात के सय्यिद होने से इन्कार नहीं किया जा सकता।

मवलाना अख्तर रजा खान अजहरी साहबने अपने एक फत्वे में खुद ही इर्शाद फरमाया है :

"हिन्दुस्तानमें सय्यिद से अवलादे झहरा मुराद लेते हैं मगर येह

तख्सीसे उर्फी (लोक बोली) है जिसके सबब अलवी वगैरह सय्यिद होनेसे न निकलेंगे। (ब हवाला : फतावा फैज़ुर रसूल, जिल्द : 2, सफ्हा : 584)

या'नी हजरत फातिमा जहरा की अवलाद होना शर्त नहीं, अलवी, अब्बासी, जाफरी, अकीली वगैरह का शुमार भी सय्यिदों में होता है। (नूरानी केलेन्डर अहमदआबाद जनवरी 1997, हिजरी 1417)

कुर्आन की रौशनी में अह्ले बैत की फजीलत

पहली आयत :

कुल ला अस्अलुकुम अलैहि अज्रन इल्लल म-वद्-त फील-कुर्बा। वमंय यक-तरिफ ह-स-न-तन नज़िदलहू फीहा हुस्ना।

(सूरए शूरा, आयत : 23, पारह :25)

तरजुमा : केह दो मैं नहीं मांगता तुम से इस पर कोई अज्र मगर दोस्ती करावतदारों की और जो कमा ले खूबी को बढा देंगे हम उसके लिए उस में खूबी को। (मआरिफुल कुर्आन)

दूसरी आयत :

वअ-लमू अन्नमा गनिम्तुम मिन शैइन फ इन्ना लिल्लाहि खुमुसहू वलिर रसूलि वलिज़िल कुर्बा वल यतामा वल मसाकीनि वब्निस सबील।

(पारह : 10, रुकूअ : 1)

तरजुमा : और जानो कि जो कुछ माले गनीमत हासिल किया तुमने अल्लाह का पांचवां हिस्सा है। और रसूल का और उनके करावतमन्दों का और यतीमों का और मिस्कीनों का और मुसाफिरों का। (मआरिफुल कुर्आन)

तीसरी आयत :

इन्नमा युरीदुल्लाहु लि-युजहि-ब अन्कुमुर रिज-स अह्-लल बैति व युतह्-हि-रकुम तत्हीरा। **(पारह : 22, रुकूअ : 1)**

तरजुमा : येही चाहता है अल्लाह कि दूर कर दे तुम से हर नापाकी को, अय नबी के घरवालो। और पाक कर दे तुम्हें खूब। (मआरिफुल कुर्आन)

चौथी आयत :

ला उक्सिमु बिहाजल ब-लदि व अन-त हिल्लुम बिहाजल ब-लदि ववालिदिंव वमा व-लदा। (पारह : 30, रुकूअ : 15)

तरजुमा : नहीं, क्या मुझे कसम है इस शहर की कि तुम चलने फिरनेवाले हो इस शहर में और कसम है बाप की और उस की अवलाद की। (मआरिफुल कुर्आन)

पाँचवीं आयत :

फ-मन हाज्ज-क फीहि मिम बअ-दि मा जा-अ-क मि-नल इल्मि फकुल तआलव नदउ अब्नाअना व अब्नाअकुम वनिसा-अना व निसा-अकुम व अन्फु-सना व अन्फु-सकुम सुम-म नब्तहिल फ-नज-अल लअ-न-तल्लाहि अलल काज़िबीन। (पारह : 3, रुकूअ : 14)

तरजुमा : तो जिस ने भी हुज्जत निकाली उनके बारे में बाद इसके कि आ चुका तुम तक इल्म तो केह दो कि लो अब आ जाओ हम बुलाएं अपने बेटे और अपनी औरतें और तुम्हारी औरतें हमारे अपनों और की फिटकार झूटों पर। (मआरिफुल कुर्आन)

हदीस की रौशनी में फजाइले अह्ले बैत

कसम खुदाए पाक की, किसी मर्दे मुसलमान के दिल में ईमान दाखिल न होगा जब तक कि वोह, अय अहले बैत। तुम को अल्लाह के लिए और मेरी रिश्तेदारी के खयाल से दोस्त न रख्खे। (इमाम अहमद/तिरमिजी/निसाई)

हजरते सिद्दीके अकबर रदियल्लाहु तआला अन्हु फरमाते हैं कि अय मुसलमानो। नबिअे करीम सल्लल्लाहु तआला अलैहि व आलिही व सल्लम के एह्तिराम और अदब के हुकूक को, अह्ले बैत की खबरगीरी और महब्बत में अदा करने का खयाल रख्खो। (बुखारी शरीफ)

अय अब्दुल मुत्तलिब की अवलाद ! मैंने तुम्हारे लिए खुदावन्दे करीम से तीन बातों की दुआ की है कि :

1. अल्लाह तुम्हारे दिलों को मुसीबतों और तक्लीफोंमें साबित, मज्बूत और मुस्तकीम रख्खे।
2. तुम्हारे अनपढों को खुदा इल्म नसीब करे। और तुम में से बेराहों को हिदायत नसीब फरमाए। और
3. तुम को सख्वी, बहादुर और रहम दिल बनाए। (तिब्रानी और हाकिम)

हर चीज के लिए नींव, पाया, और जड होती है। और इस्लाम की जड, बुनियाद अस्हाबे रसूलल्लाह सल्लल्लाहु तआला अलैहि वआलिही व-सल्लम और अह्ले बैत की मुहब्बत है।

खुदावन्दे करीम ने मुझ से वा'दा फरमाया है कि मेरे अह्ले बैत में से जो लोग खुदा की तवहीद का और मेरी रिसालतो तब्लीग का इकरार करते होंगे उन्हें खुदा अजाब नहीं देगा। (हाकिम)

मेरी उम्मत में सब से पहले शफाअत, मैं अपने अह्ले बैत के लिए करुंगा। (तिब्रानी)

जो लोग हौजे कौसर पर पहले आएंगे, वोह मेरे अह्ले बैत होंगे। (दैलमी)

लोगों में सबसे अच्छे अरब लोग हैं और अरब में सबसे अच्छा कबीला कुरैश का है। और कुरैश में सबसे उम्दा कुंबा बनी हाशिम का है। (दैलमी)

हर किस्म का रिश्ता और करावतदारी कियामत के दिन टूट कर मौकूफ हो जाएगा मगर मेरा रिश्ता और करावतदारी बाकी रहेगी। (तिब्रानी)

हर किस्म का नस्बी और ससुराली रिश्ता कियामत के दिन मुन्कते हो जाएगा (या'नी कट जाएगा) सिवाए मेरी रिश्तेदारी और ससुराली रिश्ते के, येह बाकी रहेंगे।

हजरत अब्बास रदियल्लाहु तआला अन्हु का एह्तिराम

हजरत सहाबा रिदवानुल्लाहि तआला अलैहिम अजमईन की नजरों में

एक बार हजरते अब्बास रदियल्लाहु तआला अन्हुने एक मुआमले में हजरते उमर रदियल्लाहु तआला अन्हु से इसरार किया और कहा,

"या अमीरुल मुअमिनीन। अगर हजरते मूसा अलैहिस्सलाम के चचा (बिल फर्ज) किसी मुआमले में आपके पास आते तो आप क्या करते ?" कहा, "मैं उनके साथ अच्छा सुलूक करता।" हजरते अब्बास रदियल्लाहु तआला अन्हुने फरमाया, "तो फिर मैं तो रसूलुल्लाह सल्लल्लाहु तआला अलैहि वआलिही व-सल्लम का चचा हूं।" कहा, अबुल फजल हैं। क्यों कि मुझे मा'लूम है कि वोह रसूलुल्लाह सल्लल्लाहु तआला अलैहि वआलिही व-सल्लम को महबूब थे। और मैं सरदारे दो आलम हजरत मुहम्मद मुस्तफा सल्लल्लाहु तआला अलैहि वआलिही व-सल्लम की महब्बत को अपनी महब्बत पर तर्जीह (फजीलत) देता हूं। (तब्कात इब्ने सा'द)

हजरते अब्बास रदियल्लाहु तआला अन्हु (रसूलुल्लाह सल्लल्लाहु तआला अलैहि वआलिही व-सल्लम के चचा) का जब इन्तिकाल हुवा तो बनी हाशिमने अलग और हजरत उस्मान गनी रदियल्लाहु तआला अन्हुने हुकूमत की तरफ से अलग, अन्सार की तमाम आबादियों में एलान कराया, जिस किसीने सुना चल खडा हुवा। क्या मर्द, क्या औरत, इस कसरत से लोग जमा हुए कि जनाजए मुबारक तक कोई शख्स पहुंचना चाहे तो बदिक्कत (मुश्किल से) पहुंच सकता था। खुद बनी हाशिम रदियल्लाहु तआला अन्हु और अवलादे

अब्दुल मुत्तलिबने मुबारक जनाजे को इस तरह घेर लिया था कि आखिर हजरत उस्मान गनी रदियल्लाहु तआला अन्हु को पुलिस के जरीए लोगों को हटाना पडा।

जब कभी अरब में कहत पडता तो हजरत उस्मान गनी रदियल्लाहु तआला अन्हु, हजरत अब्बास रदियल्लाहु तआला अन्हु का वास्ता बनाकर बारिश की दुआ करते कि या इलाहल आलमीन। जब हम पर कहत आया करता था तो हम अपने नबिय्ये करीम सल्लल्लाहु तआला अलैहि वआलिही व-सल्लम को तेरी मुकद्दस बारगाह में बसीला लाया करते थे और बारिश बरस जाया करती थी। अब हम अपने नबी के बुजुर्ग चचा को तेरी बारगाहमें वसीला लाते हैं। तू अपना फज्ल कर और बारिश बरसा। चुनान्चे बारिश हो जाती। (बुखारी शरीफ)

हदीस की रौशनी में अह्ले बैत के चाहनेवालों को खुश खबर

(1) आयते करीमा : **"कुल ला अस्अलुकुम अलैहि अज्रन इल्लल म-वद्-त फिल कुर्बा"** की तफ्सीरमें हजरत अल्लामा इमाम राजी रहमतुल्लाह अलैह एक तवील हदीस नक्ल करते हैं कि सरकारे दो आलम सल्लल्लाहु तआला अलैहि वआलिही व-सल्लमने फरमाया, **"जो अह्ले बैत की महब्बत पर फौत हो (इन्तिकाल फरमाए) उसने शहादत की मौत पाई।"**

सरकारे दो आलम सल्लल्लाहु तआला अलैहि वआलिही व-सल्लमने फरमाया, **"जो शख्स अह्ले बैत की महब्बत में फौत हो गया वोह मुकम्मल (संपूर्ण) ईमान के साथ फौत हो गया।"**

सरकारे दो आलम सल्लल्लाहु तआला अलैहि वआलिही व-सल्लमने फरमाया, **"जो शख्स अह्ले बैत की महब्बत में फौत हुवा वोह ताइब (तौबा करके) फौत हुवा। उसे हजरत इजराईल अलैहिस्सलाम और मुन्कर नकीर जन्नत की बशारत (खुशखबरी) देते हैं।"**

सरकारे दो आलम सल्लल्लाहु तआला अलैहि वआलिही व-सल्लमने फरमाया, **"आगाह हो जाओ जो शख्स अह्ले बैत की महब्बत में फौत हुवा उसे ऐसी इज्जत के साथ जन्नत की तरफ रवाना किया जाता है जैसे दुल्हन दूल्हे के घर भेजी जाती है।"**

सरकारे दो आलम सल्लल्लाहु तआला अलैहि वआलिही व-सल्लमने फरमाया, **"जो शख्स अह्ले बैत की महब्बत में फौत हुवा उसकी कब्रमें जन्नत के दरवाजे खोल दिए जाते हैं।"**

सरकारे दो आलम सल्लल्लाहु तआला अलैहि वआलिही व-सल्लमने

फरमाया, "**आगाह हो जाओ, जो शख्स अहलेबैत की मोहब्बत में फौत हुवा, अल्लाह उसकी कब्रको रहमत के फरिश्तों कि जियारतगाह बना देता है।**"

सरकारे दो आलम सल्लल्लाहु तआला अलैहि वआलिही व-सल्लमने फरमाया, "**खबरदार होकर सुन लो जो शख्स अहले बैत की महब्बत में फौत हुवा वोह मरलके अहले सुन्नत वल जमाअत पर फौत हुवा ।**" (तफ्सीरे कबीर जिल्द : 2, सफ्हा : 39)

(2) हजरते अब्दुल्लाह इब्ने अब्बास रदियल्लाहु तआला अन्हु से रिवायत है कि, रसूले मक्बूल सल्लल्लाहु तआला अलैहि वआलिही व-सल्लमने फरमाया, "मैदाने हश्रमें किसी बन्दे के कदम (अपनी जगह से) न हटेंगे जब तक कि उससे पूछ न लिया जाए कि उसने अपनी कीमती जिन्दगी किन कामों में गुजारी ? और अपने जिस्म को कैसे कैसे कामों में इस्ते'माल किया ? माल किस किस तरह से कमाया ? और कहां कहां खर्च किया ? और अह्ले बैत से महब्बत रखता था या नहीं ?" (तिब्रानी)

(3) हजरते अली रदियल्लाहु तआला अन्हु से रिवायत है कि, रसूले खुदा सल्लल्लाहु तआला अलैहि वआलिही व-सल्लमने फरमाया, "तुममें सबसे जियादह साबित कदम रेहनेवाला वोह शख्स होगा जो मेरे अह्ले बैत और मेरे सहाबा की महब्बत में जियादह मजबूत, कवी और सख्त होगा यानी उन्हें बेहद चाहता होगा।" (दैलमी)

(4) हजरते उस्माने गनी रदियल्लाहु तआला अन्हु से रिवायत है कि, रसूले खुदा सल्लल्लाहु तआला अलैहि वआलिही व-सल्लमने फरमाया, "जिस शख्स ने दुनिया में औलादे अब्दुल मुत्तलिब, बनी हाशिम से या मेरे अह्ले बैतसे कोई नेकी, अच्छा सुलूक या एहसान किया फिर वोह अह्ले बैत उसका बदला न दे सके तो कियामत के दिन उस सय्यिद की तरफ से मैं पूरा बदला अदा करूंगा।" (अबू नईम)

(5) हजरते अबू सईद रदियल्लाहु तआला अन्हु से रिवायत है कि, रसूले खुदा सल्लल्लाहु तआला अलैहि वआलिही व-सल्लमने फरमाया, तीन चीजें ऐसी हैं जो शख्स उन चीजों की हिफाजत करेगा रब तआला उसकी दुनिया और दीन दोनों की हिफाजत फरमाएगा : (1) इस्लाम की इज्जत (2) मेरी इज्जत और (3) मेरे अह्ले बैत की इज्जत। (हाकिम, दैलमी)

अह्ले बैत के दुश्मनों को चेतावनी

(1) आयते करीमा : **"कुल ला असअलुकुम अलैहि अज्रन इल्लल म-वद्-त फिल कुर्बा"** की तफ्सीरमें हजरत अल्लामा इमाम राजी रहमतुल्लाह तआला अलैहने एक तवील हदीस पेश की है जिसके आखिरमें लिखते हैं कि हजरत हबीबे खुदा सल्लल्लाहु तआला अलैहि वआलिही व-सल्लमने फरमाया, खबरदार होकर सुनलो जो शख्स अह्ले बैत के बुग्ज और अदावत पर मरा, वोह कियामत के दिन इस हालत में उठेगा कि उसकी दोनों आंखों के दरमियान लिख्खा होगा, अल्लाह तआला की रहमत से ना उम्मीद । और आगाह हो जाओ जो शख्स अह्ले बैत के बुग्ज और अदावत पर मरा, वोह जन्नत की खुश्बूसे महरुम कर दिया जाएगा । (तफ्सीरे कबीर जिल्द : 2, सफहा : 29)

(2) हजरते इब्ने अब्बास रदियल्लाहु तआला अन्हुसे रिवायत है कि, हजरत शम्सुद्दहा सल्लल्लाहु तआला अलैहि वआलिही व-सल्लमने फरमाया, अगर कोइ शख्स बैतुल्लाह शरीफ के एक गोशे और मकामे इब्राहीम के दरमियान चला जाए और नमाज पढे और रोजे रख्खे फिर वोह अह्ले बैत की दुश्मनी पर मर जाए तो वोह जहन्नम में जाएगा ।

(3) हजरते इब्ने अब्बास रदियल्लाहु तआला अन्हुसे रिवायत है कि, हजरत नूरुल हुदा सल्लल्लाहु तआला अलैहि वआलिही व-सल्लमने फरमाया, बनी हाशिम और अन्सार से बुग्ज रखना कुफ्र है और अरब से कुफ्र रखना निफाक है । (तिब्रानी)

(4) हजरते जाबिर बिन अब्दुल्लाह रदियल्लाहु तआला अन्हु से रिवायत है कि, हजरत खातिमुल अंबिया सल्लल्लाहु तआला अलैहि वआलिही व-सल्लम ने खुत्बे में फरमाया, अय लोगो ! जो शख्स अहले बैते नुबुव्वत से या'नी सय्यिदों से बुग्जो अदावत रख्खे कियामत के दिन अल्लाह तआला उसे यहूदी बनाकर उठाएगा । (तिब्रानी)

मस्अला : हाशमी (सैयद) गनी (मालदार) और गैर मुस्लिम को जकात देना जाइज नहीं ।

मस्अला : बनी हाशिम को जकात नहीं दे शकते और कोइ दुसरा भी उन्को नहीं दे शकता । एक हाश्मी दुसरे हाश्मी को जकात नहीं दे शकता ।

बनी हाशिम यानी हजरत अली रदीयल्लाहो अन्हो हजरत जाफर रदीयल्लाहो अन्हो हजरत अकील रदीयल्लाहो अन्हो हजरत अब्बास रदीयल्लाहो अन्हो और हजरत हारिस बीन अबदुल मुत्तलिब रदीयल्लाहो अन्हो के औलाद (नसब) में से है।

अबुलहब की औलादे की गीनती बनी हाशिन में नहीं कि जायेगी (आलमगीरी)

मस्अला : कीसी की मा हासमी हो और बाप हासमी ना हुअे तो वो अवलाद हासेमी नहीं कहा जायेगा। कयुं की नसब बाप के खानदान से गीनी जाती है इस लीये यह शख्स को जकात दे शकते है. (तयबाह मासिक, 8 ओगष्ट 2011 रमजान हि.स.1432)

सय्यिदो, हझरते अली रदियल्लाहो तआला अन्हो, हजरत अब्बास रदीयल्लाहो अन्हो हजरत जाफर रदीयल्लाहो अन्हो हजरत अकील रदीयल्लाहो अन्हो हजरत हारिस रदीयल्लाहो अन्हो बीन अब्दुल मुत्तलिब की नसबवाले, खानदानवालो को जकात देना जाइज नहीं। इसके अलावा फीदीयह, कफफारा, फीतरा, सदकह वगेरे इन पाक बुजुर्गो के नसब वालो व मरातीबवालो को देना जाइज नहीं है। दुसरी कोइ और सोगात लिल्लाह, तोहफा, हदीया, सवाब की तौर देना दुरश्त है। (तयबाह मासिक सप्टेम्बर 2009 रमजान, हि.स.1430)

★★★★★

STOP PRESS

इस्लाम हिन्दुस्तान में

मालाबार (केरला) के दरीया के (साहिल) किनारे पर हझरत रसुले करीम सल्लल्लाहो अलयहे व सल्लम की हयाते मुबारक (जींदगीमें) ही इस्लाम की इशाअत (तब्लीग) का दौर इ.स. **629** में थ्रीशुर जिला के कोकुगल्लुर, केरला में हिन्दुस्तान की पहली मस्जिद चेरामन मस्जिद की तामीर हुई थी। जब की आप सरकारे मदीना राहते कल्बो शीना सल्लल्लाहो अलयहे व सल्लम की वफात इ.स.**632** में हुई थी।

हझरत मालिक बिन दिनार रदियल्लाहो तआला अन्हो (मु.केसर कोड में आपका मझार है, मद्रास-तामिलनाडु) और हझरत हबीब बिन मालिक रहमतुल्लाहे अलयहे (ताबइ) के मझारात है।

तामिलनाडु, केरला, कर्णाटक, कोंकन और गुजरात के दरिया के इलाके में अरब ताजिरोंके झरिये भी इस्लाम की तब्लीग इशाअत हुइ थी।

मस्लके तसव्वुफ कैसे बना ?

सहाबा ओ किराम रदीयल्लाहो अन्होने रसूले खुदा सल्लल्लाहु अलयहे व सल्लमकी खिदमत और हम-नशीनी से जो शर्फ हांसिल किया था और जिस कदर शर्फ अन्दाज हुओ थे और तजकियए नफसकी जिस मंझिल पर पहुंचे थे उसकी बशारत खुद कुरआने पाक ने दी और हम नशीनी-ओ रसूले पाक के फैजान को इस तरह जाहिर फरमाया.

किताब व हिकमत ही की तालीम का यह असर था कि खुल्फाओ राशेदीन और दीगर हजराते सहाबामें से हर मुत्मइन्ने नफस और हर हस्ती पाकीजा किरदार और आला अखलाक से मुत्तसिफ थी और उनमें से हर एक कमालाते इनसानी के मुन्तहा को पहुंच गया था। **असहाबे सुफफामें से हर एक पाक दीन व पाक बीं तवक्कुल (तवक्कुल) व रजा का पैकर और सिदक व सफा का एक मुरक्कअ था, तारीखे इस्लाममें इन्हीं नफुसे कुदसिया को सुफियाए किराम का पहला गिरोह कहा जाता हैं.** यानी तसव्वुफे इस्लाम का पहला दोर इन्ही हजरात पर मुश्तमिल था. तसव्वुफ के बुनियादी उसूल या अरकाने तसव्वुफ इस्तेगराके इबादत (यादेहक) तौबा, जुहद, वरअफकर, तवफफुल और रजा, शरीअत में भी उसी अहमियत के हामिल है जिस तरह तरीकत में थे, और तसव्वुफ के इब्तेदाइ दोर में रहे.

सहाबा किराम और असहाबे सुफफामें से हर हस्ती इन्हीं औसाफे हमीदा और इजाइल की आइनादार थी हजरत अबुबकर सिद्दीक रदीयल्लाहो अन्होका इसार तारीखे इस्लाम आज भी फख्र से पेश करती है घरमें जिस कदर असासा (सामान) था वह तमाम पयगम्बरे आझम रसूले खुदा सल्लल्लाहो अलयहे व सल्लम की खिदमतमें पेश कर दिया और जब रहमते आलम सल्लल्लाहो अलयहे व सल्लम ने फरमाया कि अय सिद्दीक ! अहल व अयाल (घरवालों) के लिया क्या छोडा ? तो जवाब दिया उनके लिये अल्लाह और उसका रसूल सल्लल्लाहो अलयहे व सल्लम काफी हैं. इसी का नाम कमाले इसार और कमाले तवक्कुल हैं. आपके जुहद व तकवा और खौफ व रझा का यह हाल था और आपके फक्र इख्तयारी की सुरत यह थी कि आप हमेशा यह दुआ फरमाते.

(ओ अल्लाह दुनिया को मेरे लिये फराख फरमा फिर मुजे उससे बचा) आपने अपनी झीन्दगीमें यह पाकीजा सिफात हुजुर सल्लल्लाहो अलयहे व सल्लम की हयाते तय्यबा से अख्जज किये थे. और मअरिफते खुदावंदी के तमाम असरार व रमुज आपहीसे सीखे थे. इसी बिना पर हजरत शेख अली

हिजवरी रहमतुल्लाह अलयहे हजरत अबुबकर सिद्दीक रदियल्लाहो अन्होको मस्लके तसव्वुफ का इमाम गरदानते हैं. और अकसर सलासिले तसव्वुफ आप ही पर मुन्तहा होते हैं.

यही हाल हजरत उमर रदीयल्लाहो अन्हो का था. जुहद व फक्र की यह हालत थी कि लोगोंने आपके जिस्मे मुबारक पर कभी कोइ ऐसा कपडा नहीं देखा जो पेंबन्द-दार न हो. दुनिया के बारेमें आपका मशहुर मकुला हैं. जिस घर की बुनियाद मुसीबतों पर रख्खी गइ हो उसका बगैर मुसीबतके होना मुहाल हैं.

सब्र व तवक्कुल में हजरत उस्माने गनी रदीयल्लाहो अन्हो आप अपनी मिसाल हैं. अझीम से अझीम पर मुसीबत पर भी आपने सब्र व तवक्कुल का दामन हाथ से नहीं छोडा, हजरत उस्मान रदीयल्लाहो अन्होके इसार व इन्फाक फी-सबीलिल्लाह का भी यही हाल था मदीना मुनव्वरामें बीरे (कुवा) उस्मान रदीयल्लाहो अन्हो आज भी आपके उस फझल की निशानी मौजुद हैं. आप बारह साल खलीफा रहे उस मुद्दत के आठ हजार दिरहम वझीफा-अे-खिलाफत से आपने एक दिरहम भी लेना कबुल नहीं किया.

हजरत अली इब्ने अबितालिब रदीयल्लाहो अन्हो के इसार का यह आलम था कि शबे हिजरतमें अपनी जान का नजराना पेश करनेके लिये रातभर बिस्तरे रिसालत पर दराज रहे और आप सल्लल्लाहो अलयहे व सल्लम की जिंदगी अजीज को अपनी जान पर मुकद्दम समझा. सादगी, फक्र रझा-अे इलाही और मअरेफते इलाही में भी आप बडे मुमताझ थे. हुजुर सल्लल्लाहो अलयहे व सल्लमके इस इरशादे गिरामीकी बुनियाद पर तसव्वुफ के बहुत से सलासिल आप पर मुन्तहा होते हैं. चुनान्चे सरख्वै अरबाबे तसव्वुफ हजरात जुनैद बगदादी रहमतुल्लाह अलयहे फरमाते हैं, यानी उसूले मअरफत और आजमाइशमें हमारे मुर्शिद (शेख) अली मुर्तजा रदीयल्लाहो अन्हो हैं. हजरत अली रदीयल्लाहो अन्हो के इस्तिगफार व इबादतका यह आलम था की जब आप नमाज पढते तो आपको दुनिया की कुछ खबर नहीं रहती थी. हजरत सैयदना शेख अब्दुल कादिर रदियल्लाहो अन्हो गुनीयतुत्तालेबीन में सुरअे अलक की इन आयत की तफसीर इरशाद फरमाते हैं कि यह आयत हजरात आशरा-अे मुबश्शिरा की शानमें नाजिल हुइ है और उस से मुराद हजरत अली मुर्तुजा रदीयल्लाहो अन्होकी जाते वाला हैं.

खुलफाअे राशेदीन और अशरअे मुबश्शिरा के बाद असहाबे सुफफा उन सिफाते सतुदा का मजहरे कामिल थे यह वह गरीब व नादार हजरात थे जो महज अल्लाह और उसके रसूल की मुहब्बतमें मक्का शरीफ से अपना घरबार छोडकर दयारे रसूलमें आ गये थे. रहनेका कहीं ठीकाना न था, रसूले खुदा

सल्लल्लाहो अलयहे व सल्लमने मस्जिदे नबवी के करीब एक चबूतरा (सुफफा) तामीर करवा दिया था. (अल्लाह तआला के अेहसानसे संपादकने यहीं इसी जगह पर इ.स.2011 के उम्रमें व इ.स.2012 के अपनी अजवाजके साथ हजके मौके पर यहां नफल, सुन्नतें, फर्ज नमाजें अदा करनेका और दुरूदो सलाम पढहनेका सर्फ मिला था.) उस चबुतरे पर इन हजरात के शब व रोज तंगदस्ती और उसरतमें बसर होते थे और यह हजरात इबादते इलाही और मुजाहिदअे नफसमें अपने शब व रोज बसर फरमाते थे. कुरआन-पाक और हदीष शरीफमें इनका जिक्र बडी तफसील से आया हैं. यही हजराते दोरे अव्वल या दोरे रिसालत व खिलाफते राशिदा के अरबाबे तसव्वुफ हैं. खास तोर पर सुफियाना खसाइलकी सही तस्वीर थे. यही सुफीयाना खसाइल व किरदार बादके अरबाबे हाल और असहाबे तसव्वुफ के लिये नमूनअे तकलीद बन गई. रसूले खुदा सल्लल्लाहो अलयहे व सल्लमने इनके हालात का मुशाहिदा फरमानेके बाद इस तरह उनको खुश-खबरी और बशारत दी !

अय असहाबे सुफफा ! तुम्हें बशारत हो पस मेरी उम्मतमें से जो लोग इन सिफात से मुत्तसिफ होंगे. जिनसे तुम मुत्तसिफ हो और उन पर रजामन्दीसे काइम रहेंगे तो वह बेशक जन्नतमें मेरे हम नशीन होंगे. सरवरे काइनात सल्लल्लाहो अलयहे व सल्लमकी यही बशारत और हजरतवाला का यही इरशाद तसव्वुफ की अमली जिन्दगीका बुनियादी नुकता हैं. तसव्वुफ के दोर उरुज तक सुफीयाअे किराम की पाकीजा जिन्दगियां और उनके पाकीजा नुफूस हुजुर सल्लल्लाहो अलयहे व सल्लमके इस इरशादे गिरामी को मुन्तहाअे मकसुद बनाअे रहे और यही बेसरो सामानी उनका सरमाय-अे-जिन्दगानी था. फकर फखरी उनका ताजे शाहाना था.

दौरे ताबइन रदीयल्लाहो अन्हो अलैहिम अजमइन

तसव्वुफ के दौरे अव्वल के सिलसिलेमें मुख्तसरन अर्ज कर चुका. तसव्वुफ का दुसरा दौर ताबेइन का दौर है । यह दौर तकरीबन एकसो सालकी मुदत पर फैला हुआ है यानी 34 हि. से 150 हिजरी तक इस दौरे ताबइनमें असहाबे तसव्वुफमें दो बुझुर्ग हस्तियां बहुत नुमायां है । एक हजरत उवैस करनी रदियल्लाहो अन्हो (जिन्होंने सुलूकमें नजरिय-अे अवैसी की बुनियाद खडी की) और दुसरी बुजुर्ग हस्ती हजरत हसन बशरी रदीयल्लाहो अन्हो की है । हजरत उवैश करनी रदीयल्लाहो अन्हो करनके रहनेवाले थे और अहदे रिसालत मआब सल्लल्लाहो अलयहे व सल्लम में ब-हयात थे । लेकिन शर्फे दीदार हासिल न कर शके । मुहब्बते रसूल का यह आलम था कि रसूले अकरम

सल्लल्लाहो अलयहे व सल्लम का सलाम पुर अजमत हजरत उमर रदीयल्लाहो अन्हो ने हज के मौके पर आपको पहुंचाया । आपके मुतअल्लिक बहुत से वाकियात तारीखे तसव्वुफ में मौजुद है. मुहब्बते रसूल और यादे-इलाहीमें आपकी वारफतगी का यह आलम था कि आप जंगलों और वीरानोंमें फिरते थे जब लोग रोते थे तब आप हंसते थे और जब यह लोग हंसते थे तो आप रोने लगते थे । आप मुद्दतों तक बादीया गर्दी करनेके बाद कुफा चले गअे और वहां हजरत अली रदीयल्लाहो अन्हो की फोज में शामिल हो गये 37 हिजरी में जंगे सिफफीनमें जामे शहादत नौश किया । (2) दो वे हजरत हसन बशरी रदीयल्लाहो अन्हो का सही साले पैदाईश तो तहकीक नहीं हो सका अलबत्ता आपका साले वफात 110 हिजरी मुताबिक 738 इ.स. है । आप मशहुर ताबइन से हैं । आपको भी बकसरत सहाबाओ किराम रदीयल्लाहो अन्हो अलैहिम अजमइन से फैजे मुहब्बत हांसिल हुआ । जोहद, रअवसब्र और खशीयते इलाही आपके खास औसाफ थे । खुजुअ व खुशुअ का यह आलम था कि आप फरमाते थे जिस नमाजमें दिल हाजिर न हो वह नमाज अजाबसे जयादा करीब है । ताबइनमें आपके अलावा औरभी सुफीयाअे किराम मौजुद थे लेकिन तारिखी अेतबारसे मजकुरा हजरात जयादा नुमायां शख्शियत के मालिक हैं. तसव्वुफ के बहुत से सलासिल आपसे शुरु होते हैं ।

दौरे तबअे-ताबेइन

तबअे-ताबेइनमें जो सुफियाओ किराम गुजरे हैं उनका दौर 151 हिजरी सन मुताबीक 768 इ.स. से 350 मुताबिक 961 इ.स. मुतय्यन किया गया है । इस दो सो सदसाला दौर में इस्लामी तसव्वुफ को बहुत फरोग हांसिल हुआ । यहां तफसील की गुंजाइश नहीं मुख्तसरन यह की यह दौरे तसव्वुफ का दौरे जर्रीं कहलाता है । इस दौर की नुमायां खुसूसियत यह है कि जुहहाद, अब्बाद और नस्साक हजरात को सुफी के लकब से याद किया जाने लगा । **लफज सुफी का सबसे पहले इस्तेमाल (सुफी) अबुल हाशिम रहमतुल्लाह अलयहे (मुतवफफा 151 हिजरी मुताबीक 738 इ.स.) से हुआ । वह दुनिया-अे तसव्वुफमें सबसे पहले सुफी से मुखातब किअे गअे ।** हजरत अबुहाशिम रहमतुल्लाह अलयहे कुफा के रहनेवाले थे लेकिन उनका इन्तेकाल शाममें हुआ ।

मस्जीदें उस दोरमें खुनरेजी और सफफाकी की आमाजगाह बन गइ थी । सुकुने कल्ब और खुजुअ व खुशुअ के साथ इन मस्जीदोमें जीक्रे इलाही मुम्कीन न था । इस लिये अबुल हाशिम कुफी ने शाम के मामक रमला में इसाइयों के सौमअ की तरह **रुहानी तरबियत और जीक्रे इलाही के लिये सबसे**

पहेले खानकाह तामीर कराइ । दुनिया-अे तसव्वुफमें यह सबसे पहली खानकाह है । तबअ-ताबेइन के दौर में नजरी और अमली तसव्वुफमें बहुतसी तबदीलियां वजुदमें आइ । तर्के दुनिया का मफहुम अहदे रिसालत मआब सल्लल्लाहो अलयहे व सल्लम में सिर्फ इस कदर था कि इस के साथ यह हुकम भी मौजुद था कि यानी दुनिया आखिरतकी खेती है गोया दस्त बकार दिल-ब-यार लेकिन तबअ-ताबेइन के दोर में तर्के दुनियाका मफहुम यकसर बदल गया । बादिया पैमाई सहरा नशीनी और तर्के तअल्लुकातका नाम तर्के दुनिया रख्खा गया और इसका सबब वही मुल्की इन्तेशार और सियासी अबतरी था ।

हुब्बे इलाही का नजरिया पहले बला वास्ता था यानी इबेबाअे रसूल सल्लल्लाहो अलयहे व सल्लम को इलाही के हुसूल का जरिया समजा जाता था जैसा की इरशादे रब्बानी है ।

(आप फरमा दीजीये कि अगर तुम अल्लाह को दोस्त रखना चाहते हो तो तुम मेरी इत्तेबाअ और पैरवी करो अल्लाह तुमसे मुहब्बत करेगा) सब पर नजरिया बिला वास्ता हो गया । अब बजरिय-अे-जिक्र व मुराकबा अल्लाह तआलासे मुहब्बत की जाने लगी । हजरत राबेया अदविया (मुतवफफा 85 हिजरी मुताबीक 801 इ.स.) से यह नजरिया वजुदमें आया । यह मोहतरमा भी बसरा की रहनेवाली थी । हजरत जुन्नुंन मिसरी रहमतुल्लाह अलयहे (मुतवफफा 245 हि.स. मुताबिक 859 इ.स.) ने नजरिया वहदतुल वजुद को पेश किया । हजरत बायजीद बुस्तामी रदियल्लाहो अन्हो ने (मुतवफफा 261 हिजरी मुताबीक 875 इ.स.) तबअ-ताबेइन के दोरके मशाइख अेझाम मे शुमार होते हैं । हजरत जुनैद बगदादी रदियल्लाहो तआला अन्हो (मुतवफफा 297 हिजरी मुताबीक 910 इ.स.) तबअ-ताबेइनमें बडे पाया के बुजुर्ग थे । हजरत दाता गंज बख्श इनको शैखुल-मशाइख तरीकतमें और इमामुल अइम्मा शरीअतमें तस्लीम करते हैं । आप भी नजरिय-अे-वहदतुल वजुद के जबरदस्त हमनवा थे । हुसैन बिन मनसुर हल्लाज (मुतवफफा 309 हिजरी मुताबीक 932 इ.स.) यह फारस के शहर बैजा के रहनेवाले थे । मुद्दतों मुर्शीदकी तलाशमें सर गरदां रहे । आखिरकार फीरते-फीरते बगदाद पहुंचे और हजरत जुनैद बगदादी रदियल्लाहो तआला अन्हो के मुरीद हुअे । नजरिय-अे वहदतुल वजुदमें तवग्गुल और इन्तेहा पसन्दी की बदौलत इनको 936 इ.स.में सुली पर चढा दिया गया । हजरत अबुबक्र शिबली मुतवफफा 334 हिजरी मुताबीक 949 इ.स.) तबअ-ताबेइन के दोर के मशहुर सुफी और सरखैले सलासिले तरीकत हैं । आप भी हजरत जुनैद बगदादी रदियल्लाहो

त्आला अन्हो के मुरीद थे और नजरिये-अे-वहदतुल वजुद के जबरदस्त और अजीम दाइ थे। दौरे तबअे-ताबेइन में इन मशाहीर सुफीयाअे किराम के अलावा और दिगर हजरात और इन हजरात के मुरीदेन अतराफ व अकनाफ मुमालिके इस्लामीयां में फैले हुअे तालीमे तरीकत और उसकी इशाअत में मस्रूफ हैं।

अब में हिन्दुस्तानमें इस वकत मौजुद मशाइखे सिलसिला जो इस वकत अपनी रुहानी तरीकेकार खिदमत अंजाम देते हैं इनकी नमाजनी देने की फेहरिस्त लीखता हुं। हालकी दुनियाके हर गोशे गोशेमें तकरीबन 173 सिलसिलोंके नामसे खिदमत इस्लाम की अन्झाम देते हैं। खैर, हम हिन्दके बडे सिलसिलों की फेहरिस्त देखें।

(1) सिल-सिलअे इदरसिया (सिलसिलअे कुब्रविय्याकी यमन शाख)

(2) जलालिया बुखारिया (सिलसिलअे सुहरवर्दिया की शाख उंचमें मख्दुम जहांनीया रहमतुल्लाह अलयहे से)

(3) गोसिया (शत्तारिय्या सिलसिलेकी हिन्दुस्तानकी शाख)

(4) कादिरिय्या (5) मलामतिय्या (6) ख्वाजगान-नकशबन्दिय्या (7) कब्रविय्या (8) मदारिय्या (हिन्दुस्तान) (9) मग्रबिय्या (10) चिश्तिय्या (11) नासिरिय्या (शाझलिय्याकी शाख) (12) रसूलशाहिय्या (गुजरात) (13) शत्तारिय्या (14) सुहरवर्दिय्या (15) तयफूरिय्या.

लेकिन हम इन सिलसिलों का तजकेरा करेंगे। या लीख्खेगें तो किताब मोटी हो जानेका अंदेशा है। इस लिये हम इन्ही सिलसिलों को लिख्खे जो आज मशहुर और मकबुल है। जीनका तजकेरा नीचे लीख रहा हुं।

(1) कादिरिय्या सिलसिलाह :

कादरिय्या सिलसिलेकी तन्जीम हजरत शेख सैयद अब्दुलकादिर जीलानी रहमतुल्लाह अलयहे की वफातके करीब 50 साल बाद हुइ हिन्दुस्तानमें सिलसिलअे कादरिय्या के सबसे पहले बुजुर्ग हजरत शेख नुरुद्दीन मुबारक गजनवी है। (अख्बारुल अख्यार के मुताबीक आप हजरत शेख शहाबुद्दीन सुहरवर्दी अल मुतवफ की सन 633 हिजरी) के खलीफा थे। सुहरवर्दी सिलसिलअे कादरिय्यामें हुजुर गौसे पाक रदियल्लाहो त्आला अन्हो के खलीफा और सोहबत याफता थे। हजरत अब्दुल कादिर जीलानी के खानदान और नसबवाला शान से तअल्लुक रखनेवाले बुजुर्गान बगर्ज इशाअते इस्लामी और तरवीजे रुहानिय्यत हिन्दो-सिंध के इलाके में नववीं सदी हिजरी से आते रहे है। उन्हीं में मश्हूर कादिरी बुजुर्ग हजरत सैयद मुहम्मद गौष कादिरी हल्बी गीलानी सन 887 हिजरीमें हिन्दुस्तान तशरीफ लाअे और उच में

मुकीम हुअे । इसी सिलसिलेमें एक दुसरे बुजुर्ग सय्यिद बहाउद्दीन गीलानी बहावल शेर कलंदर का नाम भी आता है । उन्होने सन 973 हिजरी में वफात पाइ और **इस सिलसिलेके सबसे पहेले गुजरातमें तशरीफ लानेवाले शेख शम्सुदीन नागोरी रहमतुल्लाह अलयहे आये** । आप हजरत शेख इस्लाईल बीन इब्राहीम जबरुतीसे फैझ हांसील कीया था और वही फैझो बरकातसे गुजरातकी शरझमी पर कादिरिय्या सिलसिलेसे अवाम को फायदा पहोंचाया था । इनके बाद बहादुरशाह बादशाहने शेख जमाल बीन अलहुसैन बगदादी (रहमतुल्लाह अलयहे) को गुजरात बुलाये । आपकी वफात 971 हि.स. में हुई थी । इनके बाद आपके बेटे शेख यतीमुल्लाह वफात 1009 हिजरी में हुई । वे भी बडे पाअेके मशाइख थे । यही सिलसिले शेख अब्दुलफत्ताह असकरी रहेमतुल्लाह अलयहे जो जय्यद शेखे तरीकत व बाअमल आलीम थे । आप अहमदआबाद में रहते थे और एक अझीम कादरिय्या सिलसिलेके नामवर बुजुर्गबाला हजरत सैयद अब्दुलसमद खुदानुमा भी जलवागर थे । इनका मजार अहमद आबाद के मशहुर तीन दरवाजा के करीब अेडवान्स सिनेमाकी गलीमें है । बंदे संपादकने कइ बार वहां नमाज व फातेहा-ख्वानी की है । और इनके सजजादानशीन जनाब पीरजादा हकीम मोहंमद उस्मानमीयां साहब हैं जो टोपीवाला पोल कालुपुरमें रहते हैं । इनके दोनो बेटे जनाब हाजी इब्राहीम साहब, जनाब हाजी इस्माइलभाई साहब मेरे अजीज दोस्त है । हजरत सैयद अब्दुलस्समद खुदानुमां की वफात हीं.स.1109 में हुई और आपका उर्स 5 जमादियुल अव्वलमें आता है ।

(2) सिलसिल-ए ख्वाजगान-सिलसिल-ए नकशबंद :

इस सिलसिले का कियाम सबसे पहेले तुर्कस्तान में हुवा । येह अपनी तालीम महब्बतके बाइस उनकी इजतिमाइय्यत का अहम जुझव बन गया. ख्वाजा अहमद लीसवी (अलमुत-वफफा इ.स.1166) इस सिलसिले के सरखील हैं । जिन्हें लोग ख्वाजा अता केहते थे । उनके बाद ख्वाजा अब्दुल खालिक गजदवानी (अलमुतवफफा इ.स.1179) के झरीअे उस सिलसिलेके रुहानी निझाम को इस्तेहकाम मिला । आपकी वफात 12 रबी.अव्वल 575 हि.स. में हुई । मझार मुबारक गजदवान में है । उनके बाद हजरत ख्वाजा बहाउद्दीन नकशबंद रहमतुल्लाह अलयहे (पैदाइश 4 मुहर्रम हि.स.718 में हुइ) आपके सादाते हसनी सैयद हैं । उम्र शरीफ 73 साल पूरे हुवे पीर के रोज 3 रबीउल अव्वलको हिजरी 791/इ.स.1388 वफात हुइ) मजार मुबारक बुखारा

शरीफ (रशिया) में है । आपकी झाते बा-बरकात थी जिसकी वजहसे उस सिलसिलेको कबुलियते आम और शोहरते ताम मिली. उनकी बे पनाह जिद्दोजहद की वजहसेही आपके बाद इस सिलसिलेका नाम सिलसिल-ए नकशबंदीय्या के तौर पर मशहूर और मकबूल हो गया । अकबर बादशाहके अहदमें हजरत ख्वाजा बाकी बिल्लाहने नकशबन्दी सिलसिलेको हिन्दुस्तानमें इस्तेहकाम बख्शा । उनके हल्क-अे मुरीदीनमेंसे एक बडी ही नामवर शख्शियत हजरत शेख अहमद सरहिन्दी मुजद्दिदी अल्फेसानी हैं । इस सिलसिलेकी तरवीजो इशाअत में आपने बडा किर्दार अदा किया है । तेहरीके तसव्वुफमें मुजद्दिद साहबकी एक बडी खिदमत येह है के उन्होने शरीअत और सुन्नतकी इत्तेबाअ पर झोर देकर रस्मी तौर पर दाखिल हो जानेवाले गैर-इस्लामी अनासिरको इस्लामी फिक्रसे बिल्कुल अलाहिदा कर दिया । और तेहरीके तसव्वुफमें फिरसे नई जान डाल दी । इस सिलसिलेके मशहुर बुजुर्गोंमें मसलन ख्वाजा मुहम्मद मा'सुम ख्वाजा सैफुद्दीन, शनाह वलीयुल्लाह, मिर्झा मझहरे जाने जानां, और शाह गुलाम अलीने सिलसिलेकी तरवीजो इशाअतमें बेहद कामयाब कोशिश की । **ये हुई हिन्दुस्तानकी तारीख गुजरातमें नकशबंदी सिलसिले की बुनियाद सबसे पहले शेख हजरत नुरुद्दीन अबुलफत्ताह शीराजी रहेमतुल्लाह अलयहे के तुफैल हुई ।** आप मीर सैयद शरीफ के खलीफा थे । इसके बाद कइ मुद्दतोंके बाद ख्वाजा जमालुद्दीन ख्वारजमीं आअे । और आप सुरत शहेरमें जल्वागर रहे । आपकी वफात 1066 हिजरीमें सुरतमें हुइ यहीं आपका मजार है । आपके बाद आपकी औलादमें ख्वाजा अबुल हसन, ख्वाजा सैयद महेमूद, ख्वाजा नुरुलहसन ख्वाजा फैजलहसन ख्वाजा नुरुल अअला वगैरा कइ मुद्दतों तक इल्मे-इलाही और इल्मे नबवी के रोशन मीनारे रहे । और हजारों लोगोंने आपके फैझो बरकातसे फायदा हांसील कीया । इनमें ख्वाजा मोहंमद देहदारी रहमतुल्लाह अलयहे ख्वाजा जमालुद्दीन (ख्वाजा दाना) रहमतुल्लाह अलयहे ने हजरत शेख मवलाना अब्दुलरहमान जामीसे फैझ लीया था । आप हमझमाना थे आपके हाथ पर मुंकाम कामरेज जील्ला सुरतका मशहुर राजा तानसेनने इस्लाम कबुल कीया था जो वो कामरेज का आखीर राजा था । इस्लाम लानेके बाद बख्तयार नाम से मशहुर हुवे । इसी राजा तानसेन उर्फ बख्तयार ने ख्वाजा मुहम्मद देहदार का रोजा व गुंबद बनवाया था । हजत ख्वाजा देहदार रहमतुल्लाह अलयहे की वफात 19 मुहर्रम हि.स.1016 इ.स.1607 में हुई । आपका मजार सुरत मु.हरीपुरा इलाकेमें है । (बंदे संपादकको कइ बार इस बारगाहमें जानेका मौका मिला है व रुहानी गिझासे शैराब हुवा)

(3) सिलसिल-ए शाझलिय्या :

ये सिलसिला शेख अबुल हसन अली शाझली बिन अब्दुल्लाह शरीफ हुसैनी से मन्सुब है जो अस्कन्दरियय्ह के रहेनेवाले थे। आपकी विलादत सन हि.५५६ में मराकशमें हुइ थी इसी वजहसे आपको मगरिबी भी लिखते हैं। आप के आबाअ का नशब हजरत इमामे हसन बीन अलीमुर्तझा से जा मिलता है। आप अपने मुरिदोंको किसी भी मीठे चश्मेसे प्यास बुजानेसे मना नहीं फरमाते थे। और उनसे कहते थे के किसी भी वलीउल्लाह की खिदमतमें हाजिर होकर फैझ पानेकी आपको मेरी तरफसे इजाझत है तरीका अलग है में सनदो शजरे का काइल नहीं।

(4) सिलसिल-ए कुब्रविय्या :

इस सिलसिलेके बानी हजरत शेख नजमुद्दीन कुब्रा (अल मुतवफफा इ.स.1221) थे उनका निझामे इस्लाहो तरबियत गैर मामुली तौर पर मुअस्सर था। ये तरीका कुछ अैसा हयात बख्श था के वो जिस पर तवजोह फरमा देते पथ्थर भी होता आइना बन जाता। इस बिना पर उनको "शेख वली तराश" (यानी वली बनानेवाला बुजुर्ग) कहा जाता था। हिन्दुस्तानमें तरीके सुलूकसे मु-त-अल्लिक दो तसानीफ बहोत मश्हुर है। आपने मंगोलों का (मुगलों) मुकाबला करते हुअे शहादत हांसिल की। लेकीन आपके मुरीदैन ने उन्हीं मंगौलोमें अैसा काम कीया के वौह गिरोह दर गिरोह मुसलमान होते गअे। उनमें शेख मुजदिदुद्दीन बगदादी (अल मुतवफफा इ.स.1219) शेख सइदुद्दीन हमवी (अलमुतवफफा इ.स.1252) शेख रझियुद्दीन अली लाला (अलमुतवफफा इ.स.1244) शेख सैफुद्दीन बाखरझी (अलमुतवफफा इ.स.1260) और शेख बहाउद्दीन वालीदे मौलाना जमालुद्दीन रुमी के नाम खास हैं। ख्वाजा फरीदुद्दीन अत्तार, शैख मुजदिदुद्दीन बगदादी के मुरीद थे। कुब्रविय्या सिलसिले की बादमें बहोतसी शाखें बन गइ। मसलन फिरदोसिया, हम्मादिय्या, अशरफिय्या वगैरह शैख सैफुद्दीन बाखरझी के मुरीद शैख बदरुद्दीन समरकन्दीने फिरदौसी सिलसिलेको हिन्दुस्तानमें रुशनाश कराया। बादमें येही तीनों सिलसिले सय्यदि अली हम्दानी शेख शरफुद्दीन यह्या मुनीरी (अल मुत-वफफा हिजरी 782 इ.स.1380) और सय्यिद मख्दुम अशरफ जहांगीर सिम्नानी (हिजरी 808 इ.स.1380) के नाम से मन्सुब होकर खुब फेले-फुले। सिलसिल-ए फिरदोशीय्या के मुत-अल्लिक अहेले तसव्वुफकी दो राअें मिलती हैं। बाझ उसे शेख नजमुद्दीन कुब्रा से मन्सुब करके कुब्रविय्यामें

दाखिल करते है । तो बाझ सुहरवर्दिय्या बताते हैं । सिलसिल-ए फिरदोसिय्याका आगाझ देहली से हुवा था लेकीन उसकी नश्वो नुमा, शौहरत और वुसअत बिहारके हिस्सेमें आई । देवरहमें खानदाने सादात अब्बासियानके दरम्यान भी कादरिय्या, चिश्तीय्या, सत्तारिय्या के अलावह खास तौर पर सिलसिल-ए फिरदोसिया भी मर्कझे तवजोह रहा । और काझी शाह मुहम्मद अब्बास देवरवी के झरीअे उसे बडा फरोग हांसिल हुवा ।

(5) सिलसिल-ए चिश्तिय्या :

हिन्दुस्तान में सुफीया-ए-किराम का आना चोथी सदी के आखिर से शुरु हो चुका था । मुद्दतों तक येह सिलसिला बराबर जारी रहा । हजरत ख्वाजा मुइनुद्दीन चिश्ती हसन संजरी अजमेरी रहमतुल्लाह अलयहे की शख्सिय्यत कामिल और झमाना साझ शख्शियत थी । आपने दावतो तब्लीग और इर्शाद के लिये अजमेर को अपना ठिकाना बनाया । आप सिलसिल-ए-चिश्तिय्या के बानियों में शुमार किया जाता हय । सन 588 हिजरी में अजमेर में राजा पथुरा (पृथ्वीराज चौहान) की हुकुमत थी । ख्वाजा गरीब नवाझ को बडी मुश्कीलोंका सामना करना पडा था । मगर येह मर्दे मुझाहीद कोइ आम आदमी न था ये अल्लाह तआला का मकबुल और अल्लाह तआला के रसूले बरहक का दिलका टुकडा था । जो सन्जर में पैदा हुवा और शैखे बा कमाल हजरत ख्वाजा उस्मान हारुनी की पाक सोहबतका असर रखनेवाले गरीब नवाज के अझमे मुअझझम का कमाल था के आपने उस इलाकेमें नुमायां कामयाबी हांसिल की । हजरत ख्वाजा गरीब नवाज के अलावह और भी चिश्ति बुजुर्ग उस झमानेमें हिन्दुस्तानमें आअे । मसलन तुर्कस्तानसे हजरत मुहम्मद तुर्क नारनोली हिन्दुस्तान आअे । और नारनौलमें सुकुनत पझीर हुअे । वही सन 642 हिजरी में जामे शहादत नौश फरमाया । हजरत ख्वाजा गरीब नवाज ने सामने ही अपने चहीते मुरीद ख्वाजा कुत्बुद्दीन बख्तियार काकी को सिलसिले की नशरो इशाअत के लिये मुकर्रर कर दिया था । उनके झरीअे शुमाली हिन्दुस्तानमें चिश्तिया सिलसिले को जबरदस्त उरुज हांसिल हुआ । सिलसिले की इशाअत के त-अल्लुकसे शेख कुत्बुद्दीन बख्तियार काकी के बाद शैख हमीदुद्दीन सुफी सुवाली नागौरी का नाम काफी मशहुर है । शैख नागोरी साहिबे तस्नीफ बुजुर्ग थे । आपकी किताब "उसूलुत तरीकत" काफी मशहुर हुई । आपने सन 672 हिजरी मुताबीक सन 1273 इ.स. विसाल फरमाया । नागोर राजस्थानमें आपका आस्ताना फैजो बरकतका सेन्टर है । हजरत कुत्बुद्दीन बख्तियार काकी के बहोत सारे खुल्फा हुअे लेकिन हजरत फरीदुद्दीन मसउद गंजशकर

और शैख बदरुद्दीन गझनवी ने सिलसिलेकी तरवीज और इशाअत में काफी शोहरत हांसिल की है । बाबा फरीद गंजशकर ने शुरुआतमें दिल्हीमें काफी जद्दोजहद की, उसके बाद आप हांसी गअे और अजोधनमें मुकीम हो गअे । जिसकी वजहसे चिश्तिया सिलसिलेकी काफी इशाअत हुइ । आपका नाम खास तौर से पुरे हिन्दुस्तानमें और सुमाली हिन्दमें मशहुर हो गया था । लोग दुर दुर से आपसे हिदायत हांसिल करने को हाजिर होते । इन्ही में हजरत ख्वाजा निझामुद्दीन अवलिया रहमतुल्लाह अलयहे भी शामिल थे । बाबा फरीदने मजबूत निझामे इस्लाहो तरबियत के जरीये मुरीदीन का अैसा गिरोह तैयार किया जिसने चिश्तिया सिलसिलेकी खानकाहोंसे मुल्क के गोशे गोशे को आबाद कर दिया । आपके खुल्फामें शैख जमालुद्दीन हांसवी, शैख बदरुद्दीन इस्हाक, शैख निझामुद्दीन अवलिया, शैख अली अहमद साबिर कलयरी और शैख आरिफ जैसी शख्शियतें शामिल हैं । इन सबमें निझामुद्दीन अवलिया इस बातमें सबसे अलग नझर आते हैं के उनके झरीअे ही चिश्तिया सिलसिले को बहोत झियादह फरोग हांसिल हुआ । देहलीमें उनकी खानकाह पर आधी सदीसे झियादह तक लोगों का हुजूम लगा रहेता था । और रुश्दो हिदायतके दरवाजे सब पर खुले रेहते थे । आपने अपने बहोत सारे खुलफा को पुरे हिन्दुस्तानमें दुर दुर तक सिलसिले की इशाअत की गरज से भेजा था । हजरत निझामुद्दीन अवलिया रहमतुल्लाह अलयहे के बाद हजरत शैख नशीरुद्दीन चिराग देहली ने इस सिलसिलेको वुस्अत और इस्तेहकाम बख्शा । आपने देहली के नामुनासिब हालातमें भी सिलसिलेकी खूब खूब इशाअत की । तुराब नामी कलंदरने आप पर छुरे से हमला कर दीया । उस हादसे के तीन साल बाद सन 757 हीजरी मुताबीक सन 1356 इ.स. में आपने विशाल फरमाया ।

शैख सिराजुद्दीन अल मारुफ ब अखी सिराजने बंगाल की झमीन पर चिश्तिया सिलसिलेको आगे बढानेमें बडी महेनत की है । आपके सबसे झियादह मशहुर खलीफा शैख अलाउल हकक बिन अस्अद पन्डवी बंगाली थे । उन्होने पंडवा में एक बडी खानकाह काइम की और सिलसिलेकी तालीमात को आम करने लगे । उनके बाद हजरत नुर कुत्बे आलम पन्डवी और मीर सैयद अशरफ जहांगीर सिमनानीने इस सिलसिलेको बहोत फरोग दिया ।

हजरत शैख बुर्हानुद्दीन गरीबने सरजमीने दककनमें सिलसिलेकी इशाअत और उसकी तालीम को रिवाज देनेमें बहोत महेनत की है । आप अपने मुरीदोंकी इस्लाह और तरबिय्यत पर बतोरे खास महेनत करते थे । उनके मुरीद शैख जैनुद्दीन ने भी सिलसिलेको फैलाया । उसी झमानेमें इसी सिलसिलेके एक और मश्हुर बुजुर्ग हजरत सैयद मुहम्मद हुसैनी बन्दह नवाझ

गेसूदराज भी दककन पहोंचे । आप की झातसे दककनमें चिश्तिया सिलसिलेको बहोत फरोग हांसिल हुवा है । गुलबर्गा (कर्णाटक) में आपने एक अझीमुश्शान खानकाह काइम की । आपने बहोत सी किताबें लीखीं हैं । आप आला दर्जे के शारेह थे । आपके खुल्फा में शाह यदुल्लाह, शैख अलाउद्दीन ग्वालियरी, शैख मुहम्मद अकबर हुसैनी, सय्यिद युसुफ हुसैनी, शैख अबुल फतह कुरैशी, सय्यिद सदुद्दीन अवधी, शैख फखरुद्दीन बगदादी, शैख झादह शहाबुद्दीन और काझी मुहम्मद सुलेमान खास तौर से मशहुर हुअे । हजरत गेसू दराज के खुल्फाओ मुरीदीन और उनकी तस्नीफो तालीफ दोनोंने जबरदस्त काम किया और तसव्वुफके खयालात को आमो खास सब तक पहोंचाया ।

गुजरातमें चिश्तिया सिलसिलेका काम हजरत कुत्बुद्दीन बख्तियार काकी और विझामुद्दीन अवलीया के अहदसे कुछ न कुछ होता रहा लेकिन बाकायदा तौर पर नशरो इशाअतका मा'रेका अल्लामा कमालुद्दीन, शैख याकुब, शैख कबीरुद्दीन नागोरी, और सय्यिद कमालुद्दीन कझबीनी ने अंजाम दिया । अल्लामा कमालुद्दीन (अल मुतवफफा हिजरी 757) हजरत चिराग देहलवी के खलीफा और भान्जे थे । उनकी अवलादमें बराबर बा-फैज और बा सलाहिय्यत बुजुर्ग पैदा होते रहे । जिनसे चिश्तिया सिलसिला गुजरातमें रु-ब-तरककी रहा । शैख याकुब (अलमुतवफफा हिजरी 757 इ.स.1395) मौलाना ख्वाजगी के फरजंद और शैख जैनुद्दीन दोलाता बादी के खलीफा थे । शैख कबीरुद्दीन नागोरी (अल मुतवफफा हिजरी 858 इ.स.1454) हजरत शैख हमीदुद्दीन सुफी सुवाली नागोरी के पोते थे । हजरत अल्लामा कमालुद्दीन देहलवी की अवलादसे लंबे अरसे तक बुजुर्ग पेदा होते रहे । ये सिलसिला १२मी सदी तक जारी रहा आपसे गुजरातके लोग फैझ व बरकतें पाते रहे, लेकिन कहेना न चाहिये की एक वकत पे सिलसिला खत्म हो गया था । जब एक बुजुर्ग शयख कलीमुल्लाह जहां आबादी रहे थे । सिलसिले और खानदानके बुझुर्ग हजरत शयख यहया बीन महंमद गुजराती से (वफात 1101 हिजरी) रुहानी बरकतें हांसिल करने देहली गये और फीर हिन्दभरमें ये फैझो बरकतोंका सिलसिला जारी हुआ । हजरत मवलाना फखरुद्दीन दहेलवी यही सिलसिले के बुजुर्ग थे । शयख याकुब बीन खाजगी वफात हिजरी 798 फुसुसोल हेकम कीताब पढनेमें खास कमाल रखते थे । आपकी पइन में खानकाह थी आपसे हजरत सय्यिद मोहम्मद कुत्बे आलम अब्दुल्लाह बुखारी रहमतुल्लाह अलयहे फैज हांसिल कीया था । शैख रुकनुद्दीन मवदुद (वफात सन हिजरी 842) शैख फरीदुद्दीन मसउद की अवलादथे लेकिन चिश्तिया सिलसिला शैख मुहम्मद बीन अहमद मवदुद से हांसिल कीया था और इन्हें अपने वालिद व दादा से फैज मीला

था । हिन्दुस्तानमें ये चिश्तिया सिलसिला ख्वाजा मोइनुद्दीन अजमेरी के बगैर (वास्ते) उनके पास पहोंचा है ।

ये सिलसिलेमें शैख अजीजुल्लाह, शैख रहमतुल्लाह, शैख बहाउद्दीन, शैख मुत्तकी वगैरा बडे दरजे के बुजुर्ग हो गये । इन्ही मशाइख चिश्तीयोंसे दकक्कन और गुजरातके अवाम को बडा फायदा पहोंचा है । शैख कबीरुद्दीन नागोरी रहमतुल्लाह अलयहे (वफात 858) अहमदआबादमें वफात पाई । आपने मीस्बाहुन नहव किताब तफसील से लिख्खी है । चिश्ती सिलसिलेके तकरीबन 30 से जयादह हजरत निझामुद्दीन अवलिया के खलीफा पट्टनमें है । अहमदाबाद में काफी बुझुर्ग आराम फरमा हैं । धोलका में हजरत शाह चिश्ती सरखेज में हजरत शेर अली और दिगर इलाको में भी चिश्तिया सिलसिलेके खुल्फा व मुरीदैन का अना सागर आज भी धुम मचाता हुआ नजर आता है ।

सुबअे बिहारमें हजरत आदम सुफी हजरत फरीदुद्दीन तबीला बख्श खलीफा नुर कुत्बे आलम और जमालुल हकक बंदगी के जरीअे चिश्तिया सिलसिले ने वुस्अत पाइ । हजरत मख्दुमूल मुल्क शैख शरफुद्दीन बिहारी के झमानेमें ही बल्के इनसे कब्ल ही सिलसिले चिश्तिया बिहार के मुख्तलिफ हिस्सोमें पहोंच चुका था । हजरत फरीदुद्दीन गंज शकर के मुरीदों खलीफा हजरत खिजर यारह दोस्तने चिश्त जमाअतखाना काइम किया था । जिसकी यादगार के तौर पर बिहार शरीफ का महल्ला-चिश्तिया बा आज भी आबाद है । उसी तरह मीर सय्यिदु-सादात शाह यासीन खलीफा, हजरत मवलाना वजीहुद्दीन इब्ने नशरुल्लाह अल-अलवीने सिलसिले चिश्तिया की भी जबरदस्त इशाअत की और आपके बाद आपके खलीफा हजरत मवलाना शाहबाज भागलपुरी ने भी सिलसिलअे चिश्तिया को मजबूत बनाया । अझीमाबाद और पटना के इलाकोमें मुख्तलिफ खानकाहे दीगर सलासिलके अलावह चिश्तिया सिलसिलेके फैजान से शादो आबाद रही । यहां चिश्तिया सिलसिला, सिलसिल-ए अबुल उलाइय्या की सुरतमें बिहारकी मुख्तलिफ खानकाहों में पहोंचा ।

सिलसिले चिश्तिया की दुसरी मजबूत शाख साबिरिय्या कहेलाती है । हजरत मख्दूम अली अहमद साबिर कलियरी के जां-नशीन शैख शम्सुद्दीन तुर्क थे । वोह मुर्शिद के हुकम के मुताबिक पानीपत में ही तल्कीनो इर्शाद करते रहे । (अल मुतवफफा हिजरी 718, इ.स.1318) उनके बाद शैख जमालुद्दीन पानीपती जानशीन हुअे । जिनके 40 खुल्फा थे । उनकी खानकाह रुदोली शरीफमें है । शैख कलीमुल्लाह देहलवी ने देहली, दकक्कन, पंजाब, मुलतान, तौंसा, चाचडान कोट और मठन वगैरा में चिश्तिया सिलसिलेकी जबरदस्त

इशाअत की आपहीके अझीम मुरीदों खलीफा शाह नुर मुहम्मद महारवीने पंजाबमें चप्पे चप्पे पर चिश्तिया सिलसिलेकी खानकाहे आबाद करवाइ। शाह फखरुद्दीन के एक खलीफा शाह नियाज अहमद बरेल्वी के झरीये भी इस सिलसिलेका बहोत फरोग हुआ। उन्होंने रोहीलखंड में अपनी खानकाह बनवाइ। इसी तरहा हिन्द-पाक-बांग्लादेश अरबो-अजम युरोप व अफ्रिका-अमेरीका-ओस्ट्रेलीया -केनेडा-रशिया और पुरी दुनियामें आज हमारे गरीब नवाझ के दामने रहमतमें आनेवाले सभी मजहब और मिल्लत के लोग फैजयाब है। आपके आस्तान-अे पाक पर हिन्द और दिगर देश, मुल्कके नामवर हस्तीयां ८०० सालसे अपना खाली दामन लेकर आते है और फियुझो बरकात से मालामाल होकर दीनी-दुन्यवी मशाइल में काम्याबी पाते है। इसी लिये आपकी जाते पाक पर दरुदो सलाम का नजराना पेश करते है।

(6) सिलसिल-ए शत्तारिया :

हजरत शाह अबु अब्दुल्लाह शत्तारी पंदरहवीं सदीमें इरानसे हिन्दुस्तान तशरीफ लाअे। आप शेख शहाबुद्दीन सुहरवर्द रहमतुल्लाह अलयहकी अवलादमें से थे। उलुमे नबवी और फैजाने शत्तारी लेकर हिन्दुस्तान आअे तब आपने फरमाया, है कोई खुदाका चाहनेवाला तो आअे ताके उसे में खुदा तक पहोंचनेकी राह दिखाउं. इस सिलसिलेके बुजुर्गोको हिन्दुस्तानमें हजरत शाह अब्दुल्लाह शत्तारीके अवलाद शैख हाफिज जोनपुरी की खिदमत का भी फैज पहोंचा है। उनके अलावाह जोनपुर के ही शैख बुध्धन और बदोली के शेख वली शत्तारी ने भी सिलसिलेको आगे बढानेमें और लोगों तक इसका फैज आम करनेकी कोशिश की। ख्वाजा गंज शकर की नस्लसे अमीर सय्यिद अली कव्वाल शैख झकरिय्याह के बिरादर झादाह शैख हाजी इब्ने शैख इल्मुदीन ने भी शत्तारी सिलसिलेको तरककी दी।

जब शाह अब्दुल्लाह शत्तारीने सफरे आखेरत इख्तियार फरमाया तब उनका खिर्कअे खिलाफत शैख मुहम्मद अली यानी शैख काझन को मिला और उनके बाद शैख अबुल फतह हिदायतुल्लाह सरमस्त को हांसिल हुवा। और उनके बाद शैख जहुर हाजी हामिद हुजुर की खिदमतमें पहोंचा, उनके बाद मन्सबे हिदायतो इजाझत और मुझदअे कुत्बुल अकताबी हझरत शैख मुहम्मद गौस ग्वालियरी को पहोंचा। जिन्होने अंजुमन को तरह तरह की मारेफतें और हकीकतें बयान करके नइ वजअ का अंजुमन बनाया। शाह मुहम्मद गौस ग्वालियरी रहमतुल्लाह अलयहेका (हिजरी 970 इ.स.1562) सिलसिलअे निस्बत ख्वाजा फरीदुद्दीन अत्तार (हिजरी 628 इ.स.1230) से मिलता है।

आपके पर दादा मुइनुद्दीन कताल हिन्दुस्तान तशरीफ लाअे और जौनपुरमें इन्तिकाल फरमाया।

शाह मुहम्मद गोश जामअे उलुमो फुनन थे। और मा कूलो मन्कुल पर मुकम्मल दस्तरस हासिल थी। जवाहरे खम्सा और अवरादे गोसियह और बहलहयात आपकी मशहुर तसानीफें (किताबे) हैं आपके अख्लाक का येह असर था के कसरतके साथ लोग आपके हाथ पर मुसलमान होते थे। आपकी खानकाह गौस पुरा में मजलिसे सिमाअका इन्एकाद झबरदस्त अंदाज में होता था। मियां तानसेन जो फन्ने मुसीकीके मशहूरे झमाना उस्ताद थे आपही के मुरीद थे। उनका मजार भी शैख के पांव (कदमोंकी जानिब) में है। आपके बेशुमार खुल्फा थे जिनमें हजरत शाह वजीहुद्दीन अलवी गुजराती रहमतुल्लाह अलयहे (हिजरी सन 997 इ.स.1588) जैसे जलीलुल कद्र आलिम भी शामिल थे। आप सुलतान महमूद बेगडह के झमानेमें पैदा हुअे थे। आपका नाम सय्यिद अहमद और लकब वजीहुद्दीन और आसमानी खिताब अलिय्ये शानी था आप हन्फी मजहब शत्तारिया मश्रब थे। आपका नसब 27 वास्तोसे सय्यिदना अली मुर्तुजा से मिलता है। आपने बचपनही में कुरआन हिफज कर लिया था। आपने काजी शमसुद्दीन से अकसर अरबी फनुनकी किताबें पढी। अपने मामुं शाह बडा अबुल कासिमसे भी अकसर उलुम का इस्तिफादह किया. आपने हदीसका दौर अबुल बरकात बिन यानी अब्बासी से लिया। और उलुमे अकलिय्या की किताबें अल्लामा इमाद तारमी से पढी। आप मुसल्सल 24 साल तक इल्म हांसिल करते रहे। 25वें साल से आपने अपनें मद्रसेमें तल्बा को तालीम देना शुरु किया। मौलाना गुलामनबी आझाद बिलगिरामीने आपकी तस्नीफ कर्दह किताबोंकी तादाद 197 बताइ है। जबके दुसरोंका मानना है के उनकी तस्नीफ कर्दह किताबों तादाद इससे भी जियादह हो शकती है। आपने अपनी जिन्दगी में दस बारह बादशाहों का जमाना देखा। 29 मुहर्रम हिजरी 998 के रोज 88 सालकी उम्रमें विशाल फरमाया। आपके खुलफा और शागिर्दोमेंसे अकसर हजरात अल्लामा, मुहद्दिस, मुफती, काझी और मुल्ला के इल्काब से नवाझे गअे। शाह वजीहुद्दीन अल्वीने अपने सिलसिले शत्तारीयाको हत्तुल इम्कान आगे बढाया और हस्बे ताकत सारे लोगो तक उस सिलसिलेके फयजो बरकात पहोंचाये। उनके बाद उन मुरीदैन के जरीअे सिलसिला आगे बढा। ये सिलसिलेके बुजुर्गोसे दककन लोगों ने भी फैज उठया। हजरत शयख सीबगतुल्लाह भरुची रहमतुल्लाह अलयहे यह सिलसिला लेकर मदीना मुनव्वरा गये। वहां के बडे बडे आलीमो मशाइखोने आपसे इस सिलसिलेकी बरकतें हांसिल की। हजरत सैयदना शाह वजीहउद्दीन रहमतुल्ला अलयहे

हजरत ख्वाजा दरियाइ रहमतुल्लाह अलयहे के जमाना के है । बल्की आपने अपनी पडपोती हजरत ख्वाजा दरियाइ सरकारके भतीजे हजरत सैयद अब्दुलकवी के साथ निकाह करवाया था । और इस रश्मको आज के जमाने तक यानी संपादक के बडे अब्बाके बेटे यानी चिचेरे भाइ के साथ इन्ही खानदाने वजीहीसे ताल्लुक रखनेवाली बेटी से निकाह किया है जो मेरे सफरके साथी जनाब प्यारे सहाब (हमीदुद्दीन) की वालेदा माजेदा है ।

(7) सिलसिल-ए सुहरवर्दिय्या :

चिश्तिया सिलसिले के बाद हिन्दुस्तानमें सुहरवर्दिय्या सिलसिलेकी आमद हुइ । सुहरवर्दिय्या सिलसिला सुफियाअे किराम के उस तरीकेका नाम है जिसकी बुनियाद इरान के मशहुर सुफी जियाउद्दीन अबून नजीब अस सुहरवर्दी (अल मुतवफफा 490, पैदाइश 1118 इ.स.) को डाली थी । आप खलीफ-अे अव्वल हजरत सय्यिदना अबुबक्र सिद्दीक रहतुल्लाह अलयहे की औलादमें से थे । इस्में गिरामी अब्दुलकादिर कुन्नियत अबु नजीब और लकब जयाउद्दीन आप सिलसिले सुहरवर्दीमें अपने चाचा हजरत शेख वजीहुद्दीन अबु हफस सुहरवर्दी कद्द सिर्रुह के मुरीद व खलीफा है और सिलसिले कुबरविया में हजरत अबुल फतूह इब्ने इमाम अहमद गिजाली रहमतुल्लाह अलयहे के खलीफा है । आपने हजरत सय्यिद अब्दुलकादीर गौषे आजम जीलानी कद्दसिर्रुह की सुहबत भी पाइ है और खिर्कए खिलाफत भी और बगदाद के कयाम के दौरान सरकार ख्वाजा गरीब नवाज कद्दससिर्रुह की भी आप से मुलाकात हुइ है । आपका विसाल 563 हिजरी में हुआ । मजार मुबारक इराकके बगदादमें दरियाअे दजलाके किनारे वाकेअ है । आप बगदाद की जामिअह निझामियह में शाफेइ फिकह पढाते थे । उनकी बाकिय्यात में सिर्फ एक किताब आदाबुल मुरीदैन पाइ जाती है ।

हजरत शैख शहाबुद्दीन उमर सुहरवर्दी कद्दसिर्रुह आपकी विलादत 539 हिजरी सन में जन्जान के एक कस्बे सुहरवर्द में हुई थी । हजरत शेख सय्यिद अब्दुल कादीर जीलानी रहमतुल्लाह अलयहेके विसाल के बाद हजरत शेख अबुन नजीब सुहरवर्दी रहमतुल्लाह अलयहे एक साल तक और उनके बाद बरसो तक हजरत शहाबुद्दीन सुहरवर्दी रहतुल्लाह अलयहे ने बगदादकी रुहानी सियादतका निजाम निहायत खुश अस्लूबी से निभाया । आपकी जाते गिरामी से लाखों बंदगाने खुदा को फैझ पहोंचा । आपका इल्मी लियाकत और रियाझत का शोहराह न सिर्फ इराकमें बल्के मिसर व शाम, इजीप्त, सिरीया और हिजाझ-इरान में दुर दुर तक पहोंच चुका था हिन्दुस्तानमें भी आपकी बुजुर्गी

का गल्गगा बुलंद था । दुनियाभरके मशाइखे इजजाम के लिये आपकी जाते गिरामी मल्जा-व-मावा बनी हुइ थी । आपके खुलफा और मुरीदैन हमा वकत आपकी बारगाहमें हाजिर रहेते थे ।

हजरत शैख नजबुद्दीन अली बरगरा के झरीये अजम या'नी इरानमें सुहरवर्दी सिलसिले की बहोत झियादह इशाअत हुइ । हजरत शैख नुरुद्दीन मुबारक गझनवी जिनकी मशाइखे जमीला और काविशोकी वजहसे शुमाली हिन्दुस्तानमें सुहरवर्दीय्या सिलसिले को बहोत फरोग हांसिल हुवा । उस जमानेमें हजरत शैखुल-इस्लाम हजरत बहाउद्दीन झकरिय्या मुल्तानी रहमतुल्लाह अलयहे मुर्शिदे कामील की तलाशमें हिन्दुस्तानसे निकलकर इस्लामी दुन्या के मुल्को-मुल्क फिरते हुअे बगदाद शरीफमें हजरत शैख शहाबुद्दीन सुहरवर्दी रहतमुल्लाह अलयहे की मजलीसमें जा पहोंचे और अपना गोहरे मुराद पा लीया । मुर्शिदे कामील ने भी कमाल मरहमत फरमातें हुअे सिर्फ तीन हप्तो की रियाइात के बाद आपको खिलाफत अता फरमा दी । और मुलतान की तरफ मुराजेअत फरमा होने (यानी वापस जाने) का हुकम दिया ताके बर्रे सगिरमें सुहरवर्दीय्या सिलसिले की बुन्यादें मजबूत फरमाअे । लेकीन सहीह मानोमें हिन्दुस्तानमें सुहरवर्दीया सिलसिलेकी तरवीजो इशाअत में शैख बहाउद्दीन झकरीया मुलतानी की जबरदस्त जिद्दो जहद का बडा कामयाब रोल रहा है । आपने मुलतान, उच और दुसरे मुकामत पर सुहरवर्दिया सिलसिलेकी मशहुर खानकाहे काइम की । रात-दिन की सखत महेनत मुस्ककत से हिन्दुस्तानमें सुहरवर्दी सिलसिले की जडें मजबूत की । उनके मशहुर खलीफा में शैख इस्माइल कुरैशी, शैख हुसैन, शैख नथ्थु, शैख सरदुद्दीन आरिफ, फखरुद्दीन इब्राहिमी इराकी, सय्यिद जलालुद्दीन सुर्ख बुखारी, शैख सदरुद्दीन आरिफ के खलीफा शैख रुकनुद्दीन अबुल फतह मुल्तानी है । जिन्होंने सिलसिलेकी तन्झीम के लिये बहोत कोशिशें की है । हजरत सय्यिद जलालुद्दीन सुर्ख बुखारी के खानदानमें पैदा होनेवाली जबरदस्त शख्सियतों में सय्यिद अहमद कबीर और उन दो -दोनों बा-कमाल फरजन्दों सय्यिद सदरुद्दीन राजु कत्ताल और सय्यिद जलालुद्दीन मख्दूम जहांनियां जहां गश्त का शुमार होता है । बंगाल में सुहरवर्दी सिलसिला शैख जलालुद्दीन तब्रेझी के झरीये पहोंचा । आप की और आपके खलीफा हजरत शैख अली बदायूनी की महेनत की वजह से बंगालमें सुहरवर्दी सिलसिले की इशाअत और तरवीज हुइ । गुजरातमें इस सिलसिलेके बुजुर्ग सबे पहेले सय्यिद शरफुद्दीन मश्हदी रहमतुल्लाह अलयहे भरुच में आये । उनका तजकेरा आगे मख्दूम के खिलाफाओ की फेहरिस्तमें जीक्र करेंगे कयुंके इस किताब का अस्ल मकसद अब लीख्खा जायेगा ।

कयुंके हमारे जद्द-आला हजरत सय्यिदना शाह कुत्बे रब्बानी, शाह सैयद शैख खतीब महबूद महेबूबे खुदा कारंन्टवी के आप यानी हजरत सय्यिद मख्दूम जहांनीया जहां गश्त रहमतुल्लाह अलयहे पीरो मुर्शिद है। आपने अपने जहां-गश्त के दौरो-में रुहानी सफरमें कारन्टा शरीफ तशरीफ ले गये थे जो कुत्बे कारंन्टा के जिक्रमें आयेगा। इस सिलसिलेमें नस्ल-ब नस्ल फैझे शाहीय्याद, फैझे कुत्बीय्याह व फैझे जलालीय्याह आज तक तीन वास्तो से हुझूर मख्दुम जलालुद्दीन जहां गश्त से चला आता है कयुं के मख्दुम कारंन्टा, आपके बेटे सय्यिद शाह काजी मोहम्मद, हजरत कुत्बे आलम अब्दुल्लाह के मुरीद व खलीफा थे। इनके बाद हजरत मोहम्मद सिराजुद्दीन शाहे आलम से हजरत सय्यिद हमीदुद्दीन चाहेलदा आरीफ बिल्लाह (2) हजरत सय्यिद शाह काजी हम्माद व हजरत सैयद शाह हमीद रहमतुल्लाह अलयहे ये तीनो भाइ मुरीद-व खलीफा थे। इनके तजकेरे हम अपने अगले मरहले में बयान करेंगे। **हजरत सय्यिदना मख्दुम जहांनीया जहांगस्त रहमतुल्लाह अलयहे (आप सहीहुल नसब सादाते नकवी है) का हम मुख्तसर जायेजा ले** कयुं के हमारे जद्दे-करीमो के वह बडे करम फर्मा है। लिहाजा हम उनका तजकरो जरुर लीख्खे। आप (14 शाबान हिजरी 707, इ.स. 8 फरवरी 1038) को उच में पैदा हुअे। आपके वालिदैन और दिगर बुर्जुर्गोने आपकी तालीमो तरबिय्यत पर बहोत तवजजोह की थी। शुरुआतमें आपने हजरत सय्यिद मुहम्मद बुखारी, हजरत शैख जमालुद्दीन खंन्दारु और काजी बहाउद्दीनसे तालिम हांसिल की। उसके बाद आप मुलतान शरीफ हजरत बहाउद्दीन झकरिय्या के पोते हजरत शैख रुकनुद्दीन के पास पहोंचे। आपने उनके रहेने खाने-पीने और रहेन सहेन का बंदो बस्त फरमाकर हजरत करीम शैख मूसवी और मवलाना मुजदिद्दुद्दीन को आपकी ता'लीमो तरबिय्यत के लिये मुकर्रर फरमा दिया। उस दौरान आपके इल्म और रियाझत की शोहरत दूर दूर तक पहोंच चुकी थी। लिहाजा मुहम्मद तगलक (सन 725 हिजरी से 752 सन 1325 इसवी से 1351 इसवी) ने हजरत मख्दुम को शैखुल इस्लाम मुकर्रर कर दिया। चालीस खानकाहों की निगरानी भी आपके सुपर्द कर दी लेकिन आपने बहोत जल्द इस ओहदे से इस्तिफा दे दीया। सरजमीने हिजाझ की सिम्त रवाना हो गये। मकके मुकर्रमामें हजरत मख्दुमने शैखे मकका हजरत अब्दुल्लाह याफइ सुहरवर्दी और मदीना मुनव्वरा में अब्दुल्लाह मतरी सुहरवर्दी से मुख्तलिफ किताबें पढी, मदीना के शैख आप पर बहोत शफकत फरमाते थे। एक बार आपने मख्दुम से मस्जीदे नबवी में इमामत भी करवाइ। मककअे मुकर्रमा में आपने सात साल गुजारे इस दौरान आप कुर्आने करीम की किताबत करके अपने जरुरियात पुरी

फरमाते थे । मदीनह मुनव्वरहमें आपने दो साल गुजारे । फिर आप यमनो, अदन तशरीफ ले गये । आप दमिश्क और लीब्नान भी गअे मदाइन और सीरिया (शाम) तबरेझ, खुरासान, बल्ख, बीशापुर, समरकन्द गाझरुन, हस्सा (बहेरीन) कतीफ और गझनी भी तशरीफ ले गअे । बरें सगीर में मुलतान, दहेली भककर, अलवर, रोबरी लारह और ठठ के सफर किये । आप अकसर फरमाते थे के रिआया को हुकमरानो का मुख्लिस और खैर ख्वाह रहेना चाहिये बादशाह के लिये बद्दुआ न करनी चाहिये बल्के उस्की इस्लाहकी दुआ करनी चाहिये । दुसरी जानिब आप हुककाम से कहा करते थे के उन्हे अपने फराइज पूरी दियानतदारी से बजा लाना चाहिये । रिआया के साथ अच्छा सुलुक करना चाहिये, नादारो-मिस्कीनों और मोहताजों की जरुरियात का ख्याल रखना चाहिये । हजरत मख्दुम ने अहम सियासी उमूरमें जो नुमायां किर्दार अदा किया है तारिख की किताबे उसकी शाहिद है ।

हजरत मख्दुम का इल्म एक वसीअ समन्दर की मानिन्द था । जिससे एक दुन्या फैझ हांसिल करती थी । आप कुर्आने करीम का बहोत गहेरा फहम रखते थे । सातों किराअतों के साथ कुरआने करीम की किराअत करते थे । हदीस और फिकह के बहोत बडे आलीम थे । चारों मश्हुर फिकही मस्लकों पर आपको उबूर हांसिल था । आप अरबी और फारसी झबानों में मुककमील महारत रखते थे । इसके अलावा आप हिन्दी, मुल्तानी और सिंधी झुबाने भी बोलते थे और उनमें तब्लीग भी फरमाते थे । आपका कुतुबखाना बहोत उमदा था । आप नादिरो नायाब किताबोंकी तलाशमें रहा करते थे । आप झिन्दगी के हर लम्हे को शरीअत के मुताबिक गुजारना पसंद फरमाते थे और दुसरों को भी इस बात की ताकीद करते थे ।

आपके झरीअे तब्लीगे इस्लाम :

हजरत मख्दूम का इस्लाही तेहरीर के नतीजे में खुसूसन पंजाब, सिंध और गुजरातमें इस्लामकी इशाअत बडे पैमाने पर हुइ । इन इलाकोमें बहोत सारे लोग आपके हाथों या आपके बाद आपके ताबेइन के हाथों मुसलमान हुअे । आपके हाथो मुसलमान होनेवाले लोगोमें खरल राजपूत और कबीले के अफराद भी शामिल है ।

हजरत मख्दूम के मल्फूझात के सात मजमूअे किये गअें है । येह मल्फूझात बहोत मकबुल हुअे । हजरत मख्दूमने बहोतसे तकरीब 36 हज किये । आपने सुल्तान ग्यासुद्दीन तगलक के झमानेमें सन 725 हिजरी सन 1125 इ.स. में अपने मुबारक सफर का आगाज किया था और सन 751 हिजरी सन 1150 इ.स.में मुहम्मद तगलक के अेहदे हुकूमत में खत्म किया । 26 साल बाद वापस लौटे ।

आपकी पैशीनगोइयां :

(1) एक दिन अैसा हुआ के आपकी खानकाहमें लंगर कुछ भी न था । उस दिन दुरवशों के खानेके लिये भी खानकाहमें कोइ इन्तिजाम न था । इस बात की खबर झफरखानको हुइ । उसने लंगर के लिये काफी मिकदारमें गल्ला और मिठाइयां वगैरह भैंजी । झफरखान हजरत मख्दुमका मुरीद था । जब सामान खानकाहमें लाया गया तो हजरत मख्दुम जहांनियां जहां गश्त खुश हुअे और जफरखानको तलब फरमाया और उस से कहा अय झफरखान उस खाने के बदलेमें मुल्के गुजरात की तमाम सल्तनत हमने तुमको अता की । तुमको मुबारक हों । हजरत मख्दूमने झफरखानको दुआके साथ साथ एक चादर भी अता फरमाइ ।

(2) एक दिन हस्बे मामुल हजरत नासिरुद्दीन रहमतुल्लाह अलयहे की बीबी साहिबा सय्यिदा हाजराबीबी सुब्ह के वकत हजरत मख्दुम को सलाम करने गरझ से आइ तो हजरत मख्दुम उनकी ता'झीम के गरज से खडे हो गअे । येह बात हजरत नसिरुद्दीन की दीगर बीवियों को नागवार मालुम हुई । जब आपसे वजह पुछी गइ तो हजरत मख्दुमने फरमाया हाजराबीबी के पेट से एक कुतुबे वकत पैदा होनेवाला है इस लिये मैंने खडे होकर उनकी ता'झीम की ।

(3) एक दफा हजरत मख्दूम गुजरात तशरीफ ले गअे । उस वकत अहमदाबाद वजुद में नहीं आया था । वो बटवह (वटवा) भी तशरीफ ले गअे । मिट्टी सुंघकर फरमाया इस पाक जमीन सें तो हमारी हड्डियों की खुश्बु आ रही है । हाजेरीन से उन्होने इस मिट्टी की जियारत करनेको कहा और येह पेशीनगोइ फरमाई यह मुकाम कुतुबिय्यत का खझाना होगा और रुहानिय्यत का सर चश्मा होगा ।

(4) एक दिन हजरत मख्दूम जहांनिया जहांगस्तने सआदत खातुन को वो चादर जिसको वो खुद इबादत करते, कुछ वकत ओढा करते थे । अता की, फिर अपने साहिबझादे हजरत सय्यिद नासिरुद्दीन को हुकम दीया के मेरी वफात के बाद सआदत खातून के बतन से लळका पैदा होगा येह मेरी अमानत इस बच्चें को देना । जब बच्चा पैदा हो तो उसके लिये कपडे इसी चादर से बनाअे जाअे और चादर के बचे हुअे टुकडे भी निहायत अेहतियात से रखे जाअें जो बच्चा पैदा होगा वोह कुत्बुल अकताब होगा । उसको मुकामे अब्दिय्यत हांसिल होगा मुकामे अब्दिय्यत पर फाइझ होनेवाले को अब्दुल्लाह केहते है और सुलूक में येह सब से बडा दर्जा शुमार किया जाता है ।

आपकी अझवाज और अवलाद :

हजरत मख्दूमने दरेजझेल घरानोमें चार निकाह फरमाअे थे जिनमें साहबजादे सात थे उसके अलावा तीन साहिबजादियां थी।

हजरत मख्दुम जहांनीया जहांगस्त रहमतुल्लाह अलयहे का विशाल :

आपका विशाल फीरोजशाह तघलक के दौरे हुकूमतमें 10 जिल्हजज सन 758 हिजरी मुताबिक 3 फरवरी सन 1384 इसवीमें खास (इदुल-अजहा) के दिन हुवा। गुरुबे आफताब के वकत इल्मो फझलका येह आफताब भी हंमेशा के लिये अेहले दुनियासे रुपोंश हो गया। उस वकत आपकी उम्र 78 सालकी थी आपका मजार मुबारक मुकाम उचशरीफ रियासते बहावलपुर पाकीस्तानमें है। आपने सात सुल्तानोंका दौरे हुकुमत पाया है।

बताया जाता है की हजरत ख्वाजा महमूद दरियाइ रहमतुल्लाह अलयहे के हकीकी भाइ हजरत सय्यिदना शाह मारुफ का भी यहीं उच शरीफमें मजार है (अल्लाह तआला बेहतर जाननेवाला और इल्म रखनेवाला है)

बैयत व ईरादत

हजरत मख्दुम जहांनीया जहांगस्त रहमतुल्लाह अलयहे को सुहरवर्दी सिलसिलेमें अपने वालीदे माजीद हजरत सुल्तानुल औलीया सैयद अेहमद कबीर बुखारी और अपने चचा हजरत सदरुद्दीन मोहम्मद गौश बुखारी, हजरत शैखुल ईस्लाम रुकनुद्दीन अबुलफतह कुरैशी सुहरवर्दी रहतुल्लाह तआला अलयहीम अजमइन से सोहरवर्दी सिलसिलेमें बैयत व इरादत नेज इजाजत व खिलाफत का सर्फ हांसिल है। इसके अलावा और भी चंद तरीकत से सोहरवर्दीया सिलसिलाकी इजाजत हांसिल थी। आपको अपने वालीदे गिरामी हजरत अेहमद कबीर रहमतुल्लाह अलयहे से सहरवर्दीया सिलसिलेके अलावा खानदानी खिलाफते आइमा ताहेरीन व रिदवानुल्लाहे तआला अलयहीम अजमइन से भी हांसिल थी। सिलसिलाअे आलीया कादरीया आप को हजरत इमाम अफीफुद्दीन अब्दुल्लाह बाफी और सिलसिलाअे आलीया चिश्तीया हजरत नसीरुद्दीन रोशन चिराग देहलवी रहमतुल्लाह अलयहे से मीला।

300 मसाईख से खिरके व खिलाफत

आपके बिरादरे खुर्द व खलीफा हजरत ख्वाजा अबुल फजल सदरुद्दीन राजु कत्ताल रहमतुल्लाह अलयहे फरमाते है के हजरत ख्वाजा अल मआरुफ जहांन्या जहांगश्त रहमतुल्लाह अलयहेने 300 साहबे इरशाद मशाईख से नेअमते बातनी और इनके मुबारक हाथोंसे खिरके जैबतन फरमाये। (मिरातुल असरार कलमी) हजरत मख्दुम जहांन्या जहांगश्त रहमतुल्लाह

अलयहे ने खलीफा अजल हजरत मख्दुम मीर अशरफ जहांगीर सिमनानी मुतव्वफी सद (मदफने किछौछा मुकद्दसाअे जिल्ला फैजाबाद, यु.पी.) ने अपने मल्फुजात लताईफे अशरफी में हजरत मख्दुम जहांन्या जहांगश्त रहमतुल्लाह अलयहे के पीराने तरीकत रिदवानुल्लाहे तआला अन्हुम के हस्बेजैल असमा (नाम) दरज फरमाअे है।

(1) हजरत सैयद अहमद कबीर औची बुखारी रहमतुल्लाह अलयहे
(2) हजरत सैयद वाहदुद्दीन करमानी रहमतुल्लाह अलयहे
(3) हजरत सैयद सदरुद्दीन मोहम्मद गौश उमबुजुर्गवार रहमतुल्लाह अलयहे
(4) हजरत शेख रुकनुद्दीन रुकनेआलम अबुल फतह रहमतुल्लाह अलयहे
(5) हजरत शेख कवामुद्दीन रहमतुल्लाह अलयहे
(6) हजरत शेख नसीरुद्दीन रोशनचिराग दहेली रहमतुल्लाह अलयहे
(7) हजरत शेख इमाम अब्दुल्लाह याफी रहमतुल्लाह अलयहे
(8) हजरत अब्दुल्लाह मतरी रहमतुल्लाह अलयहे
(9) हजरत शेख अबु ईसहाक गाजरुनी रहमतुल्लाह अलयहे
(10) हजरत शेख नजमुद्दीन अशफहानी रहमतुल्लाह अलयहे
(11) हजरत शेख नजमुद्दीन कुबरा रहमतुल्लाह अलयहे
(12) हजरत सुल्तान ईसा रहमतुल्लाह अलयहे
(13) हजरत फकी दुस्साल कुत्बेअदन रहमतुल्लाह अलयहे
(14) हजरत शेख नुरुद्दीन अली अब्दुल्लाह रहमतुल्लाह अलयहे
(15) हजरत शेख अेहमद कबीर रिफाई रहमतुल्लाह अलयहे
(16) हजरत ख्वाजा सैयद निजामुद्दीन औलीया महेबुबे ईलाही रहमतुल्लाह अलयहे
(17) हजरत सैयद खिदर अलयहिस्सलाम
(18) हजरत शेख हमीदुद्दीन मोहम्मद हुसैन समरकंदी रहमतुल्लाह अलयहे
(19) हजरत शेख रुकनुद्दीन अली से उवैशीयाह तरीका
(20) हजरत मौलाना शमसुद्दीन याह्या उदी रहमतुल्लाह अलयहे
(21) हजरत ख्वाजा कुत्बुद्दीन मुनव्वर रहमतुल्लाह अलयहे
(22) हजरत शेख मोहम्मद आबीद गौशी (कादरीया)
(23) हजरत शेख सहाबुलहक वालीद बीन अबीसईइ बीन मेहमुद बीन मोहम्मद किरमानी शाफी रहमतुल्लाह अलयहे
(24) हजरत शेख रब्बानी रहमतुल्लाह अलयहे
(25) हजरत वहाउद्दीन हलीम ईब्ने सैयद अली बिरादरे उम्म

हजरत ख्वाजा सैयद बुरहानुद्दीन अब्दुल्लाह कुत्बे आलम सहरवर्दी अहमदआबादी गुजराती रहमतुल्लाह अलयहे अपनी मशहुर तसनीफ जाम्अे

उलफ तर्क में तेहरीर फरमाते है के हजरत ईमामुल मशारीक वल मगारीब हजरत सैयदना अली ईब्ने अबी तालीब करमल्लाह तआला वजहुल करीम की जाते गिरामी से जारी सुदा सलासील के अलावा भी हुजुरे अकरम सल्लल्लाहो अलयहे व सल्लम से जलीलुल कद्र सहाबा से जारी सुदा सलासील के खिरके हजरत मख्दुम सैयद जलालुद्दीन हुसेन बुखारी रहमतुल्लाह अलयहे को पहुंचे है वो हस्बेजैल तेहरीर कीये जाते हैं। (1) खीरकाओ सरैयाह (2) 4 खीरके ब वास्ता हजरत सैयदना अबुबक्र सिद्दीक रदीयल्लाहो अन्हो (3) 3 खीरके ब वास्ता हजरत सैयदना अमीरुल मुअमीनीन उमर अल फारुक रदीयल्लाहो अन्हो से (4) 2 खीरके ब वास्ता हजरत सैयदना अब्बास बीन अब्दुल मुत्तलीब उम्म औरानी सल्लल्लाहो अलयहे व सल्लम से (5) 2 खीरके ब वास्ता हजरत अबुल अल अरब सहाबी सल्लल्लाहो अलयहे व सल्लम से (6) दराढाईया हजरत मख्दुम रहमतुल्लाह अलयहे को हजरत शेख अल अमर हबीब अल ढोलवी रहमतुल्लाह अलयहे से और ईनको हजरत सैयद शेख अब्दुल्लाह मिसरी रहमतुल्लाह अलयहे से सिलसिला ब सिलसिला हजरत फुजैल बीन अयाझ से और ईनके सैयद अेहले सफफाह हजरत सैयदना अबील दरदा अस्हाबी रसूल से और इनको हजरत नबीअे करीम नुरे मुजस्सम सल्लल्लाहो अलयहे व सल्लम से पहुंचा। इस तरह अव्वल जिक्र खीरकाओ सेरययाह आपको हजरत शेख बहाउद्दीन अबी बक्र बीन अल हिसाम अल मारुनीसे और इनको ब वास्ताओ शेख अब्दुल रहेमान अल तसफुनजी से पहुंचा.

(अजजाम्अे अलतर अरबो कलमो मुसन्नीफ हजरत कुत्बे आलम बुखारी अहमदआबादी रहमतुल्लाह अलयहे कुत्बुखाना आसफीया हैदराबाद दक्कन)

गौशे आजम से अकीदत

हजरत मख्दुम जहांन्या जहांगश्त रहमतुल्लाह अलयहे फरमाते है हुजूरे गौसेआजम का कौल है के खुशखबरी हो इन्हें जिन्होने मुजको देखा या मेरे देखनेवाले को देखा या मेरे देखनेवाले के देखनेवाले को देखा या मेरे देखनेवाले के देखनेवाले के देखनेवाले को देखा फिर इर्शाद फरमाया के अल्हम्दोलिल्लाह मेंने शेख शरफुद्दीन मेहमुद तसतरी रहमतुल्लाह अलयहे को देखा इन्होने शैखुल शुअेख सैयदना शाहबुद्दीन मोहम्मद सहरवर्दी रहमतुल्लाह अलयहे को देखा और शेखुल शुअेखने हजरत गौसेआजम रहमतुल्लाह अलयहे की जियारत की।

ईमदादे गौशीयत

एक रोज हजरत मख्दुम जहांन्या जहांगश्त रहमतुल्लाह अलयहे अपनी खानकाह शरीफमें रोनके अफरोज थे। यकायक घांस की कोटडी में

आग लग गइ और इसमें शोला उठा । हजरत मख्दुम रहमतुल्लाह अलयहे ने एक चुटकी खाक लेकर या शेख अब्दुल कादर जिलानी शैयअन लिल्लाह बुलंद आवाजसे फरमाया और खाक आग की तरफ फेंक दी और आग फौरन बुज गई । (अनवारुल काजमीया सफा-16)

अनौखी ईदी

एक मरतबा हजरत मख्दुम रहमतुल्लाह अलयहे ईद के दिन अपने जद तरीकत हजरत ख्वाजा शेख बहाउद्दीन जकरीया मुल्तानी रहमतुल्लाह अलयहे के मजार मुबारक पर हाजीर हुअे । सलाम व कदमबोशी फातेहाख्वानी के बाद मजार शरीफ की मुतव्वजह होकर अर्ज कीया आज ईद का दिन है बुजुर्गो की बारगाह से छोटों को ईदी अता होती है लिहाजा नाचीज को भी ईदी अता की जाअे । मजार शरीफसे आवाज आई के आपकी ईदी यही है के आपको मख्दुम जहांनीया कीया गया । ईसके बाद हजरत सदरुद्दीन आरीफ रहमतुल्लाह अलयहे के मजार मुबारक पर हाजीर हुए और ईदी तलब की । वहां से भी उसी बशारत से सरफराज हुअे । (अखबारुल अख्तीयार)

पीरे तरीकत से अेतेकाद का आलम

आपको अपने पीरे तरीकत हजरत शेख रुकनुद्दीन रुकनेआलम अबुलफतह रहमतुल्लाह अलयहे से बडी अकीदत थी । एक मरतबा हजरत रुकनुद्दीन सहरवर्दी मुल्तानी रहमतुल्लाह अलयहे सीडीयों से नीचे तशरीफ ला रहे थे । हजरत मख्दुम जहांन्या जहांगश्त रहमतुल्लाह अलयहे दोडकर लेट गअे ईसलिये के पीरो मुर्शीद का कदम आपके सीने मुबारक पर पडे और आप बरकत हांसिल करें । ये देखकर हजरत रुकनेआलम रहमतुल्लाह अलयहे ने फरमाया "अेय सैयद । मरतबाअे विलायत तुम्हारे अपने कमाल को पहुंचा । तुम मख्दुम जहांन्या हो गअे" (खजीनाअे जलाली सफा-112)

अमामा और पापोश का आपस में तबादला

एक मरतबा हजरत ख्वाजा शरफुद्दीन याह्या मुनेरी बिहारी रहमतुल्लाह अलयहे ने हजरत मख्दुम जहांन्या जहांगश्त रहमतुल्लाह अलयहे के पास अपनी पापोश भेजी । ईसका मतलब ये था के में आपका कफशफा हुं । आपने ईसके जवाब में अपनी दस्तार शरीफ आपकी खिदमते अकदसमें रवाना की जिससे मुराद ये थी के आप मेरे सरताज है । (अनवारुल अशरफीया सफा-1412)

कुत्बेबंगाल का जनाजा और मख्दुम

कुत्बेबंगाल हजरत ख्वाजा अलाउलहक चिश्ती पंडवी रहमतुल्लाह अलयहे के विसाल का वकत जब करीब आया तो आपने वसीयत फरमाई के

खबरदार मेरी जनाजे की नमाज मख्दुम जहांन्या जहांगश्त रहमतुल्लाह अलयहे के अलावा कोई दुसरा न पढाये । ये सुनकर तमाम मुरीदीन को बडी हैरत हुई । मख्दुम जहांन्या जहांगश्त तो औच शरीफ में हैं । पंडवा शरीफसे हजारो मील फासले पर है । वो हजरत कुत्बेबंगाल के जनाजे की नमाज कैसे पढायेंगे । अलमुख्तसर जब कुत्बेबंगाल का विसाल हो गया गुस्ल वगैरह से फारीग होकर जनाजा तैयार हुआ ही था के लोगों ने देखा के मख्दुम जहांन्या जहांगश्त रहमतुल्लाह अलयहे सामने से तशरीफ ला रहे हैं । लोग सरापा हैरत बने हुअे थे । आपने तशरीफ फरमां होकर ईशाद फरमाया के में फकत ईस काम के लिये भेजा गया हुं के कुत्बेबंगाल हजरत अलाउलहक चिश्ती पंडवी रहमतुल्लाह अलयहे के जनाजे की नमाज पढाउं । बाद आपने नमाजे जनाजा पढाकर कुत्बेबंगाल की वसीयत पूरी की । (अनवारुल अशरफीया सफा-1412)

हजरत मख्दुम की चंद करामत

एक मरतबा बयतुल्लाह शरीफ के मौके पर आप जहाज में सफर फरमा रहे थे । रास्तेमें एक गुलामने मछली खानेकी ख्वाहीश का ईजहार कीया । आपने फरमाया अल्लाह तआला अपने बंदो की ख्वाहीश पूरी करने पर कादीर है । ईतने में समंदर से एक मछली उछलकर जहाज में आ गई । आपके हमराह ये देखकर बेहद खुश हुअे और ईस मछली को पकाकर तमाम हाजीयों में तकसीम कीया. (औलीयाअे औचशरीफ सफा-31)

बदरुद्दीन यमनी का जनाजा

एक मरतबा हजरत मख्दुम जहांन्या जहांगश्त रहमतुल्लाह अलयहे जिद्दाह में एक मस्जीद में रोनक अफरोज थे मस्जीद में एक जनाजा लाया गया । आपके कल्ब मुबारक पर मुनकशफ हुआ के ये जनाजा हजरत बदरुद्दीन यमनी रहमतुल्लाह अलयहे का है । जो के जलीलुलकद्र औलीया में से हैं । हजारो फरागत फरमाकर आप ईन्तेकाल फरमा गये हैं । आपने मजमा को मुखातीब होकर फरमाया लोगो दफनमें जल्दी न करना मुमकीन है की ईनको गसी व सिकता वगैरह की शिकायत हो । आपके हुकम के मुताबीक जनाजा रख दीया गया । आप नमाजे नफल अदा करनेके बाद तिलावते कुरआने करीममें मशरुफ हो गअे और आयाते करीमा "यखरुजुल हैय्ये मीन्नल मैय्यते व यखरजुल मैय्यते मीनल हैय्ये" का विर्द करना शुरु कीया । लोग ये देखकर बेहद मुत्हय्यर हुअे के हजरत बदरुद्दीन यमनी रहमतुल्लाह अलयहे "अश्शहदुअल्लाहीलाहा ईल्लल्लाहो वअशहदोअन्ना मोहम्मदुर रसूलुल्लाह" पढते हुअे उठ बेठे । (औलीयाअे औचशरीफ सफा-30)

जलीलुल कद्र खुलफा

हजरत मख्दुम रहमतुल्लाह अलयहे के जलीलुलकद्र खुलफा के नाम हस्बेजैल हैं।

(1) हजरत अबुलफजल सैयद सदरुद्दीन राजु कत्ताल रहमतुल्लाह अलयहे
(2) हजरत मख्दुम मीर अशरफ जहांगीर शमनानी रहमतुल्लाह अलयहे
(3) हजरत नासीरुद्दीन महमुद नौशा वालीदे हजरत कुत्बेआलम रहमतुल्लाह अलयहे
(4) हजरत फखरुद्दीन तिरमीजी रहमतुल्लाह अलयहे
(5) हजरत मौलाना शम्सुद्दीन रहमतुल्लाह अलयहे
(6) हजरत शेख मोहम्मद तकी गाजरुनी रहमतुल्लाह अलयहे
(7) हजरत सदरुद्दीन महमुद रहमतुल्लाह अलयहे
(8) हजरत रास्तीन रहमतुल्लाह अलयहे
(9) हजरत रफीउद्दीन रहमतुल्लाह अलयहे
(10) हजरत फरीदुद्दीन रहमतुल्लाह अलयहे
(11) हजरत अलाउद्दीन अली अबु अब्दुल्लाह रहमतुल्लाह अलयहे
(12) हजरत मौलाना कबीरुद्दीन रहमतुल्लाह अलयहे
(13) हजरत ईस्माईल रहमतुल्लाह अलयहे
(14) हजरत बशीर रहमतुल्लाह अलयहे
(15) हजरत शम्सुद्दीन मसउद ईराकी रहमतुल्लाह अलयहे
(16) हजरत सरफुद्दीन मशहदी रहमतुल्लाह अलयहे भरुच, गुजरात.
(17) हजरत सैयद रुकनुद्दीन राजा रहमतुल्लाह अलयहे
(18) हजरत मोईनुद्दीन रहमतुल्लाह अलयहे
(19) हजरत मौलाना मुख्तार रहमतुल्लाह अलयहे
(20) हजरत मौलाना ताजुद्दीन मोहम्मद रहमतुल्लाह अलयहे
(21) हजरत मौलाना हिशामुद्दीन भीखरी रहमतुल्लाह अलयहे
(22) हजरत मौलाना मसउद मसउनी रहमतुल्लाह अलयहे
(23) हजरत मौलाना निजामुद्दीन ईब्राहीम रहमतुल्लाह अलयहे
(24) हजरत मसउद दुरवेश रहमतुल्लाह अलयहे
(25) हजरत ख्वाजा मुजफ्फर सामानी रहमतुल्लाह अलयहे
(26) हजरत मलिजादा नसीरुद्दीन रहमतुल्लाह अलयहे
(27) हजरत मौलाना अलाउद्दीन मानकपुरी रहमतुल्लाह अलयहे
(28) हजरत ख्वाजा मसउद बाखरजी रहमतुल्लाह अलयहे
(29) हजरत मौलाना सालार सरसी रहमतुल्लाह अलयहे
(30) हजरत जमशेद रहमतुल्लाह अलयहे

(31) हजरत मोहम्मद खलफारी रहमतुल्लाह अलयहे
(32) हजरत मौलाना नजमुद्दीन शेखजादा रहमतुल्लाह अलयहे
(33) हजरत मौलाना ताजुद्दीन मानकपुरी रहमतुल्लाह अलयहे
(34) हजरत मौलाना मोहम्मद महुफी रहमतुल्लाह अलयहे
(35) हजरत ख्वाजा बदरुद्दीन बेहजाद रहमतुल्लाह अलयहे
(36) हजरत ख्वाजा अमीर खुसरु दहेलवी रहमतुल्लाह अलयहे (तालीब)
(37) हजरत ख्वाजा नुसर्रत रहमतुल्लाह अलयहे
(38) हजरत मौलाना रुकनुद्दीन दयालपुरी रहमतुल्लाह अलयहे
(39) हजरत मलिजादा साहबुद्दीन रहमतुल्लाह अलयहे
(40) हजरत मौलाना ख्वाजगी रहमतुल्लाह अलयहे
(41) हजरत शेखजादा मोअज्जम रहमतुल्लाह अलयहे
(42) शेख सरफुद्दीन रहमतुल्लाह अलयहे
(43) हजरत मौलाना दाउद जहांन्या रहमतुल्लाह अलयहे
(44) हजरत सैयद सिकन्दर मसउद तिरमीजी रहमतुल्लाह अलयहे मांगरोल, काठीयावाड
(45) हजरत कुतुब महमूद दादा हाश्मी कारंटवी रहमतुल्लाह अलयहे

मसकुराअेबाला खुलफाअे किराम के नाम साहेबे समरातुल कुद्दुस से मनकुल हैं । कहा जाता है के 80 मख्दुमों के पीर थे और मख्दुमाने मख्दुम लकब था । हजरत मख्दुम जहांन्या जहांगश्त रहमतुल्लाह अलयहे के ईसके अलावा उस जमानेमें 2 लाख से ज्यादा मुरीद थे जो के हनफी मजहब में थे बल्के आपके तमाम मुरीद और मुरीदों के मुरीद ईसी मजहब पर पैरो थे हंमेशा हनफी ईमाम अबु हनीफा के सिलसिले के बैयत लेते थे । (समराते अकदस कलमी सफा-128)

हजरत ख्वाजा सैयद नासीरुद्दीन मोहम्मद नोशा बुखारी सुहरवर्दी आप हजरत सैयदना अब्दुल्लाह बुरहानुद्दीन कुत्बे आलम के वालीदे माजीद है । और शाहे आलम रहमतुल्लाह अलयहे के सगे दादा है । आपकी पैदाइश 2 जिल्हज 740 मुताबीक सन हि.1341 में हुई । उस वकत दहेलीमें सुलतान मोहम्मद शाह तुघलक हुकमरान था । आपने अपने वालीद मख्दुम जहांनीया जहांगस्त के जेरे साये और उस जमाने के जलीलकद्र और माहेरीने उलुम व फूनून अे जमीअे उलुम व फूनून की तकमील फरमाइ । आपकी कसीर तादादमें औलाद थी शजराअे कलमीमें 25 सहाबजादे - 2 साहेबजादीया के नाम है । आपका विशाल हजरत सैयद नासीरुद्दीन मोहम्मद नौशा बुखारी 2 रमजान मुबारक हि.800 ब मुताबीक सन 1398 को 59 साल और चंद माहकी उम्रमें विशाल फरमाया ।

(2) गुजरातमें सिलसिले के सबसे पहले हजरत सय्यिद शरफुद्दीन मश्हदी रहमतुल्लाह अलयहे मुकाम भरुच में आअे और वहां आकर रहे । हजरत शरफुद्दीन रहमतुल्लाह अलयहे के वालिदका नाम हजरत मोहतरम रुकनोद्दीन था । आप हजरत सय्यिद मख्दुम जहांनीया जहांगश्त रहमतुल्लाह अलयहे के खलीफा व मुरीद और आप हझरतके दामाद पर भी फाइझ थे । आपकी सहाबझादी सैयदा मलिकजहां बेगमको आपके निकाहमें दिया था । मश्हद (इरान) से इल्म हांसिल करने के बाद मुर्शिदे कामील की तलाशमें हिन्दुस्तान आअे । उच (पाकिस्तान-बहावलपुर) में पीरो मुर्शिद हजरत मख्दुम की खिदमत में रेहकर जाहिरी व बातिनी इरफानी कमालात हांसिल किये । हजरत मख्दुम ने आपके मु-त-अल्लिफ फरमाया था के शरफुद्दीन तो हमारे दीन की आबरु है । हजरत शरफुद्दीन ने अपने पीरो मुर्शीद हजरत मख्दुमसे सेरो सफरके लिये इजाजत तलब की तो हजरत मख्दुमने उन्हे एक मिस्वाक और खिरनी (रायन) का बीज देकर फरमाया आप जहां कहीं रात गुजारने के लिये कियाम करें वहां येह मिस्वाक और खिरनी का बीज जमीनमें गाड दे और वोह दरख्त या पौदें की शकलमें उग निकले तो उसी जगह पर कियाम करना । लिहाजा हजरत शरफुद्दीन चलते चलते गुजरात पर कियाम फरमाया और अपने तालिबे इल्मों का दर्स देना शुरुअ किया ।

जिस वकत हजरत कुत्बे आलम रहमतुल्लाह अलयहे गुजरात तशरीफ लाअे तो आपकी ताझीम के लिये जानेका हुकम हुवा । लिहाजा आप भरुच से पट्टन जाने के लिये रवाना हुअे रास्तेमें अहमदआबाद सरखेज में रुके और हजरत शैख अहमदगंज बख्श खट्टु रहमतुल्लाह अलयहे से मिलने सरखेज पहोंचे । तमाम रात दोनों हजरातोने एक दुसरे को अपनी तजल्लियातो अनवारका दिदार कराया । सुब्हकी नमाज के बाद दोनों पट्टन जानेके लिये रवाना हुअे । हजरत मख्दुम मश्हदी रहमतुल्लाह अलयहे सिमाअ का बहोत शोक रखते थे. आपकी वफात ब मुकाम खंभात (जी.खेडा गुजरात एक जमानेका मश्हुर बंदर) में महेफिले सिमाअ ही में जोहर और असर की नमाज के दरम्यान 18 रजजब मु रजजब 808 में हुइ । वहां से बजरीअे जहाज आपके जस्दे मुबारक को भरुच लाकर आपकी खानकाह के करीब दफन किया गया । बन्दे हकीर को (संपादक) यहां भी एक-दो बार जानेका मौका नसीब हुआ बडा शानदार आस्ताना मुबारक है । मकतमपूर इलाकेमें नर्मदा नदीके किनारे ।

(3) सय्यद इल्मुद्दीन शातबी रहमतुल्लाह अलयहे (पटनी) इल्म किरअतके इमाम थे आपकी वफात 860 हि.सन. में हुइ ।

(4) सय्यद यह्या बीन तिरमीझी बरोदवी सन ही.850 में वफात पाइ।

नोट : बाबा अर्जुन शाह सुहरवर्दी रहमतुल्लाह अलयहे (मु.पेटलाद) - आपका असल नाम उर्जुन शाह था। अरबी जुबान (भाषा) में उसके माने (अर्थ) खजुर के पेड की सुंका के वांकी वली हुइ डाल होता है। आप हजरत शेख शहाबुद्दीन उमर सोहरवर्दी रहमतुल्लाह अलयहे के खलीफा थे। इस्लाम की तब्लीग की इशाअत के लीये हिन्दुस्तान आये थे। वो (सेन्ट्रल ओशिया) के मुकाम फरमान से आये। आपका मजार मुबारक मु.पेटलाद, जी.आणंद गुजरातमें है।

(5) **हजरत सैयदना शाह कुत्बे रब्बानी मख्दुमे जमानी, उवैशे जमानी शिब्लीऐ दौरां ख्वाजा खतीब महमूद कादरी सुहरवर्दिंदी जुनैदी कारंन्टवी रहमतुल्लाह अलयहे आप हि.स.647 इ.स.1226 पेदा हुऐ और वफात 5 रमजान शरीफ हि.स.758 इ.स.1337 हुई 111 सालकी उम्र पाइ। आपका आस्ताना मु.कारंटा तेहसील खानपुर जीला महीसागर में है।** (ये जीला आज ता.14-08-2013 में गुजरात हुकुमतने अपने फरमानसे जाहीर किया इसमें अब बीरपुर शरीफ भी सामिल हो गया. यानी वीरपुर, बालासिनोर, खानपुर, लुणावाडा, संतरामपुर, कडाणा वगेरे तहेसीलो से महीसागर जीला वजुद में आया) इस जीले के पहेले कलेकटर प्रफुल हर्ष, डी.अेस.पी. इन्चार्ज अेस.के.गढवी है। जील्ला का सदर शहेर लुणावाडा रहेगा जो वीरपुरसे करीब २२ किलोमीटर के फासले पर है पहेले हमे खेडा जील्लेकी नडीआद जो 120 किलोमीटर दुर जाना पडता था। खैर एक वकत यानी 1225 हिजरीमें कारंटाशरीफ बीरपुर की हद में था। हजरत सैयदना शाह अली रजा रहमतुल्लाह अलयहे को दिल्ही के बादशाह शाह अलाम शानीने 1000 विघा जमीनकी सदन देकर आपको कारन्टा आस्तानाके शजजादानशीन बनाये थे। हजरत सय्यिद शाह अली रजा रहमतुल्लाह अलयहे दरियाइ सरकारकी पांचवी पुश्त से है।

खैर हम तो लीख रहे थे हजरत मख्दुमे कारन्टा के बारे में हजरत का पेदाइशी वतन पट्टन था। आप अपने दादाशाह सय्यिदना अली सरमस्त रहमतुल्लाह अलयहेके सिलसिले से फैजीयाब थे। वालीद हजरत सय्यिदना शाह आरिफबिल्लाह फरीदुल असर, जुनैदुद्दहर वली बा कमाल तकवाशेआर कुतूबुल अकताब सुलेमान जुनैदी रहे थें। आप भी बळे पाये के बुजुर्ग और वलीऐ कामील थे।

हजरत सय्यिदना शाह महमूद कारंन्टा तशरीफ एक हिन्दु ब्राहमनकी बेटी पर सिन्धुजी की नापाक हरकत और गेर शरीअत के मुताबिक हरकत के लिये आपको नहरवाला पट्टन से सुलतान वकत अहमदआबादकी अदालतमें

अपनी इमदाद के लिये मोरलीकशन आया था। मगर वो सुलतान के वजीरो के मस्वरेमें मदद न मिलने पर गस्त खार गीर पडा। उस वकत उसे गेबी आवाजने हजरत शाह महमूद दादा कारन्टवीसे मदद की उसके कानमें सदा आई वो नहरवाला पट्टन गया। आपने सारा माजरा सुना लिया फीर हजरतने सुलतानको एक खत लिख्खा। मुजे कुछ लश्कर मेरे हमराह देना इन्शाअल्लाह में वहां परचमे इस्लाम बुलंद कर दुंगा। बादशाहने खत मिलने आपको 900 सवार जहार पोश तैयार करके भेजा। सामने उस राजाके पास 700 (सातसो) हथयारबंध झारपोश सवार थे और दो हजार प्यादा लश्कर था ये राजा सिध्धुजी वागड से जयादातर से लुंटमार करके अपना और अपने ताबेअे के लोगो का गुजारा करता था। आप अपनी और ब्रह्मनकी तदबीर पर कारंन्टा में दाखील हो गये और आगे आप सारे वाकयात तफसील से पढते जाओगे। यहां आपने सुकुन अख्तयार कीया मस्जीद तामीर कराई। सुलतान महेमूदखानके हुकमके मुताबिक अमीर थाना वगेरा के लीये मही नदी और भादर नदी के किनारे रहनेके लिये किल्ला भी तामिर करवाया। ये भी बडा अजीब वाकिया है ये किल्ला एक देव करवट लेता था तब किला ढेर हो जाता था। आपने इस्मे आझम पढकर शैतान जानवर की सुरत बनकर हाजीर हुआ आखिर वो जलाये गअे। ये वाकीआ ही ही.स.699 का हय और ये किला ही.स.761 में खलाइक के लिये आबाद हुआ। मिरांते सिकंदरीमें लिख्खा है की सुलतान अलाउद्दीनके जमानेमें अलग खान संजरने सन हि.704 में कस्बा कारन्टा आबाद किया था। सुलतान अहेमद बादशाहने अहमदाबादकी बुनियाद डाली थी। सन हि.823में कारन्टा गये थे उन्होने कस्बा कारन्टा किल्लेकी मरम्मत की और बुरी हालतमें दुरस्त किया और उसका नाम सुलतान आबाद रख्खा था।

(6) **खलीफ-ए मख्दुम जहांनीया जहांगश्त हझरत सैयद मख्दुम जहांगीर अशरफ सिमनानी रहमतुल्लाह अलयहे** आज आपका अशरफी सिलसिला और जयादा दुन्यामें मशहुर है। आपकी पैदाइश मुल्के इरान के तारीखी शहर सिम्नानमें हुइ। सन हिजरी 707 में पेदा हुअे वालिदका नाम सुलतान सैयद इब्राहिम था सिम्नान के हुकमरां थे। शहेर सिम्नान आज भी आबाद है। इस निस्बत से आप सिम्नानी कहेलाते है। आपकी वालेदा का नाम सैयददाह खदीजा बेगम था व हंमेशा इबादते इलाहीमें मसरूफ रेहती थी आप बहोत परहेझगार थी। मख्दुम अशरफ सात साल में कुर्आन करीम के हाफीझ के अलावा सातों किरअत के साथ हिफझ (याद) कर लिया था। आपके बेशुमार वाकियात-इल्म, तसव्वुफ आपकी तस्नीफातकी कंइ किताब है।

आपने हजरत मख्दुम जहांगश्तसे खिलाफत हांसील की । आप बडे कद्रके गौषुल आलमीन है । आपका मजार मु.किछौछा शरीफ है आपका फैझ आज पूरी दुनियामें छाया हुआ है । (बंदे संपादकको तीन वास्तोसे उनका दामन मिला हुवा है । पहले मुरीदमें हझरत अमीने शरीअत शाह रिफाकत हुसैन महबूबे खूदा रहमतुल्लाह अलयहे का हुआ शाह अबू अहमद अली हुसैन साहब अशरफी के खलीफा है । दुसरा मुझे हजरत सैयद शैखुल इस्लाम मोहम्मद मदनीमीयां अशरफी जिलानी से खिलाफत मीली । उसके बाद हजरत मूफती सैयद अल्हाज कमरुद्दीन बावा दरियाइ अशरफीसे भी खिलाफत मीली । ये दोनों हजरात हजरत सैयद सरकारे कलां मख्दूम शाह मुख्तार अशरफ रहमतुल्लाह अलयहे के खलिफा है । ये उन मशाइखों की दुआ का नतीजा है, की इस हकीर फकीर की कलम को हाथ चलानेकी ताकत, कुव्वत नसीब हुई । रब्बे करीम इन हजरातका साया कायमो दायम रख्खें आमीन) आप मख्दूम अशरफने 100 सालकी उम्र पाई । 28 मोहर्रम को दुनियासे कुच करके वासिले हक हुअे । आपके गुजरातके आलीम शैख मुबारक भी खलीफा थे । एक खलीफा शैख राजा तो शरियत के ऐसे जबरदस्त पाबंद थे के नमाज न पढनेवालेसे मिलना, झुलना, बोलना, चालना, और उसके साथ खाना-पिना किसी हालमें भी पसंद न फरमाते थे । आज पूरी दुनियामें हमारे पीरो मुर्शिद सरकार सैय्यिद शैखुल इस्लाम मोहम्मद मदनीबावा दामतो बरकातहु आलीया और तमाम अशरफी खुल्फा दीन का डंका बजा रहे है । बातिल फीरकों के लिये तलवार बनकर मुकाबला करता हुआ नजर आते है । अशरफी फैझान जिन्दाबाद ।

अब यहां से कुत्बे आलम कारंन्टा के वालिद और दादा हजरत सय्यिदना शाह अली सरमस्त कलंदर रहमतुल्लाह अलयहे के हालात व वाकीयात पर नजरे डाले फीर हम कुत्बे आलम बुखारी रहमतुल्लाह अलयहे व हजरत शाहे आलम बुखारी रहमतुल्लाह अलयहे से हमारे जद्द आलाके मुत्तालीक के बारेमें मालुमात करेंगे इन्शाअल्लाह.

ख्वाजा महमूद दरियाइ रहमतुल्लाह अलयहे पांचवी पुश्तके जद्द आला यानी सैयद शाह अली सरमस्त कलंदर रहमतुल्लाह अलयहे (पैदाईश हि.स.186 इ.स.765 वफात 15 रजजबुल मु.रजजब सन हि.536 इ.स.929 उम्र 350 साल पाई) मजार मुबारक पट्टन नहेरवाला गुजरात मोतीशाह दरवाजे के बहार हारिज रोड पे नया बनाया गया है । **आप हजरत शाह अली सरमस्त कलंदर रहमतुल्लाह अलयहे मदीना शरीफ से सरकारे मदीना सल्लल्लाहो अलयहे व सल्लम के हुकम से हिन्दुस्तान तशरीफ लाये आप शेर पर सवार होकर मदीना शरीफसे शीराज और वहांसे मुख्तलीफ मुमालिक से होते हुअे**

सरजमीने गुजरात के खंभात, डभोई वगैरह होते हुवे बहेरवाला पट्टन जो मुल्के गुजरात के राजाकरण का पायअे तख्त था तशरीफ लाअे और आपकी दुआसे राजाको औलाद नशीब हुई । राजाने आपको इन्आम देना चाहा लेकिन आपने सिर्फ वहां एक मस्जीद तामीर करने की अपनी ख्वाहिश जाहिर की जिसको राजा करण सोलंकीने बखुशी मन्झुर किया और आपने मस्जीद तामीर की और उसका नाम मस्जिदे कात (विजय) (फतेह) रख्खा. आपकी दुआसे राजा करणकी रानी मीनलदेवी जो बेटा (कुंवर) हुआ था उसका नाम सिध्धराज रख्खा था । राजा किरण हि.स.465 से 487 हिजरी तक और इ.स.1072 से इ.स.1094 तक हुकुमत की थी । उसके बाद राजा सिध्धराज बिन राजा किरणने हि.स.487 से हिजरी 538 हिजरी तक इ.स.1094 से 1143 तक हुकुमत की थी । पट्टन का मश्हुर तालब सहस्त्रलिंग तैयार कराया था । हजरत सैयदना शाह अली सरमस्त रहमतुल्लाह अलयहे राजा कुमारपाल बिन तिरभोन की हुकुमतमें वफात हुअे । उसने राजा कुमारपाल ने हि.स.538 से हि.570 और इ.स.1143 से इ.स.1174 तक हुकुमत की थी । आपके बेशुमार बयानात आगे सफो पर हम तहेरीरी करेंगे । आप सिलसिले जुनैदियां में मुरीद व खलीफा थे । आपको अल्लाह के रसूल सल्लल्लाहो अलयहे व सल्लम और आपके वालिदे गिरामी और मशाइखे तरीकत से भी इल्मो फजल हांसील था ।

अब में आपके साहबजादे सय्यिदना शाह फरीदुल असर, जुनैदुर्दुहर वली अे कामील, तकवा शेआर, कुतुल अकताब हजरत सैयदना शाह सुलेमान रहमतुल्लाह अलयहे आपके पेदाइश की तारिख न मिल शकी । (वफात हि.750, 1329 इ.स.) आपने मुकाम पालनपुर गुजरातमें सबसे पहले मस्जीद तामीर करवाइ थी । इस मस्जीदका नाम मस्जीदे अब्रास रख्खा था और आपने दुसरी मस्जीद नागोर राजस्थानमें बनवाइ थी । उसका नाम मस्जिदे कुव्वते इस्लाम रख्खा था । आपके बेशुमार वाकियात हैं । जो हम अगले सफहात पर दज्र करेंगे । आप ही के बाद कुत्बे कारन्टा आपके जानशींन मुरीद व खलीफा है । उनका तझकेरा हम सिलसिले सोहरवर्दिया के बुजुर्गोमें कर चुके है । अब हम सैयदना कुत्बे रब्बानी, महेबुबे यजदानी गोषे जमानी सय्यिदना शाह खतीब कुतुब महमूद कादरी, सोहरवर्दी रहमतुल्लाह अलयहे के शहाबजादो का तजकेरा लीखेंगे । आपने हुजूर सल्लल्लाहो अलयहे व सल्लम के हुकम के मुताबीक और खुल्फाअे राशेदीन की रुहे । ने रमजान शरीफमें एक सबको (रातको) कुत्बे रब्बानी से फरमाया की आपको अल्लाह तआला का हुकम है की आप सैयद शाह जैनुल आबेदीन रहमतुल्लाह अलयहे जो जैनाबाद उर्फे अमथनी ता.खानपुर जी.पंचमहाल से (हटकर अब महीसागर जीला बन गया

है) के मुकीम व जागीरदार की साहेबजादी सैयदा बीबी अमतुतर्रउफ से निकाह करे। जिससे आपकी नस्ले पाकसे बेशुमार अवलीया, कुतुब, गौष मुहककीक, मुहदीस, मुफककीर आलीम हाफेझ मुफती व-मशाइखे उजजाम पेंदा होगे। दुसरी जानीब हजरत सय्यिद शाह जैनुल आबेदीन को भी वैसी ही बशारत हुइ। बील आखिर आपसे तीन सहाबजादे पेदा हुअे (1) सैयदना शाह इब्राहिम रहमतुल्लाह अलयहे आपका विशाल 9 शव्वाल को हुआ। उस वकत हजरत सय्यिदशाह हुसेन कुतुब सिकमें मादरमें जल्वागर थे। दोनोकी कब्रे अनवर हजरत शाह सय्यिदी कुत्बे कारन्टा की अगल-बगल में फैजे-खलाइकके लीये रोशन है। (3) **तीसरे सहाबजादे सय्यिदनाशाह मुझतहेदुझ झर्मा, शैखुश, फरीदुल अस्र, गौषुषझर्मा, महबुबे रहमान, अलवासेलो बेवासे लिल्लाहिस्समद, तकवा शिआर सय्यिदना शाह काजी मोहंमद रहमतुल्लाह अलयहे** आप हजरत बचपने से आपकी कुछ अैसी हालत थी के आप कीसी के भी पास बेठते नहीं। आप हंमेशा अकेले रहेना, उठना था। आप लाडले होने की वजहसे आपको कोइ नसीहत नही करते थे। आपके दिलो दिमाग का कीसीको पता नहीं चलता था की आप कया करना चाहते है। मगर आप का सिर्फ चाकर, खिदमत गुजार कालु सिंधी था। उसीके साथ आप जयादा वकत गुजारते खैर ये बयान आपको आपके वाकीयात में पढने को मील जायेगा। आप अहमदआबाद इल्मे उलुम बातीन तरीकेसे हांसिल करके तशरीफ ले आये। यहां सारंगपुरमें आपने खानकाह तामीर करवाइ थी। सरकारे मदीना सल्लल्लाहो अलयहे व सल्लम की बशारत पर बादशाह आपको मीलने आये। मगर आप न मील शके मगर वकत और जरुरत की वजहसे आप हजरत सुलतान की मुलाकात को खुद तशरीफ ले गअे। सुलतान आपको मिलने आये तो आपने फरमाया तेरा और मेरा मिलनेका ये वसिला था वर्ना आप कहां सुलतान (बादशाह) में कहां दुरवेश। उसी वकत सुलतान आप से बगलगीर हुवा और अर्ज की आप मेरे यहां रहो मकान और वजारत कबुल फरमाओ। आपने काजी-ए दिन-इस्लाम का ओहदा मसनदनसी कबुल फरमा ली। आप हंमेशा रोजा रखते। हिजरी 814 इ.स.1411 में अहमदआबाद शहेर की बुनियाद रख्खी गइ जो हजरत मख्दुम शेख अहमद सरखेजी खट्टु मगरेबी रहमतुल्लाह अलयहे इजाजत और दिगर तीन अहमद नामी बुजुर्गो के हाथो से जैसे (1) शेख कुत्बुल मशाइख शेख अहमद खट्टु रहमतुल्लाह अलयहे (2) बादशाह सुलतान अहमद शाह (3) शेख अहमद (4) मुल्ला अहमद रहमतुल्लाह अलयहे के हाथो साबर नदी के किनारे रख्खी गई। हिजरी 816 इ.स.1413 में किल्ले का काम खत्म हुआ था। उस वकत मुकाम पट्टन में हजरत सय्यिदी सरकार कुत्बे

आलम बुखारी सोहरवर्दी रहमतुल्लाह अलयहे कियाम पजीर थे । सुलतान अहमदशाहने बुनियाद रखनेके लिये आप हजरत को दावत पेश की थी । बहरहाल आप यानी हजरत सय्यिदना शाह मोहंमद 15 सालकी उम्रमें सज्जादानशीनी इख्तियार की थी । आप हजरत सय्यिद बुरहानुद्दीन अबुमोहंमद अब्दुल्लाह कुत्बे आलम बुखारी सुहरवर्दी रहमतुल्लाह अलयहे (पैदाइश १४ रजजब हि.स.790 इ.स.1388 और वफात 7 जिल्हज हि.स.857, 10 दिसम्बर 1453 इ.स.) से बैत और उनके खलीफा थे । अब यहां कुत्बे आलम रहमतुल्लाह अलयहे का मुख्तसर बयान करेंगे ।

हजरत कुत्बे आलम रहमतुल्लाह अलयहे की गुजरात में आमद

अपने वालीदे गिरामी के वफात के बाद आप उच शरीफ (मुलतान) से सन हिजरी 802 इ.स.1390 में गुजरात पहोंचे थे । उस वकत गुजरात की राजधानी पट्टन थी । यहां आप शेख रुकनुद्दीन के महेमान हुअे । जो हजरत बाबा फरीदुद्दीन गंज शकर के नवासे थे । हजरत शैख रुकनुद्दीन ने आपकी बहोत खातिर मदारात की थी । सुलतान मुजफफरशाह जो हजरत मख्दुम जहांनीया जहांगस्त का मोतकिद और मुरीद था वो आपको मिलने पट्टन आअे । आपकी खिदमतमें हाझिरी दी और नजरान-ए अकीदत पेश कीया । आप जब गुजरातमें बस गये तब आपको दुन्यवी इल्म हांसिल करनेका शौक हुआ । आप मद्रसें दाखिल हो गये उस मद्रसेमें हजरत मौलाना अली शेख दर्स दिया करते थे । आपने उनकी खास तवजजोह से दुन्यवी इल्म हांसिल किया और उलुमे जाहिरी और बातिनीमें दर्ज अे कमाल को पहोंचे उस वकत आपकी उम्र ग्यारह सालसे कुछ उपर थी ।

आपकी उम्र जब 14 सालकी थी उस जमानेमें हजरत सय्यिद मुहम्मद गैसु दराज रहमतुल्लाह अलयहे दककन से गुजरात तशरीफ ले आअे । पट्टन पहोंचकर उन्होंने हजरत शेख रुकनोद्दीन से मुलाकात की । हजरत सय्यिद गेसू दराज बंदहनवाझ ने जब हजरत कुत्बे-आलम को देखा तो कुत्बियत के आसर आपमें देखकर खुश हुअे और आप से कहा के,

मेरे बुजुर्गो से जो फैज मुजे मिला है वोह में आपको बतोरे तोहफा देना चाहता हूं ।

हजरत कुत्बे आलम रहमतुल्लाह अलयहे कसीरुल अवलाद थे । आपके 12 सहाबजादे थे और 17 साहेबजादीयां थी । हजरत कुत्बेआलम रहमतुल्लाह अलयहे एक के बाद दुसरा इस तरहा चार निकाह फरमाअे । इसके अलावा दोलतखानमें चंद लोंडियां भी थी । इन्हीमें हजरत सरकार सय्यिदना मोहंमद सिराजुद्दीन शाहे आलम रहमतुल्लाह अलयहे है । मजीद मालुमात के लिये किताब - हयाते कुत्बे आलम का मुत्आला करे ।

हजरत कुत्बे आलमने शेख अहमद खट्टु रहमतुल्लाह अलयहेसे रुहानी फैज, खिलाफत और मगरीबी सिलसिलेमें बयअत करनेकी इजाजत भी ली थी । हजरत कुत्बे आलमके खुलफा-ए स्वालेहीन की बडी तादाद थी । गुजरातमें सुहरवर्दिय्या सिलसिले को फरोग दिया था । जिसमें आपके खानवादा व खुल्फाका बडा कारनामा है और इन्ही खुल्फा-ए स्वालेहीनने गुजरातको अपने मसाइये जमीला के जरीअे सिलसिले तसव्वुफ का एक अजीमुश्शान मर्कज बना दिया था । **गुजरातमें चिश्तीया सिलसिलेसे जयादा सिलसिले सुहरवर्दिय्या को जियादा फरोग हांसिल हुआ** । इस सिलसिले सुहरवर्दिय्याहके मशाइखीन से खासो आमकी वाबस्तगी थी । शाहाने गुजरात, वुझराअ, उमराअ और अवाम को इस सिलसिले के बुजुर्गोसे बहोत महोब्बत थी । गुजरात उनके अनवार से दमक ने लगा खुसूसन अहमदआबाद में कुत्बे आलम रहमतुल्लाह अलयहे और आपके जां-नशीन हजरत शाहे आलम की खानकाह मर्ज-ए खलाइक थी । अब हम कुत्बे आलम के खुल्फा के नाम दर्ज करेंगे जीनके नाम जो खास खुल्फाने नाम हस्बेजैल है ।

(1) हजरत मख्दुम शैख महमूद दरिया नौश रहमतुल्लाह अलयहे (2) हजरत सिराजुद्दीन शाहे आलम रहमतुल्लाह अलयहे (3) हजरत शाह राजु रहमतुल्लाह अलयहे (4) हजरत शाह जाहिद रहमतुल्लाह अलयहे (5) हजरत शैख अब्दुल लतीफ रहमतुल्लाह अलयहे (6) हजरत सय्यिद उस्मान (शम्अे बुरहानी) रहमतुल्लाह अलयहे (7) हजरत अली खतीब अहमदाबादी (8) हजरत शैख नजमुद्दीन (9) हजरत शैख कुत्बुद्दीन (10) हजरत शैख फजलुल्लाह काशानी रहमतुल्लाह अलयहे (11) हजरत सय्यिदशाह काजी मोहम्मद बीन कुत्बे रब्बानी शाह सय्यिद महमूद कारंन्टवी कादरी सोहरवर्दी हिजरी 875 इ.स.1425 में मुरीद व खलीफा बने (12) हजरत शैख कमालुद्दीन किरमानी रहमतुल्लाह अलयहे । इनके अलावा और भी खुल्फाओके नाम दर्ज है । और कहीके नाम नहीं मिल शके । मजफूरह बाला कुत्बिय्या हजरत सय्यिद जलालुद्दीन सुर्ख जहानियां जहांगस्त की तालीमात पर अमल पैरा था । आप हजरतका मकसदे हयात इबादते इलाही तब्लीगे इस्लाम अवामुन्नास (लोगों) की खिदमत गरीबों, मिस्कीनों और मजलुमों की मदद करना था । यहीं तालीम आपके खुल्फा मुरीदैन ने नस्ल ब नस्ल बरकरार करके रख्खी है ।

अब हम हजरत सय्यिदना शाह मुहम्मद बीन सय्यिदना शाह खतीब महमूद कारन्टवी के तीन बेटो का जिक्र करेंगे । हजरत मुहम्मद को काफी लम्बे वक्तसे कोइ औलाद न हुइ तो आप कुत्बे आलमकी बारगाहमें रुजुअ हुअे आपने यहां हुजुर सल्लल्लाहो अलयहे व सल्लम की पेशनगोइ की ताबीर

बताइ तब आप हकीकत से आगाह हुअे और आपने फरमाया आपके यहां तीन फरजंद होंगे । इन्के नाम के ह अल्फाजसे और सहाबजादी एक होगी जीनका नाम अलेफ से होगा (बीबी मलकअफीफा था) और वो इस तरहा है ।

(1) हजरत सय्यिदना शाह हमीदुद्दीन चाहेलदाह (पेदाइश सन हिजरी 813 इ.स.1392 वफात 5 सफर हिजरी सन 911 इ.स.1490 8 जुलाइको 98 सालकी उम्र पाई) (2) हजरत सय्यिदना शाह काजी हम्माद कादरी, सोहरवर्दी पेदाइश 852 इ.स. 1455 वफात हिजरी 916 इ.स.1496 चांद 20 शव्वाल के दिन वफात पाई । 863 हिजरीमें हजरत सरकार शाहे आलमसे बैयत हुअे बैयतसे पहेले ताजदारे मदिना हुजूर अहेमद मुजतबा मोहम्मद मुस्तुफा सल्लल्लाहो अलयहे व सल्लमने हजरत शाहेआलम रहमतुल्लाह अलयहे को ताकीद फरमाइ थी के काजीउल आलम को सिलसिलेमें दाखिल करके फैजाने इलाही से मुशर्रफ फरमाअे । बैयतसे मुशर्रफ होनेके बाद हजरत सय्यिदना शाह हम्माद 12 साल तक अल्लाह तआलाके रास्तेमें जिहाद कीया । 12 साल तक खिलवतगनी होकर यादे इलाहीमें मशगुल रहे और 12 साल जझब मस्तीमें गुजर गये हम आगे इनका तजकेरा तफशील से करेंगे । आपके तीसरे भाइ याने हजरत सय्यिदना शाह काजी हमीद शहीद रहमतुल्लाह अलयहे हजरत शाहे आलमसे बैयत थे । आपने हस्बे पेशीनगोइ शाहे आलमके तमाम जीन्दगी सिपाहीयानी गुजारी । न कभी खिलवत की तरफ मिलना हुआ न कभी जीन्दगीने इतनी फुरसदी के आप खानकाह मे बेठकर मनाजीले सुलुक तय करे मगर शहादत पाकर आपने भाइओसे मरतबाअे उझमा पर मुलहक होना था । इसकी सुरत इस तरह पैदा हुइ के सुलतान महमूद बेगडेने चांपानेर के रावल जयसिंग की सरकशीको कूचलनेके लिये पावागढ के किल्ले पर हमला किया और इसका महाशरा देढ साल तक रहा इस महारकाअे अजीममें मुशरीक से जंग करते हुअे हि.स.889 में मुताबिल इ.स.1484 में मरतबाअे शहादत से हमकीनार होकर फाइझुल मराम हुअे । आपका मजार पावागढ पहाड पर था मगर 2002 की सालमें गुजरातके गमनाक दर्दमन्दाना हैरतनाक कुर्फ के फंदेमें शहीद कर दीया है । हम पूराने मजार मुबारककी फोटा अगले सफो पर बतायेंगे बंदे संपादकने आप की बारगाहमें दो बार सलामीका कब्र अनवरसे फैज लीया है । आपकी शहादतके वकत आपके भतीजा ख्वाजा महमूद दरियाइ की उम्र 16 सालकी थी । आप ख्वाजा दरियाइ भी इसी चांपानेर पावागढमें वफात पाई थी । शाह हामीदशहीद कादरी सोहरवर्दीका मजार एक गुलर के पेडके नीचे था यहां से बे औलाद को औलाद नसीब होती है ।

अब यहां हम **हजरत सय्यिदशाह काजी हमीदुद्दीन बीन सय्यिदना**

शाह मुहम्मद कादरी सोहरवर्दीका तजकेरा आगे लीखेंगे । हजरत सय्यिद शाहेआलम महबूबे बारी रहमतुल्लाह अलयहे की बारगाहमें अपने वालीदे माजीद शाह सय्यिद मोहम्मद कादरी सोहरवर्दी के साथ और अपने दोनों भाइओंको भी साथ लेकर १२ सालकी उम्रमें बैयत व इरादत का शर्फ हांसिल किया था । बावजुद इसके के आप वलीअे मादर जात थे । उस वकत भी आपके वालीद शाह मोहम्मद की भी सरपरस्ती मौजुद हजरत दरबारे शाहे आलमें थी । आप शाह सय्यिद हमीदुद्दीनको "चाहेलन्दा या चाहेलदा" खिताब सरकारे महेबुबे बारी ने दीया था उसके मानी ये होते है की रुहानी पाणी का भरा हुवा कुवा या इल्म से भरा हुवा कीये जाते है उसके बाद आपको सनदे खिलाफते भी नवाजा गया था ।

हम **हजरत सरकारे शाहे आलम मुहम्मद सिराजुद्दीन महबूबे बारी कादरी सोहरवर्दी, बुखारी रहमतुल्लाह अलयहे** की जाते बा-बरकतके हालत वाकीयात, इल्म अमल मुरीद व खिलाफत फरमान जाअे पेदाइश वफात का जाइझा ले । आपकी विलादते बा-सआदत १७ जिलकादह सन ८१७ हि.स., इ.स.१४१४ बरोज पीर शब (रात) में पट्टन में हुइ तारिखे विलादत "वारिसअली" से निकलती है । नबीअे करीम सल्लल्लाहो अलयहे व सल्लम के बशारत के मुताबिक आपका नाम मुहम्मद रख्खा गया । आप मादरजात वली थे आपकी वालेदाहका नाम बीबी आमेना खातुन रहमतुल्लाह अलयहा था । शिकमें मादर मुबारकसे तिलावते कुरआन करते हुअे पैदा हुअे । आपके वालीदका नाम अब्दुल्लाह कुत्बे आलम था । आप चार साल चार माह चार दिनके हुअे तो आपकी बिस्मिल्लाह ख्वानी की महेफील मुन्अकिद फरमाइ थी और कुत्बे आलम रहमतुल्लाह अलयहे खुरमे (छुहारे) पर अपना लुआबे दहन लगाकर हजरत शाहेआलम रहमतुल्लाह अलयहे को अता फरमाया । आपने उसे तनावुल फरमाया यानी खा लीया । यही से आपकी तालीमो तरबिय्यत की शरुआत हुई । उलुमे जाहिरी, व बातिनी की तकमील अपने वालीदे मोहतरम नीज पीरो मुर्शिद हजरत कुत्बे आलम सय्यिद बुर्हानुद्दीन कुत्बे आलम बुखारी सोहरवर्दी से की नीज खिलाफते उजमा हांसिल की अरबी, फारसी, जबानमें आपने दरजअे कमाल हांसिल किया । तफसीर, हदीस, मन्तिक और फिकह वगैराह उलुम भी हांसिल किया । इसके अलावा वालिदे गिरामी हजरत कुत्बे आलम रहमतुल्लाह अलयहे के हुकम से उस जमाने के मश्हुरो मारुफ उलमाअे किराम और मशाइखे इजामसे शर्फ तलम्मुज हांसिल कीया । उनके अस्माअे गिरामी हस्बेजैल है । शैखुल अकताब हजरत ख्वाजा शैख रुकनुद्दीन कानेशकर, ताजुल अवलीआ हजरत शैख अहमद गंज बख्श खट्टु मगरबी रहमतुल्लाह

अलयहे हजरत ख्वाजा शाह बारफुल्लाह चिश्ती रहमतुल्लाह अलयहे हजरत ख्वाजा मौलाना सय्यिद कमालुद्दीन हनफी चिश्ती रहमतुल्लाह अलयहे इन तमाम के पास आपने किराअते और सर्फ वन्हव (व्याकरण) की तालीम हांसिल की है और भी सिर्फ १६ सालकी उम्रमें आपने जुम्ला उलुम हांसिल कर लिये थे । लेकिन अन्वारे रुहानिय्यत के अंबार तो अपने वालिदे माजिद और मुर्शिदे कामिल हजरत कुत्बे आलम बुखारी रहमतुल्लाह अलयहे अपने हुजर-ए मुबारकमें गिर्या-व-जारीमें मश्गूल थे । यहां तकके आपकी रीश (दाढी) मुबारकसे आंसु टपकने लगे । इसी दौरान हजरत शाहे आलम रहमतुल्लाह अलयहे तशरीफ लाअे हजरत कुत्बे आलम रहमतुल्लाह अलयहे ने बडी शफकतो महोब्बतो मर्हमतसे फरमाया बाबामियां मंझले जो मांगना हो मांगलो आपने अर्ज किया इश्के रब्बानी के समंदर से जो आपको अता हुवा है उसमें से एक बुंद इनायत फरमाइये । हजरत कुत्बेआलम रहमतुल्लाह अलयहे अपने दस्ते मुबारकसे हजरत शाहेआलम रहमतुल्लाह अलयहे को थामा और अपनी रीश (दाढी) मुबारक से चंद आंसु हजरत शाहेआलम रहमतुल्लाह अलयहे के दहनमुबारक (मुंह मुबारक) में निचोड दीये । हजरत शाहे आलम रहमतुल्लाह अलयहे फरमाते है के वालिदे मोहतरम के उन आंसुओंकी चंद बुंदे मेरे दिलमें रोशन सितारो की तरह चमकने लगी दिल रोशन हो गया और हंमेशा नुरो सुरुर महेसुस करता हुं ।

हजरत शाहे आलम रहमतुल्लाह अलयहे खुद इर्शाद फरमाते है के **मेरे वालिद हजरत कुत्बे आलम मेरे बचपनमें मुजसे फरमाया करते थे के तस्बीह हाथमें लेकर या मुस्तफा, या मुस्तफा ब-कसरत पढा करो इस लिये के जो शख्स कसरतसे या मस्तफा, या मस्तफा पढता है उसके कल्ब दिलमें अल्लाहकी महब्बत पुख्ता हो जाती है और वोह जब मरता है बा जौक मरता है ।** (माखूज अज सद हिकायते फारसी)

इन्ही पाक दामन परवरीश इल्मो फजल, अपने जद अलाओंकी तालीमो तरबीयतकी वजहसे आप बचपनसे ही अल्लाह तआलाकी मुहब्बत कामिला जागुझी हो गइ थी । आप शरीअत पर अमल पैरा रहे आपके मुरीद हजरत मियां मख्दुम फरमाते है की में बारह साल हजरत शाहे आलमकी खिदमतमें रहा मेंने कभी आपको बे वुझु नहीं देखा (हयाते शाहे आलम) में लिख्खा है की आप फराइज (फर्ज) नमाज हंमेशा बा-जमाअत अदा फरमाते थे । इमामत करनेसे गुरेज करते । रात-दिनमें 1000 एक हजार नवाफिल अदा फरमाते थे आपके तकवा और अकवाल करामतोंको किताबे भरी हुई हैं मगर किताब बडी हो जानेका अन्देशा है मगर कुछ नजर करुं । कोढी का अच्छा हो

जाना, ग्यारह ओरतो को ग्यारह बेटे, जहाजको डूबनेसे बचा लेना, धोबनका बच्चा कभी लडका कभी लडकी कभी लडका, आपके खंजरशरीफ की करामत मरनेके बाद गुलाम बख्येको जिन्दह हो जाना अंधे को आंखे मिल जाना गैबी संदुककी तलवार, वजीरकी बे-अदबी का अंजाम, पोशीदह होजका जाहिर हो जाना अैसी सदहा करामात है आपकी हयाते मुबारकमें और वफातके बाद जहुरमें आइ और कयामत तक जाहेर होती रहेगी इन्शाअल्लाह।

आप शाहे आलमकी तीन अजवाज (बीबीयां) थी और एक लोंडी थी। आपके पांच फरजंद और चार लडकियां भी थी। आपके सहाबजादे सहाबजादियां सभी अहेलुल्लाह में से है। आपकी अवलाद जुनुबी हिन्दमें खुब फैली है और उनमें बडे बडे अजीमुल मर्तबत अवलियाअे किराम गुजरे है।

हजरत शाहे आलम रहमतुल्लाह अलयहे के दोरमें गुजरातके चार सलातीन (बादशाह) गुजरे हैं जीनमें (1) सुल्तान अहमदशाह (2) सुलतान मुहम्मदशाह (3) सुलतान कुत्बुद्दीन अहमदशाह (4) सुलतान महमूद बेगडा। आप रहमतुल्लाह अलयहेने सुलतान महमूद बेगडाकी परवरीश फरमाइ तालीमा तरबिय्यतसे आराश्ता किया। सुल्तान महमूद बेगडा आपकी वफातके बाद 37 साल तक गुजरातका सुलतान रहा और निहायत शानसे हुकुमत की सुलतान महमूद बेगडे के आप सोतेले (रबीब) वालिदे गीरामी थे।

विशाल : वफात हजरत शाहे आलम रहमतुल्लाह अलयहे को जेहर खुरानी (जहेर खाने) की वजहसे हुआ। हाजी इब्ने कल्लु आप सरकारसे बहोत हसद रखता था एक दावतमें हाजी कल्लु इब्ने कल्लूने चोलाइ के साग (सालन) में जहेर शामिल कर दिया आप मुस्कुराअे और दुआअे शिफा पढकर वोह साग खा लिया। जिसमें हरारत बढ गइ दिन गुजरा और रात आइ आपने तहजजुद की नमाज अदा की सुब्हे सादिकसे पहेले कलिमअे तय्यिबा बुलंद आवाजसे पढते हुअे 63 सालकी उम्र शरीफमें शंबा (शनिचर) की रात 20 जमादियुल आखिर सन हि.880 इ.स.1475 में इस फानी दुन्याको अलविदा केहकर वासिले हकक हुअे। आपका माद्राअे तारिखे विशाल आखिरुल अवलिया से निकलता है। आपके साहेबजादे सय्यिद नासिरुद्दीन मुहम्मद राजु सत्तारे आलम रहमतुल्लाह अलयहे वगेराने गुस्ल दिया और नमाजे जनाजह खलीफा हजरत काजी सय्यिद इस्माइल इब्ने बुरहानुद्दीन इस्फहानी रहमतुल्लाह अलयहे ने पढाइ और आपकी खानकाहमें सुपुर्दे खाक किया गया। इन्ना लिल्लाहे व इन्ना इलयहे राजेउन।

खुल्फाअे हझरत शाहे आलम रहमतुल्लाह अलयहे

(1) हजरत सुलतान शाह गजनी रहमतुल्लाह अलयहे (2) हजरत कुत्बुद्दीन शाही रहमतुल्लाह अलयहे (3) हजरत सय्यिद शाह हमीदुद्दीन कादरी सोहरवर्दी रहमतुल्लाह अलयहे (4) हजरत सय्यिद शाह हम्माद कादरी सोहरवर्दी रहमतुल्लाह अलयहे (5) शाह अब्दुल लतीफ दावरुल मुल्क रहमतुल्लाह अलयहे (6) ख्वाजा अहेमदबीन दोसन रहमतुल्लाह अलयहे (7) काजी सैयद इस्माइल असफहानी रहमतुल्लाह अलयहे (8) मौलाना महमूद मुल्तानी अल शाही रहमतुल्लाह अलयहे (9) हजरत सैयदना नासीरुद्दीन मोहम्मद राजु कत्ताल सत्तार आलम । ये शाहे आलमके जानशीन और खानकाहे शाहे आलमके पहेले सज्जादानशीन है । आपकी पेदाइश 15 र.अव्वल हि.स.835 है । आप 45 सालकी उम्रमें सज्जादानशीन हुअे । 26 साल तक सजजादानशीन हजरत शाहीया को जिनते बख्शते रहे और 72 सालकी उम्र मुबारकमें यकुम मुहर्रमुल हराम जुम्आ के दिन वासिले हक हुअे । इस तरहा हजरत मख्दुम जहांनीया जहांगश्तका सिलसिला दुनियाको आज भी अलग, अलग शाखोसे दुन्या व दीन की खिदमत करता हुआ नजर आता है । जिसमें एक मख्दुम अशरफ जहांगीर सिमनानी का अशरफी सिलसिला और हजरत ख्वाजा महमूद दरियाइका दरियाइ सिलसिला आज पूरी दुन्यामें इन मुर्शीदो कामिला की बरकतसे खिदमत अंजाम देता नजर आता है । (सुब्हानल्लाह)

अब यहां हजरत सुलतानुं आरेफीन बुरहानुंल आरेफेन अलगोसुंफी बहरिल्लाहे कुत्बे झमां ख्वाजा सय्यिदना शाह हमीदुद्दीन चाहेलदा सोहरवर्दी कादरी रहमतुल्लाह अलयहे का मुख्तसर आपकी जीन्दगीका जायेजा लेकर हय । आगे लीख्खेंगे अगले सफों पर हम आपको पेदाइश वफात की तारिखे लीखकर बता चुके है । हजरत शाह जहेआला हमीदुद्दीन रहमतुल्लाह अलयहे आप **अैसे पीरो शाह थे के कभी आपने अपनी उम्रमें सुन्नत और मुस्तहब को तर्क नहीं किया** और आप चलते वकत आगे पीछे नजर न उठाते थे बल्के आप अपने मुंह मुबारक पर नकाब डाले रखते और आप ना महेरम की तरफ कभी भी नजर नहीं करते थे और **आप मस्जीदमें ही नमाज बाजमाअत अदा करते थे** और इबादतोमें जो कुछ नेअमते आपको हांसील होती वो यारोंको अता कर देते थे । आपने अहेमदआबाद में बारह साल तक इल्म हांसिल किया है आपने कभी लजीजखाना तनावुल नहीं फरमाया है । आप हकिकत और मारफतसे आगाह थे और अपना भेद किसीको न बतलाते और आप कभी चारपाइ पर नहीं सोते थे और आपकी गिजा नाने जवथी आप कभी कीसीके वहां जियाफतमें जाते तो

एक दो लुकमा खाकर वापस घरको चले आते ।

हजरत शाह आलम महेबुबे बारीने फरमाया था की हमने शाह हमीदुद्दीन के उपर जो बोज रख्खा है वो अगर पहाड पर रखते तो मुस्स्मार (जर्रां जर्रां) होकर जमीन में नाबुद हो जाता मगर ये तो अल्लाह के मकबुल बंदे है । फिर फरमाया आपने इनकी पूश्त से एक अैसा महेबुब पैदा होगा की वो अपने वकत का कुतुबुल अकताब होगा और उन सबसे सब फैजियाब होंगे । इसी तहरीरसे पता चलता है की आपकी जाते गीरमी इल्म फजल, तकवा, व दीयानतदारी की बडी मीसाल है ।

अब हम आपके साहबजादो और उनकी चंद आलो-औलाद के झीर्क लीखेंगे । आपने हुजूर सल्लल्लाहो अलयहे व सल्लम के हुकमकी मुताबिक आपका निकाह जैनाबाद उर्फे अमथनी के हाकीम हुकमरा सैयद समीउद्दीन उर्फे काजी साधन की दुख्तर बीबी फतह मलक से हुवा था । जीनकी बतन से उनको सहाबजादे शाह मारुफ और दोयम हजरत शाह महमूद उर्फे महबूबुल्लाह तज्ञकरीयह हाजा और शाह अहमद हुअे । बीबी फतह मलके इन्तेकालके बाद शाह हमीदुद्दीन साहेबने काजी साधन साहबकी दुसरी साहबजादी बीबी माह मलकसे शादी की उनके बतनसे दो लडके शाह चांद मोहंमद और शाह मोहंमद और एक लडकी उअमतुर्रउफ पैदा हुइ । बीबी माहमलक की वफात पर उन्होने उन्हीकी बहन बीबी राजिसे अकद किया जिनके बतन से जो औलाद हुइ उनमेसे शीर्फ एक लडके शाह गौहर जिन्दा रहे ।

इस तरहा हजरत शाह हमीदुद्दीन चाहेलदा अपनी पुरी उम्र बीरपुर शरीफमें बसर की आपके वाकीयात बय्यानात आगे दर्ज किये जायेंगे । आपने अपने विशालके दो रोज किब्ल बिस्तरे मर्ग पर अपने पोते हजरत सैयदना शाह प्यारुल्लाह नुरुल्लाह वलीयुल्लाह रहमतुल्लाह अलयहे पहेला हाथ पकडा और उनको करामत अता कीये । फीर आपने अपने मुर्शिद हजरत शाहिया (शाहेआलम) रहमतुल्लाह अलयहे के इरशादे आलीकी तामीलमें वकत आने पर (7 सफर 911 हि.स., 10 जुलाई 1505 इ.स.) को **हजरत सैयदना शाह महमूद महबूबुल्लाह दरियाइ रहमतुल्लाह अलयहेको शर्फे, बैत से नवाजा कर खिलाफतसे सरफराज कीया और सज्जादानशीनी अता की । उस वकत आपकी उम्र** 38 **सालकी थी । ख्वाजा दरियाई सिलसिले कादरीय्याहमें बयत हुवे थे ।** हजरत शाह हमीदुद्दीन आरिफबील्लाह रहमतुल्लाह अलयहे का मजार कब्र अनवर बीरपुर शरीफ दरगाह शरीफ अंदर दोयम की है । अब हम यहां हजरत ख्वाजा महमूद दरियाई का जिक्र लीखेंगे जो इस किताबका सबसे बडा उन्वान है ।

हजरत ख्वाजा महमूद दरियाई की विलादत 873 **हि.स.**/1468 **इ.स. में हुई** "आकेबत महमूद रब" तारिखे तवल्लुद है आपकी जाओ पैदाइश के बारेमें "तोहफुतुल कारी" में कोइ सराहत नहीं है। खातिमओ मिराते अहमदी (सफा 121) में बीरपुर को उनका वतने असली बताया है। डॉकटर गडहीरुद्दीन मदनी मर्हुमने अपनी किताब सुखनवराने गुजरात (नइ दिल्ही 1981 इ.स. सफा पर) में उनकी जाओ पैदाइश बीरपुर को ही करार दीया है। हाफीज महमूदखान शीरानीने भी (मकामाते शीरानी जिल्द अव्वल लाहौर इ.स.1966 इ.स. सफा-141) आपका वतन बीरपुर ही लिखा है। यह कतइ सहीह नहीं है इस लीये के तोहफतूल कारी के मुताबिक ख्वाजा हमीदुद्दीन ने रिसालत मआब हुजूर सल्लल्लाहो त्आला अलयहे व सल्लमके इरशादकी तामील मे 45 सालकी उम्र (तकरीबन हि.स.895/1490 इ.स.) है। जाहीर है की बीरपुर आबाद हुवा उसके तकरीबन 22 साल किब्ले आलमे वजूदमें कदम रखनेवाले ख्वाजा महमूद की विलादत वहाँ होने का सवाल ही पैदा नहीं होता। **तोहफतुल कारी के बाजदीगर बयानात से भी मुतरशह होता है की उनकी विलादत ख्वाजा हमीदुद्दीन की जाओ सुकूनत मोहल्लओ सारंगपुर अहमदआबाद (मौजुदा सारंगपुर दरवाजे के बाहर सिम्ते मशरिक वाके कालुपुर रेल्वे स्टेशन के करीब में चार तोडा कब्रस्तान है उसके करीब) में हुई।**

तोहफतुल कारी में मफातीहुल कुलूब लइ जालतिल कुरुब के हवाले से मरकूम है की सारंगपुर में सुकूनत पजीर शाह हमीदुद्दीन अपने शीरख्वार फरजन्द हजरत ख्वाजा महमूद) को अपने पीरो मुर्शिद हजरत शाहेआलम कि दिखमतमें बाबरकात में दुआओ खैर के लिये ले गये और **हजरत शाहियाने उस नन्हे बच्चे को अपने दोनो हाथोसे कन्धोपे बाला उठाकर बजूबानी गुजरी कहाकी काझीका शिम्ला भारी है एक और जगह मुसन्निफ तोहफतुल कारी में लीखते है की जाओ पैदाईश खासा केदर सारंगपुर बुवद (वर्क** 190 **ले) इन बयानात से ये बात पाय अे सबुत को पहोंचती है की हजरत ख्वाजा महमूद अहमदाबाद में ही पैदा हुओ न की बीरपुर में।** उनके बीरपुर मुन्तकिल होने और वहां मुस्तकिल सुकूनत इखत्यार करनेकी वजहसे वो अन्दरुन व बैरुन गुजरात बीरपुरीकी निस्बतसे मशहूर हुओ और यही निस्बत उनकी जाओ पैदाइश के बारेमें गलत फहमी की बाइस हुई। पता नहीं तोहफतुल कारी के ये बयानात डॉकटर सैयद जहीरुद्दीन मदनी मर्हुम से कयुं नजर अंदाज हुओ ?

आपका नाम : महमूद महबुबुल्लाह आप इस उपनाम से भी अपने आपको लीखते थे। (1) गरीब महमूद (2) सेवक महमूद (3) दरियाइ दुल्हा

(4) काजी महमूद (5) दास महमूद (6) मिस्कीन महमूद

आपका इल्म : आपने पांच सालकी उम्रमें कुरआन मजीद और बाद में अहादीसे कसीरहको हिफज किया । इब्तेदाई तालीम मुल्ला हुसैन खतीब मुअल्लिम मकतबसे हांसिल की । फिर अपने वालीद ख्वाजा हमीदुद्दीन और अम्मे बुर्जुगवार शाह हम्माद रहमतुल्लाह अलयहे से उलूमे जाहिरी और बातीनी की तकमील की । अलावा काजी सैयद शाह हम्माद रहमतुल्लाह अलयहे की खानकाह सारंगपुर, सरसपुर अहमदाबाद पे मुनअकिद होनेवाली मजालिस समाअ बा मजामीरसे सुरुद बरता गुजरी कलाम सनफे जिरी का जौक पैदा हुवा और उसमें मश्के सुखन करनेका मौका मयस्सर हुआ । उसके अलावा बचपनमें मुसलसल चार साल तक अपनी ननीखाला मख्दूमा बीबी और खालु शेख फरीदहुसैन कुरैशी उर्फे जैनुल आबेदीन जो हजरत बहाउद्दीन जकरीया सोहरवर्दी मुल्तानी रहमतुल्लाह अलयहे की औलाद में से थे उनके मकान वाकें मौजा औड (जिला खेडा) ये भी कलाम गुजरी के माहौलसे मुस्तफीद और मुस्तफीज होते रहे । बीरपुर मुन्तकिल होने के बाद कोहे अलत की और अपने वालीद की खानकाह बीरपुरमें यादे इलाही और जिकरी गोइमें अकसर मसरुर रहे ।

जब वो चौदा सालके हुअे तो हिजरी 887/1483 इ.स. में उनके उस्ताद और रुहानी पेश्वा हजरत सैयद शाह हम्माद रहमतुल्लाह अलयहे बउम्र 36 साल कजाअे नागहानीसे अल्लाहको प्यारे हुअे । उस सालसे जानकाह और दिल गुदाजने आतिशे रन्जोगम को हवा देकर उनके खातीर परेशान दिल बेकरार और दिल माउफ को इतना मुतस्सिर किया के एक साल तक तहेखानअे खानकाअे हम्माद में इश्के हकीकी और यादे इलाही की सरशारीमें मुस्तगरक रहे जब गम अन्दोहकी शिद्दत रफता-रफता कम होती गइ तो एक दो जिकरीपोकी शाने नूजूल का मौका मयस्सर हुवा ।

मुरीद व खलीफा आप अपने वालीद के ही थे जो हम पीछे सफा लीख चुके है । आपको सिलसिलअे शाहिया (हजरत शाहेआलम रहमतुल्लाह अलयहे) के सिलसिलअे सोहरवर्दीया के अलावा शेख मुहिय्युद्दीन अब्दुल कादीर जीलानी रहमतुल्लाह अलयहे और हजरत ख्वाजा मुइनुद्दीन चिश्ती अजमेरी रहमतुल्लाह अलयहे के रुहानी फैजकी बदौलत कादरीया और चिश्तिया सिलसिलो से भी वाबस्ता थे और नबीअे करीम सल्लल्लाहु अलैयही व सल्लम के फैजे मुहम्मदीसे भी आप सरफराज हुअे अलावा अझी आपको चौदह सिलसिलो से भी इजाजत हांसिल थी ।

आपकी शादी : हजरत ख्वाजा महमूद दरियाई रहमतुल्लाह अलयहे का मजकूरअे मौजा औड के उनकी हकीकी खाला मख्दूमा बीबी की बेटी

फतहमलक बिन्ते शैख फरीद कुरैशी से हुवा था । अपने वालीदैन की तरह बीबी फतह मलक खूद भी मोजूतबा थी और गुजरी में शैर कहती थी । शादी की रात अपने शौहर की जिकरी सुनकर उन्होंने भी अपनी जो जिकरी सुनाइ थी वो और दिगर अवकात पर हुई जिकरीया तोहफतुल कारी में दर्ज है ।

उस नेक खातुनसे आपकी आठ औलाद, तीन बेटे (1) शाह लाल मुहम्मद (2) शाह अबू मुहम्मद अशरफखान और (3) जमाल मुहम्मद और पांच दुख्तर (1) बीवी साहब (2) बीबी साहब जमाल (3) बीबी सहाब दौलत (4) बीबी सहाब चांद और (5) अमतुल अजीज-अल्लाहकी बांदी-बंदी पैदा हुई ।

मुरीदो की तादाद : हजरत शाह ख्वाजा महमूद महबुबुल्लाह रहमतुल्लाह अलयहे के मुरीदोके तादाद तीस लाख है । आपकी इन्सान दोस्त तबियत का तकाजा था वो बिला जिनक गुन्हगारो को मुरिद बनाते थे और उन्की नजर किमीया असर और तवजजोह है बातिनी से बहुत से आसियो का तौबा की तौफिक हांसिल होती थी । इस सिलसिले में खुद आपका एक जबानी मकौला तोहफतुल कारी कलमी किताबसे नकल है के **पीर सुना बायद के मुस्तहिक जा बरा मरतुजब रहमत गरंदानद (यानी पीर उस शख्स को कहते है जो दोजखी को बहश्ती बना दे)**

दुआ का असर : आप वाकइ महबुबुल्लाह थे आपकी जबानसे जो दुआ निकलती थी वो बारगाहे इलाहीमें मुस्तजाब होती थी । उन पर हर वकत यादे इलाही में आलमे इस्तिगराक तारी रहेता था । इस हालातमें बार बार फरमाते थे । **हर रोज लोग आते है कोइ कहेता है गरीब हुं दुआ कीजिये के तवंगर बन जाउ कोइ कहेता है के औलाद नहीं है । लिहाजा औलाद के लीये दुआ किजीये, कोइ कुछ मांगता है लेकीन कोइ युं नहि कहेता के तालिबे खुदा आमदा अम मारा ब खुदा रसानीद (यानी खुदा का तालिब होकर आया हुं मुझे खुदा तक पहोंचा दीजीये) अगर कोइ ये (यानी खुदा से मुलाकात) मांगे तो गरीब महमूद को अैसा कुर्बे खुदावन्दी हांसिल है की दोस्तके हाथमें उस्का हाथ मिला दुं । (सुब्हानल्लाह)**

आपके खलीफाओकी तादाद काफी थी जीनमें चंद खुल्फाके नाम दर्जे झैल है आपने अपने तीनो बेटोको खिलाफत से नवाजा था । जीनके नाम मुबारक उपर दर्ज है उस्के बाद

(1) सैयद शाह अहमद (बिरादरभाइ) (2) पोता-सैयद शाह प्यारुल्लाह (3) शाह चांद मुहम्मद (बिरादरभाइ) (4) शाह सैयद शर्फुदीन (बिरादरभाइ) (5) सैयद मुहम्मद मुस्तफा (6) शैख मुसा (7) शाह ताजन (8) शेख सैयद

अब्दुरज्जाक जाफरी जैनबी (दामाद ख्वाजा दरियाइ दुल्हा) साहिबे मफातीहुल कूलूब ला-झा-लतिल करुब उर्फे किताबे मल्फूज और फवाइदे महमूदिया (9) सैयद शाह उमर मुहम्मद (साहिबे कन्झूल करामात और गफातीहुल कुलूब मन्जूमदर सनफे मुखम्मस) हजरत शाह मन्सुर बिन शाह ख्वाजा सैयद अबू मुहम्मद अशरफख्वान (साहिबे किताब महमूद ख्वानी) (10) मलिक इमादुल मुल्क (11) सैयद डोसनमीयां पटनी बिन सैयद इल्मुद्दीन वालीद सैयद अली मीरां दातार शहिद (मीरा दातार, मु.उनावा) शाह सैयद अब्दुल कवी बिन शाह चान्द मुहम्मद बिन शाह हमीदुद्दीन आरीफ बिल्लाह और हजरत सैयद मुहम्मद हुसैनी गेसुदराज (उम्र-225) के हाफिद शेख फदलुल्लाह वगैरा हजरात खिरकओ खिलाफतसे नवाजे गओ।

आपकी तबीयतमें इन्केसारी और नमी कूटकर भरी थी। इसी वजहसे वो अपने मुरीदों और दूसरो से भी तवाजो मुन्कसिरुल मिझाजी की तल्कीन फरमाते थे। आप तमाम कौमो मजहबो मिल्लत जात-पात-उंच-नीच अमीर-गरीब खुर्दा कलां (छोटे-बडे) की तफरीको रिआयत नहीं बरतते थे आप अपने आपको गरीब महमूद सेवक महमूद कहेलवाते थे।

तरीक-ओ तालीमात : आपने तरीकओ तालीमात मन्जनशाहीको इख्तियार किया था कयुंके शाहेआलम से आपका खानदान पुश्त दर-पुश्त बैअत था इस लीये आप पाबंदी से शरीअत की तल्कीन कुरआनो हदीस, विर्दो-वजाइफ, रोजा-नमाझ की परहेझगारी व पाकि हर पहलुमें इस्तमाल लाते और अमल करवाते।

रियाजत : आपको रियाजत का अजहद शौक था छ-छह माहके रोजे रखते। महज रजाओ इलाही के लीये भूका-प्यासा रहेना आपको बहुत पसंद था। आपकोहे अलत-प्रेमगली (पहाड) (कूओ इश्क) में गुफा (गार) में चिल्लाकशी किया करते। इश्के इलाहीकी गर्मी से आपके दहन से आगके शोले निकलते और खूनके आंसू जारी होते आप हस्बे हाल ये शेर पळहा करते।

तू कया जाने प्रेमकहानी - तुज बिन लोहू हूवा न पानी

शेरो शायरी (कलाम) : आप अरबी-फारसी-गुजरी के नामवर (प्रख्यात) अजीम (महान) शाइर थे। आपने कुरआने पाक, हदीस वगैरह को गुजरी जबानमें ढाला था। आप "महमूद" तखल्लुस से हम्द, नात, मन्कबत, जिकरी वगैरा लिखते थे।

करामाते : काजी के खिताबमें मुश्किल मसला हल करवाना और वालिद, दादा, चाचा, अहमदाबाद के शहर काजी (न्यायाधिश) रहे इन निस्बतो से आपको लोग काजी कहते है। और हजरत शाह आलम रहमतुल्लाह अलयहेने आपके वालिद बचपनमें दुआ के लीये ले गये थे तब ये कहा था की काजीजादा

मरातिबे बुलन्द हांसिल करेगा और इसी तरह गरदाबे दरियामें फसी हुइ कश्तिेओ और डूबते हुअे मुसाफिरो को ब वकत आपको याद करने पर आप नजात दिलाकर साहिले नजात तक पहुंचा देते इसी वजहसे आपको दरियाई कहा जाने लगा । इन दोनो बडी करामतो और लकब गैबी की वजहसे आपका काजी व दरियाई आम लोगोमे मश्हूर होनेका बाइशन बने नीज, तोहफतुल कारी, बकौल-बारी त्आालाने महमूद महबूबुल्लाह से नवाजा था । इसके इलावा आपकी बेशुमार करामते आपकी मल्फूजात में महफूज है ।

शौक : आपको शिकार, निशाने बाजी, तलवार बाजी, सफर करना, फलोमें नीलोफर, सुपारी खाना और भूको,प्यासो, मजलूमो, जरुरत मंदो, आसेबजदो, गमजदो, दुरवैशो को कपडा देना अनाज रोटी बांटना और खल्के मख्लूक करना आपके प्यारे शौक थे । मस्जिद, मद्रसे तामीर करना, करवाना, आबादी कवी करना, अवामको नात जातके बजाअे इन्सानियत के नाते इन्साफ करना, करवाना, आपका अजीम शौक था । आपने गुजरात, राजस्थान, अेम.पी., महाराष्ट्र, दकक्न गांव शहरोके इलाके के भी दौरे कीये । हजरत ख्वाजा दरियाई रहमतुल्लाह अलयहे के खास दोस्तोमें हजरत शाह शेख जीवा रहमतुल्लाह अलयहे सैयद महमूद बीन कुत्बे आमल थे ।

हज : हिजरी सन 940 या 941 के दरम्यान आप बैतुल्लाह शरीफ, मदीना शरीफ हजके लीये रवाना हुअे । इसी साल आपकी निगाहे करम और मौजुदगीमें चितौड का किल्ला फतह हुवा था ।

विसाल : हजरत सैयद शाह महमूद महबूबुल्लाह दरियाइ दुल्हा कदसिर्रहूल अजीज आपने खास मुरीदो खलीफा बा इख्लास मलिकुश्शर्क इमामुद्दीन उर्फे इमादुल मुल्क की जान लेवा बिमारी और उस्की पीरो मुर्शिद की लगातार इल्तजा के पैगामात आने पर आप चांपानेर (मुहम्मदाबाद) हाल (पावागढ ता.हालोल) जी.गोधरा (पंचमहाल) अपने सारे रिश्तेदारो को तमाम दीनी दुन्यवी हिस्से देकर और आखरी सलाम दुआ के बाद गअे और आप अपनी जींदगीके बकिया-बारह साल उसे अता करके उस्की जान बचाइ जिसके नतीजेसे आप बिमार हुवे और **कव्वालोसे अपने इश्के हकीकीसे सरशार जिकरीया सुनते हुवे बहालते वजदो हाल ब उम्र अडसठ** (68) **साल बारह रबीउल आखिर ९४१ हिजरी मुताबीक २१ अकतुबर १५३४ इ.स. को आखरी दावी अश्आर सुन रहे थे की जमीन पर सर रख दिया और सजदा ही में जां-बहक हो गये । इन्ना लिल्लाही व इन्ना इलैही राजेउन ।** आपकी लाशको आपके फरजन्दे और जानशीन हजरत सैयद शाह ख्वाजा अबु मुहम्मद

अशरफखान और खलीफा व दामाद शेख पीर सैयद शाह ख्वाजा अब्दुलरज्जाक जाफरी जैनबी दरियाइ रहमतुल्लाह अलयहे चांपानेर से मुकाम बीरपुर शरीफ ले आऐ। जहां आपको आपके वालिद पीर शाह सैयद हमीदुद्दीन चाहेलदाह आरीफ बिल्लाह रहमतुल्लाह अलयहे की कब्र के पास जामे मस्जिदके सामने सुपुर्दे खाक किया गया।

दरगाह शरीफ की ताअमीर : हिजरी सन 941 से हि.स.953 इ.स.1534 से 1545 तक आपका ये शानदार रौजा आस्ताना 12 लाख वकते महमूदी रुपिये से वजीरे खजाना सुल्तान मलिक इमादुल मुल्क मलिकुश्शर्कने तामीर करवाया।

गुजरातमें मुसलमानों की आमदो रफत

हिजरी सन 15 में याने की हुजुरे अकरम सल्लल्लाहो अलयहे व सल्लम के वफात के पांच साल बाद फारुके आजम रदियल्लाहो अन्होके दोरमें बहरैन और अम्मान हुकुमत पर उस्मान बीन अबिलआस-सकफी रदियल्लाहो तआला अन्होने सत्ता पर काबिज किया ये बडे सहाबा में गीने जाते थे। येह हुकुमत उनके हाथोमें आनेके बाद अपने भाइ हकम बीन आस रदियल्लाहो अन्होने बहेरीन की हुकुमत सौंप कर हिन्दुस्तान पर हुमला करनेकी सत्ता दी। इन लोगोने दरियाइ सफर की बडी मंजीले कठीन परिस्थितिओमें पार करनेके बाद अपनी फौझ के साथ गुजरातके किनारे दाखील हुऐ। यह लोग थाना में मुकीम हुऐ। जो बम्बइ की करीब है। फिर दुसरा हमला हकम-बीन-आस रदियल्लाहो अन्होने भरुच जीसे अरबीमें बरुष लीखा जाता है। यह भरुच हिन्दुस्तानका आबाद और रोनकदार बंदर था। लेकीन यह हुमलाकी बडी काम्याबी के बाद यह दस्ता हजरत फारुके आजम रदियल्लाहो अन्होके नजदीक दरियाइ सफर मुसलमानोके लीये करना ठीक नहीं था, इसी लीये उस पर आपने तवजजोह नहीं दी।

तीसरा हुमला : हिजरी सन 93 में सींध इलाका मुसलमानोके कब्जेमें आ गया था। दमिश्क का खलीफा हिस्साम बीन अब्दुल मलीक हिजरी सन 107 में सिंधकी हुकुमत जुनैद-बीन अब्दुलरहेमान मर्री को सौंपी। जुनैद बडे बहादुर और बडी ख्वाइश मंद इन्सान थे। कुछ ही दिनोमें इनके ताबो के तमाम इलाके बहेतर बंदोबस्त में कर दीये। उसके बाद गुजरातकी तरफ अपनी सौच लगा दी अरब फौजो के साथ कच्छ की तरफ रवाना कीऐ। कच्छ को अरबी किताबोमें कस्सह लीखनेमें आता है। यह फौजे भरुच को पार करती हुइ मलवामें

दाखिल हुइ । चारो और फतेह हांसील की तमाम जानीब के दुश्मनाने इस्लामको झैर कीया माले गनीमत हांसील कीया ।

चोथा हुमला : बगदाद के खलीफा अल-महेंदी बिल्लाह-अल-अब्बासीने हिजरी सन 159 में अब्दुल-मलीक-इब्नुहिशाम को पुरी तरहा जंग करनेकी सारे अस्लाह दे दीये और जेहाद के लीये रवाना कीया । उन्के साथ में बहोत बडा फौजी लश्कर का दस्ता साथ था । **इनके साथमें ताबेइन होने का सर्फ हांसील करनेवाले अबुबकरह-रबि-बिन-सबिह-अल सादी-अल बसरी रहतुल्लाह अलयहे भी साथ में थे । जीन्हें हदीस शरीफ की पहेली मरतबा किताब लीखनेका सर्फ हांसिल है ।** यह फौज हिजरी 160 में भाडभुत में पहोंची यहां इन्होने फतेह हांसील की । फतेह हांसील होनेके बाद दरिया का मौसम बदलाया । अब्दुल-मलीक ने कहा मौसम अच्छा है थोडे दिन यहां ठेहर जाओ उस वकत यकायक मौसम ने करवट बदली और उस माहोलमें एक हजार इन्सान मुजाहिदीन वफात हुअे । इसी मे **रबिय-बिन-साहेबयह भी बिमार हुअे । वही भाडभुतमें इन्तकाल फरमा गये इन्हे मु.भाडभुत ता.जी.भरुच में ही दफन कीया गया ।**

गुजरात पर महमुद गजनवी का हमला

हिजरी सन 416 में महमुद गजनवी को गुजरात पे हमला करनेका ख्याल आया । वह 30 हजार का लश्कर लेकर मुल्तान आये । वहां से गुजरातकी तरफ आनेका इरादा बना लीया । रास्ते बहुत मुश्किल थे और पानीकी बहुत किल्लत थी, लेकीन साही और मजबुत इरादोने इन मुश्कीलोको डगा ना सकी रणो को चीरते हुअे अहिल्यावाड पहोंचे । जो राजा भीम की राजधानी थी । अरबी तारीखदानो में उसे नहरवाला लीखा है । लेकीन बादमें पट्टण (पाटण) और अरबीमें फटटन कहा जाता है । सुलतान महमुद गजनवी का काफला देलावाडा सोमनाथ वगेरह फतेह करनेके बाद माले-गनीमत हांसील करनेके बाद सही-सलामत गजनवी वापस पहुंच गये ।

शाहबुद्दीन घौरी के बेशुमार हुमले

हिजरी सन 574 में सुलतान शहाबुद्दीन घोरीने मुल्तानके रास्ते फिर गुजरात पर हमला किया उस वकत गुजरात पर राजा भीम की हुकुमत थी ।

इनके साथ में बडे पयमाने पर जंग हुइ जीसमें शहाबुद्दीन घौरी की शिकश्त हुइ । और मुसलमानोकी हिम्मत टुट गइ । लेकीन कुछ दिनों के बाद लाहोर और देहली की बडी फतह मीली यह अल्लाह त्आलाकी जानीब से बडा बदला था ।

हिजरी सन 591 में अजमेर की फतह के बाद कुत्बुद्दीन अैबक ने अपने मालीक शहाबुद्दीन घौरी की इजाजत लेने के बाद गुजरात पर दुसरा हमला कीया । नहरवाला (अहिल्यावाडा पाटन) पहुंचकर रण मेदानमें राजा भीमदेव को बडी शिकस्त दी और इस लडाइ का बडा खर्च वसुल कीया और सही सलामत दिल्ही वापस गये । येह बडी नुशरत के फतह के बाद शहाबुद्दीन घौरी की बडी तमन्नायें पुरी होना बाकी थी । जो अपनी जींदगी की बडी ख्वाहीश थी ।

हिजरी सन 597 में कुत्बुद्दीन अैबक ने फीर गुजरात पर मोरचे रवाना किअे । इस बाद कुत्बुद्दीन अैबक ने भीमदेवको शिकस्त दी और नहरवाला (पाटन) पर काबीज हो गये ।

अलाउद्दीन खीलजी का हुमला और गुजरात पर मुसलमानो कब्जा

उसके बाद हिजरी सन 696 में हिन्दुस्तानके अझीम गाझी कायदे आझम सुलतान अलाउद्दीन खीलजीने उलुगखान को लश्करकी तमाम अस्लाहा देने के बाद गुजरातकी तरफ हमले के लीये रवाना कीया । यह वकत गुजरात पर राजा कर्ण घेला के हाथ में हुकुमत की आखरी लगाम थी । उसने अपनी जान पर खेल कर अपनी तमाम ताकत लगा दी । फिर उसने देवगढ चांदा ने आपने आशरा (पनाह) ली । उसके हाथी और घोडे खजाने और अेशो इशरत के तमाम साधन उलुगखान के हाथमें आ गये । राजा की राजकुंवरी देव और देवी रानी थी केद कर ली गइ । यह सब उलुगखानने दिल्ही की और रवाना कर दिया । नहरवाला पट्टनने अपनी राजधानी बनाइ और एक जामअ-मस्जीद तामीर करवाइ जो यह (मस्जीद) शायद यहां की पहली मस्जीद थी (तारीखे फरिश्ता गुलजारे इब्राहीमी) गुजरात के लोग उलुग खानको अफखान या अलीफखान के नामसे जानते है ।

नोंट : राजा किरण (अव्वल) बिन भीम देव (हि.स.465 से हि.स.487 इ.स.1072 से 1094) के दौर में हजरत शाहअली सरमस्त कलंदर ने आपकी दुआसे मिनल देवी को औलाद हुई (राजा सिध्धराज) । इसकी बिना पर आपको इनाम देना चाहा मगर आपने वहां उसके दौरमें मस्जीद तामीर की थी और ये मस्जीद पटन की (नहरवाला) की सबसे पहेली मस्जीद है और ये

मस्जीद तोहफतुल कारी की तालीफ 1119 हि.स.1707 इ.स. तक मौजुद और मस्जीदे-कात-के बामसे मशहुर थी । शाह अली सरमस्त कलंदर रहमतुल्लाह अलयहे का मझार वही है । (हवाला : तोहफतुल कारी)

गुजरातमें मुसलमानो की आजाद हुकुमत

फिरोजशाह तगलख के जमाने में ब्रह्माणी खानदान आजाद सल्तनत जुनुबी हिन्दुस्तानमें आझाद हुकुमते बन चुकी थी । बंगाल और कश्मीर पहेले से ही आप खुद सुबाओकी हुकुमत में था । उसके इन्तकाल के बाद उस्की अवलाद वा काबीलीयत की और घरेलु मशाइलमें एक-दुसरे की अंदरुनी फीत्नो-फसाद पैदा हुअे थे । गुजरातके सुबे-गर्वनरो भी बगावत की थी । उस वकत फिरोजशाहने अपने बेटे मोहंमद शाहके कमजोर हाथोमें लगाम दी । फिर उस्ने हिजरी 793 में अपनी अमीर जफरखां को गुजरात की हुकुमत सोंप कर रवाना किया ।

जफरखान को गुजरात भेजना

जफ्रखान गुजरातमें आने के बाद सबसे पहले तमाम बगावत करनेवालोका कब्जे कर लीया । उस सुबे का बहेतरीन इन्तझाम कीया और चंद दिनोमें यहां के लोग आराम और इत्मनानसे रहेने लगे । आफीयत छा गइ और आपने बडी महेनत मुश्कत करके इस हुकुमत की हदे बडी वसी कर दी । जफरखानने खुद हुकुमत कर ली । गुजरातमें अपनी आजादना हुकुमत जारी थी और दिल्ही की सल्तनत दिन ब दिन तबाह हो रही थी । दिल्ही के बादशाह सिर्फ नाम के रह गये थे असलमें दबदबा उनके वजीर इकबालखान का था । तमाम बागदौर उनके हाथमें थी । तैमुर गौरखान (लंग) की लालच हिन्दुस्तान पर लंबे अरसे थी उसके लिये मैदान खुला था । हिजरी सन 801 में दिल्ही पहोंचने के बाद दिल्ही की बची हुइ इजजत और सल्तनत को मीट्टी में मीला दी और इसके बाद फिरोजशाह का खानदान तबाह और बरबाद हो गया । जोनपुर और माल्वा के सुबे आजाद हो गये जफरखान को भी अपनी आजादना हुकुमत करनेका मौका मीला था मगर उनकी हिम्मत नहीं चली । आखीर हिजरी 810में आलीनो, मशाइखो की गुजारीशो से और अपने बडे बेटे तातार खान के दबाव से मुजजफरशाह का लकब लगाकर गुजरात की आजादाना हुकुमत पर अपना अैलान कर दीया ।

अहमदशाह पहेला

मुझफफरशाह के बाद उनका पर पोता अहमदशाह गुजरात की गादी पर बेठे । वह तातार खान के बेटे थे । तातार खानकी मौत अपने वालीद की हयाती में हुइ थी । अहमदशाह बहुत हिंमतवान और बडा ख्वाइश मंद थे सबसे पहेले उन्होने अपने नाम पर अहमदआबाद शहर को बसाने का काम शरु किया । उस वकत अहमदआबाद शहरकी तामीर इस तरह की के उसका नाम बडे अरसे तक हिन्दुस्तान के नायाब और बे जोड शहरोमें गीना जाता था । हिन्दु राजाओ और उनके हमलो से बचने और अपनी सरहदे मजबुत करनेकी तरफ आपने जयादा तवजजोह दी । इस लीये उन्हे कइ बार युध्ध करना पडा और फतेह हांसील की । इस फतेह के बाद आस-पास के राजाओकी और से नजराना देने पर कायर (मजबुर) हो गये । इस हुकुमत की सबसे बडी कामयाबी निजामत बहेतर थी यह निजामत अपनेवजीर की नीगरानी मे थी । यह निजाम व इन्तजाम मुजफफर शाह हलीम के जमाने तक कायम रहे औ अनुमन 30 साल हुकुमत करने के बाद हिजरी सन 843 में उनका इन्तकाल हुआ । महेमुदशाह ने नौ साल से कम बादशाहत की हिजरी सन 855 में इन्तेकाल हुआ । उनके बाद कुत्बुद्दीन अहमदशाह ने ८ साल से जयादा बादशाहत की हिजरी सन 863 में उनका इन्तकाल हुआ । उनके बाद महेमुदशाह पहेला आप जीन्होने गुजरातके बहोत मशहुर और मारुफ किले जुनागढ और चांपानेर के किले अपनी रियासतमें शामील कर लीये और गुजरातके नहरवाला (पाटण), बडौदा, सुल्तानपुर, अहमदनगर वगेरेह शहरो को आबाद किया । और आपने जुनागढ के करीब मुस्तुफाबाद, अहेमदाबाद के करीब (तकरीबन 30 कि.मी.) दुर महेमुदाबाद (महेमदाबाद) शहेर बसाये । और तमाम तरह गुजरातके अलग-अलग जगहो पर मद्रसे और खानकाहे बनवाई । आपने 54 साल तक गुजरात पर हुकुमत की हिजरी सन 917 में आपका इन्तेकाल हुआ । आपका मजार अहमदाबाद में सरखेज इलाकेमें हजरत शेख अहमद गंज खट्टु रहमतुल्लाह के आस्तान के सामने मजार है ।

मुजफफरशाह हलीम

वालिद महमुद बेगडा थे । वालीदाह का नाम राणी हीराबाइ था । ये राजपुत जमीनदार की बेटी थी । आपका नाम खलीलखान उर्फ सुलतान मुजफफरशाह हलीम था । पैदाइश 6 शाबान बुध हि.स.880 इ.स.1475 के रोज

सुब्ह सादिक वकत हुअे ये तारीख फर्रुख सुख्ती से निकलती है । वालिदाह का विशाल आपके पेदा होनेके पांचवे दिन बाद हो गया । सुलतान महमुद बेगडा वालिद सहाबने परवरीश के लिये, अपनी सोतेली वालेदाह हंसाबाइ के हवाले किये । इन्होने मुजफफरशाह हलीम की अपने सगे बेटेसे जयादा ख्याल रखकर परवरीश की थी । जनाब सुलतान महमुद बेगडा अपने ये शहजादे को देखकर फरमाया था के मेरे बाप दादा के बादशाही काबिलियत को इनसे जयादा फरोकत मीलेगा व औलाद वशी होगी । वालीद सुलतान महमूद बेगडे की वफात पीर के रोज जोहर की नमाझ के वकत 3 रमजान शरीफ हि.स.917 इ.स.1511 में हुई । 54 साल गुजरात के बादशाह रहे और 67 साल 3 माह की उम्र पाई । वालिदे गिरामी सुलतान महमूद बेगडा की वफात के बाद अमीर उमराह वगेरा सुलतान मुजफफरशाह को तख्त पर बिढानेके लिये बडोदा (खलील आबाद) लेने गये । **सुलतान मुजफफरशाह ने फरमाया मेरे पीरो मुर्शीद हजरत शाह सैयद महमूद दरियाइ रहमतुल्लाह अलयहे मेरी ताज पोशी और मेरे लिये दुआ करे के मुगल हुकुमत हमला न करे और कहत न पडे । हजरत से मुलाकात करने के बाद आपने जुमआ के दिन हि.स.917 इ.स.1511 ताज पोशी की और दुआ फरमाइ थी । सुलतान मुजफफर हलीम आप से बैत-मुरीद थे** आपके वाकीयात आगे लीख्खे जायेंगे । आपने इल्मे दीन अल्लामा मुहम्मद बिन मुहम्मद दुलअैजी से पाया था । इल्मे हदीस अल्लामा जमालुद्दीन मुहम्मद बिन उमर बहरुक से सिखा । कुरआने करीम हिफज करने के बारेमें हजरत शेख सादी रहमतुल्लाह अलयहे इर्शाद फरमाते है की दर अैयामे जवानी चुना उफतह-दानी (जवानी में कुरआने पाक हिफज किया था)

ये फजल व कमालत के साथ साथ तकवा अझमत से खुद दाद दौलत नसीब हुइ थी । जींदगीभर कुरआन और हदीस पर अमल पैरा रहे हंमेशा बावुजु रहेते थे । नमाज जमाअत के साथ अदा करते अपनी जींदगी में कभी रोजा तर्क नहीं किया । शराब व पान वगेरा कभी इस्तेमाल नहीं किया था । कभी किसी पर सख्ताइ नहीं बरती और नाहक जुल्म सितम नहीं किया । कभी बद कलाम-व गंदे अलफाज इस्तेमाल नहीं किये । अपना मुंह इन बातो दुर रख्खा मुस्कुराकर और परहेजगार वली सिफत सीपेह सालार, गाजी और बादशाह के तमाम ओसाफ इनमें शामिल थे । अरबी जुबान के बडे आलीम व कातिब थे । कुरआन पाक लीखकर मककाशरीफ कुरआने पाककी नकल रवाना करते । आपने ये इल्म उस वकत के मशहुर खुशनवीस (लहीया) मुल्ला महमूद शियावश शीराझी को मुकर्रर किया था और इन्हीसे सिखा था । आप खत्ते

नस्ख खत्ते सुल्स और खत्तेरुका (तीन किस्म की फारशी-अरबी) जुंबान लीखनेकी किस्मे जानते थे। **आप मुजफफरशाह हलीम रहमतुल्लाह अलयहे इर्शाद फरमाते है की हदीसो की कोइ हदीस अैसी नहीं जो मुजे सही रिवायतो के साथ ब जुबान याद न हो। इसी तरहा कोइ रावी अैसा नहीं जो मोतबर और गैर मोअतेबर दरजावाले मे इसकी पेदाइश से लेकर वफात तक की मुजे मालुमात नहीं।** सुब्हानल्लाह !

सुलतान मुजफफरशाह हलीम से हमे सबसे बडा फख्र इस बातका है की फतहुल बारी शहें बुखारी शरीफ की सबसे पहेल कलमी नुस्खा हिन्दुस्तान आया था। ये मुजफफरशाह हलीम को ब तोहफा दिया गया। ये तोहफा लानेवालो को आपने भरुच का गर्वनर का होद्दा देकर सरफराज किया। (जफरुलवालह सफा 118 **से** 127 **व तारीखे मुजफफरशाही सफा** -18)

आप हदीस, अस्माओरिजाल, मन्तिक, फिल्सुफी कलाम वगेरे में भी महारत हांसील थी। आप मजामीर (संगीत कला) शेरे शायरी, कुश्ती, तलवार बाजी, भाला में भी काबेलीयत रखते थे। **आप ख्वाजा महमूद दरियाइ रहमतुल्लाह अलयहे की जिकरिंयो को दरबारे शाही में निहायत झोको शोकसे सुनकर मेहझुज हुवा करते थे। बल्के आप इर्शाद फरमाते ये के मेरे पीर का कलाम अगर अरबी में होता तो में आलिमो से कहेता के वो खुत्बे में इन कलामो को पढे। आप और आपके वालिद सुलतान शाह महमूद बेगडा बडी अकीदत रखते थे।** वकत फवकतन आपसे मिलने बीरपुर शरीफ आते आपसे इतनी मोहब्बत हुइ के एक दिन सुलतान मुजफफर हलीमने इर्शाद फरमाया की (हजरत पीरो मुर्शीद शाह महमूद रहमतुल्लाह अलयहे) मुजे सरकारे मदीना सल्लल्लाहो अलयहे व सल्लमकी जियारत करनी है। आपने फरमाया के गुजरातकी हुकुमतकी खिदमत में ही सरकारकी जियारत है। मगर आशिक जब इश्के खुदावाले से निस्बत करता है तो तन-बदन में अजीब तडप वाली आतीशे नमुंदार होती है शाहने फरमाया आप मेरे लिये दुआ व विर्द-वजाइफ अता कर दे, मुजे जियारत जरुर नसीब होगी। बिल आखिर ख्वाजा दरियाइने आपको बीरपुर शरीफ की ख्वाजा दरियाइ की अपनी प्यारी इबादतगाह प्रम-गली (कोहे अलत) के पास मुजफफरखान फौजदारकी मस्जीदमें चिल्ले के लिये बिठा दीये और आपने इर्शाद फरमाया, के आपको चालीस दिन अकेले रहेना है और मेनें दिये विर्द-वजाइफका जिक्र करते रहेना। आपको निंद न आ जाये उस लिये आप नमकका पानी आंखो में छळकते रहेते

और रेशम के दोरो से आंखोकी पांपळ को लकडी के साथ सिकर बांध दिया करते थे । बिल आखिर एक दिन सरकार की आमद के मौके पर ख्वाजा दरियाइ आपके पास तशरीफ लाये और इर्शाद के तौर पर ये कलाम के अश्शआर फरमाऐ । **जाग निंदा-लुं जाग सवेरा सोवन की तेरी कोन है वेला** ये कलाम के 13 अशआर है हम आपको पुरा वाकिआ आगे पढायेंगे (ये मस्जीद शहीद हो चुकी थी करीब 550 साल बाद दुबारा इसे आबाद किया है । यानी 2012 में काम चालु कीया, 2013 के र. या. 3-माह में पुरा हुवा । इस मुबारक काममें हिस्सा लेनेवाले जनाब सैयद अेम.अे.बुखारी, जनाब युसुफखान, जनाब अब्बुल रहीम अेन. वहोरा, जनाब इमदाद अली सैयद, जनाब नबीजी शेख और दिगर इस्लामी भाइओकी अजीम महेनतसे इबादत के काबिल मस्जीद आबाद कर दी । बंदे संपादक को यहां की तारिख का संगे काबित पथ्थर पे लिखने का इन्ही लोगो ने कहा और ताखिर संगे ग्रेनाइट पर शानदार तहेरीर करे वहां लगा दिया गया है) उस तरहा हमारे आबा जो अजदाद से बडे-बडे बादशाहो ने फैज पाया है । **मुजफफरशाह हलीम की वफात** 22 **जमादिल आखर हि.स.**932 **इ.स.**1525**में हुई । आपको सरखेज रोझ-अे हजरत शेख अहमद मगरबी खट्टु रहमतुल्लाह अलयहे के सामने अपने वालिद सुलतान महमूद बेगडा के बाजु दफन किये है ।** इन्ना लिल्लाहे व इन्ना इलयहे राजेउन आपने 14 साल नव माह तक गुजरात के बादशाह रहे । तारिख के लीखनेवाले तहेरीर करते है की आप जैसा कोइ अमलपैरा, अकलमंद, इल्मी सलाहियत करनेवाला गुजरातका बादशाह हुआ नहीं । इन्हीके दोरे हुकुमत मे माल्वा के गासिब हिन्दु वजीर मेदनीराय अे की सरकोबी के लिये उसके माल्वा पर लश्कर कशी की महमूद दरियाइ रहमतुल्लाह अलयहे भी शरीक थे और उनकी दुआसे होनेवाली फतह मांडुगढ की तफसीलात तोहफतुलकारी में दर्ज है । मुहिम मांडु के दौरान जंगमें शुमाली गुजरातमें वाके मोझअ उनावा के मश्हुरो मारुफ बुजुर्ग हजरत सैयद अली जो मीरां दातार के उर्फ से जयादा पहेचाने जाते है शहीद हुअें । उनके वालिद सैयद दोसनमीयां रहमतुल्लाह अलयहे (ख्वाजा दरियाइ) के मुरीद-व खलीफा थे ।

सुलतान मुजफफरशाह हलीम के बाद सुलतान सिकंदर शाह हि.स.932 इ.स.1525 आये । 2 माह 16 दिन गादी पर रहे थे उनके बाद नसीरखान उर्फ सुलतान महमूदशाह दुसरा आये हि.स. 932,1525 में पांच या छह सालकी उम्रमें सियासतके उतार चढावमें सुलतान बनाये गये थे ।

उनके बाद सुलतान बहादुर-बहादुरखान तारीख 26 रमजान हि.स.932 में अहमदआबाद आकर भद्र के किल्लेमें इदकी नमाज बादशाही रिवाज मुताबिक अदा की और खुत्बेमें अपना नाम पढवाया । जील्कद 14 चांदकी रातको हि.स.932 में तख्त पर बेठे । आपके वाकीयात बहोत है मगर हम यहां जरुरी बाते लीखकर आगे चलेंगे । बहादुरशाह 943 हि.स.1537 इ.स. को भी अपनी फातेहाना सवारी दककन में हजरत ख्वाजा काजी सैयदना शाह महमूद महेबुबुल्लाह दरियाइ रहमतुल्लाह अलयहेकी मौजुदगीके सबब कामयाबी हांसिल हुइ थी । उस जमानेमें आप कइ बार मुस्तिकिल पाये तख्त अहमदआबाद और नये दारुल हुकुमत मुहम्मद आबाद उर्फ चांपानेर (पावागढ) और गुजरात के मुख्तलिफ मकामातका सफर करते रहे । रुश्दो हिदायत के मरकज का शर्फ बजाहिर खानकाह - कोहे-अलत उर्फ प्रेमगली (पहाड) और बीरपुर को ही हांसिल रहा ।

अपनी चित्तोळ की मुहिम की कामियाबी और फतह वजफरकी दुआके लिये बहादुरशाह बादशाह बीरपुर हाजिर हुआ था और आपके फरजंद शाह सैयद जमालुल्लाह (जमालु) को अपने हमराह चित्तोळ ले गया था । जश्ने फतह चित्तोळ किलेमें हजरत शाह सैयद काजी महमूद महेबुबुल्लाह दरियाइ दुल्हा भी बनफसे नफीस तशरीफ फरमा थे । फतह के नशेमें चूर सुलतान बहादुरशाह के मुतकब्बिराना बळे बोल और दावो पर आपके उसको तम्बीह करनेसे सुलतान बहादुर आग बबुला हो गया उस पर आपने सुलतानसे मुंह कया फेरा के पलक जपकते ही उसकी माया अे इफतेखार फूतुहात की बिसात ही उलट गइ और उसके तमाम अजीम कारनामों पर अचानक पानी फिर गया और आनन-फानन हो नेकी सबब बनी उसके तख्तो ताज पाये तख्त चांपानेर पर मुगल बादशाह हुमायु का कब्जा हो गया और आखिरुल अम्र खुद पुरतगीजों के हाथो बन्दर दीवमें गर्क हो गया । आप सुलतान बहादुरशाहसे नाराज होकर बीरपुर आ गये थे । (मगर सुलतानके वजीर और आपके मुरीद व खलीफा बा इख्लास मलिकुशरक इमामुद्दीन के बुलावेने पीरो मुर्शीद हुजूर महमूद दरियाइ रहमतुल्लाह अलयहे इल्तेजा पर आप चांपानेर तशरीफ ले गये आपके ये रुहानी और आपकी अजीम करामते आगे पढने मीलेंगी इन्शाअल्लाह.

गुजरात के सलातीन सुलतान बहादुरशाहके हजरत ख्वाजा काजी सैयद शाह महमूद दरियाइ रहमतुल्लाह अलयहे से गलतफेहमी पर नाराज होकर उनको अपने मुल्कसे इखराज (निकाल देनेका हुकम) और आपकी सुलतान के बारेमें पेशनगोइ की के **नाठा आवे भागा जावे फौत मांडे गौता खावे**

(यानी मुगल बादशाह हुमायुं के हम्लअे गुजरातके वकत सुलतान का चांपानेर से खम्बायत (खंभात) की तरफ कूच कर जाने और वहां से बन्दर दीवमें पुरतगीजोंकी पनाहमें जाकर उनके मकरअे समन्दरमें उसकी दस्तारगिरने और उनके हाथो गर्क हो जानेकी तरफ इशारा है) वगैराह....

(सुलतान का नाजाइज हरकत करना और आपका शाह महमूद दरियाइ दुल्हा एक मकाला कहेना की **जब गुफामें शेर नहीं होता तब लुली लोमडी वहां शिकार करने निकल जाती है। सुलतान ये वाकया सुनकर आपसे कहेने लगा गुस्सेकी हालतमें की आपको मेरी सल्तनतमें (राजय) में रहेना नहीं चाहिये आप सरकार ख्वाजा महमूद दरियाइने जवाब फरमाया की ये जमीन परवरदिगार की है में भी नहीं रहुंगा तु भी रहेनेवाल नहीं) (हवाला : मिरांते सिकंदरी)**

सुलतान बहादुरशाहको एक फीरंगीने तलवारके हमलेमें काट डाला और दरियामें फैंक दिया और सुलतानके साथी भी मारे गये। हि.स.943 इ.स.1537 रमजान मुबारकके चांद 3 को ये वाकयात की हकीकत बनी थी। (हवाला : मिरांते सिकंदरी) 11 साल हुकुमतकी थी 20 सालकी उम्रमें सुलतान तख्तनशीन हुवा था 31 सालकी उम्र पाइ। इसी साल ख्वाजा दरियाइ सरकारकी रहेलत फरमा गये थे।

सुलतान बहादुरशाहके बाद सुलतान महेमूदशाह तीसरा हि.स.943-961 इ.स.1536 से 1553 इसके बाद सुलतान अहमदशाह दुसरा हि.स.961 से 968 इ.स.1553 से 1560 इनके बाद सुलतान मुजफफरशाह तीसरा हि.स.968-980 इ.स.1560-1573, उसके बाद सुलतान अकबर बादशाह गुजरात पे कबजा करके गुजरातको अपननी (वसी) बडी सल्तनत में शामील कर लिया था हि.स.991-992 इ.स.1583-1584 तक रहा था।

उसके बाद गुजरातमें मुगलोका आना और गुजरातकी सलत्नत को अपने ताबे करना वगेरहा की तफसीलात है मगर हम अपने मौजुको ध्यानमें रखकर आगे चले। हिन्दमें हि.स.932से जहीरुद्दीन मुहम्मद बाबर उमर शयख मिर्जा-से शुरु हुइ और नसीरुद्दीन मोहम्मुद हुमायु बिन बाबर मिर्जा को गेबी इशारे गुजरातकी हुकुमत के लीये सरकारे खवाजा दरियाइ का इशारा मिला था। हुमायुने हि.स.937 से हि.963 साल दिल्हीके बादशाह रहे। इस बीच (शेरशाह 1 साल दिल्ही के हुकुमतमें आया था) इनके बाद हि.स.963से जलालुद्दीन मुहम्मद अकबर बिन हुमायु आये। इन्होने (52) बावन साल दिल्ही के बादशाह रहेकर राज कीया था। **सुलतान अकबर बादशाहने गुजरात आकर ख्वाजा**

दरियाइ सरकारके सोयम शहबजादे (तीसरे नंबर के बेटे) हजरत सैयद शाह जमालुद्दीन से दो बार मुलाकात करनेका शर्फ लीया है । गुजरातकी हुकुमत अकबर बादशाहके नाम आपने दे दी है ये जानकर जझालुद्दीन अकबर अहमदाबाद आये, यहां हजरत ख्वाजा शाह जमालुल्लाह के तीन महेल थे । शीश महल, आयेना महेल, लाखा महेल, ये अलगरज सुलतान आपकी तकवा, परहेजगारी, इल्म, अमल, दौलत, शोहरत वगेरा तमाम तरीकोसे वाकीफ होकर सुलतान अकबर बादशाह दीदारका तलबगार हुआ । हजरतने फरमाया सुलतानको मीलना हो तो जोहर के वकत बहार आयेंगे मीलना हो तो बैठे वरना उनको अख्तियार है इस तरहा बडे वाकियात आप इस किताबमें आगे पढेंगे ।

अलगरज आपको सुलतान अकबरने 120 गांवका इनामी जागीर अता की थी । आपके बाद ये जागीरे नस्ल-ब-नस्ल हुकुमतोके तरफसे ख्वाजा दरियाद शाह महमूद रहमतुल्लाह अलयहे के खानदानवालोको इस्लाम की अमल पैरा जिंदगी पर काबीज रहे वहां तक जागीर मीलती रही है । सुलताने मुगलोकी जानिबसे जैसे ही.स.1014 में नुरुद्दीन मुहम्मद जहांगीर इनके बाद 1067 दाराश्किोह इनके बाद ही.स.1067 मुहीयुद्दीन औरंगझैब आलमगीर बादशाह जो बडे दिनदार, इबादत गुजार थे । (फतावाअे आलमगीर) ने बीरपुर और कारंटा शरीफके सजजादानशीनके उपर काबीज करके आपको सनद अता की थी । जो अलहम्दो लिल्लाह हमारे रेर्कड कुतुबखाने रजजाकीयाह पुरनुर बीरपुर शरीफमें मौजुद है । इनके बाद जागीरें बीरपुर कारंटा शरीफके सजजादानशीन हजरत मनसुर बीन चांद मुहम्मद बीन शैख सैयद मुहम्मद मीर बिन शाह हामीद बिन शाह अब्दुल कवी बिन शाह चांद मुहम्मद बिन शाह सैयद हमीदुद्दीन अल मारुफ शाह चाहेलदा थे । सैयद मुहम्मद महबूबे आलम से बैत थे । और इनके वालिद जो एक खुदा तरस और नेक आदमी थे यानी शाह चांद मुहम्मद बिन मुहम्मद मीर वोह शाहिया के साहबे सजजादा सैयद जाफर बद्रे आलम मुतखल्लिस ब जलालीसे बैत थे । शाह मन्सुरने अपनी दादी बीबी हदिया, अपने वालिद और साहेब सजजादाअे खानकाह बीरपुर व कारंटा से उलुमे दीनी की तकमील की नीज अपने पीरो मुर्शिद सैयद महबूबे आलमसे भी उनकी मजालिस रुश्दो हिदायतमें हाजरी देकर कुरबे फैज बातिनी किया और सुलूकसे माहितगार किये । उसके बाद वो मस्जिदे जामें बीरपुरमें इमामत और खिताबतके फराइज अंजाम देते रहें प्रोफेसर महेमुद हुसैन अब्बासी - पीर मोहंमदशाह लायब्रेरी से 1996-97 में शाये हुई तोहफतुल कारीके उर्दु दिबाचेमें

उन्होने ये लिख्खा है । और आपके बाद शाहअली रजा कारंटा व बीरपुर के सजजादानशीन हुअे थे । जीन्हें 1125 हि.स. में भी बादशाह दिल्ही की जानिबसे सनदे जागीर और सजजादानशीनी मीली थी । उनके बाद जमाने, हुकुमते बदलनेसे और निजामते, जागीरी, अमल और दयानतदारी, वफादारी, इस्लामी खिदमतोको देखकर दि गइ थी बादमें अंग्रेजी हुकुमत और फीर हिन्दुस्तान आजाद हुआ वहां तक जागीर कम जयादा मीलती रही है । जो आज तक हम देख रहे है । सनदी-गर्वमेन्ट अेवीडन्स ओफ रेकोर्ड की अेवजमें अलहम्दोलील्लाह ।

सन हिजरी 1128 में पांचसो खुदमुख्त्यारी मनसब और 250 घोडेस्वार देकर बालासिनोर के फोजदारी के होद्दे पर सलाबतखान मोहंमदखान बाबी को भेजा गया था । ये हजरत औरंगझेब आलमगीर बादशाह के वकत में बालासिनोर के सुबेदार सलाबतखान मोहंमदखान बाबी को वतनको तौर पर दिया गया था और तन्खाके तौर पर बीरपूर परगनाकी फोजदारी पर काबीज थे । बालासिनोरमें सलाबतखानने इंट और चुने का कोट बनाया था और फोजदारको रहनेके लिये छोटा मजबुत किला बनाया था और एक छोटा किल्ला लुटेरोकी जगह पर बनाया गया । यह अब सलाबतनगर से जाना जाता है । यहां 49 गांव कस्बा सहित 33,78,659 दामोकी जमाबंधी थी और वहां की फोजदारी शरतवाले 100 सवारो की थी ।

ये बीरपुर शरीफ अहमदाबादसे पूरब की जानीब चालीस कोस था उसमें एक महल था । बावली (बालम) नदीके उपर यह गांव है पुराने जमानेमें वीरा नामका एक कोली के नामसे वीरपुर बसाया गया था । इसमें तकरीबन 145 गांव और 3,06,869 दामोकी जमाबंदी थी । यहां पर एक फोजदार थे जो सलाबतखान थे । यहां के फोजदारके ताबे (1) कारंटा शरीफका किल्ला (2) धामोध का किल्ला (3) पुनादरा का किल्ला के थाने थे और यहां शरती 100 सवार थे । यहां के सात गांव गैर अमली है और वह जमीनदारो के ताबे में है बाकी के 178 गांव की लीखी हुइ जमाबंधी है । (मीरांते अहमदी)

बालासिनोर स्टेट जानिब (तरफ) से खुद (जात) इमानी सनद नं.83 ठराव नं.1067 बा.हा.नं.1211 की सनद ब्रिटीश सरकार मुंबाइ इलाका के पोलीटीकल खाताके ठराव नं.5043 ता.2-सप्टेम्बर 1910 में बालासिनोर स्टेट के बहार खाली जमीनके संबंधमें जो कानुन का ठराव था वो मुजब तपास (तेहकीक) करनेके बाद (बालासिनोर-वाडासिनोर) स्टेटमें बीरपुर (हवेली) महाल मु.बीरपुर (वीरपुर) (महमूदपूरा) की जमीन नीचे लीखे हिसाब कानुन मुताबिक स्टेट के चलते रिवाज मुताबिक खुद मुख्त्यार बीरपुर हजरत महमूद

दरियाइ साहब दरगाह की तरफसे पीरजाद गान समूह कुटुंबकी जानिबसे अब औलाद ब औलाद कायम के वहीवट (ट्रस्टी) (1) पीरजादा दलुमीयां पीरुमीयां (2) यासीनमीयां रसुलमीयां (3) करमीमीयां फतामीयां रे.बीरपुर जात इनाम तरीके से दि जाती है ऐसा तपास (जांच) करके बाद दी जाती है । जो जमीन टोटल 880-14 विघा है ये जमीन ख्वाजा महमूद दरियाइ दुल्हा रहमतुल्लाह अलयहे दरगाह शरीफ के निभाव (मेन्टेनन्स) के लिये और (तमाम पिरजादा याने दरियाइ सहाबके वंश औलादके रोज मरराहके अपने अखराजात पुरा करने के लिये जो कदिम जमानेकी रिवाज मुताबीक वकतन फ वकतन हुकुमते बदलनेके बावजुद दी जाती थी । हर दोरमें मुतव्वली-सजजादानशीन-दरगाह बीरपुर शरीफका वहीवट करते आते थे) ये सनद जात इनाम मिल्कतके तोर पर तरीके और सरतो मुताबीके जैसे सरकारके वफादार, इनामदार रैयत रहेना सरकारके ठराव मुताबीक हर साल 105-7-3 की रकम देना और इस सनद के मुताबीक जमीन हजरत ख्वाजा काजी महमूद दरियाइ रहमतुल्लाह अलयहे के नाम की ही रहेगी कीसी भी तरहका फेरबदल या उसका मकसद बदलनेका मालुम होगा तो सरकार उसमें दाखल हो जायेगी । और इस तरहाका ठराव किया जाता है की ये (संस्था) वकफ में फेरबदल जमीनमें नही किया जायेगा । कोइ भी सबब या कारण (वजह) एक या दुसरे के नाम कर नहीं कर शकते याने ये जमीन हंमेशा उपर के क्रम. बोकस १ के नाम यानी (ख्वाजा काजी महमूद दरियाइ) के नाम ही चलाइ जायेगी और ट्रस्ट साहेबान मुतवल्ली दरियाइ सरकार के वारसदार सही वहीवट देखरेख रखेंगे । वहां तक कोइ भी शरतो को छोडकर काम न करेंगे वहां तक चालु रहेंगे और जब तक ये (दरगाह शरीफ) संस्था का वहीवट बराबर चालु रहेगा इसमें कोइ फेरबदल करनेकी हरकत नहीं होगी । ये सनद बालासिनोर स्टेट जानिबसे नामदार ब्रिटीश सरकारके मंजुर की गइ कानुन की अवेजमें बालासिनोर स्टेट के मे.अेडमीनीस्ट्रेटर सहाबकी दस्तखत (सही-सिकका) महोर से ता.19-माह मे -इ.स.1923 के रोज करके आपको देनेमें आती है । ये सनद पढकर बोलकर और शरतो की गइ मुताबिक कबुल करके और सही पुरावा के साथ ये सनद के नीचे अपनी सही (दस्तखत) की है ।

अेली अेनेसन इनकवायरी ओफीस
रेवाकांठा. अेजन्सी का सीकका
अे. सही.

पीरजादा दलुमीयां पेरुमीयां
सही अंग्रेजीमें नवाब सहाब
बालासिनोर स्टेट और सिकका
अेडमीन्सट्रेशन सहाबकी सही

ये जमीन के कबजेदार पीरजादाओको कासागारी करने कुछ हिस्सा

(खेडने) बिनखेती खराबे की जमीन की उपज सेटलमेन्ट की तरहा और नवाब सरकारके ठराव नं.1835 ता.2-5-1914 में लीख्खी शरतोके मुताबीक रहकर जो आमदानी खेती (गल्ला) आओ वो तमाम दरगाह शरीफ के निभाव मेन्टेनन्स के लीये खर्च करना है और उसके बाद जो (उपज) आमदानी आओ वोही दस्तुर मुताबिक आपको हक है । लेकीन कोइ भी पुरेका पीरजादा ये जमीन उपर बोजा (लोन) करनेका हक नहीं । ये तमाम पुरे की जमीन जीसके कबजेमें वो वहीवट में लिख्खी हुइ है और उनके कबजेमें रेहगी ।

बीरपुर स.नं.167 वाली जमीन आइ हुइ है वो और मुजावर नाथा मुरादको पुरेमेसे 15-0 जमीन दी गइ है । वो ये जबतक (सेवा) खिदमत करेंगे वहां तक उनको दि जायेगी और वो उसपे 02-0 आना मुताबिक सेटलमन्ट उनको आकर देना पडेगा ।

दरियाइ सहाब की दरगाहके उपयोग के लिये फुल वगैरा के लिये जो खेत नीम कीये है वो उस पर वो वही काम के लिये उपयोग करे और ये (सर्वे नं.16) नगारची, मुजावर और फुलवाडी के खेत और कोइ काममें उनको लेनेका हक नहीं । जहां तक पीरजाद गान अपने ठराव के मुताबिक काम न बनाये और जब तक जमीन कबजेमें हो वहां तक कोइ दुसरा हक नहीं और कोइ पीरजादा भी उनके तरफसे वैसा काम न करे जो शरतो के खिलाफ होगा या नगारची या मुजावर भी अपने अेग्रीमेन्टसे अलग करता दीखाइ देगा तो सरकार इन बीचमें दरम्यानगीरी करके बंदोबस्त और लीगल काम करनेमें हक रख्खेगी और अैसी बिना पर नियुकत जमीन पर सरकार फेरफार अदल बदल कर शकती है । ये सनद पीरजादगान के वहीवटीदारोको (ट्रस्ट) सेटलमेन्ट कायमी (वार्षिक) दर साल के नककी की गइ रकम रु.105-7-3 के मुताबिक है ।

ता.19-05-1923 सही-अेली.अेने.इ.ओ.रेवाकांठा.

उससे पहले नवाब बालासिनोर साहबके सेटलमेन्ट की तहत ठराव नं.1835, ता.02-05-1894में दरगाह शरीफकी जमा रकम और उसके बाद उर्सकी दुकानो की आमदानी स्टेट ट्रेजरीमें 1921-22 सालसे रु.11,752-12-3 तिजोरी हिसाबमें थे जो मगर हुकुम बदलकर आजादी 1947 के बाद कुछ पिरजादागान की जानिबसे बालासिनोर नवाब सहाबके जमानाके एक स्टेम्प पेपर सनद नं.83 दावा नं.17 से बालासिनोर मामलतदार को अरजी करके ता.12-5-48 को कहा गया । बडी जद्दोजहदके वो रकम मील गइ लेकिन ये रकम वादोके मुताबिक काम न करते हुअे गेर-इस्लामी तरीकोसे येह रुपिये रफेदफे कर दीये गये । आपको बता दुं के सरकारी रेकर्डके मुताबिक कइ

सालो तक ये दरगाह शरीफका मेनेजमेन्ट मीस मेनेजमेन्ट था उस लिये कइ सालो तक सरकारके हाथो रहा उस वजहसे उपर लीख्खी हुइ रकम इतने सालोके बाद मीली थी मगर सद अफसोस आज भी वैसा ही चल रहा है । उसके बाद कइ दिनोके पेपर वर्क सरकारमें अलग अलग पेमानेमें अर्ज करनेकी वजहसे हिन्दु-मुस्लिम हत्ता के उस जमानेके एक न्युजपेपर की मुहीमके बाद गुजरात राजय सार्वजनिक ट्रस्ट विभाग वडोदरा खेडा 387/बी के तहत रजीस्टर्ड किया गया था । ता.24-3-1955 दीन जुमेरात उसी रजी. कीया था । अरजी मेरे नाना (ट्रस्ट) हुजुर पीर सैयद अल्हाज अब्दुलरज्जाक इब्ने शाह शहाबमीयां इब्ने कमालुद्दीन इब्ने अबुल झब्बार के हाथो की कइ और दिगर हजरात भी जो आगे सनदमें लिख्खे गये इन्के भी नाम दर्ज है । वकतन फ वकतन नाम तबदील होते रहे । इस ट्रस्टमें भी 888 (विगा) जमीन बताइ गइ है बाजारमें काफी तादादमें मकाने, दुकाने रजी. पी.टी.आर. में दर्ज है । 1995 में गुजरात राजय वकफ बोर्ड वजुदमें आनेसे (वडोदरा बादमें नडीयाद) अब पाये तख्त गांधीनगर जुना सचिवालय जीवराज महेता भवन सेकटर 29 ग्राउन्ड फलोर की ओफिससे चल रहा है । 1987 से इस ट्रस्टकी कोइ (नये ट्रस्ट) मेम्बरान बनाये नहीं गये थे एक लंबी जद्दोजहद के बाद हमारे भतीजा जनाब पीरजादा हमीदुद्दीन महंमदमीयां बिन अहमदमीयां का नाम दर्ज ट्रस्टमें दाखल कराया और दरगाह शरीफ के गेर वहीवट से पीछले 4 सालसे ट्रस्ट के सामनेवाले ट्रस्टीओके खिलाफ लंबी मोहीम चलाकर गुजरात वकफ बोर्ड नं.ता.16-05-2013 के हुकमके अपने 4 सफा (पेज) के जजमेन्ट ओपन कोर्टमें सुनाया और दरगाह शरीफ ख्वाजा महमूद दरियाइ ट्रस्ट 387/बी खेडा को वकफ कानुनके अधिनियम 1995 की कलम 38 की तहत खेडा को गुजरात राजय वकफ बोर्ड, गांधीनगर अपने पावर कायदे के तहत जनाब मुनीर वोरा सहाब प्रांत अधिकारी व नायब कलेकटर खेडा कारोबारी अधिकारी को मुन्तखीब कीया है । इन्होने ता.23-05-2013 जुमेरात चांद 12 रजजब 1434 हि.स. को आप सहाबने चार्ज लिया (अपने होदे) पर आकर खिदमत अंजाम दी । मगर गुजरात हाइकोर्टमें केवीयेट अपिल के सामने स्टे ओर्डर ता.24-05-2013 का लाया गया और ये खास दिवानी अरजी स्पेशीयल सीवील ओप्लिकेशन नं.9005/2013 से हाइकोर्टमें चल रही है ।

ता.27 नबेम्बर 2013 को गुजरात हाइकोर्टने यह अपील को नीचे यानेके वकफ ट्रीब्युनल मकाम नडियादमें जानेको कहा, यहां ता.19 अेप्रिल 2014 को कोर्टने तीन माह करीब के बाद गुजरात वकफ बोर्ड का फेंसला बकरार रखते हुअे वकफ कलम 38 का चुकादा बरकरार रखा है ।

ये केस के लिये 2009 से जनाब वकील हाजी पठाण समीउल्लाखान अब्दुलरहीमखान धोलकावालोने गुजरात वकफ बोर्ड गांधीनगर व नडीआद अपना किंमती वकत हमें दिया । उनके बाद जनाब सैयद शौकतअली जे. (धोलका) ने गुजरात वकफ बोर्ड की जानिब से मु.नडीआद कोर्ट में अपना किंमती वकत दिया । करीब 20-25 मरतबा मुद्दतोमें अपने खर्चसे आये और गये । फी सबीलिल्लाह ख्वाजा दरियाइ के नाम व बका के खातिर आये और अपने इल्मसे हमें कामीयाबी दीलवाइ । इस बीच मु.नडीआद के जनाब सैयद गुलरेज साहेब अेडवोकेट उंढेलावाला और जनाब मलेक जावेदवाद अेस. मलेक (नरसंडा) और दिगर हझरात का भरपुर साथ दिया अलहम्दोलिल्लाह ।

मुंह से कह दीया गर ला इलाह तो कया हांसिल
निगाहो-कल्ब मुसलमां नहि तो कुछ नहि

सुबे गुजरात में कुतुबखाने

गुजरात के इलाके सुबेमें अदब पर बजा तौर पर फख्र रहेगा कयुं के यहां अहमदआबाद, पट्टन, भरुच, सुरत, जुनागढ और दिगर छोट बडे शहेर गांव व सजजादानशीन व खानकाहोवालोके कुतुब खानामें मल्फूजोके जखीरे पडे हुअे लेकीन कुछ गलत और नाइल्मी की बिना पर ये अदबका बडा सरमाया मशाइख घरानोमें अपनी अलमारीओ, कबाटो, ताकोमें परदेमें छुपा पळा हुआ है । ये सजजादानशीन अपने बुजुर्गोको तस्नीफात में दीने मतीन की अपने अजकारो इफकार और फैजे बातिनी से दीनी-दुन्यवी रवादरी की फिजा (बुलंद) साजगारकी अपनी बेलौस खिदमते खल्क और इन्सान दोस्ती के जरीअे इश्के इलाहीके दर्स दिये, तारीख गवाह है के मुतजलजल समाजकी बुनियादों को मुरतहकम करनेमें और शिकस्ता दिल इन्सानको होस्लअे जिन्दगी अता करनेमें इन मगरिबिया, सोहरवर्दिया, कादरिया, चिश्तिया और शत्तारिया, दरियाइया सिलसिलोंके कइ नामवर सुफियाअे किरामने यहां सुकुंनत इख्तियार करके अपना वतन बनाने का शर्फ बख्शा । यहां चप्पे चप्पेमें आज भी इन बडे सुफीयाका पीराने तरीकत का दबदबा नजर आता है । 600-700 सालके कदीम जमाना गुजर जानेके बाद भी वही याद, फिक्र दीलाता है । आजभी इन आस्तानो से दुनियाभर के लोग अपनी रुहानी व जीस्मानी जींदगीके मशाइल इनके पाक दामनका वसीला बनाकर रब्बे करीम की बारगाहमें इल्तेजा करते नजर आते है और अपनी परेशान हालतो को हल हमारे इस फानी जीस्मके साथ अपने दुन्यवी आंखोके सामने पाते नजर आते है । खैर

आज कहीं भी आस्तानो पर वो बात नजर नहीं आती जहां दीन-कुरआने पाक हदीसे कुदशी तफसीर इल्मो फजलका हम पूराना किरदार था वो पा शके कयुंके खानकाहोसे अपने बुजुर्गोके अकवाल, इल्म, अमल, तकवा, नमाज, कुरआने पाक की तालीम, हदीस वगेराका इल्म, हराम व हलाल की तमीज खत्म नजर आती है।

इस बीना पर जगह जगह पेटी-गल्ले चिरागदानी दिवे-तिजोरीयां, डोनेशन बोकस, हिन्दु रस्मके मुताबिक नाम ढामके चोपडे और न जाने कया कया हमे नजर आता है। हमने बेशुमार ओलीया, सहाबा, अहले-बैत-अतहार सुहफा वली-अे कामिल लोगोके हालात पळहे है। और कामिल बुजुर्गोकी बन्देने सोहबते भी पाइ मगर आज के हालातसे ये लोग कौसों दुर थे। आज खानकाहोमें इल्मी अदब दुर हो जानेसे नफसा-नफसी हसद, बुग्ज, कीना, कपट छोटे बळेका लिहाज खत्म हो चुका है। हम इस किताबमें हमारे अकाबेरीन के वाकीयात पळहेंगे तो पता चलेगा की बळी से बळी मुश्किलमें भी ये अल्लाह तआला के मकबुल बंदे दुनियादारी से कोसों दुर थे। बेहिसाब दौलत, जमीन, जायदाद होनेके बावजुद अपनी इस्लामी जींदगीसे दुर नहीं हुवे और अमली जीन्दगी पर सारी उम्र दीने मतीनकी बकाके खातीर वकफ कर दी थी। इस जीन्दगीकी रोज मरराहके दिनो-रात इन्ही लोगोने इस दुन्यामें गुजारे वोही इन्की मल्फूजात बनी ये किंमती सरमाया जहां वहांके खानकाहोकी अलमारीयो, कबाटोमें केदमें पडा है। अफसोस सद अफसोस आपको कया हो गया है आप जरा सोचो अपने दिल पर हाथ रखके अगर अल्लाह तआला जल्ले सुब्हानहु का पाक कलाम अपने प्यारे नबी सल्लल्लाहो अलयहे व सल्लम पर नाजिल किया। कुरआने पाक वही पाक सुफफान ने सहाबाने कातीबोने अहेले बैते अत्हारने ताबेइनने तबे ताबेइनने चमडे कपडे हड्डो पर और दिलमें हिफज न किया होता तो ये कुरआने पाक हदीसे कुदशी हम तक कीस तरहा मीलता और इसके बाद भी बडे इमामो ने हदीस को जमा करनेमें जो काम कीया है उसका हम अंदाजा भी नहीं लगा शकते। खैर मेरा तो सिर्फ एकही मकसद है की ये किंमती मल्फुजातका सरमाया घरमें दिमककी गिजा बने उससे पहेले आप अपने नजदीक के कीसीभी कुतुबखानमें दारुल उलुममें लायब्रेरीमें कीसी पीर सहाब दीनदार को आलिम, हाफिज, मुफती साहेबान को दे दे आपके लीये हमारे कोमे मिल्लते इस्लामके लिये बाइस बरकत होगी। दोस्तो मेंने कइ मेरे खुदके करीबी रिश्तेदारो से इन किंमती सरमाया मलफुजात व दिगर हदीसे पाक, कुरआने पाक के कलमी नुख्से (दिमक) उधइ खाती मेरी चश्मदीदसे देखा है दिल जल रहा। खैर हमारे अहमदआबादमें आज भी बडा किंमती ये

जखीरा मौजुद है जीसमें ख्वाजा दरियाइ सरकारकी मल्फूजात (1) तोहफतुल कारी (2) मफातीहुल कुलूब दरगाह शरीफ पीर मोहम्मद शाह लायब्रेरीमें मौजुद है वो इसकी बडी जीनत है दोनो नुश्खे मेने मेरी आंखो से कइ बार देखे हैं अलहम्दोलिल्लाह।

दुसरा आप (दरियाइ सरकार) का (दिवान कलमी) फारसी जुबानमें शम्मे बुरहान के सजजादे हजरत पीर सय्यिद तमीजुद्दीन बाबाके कुतुबखाने मे ये रिसाल जखीरेमें मत्खूतातमें महफुज है। (इन हजरत की हयातमें कइ बार गया मगर देखने तक न मीला) इसके अलावा दिल्ही के मश्हुर आलीमेदीन व मोहद्दीस हजरत शैख अब्दुल हक मोहद्दिस दहेल्वी रहमतुल्लाह अलयहे ने अपनी किताब (तस्नीफ) उर्दुकी इब्तिदाइ नशोनुमामें सुफिया-अे किराम का हिस्सा में लिख्खा है के हजरत ख्वाजा काजी महमूद दरियाइ की शाइरीका एक कलमी नुस्खा मेरे पास मौजुद है। इसी तरहा आपके मल्फुजात के कइ मजमूअे दस्तियाब है जो ब जुबाने फारसी झाब्ताअे तेहरीरमें लाअे गअे है (लिख्खें) उनमें (1) मफातीहुल कुलब (2) फवाइदे महमूदी (3) कन्जुल करामात (4) महमूद ख्वानी (5) तोहफतुल कारी काबील जिक्र है। आपके ये मल्फूजात एक कीमती दस्तावेज है जिसमें एक तरफ तो आपकी हयाते मुबारका पर रोशनी पळती है तो बजानिब दीगर ये अपने दौरे की तेहजीबी, मुआशती और रुहानी जिन्दगी की अककासी करते है इनकी मददसे रोजमर्रा की जिन्दगीके इन्सानी मालुमात फराहम की जा शकती है।

आपके ये मलफुजात 100 कोपी हजरत सय्यिद शाह गुलाबुद्दीन उर्फ अब्दुलगनी बिन शाह अब्दुर्रसूल बिन शाह अली अल दरियाइ अल चिश्ती अल सोहरवर्दी अल बीरपुरी कद्दसिर्रुहुं कुदसीया ने की थी। आप आस्ताना ख्वाजा दरियाइ रहमतुल्लाह अलयहे के अंदर छ माह चिल्ला कसीमें रहे। रोजे अतहर पाकमें दिनो रातमे नुस्खे तैयार करके बीरपुर शरीफके उन जमानेके कलमी मलफूजातके पळहनेवाले उस वकत जयादा थे और नुस्खे कम इस बीना पर आपको ये शौक हुआ और ख्वाजा दरियाइसे रुहानी इजाजत लेकर ये काम आपने लीखनेका शुरु कर दिया था। अैसा मेरे पास एक खत जो मेरी वालेदा-माजेदा के सगे मामुजान जनाब हजरत पीर अल्हाज सैयद शाह कमालुद्दीन जैनुद्दीन रहमतुल्लाह अलयहे (मुंबइ) के पास नुस्खे मल्फूजात मौजुद है। ये हजरत किब्लाने हमें 1982 से तकरीबन 1993 तक मुस्लसल अपने हाथसे 700 से 1000 खतो किताब करके हजरत ख्वाजा दरियाइ के हालात, वाकीयात तेहरीर करके हमें इस कद्र तैयार कर दिया था हमें हमारी कम उम्रमें आपने ख्वाजा दरियाइकी तालीमाते, दर्स देकर हमारी होशला अफजाइ

फरमाइ थी । इन्हें एक खतमें हजरत सय्यिदशाह गुलाबुद्दीन उर्फ अबुल लतीफ के हालात व वाकीयात लीखकर बताये थे । दरियाइ सहाबके मलफूजात नजम बंध किया है वो भी लिख्खी हुइ कलमी नुख्सें मेरे पास मौजुद है । आपका एक नुस्खा रोयल ओशियेटीक सोसायटी शाखा बम्बइमें मौजुद है । (जनरल सोसायटी मजकुर नइ सीरीज जील्द-3, 1928 इ.स.मुख्तूता ने 16) 216 औराक साइज 28-15 सेन्टीमीटर और 15 सत्तर फी सफहे पर मुश्तमिल है । ये नुस्खा भी गुलाबुद्दीन बिन अबुर्लरसूल बिन शाह अली बिन गुलाबुद्दीन ने 19 जमादिउल अव्वल 1261 हि.स.में मुताबिक 27 मे 1875 इ.स. के दिन इसकी किताबत की है ये फारसी इबारतमें नकल की है । में ये नुकते के लिये ता.27-2-2014 को रुबरु बम्बई ओसीयाटीक लायब्रेरी गया देखने मगर कोइ भी वहां फारसी नुख्सा व किताबें फारसी मौजुद नहीं ऐसा वहां की दो दिन ही पहले आई हुइ मुस्लिम लेडीने बताया था ।

कारंटावाला तोहफतुल कारी का नुस्खा हजरत पीर अल्हाज सैयद कमालुद्दीन बिन जैनुद्दीन (नानाजान सहाब) ने हमारे खानदान के रिश्तेदार के एक मकान की वारसाइ हकमें कारंटा के हजरातने बडा रोल नीभाया था कयुं के उस मकानकी एक हिस्सेवाली खातून जनाब सय्यिदा आयेशाबीबी थी । ये मकान जनाब हजरत पीर सय्यिद सुफी मौलाना नजमुद्दीन (नजुमीया) बिन उस्मानमीयां बिन कमालुद्दीन का था जो आज भी मेरे मकान बीरपुर शरीफके करीबमें है । उन्हे यानी आयेशाबीबी को रु.5000/- हजार दीये गये थे । जो मीडीयेटर थे उन्हें तोहफतूल कारी के नुस्खे से फोटो कोपी (जेरोक्ष) दी गइ थी यही फोटा कोपी पीर मोहंमदशाह दरगाह शरीफमें पहोंची उसकी भी फोटो कोपी मेरे पास (फोटो-से-फोटो) है । ये खातुन जनाब नजुमीयां की भतीजी होती थी । मकान आपने हमारे फुफेरे भाइ अहमदमीयां नबीमीयां को अपना वारसदार (विल) कर दीया था । ये मकानकी वजहसे कारंटा शरीफ हजरत गुलाबुद्दीन सहाब वाला नुख्सा इस तरहा पोंहचा था । ये लिखना मेंने जरुरी समजा की आगे आनेवाले तारीख के हालातो हाजरावालोको समजनेमें आसानी रहे और कोइ नइ बात पेश न आये ।

खैर, ख्वाजा दरियाइ हजरत शाह महमूद रहमतुल्लाह अलयहे साहिबे दीवान शाइर थे दस्वीं सदी हि.स.में जो साहिबे दीवान शोअरा गुजरातमें गुजरे है उनका कलाम फारसीमें पाया जाता है जब के इस रिवायतके बर अकस आपने इश्के इलाहीसे लबरेज अपने अहेसासात व जजबात के इजहार के लिये गुजरी जबानको अपनाया । आप गुजरातकी ऐसी ही बरगुजीदा हस्तियोंमें से है । आप एक ऐसे दीनदार घरानेके चश्मो चिराग थे जहां दिनरात दीनो शरीअत और

औरादो वजाइफ के चर्चे रहा करते थे । हजरत शाह ख्वाजा महमूद दरियाइ रहमतुल्लाह अलयहे ने अपनी जिन्दगीमें मुजाहिदे और मुजादले भी किये है । आपके मल्फूजात में कुरबे इलाही के हुसूल के लिये अपनी जात पर सख्तीयों जेलनेका जिक्र मिलता है । प्रेम गली पहाडमें तंग दर्रेमें आप रोजाना चिल्ला कशी करते । दर्रे का दहाना अन्दर जाकर इतना तंग हो जाता है के वहां किसी शखस का सांस लेना भी मुहाल है । (जीसे लोग सात दीवे कहेते है) हजरत शाह महमूद न सिर्फ यहां इबादत और जिक्रे इलाहीमें मसरुफ रहते थे, बल्के उनके इस्तिगफार का ये आलम था के आपकी जिन्दगी के बारेमें भी तश्वीशनाक सूरते हाल पैदा हो जाती थी । ये असर आपकी पुस्त दर पुस्त चला आता था । आपके खानदानमें सैफी शरीफके विर्द और उसकी तल्कीनका अेहतेमाम था इस विर्द के इजल व इजाजत हांसिल करनेवालोके नाम भी तोहफतुल कारीमें दर्ज है । हजरत शाह काजी सय्यिद महमूद दरियाइ रहमतुल्लाह अलयहे को सरुदसे बेहद शुगफ था उमूमन दो चार कव्वालों का गिरोह आपके हमराह होता था जो आपकी जिकरीयों को खुश अल्हानी से गाते थे । उन कव्वालोमें शहाबुद्दीन और उनके भाइ दाउद और हसनके नाम तोहफतुल कारीमें मिलते है एक हिन्दु गानेवाला भी आप की खिदमतमें होता था । **बाद अज नमाजे इशा अकसर मजलिसे समाअ मुन्अकिद होती जीसमें वजदो हाल के गल्बे में आप इतनी गिरीया व जारी करते थे के आंखो से खून टपकना शुरुअ हो जाता था और जब वो आह भरते तो मुंह से शोले निकलने लगते । उनके दामाद और खलीफा व मुरीद व मफातीहुल कुलुब का ये तोहफतुल कारीमें नकल किया गया है के ये उनके अपने चश्मदीद वाकियात है । बाज औकात वजद की हालतमें खळे हो जाते और रकस करने लग जाते और जुबान पर उस वकत ये जारी होता के हुं (यानी में) ढुंढुं मेरे अल्लाह कू उनके विसाल के बाद उनके कव्वाल दख्न गअे और वहांके हल्कोमें उनकी जिकरीयां गाकर सुनाते जिससे मुतासिर होकर अकसर लोग आपकी दरगाहकी जियारतके मुस्ताक होकर बीरपुर का सफर करते ।**

तोहफतुल कारीमें हजरत ख्वाजा महमूद दरियाइ और उनके खानदानके जो तफसीली हालात दर्ज है वो किसी और जगह नहीं मिलतें इस लिये वो दौर जदीदके मोअर्रिखों और मुसन्निफोके लिये निहायत मुफीद वकार आमद साबित होंगे । तोहफतूल कारी ब यक वकत मलफूजात की किताब भी है मजमूअे गुजरी कलाम भी और आइनअे तालीमाते सुलुक तरीकत भी येही एक अैसी किताब है जिससे हजरत ख्वाजा महमूद के हालात के इलावा उनके

गुफतारो किरदार पर अच्छी खासी रोशनी पळती है । बल्के ये कहेना गलत न होगा के मोसूफ के हालात व तालीमात तोहफतुल कारी के बगैर परदअे खेफामें पोशीदा रेहते । अपनी गोबागुं खूबियां के बाइस ये फिलवाके अवामुन्नास से लेकर सालिक राहे तरीकत के लिये एक बेश बहा इल्मी तोहफा है । उसकी सबसे बडी खुसुसियत ये है की उसमें **हजरत शाहे आलम जिनके खानदानसे हजरत शाह महमूद महेबुबुल्लाह दरियाइ रहमतुल्लाह अलयहे बीरपुरी का खानदान पुश्त ब पुश्त बैत था उनके बताये हुअे मस्लक जिसे तरीकअे मन्जनशाही कहें तो बेजा न होगा । अकाइद, तरीकअे आमाल व अश्गाल, पाबन्दीअे शरीअत की तल्कीन, रुहानी अजमत और इन्साब दोस्ती की हामिल तालीमात फराहम की गइ है ।** इनसे वाजेह होता है के इस मस्लकके पैरु-ओंकी सफाअे तीनत, परहेजगारी, पाकी और गुरबा दोस्तीकी वजह से अवाम उन्की खानकाहोसे रूजुअ करते और वहां अपने जाहिरी और बातिनी मसाइलो आझाम और अपनी इन्सानी कमजोरीयों का खातिर ख्वाह इलाज पाते और सियाकारी और इरतिकाबे गुनाहसे कौसों दुर रहेते । मन्जनशाही बुजुर्गोंकी खानकाहोंमें मजहबो-मिल्लत जात-पात उंच-निच, अमीर गरीब, खुर्दा कलांकी कोइ तफरीको रिआयत नहीं बरती जाती थी । इसी मन्जनशाही मशरबके ये नामी गिरामी सालिके कामील हजरत सैयद महमूद महेबुबुल्लाह दरियाइ रहमतुल्लाह अलयहे की हमा जिहत और हमागीर शख्सियतका तोहफतुल कारी के जरीअे जो खाका उभरता है और गुर्जरी के इस अजीम शाइर और गुजरातके रुहानी पेश्वा की जो दिलकश व दिल आवेज तस्वीर हमारे सामने आती है उसके चंद पहेलुओ का मुन्दरजा जील मुख्तसर बयान कारिइन (जाअेरीन) की दिलचश्पी के अलावा रुश्दो हिदायतका भी बाइस होगा ।

आपकी तबीयतमें इन्केसारी और नर्मी कुट कुट कर भरी थी । इसी वजहसे वो अपने मुरीदों और दुसरोंसे भी तवाजों व मुन्कसिरुल मिजाजी की तल्कीन फरमाते थे, चुंनाचे एक जगह फरमातें है,

मन में गरब (फख्र) तुं मत करीं तुजसे है कंइ लाख

तेरा कहिया को न सुने महमूद कोन ! सो माख (मख्खी)

लोगोंकी दिदारी करना, उनके दुःख दर्द मिटानेकी कोशिश करना हर किसी खुशनुदी और दिल्लगी करके उनके कुलुब को तरो ताजा रखना उनको बहुत पसंद था एक और मकाम पर फरमाते है,

महमूद भूकां भोजन दीजिअे तरसां दीजिअें पानी

उंचा सी नम-नम चलिये मोटम न मन मेंह आनी

इस दोहे का मिसरह दोम खास तौर पर काबिले गौर है फरमाते है के जो अपने आपको उंचा और बळा समजते है उनसे भी अपने मनमें मोटम यानी बळापन लाअे बगैर जुककर तवाजोसे पेश आना चाहिये इन्सानियत दोस्तीकी इससे जयादा उमदा मिसाल और तल्कीन और कया हो सकती है । **आपको रियाजत का अजहद शौक था छह-छह माहके रोजे रखते महज रजाअे इलाहीके लिये भूका प्यासा रहेना आपको बहुत पसंद था । आपका इरशाद है,**

बिकर भोजन किया नितरा खाअे शहबाज

भूंका भोजन मीत लग अेही पूरा राज

यानी शाह दोस्त के बगैर जो खाना खाया वो गोया जीतेजी झहर खाना, मीत (दोस्त) के हुजुर में भुका रहेना येही हकीकी बादशाहत है)

अल्लाह तआलासे आपको अैसी लो लगी थी के दुनिया व माफीहा का ख्याल और मासिवा की सुध बुध आपको न रहेती एक मरतबा आपने अपने एक मुरीद मलिक दोलत जो उम्रभर आपकी दिखमतमें हाजिर रहा दो तीन बार पुछा के तुम्हारा नाम कया है । मलिक दोलत को ये बात नागवार गुजरी के हजरतने उसको पहेचाना नहीं उसकी नाराजगी को महसूस करके आपने फरमाया के हक सुब्हानहू तआला के नामने मेरे दिल में अैसी जगह लेली है के उसमें गैर के लिये कोइ गुन्जाइश नहीं है । इस लिये गैर का नाम मेरे दिलमें नहीं आता न वो मुजे याद रहेता है ।

इश्के इलाही की गर्मी से आपके दहन से आगके शोले निकलते और आंखोसे खुनके आंसु जारी होते । तोहफतुल कारीमें अैसे ही एक मौके बयानमें आपही के हस्बे हाल आपका ये शेर नकल किया है,

तूं कया जाने प्रेम कहानी, तुंझ बिन लोहू हुवा ना पानी

हजरत ख्वाजा सय्यिद शाह काजी महमूद रहमतुल्लाह अलयहे को फनाफिल्लाह का ये मरतबा रियाजत और पाबन्दीअे शरीअतसे जो तरीका मन्जनशाहीका माबेहिल इम्तिया है हांसिल हुवा था । पेश नजर किताबमें आपकी रियाजत के बेशुमार वाकियात और मुहय्यरुल उकूल किस्से दर्ज है । शरीअत के पहले बुनियादी अरकाने कल्में और नमाज की अेहमियत उनके नजदीक बहुत जयादा थी । नीज अेहकामें कुरआनी और इरशादाते नबवी के भी पाबन्द थे । उन्होने कइ जिकरीयों में आयाते कुरआनी के मझामीन व मतालिब मोजुं किये है जिनको तोहफतूल कारी में नकल किया है, मिसाल के तौर पर एक जिकरी ये लीख रहा हुं,

सबाउढ बीजें अपनीं इलाह का नाउं
पांच वकत नमाज गुजारों दाइम पळहो कुरआन
खाओ हलाल बोलो मुज सांचा राखो दुरस्त इमान
छोडो जंजल, जूटी सब माया, राखो जो मन हुवे ग्यान
कल्में शहालत तिल-न-बिसारो जिससे छोटा निदान
दीन दुनीं नेमत पाओ जन्नत होवे ढाव
महमूद मूख सीस तिल न बिरासे अपने अल्लाह का नांव

इसी तरहा ख्वाजा दरियाइ हालत, खुद उनकी शख्शियत, उनके आदात व अतवार उनके आला अख्लाक और आला मरातिब के बारेमें वो मालूमात मिलती है । जो कही नही होती बिलखुसूस ये मुहय्युरुल उकुल वाकिआत जिनके दोरानथा जिनके नतीजे में हजरत सय्यिद काजी महमूद दरियाइ रहमतुल्लाह अलयहे के कलाम और जिकरीयां मन्जूम करनेका जिक्र आता है वो गोया उनके कलाम के शाने नुजुल पेश करते है और बिला खौफ तरदीद ये कहा जा शकता है के उनको सामने रखै बगैर उस कलामको समजकर उससे लुत्फ अन्दाज होना और रुहानी फैज हांसिल करना आसान न होता और तोहफतुल कारी की ये एक खुसिसियत ही उसको उर्दु जबान और अदबकी तारिखमें आला मकाम दिलवानेके लिये काफी है । केहना भी सरासर ना इन्साफी होगी के तोहतफुल कारी सिर्फ मुहय्यिरुल वाकिआत की खतौनी के सिवा कुछ नहीं । उसमें ऐसी भी बातोंका भी जिक्र है जो कुतुबे तवारिखमें नहीं मिलतीं । उनके करमो करामतके किस्सोमें भी ऐसी बाते मिलती है जिनसे उन अहद की तारिख और मुआशरे पर काफी रोशनी पळती है और उनके बारेमें हमारी मालूमात में इजाफा करती है । मस्लन हजरत सैयद मुहम्मद हुसैनी गेसूदराज (हि.स.825) के हाफिद पौते शैख फदलुल्लाह का सुलतान बहादुरशाह के लश्कर के साथ दकखन से गुजरात आना और हजरत शाह सय्यिद महमूद दरियाइ सरकारसे खरखअे खिलाफत हांसिल करना और उनके भाइ सैयद अब्दुल जब्बार का भी हजरत शाह महमूद महेबुल्लाह की खिदमतमें हाजिर होना और उनका महेमान बनना । इस तरहा हजरतकी सारे के सारे वाकिआत एक सलातीन वकतका कोहीनुर हीरेकी तरहा कींमती दस्तावेज कहा जा सकता है । इस तोहफतूल कारी से हम हर मोड पर पूराने कदीम गुजरे जमाने के हालात, से मालामाल हो शकते है ।

प्रोफेसर इब्राहिमडार ने अपने एक मझमून ब उन्वान गुजरातका एक कदीम शाइर में लिख्खा है की शाह काजी महमूद दरियाइ का एक हिन्दी

दीवान है जिसका एक नुस्खा अहमद आबाद एक कूतूबखानेमें महफूझ है । दीवान सारा का सारा हिंदी जुबान और सुफीया रंगमें है । जकरीयों (जिक्री) तर्ज की तर्झ अश्आर नफसे मजमून के अलावा अपनी राग-रागनियोंकी तासीरकी वजहसे बडी अेहमियत रखते है । हजरत शाह महमूद दरियाइने तो अपनी नजमों के शुरुमें राग-रागतियोंके नाम भी लिख देते है । इस सिनफे सूखन में जो असर अंगेजी होती है उसका हाल शैख अब्दुलहक मोहद्दीस दहेल्वी रहमतुल्लाह अलयहे के इस बयानसे मू-त-रश्शेह है जिसमें उनके लोगोमें मकबुल होने और कव्वालों के गानेकी तरफ इशारा है । कहते है के एक दफा हजरत निजामुद्दीन औलीया को मौलाना वजीहुद्दीनसे एक जिकरी सुनकर वजद आ गया था । सिमाअकी इस तासीर व कैफियत की बिना पर सुफियाके यहां इसे बळी अेहमियत हांसिल है । (तारिखे अबबियात सफा 217 जील्द 6)

शैरानी सहाबने अपने एक दुसरे मकालामें लिख्खा है के शाह काजी महमूद दरियाइ गुजरातके मशाहीर सुफियासे है । हिंदी शेअरगोइमें उनकी शोहरत हिन्दुस्तानमें फैल चुकी थी । एक खास तर्झेके नजम के सिलसिलेमें जिसको जिकरी कहा जाता था उनका नाम जुबाने जदे आम है । एक जमाने ये जिकरियां गुजरातमें मकबुल थी । अख्बारुल अख्यार में मन्कूल है जिकरीहा अे वय के ब जबाने हिंदी दारद दस्तुर कव्वालान आन दयार अस्त बगायत मत्बूअ व मुअस्सर व बेतकल्लुफ व आसारे व वज्द अझ सुखनान वय लाअेह अस्त (अख्बारुल अख्यार - सफा 187)

अलाउद्दीन सानी बरनानी अपनी तस्नीफ (किताबे चिश्तीया) में शैख अलाउद्दीन की उलाइयोंके जिक्रमें (जो एक खास किस्मकी मत सूफीयाना व आशिकाना नजम होती थी) मिसालन ख्वाजा महमूद सहाब की जिकरी का भी जिक्र करते है और खिलते है की,

अज गल्बाते इश्क पैवर-ता व हस्बेहाल आशिकाना ब हिनदी ब तर्जे दिल बन्दी भी मस्त

साहबे खजीनतुल अस्फिया लिखते है

अश्आरे आशिकाना ब जुबाने हिनदी फरमूद के कव्वालाने आंन दयार ब वकते सिमआ अश्आरे आं जनाब ब मजलिसे सुफिया मी ख्वानन्द व बगायत मुवस्सिर बाशन्द

जिकरी दर अस्ल झिक्रकी एक शकल है इसका इतलाक अैसी नजमों पर होता है जिनमें और मजामीनके अलावा सिलसिलेका शजरा और मशाइखकी मदह होती थी ।

निजामुद्दीन औलीया (मुतवफफी स.हि.724) के अहदमें भी जिकरीका रिवाज था और उनको मौलाना वजीहुद्दीन की जिकरी पर हाल आया था जो हस्बे जैल है।

बैनाबन बहाजी अैसा सुखसे बासूं

मीर अली शैख कानेअने लिखा है के, हंगामे जवानी अज मकामे गौसियत दर गुजश्त ब मकामे महबूबियत दर रसीदन्द

मिजाज की इश्की कैफियत और इश्कको इस गरमीका असर उनकी शाइरी पर गेहरा है येही रंग उनकी शाइरी व शख्शीयतका नुमायां रंग है। सब तजकेरानवेसोंने इस खुसूसियत का जिक्र लिखा है। मिराते अहमदी मैं ये अल्फाज मिलते है काजी महमूद अज गल्बाते इश्क पैवस्ता बर हस्बेहाल नकशे आशिकाना ब इबारते हिंदी दर मकामाते हिंदीया ब तहे दिल पसंद भी अस्त

खझीनतुल अस्फिया से भी इसकी तस्दीक होती है साहेबे जौक व मोहब्बत व इश्क अज अझ-मते खुल्फाअे शाहेआलम गुजराती अस्त अश्आरे आशिकाना ब जुबाने हिन्दी फर्मूदे के कव्वालोने आं दयार ब वकते सिमाअ अश्आरे-आं जनाब-व मजलिसे अस्फिया भी ख्वानन्द व बगायत मुवस्सिर मीं बाशन्द

इश्ककी इस शिद्दतका हजरत शाह महमूद दरियाइ पर ये असर था के उनके सारे कलाम से उस जझबे की गरमीका अहेसास होता है उस इश्कका इजहार अल्लाह उसके रसूल सल्लल्लाहो तआला अलयहे व सल्लम और मुर्शिद के साथ भी है। कलाममें अपने वालिद और मुर्शिद का जिक्र बारबार करते हैं,

काजी मोहम्मद तने शाह जायलन्दा मेरा सब दुःख के वोही औलावे
मोहम्मद सबुरी सायबां मुज इस बिन और न भावे
सांइ कुन एक बार इखार हुं देखा करुं जोहार, तेरे मुखळे के बलिहार
महमूद सांइ सेवक तेरा - तुं तो समरत साइ मेरा, करे हम्मारी सार
अस्त नबी मोहम्मदकी ये महमूद तेरा दास,
बरकत पीर चाअेलन्धा - सांइ खूबीं मनकी आस
(तारीखे अदबें उर्दु सफा नं.110)

चांउ चालन्धा पीर में पाया, उन महमूद कू मित मिलाया
काजी महमूद तन शाह चीलन्धा, महमूद केरा पीर
काजी मोहंमद तन पीर हमारा चाहलधा भागों-लह बारे
काजी मोहंमद तन पीर हमारा चाहलधा मूजह प्यारा
पीर हमारा चालन्धा हो हूं उस बल जाउं,
काजी मोहंमद तन शाह चालन्धा पीर लागूं पाये,

महमूद केरी बीनती साहेब इतनी मानें
नबी मोहंमद की दोस्ती राखे मुख का पाने
नैनों काजल मुख तंबोला नाक मोती गलहार,
सीस नंवाउं, नेंह अपाउं अपने पीर करु जुहार
कोइ मायला मरमन बूजहे रे
बात मनकी कीस न सुजहे रे
दुःख जीवका किसे कहूं अल्लाह दुःख भरिया सब कोइ रे,
निर दुःखी जगमें कोइ नहीं में परथा फिर फिर जोइ रे
जारी कूवड सैंवरी नी कैसी इक तल आंख न लाइ
आज सरीजन घर आया कयों न करुं महेमानी

- उर्दु भाषाकी प्राथमिक उत्पत्तिमां सुफी संतोनुं प्रदान
मुसन्निफ : डॉ.अब्दुलहकक सहाब
जमियत पंडया जिगर (गुजराती अनुवाद 90 से 105 सफा)

इस तरहा कइ और किताबोमें हजरत शाह महमूद महबुबुल्लाह दरियाइ के कलाम गुजरी, फारसी, अरबीमें लीख्खे गये है। आपका तजकेरा बेशुमार उर्दु-हिन्दी फारसी, के जानेमाने तसनीफात लोगोने किया है। अभी कुछ ही दीन पहले पीर मोहंमदशाह लायब्रेरी मेरा जाना हुआ था मेरे साथ जनाब पीर सैयद अल्हाज अेम.अे.सैयद (डे.कलेकटर) (जुनागढ) सहाब थे। जनाब प्रो.महीयुद्दीन बोम्बेवालाने हमें निहायत अदबके साथ हमसे मुलाकात की और बताया की हजरत शाह महमूद दरियाइ का जीगरी कलाम का पूरा के पूरा हिस्सा तरजुमा के साथ साये होनेवाला है और बहोत जल्द आपसे मुलाकात करके हम इसकी इफतेताह बीरपुर दरगाह शरीफ पर रख्खेंगे हमने कहा हम हर वकत तैयार है। अल्लाह तआला अपने बंदोके नेक कामोको कभी भूला नहीं देता वो जीससे चाहे जब चाहे जहां चाहे जैसे चाहे वैसे जीससे चाहे उनसे इन्के तजकेरे करा लेता है। शाह महमूद अपनी इस खिदमतको मेरे जीम्मे रहे अैसी उम्मीद के साथ अपनीये कलम को यहां बंद करता हुं। अल्लाह तअला चांद मोहंमद बीन मन्सुर रहमतुल्लाह अलयहे की किताब तोहफतूल कारी के जरीये मेरे दीनी-दुन्यवी, काममें आसानी हो नेक बुजुर्गोके सदके ये किताब मेरे लीये बाइसे बरकत बने और दोनों जहां में हमें कामीयाबी अता करे आमीन।

कोण कहेता है महमूद मर गये
इस घर से निकले दुसरे घर गये

हजरत काजी सय्यिद महमूद रहमतुल्लाह अलयहे दरियाई बीरपूरी का गूजरी - उर्दू कलाम

(1)

(1) मुस्तफा सल्लल्लाहो अलयहे वसल्लम लागुं तुम्हारे पाउं
जिस दिन सांइ लेखा मांगे, सो दिन लेने छुळाउ ।
(या मुस्तुफा मुहम्मद सल्लल्लाहो अलयहे व सल्लम । में आपके पाउं पडता हुं और बिन्ती करता हुं के जीस दिन (कयामतमें) अल्लाह तआला मेरा हिसाब ले, उस दिन मुझे हिसाब से बचाना)

(2) जी में अवगुण अनकेनी रे, तो भी तेरा दास ।
(या अल्लाह । मेरे अंदर अवगुण तो अगणित है । फिर भी में (आखिर) तेरा दास (बंदा) हुं)

(3) आपीं आप मया कर, सांइ पुरी मनकी आस ।
(अय मालिक । मेरे मनकी सब तमन्नाओं आपही पूरी करनेवाले हैं)

(4) निस दिन सेवा हुं करुं रे, उभरे सांइ क द्वार ।
(में तो सारा दिन सेवा करनेको तैयार हुं ओर वो भी मालिक के दरवाजे पर खडे खडे)

(5) तल तल संवरुं नाहूं तेरा, हम पार उतार ।
(में तो हर घडी अपने आप शृंगार करुं, नाम फकत तेरा लुं, अय मालिक, मुझे पार उतारो)

(6) नबी मुहम्मद मुस्तफा सल्लल्लाहो अलयहे वसल्लम रे, सारव पुरा रसूल ।
(नबी मुहम्मद मुस्तुफा सल्लल्लाहो अलयहे वसल्लम तो पूरे और सच्चे रसूल हैं)

(7) महमूद बंदा बीनवे, मेरी हाजत कके कुबूल ।
(तेरा बंदा महमूद बिनती करता है के आप मेरी हाजत कुबूल करें)

(2)

(1) मेरा मनहर मंदिर ओवरे, मुझे तब थें रैन भावे रे ।
(मेरा दिलरुबा (मन) मंदिर में आया है, तबसे मुजे रात बहोत भाती है)

(2) मुजे तुज बिन ओर न भावे रे, तुं घर आव, सलोने मीता रे ।
(तुज बिन मुजे कुछ भाता नहिं है, (इस लिये) ओ पियारे तू घर आजा)

(3) तुज सरखा कोइ न दीठा रे, सारो युं तुंही मीठा रे ।
(तुज जैसा कोइ नहिं देखा, सबको तूही मीठा लगे)

(4) पियू तेरी नेह बंधाणी रे, जियुं मछली तडफी बिन पानी रे।
(पियारे तेरी मुहब्बत बंधी है, इस लिये मछली की जैसी बिन पानी तडपती हुं)

(5) नेह छाना, प्रगट हो तां, सुखरा नहिं रे, बेठन, सोतां।
(मुहब्बते कभी छुपती, कभी झाहिर होती है, (इस लिये) न तो बेठे, न सोते कोइ चेन है)

(6) काजी महमूद दास तुम्हारा रे,
नबी मुहम्मद (सल्लल्लाहो अलयहे व सल्लम) मीत हमारे रे।
(काजी महमूद तो तुम्हारा दास है, और नबी मुहम्मद (सल्लल्लाहो अलयहे व सल्लम) हमारा मीत (पिथारा) है)

(3)

(1) कोइ मायला मरम न बूजे रे, बात मन की किसे न सूजे रे।
(कोइ (मेरे) अंदर का भेद नहिं जानता, और मन की बात किसी को नहिं सूजती)

(2) दुख जीवका मेरे, किसे कहुं अल्लाह, दुख भर्या सब कोई रे।
(अय अल्लाह। मेरे दिलका दुख किसे कहूं, यहां तो सब लोग दुखी है)

(3) निर्दुखी जगमें को नहिं, में पृथ्वी फिर फिर जोइ रे।
(जगमें कोई दुःख बगैर का नहिं, मैंने सारी धरती फिर कर देख ली है)

(4) युं मुजे पूछें सहेलियां, तुज तन लोहू न मास,
छाने लाघण में किये, मेरे सांइ कारन उपवास।
(मुजे सहेलियां पूछती हैं के तेरे बदनमें न लोही हे न गोश (में तो) छुपकर भूखी रही और मेरे पिया की खातिर रोजे (अपवास) रखे)

(5) हीरे भीतर दूना जले, मेरे सांइ बिन कोन बुजाओ।
(दिल के अंदर तो आग लगी हुइ है, मेरे पिया के सिवा कोन बुजाओ)

(6) काजी मुहम्मद तन शाह चायलंघा, मेरा सब दुख वुही उलावे।
(काजी मुहम्मद शाह चायलंघा (जो मेरे पीर हे) मेरे सब दुख वही दूर करें)

(7) महमूद संवरे सांइयां, मुजे उस बिन न भावे।
(महमूद (मेरे तो) पियारे सांवरीयां हैं, उनके सिवा मुजे कोइ ना भावे)

(4)

(1) आज का ल्हावा लीजे, काल किने दीठी,
एक तिल रहेने न पाओ, जब आवे चिठ्ठी।

(आज ल्हावा लेलो, कल किसने देखी है जब (मोत) का बुलावा आ जाऐ तो एक पल भी कोइ रह न शके)

(2) जो रे सब कोइ आइया इस नगर मंजारे,
किन्हीं मोल गंवाया, किने पूंजी वधारी।
(इस दुन्या में जो कोइ आया (उन सबने) किसीने रुपिया गंवाया तो किसीने पूंजी बढाइ)

(3) सोंघे पैसा लुटाल के बाजार सब कोइ पावे,
गुणभर पूंठे, लीजे जिसे, खोट न आवे।
(सस्ते दामों पैसा लुटाकर बजार तो सब हांसिल करते है, खूबीयोंको पीठ पर लाद लो, इसमें कभी घाटा नहिं)

(5)

(1) चंदन के छिळके मारे रे, तेरे हाथों की बल्हारी रे।
((अय पिया) तूने चंदन के छींटे मारे, ये तेरे हाथों की महेरबानी है)

(2) शाह, हुं तमूं पर वारी रे, तें सार कीती हमारी रे।
(अय शाह। में तुम पर वारी जाउं, तुमने हमारी (अच्छी) सरभरा की है)

(3) शाह, बाचा हमकुं दीती रे, सहियां मां सुहागन कीती रे।
(अय शाह, तुमने हमको वाचा (जुबान) दी हैं, सहियरोमें से (मुजे) सुहागन बनाइ है)

(4) सुन नबी मुहम्मद (सल्लल्लाहो अलयहे व सल्लम) मीता रे,
मेरा जीवरा तुजे बल दीता रे।
(सुन लो, नबी मुहम्मद (सल्लल्लाहो अलयहे व सल्लम) ही मेरे पिया हैं, अय मेरे दिल, तुजे तो वोही ताकात देते हैं)

(6)

(1) कुछ कहुं, माइ हुं मेरे जिया की, हुं मिस्वास अपने पत्या की।
(कुछ कहुं ? अपने जी में समाइ हुं, अपने मालिक की मिस्वाद (?) हुं)

(2) पिया कारन तिन करुं उपवास, में तें काढया मदिरा, मास।
(में पिया के लिये उपवास करती हुं, मेंने तो दारु और मासको निकाल दिया है)

(3) दो चक अपनी सींच बहाउं, जी चाहुं तो, पिया मुख चाहुं।
(दोनों आंखोसे आंसु बहाती हुं, जो चाहना ही है तो पिया के मुख को चाहुं)

(4) महमूद पूछे पंडित जोसी, कब मिलावा मेरे पिया सुं होसी ।
(महमूद तो पंडित और जयोतिषीसे पूछता रहता है के मेरे पिया का मिलन कब होगा)

मुनाजात फारसी

ख्वाहम् खुदारा रोजो शब, गर बख्ते मन् यारी देहद,
या मी रसम मकसूद या दर तालेबा नामम् शवद.

तरजुमा : मैं रात-दिन खुदाको चाहुंगा, अगर मेरे नसीबने मेरी मदद की । या तो मैं अपने मकसूदको पहोंचुंगा, या मेरा नाम तलबगारोमें होगा ।

मन् नफी करदम् अज् दिलम् चीजे के बाशद जुझ खुदा,
दिल बस्तम् इल्लल्लाह रा, वस्वासे दीगर बरकुनद ।

तरजुमा : मैंने दूर कर दी अपने दिलसे हर चीजको सिवा खुदाके । मैंने अपना दिल इल्लल्लाह करनेमें लगा दिया और वसवसोंको निकाल दिया ।

हर कस के दर राहे खुदा साबित ब मानद् बे निफाक,
तहकीक आयद आं कसे गोय अज मैदाने उ बुरद ।

तरजुमा : हर वो शख्स जो के खुदाकी राहमें बगैर निफाक साबित रहा, तहकीकसे कहना चाहिये के (काम्याबी) की गेंद मैदानसे ले गया ।

शुक्राना हर दम मी कुनम् जुझ खालिकम् परवायम् न,
तालिब शुदम् साबित कदम मत्लूब हम ख्वाहम् रसद ।

तरजुमा : हर दम मैं शुक्रिया करता हुं, खुदाके सिवा किसीकी परवा नहीं करता । मजबूत कदमके साथ तालिब हुं, मेरे मत्लबको मैं पालूंगा ।

''महमूद'' अज बेहरे खुदा बाज आम्दह अज फित्नगी,
मी-वरगलानंद मरदूमां नामर्द मानेअ मी शवद ।

तरजुमा : ''महमूद'' खुदाकी मददसे फित्नोंसे लौट आया । लोग बहकाते थे, और नामरद रुकावट बनते थे ।

बिस्मिल्ला हिर्रहमा निर्रहीम
अल हम्दु लिल्लाहि रब्बिल आ-लमीन

जियारत टुर (टुर-1)

लाखो दरुदो सलाम उस नबीअे बरहक सल्लल्लाहो अलयहे व सल्लम पर के जीस के सदकेमें मुजे मेरे जददे आला की शान में आपकी सवाने उमरी लीखनेका एक रुहानी गैबी इशारे पर मेने शुरु किया । मनाकिबे ख्वाजा महमूद दरियाइ दुल्हा कुद्दुस सिरहील अजीज व आपके आबा अजदाद व आपके खुल्फा व आपके मुरीदेन मोतकीदैन के हालात कलम बंध करु । इसी इशारेसे में अपनी इस किताब के लीये पहेला प्रोग्राम अंग्रेजी ता.10-01-2008 को बनाके चला जीसमें हजरत ख्वाजा महमूद दरियाइ दुल्हा रहमतुल्लाह अलयहे के इन तमाम बुजुर्गो के हालात व मकामात और मस्जीदे, मद्रसे व आस्ताने (दरगाह) खानकाहे, चिल्ले वगैराह के गांव व शहरो के फोटो व आजके हालात कैसे हे, इसका तफसीली हालात लीखनेका इरादा करके चले । ताके अपनी इस हिन्दी किताब में सामील करलुं और आनेवाले जमाना के लीये एक बेहतर दस्तावेजी मुकम्मील किताब तैयार हो जाये । और आनेवाली नस्ले हमारे खासकर खानकाहे दरियाइया, सोहरवर्दीया, चिश्तिया व कादरीयाह के बुजुर्गो की सवाने हयात से जुडे रहे ।

इस इरादे से में और जनाब पीरजादा हमीदुद्दीन उर्फ प्यारे साहब (अेडवोकेट) जो मेरे चाचा जात भाइ के बेटे है हम दोनों पकका इरादा करके अपनी कींमती वकत राहे-खैर में वकफ करते हुवे चल पडे । और इस नाचीज के काम को अपनी मंजील तक ले जाने के लीये वादा किया । हर वकत हर जगह आने जानेका पकका वादा किया अलहम्दुलिल्लाह ।

हम इस इरादे से आज पहेल हमारे जददे अमजद हुजूर सैयदना शाह हमीदुद्दीन चाहेलदा आरीफबिल्लाह रहेमतो रिदवान के पीरो मुर्शीद हुजुर सैयद शाह सरकार मोहंमद सीराजुद्दीन शाहे आलम महेबुबे बारी रहेमतो रिदवान की बारगाह में हम हाजीर हुवे व आपकी दुआके तलबगार बने फातेहाख्वानी के बाद हुजुर की बारगाहमें गदाअे दरियाइ दुआ का तालीब बना व आपकी बातीनी दुआका साया हंमेशा साथ रहे अेसी उम्मीदे खास इजहार की । मेरी तमन्ना और आरजु हुजुर के वास्ते से पुरी करना या करवाना मेरा हंमेशा मामुल रहा हे, कयुं के अपने बुजुर्गो ने भी और हिन्दुस्तान के सिलसिल-अे जलालीयाह, सोहरवर्दीया के बेशुमार बुजुर्गोने भी हजरत शाहजी के आबाओं अजददा से फैज बख्शी पाइ है और हुजुर की बारगाहमें हमा वकत फैजे खाश अे बातीनी मीलाहे व मीलता रहेगा इन्शाअल्लाह ।

आस्तान-ओ शाहेआलम व मस्जीद खानकाह के फोटो निकाले यहां हमने जोहर की नमाज अदा की बादमें हम हमारे ख्वाजा दरियाइ के सगे दादा हुजुर सैयदना शाह मोहंमद महेबुबे खुदा के पीरो मुर्शीद हुजुर सैयदना सरकार शाह मुहम्मद बुरहानुद्दीन कुत्बे आलम रहमतुल्लाह अलयहे मु. वटवा शरीफ बारगाहमें पहोंचे। हुजुर पुरनुर के आस्तानअे पाक ब फैज बकश कब्रे अनवर के पास हम दोनों हाजीर हुअे फातेहाख्वानी की। उसके बाद हमने यहां के मकामात की तस्वीरे नीकालना भाइ प्यारे साहब ने शुरु कर दीया। इससे पहेले भतीजे जनाब प्यारे साहब के वालीद जनाब मर्हुम मोहम्मदमीयां इब्ने पीर अहमदमीयां के दोस्त के दामाद अपने घर हमे चा-नास्ता के लीये ले गये। यहां हमारे अजीज दोस्त व मुरीद सुन्नी मुजाहीद जनाब हाजी मलीक रसुलमीयां नवादरावाले दरियाइ कादरी हमारी मुलाकात को आये। हम यहांसे सरकार मख्दुम जहांनीया जहांगश्त जलालुद्दीन बुखारी रहमतुल्लाह अलयह (मजारे मुबारक पाकिस्तान उच्च शरीफ) की प्यारी चिल्ला मुबारक हुसैन टेकरी वटवा शरीफ में है। यहां हम पहेली बार गये कुछ वकत दरुदो सलाम पळ्हा और यहां की तस्वीरे ली। यहां से हम शहेर अहमदाबाद के बीच हमारे जद्दे करीम हुजुर सैयदना शाह ख्वाजा शाह मोहंमद महेबुबे खुदा के आस्ताने पर हाजीर हुवे ब मुकाम सारंगपुर हंजर सिनेमा के सामने है जो कालुपुर रेल्वे स्टेशन के उत्तर की जानीब है। यहां हमने मस्जीद व आस्ताने की तस्वीरे निकाली। मस्जीद शाह हम्माद में दो रकात नमाज निफल अदा की। इसी मस्जीद की जगह पर हुजुर सैयदना शाह महमूद महबुबूल्लाह दरियाइ दुल्हा कद्दसीहुल अजीज की खाश पैदाइश की जगह है हमें फख्र है की इस मकान पे आज मस्जीद बनी हुइ है।

यहां हमने असर की नमाज पळ्ही, बादमें हुजुर के आस्ताने में इन गुलामो ने हाजरी दी कुछ देर तक यहां जीक्र कीया। इसी आस्तानेमें तीन मजार हैं।

(1) बडी उंची कब्र हुजुर सैयदना शाह मुहंमद बिन कुत्बे कारंन्टा महेबुबे खुदा खलीफा व मुरीद हुजुर कुत्बे आलम रहमतुल्लाह अलयहे।

(2) बीच में हुजुर सैयदना शाह हम्माद मुफती अे जमाना वलीअे कामील की कब्र मुबारक है।

(3) शाह हम्माद के उस्ताद की है।

इस तरहा हमारा पहेला प्रोग्राम खत्म हुवा।

(दुर-1)

ता.21-02-2008 बरोज जुमेरात को बिरपुर शरीफ से सुब्ह 9-30 बजे बिरपुर जुनागढ बससे अहमदआबाद आये । यहां मेरे साथमें मेरे हकीकी भाइ जनाब पीर मोहंमद युसुफमीयां भी साथमें थे । इस दिन रातमें बाद नमाजे इशां सरखेज नहेरु नगर, नुरे मोहंमदी मस्जीद के करीब जश्ने शहीदे आजम में शीरकत की जो मेरी सदारतमें हुवा । सुब्ह फीर हम ख्वाजा दरियाइ के नाम चले. इसी हिन्दी किताब को हिन्दी में कम्पोर्जीग व हिन्दीभाषा अनुवाद के लीये जनाब मास्टर शेख गुलाम राजीक साहब को फाइल दी और फीर हमारे सफर २ की तरफ रवाना हो गये । जनाब प्यारे साहब जो मेरे प्रोग्राम के फोटोग्राफर है इन्हें अपने मोबाइल से आगाह कर दीया के आप धोलका से नडीआद आ जायें । नडीआद से जनाब प्यारे साहब के बहेनोइ जनाब सैयद रीयाजुद्दीन की मोटर बाइकसे रुहानी सफर कीया । हम पहेले फोटोग्राफी के लीये मु.भालेज, जी.आणंद का रास्ता मालुम करके नीकले मगर शैतानने अपनी ताकत लगा दी । मोटरबाइक में पंचर हो गया दो किलोमीटर दुर पंचर वाला मीला फीर हम वहांसे मुकाम भालेज गये । यहां हमने सैयदना ख्वाजा अब्दुल कवी उर्फ कुल्दरशाह पीर के आस्ताने का पता हमे मालुम नहीं था मगर प्यारे सहाब की अम्मी के जानीब के रीश्तेदार सैयदअली सैयद जो वहां मुस्लिम स्कुलमें टीचर है । उनके घर पे पहोंचे वो घर पे ही मील गये । फीर हम तीनो भालेज के पुराने मोहल्ले के बीचमें हजरत सैयदना अब्दुल कवी दरियाइ रहमतुल्लाह अलयहे के आस्ताना-ए पाक पर पहुंचे । ये हजरत हुजुर सैयदना ख्वाजा दरियाइ के सगे भतीजा हैं और गुजरात के मश्हुर और मारुफ बुजुर्ग हजरत सैयदना शाह वजीउद्दीन गुजराती हुसैनी के दामाद हैं यहां अन करीब असर का वकत था । आस्ताना के खादीम जनाब ठाकोर फरीदमीयां हासममीयां वहां बेठे मीले । मास्टर सैयद साहबने हमारा तआरुफ करवाया । इन्होने हमारी पहेचान समजते ही अदब के साथ खडे हो गये और बहोत खुश हुवे फीर तो लोगो का एक हुजुम हो गया के हम खानदाने दरियाइ के चश्मो चिराग है । में लोगोके बीच हजरत की तवारीख बतानेमें मश्गुल हो गया भाइ प्यारे साहबने अपने अंदाज से फोटोग्राफी का प्रोग्राम पुरा कर लीया । मुजे कहा हमारा काम बन गया करीब शाम के पांच बजने पर थे हमने यहां असरकी नमाज अदा की । जनाब ठाकोर साहबने कहा खाना वगेरह हमारे यहां तआम फरमाये मगर हमे भालेज से पांच मील दुर मु.ओड, जी.आणंद की तस्वीरे लेनेकी जयादा फीक्र थी।

मगर यहां के लोगोने कहा हजरत लोबान का वकत हो चुका हे आप सलाम व दुआ करे । मगर मेरा दील मुतमइन न था मुजे ओड जाने की फीक्र जयादा थी मगर कया मालुम बंदअे हकीर को हजरत सैयदना ख्वाजा अब्दुलकवी दरियाइ की नजरे बातीन ने यकायक मेरे तसव्वुर को बदल डाला । हमने यहां सलामके बाद खुब दुआअे खैर की, ये नेक बंदे की मरजी थी । यहां से हम ओडकी जानीब रवाना हुवे मगर मेरे तसव्वुर मे आया के यहां के आस्ताना ए पाकके नये तामीरी काम के बारेमें मालुमात करलुं । जनाब ठाकोर फरीदमीयां साहेबने कहा नया काम का इशारा मुजे मिला था । अपने पीरो मुर्शीद हजरत सैयद मुफतीअे गुजरात शैखुल-मशाइख पीर कमरुद्दीन बावा दरियाइ, अशरफी मद जिल्लहुलआली की सरपरस्ती में और आपके खास ताउन से ये काम आसान हो गया है । हजरत पीरो मुर्शीद ने इस नये मकबरे की संगे बुनियाद ता.10-02-2007 को आपके हाथो मुबारक से की गइ थीं ।

ये जानकर हमे बहोत खुशी हुइ कयुं के हजरतेवाला मेरे पीरो मुर्शीद के साथ-साथ बडे चाचा जात भाइ व रुहानी रेहबर और पीरभाइ भी है (अलहम्दु लिल्लाह) हजरते शाह अब्दुल कवी का उर्स मुबारक व संदल 9-10 जमादीउल अव्वल के दिनोमें मनाया जाता है । दरगाह शरीफ और मंदीर एक ही दिवारसे हैं मगर यहां के लोग हुजूर के आस्ताने का बहोत ही अेहतेराम करते है । खादीम जनाब ठाकोर फरीदमीयां हजरत कमरुद्दीन बावा के मुरीद व खलीफा है ।

हम वहां से अंधेरा हो उसके पहेले भालेज से ओड गांव हम तीनो रवाना हुवे । करीब ६ बजेसे पहेले ओड गांव पहोंच गये । यहां हजरत सैयद शेख फरीद रहमतुल्लाह अलयहे का मजार है जो बहोत ही उंचा (बुलंद) व शानदार इमारत है । ये हजरत सैयदना ख्वाजा महमूद दरियाइ के सगे खालुं व ससुर है । हम यहां खादीमां दीवान आयेशाबीबी इस्माइलशा से मीले व जनाब खादीम यासीनशा इब्राहीमशा मीले । इन दोनोंने बताया की इस दरगाह शरीफ की हीफाजत के लीये हजरत ख्वाजा दरियाइ सरकार की जानीब से भालेज गांवमें सात बिघा (7) जमीन मीली थी जो अबतक मौजुद है । इसी दरगाह के सहेनमें इदगाह मस्जीद व कब्रस्तान वगेराह है । यहां दरगाह शरीफ के आगे के हिस्सेमें 2002 साल में हुवे कोमी दंगोमें मुसलमान शहीदो की कब्रे है इसी दरगाह को नेस्ता-नाबुद करने के लीये कुफफारोने काफी कोशीश की दरगाह शरीफ में घरेलु गेस के सिलिन्डर रख्खे थे । मगर अल हमदु लिल्लाह ये अल्लाह तआला के प्यारे सैयद शेख फरीद रहमतुल्लाह अलयहे का हे आप

बडे इबादत गुजार वकत के बडे कामील बुजुर्ग थे मगर अल हमदु लिल्लाह कोइ जगह दुश्मनाने इस्लाम नुकशान न पहोंचा शके ।

यहां के मुतवल्ली जनाब पठाण मातबरखान भीकनखान व जनाब सैयद अबरारमीयां ननामीयां वगेरह करते है ये आस्ताना पीर भागोळ दुध की डेरी के सामने हे । मु.पो.ओड जी.आणंद में हे यहां की सारी तस्वीरे निकाल ली हम मजार शरीफ के पास बेठकर फातेहाख्वानी व दुआओ खैर करके जल्दी से भालेज की तरफ आ गये ।

हमने यहां भालेजमें मगरीब की नमाज अदा की यहां पहेले ख्वाजा दरियाइ रहमतुल्लाह अलयहे की खानकाह थी और ये शानदार मस्जीद उस पे बनाइ गइ है । ये अल्लाह वालोकी इससे बडी कया करामात हो सकती है के अपने नेक बंदो की बेठने की जगह को पसंद फरमा कर अपना घर बनवाया है । (अलहम्दुलिल्लाह)

बाद नमाजे मगरीब कुछ लोग व इमाम साहब मुजसे मिले वो लोग मेरी दुआके तलबगार बने और लोगोने कहा हजरत पहेले मालुम होता तो हम आपको इमाम बनाकर नमाजे मगरीब अदा करते । हमने कहा के हम सफर में है अपना काम छुपकर करता हुं । फीर यहां के लोग मस्जीद से बहार ले गये बहार एक सैयद सहाब जनाब सैयद सीकंदरअली अहमदमीयां मेरे पास अदब से आये मेनें उनसे इस हुजरे व तामीर मस्जीद के बारेमें कुछ गुफतगु की उन्होने कहा 1957 में ये चिल्लाह व हुजरा शहीद करके मस्जीद बनाने का फेंसला लीया था । इस मस्जीद बनाने के फेसले में हमने बिरपुर के उस जमाने के पीरजादो से भी मस्वरा कीया था उन्होने कहा मुजे अब भी उन पीरो के नाम याद हे जीनमें पीर महेमुद बावा जो उमरेठमें रहेते थे और पीर अब्दुलरज्जाक बावा लीला अमामा बांधते थे और कही पीरोने भी बननेवाली मस्जीद के लीये अपनी-अपनी दुआओ से नवाजे हमने यहां मस्जीद के अंदर ख्वाजा दरियाइ नाम की लगी हुइ आरस की तकती और मस्जीद के बहार की तस्वीरे ली तमाम लोगो से इजाजत व सलाम दुआ बाद ब मुकाम नडीआद आ गये । यहां हम जनाब प्यारे साहब के बहेनोइ के मकान पे रात ठहेरे आराम कीया ।

सुब्ह फीर ता.24-02-2008 बरोज मंगलवार को नडीआद से मुलेज गांव पहुंचे यहां ख्वाजा दरियाइ रहमतुल्लाह अलयहे का चिल्लह शरीफ हे येह चिल्लह मुबारक की हिफाजत मलेक गुलामरसुल अहेमदमीयां करते है । ये चिल्लेह की जमीन मीरजा बशीरभाइ की है । उस खेतमें जानेके लिये दो नौजवानो ने मदद की (1) मलेक साजीद महमूदमीयां (2) मलेक मोहसीन सादीकहुसैन जगाह बताने के लीये मेरे हमराह आये । ये चिल्लेह की जगाह एक

सीमडी के पेड के नीचे है यहां मुलेज में इस्लामीक नुर अेजयुकेशन केम्पस है। जिसमें दुन्या और इस्लामी इल्म सीखाया जाता है फीर हमारा सफर मुलेज से महुधा की जानीब हुवा। हम महुधा गांव में पहोंचे डाकोर रोड पर एक कब्रस्तानमें गये। हमें उम्मीद थी कोइ मुसलमान भाइ मील जाये मगर काफी देर तक कोइ न मीला फीर एक बुजुर्ग के आस्ताने के पास गये हमने यहां अहेलल कबुर के लीये फातेहा और इसाले सवाब कीया। फीर थोडी देर कब्रस्तानमें बेठे मगर कोइ न मीला। मुजे यहां महुधा में हजरत पीर सैयद शाह मारुफ बीन प्यारुल्लाह बीन शैखुल-इस्लाम ख्वाजा लाड मुहंमद बीन ख्वाजा दरियाइ दुल्हा रहमतुल्लाह अलयहे का मजार का पता लगाना था। हम गांव में गये यहां मेरे अजीज दोस्त पकके-सच्चे सुन्नी मुजाहीद जनाब अब्दुल कादीर गुलाम हुसैन मलीक की तलास करते-करते हम इनके घर पहोंच गये। इन्होने हमारी बहोत अच्छी तरह खीदमत की ये जनाब मेरे 1987 की मुजाहीदाना दोरे जेल के साथी है। उस वकत पुरे खेडा जीलेमें कोमी दंगे होते थे हम नडीआद जेलमें साथ साथ रहेते थे। मेनें उनसे कहा की जनाब में यहां हमारे खानदाने दरियाइ के बुजुर्गवार के मजारे पाक का पता लगाने आया हुं जो मुजे तोहफतुल कारी के हवाले से मीला है। उन्होने कहा की इनका नाम कया है मेनें उपर, लीखे हुअे नामसे बताया उन्होने जवाब दीया मुजे पता नहीं। फीर हम बाजारमें आये यहां भी बहोत से हजरातसे हजरत मारुफ के मजारात के बारेमें कीसीको भी मालुम नहीं के वो कहां आरामा फरमा है, हमने जुना बजार महुधा में ख्वाजा दरियाइ सरकार का चिल्लाह एक पुरानी हवेली की तरह है उपर के हिस्से में मस्जीदे दरियाइ है। नीचे चिल्लाह शरीफ हे व दुकाने हे। इस इमारत का सभी वहीवट जनाब मकसुदमीयां मुस्तुफामीयां करते हे। यहां से हम कस्बा मस्जीद महुधा में पहोंचे। इस मस्जीद को शहीद करके आलीशान मस्जीदकी संगे बुनियाद हजरत पीर सैयद मुफती अल्हाज कमरुद्दीन बावा दरियाइ, कुतबी, अशरफीने की थी। इसी मस्जीद में संगे मरमर की इन्हीके नाम की तकती लगी हुइ हे दरवाजे के करीब दिवाल से लगी हुइ है। अलहम्दुलिल्लाह आज भी खानवादाहे दरियाइया के बुजुर्ग दिने इस्लामकी खिदमत अंजाम दे रहे है।

यहांसे हम फीर ब मुकाम अलीना की जानीब रुख्सत हुवे। इसी गांवमें बिरपुर के बासिन्दे जनाब उस्मानगनी मुहंमदभाइ कारीगर के मकान पर गये वो आराम कर रहे थे हमे देखते ही बहोत ही खुश हो गये और तमाम रिश्तेदारो को जमा कर दीये। फीर उन्होने सबसे कहा के ये हमारे पीर और भान्जे भी है कयुंकी उनकी वालेदाकी मेरी माने पुरी जींदगीभर खीदमत की थी। और ये पीर साब हजरत मदनी बावा की नानी अम्मा सैयदा हजीयाणी अम्मा

जैनबबीबी की भी मेरी माने जींदगीभर खीदमत की थी । उन्होने कहा के मेने सच कहा हे ना ? हमने कहा ये बिल्कुल सच हे । गुफतगु चाहे पानी होने के बाद हम इनके घरसे निकलकर आस्ताना अे पाक हजरत सैयद शाह तैफुर बिन प्यारुल्लाह बिन शैखुल इस्लाम लाड महंमद बिन ख्वाजा दरियाइ दुल्हा रहमतुल्लाह अलयहे के मजारे मुकद्दस पर गये । हमने यहां फातेहा ख्वानी की इस मकबरे में आपका और आपकी जौजा सैयदा मखदुमा चांद बीबी का मजार है अैसा मुकामी लोग कहेते है । मगर (सही में वो तोहफतुल कारी दास्ताना ए दरियाइ के हवाले से पता चलता है की येह मजार सैयदा बीबी हदीया ख्वाजा प्यारुल्लाह अलयहर्रहमा का मजार है । खैर अल्लाह बहेतर जाननेवाला है)

बाजु के रुम से एक चचा आये जीनका नाम खादीम रहीमभाइ कासमभाइ शेख है इनको गनीभाइ बिरपुरवाले हाथ पकडकर बुला के लाये वो बहुत जइफ उम्र थे । आंखो की बिनाइ भी कम हो गइ थी । उनकी उम्र तकरीबन ९६ साल की थी उनको पता चला की बिरपुरके सैयदजादे आये हे तो बहुत खुश हुवे हमे पाकर हम भी बहुत खुश हुवे उनसे मिलकर कयुंके उम्र रसीदा आदमी हमे मिलने आये ये हमारी खीदमत करनेका सोक और जौक करनेका इनमे जजबा था । इन्होने कहा हम आपके तो गुलाम हे हम लोग आपकी दुआओसे फले-फुले है कयुं ये सारा अलीना गांव हुजुर दरियाइ सरकार का ही है । ये आस्ताना के करीब 125 बीगा जमीन में तालाब है यहां पर अबतक ख्वाजा दरियाइ सरकारकी नाम नामे जमीन मौजुद है । मगर वकत की रफतार ने मोड बदल लीया है । अल्लाह रब्बुल आलमीन ही जमीन व आसमान का मालीक है वो जीसे चाहे इसे दे । हमने यहांकी सारी तस्वीरे खींच ली सबसे सलाम दुआ करके इसी गांवमें ख्वाजा दरियाइ सरकारके चिल्लेह की जानीब रवाना हुवे । येह जगह मलेकवाड अलीना में है । हमें देखकर कुछ लोग हमारे इर्द-गीर्द जमा हो गये बहोत सारे बच्चे भी जमा हो गये । जनाब प्यारे साहब वकील ने अपना फोटोग्राफी करनेका काम पुरा कीया इस तरफ औरते थी बहोत जमा हो गइ कयुंकी हम खानवादा अे दरीयाइया के जानशीन हे वो सब ये चाहते थे की हम लोग हर लोगो के घर जाजा के दुआअे खैर करे और कुछ खाना खाअे । चिल्लेह के करीब एक मलकानी बीबी ने कहा आप हजरत मेरे घर चले मगर हमे अपने मिशन की फिक्र थी । चिल्लाह शरीफ से नीचे उतरे तो एक चौराहा (चार रस्ते) के करीब पहोंचे एक बाजु एक कोनेमें एक ओटा था यहां के लोग कहेते थे की ख्वाजा दरियाइ दुल्हाने दरियामें डुबे हुवे जहाज को तिराया था यहां पर पहेले बहोत बडा एक चोरस पथ्थर था । उस ही पर बेठकर सरकारने नमाज और विर्द वजाहीद पढते थे इस वजहसे इस जगाह को चोरसा कहते है । दो नौजवान

आदमी एक चचा को हमारे पास लाये सलाम व दुआ बाद मेनें उनका नाम पुछ इन्होने अपना नाम मलीक शेरुमीयां अकबरमीयां बताया जो करीब 85 या 87 साल के थे वेसा उन्होने ही कहा की मेरी उम्र इतनी होगी और येही गवाही सब लोगोने दी। उन सब लोगोने कहा के सरकारने यहा बेठे ही जहाज तीराया था। यहां पर सरकार ख्वाजा दरियाइ दुल्हा अपनी हयाती जींदगी 12 सालका एक लम्बा वकफा गुजारा था। खल्के मख्लुक व इस्लाम की तब्लीग की थी। फीर वो मलीक सहाब शेरुचाचाने कहा आप मेरे मकान पर चले में ही इन मकामात की खीदमत अंजाम देता हुं और आप मेरे ही महेमान है क्युंके हम सरकार दरियाइ दुल्हा की जमीनो में रहेत है और ये आपका ही इलाका है। उनको इस इसरार मोहब्बत और दर्दमंदाना अपील में ना ठुकरा शका हम दोनो ओर कुछ लोग उनके मकान पर तशरीफ ले गये। ये मकान बहोत पुराना था मेनें मलीक साहबसे कहा ये मकान कितना पुराना है उन्होने कहा मेरे दादाने बनवाया था वाकई बहुत सुकुन व अमन वाला मकान था। उन्होने कहा की बिरपुर के सारे पीरजादे मेरे घर पर ही तशरीफ लाते थे और लाते है जीनमें आप भी सामील है। फीर मेनें कहा अपने दुआओ कलेमात के अंदाज में के रब त्आला इस मकान में रहेनेवालो को आदाबो-सादाब रख्खे। कुछ देरमें च्हा वगेरेह हमने पीया फीर हमने इरादा कीया के अब निकल चले लेकिन मेरे इरादे को मलीक चाचा समज गये। उन्होने कहा के मुजे कुछ याद आया हे वो में आपको बता दुं मेनें कहा ठीक हे तो उन्होने बताया की जो पथ्थर पर बेठकर दरियाइ सरकारने जहाज तीराया था उस पथ्थर पर सरकारके हाथ मुबारक का नकश मौजुद था व पुरे हाथ का नकश थावो मेने और काफी लोगोने देखा था। ये करीब 50 साल पहेले की बात है (अलहम्दुलिल्लाही रब्बिल आलमीन) और ये पथ्थर मुबारक को हमने हमारे मोहल्लेवालोने मीलकर बिरपुर के पीर सहाब जनाब पीर मुहंमदमीयां को दीया था। फीर वो याद करके बोले करीब 70 साल पहेले की बात कहेता हुं ये पथ्थर पीर सैयद बाबा बिरपुर शरीफ ले गये थे। हाय अफसोस सद अफसोस... अफसोस मगर यहां बिरपुर में अैसी कोइ चीज मौजुद नहीं है, बल्की नकीसे इस बसत का चर्चा मेनें सुना नहीं है वल्लाहु त्आला आलमो बिस्सवाब।

हम अपनी दुआओ करके जनाब मलीक सहाब के यहां से जुदा होकर के अपने सफर को खत्म कर दीया जनाब प्यारे साहब धोलका की जानीब हो गये और में डाकोर होते हुवे बिरपुर शरीफ तरफ आ गया। (अलहम्दुलिल्लाह)

(दुर-3)

ता.10-04-2008 बरोज जुमेरात के दिन में अकेला बिरपुर शरीफ पहोंचा । आनेवाले दिनोमें उर्स ख्वाजा दरियाइ दुल्हा रहमतुल्लाह अलयहे शुरु हो चुका था । हमे पहेले इस बा बरकत रश्मे सुफीया अे किराम व तरीकते औलीयाअे किराम व खीदमते सरकार ख्वाजा दरियाइ रहमतुल्लाह अलयहे भी अदा करनी थी । कयुं के आनेवाली जुम्आ ता.18-04-2008 को मस्जीदे जामे दरियाइ की नये बनाअे गये मस्जीद के जमाअतखाना की इफतेदाह होनेवाली थी । उसका अेरिया (क्षेत्रफल) 70-65 है । ये इस्लामी तारीख से 10 रबीउस्सानी 1429 जुम्आ के रोज था ।

इस इफतेदाह में खानकाह के मश्हुर व मारुफ बुजुर्ग हजरत अल्लामा मौलाना अल्हाज मुफती-अे गुजरात शैखुल मशाइख पीर सैयद कमरुद्दीन अे. दरियाइ कारंटवी अशरफी, कादरी, दामत बरकातुल आलीया के दस्ते मुबारकसे हुवा और अपनी नुरानी व इरफानी अन्दाजमें मस्जीद के आदाब तामीर करने के अल्लाह और उसके रसुल के फरमान व हदीसे कुदसी खिताब फरमाया । और कुछ रोशनी अपने जद्दे करीम ख्वाजा दरियाइ सरकार अपने रबसे नमाज व सलात जींदगी हमा वकत रबकी बारगाहमें सजदा व सुजुद कीया करते थे । आपकी इबादत का तरीका लोगो को अपनानें की हिदायत व त्लकीन की । आपके बाद हाजरीने जुम्आ के सामने आखकाह के आलीमे दीन सुफीअे बा सफा हजरत अल्लामा मौलाना अल्हाज अमीनुद्दीन अे दरियाइ रजवी साहब ने भी सामइन से खिताब फरमाया जो बहोत जोशीले व तारीफे कामील बा कमाल था फीर आप हीने खुदबअे जुम्आ अदा फरमाया ।

नमाजे जुम्आ इस जमाअत खानेकी पहेली जमाआत अे जुम्आ हजरत कीब्ला कमरुद्दीन बावा साहबने अदा फरमाइ । नमाजे जुम्आ के बाद हजरतने दर्द मंदाना व आजीजाना अपने रबके हुजुर तमाम आलमे इस्लाम की फला व आफीयत के लिये दुआ अे खैर की । सलातो सलाम जनाब हजरत हाफेज पीर सैयद अब्दुलकादीर जी. दरियाइ अशरफी ने पळ्हा । इस मौके पर तकरीब पांच से सात हजार लोगोने नमाजे जुम्आ अदा करनेमें शीरकत की । उस वकत खानकाह के मशहुर व मारुफ पीराने उजजाम सादाते किराम उलमाअे दीन वगेराह शामील थे । जीनमें कुछ सहेफेहरिस्त है ।

(1) हजरत पीर सैयद जीयाउद्दीन दरियाइ साहब
(2) हजरत पीर सैयद नइमुद्दीन अेफ. दरियाइ (सरपंच साहब)
(3) हजरत पीर सैयद हाजी मजहरअली दरियाइ साहब
(4) हजरत पीर सैयद रसुलमीयां अेच. दरियाइ साहब

(5) हजरत पीर सैयद मोहंमद मदनी अेफ. दरियाइ अशरफी, कादरी, खलीफ-अे हुजूर शैखुल इस्लाम व खलीफ-अे शैखुल मशाइख साहब

(6) जनाब पीरजादा हमीदुद्दीन (उर्फे प्यारेसाहब) दरियाइ (धोळका)

(7) जनाब पीरजादा रियाजुद्दीन जे. दरियाइ, अशरफी, खलीफ-अे शैखुल मशाइख

(8) जनाब पीर पीरजादा मोहंमद युसुफमीयां अेफ. दरियाइ अशरफी खलीफ-अे शैखुल मशाइख

(9) जनाब पीरजादा जमालुद्दीन वाय. दरियाइ

(10) जनाब पीरजादा अेझाजुद्दीन जे. दरियाइ अशरफी (टीचर)

और कइ नामी हस्तीयां मौजुद थी।

ता.21-04-2008 को सुब्ह अपने खास मकसद हांसील करने के लीये मे और जनाब प्यारे सहाब अपनी किताब मनाकिबे ख्वाजा दरियाइ दुल्हा की कळी मीलाने मोटर बाइकसे मु.पांडरवाडा जी.पंचमहाल की जानीब रवाना हुवे। यहां खलीफ-अे हुजुर ख्वाजा दरियाइ सैयदअली मोहंमद रहमतुल्लाह अलयहे दरियाइ साहबने आपको शहादत अता फरमाइ। आस्तान-अे मुबारक के पास पहोंचे दरगाह शरीफ में फातेहा ख्वानी करके हमने यहां जायजा लीया यहां के हालात मालुम कीये। यहां पर एक सहाब गोस्त की दुकान चला रहे है। उन्होने कहा की 2002 के कोमी दंगोमें आस्तानाअे मुबारक को ढांह देनेकी भरपुर कोशीश की थी जो हमने हमारी आंखोसे इस आस्ताने के अंदर गेस के बोतल जलाये थे वो तकरीबन 6 या 7 थे अैसा मुकामी शख्सने बताया था। हमने देखा गुस्ताखे इस्लाम ने दो खंभे तोडे थे कुछ दिवालोमें जलानेकी सियाइ मौजुद थी। अलहम्दुलिल्लाह इन वलीअे कामील की उस दिनो की रातमें बा कमाल गैबी अवाज आपकी कब्रे अनवर के पाससे आती थी इस वजहसे दुश्मनाने इस्लाम अपनी कोशीसो में नाकामीयाब रहे। हमने यहां की सारी तस्वीरे निकाल ली। यहां के खादीम दिवान याकुबशा व रफीकशा इस आस्ताने की और करीब 10 बिगा जमीन की खिदमत के तौर पर आमदानी हांसील करते है। हमने कहा अब यहां का माहोल कैसा है इनकी दुआ है अब यहां कीसी किस्म का खौफ व डर नहीं। यहां एक मस्जीद को भी शहीद कीया था, करीबन 40 से 50 मर्द, औरते और बच्चे भी उस वकत शहीद हुअे थे लेकीन यहां अब सारे मकान, दुकान व मस्जीद नये तरीकेसे बन चुकी है। मगर अफसोस है की 60 या 70 घरो के अंदर से मस्जीद में मुजे चार नमाजी भी ना मील शके। तौबा-तौबा-तौबा अल्लाह हमे अपने गजब व जलाल से बचाये आमीन।

अब हम यहांसे मु.लंभो, तेहसील लुणावाडा, जी.पंचमहाल जो बिरपुर शरीफ से करीब 40 की.मी. के फासले पर है यहां पर बिरपुर शरीफके मश्हुर व मारुफ खानदाने मलीक के फरजंदागान रहेते थे । ये लोगो के आबा व अजदाद को हुजुर सैयदना ख्वाजा दरियाइ सरकार की जानीब से पुरा लंभो गांव तबलीगे इस्लाम के लीये दीया गया था । जीसमें आज इनके पास करीब 300 बीगा जमीन है ।

ये लोग मेरे करीबी रिश्तेदार है ये अेरिया राजस्थान की बोर्डर से लगा हुवा है जो जंगलका इलाका है । यहां पर हुजुर सैयदना ख्वाजा दरियाइ दुल्हा रहेमतो रिदवान के खलीफा अे खास हजरत सैयदना पीर शाह जहांगीर रहमतुल्लाह अलयहे की इबादत करने की जगह चिल्लाह मुबारक है येह जगह बहुत दुर चल कर तालाब व पहाडीयो से होते हुवे पैरमें सख्त कांटे खानेके बा वजुद हम वहां पहोंच गये । कुछ देर यहां बेठकर जीक्रो अजकार किया तस्वीरे खींच कर हम वहांसे हमारे रिशतेदारो के घर पर यानीकी,

(1) जनाब मलीक रसुलमीयां (2) जनाब मलीक कालुमीयां (3) जनाब मलीक फतेहमुहंमद ये तीनो सगे भाइ है । इन्होने हमारे लीये च्हा-नास्तेका इन्तेजाम किया के आप लोग आज ठहेर जाये । मेनें यहांसे मु.मेघरेज जी.साबरकांठा गुजरात जानेका पकका इरादा बना लीया था । जो लंभोसे 20 कीमी. दुरी पर था मेनें प्यारेसहाब को कहा हम यहां से मेघरेज जायेगें । उन्होने कहाकी बहोत जंगल हे मेनें कहा कोइ फीक्र की बात नहीं हम जहां जा रहे है वो जगाह सरकारे वाला ख्वाजा दरियाइ सरकारके बडे चहिते खलीफा है वे बा कलाम वलीअे कामील बुजुर्ग है । फीर उन्में हिंमत आगइ हम घनघोर जंगलोमें होते हुवे मेघरेज पहोंच ही गयें । वहां में एक -दो बार पहेले जा चुका था मगर अब हजरत के मजार व कब्रस्तान तक बस्ती आ गइ है । मालुमात करते-करते हम उनके रोजाअे मुबारक पर पहुंच गये ये आस्ताना हजरत पीर सैयद शाह जहांगीर रहमतुल्लाह अलयहे का है । हमने यहां कुछ देर बेठकर फातेहाख्वानी व दरुदो सलाम पळहा जो हमारा दस्तुर है । फोटोग्राफी होनेके बाद हम मेघरेज गांव में गये यहां पर करीब 4 से 5 मस्जीदे है । अैसा एक मुसलमान भाइने बताया । अब हम यहांसे सफर की दुसरी तरफ रुख कर लीया हमें कारंटा मुकद्दसा जाना था । हम तहेकीकात करते व रास्ते की जानकारी हांसील करके घनघोर जंगलोसे गुजरते हुवे कारंटा शरीफ पहोंच गये । यहां हम सबसे पहेले खानवादाअे दरियाइया के वली अहद व हमारे पीरो मुर्शीद और मेरे बडे अब्बाके बडे बेटे हजरत पीर सैयद कमरुद्दीन बावा दरियाइ अशरफी की खानकाहे दरियाइ, कुत्बीया अशरफीया पे पहोंचे । हमने यहां दोपहर का खाना खाया

फीर हम यहांसे आस्तानाअे आलीया कुत्बे रब्बानी की जामा मस्जीदमें नमाजे जोहर अदा की । उसके बाद सरकार हुजुर सैयदना शाह कुत्बे रब्बानी महेबुबे यजदानी अमीर मस्उद शिब्ली अे जमानी गौषे झमां कुत्बुल हिन्द शाह महमूद महेबुबे रब शोहरवर्दी कादरी जुनैदी की बारगाहमें निहायत ही अदबो अेहतेराम के साथ आजीजाना अपने आपको हकीर मिस्कीन व गदा का सबुत देते हुवे बंदा हाजीर हुआ । फातेहा ख्वानी शजरा शरीफ पढनेके बाद हुजुर की बातीनी दुआका बंदा तलबगार बना । में अैसा महेसुस कर रहा था की मेरी आवाज को कोइ सुन रहा है, अैसा महेसुस कयुं ना हो ये बारगाहे फैज बख्श है ।

अब हम यहां से दोपहर की गरम तपीश में जनाब प्यारे साहब और एक शेरखान नामी शख्स को साथमें लीया हुजुरे मख्दुमे कारंटाकी निराली जलालत से लबरेज रुहानी इल्म हांसील करनेकी प्यारी चिल्लाह गाह की और चल पडे । ये जगाह कारंटा शरीफ की मगरीब की जानीब भादर नदीके बीचो बीच है यहां दोनो और पहाडीया है और घनघोर जंगल है । इस नदीका पुरा पानी धोध में बनकर बहेता है और गीरता है । **इसी पानी की गहेराइमें जाकर कुत्बे जमाना अपने रबकी इबादात करते थे । यहां पर ही हुजुर पीरे लासानी सैयदना शाह मख्दुम जलालुद्दीन जहांनीया जहांगश्त सोहरवर्दी बुखारी रहमतुल्लाह अलयहे से मुलाकात हुइ थी और इन दोनो बुजुर्गो की अपने-अपने जलाल व विलायत की निशानी आजभी मौजुद है । इन दोनो बुजुर्गो के बगलगीर होनेकी वजह से अपने-अपने पैरो के निशान पथ्थरो पे आज भी महेफुज है अलहम्दुलिल्लाह ।**

हम यहां कुछ देर खुब नहाये (गुस्ल) और फोटोग्राफी करके रास्तेमें कारंटा मुकद्दसा की पुरानी इदगाह मस्जीद की तस्वीरे ली हमें और गर्मी मेहसुस हो रही थी कयुंके रास्ता बडा कठीन और उतार-चढाव वाला था और गर्मी भी सख्त हो रही थी ।

हम यहां से कारंटा शरीफ बहार कुत्बे जमाना अे ससूर हुजुर सैयदना शाह जैनुल आबेदीन फरीदी रहमतुल्लाह अलयहे की दरगाह शरीफमें पहुंचे । रश्म के मुताबीक फातेहा शरीफ पळहा । इसी जगाहमे यहांके लोग मदफन होते है । हमने दुआ अे मगफीरत के बाद फोटोग्राफी कर ली । अब यहां से करीब शाम के 5-00 बजे बिरपुर शरीफ असर की जानीब निकले । बिरपुर शरीफ असर की नमाज मस्जीदे दरियाइ में अदा की यहां हमारा सफर खत्म हुवा ।

ता.2-5-2008 के दिन में और पीर प्यारेसाहब बिरपुर शरीफ जानेके लिये सुब्ह 4-30 वकत अहमदाबादसे रवाना हुवे । मुजे मुंबइ से पुरे बदनमें

सख्त अेलर्जी होनेके बावजुद में रुहानी और जद्देआला के मिशनको आगे बढाने की कोशीश में हर तकलीफ को सहन करके तैयार था बडी मुश्किल पेश आ रही थी । हमें इन दौरान चार-चार बसे बदलते हुअे बालासिनोर पहोंचे । हम यहां पहोंचे तो जनाब वकील साहेबने कहा चाचा बिरपुर शरीफ जानेके बाद यहां आना मुजे ठीक नहीं लगता कयुंकी बिरपुर शरीफ हम अगर जाअेंगे तो हमारा प्रोग्राम बदल शकता है लिहाजा हम यहां बालासिनोर के आस्ताना अे ख्वाजा सैयदना शाह हुजुर अब्दुलरजजाक जाफरी जैनबी के आस्तानेके फोटोग्राफी कर ले हम यहां से अेस.टी. स्टेशन के बहार आये । हमने एक रिक्षावाले से कहा हमें तलाव दरवाजा जाना है । रिक्षावाला इस्लामी भाइ था हमने रिक्षामें बेठने के बाद उनसे कहा हम ये मजार के फोटोग्राफी करनेके लिये अहमदआबाद से आये है और हमें जल्द ही वापस वीरपुर शरीफ जाना है लिहाजा थोडी देर आप रुके तो बेहतर है उन्होने कहा ठीक हे हजरत में जरुर रुकुंगा । हम ये जगा पर जो तालाब के किनारे ये हुजुर सैयदना शाह अब्दुलरझझाक जाफरी जैनबी फाजीले मदीना रहमतुल्लाह अलयहे (दामाद) व शहेजादीअे ख्वाजा दरियाइ दुल्हा हजरत सैयदा तैयबाह ताहेरा बीबी साहेबे जमाल अलयहीर्रहमा का मजार है । जनाब प्यारेसाहब ने अच्छे अंदाज में सारी तस्वीरे निकाल ली इसी तालाब के बडे किनारे पर खजुरी मस्जीद हे इसी मस्जीदमें मेरे सगे दादा हजरत पीर सैयद मौलाना शहाबुद्दीन दरियाइ सोहरवर्दी रहमतो रिदवान ने 35 साल बगेर हदिये के इमामत का फरिजा अन्जाम दिया था और बडे दिलसे दीने इस्लाम की खिदमत की थी सुब्हानल्लाह । आप काश्तकार (खेडुत) व आप बिरपुर बालासिनोर की नवाबीयत जो खत लाने ले जानेका फरीजा अन्जाम देते थे । हम यहां से जनाब आदमभाइ जनोडीया की दुकान पर आये उन्होने च्हा-पानी पीलाया था । कयुंकी हमे बिरपुर शरीफ जल्दी पहोंचना था । इसी मस्जीदमें हमारे बडे भाइ हजरत पीर सैयद कमरुद्दीन बावा साहेबने भी कुछ साल इमामतका फेरीजा अंजाम दिया था ।

ता.22-11-2008 जिल्कद चांद 23 के दिन सुब्ह 6-00 बजे अहमदआबाद से में और जनाब प्यारेसाहब मु.मोडासा के लिये रवाना हुअे । सुब्हामें ठंडी बहुत जयादा थी मगर हजरत जद्दे आला मेरे पीदरी ख्वाजा महमूद दरियाइ की इबादतगाहे (चिल्ले) की जियारत और फोटोग्राफी हमारे लीये बडा काम है । हम मोडासा सुब्ह 6-00 बजे पहोंच गये हमारे पास ट्रावेल्स का सामान के बेग जयादा थे और हमें फ्रेश भी होना था (गुस्ल) मेरे अजीज दोस्त जनाब अब्दुल रहीम अब्दुल कादर घांची के मकान पर पहोंच गये । उन्होने हमारी बहोत इजजत की और हमने हमारा आनेका जो प्रोग्राम था वो बताया तो बहुत

खुश हो गये । फ्रेश होनेके बाद च्हा-नास्ता कीया फिर हम फोटोग्राफी विडीयो के लीये मोडासा, जी.साबरकांठा के सरकार ख्वाजा दरियाइ दुल्हा के चिल्ले मुबारक के पास पहोंच गये जो महोल्ले कस्बा में कुरेशवाड में है ये चिल्ला शरीफ काफी पुराना है । जगा बहुत अच्छी है मगर यहां हलाल जानवरो की मार्केट होने की वजह बडी गंदकी थी यहां से हम बजार कस्बेमें आये जनाब प्यारे साहबने फोटोग्राफी कर ली थी । कस्बा बाजार में बडी शानदार मस्जीद है जो करीब 60-70 लाख खर्च करके बनाइ गइ है । इसी मस्जीदमें इमामत का फरीजा हमारे मामु जनाब पीर सैयद फजलीमीयां पीरुमीयां दरियाइ कादरी तकरीबन 40 सालसे इस मस्जीदमें बडे इमाम की हेशीयत से है खिदमते इस्लाम अदा करते है । हम यहां से इनके घर गये यहां हमने उनके बहोत इसरार पर च्हा-नास्ता किया बादमें हम दरियाइ फार्म गये । इनके नामसे आज भी खेत है यहां पर मकान बन गये है । जीसे दरियाइ सोसायटी के नामसे आबाद कीया है इसमें तमाम मुस्लीम लोग के मकान है यहां पर वाव, कुआ के किनारे पर दरियाइ साहब का चिल्ला हे हमें यहां एक मलीक साब मीले जो इस चिल्ले की देखभाल रखते है । यहां की सारी फोटोग्राफी कर ली फिर हम यहां से जनाब प्यारे साहब के दोस्त के वहां इनके घर गये उन्होने हमारा खाना पीना तैयार करवा दिया था । मगर हमें खान से जयादा अगले पडाव की तरफ यानी मुकाम बायड जी.साबरकांठा की जानीब जाना था हमारे पुरे प्रोग्राम में जनाब अब्दुल करीम खालकने साथ दिया । हम मोडासा से बायड बस स्टेशन से गांव बायड में आये यहां हुजुर सैयदना ख्वाजा दरियाइ के मुरीद व खलीफा हजरत महमूद व हजरत सीदी रहमतो रीदवान के मजारात हे आस्ताने की जामा मस्जीद हे यहां पहोंचे तो मस्जीद व दरगाह के दरवाजे को ताला लगा हुआ था । मस्जीदके खादीम साहेब को बुलाया जो खलिफा थे (हजाम) कच्छ के रहनेवाले थे वो आये इन्होने हमारा नाम ढाम का पता चला तो वो भागकर आये मस्जीद और दरगाह के ताले खोल दिये । हमने यहां के दोनो मजारात की जियारत की और फातीहा शरीफ पळहा इसाले दुआ के बाद मस्जीद दरगाह शरीफ और मद्रसे की तस्वीरे निकाली यहां जनाबभाइ वकील साहेबने कहा हमारा काम खत्म हो गया । हम बायड से बिरपुर शरीफ से शाम 5-30 बजे आ गये हमने यहा हमारे मकान पर आराम किया । फीर हम हमारे फोटोग्राफर जनाब प्यारेसाहेबने कहा चलो आस्ताना ए दरियाइ की जानीब की तरफ चले इन्होने कहा तुम बहोत धुन लेकर निकलते हो । हमने कहा आज का काम आज ही हो जाअे वो बेहतर है कयुंकी हमारी ये महेनत सो-दोसो साल बाद रंग लायेगी और इसका फल मिलेगा । हम जब दरगाह शरीफ पहोंचे फोटोग्राफी

कर रहे थे कुछ लोगोने ताना सुनाया के ये फोटोग्राफी करके कीतने पैसे इकठठा करोगे । हमने कहा आपकी नजर हमारे काममें और जयादा मुफीद हे कयुं की मेरा जहेन इन की दुनिया तलब करने की सोच से दुर हे और ये इन की छोटी सोच है । आंख व जहेन की पैदाइश नजर बोल रही थी मगर मेरा दिल, मेरी आंख, मेरा जहेन मेरे हाथ और पेर और मेरे सब रोज हुजुर जददे आला की खिदमते खल्क को नये अंदाज नये हुलिये में पकके इरादे के साथ रुहानी तौर पर ले जानेका मन्सुबा बना चुका हुं जल्द ही पुरा करुंगा इन्शाअल्लाह ।

ता.11-11-2009 बरोज बुध जिल्कद चांद 23 हि.स.1430 सुब्ह नमाज बाद मेरे दोस्त जनाब सैयद इमदाद हुसैन ठासरावाले हाल मरव्दुम नगर वटवा शरीफ के बेटे जनाब राजु सैयद सहाब इनके चचा जनाब सैयद नजीरअली ठासरावाले (अेस.अे.आइ) की मारुती कार बडी दीली मोहब्बत के साथ मेरे गरीबखाना अताअे शाहजी 2-अम्मार टेनामेन्ट विशाल सर्कल जुहापुरा, अहमदाबाद आ गये ।

हम बहोत खुश थे कयुंके तकरीबन 1 साल बाद फीर ये प्रोग्राम आगे बळहा । जनाब पीर सैयद हमीदुद्दीन उर्फे प्यारे सहाब इनका डीजीटल केमेरा और दो दिनके सफर का सामान पुरी तरहा तैयार होकर आ गये । हम रवाना हुअे शहेर नडीआद के करीब मु.पलाना गांव में मालुमात करते हुअे गांव के अंदर ठीक वहीं पहुंचे जहां हजरत ख्वाजा दरियाइ सरकार के चिल्ले मुबारक के करीब ही पहुंच गये थे । हमे यहां रशीद भाइ नामके शख्स मीले इन्होने चिल्ले मुबारककी जगाह बता दी । लोगो को मालुम हुवा के बीरपुर शरीफ से ये लोग आये हुवे हे यहां के कुछ लोग मीलने आ गये । जनाब वकील सहाबने सारी तस्वीरे ले ली और कुछ लोग आये जनाब अहेमदखान, नासीरखान, रहीमखान वगेरह नामी लोग थे इन्होने चा-नास्ते के लीये बहोत इशरार कीया मगर हमारी मरजी न थी कयुं के हमे आगे जाना था । लेकीन यहां की मस्जीद के इमाम साहब आ गये जो खंभात के रहेनेवाले थे बात चलती रही उन्होने कहा चिल्ले मुबारक की जगह के लीये कोर्ट से केस लडकर जमीन वापस ली है और नये सीरेसे चिल्ले को बना रहे है । यहां से हम रोड को चीरते हुअे बडी रफतार से बडोदा शहेर की तरफ मुकाम छाणी वांव में पहुंचे यहां का इलाका पीर फळीया (पीर का मोहल्ला) में आगये मेरी यहां 15 साल पहेले की मुलाकात ताजी हो गइ कयुंकी चिल्ला मुबारक में की तामीर के लीये 15 साल पहेले संगे बुनीयाद के लीये गया था तब में बडौदा तांदलजा तालवळी में ही रहेता था । यहां मेने दरियाइ ट्रावेल्स के नामसे 3-मेरीलेन्ड कोम्पलेक्ष जुना पादरा रोड पर ओफीस थी तब यहां आया था । यहां लोगो ने चिल्ला मुबारक में कब्र बनाइ थी मेने कहा

ये शरीयतन गलत है उसे तोड डालो मगर कुछ लोग तैयार न हुवे मेनें बहुत दीनी इस्लामी मसाइल से इन्हे समजायां कुछ लोगोने गोर कीया के हुजुर आपकी बात पर गौर करेंगे । अलहम्दुलिल्लाह 15 साल बाद वापस यहां आया कब्र वगेरह कुछ नहीं बल्के नमाज पढने के लीये जानमाज-मुसल्लाह वगेरह बीछाया हुवा था मेरी बात समजमें आ गइ कब्र तोड डाली है । में बहोत खुश हुवा के दीने-इस्लाम की सच्ची-पक्की बात माननेवालो को मेरा सलाम । यहां चिल्ले के सामने जनाब घांची आबेदाबेन जमालभाइ खडी हुइ थी जो हमें देख रही थी उन्हे कीसीने कहा हम सरकार दरियाइ दुल्हा की औलाद से है हमारी निस्बतकी वजहसे चा-पानी ले के आ गइ हमने कुबुल कीया यहां के कुछ लोग मीलने आ गये । हमने इस चिल्ले मुबारकमें बेठकर दरुदो फातेहा पळहा खुब दुआ की बस्तीके लीये लोगोने हमे कहा की खाना खाके जाओ मगर हमें आगे जना था इस सर्दीके मोसममें तकरीबन आधे इन्डीयामें हवा बारीश थी अंधेरा हो जानेकी फीक्र थी । वापस वोही आबेदाबेन पानी लेके आइ हमने पानी पीआ यहां बीस-बाइस मुसलमानो के मकान है इस चिल्ले मुबारक पर यहां हिन्दु-मुसलमान मन्नते करते है । यहां से हम सावली (शाहवली) मकाम आसोज गांव में दाखील हुवे यहां हमारे पीर और भाइ जनाब मुफती कमरुद्दीन बावा साहबने मस्जीद तामीर करवाइ है मस्जीद की तस्वीरे ली । आज सुब्हसे ही हम हजरत कमरुद्दीनबावा से एक -दुसरे के मोबाइलसे बात करते हुवे यहां के पुरे मकामो की चर्चा करते और मालुमात करते आगे बढते थे । यहां से हम मंजुसर गांव में गये यहां भी हजरत कमरुद्दीनबावा ने मस्जीद बनवाने में काफी मदद करी है । यहां के फोटो लीये हम बहार आये हमने जनाब सैयद शब्बीरअली पालेजवाले बापुको मालुमात के लीये बुलवाया और वो फौरन आ गये । हम मस्जीद के बहार खडे थे सामने दुकान के.जी.अेन. वालोने हमे बुलाये उन्होने चा-नास्ता अपनी महोब्बतसे कराया । सलाम-दुआ करके यहां से आगे टुंडाव गांव में जानेके लीये रवाना हुअे । टुंडाव गांव चिल्ला मुबारक की जगह पुछते पुछते यहां आ गये जनाब वकील साहबने अपना फोटो लेनेका काम पुरा कर लीया । यहां गांव में दगराह शरीफ और टावर हमे बहोत पसंद आया कयुंके एक छोटेसे कस्बेमें दरगाह शरीफ और टावर अपनी इस्लामी छाप को बुलंद करता है । जीन लोगोने ये काम कीया हे वो बहोत काबीले तारीफ है चिल्ला मुबारक की जगह खुल्ली हे वो बजारमें है यहां टुंडाव में हमारे सगे खाला ससुर जनाब हाजी सैयद सैयदअली साहबके घर का पता पुछ रहे थे के एक हिन्दु नोजवान ने कहा मेरे साथ चलो में आपको घर का पता बताता हुं । हम इनके पीछे अपनी गाडी लेकर उन्के घर पहुंच गये । काफी बारीस होनेसे हम भीग गये

थे यहां हमने चा-नास्ता कीया फीर दिन के 12-00 बजे मु.लसुन्द्रा ता.सावली, जी.बडोदा गांवमें आ गये । ये मुख्य सडक से 2 कीमी अंदर है यहां भी हजरत पीर कमरुद्दीनबावाने मस्जीदे दरियाइ तामीर करवाइ है । हजरत के मुरीद अब्दुलभाइ वहोरा को हमने बुलवाये मगर वो घर पे नहीं थे अपने खेतमें थे यहां की हमने तस्वीरे ले ली यहां से हम मु.सावली के लीये हम रवाना हुअे तालाब के किनारे हजरत ख्वाजा महमूद दरियाइ साहब का चिल्ला मुबारक है । यहां की हमने तस्वीरे ली हमें एक साइकल लेके जानेवाले भाइ मीले जीनका नाम खलीफा अब्दुलरझझाकभाइ था वो हमे बीरपुर शरीफ के जानकर बहोत अेहतराम से मीले बाअदब उन्होने हमसे कहा हर साल उर्स दरियाइ यहां चिल्ले मुबारक पर मनाते है और 11 देग दुध की नियाज बनवाते है । अब हम यहांसे मु.करचीया ता.सावली जी.बडोदा में आये यहां मस्जीदे करचीया में ही ख्वाजा दरियाइ साहब का चिल्ला मुबाक वुजु खाने के करीब में ही है ।

ये मस्जीद के इफतेदाह हजरत शैखुल इस्लाम सैयद मोहंमद मदनीबावा अशरफी, चिश्ती, कादरी मद्दजील्लहु आलीके हाथो से हुइ है । मुजे इन्ही से ही अशरफी, चिश्ती, कादरी सिलसिलोसे खिलाफत हांसील है जो आप हजरतने अपने अहमदआबाद मदनी मस्कन मदनी चोक मीरजापुर में अपने दस्ते मुबारकसे खुद ही खिलाफतनामा तेहरीर कर दीया था । अलहम्दुलिल्लाह यहां की हमने तस्वीरे ली । अब हमारा अगला सफर मु.हालोल, जी.पंचमहाल के पास मधवास गांव में मेइन हाइवे रोड पे आदीत्य बिरला कंपनी तलाश करते यहां वाया जरोद रोड से आ गये ये रोड अब ४ लेन का हो गया है जो बरोडा गोल्डन चार रास्ते से उदयपुर, राजस्थान वाया हालोल, गोधरा, लुणावाडा, लीमडीया (चार रस्ता) मोडासा शामळाजी जाता है । हम कंपनी के गेट के पास गये अंदर जानेके लीये दरवाजा के पास गये और सीकयुरीटी से कहा हम अंदर जा सकते है । मगर तस्वीरे नहीं ले सकते है, मेने कहा भाइ देखो हमारा ओर कोइ बुरा इरादा नहीं । हम हजरत दरीयाइ सरकारके चिल्ला मुबारक पे हमे जाना है जो कंपनी के अंदर ही है । हम दरियाइ सरकार की एक हिन्दी किताब छाप रहे हे इसी लीये तस्वीर लेने आये है । उसने कहा ठीक हे आप हमारी ओफीसमें बेठे सहाब से अंदर कंपनीमें फोन कीया फीर उसने हमसे मुखातीब हो के कहा हमारे साहब १० मीनीट में आ जायेंगे । वे कहेंगे तो हम आपको तस्वीरे लेने देंगे कुछ वकत में वो शख्स आये उन्होने हमे सलाम कीया हमने जवाब दीया इनका नाम हाजी शब्बीरभाइ था हमारी सारी बाते जान ली और उन्होने कहा ठीक हे आप चलीये हमारा मकसद जाननेके बाद वो बहुत खुश हुवे ।

हमे दरियाइ साहब की औलाद जानकर बहोत रीसपेकट कीया उन्होने कहा जीस तरह करना हो इस तरह करे वो बडे खुश हो गे मुजे काम है में फेकटरी में जरा हुं । बडा आलीशान बाग बनाया गया है बाग के बीचमें ही हजरत दरियाइ साहब का चिल्ला मुबारक है जो बडा खुबसुरत बनाया गया है ।

नमाज पळहनेका दील हो गया मगर साथमेंआये हुवे सीकयोरीटी वालने कहा आप जल्दी करना जनाब वकील साहबने सारी तस्वीरे खींच ली यहां हुजुर का नाम भी लीख्खा हुवा है की हजरत ख्वाजा महमूद दरियाइ का चिल्ला इस चिल्लें एक बुजुर्ग की मजार है । मगर कीसीने उसका नाम ना बताया खैर अल्लाह बहेतर जानता है हमारा काम पुरा हो गया दुर फेकटरी पास दो साहब लोग हमारी मुवमेन्ट को देख रहे थे वो कुछ बोले नहीं हाथसे इशारा कीया हम चचा-भतीजा इनके पास गये । मेने पुछा आप कोन है । उन्होने कहा में फेकटरी का मेनेजर हुं मेने गुजराती में बात की मगर वो गुजराती जानते नहीं थे फीर हमने हीन्दी में बात करना शुरु कीया । उसने कहा में साउथ इन्डीयन हुं उसने कहा आप किस लीये आये थे । हमने उपरकी सारी बात बतादी उसने कहा वेरी गुड-वेरी गुड हंस कर चला गया । लेकीन यहांकी एक बडी करामत लीखुं तो बहेतर है । ये फेकटरी ने जमीन ली तब इस चिल्ला मुबारक को तोडकर रास्ता बना दीया था कंपनी शुरु होने के वकत पुरी मशीनरी बीगड गइ वापस दोबारा सारी मरंमत की फीर भी सारी मशीनरी बिगड गइ मेनेजर ने कहा ये कया मंजर है समज में नहीं आता । उसे पता चला यहांकीसी बुजुर्ग की जगाह हे फीर इन्होने वो जगाह को अेहतेराम के साथ तामीर करवा दीया और गेट व रास्ता चेन्ज करवा दीया था । फीर इसके बाद फेकटरी सही तरह से चालु हो गइ जो अब तक चल रही है । ये चिल्ले मुबारक पर फेकटरी के जानीब से रोज सुब्ह-शाम चिराग दान हो रहा है । कंपनी में मुसलमान सभी कारीगर यहां जोहर-असरकी नमाज यहां अदा कर रहे है ।

ये एक अल्लाह के नेक बंदे हजरत ख्वाजा दरियाइ साहब की जीन्दा करामत है अलहम्दुलिल्लाह ।

हम बहार आये तमाम लोगोने हमारा रीस्पेकट कीया और हमने सबको थेंन्कयु कहा हमने मुन्नाभाइ सैयद को कहा चलो करीब 3 बज गये है बहोत भुख लगी है । इसी रास्तेमें हाइवे इस्लामी होटेल में खाया जाअे भाग्योदय होटल नामकी थी खाना बडा लजीज था और भुख भी बडी जोरोसे लगी थी ।

हम वहां से मु.डेरोल, पान्डुमेवास होकर अगर चिल्ले मुबारक डेसर गांव पहुंच रास्ते इतने सकडे और खड्डे-कड्डे वाले थे और घना जंगल भी था । गाडी रोड को लग जाती थी ड्रायवर सैयद साहबने कहा कुछ हो गया तो गाडी

यहीं रुक जायेगी । मेने कहा हम रुहानी ताकात से मजबुत हे इसी लीये हमारा दिल और दिमाग सुकुन इख्तेयार करे हुवे था । अल्लाह हमारी जरुर मदद करेगा हम आगे बढेंगे करीब 4-15 के आस-पास मु.डेसर, ता.सावली, जी.बडोदा में पहुंच गये ।

एक दुकानवाले साहबसे कहा दरियाइ साहब का चिल्ला मुबारक कहां है उन्होने कहा आगे पोलीस स्टेशन है उसी के सामने है उन्के जवाब देते ही मेरी नजर उस दुकान के बोर्ड पे पडी दुकान का नाम दरियाइ स्टोर लीखा हुवा था जो डेसर के मेइन बजारमें है । छोटे-छोटे रास्ते पार करके चिल्ला मुबारक और मंदीर की दिवारे पास-पास ही है । अलहम्दुलिल्लाह चिल्ले की जगह पर ही मद्रस-ऐ गुलशने दरियाइ व मस्जीद भी बनी हुइ है । मेरा दील तो बागबां हो गया मेने आगे लिख्खा हे तकरीबन तीन चार चिल्ला की जगाहो पर आज मस्जीदे बनी हुइ है । ये अल्लाह रब्बुल आलमीन के नेक बंदे ख्वाजा महमूद महेबुबुल्लाह दरियाइ, सरकारका कित्ना बडी फैजान है । इसका आप अंदाजा लगाऐ कयुं मद्रसा और मस्जीद एक साथ होना ये दिने इस्लाम की एक मजबुत अमल करनेकी दावत पेश करता है । यहां बडा शानदार मद्रसा बना हुवा हे जनाब वकील साहबने सारी तस्वीरे लेली दुसरी जानीब घर घोर बादल छाऐ हुवे थे और तेज बारीस शुरु हो चुकी थी । हम पुरी तरह भीग चुके थे ये मंजर यानी बारीश होना बगेर सीजन की बारीश थी । कोइ साहब पानी लेके आ गये । हमें जरुरत न थी मगर फीर भी हमने पानी पी लीया कयुंके उसका दिल रखना था और नेकीओसे उसकी रुह को ताजगी बक्षनी थी । अब हम यहांसे टींबा होते हुवे सेवालीया आ गये खेडा जील्ले के इन जगह जाना था जहां ख्वाजा सरकारने अपनी हयाती जींदगी के कइ-कइ सालो और दिन गुजारे हे इनमे से मशहुर गांव मु.जरगाल, ता.ठासरा है ।

रास्तेमें पहेले मु.मेनपुरा पहुंचे यहां आपका चिल्ला मुबारक बालासिनोर सेवालीया मेइन हाइवे रोड से दाहे हाथ पे खेत में है । बारीश होनेकी वजहसे दीन छोटा और शर्दी की मोसम होने की वजहसे कोइ भी शख्स दिखाइ नहीं दे रहा था मगर दुर कुछ लोग स्टेशन के अंदर खडे हुवे थे में उनके पास पहुंचा उन्होने यहां आइये हजरत फीर दुआ सलाम की । मेनें चिल्ला मुबारक का पुछा उन्होने यहां सामने खेतो में है मगर रास्ता अलग से हे हमने काटो को हटाकर रास्ता बना लीया । खेतो के साइमें कांटोके बहोत से दरख्त थे मगर हम वो जगह पर पहोंच गये । खेतो की जमीन काली होने की वजहसे बारीश की वजह से चप्पलो में माटी काफी चीपक गइ थी और हाथोमें कांटे भी चुबे हुवे थे । संभल-संभल कर खेतोकी पालो पर होकर चिल्ले वाली जगह पर पहुंच

गये यहां की तस्वीरे ले ली । बारीस तेज चालु हो चुकी थी हमे फीक्र लग गइ के बारीश केमेरो को ना लग जाये । हम यहां से जल्द ही हमारा काम खतम करके गाडी पे आ गये । यहां से हम मु.जरगाल पहुंच गये । बारीश होनेकी वजहसे हम ठंडी की वजह से हम कांप रहे थे । मगर हमारा इरादा तो हमारी प्रोग्राम की मंजीलोकी और ही था । हम यहां से मु.हडमतीया वाया बांगरोली होते हुवे गांव जरगाल आ गये यहां हुजुर सरकार दरियाइ साहब के हयाती जींदगी के 5 (साल)-5 दिन गुजरे है । यहां हमने मगरीब की नमाज पळही चिल्ला मुबारक काफी पुराना है । यहां हजरत की कुछ जमीन भी है । जो यहां के दिवान लोग खीदमत की अवेज में उस पर फसल बोते है और चिल्ला मुबारक की खिदमत करते है । दिवान चचाने हाथ उंचा करके हमे बुलाया हम तीनो उनके पास गये एक दुसरे से गुफतगु हुइ सारी बाते सुनकर और इस किताब की सारी तवारीख बतानेके बाद जानकर दिवान साहब बहुत खुश हो गये उन्होने हमे कहा हजरत ये सारा आपके खानदानवालो का ही फैजान हम तक पहोंचता है । और कयामत के दिन भी हम आपके करीब ही होंगे और हम आप ही के खादीम है । अब हम यहां से लास्टो दो मकाम इस रुट के चिल्ले मुबारकके गांव मु.अनारा, ता.कठलाल, जी.खेडा और मु.खोखरवाडा जाना है मगर अंधेरा काफी हो चुका था हमारे गाडी के ड्रायवर सैयद साहेबने कहा बाबा फीक्र न करे हम कुछ दिमाग लगा के काम करेंगे चलो चले जाअे एक तो अपना काम होइ जायेगा । रास्ता काटते हुअे हम मु.अनारागांव आ पहुंचे अंधेरा ओर गलतफेमी काफी इम्तेहान लीया एक हिन्दुभाइ हमे रास्ता तो बता दीया जो काफी दुस्वार रास्ता था । हम चिल्ला मुबारक पर आ गये यहां कब्रस्तानमें चिल्ला मुबारक है अंधेरा होनेकी वजहसे में सोचमें पडा तस्वीरे कैसे लेंगे मगर राजु सैयदने अपनी गाडी की लाइटे चालु करके रोशनी करके तस्वीरे ले ली । अब हमे यहांसे खोखरवाडा जाना था मगर रात के अंधेरे ने हमे मजबुर कर दीया हम यहांसे कठलाल शहेर में आ गये यहां हमने होटल पे चा-नास्ता कीया इसी होटेलमें बालासिनोर के जनाब पीरजादा मनसुरमीयां अेम. सहाब (नायब मामलतदार) मील गये उन्होने कहा हजरत कहा गये थे मेने कहा हजरत के चिल्लेके फोटो बाकी रहे है । जो खोखरवाडा और कठलाल की नदी किनारे चिल्ला मुबारक हे उनकी तस्वीरे रेह गइ है । उन्होने कहा हजरत ये खीदमत आप मेरे को सोप दे उन्होने एक हफतेमें चिल्ला मुबारक की तस्वीरे पहुंचा दी । हम कठलाल शहेर से अहमदाबाद बडी रफतारसे रोड सुने होनेकी वजहसे सीर्फ 45 मिनिटमें राजु सैयद साहबने अपने घर अहमदाबाद अताअे शाहजी, २ अम्मार टेनामेन्ट, शाहवडी, जुहापुरा, विशाला सर्कल पहुंचा दीया । अलहम्दो लिल्लाह इस तरह हमारा सफर पुरा हुवा ।

ता.12-4-2008 को में गोंडल गया यहांसे हम 13-4-2008 को जामनगर के लिये रवाना हुअे । यहां नवानगर बेडी दरवाजा, रामवाडीके पास मुसाफीर बावा उर्फे शाह मनसुर बीन प्यारुल्लाह सहाब का मजार है । उसके वकत यहां अेम.अे.सैयद डे.कलेकटर थे । हमारी दुपहर की खानेकी दावत जनाब सैयद इकबालबापु के यहां थी, मेरे साथ में जनाब हाजी सुलेमानभाइ इसाणी सहाब व जनाब सैयद हाजी मोहंमदमीयां बापु नागाणी थे । खाने के बाद दरगाह शाह मनसुर रहमतुल्लाह अलयहेकी जियारत को गये । दरगाह के फोटो जनाब इकबाल बापु व आरीफबापुने मुजे पोस्टसे भीजवा दीये थे । रात मु.सिकका दरगाह नागाणी बापु पर रफीक बापु नागाणी की दावत पर आराम करने के लीये गये थे । दुसरे दीन गोंडल वापस गये ।

ता.30-7-2010 को जनाब प्यारे सहाबने मु.पट्टन के हजरत शाह अली सरमस्त कलंदर रहमतुल्लाह अलयहे के फोटो अपने दोस्तो के साथ के प्रोग्राम में जाकर नीकाल लाये थे जो मुजे रवाना कीये ।

ता.8-10-2010 मु.सेगवा ता.भरुच जो खुद (संपादक) गये फोटो वगेरे जनाब पीर सैयद मो.युसुफमीयां सहाबने अपने कीसी मुरीदके जरीये रवाना कराये थे । मु.शेरपुरा, जी.भरुच के चिल्लाके फोटो ना मील शके कयुंके, वहां कोइ निशान बाकी रहा नहीं यहां पुरा माहोल देवबंदीयत का है । एक जमाना था पुरा गांव सुन्नी था ।

ता.11-12-2012 मु.प्रांतिज जी.साबरकांठा हजरत सैयद शाह सादुल्लाह बीन प्यारुल्लाह (दरियाइ साहबके पडपोते) के दरगाह शरीफके फोटो जनाब अर्शदभाइ ने हमे पहोंचा दीये थे । ये मजार प्रांतिज मेइन हाइवे के पास तालाब के किनारे है । येह बडे कामील वलीअे मादरजात थे यहां का भी लोग जीयारत को जाते है ।

ता.7-11-2013 को मु.लाल का मांडवा, ता.कपडवंज अहमदाबादसे गये वापसी में मु.बहीयल, ता.दहेगाम गये । ख्वाजा दरियाइ सरकारका गांव के बीच में ही चिल्ला है यहा काफी पुराना था । यहां दरियाइ साहबने बडी करामते दिखाइ थी पुराने चिल्ले उपर नइ गुंबद वाली इमारत व बुलंद गेट का काम चल रहा था । यहां की मेरे बेटे जनाब मोहंमद षाकीब बाबा ने अपने केमेरे से तस्वीरे निकाल ली । चिल्ला की देखभाल करनेवाले जनाब कालुभाइ कुरैशी है हमने मीलना चाहा मगर वो कहीं बाहरगाम गये हुवे थे ।

इन जगाहो पर भी चिल्ले आये हुवे है ।

(1) मु.रामोल, जनता नगर अहमदआबाद (2) कुजाड, ता.दसक्रोइ (3) कनीपुर, ता.दहेगाम, जी.गांधीनगर (4) जींजर - छपूर ता.महेमदाबाद

(5) कडी (6) विरमगाम (7) कलोल (8) खेडा (9) अकलाचा (10) देवका दमण (11) चित्तोड, डुंगरपुर, मान्डु, राजस्थान (12) शाह हम्माद की मस्जीद दाणीपीठ कालुपुर अहमदाबाद (13) रायपुर दरवाजा के सामने, भोला शहीद मस्जीदके पास शाह अब्दुल रहीम रफाइ रहमतुल्लाह अलयहे के दरगाह के सामने, अहमदआबाद.

मु.मोरभगवा, ता.ओलपाड, जी.सुरत दरियाइ साहबका चिल्ला मु.भालोद, ता.झगडीया,जी.वडोदरा में दरियाइ साहबका चिल्ला है । मु.वेरावल (सौराष्ट्र) दरिया किनारे पर दरियाइ साहबका चिल्ला है ।

ता.5-2-2014 को अहमदआबादमें मेरी अझवाझ (पत्नि) व भाइ पीर युसुफमीयां रातकी ट्रेनसे नबीपुर जी.भरुण गये सुब्ह हम तीनों और जनाब हझरत मौलाना काझी महंमदमीयां (लंडन) इंग्लेन्डवाले इनकी फेमीली के साथ मकतमपुर हझरत पीर सैयद शरीफुद्दीन मश्हदी सोहरवर्दी के आस्ताने पर गये । फातेहा उन्होने पळहा और दुआ की । भाइ युसुफबाबाने सारे मकामात की तस्वीरे लीं । यहां हमे अेक सैयद सहाब मीले उन्होनें हमारी इन्कवायरी कर ली थी फौरन चाय वगेरह मंगा ली । फीर बोले की मेरी बेटी की शादी बिरपुरवालों के यहां बडौदा की है । जो मेरे खानदान के भाइ है । अैसा मैने (संपादक) ने कहा । वो ये किताब के बारेमें जानकर बहोत खुश हुवे दरगाह मकतमपुरमें उन्होने अपने खुदकी रकम देकर डेवलपमेन्ट किया है अैसा वो खुद बताते थे । यहांसे हम अेक नबीपुरवाले काझी मामुं के रिश्तेदार अहमदभाइ गोहील सहाब हमे अपने घर ले गये वो टी.डी.ओ. ओफिसर रिटायर्ड थे ।

यहां से हम भरुच शहेर बीच होकर मु.भाडभूत, जी.भरुच दहेज रोड गये मालुम करते करते दरियाके शाहिल पर पहोंच गये मगर जैसा तस्ववुर था वैसा ना पाकर दिल बडा रंजीदा हुआ कयुं के यहां अव्वल मुसलमान हझरत रबीयह बिन शबीयह और दिगर अेक हजार मुसलमान शहीदोके मझार है । तलाश करते करते अेक माछी महेश कानजी मील गया । बडा अकीदतमंद था हमसे बोला की, बाबा की दरगाह बीच नदी-दरियामें 20 फूट नीचे है । देखो दूर जहां सफेद काला पानीका पट्टा दिखता है मैं तो अश्कबार-बार हो गया । अल्लाह ये तेरे निजाम की बात है वरना और कया बात है फातेहा ख्वानी के बाद तश्वीरे निकाल ली फीर वापस नबीपुर से भाई पीरजादा अेझाजुद्दीन के घर पर मु.कहान, जी.भरुच रहकर रातको वापस अहमदआबाद आ गये ।

ता.17-3-2014 को कपासण वहां से चित्तोड गये यहां किले वगेरे की तस्वीरे लेकर अजमेर शरीफ झियारत व जुम्आ नमाझ अदा करके में अहमदाबाद आया और भाइ पीर युसुफमीयां व हाजी अहमदशेख बीरपुर तशरीफ ले गये ।

सुल्तानुल आशेकीन, ताजुल मोहककेकीन, खतमुल मुताख्खेरीन, ताजुल औलिया, सिराजुल अस्फिया, हझरत सैयद शाह अली सरमस्त रहमतुल्लाह अलयहे की करामतों का बयान

पैदाइश : सन हिजरी 186, इ.स.765, वफात : 15 रजजब हि.536, इ.स.929 उम्र शरीफ : 350 साल,
मझार शरीफ : मु.हारीज रोड, पाटण (उत्तर गुजरात)

हझरत शाह अली सरमस्त (रहमतुल्लाह अलयह) आप जवान होकर उम्रे शबाब पर पहुंचे उस वक्त आपने आपके वालिद बुझुर्गवार हझरत शाह हसन झाकिर (रहमतुल्लाह अलयह)की खिदमतमें हाझिर होकर अर्ज की के मुझे सरकारे दोआलम सल्लल्लाहो अलयहे वसल्लम के हुक्म से मुल्के हिन्दुस्तान जाना है तो आप भी मुजे इजाझत दें तब आपने उनको बडी खुशी के साथ इजाझत दी और आपको शीराझ की तरफ रवाना करनेके लिये कुछ मंझिल तक गये और आपको रुख्सत दी.

उस वक्त हझरत शाह अली सरमस्त के हमराह आपके दो दोस्त और दो मुलाझीम और पांच दुरवेश मिलाकर नव (9) आदमी आपके साथमें रवाना हुअे .उस वक्त आपके वालीद बुझुर्गवारने हझरत शाहअली सरमस्त के सर पर दस्ते मुबारक फेर कर कामयाबी के लिअे दुआअें देकर आप मदीना मुनव्वरा वापस तशरीफ ले गये.

मदीना शरीफ से शेर पर सवार होकर शिराज की जानिब जाना

हझरत शाह अली सरमस्त (रहमतुल्लाह अलयह) शीराझ के करीब पहोंचे उस वक्त रास्ते में शेर का काफला आपकी खिदमतमें हाझिर हुआ, उसमेंसे अेक शेरने अर्झ की, हझरत, हमारेमें से अेक शेर को आपकी सवारी के लिअे पसंद कर लो और सवार हो जाअें. तो अपने उन शेरमें से अेक शेरको पसंद कर के उसपे सवार हो गये. ईतने में अेक सांपोंका काफला सामने आकर अर्झ करने लगा के, हझरत

हमारेमें से अेक सांप को पसंद करके अपने हाथमें कोळेकी जगह ले लीजीअे ताके हमारा मरतबा भी बुलंद हो जाअे. आपने उन सांपों में से अेक सांपको अपने हाथमें कोळे की जगह पसंद कर के ले लिया. आप वहांसे रवाना हुअे उस वक्त आपके साथमें शेर और सांपों का लश्कर आपके साथमें चलने लगा और जब शिराझ के करीब पहोंचे उस वक्त वहां के बादशाह अबूबकर बिन सअद जंगी के मुखबीरोंने सुल्तान को खबर दी के कोई गनीम आ रहा है जीसके लश्करमें शेर और सांप भी है और रास्ते में गीर्दोगुबार उड रही है. तब सुल्तानने अपने पीर हझरत शाह रुकनुद्दीन (रहमतुल्लाह अलयह) को बुलवाकर अर्झ की के कोई गमीन हमारे शहर पर चढाई के लिअे आ रहा है, उसके लश्करमें शेर और सांप होनेकी वजह से बस्तीयां उजळी जा रही हैं तब हझरत रुकनुद्दीन (रहमतुल्लाह अलयह) औलियाने फरमाया के येह कोई गनीम नहीं बल्के खुदाके बरगुझिदा बुझुर्ग है और उनके साथ गुफतगु करने के लिये हझरत शेख सादी (रहमतुल्लाह अलयह) (मुस्लेहुद्दीन) को बुलाकर आने वाले बुझुर्ग की हुझूर में भेजा जावे ता के वोह फारसी झबान में उनसे गुफतगु करके आपके साथ में जो शेर और सांप हैं, उन्हे वापस लोटा दें अेसी गुझारीश करेंगें.

शेख सादी रहमतुल्लाहे अलयहे हजरत रुकनोद्दीन रहमतुल्लाह अलयहे के इशारे पर हजरत अली सरमस्त से मुलाकात के लीये भेजना

जब शेख सादी (रहमतुल्लाह अलयह)ने शेरसे कहा अैसे रहेनुमा के उनके ईस्तीकबालके लिये जाना भला है तब हझरत रुकनोद्दीन (रहमतुल्लाह अलयह)ने फरमाया के आप उनसे गुफतगु करीयो और में वहां खामोश बेठा रहुंगा और कुछ दखल न करुंगा. अलगरझ मखदुम रुकनुद्दीन और सुल्तान आपके साथमें चले. उस वक्त हझरत शाह अली सर मस्त रहमतुल्लाह अलयहने शेख सादी (रहमतुल्लाह अलयह)ने गझल फरमाई उसमें बयान किया के आपने क्या किया के तमाम शेर और सांप आपके फरमा बरदार बन गये. तब हझरतने तबस्सुम करके फरमाया के शेर और सांप क्या बल्के तमाम हाथीसे लेकर चूंटी तक खालिक का हुकम हो तो फर्मा बरदार हो जाएं फिर शेख शअदी (रहमतुल्लाह अलयह)ने अर्झ की के आपका

नामो निशान बताओ उस वक्त आपने फरमाया मेरा नाम अली सरमस्त है और मैं नस्ले अहले बैतसे हुं. उस वक्त सुल्तान अबु अब्बासने अर्झ की के हझरत सवारी के लिये शेर और कोळे की लिये अेक सांप आपके साथ रख कर बाकी सबको रझा दो तो खल्के खुदा चेनसे हो जावे. तब आपने अेक शेर सवारी के लिअे रख्खा और उसके कान में कहा के ईन तमाम शेर से कह दे के वोह वापस अपने अपने मुकाम पर लोट जायें और आपके हाथ में जो सांप था उसके कानमें कहा के तु ईन तमाम सांपोंसे केह दे के वो सांप अपने अपने मुकाम पर वापस हो जाएं तब शेर और सांप वापस हो गये और आप शिराझ शहेरमें तशरीफ ले गये.

बोट : हजरत शेख सादी शिराजी रहमतुल्लाह अलयहे - आप सिराज में अता बुक जंगी के अहदे हुकुमतमें हि.स.571 इ.स.1175 या 1176 में पैदा हुअे बादमें अबु बक्र इब्ने साद जंगीकी हुकुमतमें जिल्हज चांद 17 इ.स. 11 डीसेम्बर 1291 में 120 या 125 सालकी उम्र पाकर विशाल सिराज में फरमा गये । हिन्दुस्तान की सियासतमें भी हिस्सा लीया । दुनियाके बहुत से ममालीक दौरे भी कीये दिल्ही में ख्वाजा गरीब नवाज से भी मिले थे । हजरत शेख शहाबुद्दीन उमर सोहरवर्दी के साथ एक कश्ती में दरियाइ का सफर भी कीया है । 14 हज पैदल कीये थे बगदादमें तालिम पाइ शेख अबुल फरह इब्ने जांजी आप के मख्सुस उस्ताद थे । तीस साल मुसलसल दुन्या का दौरा करने के बाद सिराज में आकर रहें । आखरी जमानेमें गोसा नशीं होकर यादे इलाहीमें मशगुल हो गये आप फारसी के मश्हुर साइर व अदीब है । बोस्ता 655 हि.स. में और गुलिस्ता 656 हि.स. में तस्तीफ की थी । (आपकी ये दोनो किताबे अंग्रेजी, फ्रेन्च, डच, अरबी, उर्दु, गुजराती जुबानोमें कइ बार शायेअ हो चुकी है)

शीराज में जादुगर का मुकाबला

शीराज शहेरमें अेक जादुगर रहेता था वो अपने जादु के जोर से शहेर के बडे बडे वेपारीओं को अपने दाबमें रखता था मगर जब हझरत का कयाम शिराझ में हुआ तो उसको हसद पैदा हुआ और सोचने लगा के जब आपके पास सवारी में शेर और सांपका कोळा है तो यहां के बडे बडे वेपारी उमराओं को आप अपने कबजे में ले लेंगे. ये सोचकर ईस की बुराई की वजह से हझरत पर जादु करना शुरु किया. जिस से आपकी नाक और कानसे लहु बेहता देखा वहां की मजलिसमें बैठे हुअे ईन्सान

गभरा गये तो आपने ईस्मे आझम पढना शुरु किया तो नाक और कानसे लहु बेहना बंधहो गया तब लोगोंने अर्झ की हझरत येह क्यां वाकेआ है और येह बुराई करनेवाले के लिअे आप ईजाझत देते हो तो हम उसको नसीहत करें तब आपने फरमाया नसीहत का करनेवाला खुदाअे पाक है. ईतना कहने के साथ जादुगर दिवाना हो गया और गाय और गधे की माफिक अवाझ करने लगा. गलीझ गीझा-एं खाने लगा.

बेवा सादात की मदद करना और मर्हुम सादात को कब्र से जीन्दा करना

शिराझ शहेरमें अेक बेवा सादात रहेते थे, और उनके खाविन्दने अपनी मौजुदगी में अेक वेपारी के यहां अेक हजार रुपिया अमानत रख्खी थी और आप दुनियासे परदा करते वक्त अपनी बीबी से कहा था के फलां वेपारी के वहां मैंने अेक हजार नकद रुपिये रख्खे हैं और आपको खास जरुरत पडे तब उन्से ये रुपिये लेना तो उसकी बीबी को अपनी लडकीयों की शादी के खर्च के लिअे रुपियों की जरुरत पडी तो उस वेपारी के पास जा कर अमानत की मांग की तो वोह बदखयानत बोला के तुम्हारे पास कोई सुबूत या गवाह हो तो लेके आना तब बीबीने कहा मेरे पास कोई गवाह नहीं तो वेपारीने रुपिये देने के लिअे साफ ईन्कार कर दिया. तो वोह बीबी शहरके काझी के पास अपनी अर्झ की. तब काझी साहबने गवाही तलब की तो बीबीने कहा मेरे पास कोई गवाह नहीं, तो काझीने जवाब दिया के बगेर गवाह के कोई काम चल सकता नहीं येह कह कर उस बेवाको वापस लौटादी. उस अरसे में हझरत शाह अली सरमस्त (रहमतुल्लाह अलयह) शिराझमें तशरीफ ले गये तो बीबीने उस वक्त अमानतकी हकीकत बयान की आपने बेवाकी हकीकत सुन के उस खयानतदार वेपारीको बुलाकर फरमाया के ईस बेवाका खाविंद कबरसे उठ कर जवाब दे तब तो तू रुपिये देगा ? तो वोह बोला ईस से झियादा और क्या चाहिअे तब आप और उस वक्त मजलिस में जो कोई शरीक थे वो और खयानतदार और वो बेवा सबके सब कब्रस्तान में मर्हुम सादात की कब्र पर गये और आप हझरतने फरमाया के खुदा के हुकमसे उठ और तुने ईस वेपारीको रुपिये दिये हों तो उससे मांग येह कहेते ही कबर फटी और बेवाका खाविंद कबरसे बाहर निकला और उस

वेपारी से अेक हजार रुपिये वापस देने पर आमादा हुआ और कबर से उठे हुअे मुर्दे से कहा के तुम ईस दुनिया में झिंदा रहेना है तो मुर्दे ने जवाब दिया के आज भी मुझे मौत की सख्ती याद आती है और दोबारा येह सख्ती बरदास्त करने की मुझमें ताब नहीं. तो मुझे कब्रमें ही रेहने दिजीये येह कह कर मुर्दा कब्रमें समा गया और उसकी कब्र मिल गई पहेले थी वैसी हो गई.

सिराज शहरसे हिन्दुस्तान की तरफ होना रास्तेमें राहीब (पादरी) कि दावत देना और खानेमें जहर देना

फिर आप शिराझ से हिन्दुस्तान आनेको तैयार हुअे और चले. रास्ते में अेक राहीब के मुकाम पर तशरीफ ले गये तो राहीब झाहेर मे बळी मुहब्बतसे पेश आया मगर आपकी दावत करके खानेमें झहर दिया येह झहरवाला खाना आपने मोहब्बतसे नौश किया मगर येह झहरकी असर उसी राहीब को होने लगी तो उसने आपसे गुनाहका ईकरार करके मुआफी तलब की तो आपने उसे माफ फरमाया उसी वक्त राहीबने कल्मा पढकर मुसलमान होकर बकीया झिंदगी अल्लाह के झिक्र में गुझारकर अच्छे दरज्जे हांसिल किये.

पट्टन शहर उत्तर गुजरातमें तशरीफ लाना

हझरत शाह अली सरमस्त (रहमतुल्लाह अलयह)ने आगे चलके शेहरे पट्टन में दरवाझे के करीब आ कर मुकाम किया उस वक्त पट्टन की गादी पे राजा करन राज करता था. शहेरमें आपकी तशरीफ आवरी की लोगों को खबर हुई के शहेर के दरवाजे अेक खुदापरस्त बुझुर्ग तशरीफ लाये हैं और आपकी सवारीमें शेर हैं और हाथमें कोळे की जगह सांप रखते हैं येह खबर पाकर लोग दंग होकर आपके दिदारसे मुशर्रफ होने के लिअे आरझुमंद हुअे के अैसा बुझुर्ग न कभी सुना न देखा मगर हमारी खुशनसीबी के हमारे शहेर के दरवाझे अयसा वलीये-कामील जलवा अफरोझ है तो हम उनकी दस्त बोसी-के लिअे जाकर हमारी मुश्किलें पेश करें फयझ उठाने का वक्त आ गया हय सोचकर पट्टन शहेरके लोग हुजुम दर हुजुम

आपके दिदार से सरफराझ होनेके लिअे हाझीर होते और अपने मनकी मुरादें पाने लगे. येह खबर मीनल देवीको मीली के पट्टन शहेरके दरवाझे अेक वलीअे कामिल जलवा अफरोझ हैं और उन्से कंई खल्के खुदा अपनी मुंहमांगी मुरादें पाते हैं तब मीनल देवीने उसके खावीन्द राजा करन को कहा के मेरे पेटमें हमल हय उसकी तकलीफ से लाचार हो गई हुं तो आप आने वाले बुझुर्ग के पास जाकर मेरी रूदाद सुनाओ ताके मुझे औलाद होवे और मुसीबत मेरी टल जाअे.

राजा कर्ण की बीबी मिनळदेवी को औलाद अता करवाना जो सिध्धराज के नामसे मशहूर हुवा

राजा करन के सात रानीयां थी उसमें मीनल लाडली रानी थी. बाकी और छे रानीयां नाराझ होनेकी वजह से उनके जादुगर के पास जादु करा के हमल बंद कर रखाया था तो राजा करन आपकी खिदमत में हाझिर होकर अपनी रानीकी दु:खी कहानी सुनाअे ताके मुझे औलाद होवे और मुसीबत मेरी टल जाये.

आपकी खिदमतमें हाजीर होकर अपनी रानी की दु:खी कहानी सुनाकर उसकी सीफारीश के लिअे आजीझी की और हझरत को राजाने कहा के अगर मेरी रानी से कोई औलाद होकर उस की तकलीफ दुर हो जाअे तो मैं आपकी नझरमें आप जो चाहेंगे वो नझराना अगर आधा राजपाट मांगो वो भी देने को तैयार हुं. तब हझरतने कहा के राजा बचन दें राजा बोला हुझूर मेरा बचन हय और आपने फरमाया राजा अपने शहर में जा कर मुनादि करा दे के रानी के पेट से लडका पैदा हुआ हय. उसी वक्त राजाने शहेरमें मुनादि करा दी और महेलात में खुशी के तराने होने लगे येह खबर जब जादुगर को हुई के हमने अेक पूतला बनाकर जादु करके जमीन में दफन किया हय और जब तक वो पूतला झमीन से बाहर न निकले तब तक रानी को बच्चा पैदा हो सकता नहीं. शायद हमारेमें से ये राझ को और कोई न जानता था मगर कीसीने ईस पूतले को हमसे खुफया होकर निकाला तो नहीं ईस बातकी तेहकीक के लिअे जादुगर जहां पूतला जमीन मे गाळा था वहां गये और उस जमीनको खोदना शुरु किया तो अंदर से पूतला नमुदार हुआ और उस पूतले को हवा लगते ही रानी को लडका पैदा हो गया. फिर तो जादुगरने बेहद कोशिशें कीं मगर नाकाम रहा.

पट्टन शहर में सबसे पहेले मस्जीद तामीर करवाना

राजा हझरत की खिदमतमें हाझिर होकर आजीझी करने लगा के आप मेरा आधा मुल्क और दौलत लेकर आप हमारे उपर महेरबान रहो. तब आपने फरमाया के हमको फक्त अेक झोपडें की झमीन चाहिये और आपने अेक घोडे की दोरी निकलवाकर कहा के ईस दोरी में जो जमीन समाअे ईतनी झमीन हमारी पसंद हमको दो. तब राजा बोला आप बतावो वहां से में देनेको तैयार हुं. तो आपने उन जादुगर के मोहल्लेकी तरफसे रस्सी लंबीकी उसमें जादुगरका मोहल्ला बीचमें समा गया तो आपने कहा हमको ईतनी ही जगह मंझुर हय तब राजाने जादुगरको हुकम दे दिया वोह जगह खाली करा के आपको दी तो आपने वहां अेक मस्जिद तैयार कराई उस मस्जिद का नाम "कात" रखवा. क्युं के आपके साथमें आपके अेक साथी तुर्की थे और उन्होने तुर्की झबान में मस्जिद का नाम "कात" रखने की आरझु की क्युं के तुर्की में "कात" के माअने फतेह होते हैं.

राजा करन के वहां रानी के जो कुंवर पैदा हुवा उसका नाम सिद्धराज रखखा याने सिद्ध के मायने गुजरात में कामका पुरा होना काम मैं फतेह पाना ईस गरझसे कुंवर का नाम सिद्धराज रखखा और आप वहां मुकीम रहे.

मुकाम खंभात बंदर जाना अजान देना

शाह अमरुद्दीन नकल करते हैं के कन्झुल करामात में लिखखा हय के आप खंभातमें तशरीफ ले गये वहां जाकर आपने अझान दी तब काफीरों ने आपकी खिलाफ अर्झ की और लडाई के लीअे राजा को वर गला कर सिपाहीयों को आप के साथ लडने के लिये रवाना किये जब आपके करीब सिपाई आये तो वोह जमीन में कमर तक धंस गये और फौज को चलने की कोई ताकत न रही.

और येह खबर हाकिम को मीली तो वो खुद आपके साथ लडाई के लिअे रवाना होकर आपके करीब आया और वोह भी जमीन में धंस गया. और जब आप नमाझ से फारीग हुअे तब हाकीम को ईशारा किया के देख तुं हम पर काबिझ नही हो सकेगा और अगर तेरा ख्याले बद तेरे दिलसे न नीकला तुं और तेरा लश्कर तमाम झमीन में धंसकर फना हो जायेगा. उस वक्त हाकीमने आजीझी की और कहा

के मेरा गुना बख्श दो मुझे माफ फरमा दिजीये. और मुझे झमीन से छुडा दो में आपके पास आकर कदमबोसी करलुं फीर वोह रीहाई पाकर आपके पास आकर हाजीर हुआ और माफी चाही तो आपने उसे माफ कर दिया. राजाने आपकी खिदमतमें कुछ तोहफे भेजे उसे आपने कुबूल न किया तो राजा गुस्से होकर शहेर के वेपारीयों को हुकम दिया के हझरत को कोई खाने पीनेकी चीजें देवे नहीं. तो येह बात आपके मुरीदोंने आपके सामने पेश की तब आपने फरमाया के आप लोगों के पास जो कुछ खानेका मौजूद हो वोह अनाज यहां लाकर मेरे सामने रख दो आप के हुकम के मुताबीक सबने जीसके पास जो भी अनाझ था आपने सामने लाकर रख दिया तो आपने उस पर तीनबार ''वत्तीनी'' की सुरत पढ कर दम कर दी फिरतो वोह अनाज अेक साल और सत्तराह रोझ आपके मुरीद खाते रहे और उसमें से खेरात करते रहे मगर उसमें से कुछ कमी न हुआ बल्के जीतना अनाज रखखा था वोह ईतना ही पाया.

खंभात के अंधे भीखारी को आंखे अता करना और जीन्दगी भरका खाना खिलादेना व मुसलमान करना

खंभात शहेर के अंदर अेक भीखारी भीख मांगता था और खंभात शहेरमें ही घूमता था उस वक्त आपका गुजर बाझारमें हुआ वहां उस अंधे भिखारी को आपने फरमाया के क्या में तुजे आंख दिलाउ या खाना दुं ? वोह बोला हुझूर मुजे आंख दिलाओ और उम्र भर तक खाना खिलाओ तो आपने आपका ''लोआब'' उसकी आखोंमें डाला फौरन उसकी आंखें रोशन हो गईं और वोह ईमान लाकर मुसलमान हो गया.

खंभातमें बांज औरतो को औलाद अता करना

आपकी करामतों का ईझहार शहेरमें होने लगा. तो कई अकीमा आकेराह (बांझ) औरतें आईं और अपनी मुरादें पाकर अपनी गौदें भरने लगीं येह खबर जब राजा के दरबार तक पहोंची जीस से वोह भी आपका आशीक हुआ और आपसे दिलचश्पी रखता था मगर शहर के ब्रहमन और उन्के चेलेको आपकी तरफसे बहोत

बदगुमानी पैदा हो गई और आपकी झिन्दगी पर हमला करके मौत के घाट उतार देना वैसा सोचकर रातके वक्त काफिर आप पर हमला आवर हुअे. मगर वोह नाकाम रहे और आपको और आपके साथीयों को कोई नुकसान हुवा नही. येह खबर राजाको मीली तो उसे बहोत रंज हुआ.

खंभात के ब्रह्मन को मुसलमान करना

अेक रोझ राजाने अेक गाय सोनेकी अेक सुव्वर सोनेका बनवाकर ब्रहमन को गायदी और वोह गाय पातेही ब्रह्मनोंने उसके टुकडे करके आपसे में तकसीम कर ली और हझरतकी खिदमतमें सोनेका सुव्वर रवाना किया तो आपने उस सोनेके सुव्वर को अेक बयतुल खलामें रखने का हुकम नों दिया और कुछ दिनों के बाद राझाने ब्रह्मनुं के पास जो गाय सोनेकी दि थी. वोह वापस तलब की तो ब्रह्मनोंने जवाब दिया के दानमें दी हुई गाय को हमने आपसमें काटकर तकसीम करली है तब राजा बोला के हिन्दु गायको माता मानते हुअे उसको काटकर उसको तकसीम कर ली ईस बात पर राजा को उन ब्रहमनोंसे बहोत नफरत पेदा हुई और जब हझरत के पास सुव्वरकी वापसी की मांग की तो आपने फरमाया के कहीं बयतुल खलामें से मीला ईस बातका चर्चा अेक आम झल्से (सभा) में हुआ उस वक्त हझरतने कुरानशरीफ पढकर उसके माने समजाये जीससे ब्रह्मन बहोत खुश हुआ और मुसलमान होकर कलमा पढा.

अमानत दयानतदार को वापस दीलाना

अेक शख्सने किसी के वहाँ अमानत रखी थी मगर वोह अमानतदार ईन्कार कर गया तो दयानतदार हझरत शाह अली सरमस्त (रहमतुल्लाह अलयह)की खिदमतमें हाझिर होकर अर्झ करने लगा के हुझूर मंयने ईस शख्स के पास अमानत रखवी हय और वोह ईन्कार करता हय तो आपने अमानतदार से कहा के तु उसकी अमानत वापस दे दे अगर ईस मस्जिद की कसम खाले तब उस बदखयानतदारने मस्जिदकी कसम खा ली उस वक्त वो झमीन में धंस गया तो फिर वो माफी मांगने लगा और

लाचार होकर रो रो के केहने लगा के मुझे माफ करके ईस झमीन से बाहर नीकालो तो मंय अमानत वापस देता हुं और मेरे गुनाहों से माफी चाहता हुं आपने उस झमीन में घंसे हुअे को बाहर नीकाला और अमानत उस दयानतदार को वापस दिला दी.

आपका विशाल की खबर देना अपनी कब्र दो कब्रो के बीच की वसीयत करना और वो कब्र वहां खुद-ब-खुद दुर होकर हजरत की कब्र के लीये जगा कर देना

हझरत शाह अली सरमस्त (रहमतुल्लाह अलयह) वक्के आखरी विसाल का आया उस वक्त आपके साहबझादा हझरत शाह सुलेमान (रहमतुल्लाह अलयह)से फरमाया के मेरा वक्त अब बहोत करीब आ चुका हय तो आप मुझे मेरे जो दो मुरीद गुजरे उनके बीच में मेरी भी कब्र बनवाना और वहां मुझे दफनाना और जब आपका विसाल हो गया उस वक्त आपकी बतलाई हुई मदफून की जगह न होने की खबर पाई, तो फीर आप वहां कब्रस्तानमें तशरीफ ले गये और देखा तो वहां जगह कुशादा पाई और आपको उसी जगह मदफून करने के लिअे कब्र खोदी गई और आपको कब्रशरीफ में लेटाकर आपका मुंह मुबारक हझरत शाह सुलेमान देखे तो आपने तबस्सुम में आपके दोनों लब मुबारक हिलते देखे तो आपकी केफीयत देखकर तमाम सामईन केहने लगे अल्लाहो अकबर कया शान हझरत की हय ! और आपको खाक के सुपुर्द करके फातेहा ख्वानी के बाद वापस कियामगाह पर तशरीफ ले गये.

फरीदुल असर, जुनेदुद्दहर, वलीअे बाकमाल, तकवा शेआर, कुतुबुल अकताब, हजरत सैयदना शाह सुलेमान रहमतुल्लाह अलयहे

वफात : हि.750, इ.स.1329

कुवे में दमकीया हुवा पानी डाल देना और काफिर जो आपके दुश्मन थे वो आपसे मोहब्बत करने लगे

हझरत शाह सुलेमान (रहमतुल्लाह अलयह) पट्टन शहर में आपके दौलत सरा में रेहकर आप भी 'कात' मस्जिद में खुत्बा देते रहे और आपने ईल्म मुकम्मल हांसिल कर लिये तो आपको अल्लाहकी तरफ से कुत्बुल अकताब का खिताब मिला और आप बळे पाये के वलीअे कामिल होते हुअे और अपनी करामतों को किसी पर झाहिर होने से छुपाते रहे और आपका यही सेवा के खिदमते खुदा करते हुअे आपके दोलतसरा में रेहते थे. और वोह मोहल्लेमें काफीरोंका झोर बहोत था और वो आपको हंमेशा तकलीफें देते मगर आप उनको कुछ भी केहना या जवाब देना पसंद नहीं करते थे. मगर वहां के मुसलमानोंने आपको फरियाद की के ईन काफिरों की तकलीफ से हम मुसलमानों को ईस बस्ती में रहेना गंवारा नही फिर अपने मुसलमानोंको तसल्ली देके वहां अेक कूवा था जिस्का पानी तमाम काफिर भी पीते थे उस पानीपे आपने कुछ पढकर दम किया. फिर वो पानी जो भी पीता वो आपसे और तमाम मुस्लिमोसे मोहब्बत रखते हुअे आपके मजलीस में आया करते और आपसे बडी मोहब्बतसे पेश आते.

आप पर जादु करना सब्र से काम लेकर 700 बलाओंको कडाइमें जलाकर राख कर देना

येह खबर और दिगर मोहल्लेवाले काफिरों को हुई के हझरत शाह सुलेमान (रहमतुल्लाह अलयह)से आपके मोहल्ले के करीबवाले काफीर झियादातर मोहब्बत रखते हंय, तो उन काफिरों को हसद होनेसे उन्होंने जब आप कुछ बीमार हुअे थे और

कुछ सेहत पाई तो दिगर काफिरोंने मशवरा करके सब मिलकर हझरत पे हमला करदें और आपको मार डालनेका मशवरा किया मगर किसीकी हिंमत नहीं हुई मगर रात के वक्त आपको ख्वाबमें ये दरपेश हुआ के कंई भयानक डरानेवाली शकलें आपके सामने आईं और दांतों को कडकडा कर आपको नापाक शिकलें डराने के लिअे आईं. फिर आप ख्वाब से चोंके और देखा के काफिरोंने कुछ जादु किया हय और उसमें बदशिकल दिखाई देती हय तो आप बिस्तर से उठकर गुस्ल करके आपने उनकी तरफ ला होल....पळ्ह के फूंका और चांपानेर के मीर को बुलाकर उसके पास अेक कडाई मंगवाई उसमें तेल और गाय का घी कुल सात शेर डाला और उसमें कुछ माअस के दाने पळ्हकर डाले, उसी वक्त उस कडाई में वोह बलाअें बाशकले सातसो थीं वोह सब कडाई में गीर कर खाक हो गईं और अेक शख्स चील की तरह उडता हुआ आपके सामने आया और फरियाद करने लगा के या हझरत या पीर अब हमको बचाओ, फिर आपने कहा सब्र कर ये मुल्क पाक हो जावे फिर उसने कहा, येह मुल्क तो अैसा ही हो और आपने कडाई उल्टी कर दी, फिर कडाई को झमीन में दफन करवा दी. फिर आपने फरमाया ईन्ना सजर तझ झकुनो तआमल असीमे पग्ली फी बोतुने तगीलल हमीम.

नागौर (राजस्थान) के मलीखादेव को भगाना

अेक रोझ हझरत शाह सुलेमान (रहमतुल्लाह अलयह) नागोर शहर में तशरीफ ले गये वहां शहर में अेक बला कुत्ते की शकल की पैदा हुई थी और वहां खेती की पैदाईश को तबाह कर देती थी. ईससे लोग बहोत हेरान व परेशान थे. आखिरकार वहां के हाकिम तक जाकर रियायाने फरियाद की और कहा के अब हमारा हाल तबाह हो रहा हय. फिर हाकीम हझरत शाह सुलेमान (रहमतुल्लाह अलयह)की खिदमत में हाझिर होकर तमाम वाकेआ आपके सामने पेश किया और अर्झ करने लगा के मुल्क विरान हुआ जाता हय. ईस केहर की बलाने जान के लाले कर दिये हंय तो आप हमारे उपर महेरबानी करके ईस बलासे नजात दिलाओ. तब आपने अेक कागझ के रुकके पर कुछ लीख कर हवा में उडा दिया वहां मलीखा नामी देव के पास कागझ पहुंचा और वो रुकका पढते ही मलीखा ईन्सान की शकल में

आपकी खिदमतमें हाझिर हुआ और अर्झ करने लगा के क्युं ईस गुलाम कमतरीनको बुलाया हय और जो आप हुकम दो मंय बजा रहा हुं मगर मेरा जी ईस शहर को छोडना चाहता नहीं. और ईस शहर के लोगों की उल्फत, मोहब्बत को तोळने को फिर आपने फरमाया के नागोर छोड दो. तो आपके मलीखा कदम बोसी करके अपने मकाम पर चला गया. हझरत की दुआओं के तुफेल से नागोर शहर की रियाया और हाकिम खुशहाल हुअे.

आप हुजूर सल्लल्लाहो अलयहे व सल्लम के हुकम मुताबीक पालनपुर (उत्तर गुजरात) जाना, मस्जीद तामीर करना

हझरत शाह सुलेमान (रहमतुल्लाह अलयह) को हझरत रसूले खुदा सल्लल्लाहो अलयहे वसल्लमका ईर्शाद हुआ के आप पालनपुर जाओ और वहां अेक मुकाम अेसा था के उस मुकाम में अेक देवने कई पथ्थर जमा कर के लोगोंको फरेब और जादु के झोरसे पूजा कराता था और अपने को माअबुद बना बेठा था और वहां अगर नेक बंदा जाता तो उसको हेरान परेशान करता था. ईस लिअे आपको सरकारे दोआलम सल्लल्लाहो अलयहे वसल्लमने पालनपुर जाकर उस देव के मकान को ढाकर वहां मस्जिद बनानेका हुकम दिया था. ईस गरझ से आप पालनपुर जाकर वहां के हाकिम से मिलकर उसको हकीकतसे आगाह किया फिर हाकिमने अर्झ की के हझरत ये काम मुश्कील हय क्युं के ये देव बडा झालीम हय और उसने कई खुदा परस्तों को हेरान किया हय आपने फरमाया कुछ गम मत करो हमारा मुहाफिझ खुदा हय. और फरमाने नबीअे करीम सल्लल्लाहो अलयहे वसल्लम बजाना हय और उस मकाम में अपने मुरीद और साथीयों के साथ दाखिल हो गअे और उस काफिर देव को वहां से भगा दिया और उस जगह को साफ करके वहां आपने अेक मस्जिद बनवाई और आपने वहां खुत्बा पळ्हा मस्जिद आबाद हुई और वहां नमाझ होने लगी. मगर जब आप मस्जिदमें हाझिर न होते तो उस वक्त मौका पाकर वो काफिर देव नमाझीयों को सताता था ईस लीअे आपने वहां कयाम करके चालीस रोझ तक नमाझ अदा करते रहे और आपने ईस्मे आझम पळ्हा किया तब

उसने अपने जादु के झोर से दुसरी बलाअें उसकी मदद के लिअे बुलवाईं तो आपने देवको और उसके साथीयों को पकडकर जलाकर खाक कर डाला. फिर तो वो मस्जिद आबाद हो गई और मुसलमान खूशु और खुझू के साथ नमाझें अदा करने लगे.

राहीब (पादरी) का इस्लाम कबुल कर लेना

हझरत शाह सुलेमान (रहमतुल्लाह अलयह)अेक रोझ मस्जिदमें आलीमों और फाझिलोंके साथ बैठे हुअे कश्फो करामात की गुफतेगो कर रहे थे ईतने में हातीफसे खबर हुई के अेक साहिब आपकी आझमायश के लिअे आता है तो आप होशियार रेहना ईतने में वो राहिब आपके सामने आ कर बेठ गया. और केहने लगा के आप मुसलमानों के रेहबर हो तो मुजे भी कुछ करामत दीखाईअे और अैसा न हो सके तो मंय आपको अपना चमत्कार दिखाउं तो आपने कहा के अय मगरुर खुदा के प्यारे अपनी झुरुरत के वक्त अपनी करामत झुरुर दीखाते हें वरना उसको छुपाते हें ये सुनते ही वो गुस्से में आकर शेर की शकल में नमुदार हुआ उसी वक्त आपने उसपर नझर डाली तो वो गधे की शकल बन गया फिर तो वो बहोतही शरमींदा हो गया तो आपने उस पर रहेमत की नझर से देखा तो वो असली ईन्सान की शकल में हो गया और शेखी करके आसमान की तरफ उळा उसी वक्त आपकी चहर आपके पास थी उस चहर को हुकम दीया के उस राहिबको पकडला उसी वक्त चहर उळी और अेक चील बनकर उस राहिब को चीळीया की मानीन्द पकड कर आपकी खिदमत में हाझिर कर दिया फिर वो लाचार होकर ईमान लाया और मुसलमान हो गया.

आपकी दुआ से बरसात होना...

हझरत शाह सुलेमान (रहमतुल्लाह अलयह)अेक रोझ मस्जिद के बाहर महेफिल के बीच बेठे हुअे थे उस वक्त बारीसकी मौसम थी और आप कुछ गुफतेगु कर रहे थे के ईतने में आसमान पर अब्र आया तो उस वक्त बेठे हुअे सामईनने अर्झ की के हझरत उठो बारीस आयेगा तो आपने फरमाया के खातीर जमा रखखो सुलेमान का अदब रखखेगा बारीश तो उस वक्त रास्तेमें चलता हुआ बनीया जा रहा था और वो

बोला के बारीस कीसीकी अदब करे नहीं ईतने में चंद कतरे बारीस के गीरे तो आप नाखुश हुअे आप शाह अबदालने बारीशकी तरफ नझर की तो बहुकमे परवर दिगार से जो अबर था वो बे आब (बगेर पानीका) हो गया और अेक कतरा भी बारीश हुआ नहीं और खेती की फसल सुखने लगी तो अेतराफ के लोग जमा होकर पट्टन शहरमें हझरत शाह बहाउद्दीन (रहमतुल्लाह अलयह)की खिदमतमें हाझीर होकर बारीश के लीअे दुआ चाही तो आपने फरमाया के हझरत शाह सुलेमान (रहमतुल्लाह अलयह)की नाराझगी का बाईस हे अगर वो दुआ फरमाएं तो बारीश हो सकती हे. फीर तो सब के सब वहां से हझरत शाह सुलेमान (रहमतुल्लाह अलयह)की खिदमत मेंसे हाजीर हुअे और बहोत मिन्नतें कीं और बोले के हम बरबाद हो रहे हैं. आप रहेम फरमाकर हमारी मुसीबत टाल दो तो आपने अबर की तरफ ईशारा किया और फरमाया के तेरी जुस्तजु में सब हेरान हैं ये सुखन आपके मुंह से नीकला तो ईन्सान की शकल में बरसात हाझीर हुवा और आपने उससे फरमाया के तु मुझसे ईतना बेअदब क्युं हुआ तो आजीझी करके मुआफी का तलबगार हुआ तो आपने उसे मुआफ फरमाफर फरमाया के जा अब असली सुरत में आकर हर जगाह अपने मामुल के मुताबीक बरसाकर और आयन्दा अेसी गलती न करना ये केहकर रवाना किया और बारिस शुरु हो गई लोग खुशहाल हुअे.

विशाल की मुरीदो व सामेइन को हाजर रखना, कुरआने पाक पढते पढते, सुरअे यासीन शरीफ पर खत्म होना और रुह का निकलना

हझरत शाह सुलेमान (रहमतुल्लाह अलयह) आपका वक्ते वफात करीब आया तो आपने अपने सामईनोंसे कहा के जब मेरा वक्त वफात का आये तो तुम सब मेरे पास रहेना आपने जो वक्त बताया था उसके मुताबीक आपकी खिदमत में तमाम दुरवेश हाझीर हो गअे. आपका मर्झ बळहता गया और आप बेहोशी में भी कुरआन शरीफ पळहते थे और जब सुर-अे-यासीन पर पहोंचे तो उस वक्त आपका विसाल हुआ.

वफात बाद नेक बख्त खातुनबीबी को जनाजे पास बुलाकर मुरीद बनाना

आप सन हिजरी 750 में ईस दुनिया से परदा कर गये और आपके वफात का वक्त फझर आखिर वक्त में हुआ था.

आपके करीब में अेक नेक बख्त बीबी थी और उसका ईरादा आज या कल आपकी मुरीद होने का था. और आपकी खिदमत में हाझीर हुई तो देखा के आप रेहलत फरमा चूके हें तो बहोत परेशान हुई तो आपने आंख खोली और उस पाक दामन से कहा के नझदीक आ और आपने आपके हाथ पर बयअत दी फीर तो अेकदम गोगा (शोर) उठा के हझरत झिन्दा हय तो आपको मेदान में लेजाकर रखकर देखा तो आप वफात पा चुके हंय मगर आपके लब (होठ) मुबारक हीलते हैं ये वाकेआ (मामला) सफरमें जंगलमें बयाबान में हुवा हय तो आपके लिअे कफन की तलाश की मगर कहीं न मील सका और गयब से कपडा और मोहोर झरीन आ गया वो मोहोरे शरीफ को वहां दिखाई गई मगर उस पर लिखखा हुआ पळ्हनेमें नहीं आया वो मोहरे सित्तेर (70)थीं ये एक शख्स लेकर अपने घर ले गया और तबरुक समझके कपडे में लपेट कर ले गया और उनको कब्र में रखखा ये कब्रआपके पहेलु मे हय.

हझरत शाहे सुलेमान (रहमतुल्लाह अलयह)के वाकेआत बहोत हैं और आप बाद-अे अलस्त हंय.

आप साहबे करामत थे! आपने झियादा कियाम पालनपुर में किया हय और वहां आपने मस्जिद तामीर कराई हय ईस मस्जिद का नाम मस्जिदे अददास हय.

आरिफ बिल्लाहिल मलिकिल मअबूद, उस्तादुल औलिया, अबुल औलिया, खुलासतुल मल्वैन, दलीलुल जाओरीन, अमानतुल खाओफीन, आरिफे हकक, गौसे झमानी, मेहबूबे यझदानी, कुत्बे रब्बानी, शिब्लीओ झमानी, उवैसे शानी,

सैयदना शाह कुतूब महमूद दादा कारन्टवी कद्धसल्लाहो सीर्रहु नव्वरल्लाहो

पैदाइश : हि.स.647, इ.स.1226, वफात : 5 रमझान हि.758 इ.स.1337,
उम्र : 111 साल, उर्स - 25 शाबान
आस्ताना : मु.पो. कारंटा, ता.खानपुर, जी.महीसागर (गुजरात)

हझरत कुतुब महमूद (रहमतुल्लाह अलयह)की हालत हझरत शाह सुलेमान (रहमतुल्लाह अलयह)के साहबझादे आपके अमीरे मस्उन हैं कूतबुल अकताब व गौसुल झर्मा, उवैसे झमाना शीबलीओ सानी मौलाना सैयद शाह खतीब महमूद कद्धसल्लाहो सीर्रहु व नव्वरल्लाहो.

नागोर में मुसलमानों का इमान बिगाडनेवाला मुखलखल जीन शैतान को भगाना

आप खतीब मादरझाद हैं और आपका खतीब महमुद से मशहुर होने का सबब ये हे के अेक रोझ आप नागोर शहर में तशरीफ फरमा थे के चंद मुसलमान जा रहे थे. आपने उनसे पूछा के कहां जाते हो उन लोगों ने कहा अेक सलीब की परस्तीश को जाते हैं जहां पर चमत्कार ये हे के गौनागुं किस्म के खाने आते हैं आप वहां गये और देखा के मुखलखल नामी जीन शैतानीयत से ये करता था के नजीस चीझ को खोराक की चीजों ईन्सानों को बताता और मुसलमानों के ईमान को खराब करता था हझरतने ईस जीन को फरमाया यहां से चला जा उसने जवाब दिया के मेरे बाप दादाने ये जगाह आबाद की हय, मंय नहीं जाउंगा आपने उस बुतखाने को ढा दिया और वहां मरिजद तामीर की और मरिजद का नाम कुव्वतुल ईस्लाम रखवा.

नागोर में मस्जीदे कुव्वते इस्लाम की तामीर करवाना

मस्जिद तैयार हो जाने के बाद जब खतीब मिम्बर पर खुत्बा पळहने खडे हुवे तो ईस मुखलखल जीनने खतीब को मार डाला उसके बाद किसीकी हिंमत न हुई के वहां खुत्बा पळहा सके. हझरत सैयदना शाह मौलाना खतीब महमूद को जब ये मालुम हुआ तो आप वहां गये और मीम्बर पर चळहकर खुत्बा पळहा ईस रोझ से आप खतीब महमूद के नाम से मशहुर हुअे वरना आप मादरझाद कुतुब हंय. बहोत बळे वली हंय.

शाह सैयद महमूद गौषे झमाँका कारंन्टा शरीफ बरेहमन की बेटी को बचाने जाना

तोहफतुल कारी और दिगर मलफूझात में दर्झ है के अेक बरेहमन मोरली कीसन नामी अहमदआबाद शहर में आया और अदालते शाही में फरियाद की के में कारींठे का रेहनेवाला हुं वहा का राजा सीन्धुजी हल्झल खोर कौम से हय अेक रोझ वो कमीना शराब पीअे हुवे उसके साथीयों के हमराह हवाखोरी को जा रहा था के उसकी नझर मेरे महोल्ला तरफ पडी और मेरी लडकी नेक अखबर रुपकुंवर तेराह सालकी बाला खाना पर खडी थी ईस पर उस बदझाद की नझर पडी और उस पर फरेफता हो गया और उसने मेर पास पैगाम भेजा के मेरे साथ लडकी की शादी करें वरना में ताकत से झबरदस्ती ले लुंगा. मैंने मजबूर हो कर उसकी बात को कबुल किया और छे (6) माह का वक्त लीया हय. में ब दरगाहे शहेनशाह व ब बारगाहे आलमपनाह गुलब्बाह आया हुं के या हझरत सलामत ये सरासर झुल्म हय के झबरदस्ती राजा खोर कौम का आदमी बरेहमन की लडकी से शादी करे. अैसा आपकी सल्तनत में ये पहेले कभी नहीं हुवा हय. ईस लिअे उम्मीद रखता हुं के आप अेक फोज लेकर जल्द और आसानी से वोह मुकाम फतेह कर लेंगे और मेरा भी काम हो जाअेगा. तब बादशाहने पूछा ईस झीले की पैदाईश क्या हे और उस राजा का लश्कर कीतना हय अर्झ किया तकरीबन 700 (सात सो) हथियारबंद झरापोश सवार हें और दो हझार प्यादा का लश्कर हय. अकसर उसके तावेअ के लोग मुल्क वागड से लूटकर लाते हैं और गुझारा करते हैं. तब वझीरोंने मश्वरा

दिया के आमदनी वहां की कम हय चुनांचे पहाळ खोदकर चुहे मारने की मीस्ल है. सरदार मुरदार खार पर लश्कर ले-जाना बादशाह सलामत की फोज को मुनासीब नहीं है. सरदार मुरदार खोर काफीर हय और बरेहमन भी काफीर हय. दोनों जहन्नममें जायेंगे. जब सुलतान बहीले सुबहानी महझिलल्हु अलयहने वझीरों से ये मशवराह सुने तो बरेहमनको जवाब दिया के ये मुश्कील काम मुजसे न हो सकेगा. बरेहमन आखीर मजबूर और नाउम्मीद होकर गया गयब से उसके कान में आवाझ आई के अय बरेहमन तेरे गम की हालत कुतबुल अकताब कुतुब महेमुद से नहेरवाली शहेर में जाकर जल्दी से बयान कर. वहीं तेरी मुराद पुरी होगी. तब बरेहमन वहां से कुतुब महमूद(रहमतुल्लाह अलयह) के पास गया जब हुझूरने बरेहमन को देखा तो फरमाया के अय आनेवाले बता कहां से आया हय और क्या चाहता हय. उसने अर्झ किया के या अमीरे मसउद में महेमुदाबाद उर्फ कारींठेसे ब दरगाहे सुलतानी फरियाद लेकर गया था. लेकिन बादशाह के वझीरोंने मेरी फरियाद न सुनी और मुजे वहां से नीकाल दीया अब में आपकी खिदमत में हाझीर हुवा हुं. उम्मीद हे के मेरा मकसदम पुरा होगा. तब कुतुब महमूद(रहमतुल्लाह अलयह)ने उसे तसल्ली दी और अेक खत बादशाहको भेजा. उसका मझमुन ये था के काफिरोंके मुकाबले के लिये में जाता हुं ईस लिये कुछ लश्कर मेरे हमराह देना. ईन्शाअल्लाह वहां में रुसुमे ईस्लाम जारी करुं गा. बादशाहने फौरन ९०० सवार झराह पोश तैयार करके भेजा. बरेहमनने कहा के या हझरत अगर आपका हुकम हो तो अेक तदबीर करें ताके लश्कर का अेक आदमी भी न मरे और वो हरामखोर भी जहन्नम में पहोंच जाअे आपने फरमाया वोह क्या तदबीर हय. तब बरेहमनने तीनसो महाफा मअे सीजवाली के तैयार कराअे और अेक अेक महाफा में तीन तीन लश्कर के आदमीयों को बीठाअे और लश्कर के घोळे पट्टनमें (नहेरवाला) रख्खे और बारात के बहाने से महाफों को कारींठा की तरफ रवाना किये.

शेर सांप पर सवार होकर (सिन्धुजी) की फौज को हटाना

और बरेहमन बहोत जल्दी कारींठा में आया और राजा सिन्धुजी से कहा के मेरे रिस्तेदार मेरी लळकी की शादी में शरीक होनेके लिअे पट्टनसे महेमान आ रहे हें. ईस

लिअे आप कारींठा गाँउमें अेलान करादें के कोई शख्स महेमानोंकी तरफ देखे नहीं और उनको तकलीफ न पहोंचाअे क्युं के ईसमें औरतें परदादार हैं तब सिन्धुजीने बरेहमन के कहेने के मुताबीक गाउं में ताकीद करादी. फीर तो महाफुं की कतारें कारींठा से चार या पांच मनझील रहे गअे थे के ईतने में कुतुब महमूद(रहमतुल्लाह अलयह) हुकमे खुदा से अपने दखादा के शेर पर सवार हुवे और हाथ में सांपका कोळा पकडा. नहेरवाला शहेर से कारींठा की जानीब चले. आप महाफुं से तीन रोझ पहेले कारींठा में दाखिल हुवे और सिन्धुजी का सर आपके कोळे से अलग किया. शेर और सांप को उन लोगों पर मुसल्लत किये बहोत से हरामखोरों को शेर और सांपने मारे और बाकी के लोगों को लश्कर के आदमीयों ने आकर मोत के घाट उतार दिये. उनकी तमाम जळें नीकाल दीं और उनकी जगह पर मुसलमान आबाद किये.

सरकारे मदीना के हुकम पर कारन्टा शरीफ आबाद करना, मस्जीद तामीर करना

हझरत कुतुब महमूद(रहमतुल्लाह अलयह)भी हमारे आका व मौला ताजदारे मक्की व मदनी मोहंमदुर्रसुलुल्लाह सल्लल्लाहो अलयहे वसल्लम के ईशारे से कारींठा में सुकुनत अखत्यार कीअे और मस्जिद तामीर कराई.

सुलतान महमूदखान का हजरत महमूद को कारन्टा शरीफ जाकर मदद का हुकम करना

सुल्तान महेमुदखान के हुकम के मुताबिक अमीरने थानेदारों के रेहने के लिये मही नदी के किनारे भादर नदी के करीब कीला बनाने का काम शुरु किया. कारीगर लोग दिन के वक्त दीवार तैयार करते थे लेकीन रात के वक्त दीवार गीर जाती थी. आखीर अमीरने सुलतानको अहमदआबाद ये वाकेआ लिखवा. जब बादशाह को खबर मीली तो फीक्र हुई के येह काम सिवाय वली अल्लाह के कोई न कर सकेगा तो अेक शख्सने बादशाह को खबर दी के शहेर नेहरवाला उर्फ पिरान पट्टनमें हझरत कुतुब महमूद(रहमतुल्लाह अलयह) हैं वो ये बला को दफे कर सकेंगे

तब बादशाहने आपको बुलाने के लिये खत और घोळा आपके पास भेजा. उसकी खबर पहेले से सरकारे मदीनाने हझरत कुतुब महमूद(रहमतुल्लाह अलयह)से फरमाया था के बादशाह का घोळा और खत आपके पास आअेगा तो आप कारींठा जाकर कीले की बलाको दफा कीजीये. वहां सुकुनत अखत्यार कर के मेरे दीन की इशाअत किजीअे. हझरत कुतुब महमूद(रहमतुल्लाह अलयह) खतका ईन्तेझार कर रहे थे के सुलतान महमूदखान का खत और घोळा आया.

देव को भगाना किला तामीर होना

आप घोळे पर सवार होकर कारींठा गअे उस वक्त चंद बदकार लोग शैतानीयत के दरजे पर पहोंच गये थे ईन पर हझरतने ईस्मे आझम पळ्हा तब वो लोग बद जानवर की सुरत में तबदील हो गअे और आखीर वो जलाअे गअे. और उनको भादर नदी में डालकर बहोत बळे बळे पथ्थर कंई हझार मन के उन पर रख दीअे गअे. जहां पर कीले की दीवार गीर जाती थी. वहां अेक देव था. वो जब गरदन उंची करता था तब दीवार गीर जाती थी फीर जब हझरत कुतुब महमूद(रहमतुल्लाह अलयह) तशरीफ लाअे तो देव वहां से भाग गया. ईसके बाद किले की दिवार गीरी नहीं. ये वाकेआ हि.सन. 699 का हय और कीला हि. सन 761 में खलाईक के लीअे आबाद हुवा.

हजरत का खुत्बा सुनना रुपकुंवर लळकीका

अेक मरतबा कारींठे की मस्जिद में हझरत कुतुब महेमुद (रहमतुल्लाह अलयह) वाअझ फरमा रहे थे उस वक्त खलकुल्लाह का बहोत बळा हुजुम था. उस वक्त आपने हदीस बयान फरमाई के तालेबद दुनिया मुखन्नसुन व तालेबुल उकबा मोअतनसुन व तालेबुल मौला मुझक्करुन. जब आपने ये हदीस बयान फरमाई उस वक्त बरेहमन की लळकी रुपकुंवर जीस पर सिन्धुजी हलाल खोर राजा फरेफता हुवा था. बोह हाथ में मटका लेकर ओरतों के साथ पानी भरनेके लिअे वहां से गुझरी तब हदीस उस लळकीने सुनी तो ईश्के ईलाही उसके कल्बमें जोश मारने लगा और खयाल किया के अकसर लोग दुनिया की तलब या आकेबत के तालीब होते हैं. तालीबे

मौला तो हजारों में अेक होता है. ईस लिअे औरत और मुखन्नस से परदा क्या करना ये खयाल करके ईश्के ईलाही की मदहोशीमें घर पर गई और बरेहना रहेने लगी. लेकीन हझरत कुतुब महमूद(रहमतुल्लाह अलयह)के सामने आती तो कपळे पहेन लेती और कोई आदमी उसके पास ईलाज करने को आता तो उनको ये लळकी मुखन्नस कहेती या झनाना कहेती. ईस वजेह से हर शख्स शरमिन्दा होकर चला जाता अगर किसीने बावजुद ईलाज किया तो फायदा न होता था गरझ रुपकुंवरका बाप मोरली कीसन और उसका भाई और शोहर और दुसरे रीस्तेदार हझरत कुतुब महमूद(रहमतुल्लाह अलयह) के पास आअे. जब लळकीने हझरतको देखा तो कपळे पहेन लीअे मोरलीकिसनने कहा के पीर रोशन झमीर ईस लळकी को क्या हुवा है के आपको देखकर कपळे पहेन लीअे हैं और दुसरों को देखकर बरहेना हो जाती हय. आप बराअे करम ईसका आसेब दुर किजीअे. हझरतने फरमाया के अय बरेहमन लळकी को कोई बला नहीं हे बल्के ईश्के ईलाही की आतीश से सोख्ता हे अगर चे लडकी तुम्हारे नझदीक ना मक्बूल हय लेकीन अल्लाह के नझदीक मकबुल हय. हझरत कुत्बेझमाँ (रहमतुल्लाह अलयह)ने लळकी से कहा के तुम्हारे कल्ब पर जो केफियत तारी होती हे वो सुनाओ तब रुपकुंवरने कहा के दुनिया में झियादातर ईन्सान औरतें या मुखन्नास नझर आते हैं क्युं के झियादातर आदमी दुनिया के तालीब हंय ईस लिये मुखन्नास या औरतों से परदा करना झरुरी नहीं. हझरत कुतुब महेमुद (रहमतुल्लाह अलयह)को मैं झाहेरन और बातेनन मर्द देखती हुं और ईस वजहा से आपसे हया करके कपडे पहेन लेती हुं. तब आपने उसके बापसे फरमाया के ये लडकी शिर्क से नीकलकर तालिबे अल्लाह हो गई है उसके अच्छे होनेकी उममीद न रखना आखीर में रुपकुंवर को अफसोस के साथ घर ले गये और लळकीने घर जाने के बाद खाना पीना छोळ दिया. फिर तो मजबूर हो कर उसको घरसे नीकाल दिया ये बरहेमनझादी हझरत कुतुब महमूद (रहमतुल्लाह अलयह)के पास हाझिर हुई और तीन रोझ तक आपकी खानकाह में रही और उसका दिमाग शहेवाते नफसानी वसवसे शयतानी से पाक हुवा फीर हझरतने उसको मुरीद बनाई और उसकी उम्र तवील बक्ष दी व दुआअें दीं जहां आपकी ईबादत की जगाह थी वहां पाणी बहोत गहरा था आम तोर पर ईसको कुन्ड केहते थे वहां पर रेहनेका उसको

हुकम फरमाया और आपने फरमाया यहां पर ईबादत करना और मखफी रेहना झाहीर मत होना ये बयान मलफुझात में दर्झ हय के ये लळकी आज तक हझरत के ईशारेसे ईसी जगाह पर झीन्दा हे लेकीन किसीको नझर नहीं आती.

हुझूर सल्लल्लाहो अलयहे व सल्लम के हुकम से हजरत सैयदुल सादात मख्दुम जलालुद्दीन जहांनीया जहांगश्त से मख्दुम सैयद कुतुबुल अकताब सैयद शाह खतीब महमूद कारन्टवी से कारन्टा शरीफ मुलाकात को आना

सैयदुस सादात कुत्बुल अकताब गौसेवाला हझरत जलालुद्दीन उर्फे मखदुम जहांनीया जहांगश्त रदियल्लाहो अन्हो हरमुकल पहाळीयों की और सहेराओं की सैर के लिअे गअे और दरियाओं को और बयाबानों की सैर करते हुवे ईस हद तक गअे के आफताबो महाताब ने आपसे मुसाफाह किआ. सफरके दौरान में अकसर औलियाओं की करामत को कुव्वते जलालत से छीन लिया और अपने वतन को गअे तब हझरत रसूले करीम सल्लल्लाहो अलयहे वसल्लमने हुकम फरमाया के अय मखदुम झी ऊलुम कारींठा कोहीस्तान में वाकेअ हय. वहां जाओ वहां गौसे झमां हझरत कुतुब महमूद (रहमतुल्लाह अलयह)से मुसाफा किजीये और मुलाकात किजीये हझरत रसूले करीम सल्लल्लाहो अलयहे वसल्लमके हुकम के मुताबीक आप कारींठा तशरीफ ले गअे और मस्जिद में ठेहरे और फरमाया के यहां खुदा के दोस्त की खुश्बु आती है. जब हझरत मखदुम जहांनीया (रहमतुल्लाह अलयह) के आने की खबर हझरत कुतुब महमूद (रहमतुल्लाह अलयह) के खुद्दाम को हुई तो, वो कुतुब महमूद (रहमतुल्लाह अलयह) के पास गये और अर्झ कीया की या पीर रोशन झमीर आप हझरत मख्दुम जहांनीया (रहमतुल्लाह अलयह) से हरगीझ मुसाफा न किजीये. कयुं के हझरत मख्दुम जहांनीया (रहमतुल्लाह अलयह) करामातें छीन लेते हैं तब हझरत कुतुब महमूद (रहमतुल्लाह अलयह)ने फरमाया के कम झर्फ ईन्सानों से करामत छीन ली गई है और आरीफों को करामतें बख्शी गई हैं. कुछ फिक्र की बात

नहीं के जो करामतें छीनी गई हंय वोह भी वापस दिलवाउंगा जब मख्दुम जहांनीयाने अेक रुक्का हझरत कुतुब महमूद(रहमतुल्लाह अलयह)को लिखा असर और मगरिब के बीच में दोनों कुतुब और गौस की मुलाकात हुई और दोनों अवलिया अल्लाह मुश्कुराअे और बहोत खुश हो गअे. हझरत कुतुब महमूद (रहमतुल्लाह अलयह)का पयहन दोनों कंधों पर चाकवाला था और हझरत मख्दूम जहानीयां (रहमतुल्लाह अलयह)का कमीझ सीने पर चाकवाला था आप इस तरह से सीने से सीना लगाकर मिले के हझरत कुतुब महमूद (रहमतुल्लाह अलयह)का पैहरन सीने पर से फट गया और हझरत मख्दूम जहांनीयां (रहमतुल्लाह अलयह)ने फरमाया के हमारे दोनों के दरम्यान में कपळे का हिजाब न रहे, बाद में गुफतेगु हुई क्युं के हझरत मख्दूम जहांनीयां (रहमतुल्लाह अलयह) अपने बाप दादा से मरातिब पाअे हुअे थे. हझरत कुतुब महमूद(रहमतुल्लाह अलयह) हझरत मख्दूम (रहमतुल्लाह अलयह)का हाथ पकळ के भादर नदी पर वोह चश्मा जहां पानी बहोत घेरा था, ले गअे जहां आपकी इबादतगाह थी, वहां चंद अजाएबात देखे और चंद करामात और मस्अले हझरत मख्दूम (रहमतुल्लाह अलयह)ने हल फरमाये. चालीस रोज तक वहां चिल्लाह में रहे और फिर बाहर आअे फिर हझरत मख्दूम (रहमतुल्लाह अलयह)ने फरमाया के आप मुजसे बयअत लीजीये. तब आपने फरमाया के मेरे वालिद शाह सुलेमान (रहमतुल्लाह अलयह) और मेरे दादा हझरत शाह अली सरमस्त (रहमतुल्लाह अलयह) जुनेदीया सिलसिलाह में बैअत लिअे थे और खलकुल्लाह को राहे हक बताअे और आप सिलसिले सोहरवर्दीया में हैं. ये जवाब सुनकर हझरत मख्दूम (रहमतुल्लाह अलयह)खामोश रहे. बादमें इस रात की तहज्जुद की नमाझ के वक्त हझरत रसूले अकरम सल्लल्लाहो अलयहे वसल्लमकी रुह मुकद्दस चारों खुलफा के साथ हझरत कुतुब महमूद (रहमतुल्लाह अलयह)के पास तशरीफ लाअे और फरमाया के अय कुतुब महमूद (रहमतुल्लाह अलयह) सिलसिले बैअत सब मुज से हैं. हझरत मख्दूम (रहमतुल्लाह अलयह) जो कहें वोह कुबूल करो तब हझरत कुतुब महमूद (रहमतुल्लाह अलयह) हझरत मख्दूम जहांनीया (रहमतुल्लाह अलयह) के मुरीद हुवे और सिलसिलाअे सोहरवर्दीया में दाखिल हुवे! बाद दो रोझ के हझरत मख्दूम (रहमतुल्लाह अलयह)ने फरमाया के

मरातिब में हम दोनों बराबर हैं चंद मुश्किलें ईन चिल्ले के दिनों मे तुमने आसान की और हझरत मखदूम (रहमतुल्लाह अलयह)ने गुजरी झबान में दोहरा पढा. साग लपेटा भात है और भात लपेटा साग है.

मख्दुमे जहांनीया जहांगश्त से करामते वापस करवाना

जिन औलिया अल्लाह की करामत आप ले आअे थे वोह सब हझरत कुतुब महमूद (रहमतुल्लाह अलयह)को दिये. लेकिन कुतुब महमूद(रहमतुल्लाह अलयह)ने कुबुल नहीं किये और फरमाया के अय हझरत मख्दम जहांनीया (रहमतुल्लाह अलयह) मैं इश्के इलाही, रोझे अझल से मेरे बाप दादा के साथ पाया हुं. ये नेअमतों की झरुरत मुझे नहीं हैं लेकिन या मख्दूम (रहमतुल्लाह अलयह) गौर किजीये के अगर किसी आदमी के पैसे गुम हो जाअें तो कितना गम करता है. उन औलिया अल्लाहने कितनी महेनत और मशक्कत उठाने के बाद येह नेअमतें पाई होगी. हझरत रसूलुल्लाह सल्लल्लाहो अलयहे वसल्लमने फरमाया है के मोमिनों का दिल अर्शुल्लाह है तो ये करामतें जिनसे आपने ले ली हों उनको वापस कर दो फिर तो हझरत मख्दूम (रहमतुल्लाह अलयह)ने वोह सब करामातें वापस कर दीं और सब के सब औलिया अल्लाह खुश हो गअे. हझरत मख्दूम जहांनीया (रहमतुल्लाह अलयह)ने फरमाया के आपने मुजे कयामत के दिनकी जवाबदारी से बचा लिया और औलिया अल्लाह में मुजे बदनामी से साफ किया और अल्लाह का शुक्र बजा लाअे और अपने मकाम की तरफ तशरीफ ले गअे.

कुत्बे कारन्टा की शादीके लिये सरकारे मदीना के हुकमसे...

हझरत कुतुब महमूद (रहमतुल्लाह अलयह)की शादी के लिअे सरकारे दोआलम के हुक्म से रमझानुल मुबारक के महिने में हझरत रसूले करीम सल्लल्लाहो अलयहे वसल्लमकी रुह मुबारक चारों खुल्फा के साथ रात के वक्त हझरत कुतुब महमूद (रहमतुल्लाह अलयह)के पास तशरीफ लाअे और हुक्म दिया के अय महमूद ! हुक्म खुदावंदे करीम का है के तुम शाह सैयद झैनुद्दीन की साहबझादी के साथ

निकाह करो इस साहबझादीसे औलिया अल्लाह पैदा होंगे. तब हझरत कुतूब महमूद (रहमतुल्लाह अलयह)ने हझरत रसूले करीम सल्लल्लाहो अलयहे वसल्लमका हुक्म कुबूल फरमाया.

हझरत सैयद झैनुद्दीन साहबने बातेनी हझरत रसूले करीम सल्लल्लाहो अलयहे वसल्लमके इशारे से और झाहेरन सुलतान के हुक्म से झैनाबाद उर्फ अमरथनी आबाद किया हैं. गांव का नाम झैनाबाद रखखा. सुलतान अहेमदाबाद के तरफ से आप वहां के हाकिम मुकर्रर हुअे थे. हुकुमत और कझायत आप इस इलाके की करते थे जब हझरत कुतुब महमूद (रहमतुल्लाह अलयह)ने शादी का पयगाम भेजा तो हझरत सैयद झैनुद्दीन (रहमतुल्लाह अलयह)ने फरमाया के हझरत रसूलल्लाह सल्लल्लाहो अलयहे वसल्लमने मुझे भी इशारा फरमाया है तो शादी के लिअे आप जल्द आईये दोनों तरफसे शादी का सामान तैयार हुआ. उनका इस्मे गिरामी अमतुर रउफ है. शादी करके दुल्हन को हझरत कुतुब महमूद (रहमतुल्लाह अलयह)के घर ले गये. हझरत कुतुब महमूद(रहमतुल्लाह अलयह)की विलादत सन हिजरी 647 में हुई और आपका विसाल सन. हिजरी 758 के माहे रमझानुल मुबारक की तारीख पांच को हुआ. आपकी उम्र शरीफ 111 साल की थी.

आपकी औलाद - विशाल

आपके फरझंदे अव्वल शाह ईब्राहीम (रहमतुल्लाह अलयह) उर्फ अलीशाह हैं. आपका विसाल 9 शव्वाल को हुवा. उनके विसाल के वक्त हझरत शाह हुसैन (रहमतुल्लाह अलयह) शिकमे मादर में थे और दोयम कुतुब हुसैन (रहमतुल्लाह अलयह)हैं. आप दोनों की कब्र मुबारक दरगाह शरीफ में हझरत कुतुब महमूद के रोझे में है. तीसरे साहबझादे हझरत मुजतहेदुझ झमां शाह काझी मोहंमद (रहमतुल्लाह अलयहे) हंय. आपका रोझा अहमदआबाद में सारंगपुर में हय.

काझियुल आलम, आलिमे बा-कमाल, शैखुल शुयूख, जुनैदुद दुहर, फरीदुल अस्र, मुजतहेदुझ झमां, महबूबे रहमान, अलवासेलो, बेवासेलिला हिस्समद, तकवा शिआर, कुतबुल अकताब

सैयदना शाह काझी मोहम्मद

विसाल : 900 हि., इ.स.1492 आस्ताना : शाह हम्माद रोझा, मु.सरपुर, छोटी रेल्वे लाइन, हंजर सिनेमा के करीब, अहमदाबाद.

बचपन में अकेले रेहना या कालुसिंधी के साथ घुमना...

हझरत शाहे मोहम्मद (रहमतुल्लाह अलयह) हझरत शाह कुतुब महमूद (रहमतुल्लाह अलयह)के सबसे छोटे साहबझादे थे और बचपने से आपकी अैसी हालत थी के आप किसीके भी साथ में बैठते नहीं और कोई दिलकी बात बताते नहीं. आप बचपनही से लाडले होने की वजह से आपको कोई कुछ नसीहत नहीं करते थे.

आपके दिलो दिमाग का किसीको पता नहीं चलता था. और आप हंमेशा तन्हा रहा करते थे मगर आपको फकत आपका चाकर कालु नामी सिंधी था उसके साथ आप झयादा वक्त घुमते थे. आप शबाब तक पहोंचे वहां तक आपने कोई ईल्म हांसिल करनेकी तवज्जो न की और दुनियावालों को वहेम गुझरा के आप कालु सिंधी के साथ रहेकर अपना जददी विर्सा छोळकर ख्वामख्वाह सिंधी के साथ वक्त झाये करते हैं. ईस बातका चर्चा घर बहार होने लगा और अेक रोझ कालु सिंधी कहीं जा रहा था उस वक्त रास्ते में कई औरतें मौजूद थी और कहे रही थी के ईस शख्स ने हझरत खतीब महमूद (रहमतुल्लाह अलयह) के दिलबर हझरत शाह काझी सैयद मोहंमद को खराब कर रखा हय और उन्हें कोई मोहलत नहीं देता के अपने खानदानके करीबवालों के साथमें रहे कर कुछ ईल्मेदीन हांसिल कर सके

येह बात जब ईस कालु सिंधीने सुनी तो आप की खिदमत में हाझीर होकर अर्झ करने लगा के आजसे में आपको कभी नहीं मिलुंगा क्युं के दुनियावाले मुजे बदनाम कर रहे हैं.

इल्मे दीन हांसील करने के लिये हुजरे में चले जाना

कुत्बुझझमां हझरत शाह कुतुब महमूद (रहमतुल्लाह अलयह)के साहबझादे को खराब कर रहा हय तब आपने फरमाया. कुछ गम मत कर, मैं जब तक मिस्ले मेरे बाप के नही हो जाउं वहां तक तुजसे तो क्या मगर कीसीसे भी नहीं मिलुंगा. ये केह कर आप हज्जाम के वहां गये और सर मुंडा कर आपकी वालेदा के कदम पकडकर अर्झ की के मुझे ईजाझत दो हुजरेमें जाने की, आपकी वालेदाने आपको दुआअें देकर हुजरेमें जानेको रुखसत किया तो आप हुजरेमें दाखिल होकर हुजरा बंधकरके कुफल लगाकर ईल्मेदीन हासिल करने पर कमर बस्ता हो गये और रात और दिन ईसी शुग्ल में गुझारते अगर आपको नींद का झोंका आता तो आप नमक और लोंग खरल किया हुवा आंखोंमें मल देते तो आपको उसके दर्दसे नींद न आती और अगर कभी कुछ वकफा होता तो फौरन चौंक उठते. आपके पास ईन्सान की शक्ल में ईल्म पळ्हाने के लिअे कोई आता था वो कौन था, अल्लाह बेहतर जानता हय ! आप छे माहमें हाफिझे कुरआन और ईल्मे दीनसे मालामाल हो गये. आप कश्फो करामात से मुमताझ हुवे.

हाफेजे कुरआन होना व मकबुलीयत हासील करना

आप उस अर्से में अैसे दुबले पतले हो चुके थे के आपके जिस्ममे गोश्त का कोई पता न चलता था और वो हड्डीयों से चीमट गया था. मगर आपका चेहराअे मुबारक माहे ताबां की तरह चमक रहा था. आपने फरागते ईल्म के बाद हुजरे से निकल कर आपकी अम्मा के कदम चुमे फिर तो दुनिया में आम चर्चा हो गया के हझरत कुतुब महमूद(रहमतुल्लाह अलयह)के फरझंद हझरत शाह काझी मोहंमद हाफिझे कुरआन हुवे हंय और ये खबर आपके मामुं को हुई. आप उनकी मुलाकात के लिये आपके पास तशरीफ लाये तब आप नींद (ख्वाब) में कलामे अल्लाह पळ्ह रहे थे. तो आप के मामुं साहबने आपको निंद से बेदार किया, आपने मामूंकी आवाझ पहेचान कर उठे और वझु करके कुरआन शरीफ पुरा किया, आपने कभी नाजाईझ गिझा तनावुल नहीं फरमाया आपके पास आपका अेक घोडा था वो भी गैर का घासदाना न खाता था.

अहमदाबाद में आना आपके घोडे का तकवा

आप जब अहमदआबाद सारंगपुर तशरीफ ले गअे और उस वक्त वहां के सिपाही घास दाना अतराफसे लूंट कर लाते और वो घास दाना आपके घोडेको डालते मगर आपका घोडा कभी घास दाना नहीं खाता था और फकत पानी पर गुझारा करता था और बहोत लागर (दुबला) हो चुका था, ये बात आपको आपके मुरीद केहते. घोडा अगर मर जायेगा तो खसारा होगा मगर आप किसीको जवाब न देते और गोया सुना ही नहीं वैसा करके टाल देते मगर अेक रोझ अेक काफला आया जिसके पास घास दाने बहोत थे, उनके पास से घास दाने खरीद कर उसे घोडे को डाला तो उसने उसे खा लिया.

गुजरात के बादशाहको सरकारे मदीना सल्लल्लाहो अलयहे व सल्लम का ख्वाबमें आना और शाह मोहंमद रहमतुल्लाह अलयहे को काजीअे दिने इस्लाम पर मुकर्रर करना

सरकारे दो आलम सल्लल्लाहो अलयहे वसल्लम अेक रोज बादशाह के ख्वाब में आकर फरमाने लगे के मेरा हमनामी मोहंमद हय वो काझीअे दीने ईस्लाम हय और वो अपने आपको पोशीदा रखता हय तो तु उनकी तलाश कर और उनसे मिल तो बादशाह को आपसे मिलनेका शौक पैदा हुआ. रोज बरोझ हर जगाह तलाश करता रहा मगर आपको न पा सका. मगर अेक वक्त अेसा आया के आप हझरत काझी मोहंमद (रहमतुल्लाह अलयह) खलीफा के मुकाम पर पहोंचे और उसके मुखबिरोंने खबर दी. तब खलीफा को वो खयाल हुआ के शायद वो हझरत काझी मोहंमद (रहमतुल्लाह अलयह) खुद तशरीफ लाये हैं के जो मेंने ख्वाब में देखे थे. ये केहकर खलीफा आपके ईस्तकबाल के लिये सामने आया. तो वो पेहचान गया तब आपने कहा के तेरे और मेरे मिलने का ये वसीला था. वर्ना तुं कहां सुलतान और में कहां दुरवेश, उसी वक्त सुलतान आपसे बगलगीर हुवा. और अर्झ की के आप मेरे यहां रहो और मकाम और वझारत कुबूल फरमावो. तब आपने बादशाह की दिलजोई के लिये ओहदा कुबुल फरमाया. और आप वहां मसनद नशीं रहे. और आप हंमेशा

रोझा रखते थे. आपने बादशाह से अपने ओहदे का इस्तेफा दे दिया और खुदा की बंदगी में मश्गुल रहे.

औरत को देव माहुन के चुगांलसे छुडाना

अेक रोझ का वाकेआ हय के अेक शख्स अपनी बीवी को महाफे में लिबठाकर जा रहा था और रास्तेमें कझाअे हाजत पेश आई. तो वो अपनी बीवी को महाफे में छोडकर कझाअे हाजत के लिअे तालाब की जानिब गया. उस वक्त वहां अेक देव (भुत) उस ईन्सान की सूरत में आकर महाफे के साथ औरत को लेकर वहां से चला. जब उसका शौहर फरागत पाकर आया और देखा के औरत और महाफा नहीं है. वहां वो बेचारा चारों तरफ ढुंढने लगा. मगर कहीं पता न चला. तब रास्तेमें अेक मुसलमान उसको मिला और वो बोला के कहां से आये हो तुम? आपने कहीं रास्ते में महाफा देखा? तब वो बोला के हां अेक औरत उसमें बैठी हुई है और महाफा जा रहा है. ये सुनकर वो दो मील तक दौळा और महाफे के करीब जाकर उस देव को ललकारने लगा के अय मलउन! कहां ये मेरी औरत को लेके भागा जाता है? तब वो देव बोला के ये मेरी औरत हय. और तुं उसे मुजसे छीनना चाहता है? और मुझहे डराना चाहता हय? इस तरह से वो दोनो जगडते हुअे अदालतमें फरियाद के लिअे गुजरात के काझीके नझदीक जाकर अपना अहेवाल सुनाए तब काझीने उस औरत से कहा के ईन दोनों का हाल सुना तब औरत बोली के मैं अपनी मां के मकान पर थी और मेरा खाविंद मुजे महाफे में बिठा कर अपने मकान पर ले जा रहा था. और उसे रास्ते में कझाअे हाजत दरपेश हुई तो वो तालाब पर फरागत के लिये गया और फारिग होकर मुजे मुहाफे के साथ दो कोस तक चला, ईतनेमें ये शख्स दौडा हुवा आया और ये आपसमें जगडने लगे. और ईसी हालतमें आप के पास हाजीर हुवे हैं ये दोनों बराबर हमशकल होने की वजहसे मैं कुछ बता नहीं सकती के मेरा शौहर कौन है ? फिर तो काझी भी गभरा गये और उन्होने मशवरा तय किया के फैसला मुश्कील हय मगर यहां से सब चलके सारंगपुर जहां हझरत काझी मोहंमद (रहमतुल्लाह अलयह) जरवागरे हैं उनसे ये माजरा सुनाकर सही फेंसला पा सकते हैं ईस गरझ से तमाम के तमाम सारंगपुर हझरत की खानकाह में हाजिर हुवे और वहां

जाकर तमाम हाल आपको सुनाया तो आपने अेक आफताबा (बदना) मंगाया और उस देवसे कहा के तुम दोनों में से जो उसका हकीकी शोहर हय वो आफताबे में से मुंहकी तरफ निकले, उसे हम ये औरत बख्श देंगे. वो देव उस बदने में घुसकर कलाम करने लगा, तब आपने बदने का मुंह बंधकर दिया तो वो देव बोला के आपने मुझे हिकमत से बंधकर दिया मगर मैं मेरी गलतीका अेकरार करता हुं और आईन्दा कभी अैसा न करुंगा. आप मुझे रिहा कर दो तो मैं मेरी तमाम उम्र आपकी गुलामी में रहुंगा तो आपने उसे बदनेकी कैद से रेहाई दी तो वो आपके सामने दस्त बस्ता होकर मुआफी का तलबगार हुवा. वो औरत उसके खाविंद को दिलवाकर उसे उसके मकान पर जाने की ईजाझत दी तो वो मियांबीवी अपने मकान पे गये और वो देव जिसका नाम माहुन था उसको भी आपने रजा दे दी.

साबरमती डुबती डुबती नाव इन्सानों की अपनी नालेन (जुती) से बचाना

अेक रोज हझरत शाह काझी मोहंमद (रहमतुल्लाह अलयह) तफरीरह के लिअे साबर नदीके किनारे तशरीफ ले गये. उस वक्त बारिशका मौसम होने से नदी भरपूर जारी थी. वहां चंद लोग कश्ती में सवार होकर पानी में पार होने के लीअे जा रहे थे. नागाह अेक भंवर (गिरदाब)में कश्ती फस गई और ये करीब था के कश्ती डूब जाये तब कश्ती के ना खुदाने शोर मचाया तो आपने अपनी नालेन (जूती)को हुक्म दिया के ईस कश्ती को किनारे पर ला. उसी वक्त आप की नालेन ने कश्ती को पकडकर किनारे लगा दी और कश्ती के सवार बाआसानी नदीसे पार हो गये.

शैर का मकान बिछछुने ले लीया जो दिला देना

अेक रोझ का वाकेआ हय के हझरत शाह काझी मोहंमद (रहमतुल्लाह अलयह) अपनी खानकाह में जलवा अफरोझ थे. ईतने में अेक शैर आपकी खिदमत में हाजिर होकर फरियाद करने लगा के मेरा मकान अेक बिच्छुने छिन लिया हय. तब आपने बिच्छु को बुलाया और हाजिर हुवा तो आपने फरमाया के तु ईस शैर बबर

को क्यूं सता रहा हय और उसका मकान किस लिये तुने छिना हय? तो वो बोला के ये शैर नाहक जानवरों को मारता है ईस लिये मैं उसको हैरान करता हुं. तो आपने फरमाया के जो जिसका कसब है वो किया करे ईस तरेह ये शैर भी अपना काम कर रहा है और तुं उसका घर छोळ दे. मगर वो बिच्छु अपने झेहर पर गुरुर करता था. और वहां से निकलने को ईन्कार किया तो आपने अपनी नझरे अबदालियत से देखा तो उसी वक्त वो बिच्छु बकरी की सुरत बन गया. ये हाल देखकर शैर उसकी तरफ दौळा. वो भागा और अेक कूअे में जा गिरा तो मायुस हुवा. उसका फख्र तूटा तो आपने उसको बाहर निकलवाया और उसे उसके मकान का रास्ता बताकर रवाना कर दिया. और शेर को भी उसका मकान दिलाकर खुश किया.

आपकी औलाद न होना ख्वाब आना, आपकी औलादे पाक

हझरत शाह काझी मोहंमद (रहमतुल्लाह अलयह)के वहां अर्से तक कोई औलाद न हुई थी तो मोहल्ले की औरतोंने आपकी बीवी से कहा के आपकी गोद अभी तक खाली क्यूं हय? ये बात आपकी बीवीने हझरत को कही तो आपने जवाब दिया के ये हाल कल तुमसे झाहिर करुंगा. ये केहकर आप मकान बंधकरके सोये तो आपकी बीवीने ख्वाब में देखा के अरबी झबान में अेक अलिफ और तीन हे खुशखत देखे तो आप हझरतने कहा के आपको परवर दिगारे आलम तीन फरझंद और अेक लळकी अता फरमाअेगा. फिर तो आपके बतन से जो साहबझादी पैदा हुई उनका नाम अकामलकअफीफा रखखा. और आपके तीन साहबझादे हुवे. (1) हझरत शाह सय्यिद हमीदुद्दीन (रहमतुल्लाह अलयह) (2) हझरत शाह सय्यिद हामिद (रहमतुल्लाह अलयह) और (3) हझरत शाह सय्यिद हम्माद (रहमतुल्लाह अलयह)

वफात बाद की करामत - वफात साल

हझरत शाह काझी मोहंमद (रहमतुल्लाह अलयह) का वक्ते विसाल करीब आया तो आपने लळकों को बुलाकर दुआअें दीं. और आप बहक्के जान हुवे. आपका विसाल

रजब की पांच तारीख को हुआ है आपकी वफातके बाद आपके रौझए अकदस पर जो कोई आकर कुरआन शरीफ की तिलावत करता और उसमें कोई गलती होती तो आप मझारे मुबारक से उसकी गलती सुधरवाते थे. ये मामला काफी अर्से तक चला मगर अेक रोझ अेक दुरवेश फातेहा के लिये तशरीफ लाये थे और उन्होंने कहा के ये बात अच्छी नहीं क्युं के ये काम नबीयोंने भी नहीं किया हय, तो आप ईस कामसे बाअझ आये. उस रोझ से आपने गल्ती का निकालना बंद कर दिया. ईस बात के लिये शहेरमें खबर हुई तो वहां बडा हुजुम होता था ईससे आपको भी तकलीफ महेसूस होती थी.

हजरत सय्यिदना शाह काझीउल आलम शाह हम्माद सोहरवर्दी, कादरी के हालात

आपका नाम सय्यिद शाह हम्माद था । और खिताब काझीउल आलम था । आप के वालिद का नाम हजरत सैय्यिदना शाह मोहंमद बीन सय्यिद शाह कुतुब महमूद कारंटवी था। आप तीनो भाइ हजरत सय्यिद शाह आलम महेबूबे बारीसे मुरीद थे । जैसे (1) सय्यिद शाह हमीदुद्दीन चाहेलदाह (2) सय्यिद शाह हम्माद (3) सय्यिद शाह हमीद रहेमतुल्लाहे तआला आपने 12 या 18 साल की उम्रमें हर तरह के इल्म हांसील कर लिया था । उसके बाद इस्लाम की तब्लीग व दीन के फैलानमें लग गये. पहले गुजरातमें और आसपासके गांव शहेरोमें हिदायत व इस्लामकी बुलंदी के लिये घुमते रहे । और तोहीदो-रिसालत का पैगाम पहोंचाते रहे । काफी साल तक बादशाह के सिपाही व सेनापति बनके दीने-हक की बकां के लिये जेहाद करते रहे ।

आपकी गिनती उच्च दरजे के परहेजगार और मुतवककीया में शरीअत की रोशनीमें हलाल रोजी हांसील करते और सच्चाइ का रोशन मीनार थे । कभी कहीं अपने दोस्तो के यहां दावतमें जाते और वो खानेमें शक जाता तो आप उलटी कर डालते थे । और ये खाने पीनेकी अगर शक होता तो आप उस चिझको न खाते न हाथ लगाते ये आदत आपके घोडे में भी आपकी सोहबतसे आ चुकी थी वो भी शक वाला चारा न खाता । सुब्हानल्लाह

आखरी जीन्दगीमें आप अकसर वकत तन्हाइमें रहेना पसंद करते और अल्लाह तआलाकी यादमें लगे रहते आपकी खानकाहमें दुन्यादारीकी चर्चाव गुफतगुं बीलकुल न होती थी । आपकी वफात 36 सालकी उम्र में हुई थी । तारीखे ओलीया अे गुजरातमें तारीखे दककन के हवालेसे अेक किस्सा नकल कीया है वो ये है...

आप जयादातर अकेले व तन्हा रहते थे । खादीम आपसे कोइ सवाल करता तो आप जवाबमें ये फरमा देते के मेने अता कर दिया, मेनें दे दिया या में नहीं दुंगा । ये अल्फाज बोलनेसे आलीमोमें काफी हंगामा बरपा हो गया और सब आलीमोने गुफतगु करके आपको कत्ल करने का फतवा तैयार कर दीया । वकत के बादशाह ये फतवे पर अमल करने, करवाने के लिये काफी बार कहेने में आया । बादशाहने ये फतवे पें अमल करनेका फैसला कर लीया और कहा की जीस तरहा हुशैन मन्सुर के उपर कत्लका हुकम करनेका फतवा दीया था वैसा ही हुकम आपके भाइ हझरत सय्यिदना शाह काजी हमीदुद्दीन चाहेलदाह करे और अपने दस्तखत कर दे । तमाम आलिम हझरत शाह काझीउल आलम हमीदुद्दीन सहाब पास गये और सारा माझरा कहे सुनाया । हकीकत सुनकर हझरतने कहां में शाह सय्यिद शाह हम्माद के पास जाता हुं इन्हे समझाने की कोशीश करता हुं अगर वो मान गये तो ठीक है, वरना इस फतवे पे में लीख दुंगा ।

आप शाह हम्माद पास आये उन्होंने कहा भाइ ये लोग तो नहीं जानते समझते मगर कया आप भी नहीं जानते ! आप तो जानते हो की में अपनी जानिब से कुछ नहीं कहेता कहेनेवाला और कोइ है ... मगर देखो ये फसाद कीसने कीया है उसकी जडमें काट डालता हुं । ये फसाद और वाकीयात बनानेवाले मींयाजी थे । वो ये दोनो भाइके उस्ताद थे । यानी शाह हमीदुद्दीन व शाह हम्माद रहमतुल्लाहे अलयह के हजरत शाह हमीदुद्दीन के कहा हम पर उस्ताद का हक है उसे बरबाद न करो । शाह हम्माद ने फरमाया और कुरआन करीम की आयत तिलावत की ओकतोलुल मुस्की-कबल ल-इझी (नुकशान करनेवालाको उसके सताने के पहले ही मार डालो) ये गुफतगु दो भाइके बीच चल ही रही थी के उस्ताद के पेटमें दर्द चालु हो गया । हजरत शाह हमीदुद्दीन को ये खबर मीली तो आप परेशान हो गये और आपने कहा की हाय रे मेरे उस्ताद ये जोरसे कहा उस लिये की कहीं शाह हम्माद की नजर हट जाये । और आपकी दुआ जो असर करती थी वो उस्तादके हकमें बदल जाये ।

मगर शाह सय्यिद हम्माद ने फरमाया के मींयाजी उस्ताद मेरे पास आकर ये फतवा रजु कर दे तो वो जल्दी ठीक हो जायेंगे ।

ये सुनकर हजरत शाह सय्यिद हमीदुद्दीन चाहेलदाह कादरी उस्ताद के पास आये और उपर की बात कही मगर उस्ताद मींयाजी ने कहा में अच्छी तरह जानता हुं की उनके पास जाउंगा तो ठीक हो जाउंगा । मगर अब 62 सालकी उम्र हो गइ है । शरीअत के हुकम चलते चलते अमल करते करते अब कुछ दिन रात बची है और थोडी उम्र बाकी है में शरीअत पर अमल पैरा रहुंगा और उस मुताबीक शरीअत की हिफाझतपे अमल करते जान दे दुंगा । आखीर कार आपका इन्तेकाल हो गया । फातेहा ख्वानी के लिये दोनोभाइ गये और काफी लोग भी उन्के जनाझेमें शरीक थे । हझरत शाह सय्यिद हम्मादने आपकी कब्र पर फुल रख्खे तो वो कबर के ढेर उपर से नीचे पड गये दो बार रख्खे उसी तरहा हुवा । ये देखकर सब हाजरीन हसने लगे तो आपने कब्रसे मुखातीब होकर फरमाया की उस्ताद का हक सामने आता है । मेनें आपकी दुन्या तो बिगाड डाली है उस तरहा आखेरत की मझासे भी महेरुम

कर दुंगा और ना उम्मीद कर दुंगा । ये कहेते आपकी कब्र हलन लगी और आपने तीसरी बार कब्र पर फुल रखखे वो ठहर गये ।

ये जीन्दा जावेद बयानात जो करीब 650 साल पहेले के है ये अकाबैरीन के पकके सच्चे वाकियात पढकर भी हम सबक कयुं नहीं लेते ये झाहेरी शरीयत और बातेनी, इल्म तरीक हकीकत मारेफत के राझोको कयुं हम समझने की कोशीश करनेका सलीका भूल गये है । अल्लाह त्आला हमारी हिफाझत करे । आमीन.

हजरत काजी सय्यिदशाह हम्माद उल आलम रहमतुल्लाह अलयहे को विसाल के बाद मदारीजे विलायत अबुर करवाये

हजरत शाह हम्माद अल मशहुर काजी उल आलम रहमतुल्लाह अलयहे हजरत सैयदना शाह महमूद कारंटवी रहमतुल्लाह अलयहे के पोते और हजरत काजी सैयदना शाह मोहम्मद शाह रहमतुल्लाह अलयहे के मंजले फरजंद है । आपकी विलादत 852 हि. में हुई और आपने 863 हि.को हजरत शाहेआलम रहमतुल्लाह अलयहेसे बैयत का शर्फ हांसिल कीया । बैयत से पहेले ताजदारे मदिना हुजुरे अेहमद मुजतबा मोहम्मद मुस्तुफा सल्लल्लाहो तआला अलयहे व सल्लमने हजरत शाहेआलम रहमतुल्लाह अलयहेको ताकीद फरमाई थी के काजी उल आलम रहमतुल्लाह अलयहेको सिलसिलेमें दाखिल करके फैजान उर्फाने ईलाहीसे मुशर्रफ फरमाअें । बैयत से मुशर्रफ होनेके बाद हजरत काजी उल आलम रहमतुल्लाह अलयहेने 12 साल तक खुदा के रास्तेमें जिहाद कीया । इसके बाद 12 साल तक खिलवतगजी होकर यादे इलाहीमें मश्गुल रहे । रियाजते शाका और नजाराअे तज्जलीयात इलाही से इन पर जजब तारी हो गया था । यहां के 12 साल आपको ईसी आलममें जजब व मस्तीमें गुजर गअे । यहां तक के एक दिन शाह बदीउद्दीन तबउल मदार रहमतुल्लाह अलयहेकी रुह जाहीर हुई और आपसे फरमाया अेय हम्माद । कब तक दश्त जजब बेहोशी में सर गिरदां रहोगे । आओ हमारा हाथ थाम लो हम तुम्हें राहे सुलुक पर ले चलते हैं । लेकीन हजरत शाह हम्माद काजी उल आलम रहमतुल्लाह अलयहेने निहायत अदब व अेहतराम के साथ अर्ज कीया के मेरे लिये मेरे शेख करामतका दस्त काफी है । ईसके बाद ख्वाजा ख्वाजगां ख्वाजा मोईनुद्दीन हसन संजरी अजमेरी रहमतुल्लाह अलयहेकी रुहे मुबारक पाकने नुजुल इजलाल फरमा कर फरमाया के अेय हम्माद । कब तक कुचअे जजब व

दहेशतमें भटकते रहोगे आओ हमारा हाथ थाम लो हम तुम्हें वासीले बहकक कर देंगे । लेकीन आपने बारगाहे ख्वाजा गरीबनवाज रहमतुल्लाह अलयहेमें भी सरापा मुअदब होकर अर्ज कीया हुजूर मेरी दस्तगीरीके लिये मेरे पीरोमुर्शीद हजरत शाहेआलम रहमतुल्लाह अलयहेका दस्त मुबारक काफी है । बाद अजां मेहबुबे सुब्हानी कुत्बे रब्बानी अबु मोहम्मद सैयद अब्दुल कादीर मोहीयुदीन गौषे जिलानी रहमतुल्लाह अलयहेकी रुहे मुकद्दसा जलवाआरां हुई और बसद हजार शफककत फरमाया अेय हम्माद । आखिर कब तक अपने आपको ईस तरह आतीशे जजबमें सोखता करते रहोगे हमारा हाथ थाम लो हम तुम्हें वासीले बहकक के लिये देते हैं । लेकीन हजरत शाह हम्माद रहमतुल्लाह अलयहेने दस्तबस्ता अर्ज कीया अेय सरताजे ओलीयाअे जमाना बंदा कमतरीन के लिये हजरत सैयद मोहम्मद सिराजुद्दीन शाहेआलम बुखारी रहमतुल्लाह अलयहेका दस्त हकक विसाल काफी है । अैसी तवजजोह फरमाअें के खरमन वजुद व खुदी आतीश ईश्क मुर्शीदी में जलकर खाकतर हो जाअें । पस कमतरीन पर आपका ईतना ही करम काफी होगा । जिस दिन ईस अरवाह मुकद्दसाका नजुल हुआ था ये वही दिन था जिस दिन हजरत शाहेआलम मेहबुबे बारी रहमतुल्लाह अलयहेने सफर आखिर फरमाया था । ईन अरवाह मुकद्दसा की आमद की बरकतसे ये केफीयत जजबा जाईल हुई । रातका पीछला पहोर था हजरत शाह हम्माद रहमतुल्लाह अलयहे सारंगपुर तशरीफ रखते थे । दुरीके परदे उठे और यक बे यक हजरत शाह हम्माद रहमतुल्लाह अलयहेके रुबरु तुरबत मुकद्दसा शाहेआलम मेहबुबे बारी रहमतुल्लाह अलयहे जाहिर हुई । आपको मालुम हुआ के मुर्शीद बरहकक हजरत शाहेआलम रहमतुल्लाह अलयहे तो रेहलत फरमा गअे । आप ईसी वकत हालते बेकरारीमें अपना शिजरा और वो कुला मुबारका जो हजरत शाहेआलम रहमतुल्लाह अलयहेने बैयत होनेके वकत अता फरमाई थी लेकर रसूलाबाद की जानीब रवाना हुअे और खानकाहे शाहीया में वारीद हुअे । इस वकत तुरबते शाहीया पर कोइ इमारत नहीं थी मजार मुबारका खुले मेदानमें था । हजरत काजी उल आलम रहमतुल्लाह अलयहे ने मजारे शाहीया के गिलाफ मुबारक को पकडकर हालते इदतराबीमें बयश्म पुरनम अर्ज कीया । अय बादशाहे मुल्के मआरेफत मेरा हाथ पकड लें अय आका आपको मेरा हाथ पकडना ही होगा इसलिये के जमाना आपको दस्तगीर कहेता है । इसके बाद अर्जकुना हुअे के बंदा दरसे गफलत न बरते हम्माद आपके दरेदौलत पर हाजीर हुआ है आरजुअे वली पूरी फरमा दीजीअे या फीर कमतरीन को दिलेशीकस्ता वापीस फरमा दीजीये लेकीन ये आप जैसे करीम आकाओं का दस्तुर नहीं है । हजरत शाहेआलम रहमतुल्लाह

अलयहे के मजार मुबारकसे आवाज आइ ओय हम्माद । इस तरह रो-रोकर अपनी जानको हिलाक न करो ईन्तेजार की घडीयां बीत चुकी अब साअत सईद आ पहुंची है । देखो सुल्ताने अंबीया महबुबे कीब्रीया जनाब अेहमदे मुजतबा मोहम्मद मुस्तफा सल्लल्लाहो अलयहे व सल्लम । इस फरमान जिशान के सुनते ही हजरत हम्माद रहमतुल्लाह अलयहेकी रुहे मुबारक तनेखाकी से बाहर आई और आप गश खाकर जमीन पर गीरे और रुहे काजी उल आलम रहमतुल्लाह अलयहे रुह हजरत शाहेआलम मेहबुबे बारी रहमतुल्लाह अलयहेके पीछे पीछे जानीबे मदीना तैयबा रवाना हुई और बारगाहे हुजुर पुरनुर सैयदे आलम सल्लल्लाहो अलयहे व सल्लम से बारीयाब होकर बवसीलाअे जमीला शाही लुत्फे इलाही चशीदाअे जाम इरफाने इलाही हुइ और बारगाहे हुजुर सल्लल्लाहो अलयहे व सल्लम से आपको काजी उल आलम का खिताब अता हुआ । ये वाकेआ तो था शाहेआलम रहमतुल्लाह अलयहेकी रुह मुबारकके हमराह मदीना मुनव्वरा हाजीर होकर फैजयाब होने और बारगाहे रिसालते मआब सल्लल्लाहो अलयहे व सल्लम से काजी उल आलम का खिताब पाने का । अब जरा रोजअे शाहीया का भी वाकेआ सुनीये जब दिन नीकला और रोजअे शाहीया के मुजावर आअे तो देखकर हैरतजदा हुअे के मजारे मुबारक शाहेआलम रहमतुल्लाह अलयहे पर हजरत शाह हम्माद रहमतुल्लाह अलयहे को मुरदा यानी बेहोश पाया । आपके जिस्म मुबारक पर ईस वकत सिपाहीयों का लिबास था सबने एक जबान कहा के मालुम होता है के किसी लश्करी से रातमें कोई बेअदबी मजारे मुबारक पर हुई ईसलीये अपनी सजाको पहुंच गया यआनी मर गया । आस्तानअे शाहीया के फुकरामें से एक हकक रसीदा फकीर ने जब ये माजरा देखा मुजावरान रोजा शाहीया ईस लश्करी की तकफीन व तदफीनमें जल्दबाजी कर रहें हैं तो ईनको हिदायत की के खबरदार ईस लश्करी को आप लोग मुरदा तसव्वुर न करें और न ईसकी तकफीन व तदफीन में जल्दी से काम लें । ईस हालत व केफीयत से एक राज वाबीस्ता है अभी चंद घडीयें गुजरी थीं के काजी उल आलम रहमतुल्लाह अलयहेके जिस्म बेजान में हरकत पैदा हुई और आप अंगडाई लेकर बेठे और मजारे शाहीया को बोसा दीया । बारगाहे शाहीयासे आपको ईशारा रुहानी हुआ के बातीनी तकमील तो हमारी थी हम जाहीरी तरीका पर तुम्हें फरमोश नहीं कीया है । अपनी हयाते जाहेरी की में नेअमत व खिरका खिलाफत व ईजाजत बतौरे अमानत मीयां अेहमद मख्दुम रहमतुल्लाह अलयहेके सुपरद कर दीया था अब जाओ ईनके पास जाकर अपनी अमानत ईनसे ले लो । आप मुर्शिदे गिरामीका हुकम पाते ही केफीयते शबाना से सरशार जजबाअे शबाना के साथ

काशानाअे आलीया हजरत मीयां अेहमद मख्दुम रहमतुल्लाह अलयहे पर हाजीर होकर तालीब नेअमत व अमानत हुअे । मख्दुम साहब रहमतुल्लाह अलयहेने बतोरे मजाह फरमाया आपको हजरत शाहेआलम रहमतुल्लाह अलयहेने भेजा है आपके ईस दावे का शाहीद भी आपके पास है ? आपने जवाब दीया अपने ईस दावे का में खुद शाहीद हुं ये सुनकर हजरत मीयां अेहमद मख्दुम रहमतुल्लाह अलयहेने तबस्सुम फरमाते हुअे फरमाया आपकी ये बात अजरुअे शरीयत कैसे सही हो सकती है के एक शख्स अपनी अमानत तलब करे और खुद को बतौरे शहीद भी पेश करे । हजरत काजी उल आलमने अर्ज कीया मेरे ईस दावे पर आप भी तो शाहीद हैं के जो कुछ में केह रहा हुं वो बात गलत नहीं । बिलआखर हजरत मीयां मख्दुम रहमतुल्लाह अलयहे हजरत काजी उल आलम रहमतुल्लाह अलयहेको अपने हमराह लेकर रोजा-ए-मुनव्वरा हजरत शाहेआलम मेहबुबे बारी रहमतुल्लाह अलयहे पर हाजीर हुअे । जैसे ही दोनो बुजुर्गवार मजारे शाहीया के करीब आअे मजार मुबारक का तावीज एक तरफ अलायदा हो गया और हजरत शाहे आलम मेहबुबे बारी रहमतुल्लाह अलयहेका कामत नुरानी जाहीर हुआ । ईस वकत अैसी तजलीयात जाहीर हुई के खानकाह शरीफके दरोदिवार रोशन व मुनव्वर हो गअे । कसम बखुदा की सुरज तो ईनका गुलाम है ईसलीये ईनकी रुख की तलअतों से शरमींदा है । अलकिस्सा मुख्तसर हजरत शाहेआलम रहमतुल्लाह अलयहे जिस्म मुबारकके साथ जाहीर होकर मीयां मख्दुम रहमतुल्लाह अलयहेको हुकम दीया काजी उल आलम रहमतुल्लाह अलयहेको खिरका पहेनाओ । काजी उल आलम रहमतुल्लाह अलयहेने दरबारे शाहीयां में दस्तबस्ता अर्ज कीया जबके हुजुरे बाला बजाते खुद जलवा अफरोज हो चुके है तो अब ये खिरका मुजे आप अपने दस्त मुबारक से पहेनाकर सरफराज फरमाईये और ये अशआर पढे ।

अगर आप शर्फ मंजिल शाही से मुजे नवाज देंगे तो मुज जैसे गदा का सर दुनिया की नजरो में उंचा हो जाअेगा । अलकिस्सा मुख्तसर हजरत शाहेआलम रहमतुल्लाह अलयहेने आपको अपने दस्त मुबारकसे खिरकाअे मुबारका पहेनाया और सीनाअे फैज गंजसीना से लगाकर पैशानीको बोसा दीया और फरमाया जाओ हमने आज से तुम्हें मुकामे कुन फयकुन अता कीया । (अज सदहिकायत फारसी सफा-51-55, रेहानतुल अबरार फारसी सफा-242)

(नोट : ये हजरत शाह सैयद हम्माद रहमतुल्लाह अलयहे, हजरत ख्वाजा मियां महमूद दरियाइ दुल्हा रहमतुल्लाहे अलयहे के चिचा और उस्तादे मुहतरम हंय)

ख्वाजा महमूद दरियाई दुल्हा के वालिदे गिरामी

सुल्तानुल आशेकीन, बुरहानुल आरेफीन, ताजुल मोहककेकीन, आलिमे कुनूझुल्लाह, कामिले फी तरीकुल्लाह, अल गौसु फी बहरिल्लाहे, कुत्बे अकताबे आलम, अता-ऐ शाहे आलम

ख्वाजा हजरत सैयदना शाह हमीदुद्दीन

आरिफ बिल्लाह चाहेलदा सोहरवर्दी कादरी

पैदाइश : हि.813, इ.स.1392, वफात : 5 सफर हि.911, इ.स. 8 जुलाइ 1490, उम्र : 98 साल

आस्ताना : मु. बीरपुर शरीफ, जी.महीसागर

हझरत शाह हमीदुद्दीन कुत्बुल अकताब तालिबो आरिफे रब्बे यगाना अैसे पीरो शाह थे के कभी आपने अपनी उम्रमें सुन्नत और मुस्तहब को तर्क नहीं किया और आप चलते वक्त आगे पीछे नझर न उठाते थे. बल्के आप अपने मुंह मुबारक पर नकाब डाले रखते और आप जनाना हरमुं की तरफ कभी नझर नहीं करते थे और आप मस्जिदमें ही नमाजें बाजमाअत अदा करते थे. और ईबादतमें जो कुछ नेअमतें आपको हांसिल होती वो यारोंको अता कर देते थे. आपने अहमदआबाद में बारह साल तक ईल्म हांसिल किया हय. आपने कभी लझीझ खाना तनावुल नहीं फरमाया है. आप हकीकत और मारेफत से आगाह थे और अपना भेद किसीको न बतलाते और आप कभी चारपाई पर नहीं सोते थे और आपकी गिझा नाने जव थी. आप कभी किसी के वहां झियाफत में जाते तो अेक दो लुकमा खाकर वापस घर को चले आते.

इल्म हांसील करने शाहेआलम सिराजुद्दीन महेबुबे बारीकी दर्सेगाहमें जाना व मुरीद होना

जब आप बालिग हुवे तो आपको खुदबखुद तबीअतमें तनाव हुवा और आपको हझरत शाहेआलमके पास जानेका दिलमें जोश पैदा हुवा और आपने कहा, मैं कल फजरकी नमाझ के बाद हझरतकी बारगाह में हाझिर होउंगा और उनकी खिदमतसे

सरफराझ होउंगा. आप आपकी बारगाह में पहुंचे उस वक्त वहां बडा मजमा था. आप उस जगह पर मस्जिद के गोशेमें बैठे तो हझरत शाहेआलम (रहमतुल्लाह अलयह) कहेने लगे खुद्दाम से के हझरत शाह हमीदुद्दीन को मेरे पास लाओ. तब खुद्दाम वहां मस्जिद में आपको बुलानेके लिये पहोंचे. उस वक्त वहां बहोत बळा झमेला था, उसमें हझरत शाह हमीदुद्दीनको कोई पहेचान न सका और पुकारा आपके नामसे मगर ईस नामके बहोतसे ईन्सान उस जल्सेमें बैठे हुअे थे तो खुद्दामने हझरत से जा के कहा के ईस नाम के बहोत ईन्सान मौजुद हैं तो हम किसको बुलावें तब आपने कहा के जाओ और शाह हमीदुद्दीन ईब्ने मोहंमद के नामसे बुलंद आवाझमें पुकारो. तब खुद्दामने ईसी नामसे पुकारा तो ईस नाम से कंई ईन्सान हाझिर हुवे तो खादिम घबराये और वापस जाकर हझरत से कहा के ईस नाम के कंई ईन्सान हैं तब आपने कहा के अेक तालिबे ईल्म है ईस शिकल का है, और फलां गौशे में मस्जिद के बैठा है और सबक पळ्ह रहा है, उनको ले आओ. फिर तो हझरत शाह हमीदुद्दीन (रहमतुल्लाह अलयह) को हझरत शाहेआलम के पास लाअे गये तो आपने फरमाया, अय शाह हमीदुद्दीन बिरादर! के क्या फरमाते हैं अहले शरीअत ईस हकीकतमें के फरिश्तों को खुदा होवे दीदार ! दिया ना हो कहो मर्द होशियार, तब हझरत शाह हमीदुद्दीनने फरमाया, ये दीदार की दौलत हझरत जिब्रईल अमीन के लिये है. ये सुनकर हझरत शाहेआलम (रहमतुल्लाह अलयह)ने आप के सामने चंद कदम बळ्हकर बडी ईज्जत के साथ बगलगीर किये और फरमाया के जो कुछ मुजे अता हुवा वो मैंने बशौके दिल तुमको दिया और आपको मुरीद बनाये. आपको शजरा अता किया और आपने फरमाया के हमने शाह हमीदुद्दीन के उपर जो बोझ रखखा है वो अगर पहाड पर रखते तो वो मिस्मार होकर झमीनमें नाबुद हो जाता मगर ये तो अल्लाह के मकबुल बंदे हैं

सैयद समीउद्दीन उर्फ हझरत काझी साधन

हझरत शाह समीउद्दीन कदद सल्लाहो सीर्रहु हमदानी अली सैयद की औलाद से थे. और आपको बादशाहने झैनाबाद का काझी मुकर्रर किये थे. उनकी छे लळकियां थी. उनमेंसे चार लडकीयां हझरत शाह हमीदुद्दीन (रहमतुल्लाह अलयह)

के अकदमें दी थी. अव्वल हझरत बीबी फतेह मलक बीबी, दोयम हझरत बीबी माह मलक, सोयम हझरत बीबी राजेमलक और चाहारुम हझरत बीबी मलक ये चारों बीबी अेक की वफात के बाद दुसरी ईसी तरहा चार बीबी हझरत शाह हमीदुद्दीन (रहमतुल्लाह अलयह)के अकद में दिये गये थे. और हझरत समीउद्दीन (रहमतुल्लाह अलयह) के पांचवी साहबझादी बीबी मखदुम थी. उनका अकद हझरत शाह झैनुल आबेदीन उर्फ फरीदुद्दीन साहब के साथ में दिये थे. आप ओड के हाकीम थे आप का कयाम ओड के कस्बे में था और आपका रोझा आज भी ओड के कस्बे में मौजूद है और वहां आपका उर्स बडी धुम धाम से मनाया जाता है. और आपकी छट्ठी साहबझादी हझरत बीबी मरीयम मलक थी उनके साहबझादे हझरत शाह अल्हादिया थे. और वो कस्बे झैनाबाद में वफात पाये है. जब हझरत शाह हमीदुद्दीन (रहमतुल्लाह अलयह)ने बीरपुर बसाया तो आपके ससूर को आपने झैनाबाद से बीरपुर बुला लिअे.

पेशीनगोइ व शाह सैयद महमूद दरियाइ के लिये सरकारे मदीना की बशारत से निकाह करना

और आपने बीरपुर गांव आबाद किया और कस्बे बीच आप रेहने को आये जब कारीठे को बसे करीब 200 साल हुवे तब बीरपुर में ईस्लाम फैला और फिर हझरत शाहआलमने फरमाया के ईनके आने से मैं बहोत खुश हुं और आपके पास बत्ती और तेल था. उसको अेक बार रोशन किया. और आपने फरमाया के ईन्की पुश्त से अेक अैसा महेबूब पैदा होगा के वो अपने वक्त का कुत्बुल अकताब होगा और उनसे सब फैझियाब होंगे. अेक रोझ सरकारे दोआलम सल्लल्लाहो अलयहे वसल्लमने ख्वाबमें हझरत शाह हमीदुद्दीन (रहमतुल्लाह अलयह)को फरमाया के तुमसे उम्र भर में अेक सुन्नत फौत नहीं हुई और अेक सुन्नत बाकी हय वो ये के आप निकाह कर लो ये मेरा फरमान है. और आपकी पुश्त से बहोत से औलिया पैदा होनेवाले हंय. ये हुकम सरकार का पाकर आपने हझरत शाह समीउद्दीन साधनशाह के घर शादी का पयगाम भेजा तो आप खुश हुवे मगर हझरत शाह साधन के भाईने ईन्कार किया अेक रोझ हझरत शाह हमीदुद्दीन हुजरेके बीच ईबादत में मशगुल थे वहां हझरत शाह

साधन आपके भाई को हुजरे में ले गये. और दिखाये के आपकी शान क्या है और कैसा आपका बुलंद मरतबा हय वहां जा के बैठे तो देखा के आपके बाजु में दो शेर रखखे है ये देखकर हझरत शाह साधन के भाई खुश होकर कहेने लगे के बेटी का निकाह हझरतसे कर दिजीये. और आपका निकाह कर दिया गया कई मुद्दत के बाद हझरत शाह महमुद (रहमतुल्लाह अलयह) हुकम रब्बे माअबुद से पैदा हुवे. और उसके बाद भी ईस शाह के उस बीवीसे फरझंद हुवे.

हझरते सैयदना शाह हमीदुद्दीन चाहेलदा निकाह का वाकियात

हझरत सैयद हमीदुद्दीन रहमतुल्लाह अलयहे की शादी जैनाबाद उर्फे अमथनी शहेर के सादात खानदान में हझरत सैयद समीउद्दीन उर्फ काझी सादात की चार शहाबझादी से अलग-अलग अेक के बाद अेक आपने निकाह कीया था ।

हुझूर सल्लल्लाहो अलयहे व सल्लम के मुत्ताबीक आपने ये निकाह कीये थे । हझरत सैयद समीउद्दीन का खानदानी रिश्ता हझरत मीरां सैयद अली हमदानी ने मीलता है । आपकी पहेली बीबी हझरत सैयदा फतेहमलक से निकाह हुवा था । जीनसे हझरत सैयद हमीदुद्दीन रहमतुल्लाह अलयहे के यहां (1) हझरत सैयद सैयद शाह मारुफ (2) हझरत सैयद शाह ख्वाजा महमूद महबुबुल्लाह उर्फे दरियाइ दुल्हा तझकरीयह हाझा (3) हझरत सैयद शाह अहमद पैदा हुवे ।

हझरत सैयदा बीबी फतह मलक के इन्तेकाल के बाद शाह हमीदुद्दीन साहबने सैयद समीउद्दीन की दुसरी सहाबझादी माहे मलक से निकाह कीया । उनसे दो लडके और अेक लडकी (1) हझरत सैयद शाह चांद महंमद (2) हझरत सैयद शाह महंमद पैदा हुवे । ये दोनों वलीअे बा-कमाल थे । (3) हझरत सैयदा अमर्तरउफ बीबी - वो भी अपने वकतकी वलीयां थी ।

उसके बाद आपने तीसरी शादी सैयदा बीबी राझे मलक से की । उनसे अेक सहाबझादे हझरत सैयद मोहम्मद गौहर पैदा हुवे । और दुसरी औलादे हुइ मगर बचपनमें सब इन्तेकाल हो गये । और तीसरी बीबी हझरत सैयदा बीबी राझे मलक भी दुनियासे रुख्सत फरमा गइ ।

उसके बाद आपने चोथा निकाह हझरत सैयद बीबी मलक से किया । आपसे दो फरजंद (1) सैयद शरफुद्दीन (2) सैयद हुशन पैदा हुवे. कुछ औलादे और भी हुइ जो बचपनमें गुजर गई ।

हझरत शाह हमीदुद्दीन व हझरत शाह मंझन उर्फे शाहेआलम बुरवारी (रहमतुल्लाह अलयह) लिबासे (झर्रीन कपडे) से शाहे आलमबाबा से शाह हमीदुद्दीन का दुन्यवी तरीकेसे पसंद ना आना

हझरत शाह हमीदुद्दीन (रहमतुल्लाह अलयह) अहमदआबाद शहेरमें मद्रसअे शाहेआलम (रहमतुल्लाह अलयह) के पास शबोरोझ ईल्म हांसिल किया करते थे. हझरत शाहेआलम (रहमतुल्लाह अलयह) सुनहरा जोडा (झर्रीन कपडे) पहेना करते थे. ये झाहिर में तो झर्रीन मालुम होते थे मगर हकीकतमें लिबास टाट (खदळ) का था लेकिन ये लिबास झाहिरी झर्रीन होना हझरत शाह हमीदुद्दीन (रहमतुल्लाह अलयह)को पसंद नहीं था. ईस लिये आप हझरत शाहेआलम (रहमतुल्लाह अलयह) की खानकाह में नहीं जाते थे मगर अेक रोझ हझरत शाह हमीदुद्दीन (रहमतुल्लाह अलयह) के चचा हझरत शाह दाउद (रहमतुल्लाह अलयह) हझरत शाहेआलम (रहमतुल्लाह अलयह)की खानकाह में मौजुद थे. उस वक्त हझरत शाहेआलम (रहमतुल्लाह अलयह)ने फरमाया के हझरत शाह हमीदुद्दीन (रहमतुल्लाह अलयह) आपके भतीजे (भतीजा) हमारे मद्रसे में आते हैं. मगर कभी भी हमारी खानकाह में आते नहीं और न हम से मुलाकात लेते हैं. आप हमको खुब जानते हैं और पहेचानते हैं और उनका नसीब हमारे यहां लिखा है और आप उनसे पूछो के ना मिलने का सबब क्या हय? अेक रोझ हझरत शाह दाउद (रहमतुल्लाह अलयह)ने आपसे कहा के आप हझरत शाहेआलम (रहमतुल्लाह अलयह)के पास क्युं नहीं जाते? तो आप बोले के मैं अपनी तरफसे कोई शक नहीं रखता और उनकी अझमत को मैं पहेचानता हुं मगर आपका झाहिरी लिबास देखकर आपके पास जाना मुझे खुश नहीं आता. आपकी कमली (चद्दर) सुर्ख है, आप बिस्तरे गौहर पर सोते हैं और रातको तन्हाई में खुन के आंसु रोते हैं तब हझरत दाउद (रहमतुल्लाह अलयह)ने फरमाया के अगर आपका कपडा सुफेद होता तो आपका सब भेद झाहिर हो जाता झाहिरमें तो लिबास झर्रीन अतलसी है, उसमें कोई शक नहीं. हझरत शाह हमीदुद्दीन (रहमतुल्लाह अलयह)ने कहा, हां मगर दुनिया ईस चीझ से नावाकिफ है.

हझरत शाह हमीदुद्दीन का शाहे गुजरात से मुलाकात का ईन्कार करना

अेक रोज बादशाह को ख्याल आया के मैं हझरत से जाके मिलुं, वो आपकी खिदमतमें हाझिर हुवा मगर आपने उसकी ताअझीम न की और मुलाकात भी न ली. फिर बादशाहने आपसे मिलनेके लिये कंई उल्मा से खुशामत करके मिलना चाहा और आपको अती उझाह आयत लिख भेजी, फिर आपको उसका ख्याल आया मगर बादशाह से मुलाकात की नहीं और आप नदी पे वुझू के लिये तशरीफ ले गये. मगर नदी का पानी बदबु मार रहा था, और पानी कम हो चुका था वो वक्त नमाझे झोहर का था. आपको वझू के लिये पानी दरकार था. ये सोच में थे के यकायक नदीमें पानी भरपुर हो गया. आपने वझु किया तब से ईस नदीमें पानी आपके रोझे के करीब में सुखता नहीं बल्के बेहता ही रेहता हय. कभी उपर और नीचे दुरदराझ पानी नदी का खुश्क हो जाता है मगर आपके दरवाजे के करीब में पानी बहेता ही रहेता है. जब ईस बातकी खबर आम हुई तो लोगोंने सोचा के उपर पानी बहेना बंद हो मगर बुलंद दरवाझे के करीब पानी बहेकर नीचे जा रहा है. ईसकी खोज लोग करने लगे के कहीं कूवे में से या कोई नहेर से पानी आता है ? मगर किसीको उसका पता चला नहीं, ये खबर खलीफाने सुनी तो वो मुलाकात के लीये खलीफा दूसरी बार हाजिर हुवा. तो आप पहाडोंमें चले गये. खलीफा दो तीन रोझ तक आपके मिलने की तमन्नामें हजारों ईन्सानोंको साथ लेकर आया और लोगोंने भी शिफारिश की के बादशाह मिलने के लायक है उसको मिलना चाहिये. मगर आपने फरमाया हमको दुनियादारों से क्या काम शाहों से मुजे क्या सरोकार? जब ईसरार बहोत हुवा तो आपने मिलने के लिये तीन शरतों का ईकरार कराया: अेक तो ये शर्त हय के मेरा जी चाहे वहां तक बैठुं और दुनिया का कोई मामला हमारे पास न लाये. और ईस्लामी लिबास पहेनकर हमारे पास आये, कोई रंगीन लिबास न पहेने, हमारे लिये कोई मालोझर के तोहफे न लाये. ईस शर्त से आपने बादशाह से मुलाकात की मगर बादशाहने हाझिर होकर मोहरों के दो तीन तबक पेश किये, आपने फरमाया अैसा क्युं किया और हमारी क्या शर्तें थीं? जो चीझ तुम लाये हो वो तो गरीबों और मोहताजों का हक है, ये केहकर आप वहां से उठ खडे हुवे और चलने लगे. तब

बादशाहने अर्ज़ की के ये तोहफा रजामंद और खादिमों को दे दिया जावे. मगर आपने ईन्कार कर के वोह मालोझर वापस ले जाने का हुक्म दिया. बादशाह शरमाकर मायुस हुवा और उसने आपके लिये अेक असा (लकडी) बनवाया. उसमें मोहरें भरी हुई थीं आपकी खिदमतमें भेजी और कहेला भेजा के असा सब अंबियाकी सुन्नत हय मगर जब आपने दूर से असा देखा तो फरमाया उसमें मुरदार की बू आती है ईस असा को कुत्तोंको डाल दो. तब वझीर बादशाह के पास जाकर हाल से आगाह किया और फिर बादशाहने खरबुझे मंगवाये उसमें मोहरे भर के कंई टोकरे में रखकर उस पर अेक अेक खरबुझा सादा रख्खा ,ये तोहफे हझरत को भेजे गये और कहेला भेजा के ये तोहफा आप कुबूल फरमाअें तब आपने उन खरबुझोंमें से अेक अेक सादा खरबुझा ले लिया और बकिया खरबुझे वापस कर दिये तब बादशाह खुश हुवा और अर्ज़ की के आप मुजसे कुछ तो फरमाओ तो आप बोले के मुजको चौबीस आम के दररव्त बक्षिस और झमीन चोबीस कस्बा मुजको बक्षिस कर दे, गरझ झाड और झमीन हझरतने लेकर फुकराको अता किये.

हझरत शाह सैयद हमीदुद्दीन रहमतुल्लाह अलयह का मर्तबए गौस और कुत्बीयत का पाना

अेक रात को आप ईबादत में मशगुल थे के हातिफे गैब से आवाझ आई के आपकी रियाझत और ईबादत मकबुल है. आपको गौस या कुत्बुल अकताब में से आप चाहो वो मरतबा अता करें तब आपने अर्ज़ की के मैं ईस मरतबे के लायक कब हुं? फिर हुक्म हुवा के हम तुमको कुत्बीयत और गौसियत के मरतबों से नवाझते हंय और बवक्ते फजर बुखारा (रशिया) के शाह रासद का कासिद खत लेकर आपकी खिदमत में हाझिर हुवा, उसमें लिखा हुवा था, आप खुश हों, आपको गौसीयत और कुत्बीयत मुबारक हो. अेक रोझ का वाकेआ हय. के अेक धोबी का बैल गुम हो गया था. उसकी तलाश में जंगल की तरफ ईधर उधर घुमता था. वहां हझरत शाह हमीदुद्दीन साहब रहमतुल्लाह अलयह को झमीन पर लेटे हुवे देखा और वो आपके करीब जाने लगा तो आपके तन से सर को अलाहिदा (अलग) देखकर गभरा गया और आपने उसके पांवों की आहट सुनकर बैठ गये

अपनी असली हालत में और आपने धोबी को बुलाया. उसे अपने पास बिठाकर पूछा के क्युं यहां आया है. मगर वो गभरा गया और अपनी बातको भूल बैठा था और कुछ न बोल सका. तब आपने उसे कहा के तुं तेरे गुम शुदा बैल की तलाश में आया है मगर तेरा बैल चराहगाह में चरता हय. मगर यहां तुने जो राझ याने हमारा हाल देखा हय वो किसीसे झाहिर न करना अगर झाहिर किया तो तुं मर जायेगा और जब तक तुं ये राझ किसीसे न कहेगा वहां तक अमान में रहेगा वो वहां से आपसे ईजाझत लेकर चला. और चराहगाह में उसने बैल को पाया ये बात जब तक शाह हमीदुद्दीन रहमतुल्लाह अलयहे ईस दुनियामें बाहयात रहे वहां तक धोबीने ये राझ किसीसे नहीं कहा बाद आपके विसाल के हकीकत से लोगोंको आगाह किया.

बीरपुर की सरझमीं पर ईस्लाम की ईब्तेदा

रिवायत है के गौषुल आलम हझरत हमीदुद्दीन रदियल्लाहो अन्हो को सरकारे मदीना राहते कल्बो सीना मोहंमदुर्रसूलुल्लाह सल्लल्लाहो अलयहे वसल्लम की बारगाह से हुक्म हुआ के अय हमीदुद्दीन ! अेक मुकाम जिस्का नाम (पादला) यअनी बीरपुर है तुम उस जगह जाकर रहो और ईस्लाम को जारी करो. ये हुक्म आपको ख्वाबमें ४० सालकी उम्रमें पेहली बार हुआ. आप जब अहमदआबादसे कारंटा शरीफ अपने दादा हझरत कुतुब महमूद रदियल्लाहो अन्होकी बारगाह में हाजरी देने और फातेहा व कदमबोशी करने हाजिर हुअे तब वहां दूसरी बार ख्वाबमें सरकारे मदीना सल्लल्लाहो अलयहे वसल्लमने बीरपुर जानेका हुक्म फरमाया. सरकार का हुक्म पातेही आप अपने साथ (2) कव्वाल (2) खादिम और (5) दुरवेश कुल नव साथीयों को साथ लेकर पादला (बीरपुर) शरीफ में जहां बीरापगी की खली थी वहां कयाम किया. उस झमाने में बीरापगी उस गांव का बडा ठाकोर था. और बीरपुर से करीब पीरमगली पहाळ के नीचे के हिस्सेमें दोहलपुर गांव आबाद था. उस गांव में सिद्धपुर के सिद्धराजसिंहकी अवलाद में से अेक लडका वहां का राजा था. जिस्का नाम वाघजी था. हझरत हमीदुद्दीन अलयहिर्रहमाने जब उस खली में (7) दिन गुझारे तो आपके साथीयोंने अर्झ किया, या पीर! ईस जगह कोई आबादी नहीं है. लेहाझा यहां रेहना अक्ल के खिलाफ है. हझरतने फरमाया, ये जगह मुझको

बहोत अच्छी लगती है. ईसी जगह में हमारी जमाअत के गुंबदे होगे. ईसी जगह मेरी और मेरे फरझंद मियां काझी शाह महमूद के कबीले की कब्रें होगी. खादिमोंने अर्झ किया, या पीर ! आपका अव्वल वतन कारंटा और दूसरा वतन सारंगपुर (अहमदआबाद) है. ईस जगह आपकी कब्रें कैसे होंगी ? आपने जवाबमें फरमाया के हक तआलाने गांव पादला (बीरपुर) मुझको और मेरे बेटोंको अता किया है. जब (12) दिन का वक्त ईस खलीमें गुझारे तो बीरापगी के दो, तीन कोली और नोकरोंने आकर कहा के अय मियां! ये खली और ये झमीन हमारी मिल्कत है, लेहाझा तुम यहां से चले जाव और अगर ईस ईलाके में रेहने का शौक है तो दोहलपुर में जाकर रहो, के वहां राजा है वोह आपकी खिदमत करेगा. हझरतने जवाब दिया के तुम्हारे पगीको केह देना के मैं फकीर शख्स हूं और अल्लाह पाकके हुक्मसे आया हुं, ईन्नल अर्द युरेषोहा मिन ईबादियस सालेहुन.

तरजुमा : बेशक झमीन के वारसदार अल्लाह के नेक बंदे है लेहाझा बंदे को जिस जगह रेहने का हुक्म होगा वहां रहेंगे. पगी के नोकरोंने वापस जाकर वैसाही जवाब सुना दिया. बीरापगीने सोचा के अैसा न हो के जैसा हाल कारंटा का किया, कहीं मेरे गांव बीरपुर का न करे, ईस लिये भलाई ईसी मे है के जल्द से जल्द ईन लोगों को मेरी खली से भगाओ. ये ईरादा कर के चालीस कोलियों को आप के पास ये केहने को भेजा के सिधाईसे चले जाएं तो ठीक है, नहीं तो मारपीट कर के बाहर करो, और अगर वोह तुमको आंखें दिखायें तो तुम उनका माल-सामान लुटकर जानसे खत्म कर देना.

बीरापगी और हझरते हमीदुद्दीन से जंगकी ईरव्तेदा

जब बीरापगीने 40 कोलीयोंको हुक्म दिया, कोली दोडकर हझरत हमीदुद्दीन के पास आये और केहने लगे के अय मियांसाहब ! खैर चाहते हो तो यहांसे चले जाओ, नहीं तो तुमको खत्म कर दिया जाअेगा. माल सामान और कपडे लूट लिये जाअेंगे. ये केहकर गाली गलोच किया और खादिमोंका कुछ सामान लेकर चले गअे. ये हरकत देखकर हझरत के खादिमोंने जंग करनेका ईरादा कर लिया मगर हझरतने फरमाया, अल्लाह तआलाका अेक नाम हकीम है. और वोह हकीम अपनी हिकमतसे

ईन बदमाशों को तबाह और बरबाद कर देगा. तुम सब्र करो. ईन्नल्ला-ह मअस साबेरीन.

तरजुमा : अल्लाह सब्र करनेवालोंके साथ है, ये केहकर खादिमोंको जंगसे रोक दिया और कोलियों को हिकमत से जवाब दिया के आजके दिन हमको कुछ काम है. अभी हमें माफ करो कल ईन्शाअल्लाह (अगर अल्लाहने चाहा) तो दूसरी जगह चले जाअेंगे. ये सुनकर कोलियोंने वापस जाकर बीरापगीको जवाब सुनाया के आज के रोझ हमने खुब दादागीरी से काम लिया है. वोह कल चले जाअेंगे और उन्से कुछ सामान भी लूट लाये हैं. सामान पगीके सामने रख्खा. पगी देखकर खुश हुवा और दिलमें यकीन कर लिया के ये लोग कल दूसरी जगह भाग जाअेंगे.

हझरते हमीदुद्दीन का बीरापगी को दफअ करने के लिये दोहलपुर के राजा वाघजी से मश्वरा

हझरते हमीदुद्दीनने बीरापगी की धमकी सुनकर ये तकलीफ दूर करनेके लिये काम किया के अेक खादिम को दोहलपुर के राजा वाघजी के पास ये पैगाम लेकर भेजा के मैं (हमीदुद्दीन) हझरत शाह अली सरमस्त रदियल्लाहो अन्होकी अवलाद से हूं और तुम राजा सिद्धराजसिंग की अवलाद से हो. हमारा तुम्हारे खानदानवालों से बहोत झमाने से दोस्ताना तअल्लुक है और हम तुम्हारे पडोश में ईस पहाड की नीचे ठेहरे हुअे हैं. तुम हमारी मुलाकात के लिये आ जाव, हमको तुमसे जो कुछ कहेना है वोह सुनकर चले जाना. राजा वाघजी आपकी फरमाईश सुनकर घोडे पर सवार होकर हझरतकी खिदमतमें आया और गुलामी झाहिर की. और अपनी हकीकत झाहिर करते हुअे अर्झ किया, या पीर! ईस खली में आपके लिये रेहना अच्छा नहीं है मैं आपका खादिम हूं. उम्मीद रखता हूं के खादिम पर महेरबानी फरमाकर दोहलपुर तशरीफ लाअेंगे. हझरतने फरमाया के अय राजा ! तुम्हारे पास क्युं न रहूं ? तुम तो हर अेअतेबार से कद्र के काबिल हो. लेकिन अभी अेक जरूरी काम है अगर उसे तुम पूरा करो तो कहूं राजाने कहा, सरकार ! फरमाईये क्या हुक्म है ? हझरतने फरमाया के ईस पादला (बीरपुर)में बीरापगी रेहता है, उसकी मौत करीब है, तुम अपनी फोज से हम्ला कर के उसे जानसे खत्म कर दो. उसका माल सामान तुम्हारे लिये

मुबाह है, मैं पादला (बीरपुर) में रेहना चाहता हुं. राजा वाघजीने जवाब दिया के या पीर ! ये पगी मुझसे ताकतवर है, बार बार उस पर मैंने हमला किया मगर मैं कामियाब न हुआ. लेहाझा में डरता हुं के वोह दोहलपुर को मुझसे हडप कर लेगा, फिर मेरे पास कोई अैसी जगह नहीं है के वहां रहुं. हझरते हमीदुद्दीनने फरमाया के अय राजा ! कोई फिक्र न करो और अल्लाह के करमसे सब मुआमला ठीक होगा. दिलमें शांति रखखो और यकीन से जानो के लौहे महफूझ में लिखखा है के ईस सरझमीन पर हमीदुद्दीन कादरीकी कोशिश से ईस्लाम होगा और तुमको ये ईलाके का बडा दरजा मैं दूंगा. लेहाझा ताखीर न करो, और बीरापगी पर हमला कर दो. राजाने सलाम करके अर्झ किया के या पीर ! आज ही की रातमें हमला कर मगर आपसे पूछना ये है के अगर ईस जंगमें मेरे घोडे और सिपाही मारे गये तो उसके खर्च के बारेमें आप क्या फरमाते हैं ? आपने फरमाया, घोडोंकी कीमत और फोजीयों की अवलाद का खर्च मैं दुंगा. राजाने कहा के हझरत ! आप तो दुरवेश, हो घोडों और फोजीयों के वारसों को खर्च कैसे दोगे ? हझरतने फरमाया, अल्लाह के खझानेसे दूंगा. राजाने कहा, अल्लाह का खझाना कहां है ? आपने फरमाया के झमीनमें. ये फरमाकर फरमाया, ये बंधझमीन को खोदकर देखलो. राजाने जब खोदकर देखा तो रुपिया और अशरफियोंसे हंडीया भरी हुई पाई. ये देखकर यकीन हो गया और आपकी बारगाहमे सलाम करके अर्झ करने लगा, या पीर! ईस गुलाम के लिये दुआ करें के कोई तकलीफ न हो. आपने फरमाया, राजा शांति, रखखो और अपने काममें आगे बढो.

राजा वाघजी के लश्करका बीरापगी के उपर झबरदस्त हमला और बीरापगीका कत्ल

राजा वाघजी हझरत का हुक्म पाते ही अपने मकान पर आया और लश्कर को तैयार कर के आधी रातको पादला (बीरपुर) आ गया तमाम कोली और उनका सरदार बीरापगी शराब पीकर मस्ती से सो रहे थे. राजा वाघजी के लश्करीयोंने अेक अेक कोलीको कत्ल किया और बीरापगीको पकडकर झिंदा रखखा ताके दफ्न किये माल, खझाने का पता मालूम हो. बीरापगी को बांधकर पूछने लगे के

खझाना बतावो नहीं तो जानसे मारे जाओगे. बीरापगीने जानके खतरे के डरसे दफन किया हुआ तमाम माल और खझाना बता दिया. राजा वाघजीने उस जगह से खोदकर देखा तो रुपिया और सोने-चांदी से देगें भरी पाई. ये दौलत देखकर खुश हुआ और खझाना और बीरापगीको हझरत हमीदुद्दीनकी बारगाहमें लेकर हाझिर हुआ. हझरत हमीदुद्दीनने फरमाया, अय कोली ! तू अल्लाह के बंदोंको बाहर करना चाहता था ? बीरापगीने अर्झ किया, सरकार ! आपके रुख को मैं न पहेचान सका, ईसी सबब से अपने किये हुअे अमल की सझा पाया. अब अेक चीझ खुदाके वास्ते से आपसे चाहता हूं, हझरतने फरमाया, खुदावास्ते से जब मांगता है तो मांग, बीरापगीने अर्झ किया, मेरी तलब ये है के ईस पादलामें मेरा नाम बाकी रहे. हझरतने फरमाया के पादलामें ईस्लाम आनेकी तारीख अबजद की गिन्ती खैर मुदाम से निकली है. लेकिन तूने जब खुदाका वास्ता दिया है तो ईस पादलाका नाम बीरपुर रखा जाता है. ईसके बाद हझरतके हुक्मसे वाघजी राजाने दोहलपुर गांवकी तरफ लेजाकर रास्ते ही में बीरापगी को कत्ल कर दिया.

बीरपुरमें ईस्लाम का झंडा बुलंद और मस्जिदे अव्वल की बुनियाद

आगे के बयान में हझरत हमीदुद्दीन के कोल के मुताबिक बीरपुरमें ईस्लाम फैलने की तारीखे हिजरी लफ्झे खैरमुदाम से ईस तरह निकलती है के ईस जुम्ले के हर हर्फको जुदा जुदा करके हर अेक केनीचे उस हर्फके अददको लिखकर ईस नक्शे के मुताबिक जोडो तो खैरमुदाम के जुम्ले के कुल अदद ८९५ निकलते हैं.

खैरमुदाम लफ्झ के अदद

खे	ये	रे	मीम	दाल	अलीफ	मीम	खैरमुदाम
600	10	200	40	4	1	40	हि. 895

ईस खैरमुदाम लफ्झसे बीरपुरमें ईस्लाम फैलनेकी तारीख निकलती हैं और ये भी पता चलता है के बीरपुर शहेरके लिये हझरत हमीदुद्दीन अलयहिर्रहमाकी दुआअे खैर हमेशा के लिये है क्युं के आपकी झबानसे खैरमुदाम का जो लफ्झ निकला है उसका मअना हमेशा की भलाई है.

हझरत हमीदुद्दीन बीरापगीकी खलीसे काफला लेकर बीरपुर गांवमें आये और मस्जिदका संगे बुनियाद किया. ये मस्जिद आज तक बीरपुर बाजारमें आपकी यादगार है. मस्जिदकी तअमीर के बाद बीरपुर शहेर बसाने में आप मसरुफ हो गअे.

गुजरात के हर शेहर से हर अेक कौम को आपने बीरपुर में आबाद किया

मस्जिद की तअमीर के बाद आपने बादशाह मुझफ्फर हलीम को बुलाया और हुक्म झाहिर फरमाया के गुजरात के हर हर गांव और कस्बों से दीनदार, मुसलमान, हिन्दु, ब्रह्मन, किसान, सब्जी बेचनेवालोंको फेहदो के बीरपुरमें जाकर आबाद हो जाअें. बादशाहका हुक्म पातेही हर कौम के लोग बीरपुरमें आकर बस गअे. उस वक्त जिस शख्स को जिस चीझकी जरुरत हुई, हझरत हमीदुद्दीनने उसको खुशी से दी और बहोत से लोगों को अपनी तरफ से मकान भी तैयार करके अता किये. बहोत से लोगों को झमीन भी अता की. हझरते हमीदुद्दीनने दो साल तक बीरपुर की पब्लीक को हाकिम के हैसीयत से संभाला. आपकी ईस हुकूमतके झमाने में दोहलपुर का राजा वालजी हर महिने दो तीन बार आपकी मुलाकात के लिये आता जाता था. अेक बार बीरपुर के हिन्दुभाई खुफिया तौर पर राजा वाघजी के पास जाकर कहने लगे, अय राजा ! तुम तो बडे राजा हो, बीरापगी को तुमने कत्ल करके उसकी जगह मुसलमानों को दी है. अब वोह मुसलमान वहां गाय झबह करते हैं. ईसका अझाब तुम्हारे उपर होगा, बेहतर ये है के मुसलमानों को अच्छी तरकीबसे मना कर दीजीये. वाघजी राजाने जवाब दिया के उस गांव के झिम्मेदार वोह हैं. अगर मेरे दोहलपुर पे अैसा काम होता, अलबत्ता जरूर मैं रोक देता. उस बीरपुर से मेरा कोई तअल्लुक नहीं है. तुम दूसरी बार अैसी बातें लेकर हमारे पास न आना. राजा का ये जवाब सुनकर तमाम हिन्दुओंने आपसमें मश्वरा किया के राजा को किसी चीझ की लालच देकर गाय झबह करनेवालों को हम कत्ल करवाअें. आखिरकार 660 रुपिये की मुबलिग रकम सिक्के महमूदी खुफिया तरीके से भेजकर ये खबर लिख भेजी के अय महाराजा ! तुम हिन्दुओं के सरदार हो. उम्मीद है के तुम गायको झबह करनेवालों को कत्ल करोगे, हम वअदा करते हैं के हर साल ईस रकम को डबल

करके आप को पहोंचाअेंगे. राजाने हिन्दुओंकी ये बात सुनकर अपने वझीर से मशवेरा किया. राजाने कहा के गाय को झबह करने से रोकना हिन्दु मझहब में अफझल तरीन काम है. और 660 सिक्के महमूदी का हर सालाना भी अच्छा है. हझरत हमीदुद्दीन हमारे साथ खालिस दोस्ती रखते हैं, जो कुछ तुम कहोगे वोह कुबूल कर लेंगे और यकीन है के गुझारिश करने से मुसलमानों को गाय झबह करनेसे रोक देंगे. ये दिलमें सोचकर अेक अरझीनामा लिखकर वझीर के साथ भेजा के या हझरत ! हमने सुना है के आप रातभर ईबादत करनेवाले, हमेशा रोझा रखनेवाले और गौश्त वगैरहसे परहेझ करनेवाले हैं. लेहाझा आप से कुछ लोगों की गुझारिश है के बीरपुर के रेहनेवाले मुसलमानों को गाय झबह करने से आप मना फरमा दें और अगर गोश्त खानेकी ईच्छा हो तो भेंस, बकरी, या मुरघे का गोश्त शोकसे खाअें मगर गाय को झबह करने से आपका रोक देना ईस बंदे पर बडा अेहसान होगा. हझरत हमीदुद्दीनने फरमाया के ये काम मैं न करूंगा और मुसलमानों को ईस कामसे मना करना दीने मोहंमदी में जाईझ नहीं, तुम ईस शहेरसे, चार कोस दूर रेहते हो. ईन खयालों को छोड दो, क्युं के ये बात अशक्य है. वझीर ये बात सुनकर हझरत की खिदमत से उठकर राजा वाघजी के पास आया और जो कुछ सुना राजा से कहा. राजा सुनकर चूपचाप होकर बैठ गया और चार, पांच दिन अवाम के सामने न गया तो हिन्दुओं की अेक जमाअत राजा के पास आई और हंगामा मचाया और केहने लगी के अय राजा ! तुम्हारी (हिन्दु) जमाअत के लोग झियादह हैं और मुसलमान लोग कम है. अेक हमला करके तबाह करदीजीये. गया झबह करने से तौबा करवाईये, आप अगर ये काम करेंगे तमाम जगह के हिन्दुओंमें नेक नामीसे मशहूर हो जाअेंगे, और लोग तअरीफ करेंगे के फलां गांव का राजा अैसा है जो गाय झबह करने से मुसलमानों को रोकनेमें कामियाब हुआ है. राजा वाघजीने जवाब दिया के तुम जो केहते हो सब कुछ सही है, मगर हझरत हमीदुद्दीन और हमारे दरम्यान बाप दादासे पुराना संबंधऔर तअल्लुक है. हझरत हमीदुद्दीन हझरत अली सरमस्त की अवलाद हैं, और मैं सिद्धराज का बेटा हूं, हझरत हमीदुद्दीन जहां होगे वहां हमारे लिये अदब जरूरी है. उनके साथ बेअदबी करना बेफायदा है. ये सुनकर तमाम हिन्दु अेक होकर राजाके सिपाहीओं को कहेने लगे के

अय सिपाहीओ ! तुम और तुम्हारा राजा मुसलमानों के गुलाम बन जाव. गाय के झबह होनेका गुनाह तुम्हारे झिम्मे होगा, मरने के बाद गाय झबह करनेका जवाब क्या दोगे ? अब लिखखा हुआ सालियाना देनेका करारनामा हमको वापस दे दो, ईस लिये के हिन्दु मझहब का काम उनकी मरझीके मुताबिक नहीं होता. वझीरोंने आये हुअे तमाम हिन्दुओंको जवाब दिया के तुम लोग आज रोज जाव, कल बादशाह को पूछकर जवाब देंगे. उस रोझ हिन्दु लोग वापस आये और राजपाटके वझीर और मामलतदारोंने अवाम की बातों को राजाके सामने पेश कीं, राजा वाघजीने जवाब दिया के आप लोग मेरे राजपाट के मिम्बर हो, जो कुछ अच्छा जानो मुझको सलाह दो, यकीनन तुम्हारी नेक सलाह पर अमल किया जाअेगा. वझीरोंने राजा वाघजीको मश्वरा दिया के गाय को झबह करने से रोकना सवाब का काम है. और सालियाना की रकम झियादह हासिल करना भी अच्छा है. लेहाझा मुसलमानों को दादागीरी से गाय झबह करनेसे रोको, और गाय के अदब करनेकी ताकीद करो और ईसके झामिन बनावो. अगर वोह गाय न झबह करने की झमानत न दें तो मुसलमानोंको बीरपुरसे बाहर कर दो. वझीरो का मश्वरा राजाके दिलमें उतरा और मुसलमानों को उसी मुताबिक लिखकर भेज दिया. मुसलमानोंने राजा का हुकमनामा पढा और हझरत हमीदुद्दीन चाहेलघा की खिदमतमें आये और जो कुछ सर पर मुसीबत आई, हझरतको सुनाई और अर्झ किया, या पीर ! हम सब आपके गुलाम हैं. अगर हुक्म हो तो तमाम रजपूतों को जहन्नम में पहोंचा दें और हम भी शहादत का जाम पी लें हझरत हमीदुद्दीनने फरमाया के अय ईस्लामी भाईओ ! मैंने तुमको वहां आबादी बढाने के लिये बसाया है, मरने के लिये नहीं, लेहाझा सब्र से काम लो, बेशक! अल्लाह सब्र करनेवालों के साथ है. ईन्शाअल्लाह ये मुश्किल हिकमत और समजदारीसे दूर की जाअेगी. जल्दी करने से कुछ न होगा. जल्दी काम शयतान का है, ईत्मीनान का काम रहमानका है(हदीस) मुसलमानों ने अर्झ किया, या पीर ! आप जो मश्वरा देंगे, मुसलमानों को दिलो जान से कुबूल है.

राजा वाघजी की हझरत हमीदुद्दीन के साथ गद्दारी और सुल्तान महमूद बेगडा का लश्कर बालासिनोर की धरती पर

हझरत हमीदुद्दीन अलयहिर्रहमाने राजा वाघजी को खबर भेज दी के मुसलमान तो जंग करने के लिये तैयार हैं, मगर जंगमें फायदा कुछ नहीं है और नुकसान झियादह है. लेहाझा ईस बात पर अेक महिना सब्र करो. मैं मुसलमानों को अपनी सलाह से समजाउंगा और जो कुछ तुम्हें कहेना है तुमको भी कहुंगा. ये केहकर राजा को तसल्ली दे दी. और बादशाह महमूद बेगडा को अेक खत लिख भेजा के ये फकीरने हुझूर सल्लल्लाहो अलयहे वसल्लम के हुक्म से ये गांव को ईस्लाम मझहब से आबाद किया है. मगर ईस गांव के आसपास काफिरोंकी बस्ती झियादह है. वोह मुसलमानों को कोई न कोई बहाने से तकलीफ पहोंचाते हैं, तुम नाईबे मोहंमदुर्रसूलुल्लाह (सल्लल्लाहो अलयहे वसल्लम) हो. उम्मीद है के अेक थानादार को 500 घोडे सवार लोखंडी बख्तरवाले बहादुरों के साथ भेजेंगे ताके बीरपुर के मुसलमानों की हिफाझत करें और रजपूतों की नस्ल और जड को उखाडकर फेंक दें और मुसलमान अम्नो अमान से रहें और खास करके रजपूतों को यहां से बाहर करो, बादशाह महमूद बेगडाने हझरत का खत पढकर अेक थानादार जिस्का नाम मुझफ्फर खान था, 500 घोडे सवार सिपाईओं के साथ बालासिनोर में भेजा और हुक्म कर दिया के हझरत हमीदुद्दीन की जो मरजी हो उसी मुताबिक काम करना. मुझफफरखान अहमदआबाद से फौज लेकर बालासिनोर आ गया और हझरत की खिदमत में खबर पहोंचाई के या पीर ! ये बंदा फौज लेकर बालासिनोर आ गया है, अगर हुक्म हो तो रातों रात बीरपुर के आसपास के रहेनेवाले रजपूतों को हमला करके जहन्नम में पहोंचा दिया जाअे. या हुक्म हो तो बंदा रूबरू कदमबोसी के लिये हाझिर होवे. हझरतने जवाब लिखकर भेजा के रजपूतों को मारना नहीं है मगर डराकर भगाना है लेहाझा रूबरू आकर मुलाकात करो मुझफ्फरखानने हझरत के हुक्म के मुताबिक रूबरू मुलाकात करके कदमबोसी की. हझरत हमीदुद्दीनने फरमाया के तुम अपनी फौज लेकर नाथा मंदिर के पास के मैदान में आकर ठेहरो. मुझफ्फरखान थानेदार अपनी शानो शौकत के साथ फौज लेकर आया और पूरे

मैदान की बोर्डर बनाकर डेरा डाला. इस मंदिर में हर साल दशेरा के दिनों में नाथादेव की पूजा करने के लिये हिन्दु लोग जमा होते थे और इसी मैदान में (9) रात रहेते थे. हझरत हमीदुद्दीनने ये सोचकर ईस मैदानमें लश्कर को रेहनेका हुक्म दिया के वहां रहेने से लश्कर, किले का काम देगा. जब दूसरा दिन हुआ, हझरत हमीदुद्दीनने राजा वाघजी को ये पैगाम केह भेजा के तुमने हिन्दु अवाम के कहेने से मुसलमानों पर गलत नझर उठाई है, लेहाझा जंग करने के लिये तैयार हो जावो, ये पैगाम पहोंचते ही राजा वाघजी के महल में डरसे धरतीकंप पैदा हो गया के हझरतने बादशाह का लश्कर बुला लिया है अब भागकर कहां जाउं ? बहोत परेशान होकर औरतों और बालबच्चों को तसल्ली देकर हझरत हमीदुद्दीन की खिदमत में आकर अरझीनामा पेश किया के या हझरत! आप खुदा के महबूब हो और आपको लायक नहीं है के आप अपने पाले हुअे के साथ जंग फरमाअें हझरतने फरमाया, गलती तुम्हारी तरफ से है, हमारी जानिब से नहीं. अय राजा ! पुरानी महोब्बत की वजह से अभी भी तुमको मैं सहूलत देता हूं के खूनरेझी नहीं कराउंगा. राजाने कहा, मुझे यकीन है के कल या परसों बहोत बडी जंग होगी. हझरतने फरमाया, तुम यकीन रखखो और शांति रखखो के हमारी निय्यत खूनरेझी की नहीं है मगर शर्त ये है के तुम ईस जगह को छोडकर पांच, छे कोस दुर जाकर रहो. राजाने कहा के या हझरत ! सुल्तान का लश्कर बोर्डर बनाकर घेराव किया हुआ है. बाल बच्चों को लेकर मैं कैसे बाहर जाऊं ? हझरतने फरमाया, अय राजा ! जावो तुमको अेक महिने का टाईम दिया जाता है. बगैर खौफो खतरे के जावो. और अपना सामान आहिस्ता, आहिस्ता ले जाओ और अगर हो सके तो अपने मकान के दरवाझे, खिडकीयां औरईट, पथ्थर वगैरह भी अपने साथ ले जाओ. राजा वाघजीने लाचार होकर हुक्म कुबूल किया और दोहलपुर की झमीन छोडकर अपने हिन्दु भाईओं के साथ देहवाडा में आकर रहा. ईस देहवाडामें कुछ मुसलमान भी रहेते थे. वोह रजपूतों के डरसे भागकर हझरत की खिदमत में आये. हझरतने उन मुसलमानोंको बीरपुरमें रहने की जगह दी और मुझफ्फरखान फोजदार को हुक्म फरमाया के तुम नाथा मंदिर के मैदान को छोडकर दोहलपुर पीरमगली के पहाड की वादीमें आकर रहो. मुझफ्फरखान फौज लेकर पिरमगली के करीब आ गया और फौज की बोर्डर

बनाकर रहेने लगा. उसी पहाड पर राजा की हवेली के पास मस्जिद की बुनियाद डाली. उस मस्जिद की निशानीयां आज तक झाहिर हैं, दो, तीन महिने तक नाथा मंदिर का मैदान खाली रहा. उस मैदान में हझरत हमीदुद्दीन रदियल्लाहो अन्होने 2000रु. अपना खर्च करके लश्कर की हिफाझत के लिये किल्ला बनाया. मुझफ्फरखान फौजी लश्कर के साथ उसी किल्ले में रहेने लगा और कस्बये बीरपुर और आसपास के गांव को अपने अधिकार में ले लिया. और सैर और शिकारमें मशगूल हुआ, उसके बाद हझरते हमीदुद्दीनने बिरपुर के आसपास के गांव से महसूल (टेक्ष) वसूल करके लश्कर के खर्च के लिये हाकिम मुझफ्फर को दिया और बीरपुर कस्बे की झमीन से कुछ हिस्सा मुसलमानों को और कुछ हिन्दुओं को दिया और कुछ झमीन जरूरी खर्च के लिये अपने कबजे में रखखी. उस मंदिर के आसपास घोडे बांधने का ईन्तेझाम किया. वोह मंदिर उसी झमाने में खत्म हो गया और मुझफ्फरखान फौजदार की बीरपुर से बदली हो गई.

हझरत सैयद मीरान्जी अलैहिर्रहमा फौज के कमान्डर बनकर आये और जामे शहादत नौश किया

जब मुझफ्फरखान फौजदार की बदली हुई और उसके बाद दूसरे फौजदार के आनेमें ताखीर हुई तो उसी झमाने में राजा वाघजी ने हझरत हमीदुद्दीन के साथ दूसरी बार जंग शुरु कर दी. हझरत हमीदुद्दीन अलयहिर्रहमह बीरपुर के तमाम मुसलमानों को अपने साथ लेकर मुकाबले के लिये मैदान में उतर आये और राजा वाघजी को झबरदस्त हार दी. और राजा वाघजी का पीछा किया मगर राजा वाघजी पहाडों में जाकर छुप गया. उसी दरम्यान महमूद बेगडा की जानिबसे अली-अे मुरतझा के मोती और मुस्तुफा सल्लल्लाहो अलयहे व सल्लम के बाग के उगते फूल हझरत सैयद मीरान्जी अलयहिर्रहमह शाही लश्कर के साथ कमान्डर बनकर बीरपुर आ गये और ईस जंगमें शरीक हो गये. राजा वाघजी और हझरत मीरान्जी के दरम्यान अेक साल जंग होती रही. ईसी जंगमें हझरत सैयद मीरान्जीने राजपूतों के हाथ से शहादत का जाम नौश किया और शहादत के दरजे पर पहोंचे. आपका मझारे पाक किल्ले के करीबकी मस्जिद के पास है और आपकी करामतें बीरपुरमें झाहिर हैं.

बीरपुर की धरती पर हझरत हमीदुद्दीन की शाने हुकूमत

हझरत सैयद मीरान्झी अलयहिर्रहमहकी शहादत की खबर जब महमूद बेगडा को हुई तो वझीरों को हुक्म दिया के सैयद मीरान्जी की जगह पर दो तीन फौजदारों को बीरपुर भेज दिये जाअें. लेकिन ईस जगह की झिम्मेदारी किसी फोजदारने कुबूल नहीं की और दो साल तक बीरपुर, फौजदार से खाली रहा. यही खाली झमानेमें बीरपुर की हुकूमत की सारी झिम्मेदारी हझरत हमीदुद्दीनने अपनी झिम्मेदारी में ले ली और राजा वाघजी के साथ मुसलसल जंग करते रहे.

ईस हुकूमत के झमाने में आपके साहबझादे हझरत महमूदमियां दरियाई दूल्हा अलयहिर्रहमाह अेक जझबअे दीनी लेकर हझरत वालिदे गीरामी हमीदुद्दीन की बारगाह में हाझिर हुअे और अर्झ करने लगे या हझरत, अगर आपकी ईजाझत हो तो नाथादेव मंदिर के मैदान में अेक जामेअ मस्जिद की बुनियाद रख्खुं. हझरत हमीदुद्दीनने फरमाया, क्युं नहीं ? जरुर रख्खो. हझरते महमूदने उस मैदान में मस्जिदकी संगे बुनियाद रख्खी और दिवालें जब तैयार हो गई तो छत बनाने के लिये कारंटा शरीफ से लकडियां लाये तो वोह लकडियां दीवाल के फासले से तीन गझ छोटी थी. हझरत महमूद दरियाई दूल्हाने अपनी करामतसे उस छोटी और सुखी लकडीयों को हाथ से खीचकर छे गझ लंबी कर दीं. ये वाकेआ जब हुआ आपकी उम्र 14 सालकी थी जिसका तफसीली बयान मकातिहुल कुलुब किताब में हैं.

राजा वाघजी की झबरदस्त हार और हिन्दु, मुस्लिम समाधान

जब राजा वाघजी हझरत हमीदुद्दीन के साथ जीत नहीं पाया तो ये केहते हुअे समाधान करने के लिये आया के या हझरत ! ये बंदा सिंधराजसिंह की अवलाद से है और आप हझरत अली सरमस्त की अवलाद से हैं और हमारे और आपके बीच बाप, दादा के झमाने से महोब्बतका राबता है. बंदा बादशाही का दअवा लेकर नहीं आया बल्के ईस उम्मीदसे आया है के आप हुझूरकी रईय्यत की हिफाझत करें और मेरे घोडेसवार सिपाहीओं को आपकी खिदमत के लिये बीरपुरमें छोड दूं और

बीरपुर के आसपास के देहात के महसूल (टेक्ष) और बीरपुर के हिन्दुओंको आपसे लडाने का सालीयाना रकम देनेका जो करारनामा लिख दिया था वोह रकम वसूल करके अपना खर्च निकालूं, हझरत हमीदुद्दीनने फरमाया के हिन्दुओंको लिखखे हुअे करारनामे की नकल मुझे भेज दो, मैं उसे पढकर जो कुछ रददो बदल करना हो तो कर दूं. राजा वाघजीने ईस करारनामे की नकल मुन्शीसे नकल करवाकर भेज दी. हझरत हमीदुद्दीनने उस करारनामे को पढा. लिखखा हुआ था के अय राजा, बीरपुर के गाय झबह करनेवाले मुसलमानों को झबह करने से रोकने या उनको जानसे मार डालने के बदले में तुमको 660 सिक्कये महमूदी दिया जाअेगा. हिन्दुओंका ये करारनामा सुनकर हझरत हमीदुद्दीन को गैरत आई और बीरपुर के मुसलमानों से आपने कहा के अय भाईओ ! देखो हिन्दु हमारे साथ कैसी दुश्मनी रखते है ? अैसे लोगों की सजा वही है के ईनको अैसे ही राजा के हवाले कर दिया जाअे ताके वोह उनका दिमाग ठीक करें और हम हमारे काममें कामियाब रहें. तमाम मुसलमानोंने आपके फैसले को कुबूल किया. हझरतने वाघजी को अपने पास बुलाया और समाधान ईन शरतों के साथ किया के (1) मुसलमानों को गाय झबह करनेसे कोई रोकटोक न हो (2) हिन्दुओंने सालीयाना रकम देनेका जो करार किया है, उस रकम का चोथा हिस्सा बीरपुर के गांवों से वसूल करो (3) बीरपुर के गांवका वांटा वाला हिस्सा तुमको ईस लिये देता हूं के बीरपुर कस्बा या बीरपुर के आसपास के गांव को कोई जरूरत पडे तो ईसे बेचकर पूरा करो. राजाने हझरत हमीदुद्दीनकी इन तमाम शरतों को कुबूल किया और कुछ घोडेसवार सिपाहीओं को कस्बअे बीरपुर के लिये छोडकर खुद अपने गांव देहवाडा चला गया. ईस तरह बीरपुरकी सरझमीन में ईस्लाम का झंडा हझरत हमीदुद्दीन अलयहिर्रहमहके कदमों की बरकत से कायम हुआ. (बहवालाअे तोहफतुल कारी बाब तीसरा, पेज-45 से 50 तक)

हझारों साल नरगिस अपनी बेनूरी पे रोती है
बडी मुश्किल से होता है चमन में दीदावर पैदा

झाड की झडके पास उंगलीसे बावरी नदी बना देना

हझरत शाह हमीदुद्दीन (रहमतुल्लाह अलयह) आपके साहबजादे मियां महमूद को साथ लेकर बाहिर तशरीफ ले गये थे. वहां आप दोनों को वझू करने की झरूरत दरपेश हुई. आपने ईर्दोगिर्द पानी की तलाश की मगर कहीं पानी नझर नहीं आया तो आपने अेक झाड की जड में उंगली से खत किया. फौरन उस झाड की जड से पानी बहेना शुरु हुवा ये जगाह बीरपुरमें चीखली झोझा के जंगलमें है. उस पानी से आप दोनुं ने वुझू किया और आप झिक्रे ईलाही में मश्गुल हुवे. फिर वो पानी का चश्मा बहेता रहा और ये पानी कस्बे के नझदीक आ गया तो लोगोंने देखा के पानी हम पे झोर करेगा. ये सुन कर आपने पानी को कहा के कस्बे के किनारे किनारे बहे जा. आपके फरमाने से नदी आगे बहेने लगी और मही से मिल गई.

हझरत शाह ख्वाजा हमीदुद्दीन (रहमतुल्लाह अलयह) हैं गौसे बेमिसाल का विसाल

आप सुलतान से मिले थे उस रोझ से आपकी शोहरत दुर दुर तक हो चुकी थी. उसी रोझ से आपका दिल यही चाहता थाके ईस दुनियामें रहेना और अपने सर पे बोझे अंबार उठाना बराबर हय. ईससे तो ईस दुनिया को छोडकर दारे उकबा पहोंच जाना अच्छा हय. क्युं के बादशाह और दुनिया के मोअतबर बाईल्म हुनर लोग आपसे मुरीद होने की तमन्ना रखते थे मगर आपने किसीको भी मुरीद बनाने के लिये मंझुर नहीं किया. आप फरमाते. परवर दिगारे आलमकी तरफसे मुझको ईशारा होगा तब उसीको मुरीद बनाउगा और उसे नेक दरजात दिलाउंगा. हझरत शाह महमूद (रहमतुल्लाह अलयह)को ख्वाहिश हुई के मैं अपने वालिद साहब से बयअत लूं ईन दिनों में हझरत महमूद (रहमतुल्लाह अलयह)का अेक मजझुब खादिम था, उसके पास दु:खी लोग जाते तो उनसे बहोत लोग फयझ पाते थे. अेक रोझ हझरत मियां महमूद (रहमतुल्लाह अलयह) उस दुरवेश के पास गये तो उन मख्दुमने जो उनके सरपे टोपी थी. वो टोपी हझरत शाह महमूद (रहमतुल्लाह अलयह)के सर पर रख दी. वो टोपी आप अपने वालिदे बुझुर्गवार के पास लाये और आपके सामने रखखी और अर्झ की के ये टोपी को क्या करुं? तब आपके

वालिद साहबने फरमाया, उसे अपने पास रखखो. उसका हाल गायब उसीसे था और ये भेद आप किसी से न केहना. वो फैझ होना बंद हो गया और खादिम वहां से चला गया. उसी रात को हझरत शाह मोहियुद्दीन जीलानी गौसुल आझम दस्तगीरने हझरत शाह महमूद रहमतुल्लाह अलयहके ख्वाबमें आकर फरमाया के आपके वालिद साहबका विसाल अनकरीब है तो आप उनसे रस्मे जिकरुल्लाह सिख लो और आपसे बयअत होकर खिरका व खिलाफत तलब करो क्युं के आप ईस झमाने के झबरदस्त वलीअे कामिल कुत्बुलवरा गौसे झमां हैं. पीरे मुगां हैं और आप अपनी हकीकत को छुपाये रखखे हैं ईस झमाने में आपका सानी और कोई नहीं और अब आप ईस दुनियामें तीन रोज के महेमान हैं ये हकीकत आपने हझरत शाह हमीदुद्दीन (रहमतुल्लाह अलयह)को भी ख्वाबमें झाहिर की और फरमाया के आप अपने फरझंद को बयअत देकर करामतोंसे उनको सैर करो. तब हझरत शाह महमूद रहमतुल्लाह अलयह वक्त नमाझे तहज्जुद के आपके वालिद के पास तशरीफ ले गये वहां आपने अेक जिगरी कही.

जिगरी

तुमने पर हरी अमने केम सरी नावलियो निंदडी नहार रे
ते केम हुवे रे निकालु जेने कुटुंब नव बहार रे
बे जीवन काये होय तो बदलिये नावेलो बदलो केम जाय रे
जे आवे जेना लाभ नो होवो ते हेन तेज सोहार रे
साथीडा वीती मामरी नावलिया धरणे कान रे
अेक जहो न पाखल ता हरी निंद रे
बे जीवन लोगा मांहा गवार रे
तुं चढ सोवे सुख से जडी अमने सैयाने लाज रे
ओ साजन कथा न किजीये अवसर न आवे काज रे
हुंरे जागुं तुमरे कारन तमने निंद सवा परंपार रे
सेज सूना धन तन मली पासे सरिया भरथार रे
साईन खोल पुरानिया लीखा माहरि लिलाट रे

नीत उठीने केहने किये अपना घरनो राड रे
काझी मोहंमद तन साह चाहे लिदा सेवन थारा पाउंरे
मेहमूदने छे भुलम अेन कहानी आईस आवे चितार रे
कही तुम आपसे आई नहवी हां मगर भेजे हुवे महेबूबे सुब्हानी
केह महीयुद्दीन जनाब अब्दुलकादर किये होशियार होके नाशर
वले बाकी है मेरी उम्र अेक रोझ करुं खिर्का ईनायत हो दिलशोख
ये सुन फिर आप अेक जिगरी बनाये, ईबारत उसकी बावा को सुनाये

ईसी तरह हझरत महमूद दरियाई रहमतुल्लाह अलयहेने आपके वालिद साहब को अेक जिगरी कहे सुनाई. तब आपने फरमाया के गभरावो नहीं अभी मेरी उम्र का अेक रोझ बाकी है. तब आपने अेक और जिगरी सुनाई.

जिगरी

उठ रही हे रातकी उठ पीयु सो तरावे
रावन वेला नेव तीरे के लेट गंगावे
घटती जावे घडी घडी पीछे बल कहो करे
पर घर होश देखकर पस्तावे गेरे
कहे महमूद को मनजहना शहे पाया पुरा
सव सके तो रावके ने उगे सवेरा

ये जिगरी हझरत शाह मियां महमूद (रहमतुल्लाह अलयह)ने आपके वालिद साहब को सुनाई तो आप खुश हुवे और दूसरे रोझ फजर में हझरत शाह हमीदुद्दीन (रहमतुल्लाह अलयह)ने हझरत मियां महमूद (रहमतुल्लाह अलयह) को आपके पास बुलाकर खिरका खिलाफत का अता किया. आपको बैअत की ईजाझत दी. हझरत शाह हमीदुद्दीन (रहमतुल्लाह अलयह)ने ६३ ईन्सानों को बैअत देकर आप मुल्के बकाकी जानिब तशरीफ ले गये. कालु ईन्ना लिल्लाहे वईन्ना ईलयहे राजेउन.

बुरहानपूरकी औरतको विशाल के बाद गैबाना मुरीद बनाना व शजरा अता किया

बुरहानपुर शहेरमें हझरत शाह हमीदुद्दीन (रहमतुल्लाह अलयह)की अेक औरत बहोत चाहनेवाली थी. उसको हातिफे गैब से खबर हुई की हझरत का विसाल हो गया है. ये खबर के सुनते ही वो झार झार रोती थी और केहती थी के सद अफसोस के आपकी मुरीद न हो सकी. ये केहते केहते है-हा-ता-है-हा-ता उसी फिक्र में रोया करती थी. तो रातको ख्वाब में उसको बयअत दी और वो औरत ख्वाब से बेदार हुई तो शिजरा भी उसने झाहिर में देखा तो वो खुशहाल हो गई.

बयअत यअनी मुरीद बनने के वाकेआत

हझरत महमूद दरियाद दूल्हा अलयहिर्रहमकी उमर शरीफ जब (15) सालकी हुइ तो वालिदे गेरामीकी बारगाहमें हाझिर होकर के मुरीद बननेकी तमन्ना झाहिरकी तो वालिदे गेरामीने फरमाया के इस नेक काममें दैरी न करनी चाहिये. हझरते महमूदने अर्झ किया के आप बतायें के में हझरते सैयदे शाहेआलम बुखारी अहमदआबादीसे मुरीद बनुं या हझरत सैयदना जलाल उर्फे शेख जीयोसे मुरीद बनुं ? आपके वालिदने मशवेरा किया के हझरते शाहेआलम बुखारी हमारे पीर है, और हझरत सैयद शैख जीयो भी हमारे सिलसिलेके खलीफा है. इन दोनों बुझुर्गोमेसे जीन्की तरफ तुम्हारे दिलका अकीदा जमे मुरीद बन जाव हझरते महमूद ये सुनकर रसूलाबाद (अहमदआबाद) जाकर हझरत शाहेआलम बुखारीसे मुरीद बननेकी ख्वाहिश झाहिर की के या पीर! मुझे मुरीद बना लीजीये. हझरत शाहेआलम बुखारीने गरदन झुकाकर मुराकबा करके जवाब दिया के सरकारे मदीना सल्लल्लाहो अलयहे वसल्लमका हुक्म है के आप अपने वालिदसे मुरीद बनो. ये सुनकर बंदा आपकी बारगाहमें मुरीद बनने के लिये हाझिर हुआ है. मैंने सरकारे मदीनाका हुकम आपको सुना दिया वैसे आपकी जो मरझी हो वोह करें, हझरत हमीदुद्दीन साहबझादेकी बात सुनकर हंसे और खामोश हो गये (पे.115)

आखिर वही बात सामने आइ जिसको हझरते शाहेआलम बुखारी अलयहिर्रहमाहने हझरते महमूदके बारेमें जो बचपनमें फरमाया था के अय

हमीदुद्दीन (ये महमूद) आपका हिस्सा है. यअनी आपके हाथ मुरीद बनेगे.

ये वाकेआ होनेके बाद हझरते महमूदने दो महिने के बाद फिर अर्झ किया, हुझूर! मुझको मुरीद बना लीजीये. हझरते हमीदुद्दीनने फरमाया, लौहे महफूझमें देखकर जवाब दुंगा. हझरते महमूदने अर्झ किया, या शेख! लौहे महफूझ दूर नहीं है. हझरते हमीदुद्दीनने फरमाया के, आज नहीं देखुंगा, ये सुनकर हझरते महमूद वापस लौट आये. और अेक महिने के बाद फिर वालिदकी खिदमतमें हाझिर हुअे. और अदबसे अर्झ किया, या हझरत! मुझे मुरीद बना लीजीये. हझरते हमीदुद्दीनने फीर नझरें फिरालीं. हझरते महमूदने अर्झ किया, या हझरत! मुरीद बननेकी तमन्ना जब मैंने झाहिरकी थी तो आपने फरमाया था के आपका अकीदा जिथर झियादह जमे मुरीद बन जाव. या हझरत मैं पक्के अकीदेसे आया हुं क्युं के बुझुर्गोंकी बारगाहमें अकीदत ही काम आती है न के चापलूसी. ये कहेकर हझरते महमूद अपने घर वापस आये. कुछ दिनों के बाद लोगों के झरीअे मअलूम करवाया के हझरत मुरीद बनानेमें क्युं ताखीर फरमाते हैं? हझरते हमीदुद्दीनने जवाब फरमाया के, मैं महमूदके बारेमें लौहे महफूझ में मगफूर (बख्शाहुआ) लिखखा हुआ जब देखुंगा मुरीद बना लुंगा. हझरतका ये जवाब सुनकर लोग वापस आये और हझरते महमूदको जवाब सुनाया. हझरते महमूद ये बात सुनकर बहोत फिक्रमंद हो कर गये. हझरते महमूद अेक रोझ अेक मेहफिलमें बातचीत के दरम्यान फरमाने लगे के वालिदे गिरामी मुझे क्यों मुरीद नहीं करते ? और लौहे महफूझ देखनेका वअदा करते रेहते है ? ये बात करनेकी खबर हझरत हमीदुद्दीनको हुइ के हझरते महमूद मेहफिलोंमें अैसी बातें करते हैं ? हझरते हमीदुद्दीनने अेक शख्सको फरझंद महमूद के पास भेजा के किसीकी बातें गायबाना करना गीबत है और ये शरीअतमें जाइझ नहीं. आपने ये खबर सुनकर कुछ दिन सब्र किया और अेक रोझ फिर वालिदकी खिदमतमें हाझिर हुअे. तो देखा के कमरा बंद है और हझरत आराम कर रहे थे. हझरते महमूदने कमरे के दरवाझे पर खडे रेहनेवाले खादिमोंसे पूछा के हझरतको आवाझ दीजीये, खादिमोंने अर्झ किया, हझरत! आराम कर रहे हैं, हमको जगानेकी मजाल नहीं है. अगर आपको जरुरत हो तो आप जगाइये. हझरते महमूद हाथ बांधे वालिदके कमरेके दरवाझे पर वालिदकी मुलाकातकी आरझु लेकर खडे होगये और उस

तमन्नामें कुछ शेअर बयान करने लगे, बयान करते करते इश्कके जझबे इतने बढ गये के अपने होश भी खो दीये और अेक मुद्दत तक खाना-पीना छोड दिया. बदन पर सतरे औरत छुपाने के लिये अेक पुराने कपडेका टुकडा बांधरखखा, बाकी सब कपडोंको उतार दिया और मस्तों जैसी कैफियत हो गइ. उस वक्त बहोतसे लोग रुहानी भेदोंको जाननेवाले हाझिर थे उन्होंने कहा के या हझरत महमूद! आपकी बेचेनीका सबब क्या है ? आपके चेहरेका रंग झअफरानी क्यों हो गया हो ?

आप जब होशमें आये तो जवाब फरमाया के मुझको बगैर पीरके रेहनेकी आग और तडप जला रही है, पीर न होनेके गम और रंजका असर मेरे दिलके उपर इस कदर है के मैं बेहोश हो जाता हुं. आपने फिर उस गमको झाहिर करते हुअे कुछ शेखर फिर पढे.

इस वाकेआके बाद अेक रोझ हझरत हमीदुद्दीन अलयहिर्रहमा अपने घरके दीवानखानेमें बेठे हुवे थे और उस मेहफिलमें बहोतसे आलिम और फाझिल हझरात भी थे, तसव्वुफके बारेमें बात (डीसकस) चली ही थी. कुछ लोगोंने शरीअतके बारेमें बयान किया, कुछ लोगोंने तरीकतकी बातें, और कुछ लोगोंने मअरेफत और हकीकतके बारेमें बयान किये. इसी बीचमें हझरत सैयदना हमीदुद्दीन अलयहिर्रहमह आलिमों और सूफियोंकी तरफ नझर करके फरमाने लगे के अय दोस्तो! जब शरीअतकी ये बातें लोगोंकी समजमें नहीं आतीं तो तरीकत, हकीकत, और मअरेफतकी बातें कैसे समजमें आयेंगी ? ये बातें तो इन्के सामने अफसाना (मनघडत कहानी) जैसी मअलुम होंगी. हझरत हमीदुद्दीन अभी इसी बातचीतमें थे के अचानक हझरत महमूद दरियाइ दूल्हा उसी मेहफिलमें आ गये. और कुछ शेअर मुरीद बनने के बारेमें बयान किये. हझरत हमीदद्दीनने फरमाया बेटा! मेरी झिंदगी अभी बाकी है, बेचेन और हेरान न हों में तुम्हे मुरीद बनाउंगा. हझरत महमूदने उस वक्त चंद मरतबा लौहे महफूझकी तरफ निगाह करके वालिदे गिरामीसे अर्झ किया, अब्बाजान! आपकी उम्रसे सिर्फ सात दिन अब बाकी रह गये हैं. ये केहकर फिर कुछ शेअर सुनाने लगे और मुरीद बननेकी तडप झाहिर करने लगे. हझरत हमीदुद्दीन ये शेअर सुनकर फरमाने लगे, अय बेटे, अभी मेरी उम्रसे अेक हफ्ता बाकी है, क्युं बेचेन हो ? हझरत महमूद दरियाइ दूल्हा ये सुनकर झियादाह फिक्रमंद

हुअे के अब्बा हुझूरकी उम्रसे सिर्फ अेक हफता बाकी रह गया है. फिर भी मुजे मुरीद नहीं बनाते और देरी करते हैं. अब हझरत सैयदना गौषेआझम सरकारे बगदादकी रूहेपाकका वसीला लेकर आपकी बारगाहमें अर्झ करुं के आप सिफारिश फरमाकर मुझे मुरीद बनवादें. ये सोचकर हझरते महमूद दरियाइ दूल्हाने अेक अरझीनामा लिखकर रिजालुल गैब (अवलियाकी जमाअत)के साथ बगदाद रवाना किया. वोह अरझीनामा मिन्टोंमें बगदाद शरीफमें सरकारे गौषेआझम रदियल्लाहो अन्होकी बारगाहमें पहोंचा. सरकारे बगदाद रदियल्लाहो अन्हो रुहानी परवाझसे बीरपुर तशरीफ लाअे. हझरते महमूद दरियाइने हझरते गौषेआझमसे अर्झ किया, हझरत! मुझसे कोनसा गुनाह हुआ है के हमारे वालिद मुझे मुरीद नहीं करते ? गौषेपाककी रुहे पाकने जवाब दिया के, आपके वालिद अभी आपको मुरीद बनाअेंगे, ये केहकर सरकारे गौषेपाककी रुहपाक हझरते महमूदको लेकर आपके वालिदकी बारगाहमें हाझिर हुइ. और फरमाया, अय भाइ हमीदुद्दीन! आपके साहबझादे तमाम खूबीयोंके मालिक हे फिर भी तअज्जुब लगता है के आप इनको मुरीद बनानेसे क्युं गफलत करते है ? अब बेहतर ये है अपने लडकेको मुरीद बना लीजीये. हझरत हमीदुद्दीनने गौषेआझम रदियल्लाहो अन्हो के हुकमको तस्लीम करते हुअे अर्झ किया, हुझूर कुछ दूसरे लोग भी मुरीद बनना चाहते हैं लिहाझा कल फजरकी नमाझ के बाद उन तमाम लोगों के साथ मुरीद बनाउंगा उन सबके सामने खिलाफतका जुब्बा पेहनाउंगा और खिलाफतनामा भी लिखकर दुंगा. जब दूसरा दिन हुआ तो फजरकी नमाझके बाद हझरत महमूद दरियाइ दूल्हा और हझरत शाह चांद मोहंमद और हझरत शाह अहमद और हझरत शाह लाड मोहंमद उर्फे शैखुल इस्लाम हझरत शाह प्यारुल्लाह वगैरह और दूसरे पचास, साइठ मर्दोंको हझरते महमूदके साथ बरोझ जुमेरात मु. चांद-5 सफर हि. 911 को बाद नमाझे फजर हझरते हमीदुद्दीनने अपने सिलसिलेमें दाखिल कर के मुरीद बनाये और खिलाफतका जुब्बा पहेनाये और खिलाफतकी सनद देकर नसीहत फरमाइ के, अय फरझंद महमूद! आजसे जो शख्स आपके पास मुरीद बननेके इरादेसे आये तो आप उसे मुरीद बनाना. इस इजाझतकी खुशीमें भी हझरते महमूदने कुछ अशआर पढे, हझरते महमूदको खिलाफत अता करनेके बाद हझरत हमीदुद्दीन रदियल्लाहो

अन्होने मु.चांद-7 सफर हि.911 को तहज्जुदके वक्त बीरपुर शरीफमें इन्तेकाल किया. इन्ना लिल्लाहे व इन्ना इलयहे राजेउन.

ख्वाजा महमूद महबुबुल्लाह व पड पोता मुरीद व जानशीन बनाना

हझरत शाह हमीदुद्दीन (रहमतुल्लाह अलयह)ने आपके पोते हझरत शाह प्यारुल्लाह (रहमतुल्लाह अलयह) का पहेला हाथ पकडा और उनको करामत अता किये, फिर आपने आपके नूरेनझर हझरत शाह मियां खवाजा महमूद (रहमतुल्लाह अलयह) शमसुल आरेफीन का हाथ पकड कर खिलाफत अता की. उनको बयअत की ईजाझत दी. जब हझरत मियां महमूद (रहमतुल्लाह अलयह)ने खिलाफत पाई तो उस वक्त आपने जिगरी कही.

जिगरी

बलैयां क्युं न लुं मुज मिलीया चातर नाथ
मेरा जिगरा जहां घटमां नहां बलैया क्युं न लुं
रलीया मानुं नित नवलीया, अपने सांई के काज
आज साजन हम घर आया, पुगेमन के काज
सुन सहेली काम कहेली, मुज पीयु अयसा नी हा
जीमें कहीया सो ईनकी ता हस हस उत्तर दय हा
मीर समाने सांई कीते, दुनिया साचा मान,
महमूद लाखे ना हब हुआ मीरे चाईलदा के लिखे कुरबान

पानी दो तरफ हो जाना

जब हझरत शाह हमीदुद्दीन (रहमतुल्लाह अलयह)को गुस्ल देकर कफन पहेना कर आपका जनाझा दोश बदोश सब ले चले उस वक्त बावली नदीमें बडी झोर की पुर आई थी. और सब हेरान थे के अब किस तरह नदी पार कर सकेंगे. ईतने में पानी

बहुक्मे खुदा दो तरफा हो गया. और रास्ता साफ हुवा. तब जनाझे के सब हमराही खुशी खुशी नदी पार कर गये और जो पीछे रेह गये वो वहीं रुक गये. क्युं के पानी पेहले की तरह मिल गया और नदी पुरजोश बहेने लगी.

हझरत शाह हमीदुद्दीन रहमतुल्लाह अलयहे के जनाझा की करामत...

हझरत शाह हमीदुद्दीन (रहमतुल्लाह अलयह)ने सफर महीनेमें पांचवीं तारीख को हझरत शाह मियां महमूद (रहमतुल्लाह अलयह)को खिलाफत दी और तारीख छेह सफर बरोझ पंजशम्बह (जुमेरात) शब को आपने विसाल फरमाया. सन हिजरी 911 बरोज जुम्आ को आपको सुपुर्द (मझार मुबारक) खाक किया गया जहां आपका रोझा मुबारक हझरत शाह काझी महमूद दरियाई (रहमतुल्लाह अलयह)के नाम से मशहुर हय वहां आपको मदफुन किये. आपका मझार गुम्बद में कठहरे के अंदर बीच में हय अव्वल मझार हझरत काझी महमूद (रहमतुल्लाह अलयह) महेबुबुल्लाह उर्फ दरियाई दुल्हा का हय. आपके करीब हझरत शाह हमीदुद्दीन (रहमतुल्लाह अलयह)का हय और बाद में तीसरा मझार हझरत शाह मौलाना अेहमद साहब (रहमतुल्लाह अलयह)का हय.

हझरत सैयद काझी महमूद दरियाई (रहमतुल्लाह अलयह)ने बाद मदफुन वालिद साहब के अेक जिगरी कही वो येह हय.

जिगरी

मेरा बाबुला रे क्यूं तुं रहीया बसा, ये दुख किसरे कहुं
मेरा मेरा बाबुला हे रुस सिधारे, हो किस दोहरा कहूं राव
पोपट के परन उड गया हो सिंधु सखी पाउ
उसरे भुलावे हु रही, मेरा बाबुला क्युं जाय
मन पछतावा हो रहा सौयो बहोरन मिलीया आये
काझी मुहम्मद तन शाहे चाये बधा महमूद महमूद सियोग पाउं
दिये क्या सोमे सहीया, अब अपने थी मत जाईअे

गझल

रहे कुत्बुल अकताब व गौसे जहानी,
अवैस अर्शे और सिब्ली असर साए
शहे आ रेफारे उस्तादे दो आलम
झहे पीरो सरवर जिन्हें इन्सो जानी
वो थे दाफअे शिर्क कुफ्र और बिदअत
दो आलम पे थी साहब महेरबानी
हमीदे हमीद शहे दिने आलम हे उन्का
थे अहेले तलब व अेहले मआनी
वो फिर जिस घडी पयक आया जलका
किये कस्द यहां से बहारे जनानी

कलाम गुफ्त मेहबुबुल्लाह रहमतुल्लाह अलयह दर वक्ते विसाल हझरत शाह हमीदुद्दीन रहमतुल्लाह अलयह

मेरा बाबुला रे कंई तु रहीया बसार....
ये दुख किसरे कहुं.....
मेरा बाबुला रे शेस सिध्हारे.....
हुं किस घर आंखु रोउं.....
पोपट के परन उड गया.....
हुं सयुंन सुखे पाउं.....
मन पछतावा हो रहीया.....
सबु भवरन मिलीया आये.....
काझी महम्मद तन शा चाअेलदा.....
महमूद सयोग पाउं.....
दी क्या सोमे सहीया....
अब सपने कहींमत जाउं.....

अलाप मां बवक्ते विसाले गुफ्त महेबूबुल्लाह रहमतुल्लाह अलयह

हमे बनाअे खाक के ये मेरी बुनियाद....
सो भी रहेने ना पायगी हेठी हे बरबाद....
कागुल केसी पुतली मानस नाम धराअे....
आप तमाशा देखने दोरे बादाह पहेराअे....
जो तू रखखे तू रेहना जी तू दे सो खाअे....
गले हमारे जीवळे जत खींचे तत जाअे....
बालम चरत ईस सांई के ताना लिखखुं संदेस...
सियाही क्या सोना होवे कागुल गअे बिदेस....
धरती सब कागल करुं और लिखकर दिन बनराअे....
सात समंदरकी मस करुं तो येक गुन लिखखो जाओ....
लिखन हारा लिख गया बेहतर न लिखखे कोई.....
करम जो अकहर पड गअे अदकन ओछा होअे...
मुरखा रेहता बनमें फिर चरता बेह सीम....
आहिर कारे बस पळा कुछ कर ली नो कीम....
अमीन जो सावज बिगळो न लीअे कुछ बिचार....
हीळे हाम कहेने थे लिखखा लाअे लीलाळ....
ना मुझ मिले ना मन रहे ना तु दीजी छैया
मिल रे आप सवादीयां नुला तेरा ने यहा....
राम कली बैरागनी उसे न कहीयो कोई....
कही उसको राहवनने थे बेठा दस सर खोअे....

हझरत ख्वाजाऐ ख्वाजगान, काजीयुल कुझात, कुदवतुल अरुफेया, जुब्दतुल अवलीया, मुजद्दीदे सिलसिलऐ सुहरवर्दीया शाहीया, हुझूर पीराने पीर दस्तगीर सैयद शाह महमूद महेबुबुल्लाह दरियाइ दुल्हा रहमतुल्लाहे अलयहे के हालात व वाकेआत

आपकी पैदाइश हि.स.873 इ.स.1438 में हुई । आपकी जाऐ पैदाइश के बारेमें तोहफतुल कारीमें मफातीहुल कुलूब ला जालतिल कुरुब के हवाले से मरकूम है की उनकी पैदाइश विलादत ख्वाजा हमीदुद्दीन की जाऐ सुकूनत मोहल्लऐ सारंगपुर अहमदाबाद मौजुदा सारंगपुर दरवाजा के बाहर सिम्ते मशरिक वाके कालुपुर रेल्वे स्टेशन के करीब में चार तोडा कब्रस्तान के पास जहां आज हजरते दादा हुझूर सैयदना शाह मोहम्मद बीन खतीब कुतूब महमूद कारंटवी रहमतुल्लाहे अलयहे का आस्ताना है । और जो मस्जीदे शाह हम्माद है वहीं आपका पैदाइशी घर था ।

नमाजे तहजजुद के लिये वालीद, चाचा को निंदसे उठाना

अेक रोझ का वाकेआ हय के हझरत सैयद खवाजा महमूद मेहबुबुल्लाह उर्फ दरियाई दुल्हा के वालिद साहब हझरत शाह हमीदुद्दीन (रहमतुल्लाह अलयह) और आपके चचा हझरत शाह हम्माद (रहमतुल्लाह अलयह) अेक रात जंगलमें जा कर ठेहरे थे. और वहां आप दोनों साहबों को नींद आ गई और नमाझे तहज्जुद का वक्त फोत हो जानेका ईमकान था. उस वक्त हुक्म खुदावंदे करीम से हझरत मियां महमूद (रहमतुल्लाह अलयह) की रुह मुबारक उस जंगल में हाजिर हुई और चचा और अब्बा को आवाझ देकर जगाया और फरमाया, उठो शायद नमाझे तहज्जुद फोत न हो जाये. तो आप दोनों साहब उठे और हझरत शाह हम्माद (रहमतुल्लाह अलयह)ने

फरमाया के ईस भयानक जंगल में जहां शेर डकारें ले रहे हय वहां आप कौन हैं जो हमको जगाये हैं? तब हझरत मियां महमूद(रहमतुल्लाह अलयह)की रुहे अकदसने सलाम किया और कहा, मैं आपका भतीजा हुं और हझरत शाह हमीदुद्दीन (रहमतुल्लाह अलयह)के मकान में पयदा होनेवाला हुं मैं अबतक रुहे अकदस हुं मगर आज से बाराह साल के बाद ईस दुनिया में पैदा होउंगा. और मेरा नाम महमूद होगा. और आप मुझे आपका खादिम जानो. ये कहे कर आपकी रुह अर्श की जानिब रवाना हो गई. और आपके वालिद साहब और चचा मकान पे तशरीफ लाये. शबो रोझ आपके ईन्तझार में रेहते और दुआएं देते.

हझरत सैयदना ख्वाजा शाह महमूद कुत्बे रब्बानी महेबूबे यझदानी कादरी, सोहरवर्दी कारंटवी रहमतुल्लाह अलैहे की बशारत

निशानी सूरतो सीरतश दादा फरमूदा अन्द के बअद अझमा
बचहारुम कुरसी हमनामें मा चुनीं व चुंना पैदा ख्वाहद शुद
वदेगे के मा उ रा बहझारु महेनतो – शिद्दत पुख्ताअम
तसर्रुफें आं देग बदस्तें उ बाशद आं खल्फ
बिरादर–झाद अे–तु ख्वाहद शुंद
(हवाला : तोहफतुल कारी कलमी पेज–180)

हझरत सैयदना शाह हमीदुद्दीन चाहेलदाह (हझरत ख्वाजा दरियाइ दुल्हा के वालीद) से अपने सगे बिरादर भाइ हझरत ख्वाजा सय्यिदना रइसुल अवताद शाह हम्माद कादरीने फरमाया की कया आप नहीं जानते ? की अपने सगे दादा हुझूर सय्यिदना अमीरे मस्उद फझाइलुल बरकात, कुत्बे रब्बानी, खास्सअे मअबूद, अबुल औलीया, अबुल बरकात, सैय्यिदना शाह कूतूब महमूद दादा कादरी सोहरवर्दी रदियल्लाहो तआला अन्होने अपनी नेक बशारत देते हुवे उन्के (ख्वाजा दरियाइ) के बारेमें युं फरमाया था की सुरत व सीरत (अख्लाक–आदत) की निशानी देते हुवे फरमाया था की हमारे बाद मेरी अेक चोथी पुस्त मेरे हम नामे नामी मेरे जैसा और वैसा ही पैदा होगा । जो देग हम हजारो (साल) की महेनत, मुस्ककत बरदाश्त करके पकाइ है वो देग को बाटने को (तकसीम) करनेका उसके हाथोमें होगा । वो साहेबझादा वलीझादा तुम्हारे भाइका फरझंद (बेटा) होगा वो अभी पैदा नहीं हुवा है ।

दादापीर हझरत सय्यिदशाह शाहेआलम महबूबे बारी (रहमतो रिदवान) की बशारत

ख्वाजा दरियाइ दुल्हा के वालीद हझरत सय्यिदना शाह हमीदुद्दीन चाहेलदाह कादरी सोहरवर्दी अपने फरजंद (बेटै) शाह महमूद दरियाइ को (कमशीन उम्र) बचपनीकी हालातमें हुझूर पीरो मुर्शीद हजरत शाहजी शाहे आलम बुखारी, सोहरवर्दी रहमतो रिदवान की बारगाहमें शाह महमूद दरियाइ को दुवा के लिये ले गये।

हझरत शाहे आलम महबूबे बारी बुखारी ने बच्चे शाह सय्यिद महमूद दरियाइ को अपने हाथोमें ले लिया लेनेके बाद अपनी बगल के थोसे दोनो हाथो से उंचा किया वहां तक जहां तक आपके हाथ उंचे होते थे और शाह महमूद दरियाइ को उछालते और फरमाया की काझी का शिमला भारी है। ये उछालते वकत हझरत महमूद दरियाइ के पग हुझूर शाहे आलम के अमामा मुबारक को टकराते थे। ये देखकर हझरत शाह सय्यिद ख्वाजा हमीदुद्दीन कादरी सोहरवर्दीने पीरो मुर्शीद के पास से बेटे शाह महमूद दरियाइ को ले लीया और पीरो मुर्शीसे फरमाया की हुझूर बेटे शाह महमूद के पग आपके अमामा मुबारक को लगते थे उस लीये मेने शाह महमूद दरियाइ को ले लीया है। उस लिय में ये गुस्ताखी से माफी मांगता हुं, आप माफ फरमाये। ये सवाल के जवाबमें हुझूर शाहे आलम सरकारने फरमाया की ये गुस्ताखी, बे अदबी नहीं हुइ है बल्की में उसे उंचे दरजे पर रख रहा था। लेकिन अल्लाह तआलाकी मरजी कुछ और होगी। में शाह महमूदको मरातीबे बुलंदी पर ले जाना चाहता था, लेकीन कया करे मेरी तमन्ना मरजी पूरी न हो शकी। शाह महमूद बडे दरजेवाला इल्काबवाला होगा। में उसे (मुरीद व खिलाफत) दोनो कामो की जीम्मेदारी आप शाह हमीदुद्दीन को अता करता हुं ये काम आपके अलावा और कोइ न कर शकेगा सुब्हानल्लाह।

अल्लाह त्आलाके करम व अहेसान से ख्वाजा दरियाइ दुल्हाने ये बशारत के मुताबीक ही अपने वालीद के मुरीद बने और आपही से खिलाफत मीली। ये जीन्दा जावेद बशारत करनेवाले हुजूर शाहजी को लाख लाख सलाम।

सिकमें मादर में वालिदा का गुंह पोक खाना

जब बारह साल पुरे हुवे तब आप अपनी वालेदा माजेदाह के शिकम मुबारक में तशरीफ लाये. उस अरसे में हझरत शाह हमीदुद्दीन (रहमतुल्लाह अलयह)ने अेक किशान से गेहूं(गन्दुम) मंगवाये जब वोह गेहुं मझारेने हाजिर किये तो हझरत शाह हमीदुद्दीन (रहमतुल्लाह अलयह)ने अपने मकान में अेक तरफ डलवा दिये. उस वक्त आपने शिकमे मादर से कहा कि गन्दुम नजीस हैं तब आपके वालिद साहबने मझारे से पुछा (कहा) क्युं तुने अैसे नजिस गन्दुम हमको दिये ? तब वो बोला के मैं अभी

झटक झाटकर खलयान से लाया था. उसीमें से आपकी खिदमतमें पेश किये हैं. उसी वक्त हझरत मियां महमूद (रहमतुल्लाह अलयह)ने शिकमे मादरसे जवाब दिया के अय कमबख्त! क्युं तकरार करता हय ? क्या तुं अंधा था ? के अेक मुरदार ईस गेहुं में गिरा था? के अेक शिकारीने सुव्वर को तीर मारा था और वो झख्मी सुव्वर तेरे खलयान से होकर भागा जा रहा था, उसके खून के कतरे गेहुं में गिरे थे. ये सुनते ही वो मझारा (किसान) गभराया और उसी वक्त उसकी आंखों की रोशनी चली गई और वो सर कुट कुट के रोने लगा. और बहोत आजिझी की तब आपने दुआ दी तो उसको आपकी दुआ से बिनाई मिली. और उसको रझा दे दी. और वोह गेहुं आपके वालिद साहबने अेक गडड्ढा (खड्डा) खोदकर दफन करवा दिये.

मेअराज में सरकारे मदीना सल्लल्लाहो अलयहे व सल्लम नूरे महमूदी से मुलाकात होना...

हझरत सरवरे काअेनात मेअराज में और साथ में नूरे मेहमूदी (अर्वाह) का होना.

अेक रोझ सरकारे दोआलम सल्लल्लाहो अलयहे वसल्लम उम्मे हानी के मकान पर तशरीफ फरमा थे. रातका वक्त था. बफरमाने ईझदी हझरत जिब्रईल अमीन आपकी खिदमत में तशरीफ लाये और आपको ख्वाबसे जगाकर पयगामे खुदावंदी सुनाया और कहा के चलीये आज मेअराज की रात हय. परवरदिगारे आलमने आपको बुलाया हय. सवारी के लिये बुराक हाझिर हय. तब आप बफरमाने ईझदी खानअे काबामें तशरीफ लाये और आप वहां से मस्जिदे अकशा तशरीफ ले गये. वहां मस्जिदे अकशामें तमाम नबियों, रसूलों और औलादे आदम की नेक रुहें गौसो कुतुब, अब्दाल, शोहदा, आमिल, कामिल, वली और नेक रुहें हाजिर थीं. उस वक्त सरकारे दोआलम सल्लल्लाहो अलयहे वसल्लम तमाम रुहों से सलामो तसलीम लेते हुवे रुहे महमूदी के करीब तशरीफ लाये. जो आपकी बहोत ही करीब थी. उस वक्त आपने हझरत जिब्रईल अमीन से फरमाया के येह रुह किसकी हय, और कहां पैदा होगी? तब जिब्रईल अलयहिस्सलामने फरमाया के येह रुह अेहले बैतमें पैदा होगी. हझरत शाह हमीदुद्दीन (रहमतुल्लाह अलयह)के घर का चिराग हय. गरीबों का गमगुशार और खासअे माअबुद होगे. तब आपने आपकी रुह को आपके करीब साथमें लेकर आपकी रुहको लामकां तक सैर कराई.

कलाम

भोरे पंखा दु हो बल गये
आज ह सोरानी धोले आज
हुं सोफो लरुं बा समा
आज हुं सो कनुल बहे नकशे
बेहतोर न बेठी ता समा
आज हुं सो चकवा-चकवे
ईन बीच समंदर आसमान
आज हुं शोर सये कली कली
बोगेन उनकी जाबमान
आज सो बादल छाईयां
रेहनबा भरे सो तारमांन
आज हुं नेन लंदेरे
आंख भरे सो सरमां
आज हुं सोबन हते पंतासरे
ओडेन उनके कह्या मान
आज सो महमूद सांईका
कन्ही न लईया छैया माना

जिगरी दादरा

घडी आली बावली मत घडी बजाय
हु मेरे रोह से रंग रमु, मतरेन दायय...घडी आली
जितने कहावतें किये, घडी पाली पापी
सो तन लागी मेरडी, हुं खडी संतोप....
बरसा सोकी, करखडी, बलिहारी तेरी
आज सोथन कानेह हे, शहे की और मेरी...
शाहा मिलन का आवहे तुज दिल सुंलाचान
खींच करी दिन टुकडा, पांच पेहर की रातां

सीस बधावो उसे दुं जो, शाह में लावे
केत हे मेरा रसीला, लो मान हाथ से जावे
महमूद सांई का चाह दे, कितयां सो बातां
जिसके सईसु नेहहे, दिन और रातां

सरकारे मदीना सल्लल्लाहो अलयहे व सल्लम की आयते करीमा के दर्स देने में हजरत महमूद दरियाइ की रुह का होना

अेक रोझ रसूले खुदा सल्लल्लाहो अलयहे वसल्लम अपने सहाबा के साथ बैठे हुवे थे के, नागाह हझरत जिब्रईल अलयहिस्सलाम तशरीफ लाये और बाद सलाम के पैगामे ईलाही की आयते करीमा आपको सुनाई वो ये हय. "अल मुनाफेकुना वल मुनाफेकातो बअदोहुम मिम बअदिल आखेराह" ये आयत शरीफ आपने अपने सहाबा को सुनाई और कहा के आखरी झमानेमें औरतें मर्दों पर गालिब होंगी और हाकिमे हुक्काम में ओहदों पर फायझ होंगी और मझहब की तरफ रगबत कम होगी और शर्म और हया न रहेगी. जवान बूढों का अदब न करेगें और बच्चे बेबाक होंगे और अच्छे बुरों की तमीझ न होगी. जो ईमानवाले नेक होंगे वो खामोशी अखत्यार करेंगे उस वक्त मियां महमूद दरियाई (रहमतुल्लाह अलयह)की रुह अकदस हाजिर थी और जब आप ईस दुनियामें तशरीफ लाअे और आपकी उम्र शरीफ दो साल की थी तो आपने जो आयते करीमा सरकारने बयान फरमाई थी ईसके मुताबिक दुनियावालों का हाल देखा तो आपने अेक अकदा बनाया.

अकदा

युं जग वा परकारी सैयो कोई सत पर नाही
जन जन पाप सो आदर अपना रहीया ना कोई
अपने आलु हस मिलें मुख मीठा बोलत
जहां न देवे छावे नम चले नेह अत धन जोडे
लुन जीनको खावे तीन सामे होवे
हेडा पापी जड रहीया मन मेल न धोवे
अेकाकार सो युं हुवा कोई बीगत न पावे

धन सना से धन पती धन तुके कहावे
भेद नहीं मुख अपने सीख और दीन देवे
बेटी बीयावें आपने दाम उसका लेवे
अेस अ करम जे करे बीयाज उसका खावे
बोल सतका मन धरे युं महमूद आखे
सुगलो भीतर वे भलाजी अचार अपना राखे
अवसे पर संसार के ये काल उजाळे

विलादते हझरत महमूद महेबुबुल्लाह (रहमतुल्लाह अलयह) पैदाइश के वकत शर्मगाह परसे हाथ न हटाना

आपकी विलादत के मौके पर जब शिकमे मादर से अझहर हुवे तो आपने अपना अेक हाथ आंख पर रखखा और दुसरा हाथ आपने आपकी शर्मगाह पर रखखा था. ये हालत देखकर दाया गभराई और सोचने लगी के अब क्या किया जाये और तहेनीयत कैसे दूं के लडका हे या लडकी. ये सोचकर दायाने आपके दस्त मुबारक को हटाना चाहा मगर आपने अपना हाथ हटाया नहीं. और झबान से फरमाया के जा कहे दे के लडका है ये सुनते ही दायाने खेसो अकारब को मुबारकबाद पहोंचाई और सबको हाल से आगाह किये और आपको छुहारे का शरबत पीलाना चाहा मगर आपने नहीं पीया. फिर दूधपीलाने की कोशिश की मगर आपने नहीं पीया तो सब की सब बीबीयां वहां जो हाजिर थी वो सब गभराई आपके वालिद साहब को खबर दी के आपके नूरे नझर न शरबत पीते हैं न दूधपीते हैं तो आप मकानके अंदर तशरीफ ले गअे और आपको गोद में लेकर फरमाने लगे के अय बीबीयो! तुम जानते हो ? तब बीबीयोंने जवाब दिया हम नहीं जानते. आपने फरमाया ये शाहझादा झाहिद और सायम और ईबादत पर कायम रेहनेवाले और मुश्ताक अल्लाह और मताअे शरअे रसूल सल्लल्लाहो अलयहे वसल्लम और गौसेखल्क हैं. और कुतबे अबरार हैं, बगयर मगरिब के रोझा ईफतार न करेंगे ये सुनकर हझरत शाह महमूद (रहमतुल्लाह अलयह)ने अपनी आंख पर से हाथ हटा लिया तो आपके वालिद साहब बहोत खुश हुवे और जिगरी कही.

जिगरी

किरया आज सांई मुज कीते, सैया तेई कुछ सुनयां
वो दुःख मेरे जीवका बहाना, जी भेद न लीते गीनयां
माता-पिता नीन भेद बीताते, पूछने पंडित जोसे
जिसके पीनजर मास न लोहुं, तस क्युं जीवन होसे
मोला देखको अे अेसा नदयुं, जीस तहीं ये देख जावे
बाहे तुं मिलकर मता जो पीता, पन भेद न कोई न पावे
तावसक तन चट पटे, कंई कही ना सोहावे
कह्या पीया कुछ अंगन लागे, नैनुं नींद न आवे
बाजु भेदन किसे ना कहुं कही भरम ना पूछा
सो पर मेरी जीव के जाने, पीयु मेरे को सुजहा
पीयु पीयु कर जीभा सुखाने, तो सांई मुख दीठा
पीयुने मिल मियां यूं कीते, दुख बिठाकर लीता
युं सययर श्रीजन मेरे, मान सीयुं में दीता
सो सुत्ता में परतक दीठा, महमूद मोहा कीता
केय करदा शाह मेहबुबुल्लाह व विलायत याफतन दाया

पैदा होते ही रोझा रखनेका शरई किरदार

हझरत महमूद दरियाई दूल्हा के पैदा होने के बाद आपकी वालिदाअे मोहतरमाने चाहा के फरझंदको सीनेसे दूधपिलाअें मगर बार बार पिस्तान मुंहमें रखने के बावजूद आपने कुबूल न किया. पूरा दिन अैसे गुझरा मगर जब मगरिबका वक्त हुआ आपने दूधपिया. यही मअमूल रोझाना रहा के दिनमें आप दूधन पीते और मगरिब के वक्त पीते. जब चंद दिन अैसे ही गुझरे तो आपकी वालेदा और दूसरी औरतोंने आपके वालिद हझरत हमीदुद्दीनकी खिदमतमें आपके इलाज करनेकी गुझारिश की. हझरत हमीदुद्दीन घरमें आये, साहबझादेको गोदमें उठाया और फरमाने लगे, तुम इस बच्चेको नहीं जानते, ये बेटा साईमुददहर (हमेशा रोझे रखनेवाला) और काईमुल्लेल (रातभर इबादत करनेवाला) होगा. ये खुशखबरी सुनकर आपकी वालेदा बहोत खुश हुई.

दूध पीने के झमानेमें हझरत शाहेआलमकी बारगाहसे बुझुर्गी और मुरीद बननेकी खबर

हझरत हमीदुद्दीनका अेक मकान मुबारक सारंगपुर अहमदआबादमें भी था. आपने हझरते महमूदको दूधपीने के झमानेमें कुछ दिन यहां भी रखखे. इस रेहने के झमानेमें अेक बार अपने बेटे को हझरते शाहेआलमकी बारगाहमें लेकर आअे. हझरते शाहेआलमने हझरते महमूदकी दोनों बगलें पकडकर उछाला और फरमाया, काझीका शिम्ला भारी है. काझी शिम्ला भारी है, ये केहते और उछलते रहे. इस उछालने के दरम्यान महमूदके पांव हझरत शाहेआलमकी पघडी मुबारकसे लग गये. जिसे देखकर हझरते हमीदुद्दीनने अपने साहबझादेको आपके हाथोंसे अपनी गोदमें ले लिया और फरमाया, हुझूर ! मेरे बेटे के कदम आपकी पघडीसे लगे है, ये गुस्ताखी हुई है, माफ फरमाना. हझरते शाहेआलमने फरमाया, ये कोई बेअदबी, गुस्ताखी नहीं है, रब तआलाने इस बेटेको अैसी ही ईज्जतवाला बनाया है. मैं चाहता हूं के ईस महमूदको अपने मुकामसे भी उंचा बिठाउं मगर क्या करुं रब तआलाकी मरझी कुछ और है. मेरी तमन्ना पूरी न हुई. अब इसकी किस्मत तुम्हारे हाथोंसे (मुरीद) बनने की है, इनको कोई मुरीद न बना सकेगा.

ख्वाजा दरियाइ का उगला हुवा दुध - दाया का चुस लेना

हझरत मियां महमूद आपकी अम्मा का दूध पीते और छोहारे का शरबत दाया पीलाया करती थी. अेक रोझ दायाने छुहारे का शरबत पिलाया मगर शरबत के पीते ही आपको केअ आई. केअ करदा सीरा अेक कपडे पर गिरा तो कपडे का दाग दायाने मलमल कर धोया मगर दाग कपळेपर से गया नहीं. ये देखकर दाया गभराई और सोचने लगी के ये दाग कपडे से कैसे दूर कर सकुं ? ये सोचमें थी के उसके दिलमें कुछ खयाल अेसा गुजरा के कपडे पर जो केअ का दाग था उसने उलफत करके चुस लिया. उसी वक्त उसके दिल का गुंचा खिल गया वो नझदीक और दुर के हालात देखने लगी रोशन झमीर हो गई और उसका सीना नुरुल अला नुर हो गया. अेक रोझ का झिक्र है के हझरत शाह हम्माद रहमतुल्लाह अलयह मजलिसे नबवी में खुश हाल बेठे हुवे थे. मगर आपका रुमाल मकान पर भूल गये थे. और

उसकी तलाश में थे. और आप अपनी नझरों को दाहने बायें फिराते थे मगर रुमाल नहीं पाते थे. रुमाल घर पर भूल गये थे. ये दिल में सोचने लगे के ईतने में दायाने आपको रुमाल ला दिया. तब आपने दाया से कहा के ये नेअमत तुझे कहां से मयस्सर हुई ? तब दायाने कहा के आपके भतीजे को अेक रोझ केअ हुई थी और वो कपडे पर गिरी थी. मैंने उसे बहोतेरी धोया मगर केअ का दाग जब गया तो मैंने उसे चुसा. उसी रोझ से मेरे दिल के गुंचे खिल गये हंय. ये सुनकर आप बहोत खुश हुवे और दुआअें दी.

हराम गिझा (बोराक) से वालेदाको बचाना और सात सालके बाद ईंटसे गवाही पेश करना

रिवायत है के आप जब वालेदा के पेद मुबारकमें थे उस झमानेमें अेक शख्सने आपकी वालेदा की खिदमतमें खानेकी कोई हराम चीझ नझराने के तौर पर पेश की. वालेदाने उसे खा ली. खाने के बाद वोह चीझ हझम न हुई और पेटमें दर्दकी शिकायत हो गई. पेटका दर्द झियादह होनेसे आपको उलटी हुई और खाई हुई चीझ तमाम बाहर निकल गई. इस वाकेआ के कुछ दिनों के बाद हझरते महमूद पैदा हुअे और जब सात सालकी उम्र हुई तो आपने पेटके दर्दका सारा किस्सा बयान किया मगर वालेदाने कुछ ध्यान न दिया. आपने दोबारह ये किस्सा वालेदासे तफसील के साथ और वक्त, दिन के साथ बयान किया तो आपकी वालेदाने फरमाया मियां महमूद ! गवाह पेश करो. आप उठे और मकानकी दिवाल की वोह ईंट उठाकर लाअे जिस पर आपकी वालेदाने उल्टी की थी. उस ईंट पर उल्टीके दाग भी मौजूद थे. ईंटसे फरमाया, ईंट गवाही दे तो हुक्मे रब्बीसे ईंट उमदा अंदाझसे केहने लगी के मियां महमूद जो केहते हैं वोह बात सच है. (वल्लाहो अअलमो बिस्सवाब)

अय ताईरे लाहूती उस रिज्कसे मौत अच्छी
जिस रिज्कसे आती हो परवाझमें कोहाती

हझरत ख्जाजा महमूद महबुबुल्लाह दरियाइ दुल्हा रहमतुल्ला अलैहे के निकाह का बयान

जब हजरत ख्वाजा महमूद दरियाइ दुल्हा बीरपुर शरीफ से ओळ (मु.ओड, ता.जी.आणंद) अपने खाला सैयदा बीबी मख्दुमा के वहां तशरीफ ले गये । अेक दिन हुझूरे अकरम सल्लल्लाहो अलयहे व सल्लमने आपको हुकम दिया के आप शादी करो कयुंकि आपकी नस्लमें (अवलादमें) कई मशहूर वली अल्लाहकी कतार पेदा होनेवाली है और जयादा जरुरी है के मेरा तोहफा पेदा होगा. आप आपके खालु सैयद शेख फरीद रहमतुल्लाह अलैहे के वहां शादी का पैगाम भेजो. हमने शेख सैयद फरीद रहमतुल्लाह अलैहे को भी पैगाम भेजा है. आपकी सहबजादी बीबी फतेह मलककी शादी हझरत पीरशाह हमीदुद्दीन चाहेलदा रहमतुल्लाह अलैहे के साहेबझादा खलफे अशरफ महमूद मेहबुबुल्लाह हझरत दरियाइ साहब रहमतुल्लाह अलयहे से करने में आये. हझरत सैयद झैनुल आबेदीन साहेबे (रहमतुल्लाह अलयह) हझरत रसूले अकरम नूरे मुजस्सम (सल्लल्लाहो अलयहे व सल्लम) का फरमान कबुल किया. आपके खालु हजरत सैयद शेख फरीद उर्फे जैनुल आबेदीन जो हजरत बहाउद्दीन जकरीया मुलतानी शोहरवर्दी की नस्लमें से थे.

दुसरी तरफ हझरत शाह गौषुलवरा पीर हमीदुद्दीन (रहमतुल्लाह अलयह) ने बीरपुर शरीफसे ओड गांव में दरियाइ रहमतुल्लाह अलयहे की शादीका पैगाम भेजा. उन्होने फौरन ही शादी पैगाम कबुल कीया और फरमाया मुझे दरियाइ रहमतुल्लाह अलैहे से मेरी साहबझादी बीबी फतेहमलककी शादी करनेमें आये वो बात मंझुर है.

और इस तरह ख्वाजा महमूद दरियाइ दुल्हा रहमतुल्लाह अलयहे की बारात बीरपुर शरीफसे गांव ओड, ता.जी.आणंद आई और आपका निकाह राबीआअे सानी, मरयमे झमानी बीबी फतेह मलक के साथ हुआ.

उस नेक खातुनसे आपकी आठ औलाद हुई . तीन बेटे (1) सैयद शाह लाल मुहम्मद (2) सैयद शाह अबू मुहम्मद अशरफखान और (3) सैयद जमाल मुहम्मद और पांच दुख्तरे (1) सैयदा बीबी साहिबा (2) सैयदा बीबी साहिबा जमाल (3) सैयदा बीबी साहिबा दौलत (4) सैयदा बीबी साहिबा चांद (5) सैयदा उम्मतुल अजीज साहिबा पैदा हुई.

बारगाहे गरीब नवाझमें ख्वाजा दरियाइ की हाजरी

और उसके बाद अजमेर शरीफसे तीन कोस (मंजिल) पर हझरत ख्वाजा मोईनुद्दीन चिश्ती रहमतुल्लाह अलयह और हझरत कुत्बुद्दीन बख्तीयार काकी रहमतुल्लाह अलयहकी रूहे मुबारक आपके ईस्तकबाल के लिये आई. उस वक्त हझरत बख्तीयार काकी रहमतुल्लाह अलयहने हझरत ख्वाजा मोईनुद्दीन चिश्ती रहमतुल्लाह अलयहसे अर्झ की के ईस कमसीन बच्चे के ईस्तकबाल के लिये आप तीन कोस तक तशरीफ लाये हैं ये राझ क्या हय? क्युं के आप शहेनशाहे हिन्दुस्तान अताअे रसूल हैं और ये कमसीन बच्चे हैं, उस वक्त आपने फरमाया के ईन्हें बच्चा मत समझो ये मेहबुबुल्लाह हैं. उनका दरज्जा अल्लाह त्आलाने बहोत बडा बनाया है. अगर हम उनके ईस्तकबाल के लिये तीन मंजिल आते तो बहेतर था. आप अपने झमाने के गौसुल अकताब कुत्बेझमाँ मेहबुबुल्लाह खिझर सिफत हैं. उस वक्त आपने अेक उकदह कहा

लालन तु क्यु रूसे सरीज प्यारा
पतीज करू तो जग जाने सारा
सचकी तांई कयाई चहलावुं
नीकल नाकमें जीबीन लाउ
सेहा तु मागे तो में सीस धर लावुं
नवल प्यारे तई मुझे जाने
तो मुझे अपना चाकर जाने
काची घडी तई मुझे जाने
तो मुझे अपना चाकर जाने
काची घडी लीयाउ पानी
ख्वाजा कुत्बुद्दीन अल्लाह प्यारा
बनवा महमूद दास तुम्हारा

सुल्तान मुझफफर शाह हलीम के वझीरोंका ख्वाजा महमूद दरियाइ की मुलाकात को आना...

हझरत महमूद महेबुबुल्लाह दरियाई रहमतुल्लाह अलयह जब इश्के ईलाही में विर्दो वझाईफ करते और ईश्के ईलाही में कुछ कलाम और जिगरी का शुग्ल करते तो आप पर वज्द तारी होता और आप ईश्के ईलाही में रोते तो आपकी आंख मुबारकसे खून के आंसु बेह निकलते थे. जो कतरे झमीन पर गिरते तो अल्लाहु का नक्शा बनता था. उस वक्त तमाम मशाईख हाजिर होते थे, ये हाल देखकर तमाम ईर्द गिर्द से लोग जमा हो जाते थे ये खबर तमाम गुजरात में फैल गई और ये खबर सुलतान मुझफ्फर हलीमने सुनी तो बादशाह को आपके दीदार का शौक हुवा तो सब वजीरोंको बुलाकर मश्वराह करके अपने खास वझीर को उसके साथमें कई फौजी सिपाही और दिगर खिदमतगारोंको बीरपुर की तरफ रवाना किये और यहां के हालात से आगाह होकर बादशाह को हकीकतसे ईझहार करें ईस गरझ से वझीर मअे लश्कर के बीरपुरमें हाजिर हुवा उस वक्त आप बच्चों के साथ में मेदानमें जल्वा अफरोझ थे. जब लश्कर को बच्चोंने देखा तो वो सबके सब मारे दहेशत के भागकर अपने अपने घरमें जा छुप गये. मगर हझरत अकेले उसी मेदान में खडे थे जब वझीर आपको अकेले खडे देखकर आपकी तरफ घोडा लेकर आया और आपसे पूछा के हझरत मियां महमूद रहमतुल्लाह अलयह कहां हैं ? आप बताईअे. तब आपने जवाब दिया के मुझे सब महमूद कहेते हैं तब वझीरने दिलमें सोचा के ये तो बच्चोंके साथ चोगनबाझी में शुग्ल करते हैं तो खुदाके मेहबूब कैसे हो सकते हैं? मगर वो खुद झुल इरफान इनसांने कहा कुल्लु यवमिन हुवा फी शान और हदीसे ली मअल्लाह अबगर वो हझरत से आगाह हुवा और उसी वक्त घोडे की झान से उतरकर केहने लगा हझरतसे के अय बुलबुले बागे जिनां ! के आपके जीगरी केहकर रोनेकी हकीकत बळे जोरो खराश से होती रही है के हझरत शाह हमीदुद्दीन के जिगर पारा जिगरी बनाते हें और जब ईश्के ईलाही में रोते हैं तो खून के आंसु रोते हैं. वो खुन के कतरे झमीन पर गिरते हैं तो अल्लाहुका नक्शा बन जाता है. तब आपने कहा मैं अेसी जिगरीयां बनाता हुं. उसका भेद कोई खोल नहीं सकता और अैसा खून मैं रोता हूं के हक और मुझमें परदा रहे जावे. फिर वझीरने कहा के उसकी गवाही चाहीये. जब ये

बात आपने सुनी तो कहा, अय भाई ! तू अब यकीन रख, गवाही तो मुन्किरों के लिये चाहिये और मकर के वास्ते हाजत नहीं रहेती और अयां का भी कहीं बयान होता हैं ? ये केहकर आप बेहोश हो गये और अेक आह मारी तो उस दम आपकी आंखोंसे खून जारी हो गया और आपने ये कलामे आयत पळ्हा.

कुल नारे जहन्नमा अस तुददोहुररन लव केलु यफ कहुना फलेयदहुकु कलीलंव वले यबकु कसीरन खैरुन बेमा कानु यफसेबुन

उकदह - ख्वाजा महमूद दरियाइ का खुन के आंसु बहाना

रुत रोअे दो लोईना सुन मेरे मीता
सुरत बीर बहो टीपां की अबरत कीता
मिलमिल सही समानीया मुझ पुथन आवे
नेन सुराते की होवे रत मांहे तरावे
किस किस बेदन हुं कहुं जी पीयुं युं कीता
आपे परत उपाय कर दुख हम सर दीता
रुत जो आई पीयुं बीनारत रोई बहाया
राता बल समना लिया उस रगत सजाया
पूछो जाय पलास को था उस बनमान हान
राते की साकेल मुखे होवे पळीठा नेहान
नेतो लोहुं राअेता में रगत बहाने
सैये बेल चनोटीयां उस रगत सचाने
जोन पतीजी मुझको जा देखी उसका नहा
अजो सुका जल नेन का चनोटी मान हान
महमूदमन में अेक मना सांईं काने धाया
राजी नळी मोहंमद ये गिनाया बेर जाहे पाया
किस किस भेदन हुं कहुं यूं मीत मीबाया
तो ईस नेनों मेरे सैयो सुखमें पाया

सुलतान मुजफफरशाह बादशाह ख्वाजा दरियाइ की मुलाकात में आया खीदमतमें जागीरी पेश करना...

फिर सदरे जहां ने लहु के कतरों को अेक कपळे पर शोक से लिये और यहां से रवाना होकर बादशाह मुझफ्फर हलीम की खिदमत में हाजिर हुवा. जब सुलतान तमाम हकीकत से आगाह हुवा और खुशी के साथ नमाजे शक्रे दुगाना अदा की, अलहम्दोलिल्लाह कहे के बोला के अैसे कुतबे दीन वली अल्लाह गुजरातमें हैं ईस बात से वो बहोत बहोत शुकराना अदा करने लगा और आपकी खिदमतमें नझराना पेश किया. उसमें कई सोना महोर के भरे हुवे थान थे. और कहीं जागीर का नझराने का दस्तावेज भी आपकी खिदमत में पेश किया, मगर आपने उसमें से कुछ भी लेना मंझुर नहीं किया. फक्त बादशाह के मान की खातिर, अेक अशरफी ले ली. वो भी गरीबों को तकसीम करदी और बादशाह की तरफसे जागीर का दस्तावेज था उसके पीछे आपने अेक कलाम, नसीहत आमेझ लिखकर वापस कर दिया.

कलाम अव्वल नसीहत

आजन चीचे किये पत खोवे पीछे हाथ मले क्या होवे
तेअ किया बुजाह कहेरे सहेली वडर हवेली गरब थहेली
जिसका मरीजन जागत होवे सो क्युं नींद नचिंते सोवे
जहां नगहत बहेतर आईनसानसा देख न जाले जीवन रासा
कैसे उथ नहुसे साथा बहोत कहे सुं बहो सुं माथा अपनी
करके कन मन मानहा ये जग जाने फिरते छाना
छोड सवारत जो बद होवे पापन पेटन भरयो कोई
महमूदसांस जो जिसका जाउं उसको सरकार न कहे और राउं
किये तुं अपना जी ललचावे पासे और दिन करने जावे

उकदह - दिगर पंद आमेझ

बहोने बीरजुं जीवको पन बार न आवे
भुला दुनिया देखकर उस केरी धावे
नयनुं परतक देखती हैं नागन कारी
कोन कोन आयत सनखारों ये अेसी जोग हारे

सो तुझको क्युं होई सेरी जीव पचारे
जो तू मन में नचिंत हे सुन बचन हमारे
फुल महकते बाळीयां जहां भवर बहेलाते
सब साजन मिल बेठते और अंग नमाते
ते मंदर मंगल हुवे हस तोब बजाते
वे ठांवा सुनिया होयां मनडरी सोजाते
जीत सभुं हस हस बोलने और जीव पन हाते
ते ईन पथुं चल बसे हमु खोजन पाते
जे सरोवर हंस गोरी सो सरवर सोकाने
जाते दीनुं अेम हेरी मुरख अयाने
महमूदअेसा चालीअे जेसा मुख थे बाची
तीस तु मुरख आखीये जी सोने राची
जीन सर छत्तर डोलाती पुंजा सोते
जाने ईस कलमा नहीं वो कभी न होते

उकदह - सोयम नसीहत आमेझ गुफत

जिसका परीचन चाउं करे तक सेजन आवे
हीळा जिनका बजर काजी फिर न जावे
भा ईन कीरा जीवना जीस मत पछुहां
सो कीया जीव पीयु बिना तन उसका लोहा
सांईं बिन सोअे नींद भरे सुख रेन बहावे
सीयु में हस बोलते तस लाज न आवे
जीन गहन सरीजन गुन करे मन ओरुलीया
नत कही पर हंस लो नयना में रगत बहाया
मीत पीछुहा बीराह जल लु बलहकमी माअे
पार परम का हब लीयाजी प्रीत आयाअे
महमूदसुनोरे सांईयां यूं रैन दना हान
बहु साधर मुख देखने ने में मेरे मान हान

आख सदर जहां मुझको कब मिले सो सांई
तन मत लोह हो रहा शेह कीरे तांई

सुलतान मुजफफर हलीमने हजरत हमीदुद्दीन चाहेलदा से मुलाकात चाही मगर....

ये कलाम जब सुलतानने पळ्हा तो उसको बहोत पसंद आया और फरेफ्ता हो गया और आपकी खिदमतमें चांपानेर से रवाना होकर बीरपुर आया और आपकी मुलाकातसे बहोत खुश हुवा आपने बादशाहको दुआओंसे नवाझ कर दरजात हांसिल किये और बादशाह को आपके वालिद साहब से मिलने की बहोत आरझु थी मगर हझरत शाह हमीदुद्दीन रहमतुल्लाह अलयहने दुनियादारों से मुलाकात करना बंद कर दिया था ईस लिये आपने बादशाह की मुलाकात ली नहीं. तब बादशाहने कुछ वझीफा के लिये कहा तो आपने नीचेकी आयत शरीफ और शेअर भिजवाअे आयते कुरआन शरीफ वमा मिन दाब्बतिन फिल अर्दे इल्ला अलल्लाहि रिज्कह.

शेअर

मा आबरु फर व कनाबत नमी बरेम
बा बादशाह बगोई के रोझी मुकदरस

ये सुनकर बादशाह अपनी राजधानी अहमदआबादकी जानिब राही हुवा.

दुनिया खुबसुरत शीकल में झर्रीन लीबास में आना खवाजा महमूद महबुबूल्लाह की पास

अेक रोझ दुनिया खुबसुरत शक्लमें झर्रीन पोशाके तन झेब करके हझरत मियां महमूद रहमतुल्लाह अलयहकी खिदमतमें हाजिर होकर अर्झ करने लगी के आप मुझे अपनी गुलामीमें रखखो मगर आपने दुनियाको पहेचान लिया था और आपने फरमाया के तुझे खबर नहीं के हमारे आका नबीअे करीम सल्लल्लाहो अलयहे वसल्लमने फरमाया हय अद दुनिया झी-फतुन व तालेबोहा किलाबुन.

याने दुनिया मुरदार है और उसका चाहनेवाला कुत्ता हय और फरमाया के कौले पयगम्बर हय के,

तालेबद दुनिया मुरवक्षसुन व तालिबुल उकबा मुअक्षसुन व तालेबुल मौला मुजक्कुरुन याने तलब करनेवाला दुनिया का हिजळा है और तलब करनेवाला उकबा का औरत हय और तलब करनेवाला मौला का मर्द हय.

फिर आपने फरमाया के ये तेरे दोनों हाथों में क्या हय? तब उस मक्कार दगाबाझ दुनियाने जवाब दिया के मेरे अेक हाथमें रस्सी है और दुसरे हाथमें असा हय और जो मेरा तालिब हय उसे मैं रस्सीमें बांधती हुं और असे से उसे मारती हुं और फिर आपने फरमाया के तेरे सरमें टाल किस सबब से पडी हैं ? तब उसने जवाब दिया के जो कोई मुझसे निकाह (शादी) करे और वो खर्च करे तो मुजको न पा सके उस वक्त जब मैं उससे जुदा होना चाहती हुं तो वो ईन्सान मेर पीछे दोळ कर मुझको पकळना चाहता है मगर मैं उसके हाथ नहीं आती मगर मेरे सर के बाल उसके हाथमें आ जाते हंय तो मैं झोर करके उससे छुटती हूं तो उसके हाथ में मेरे बाल रहे जाते हैं मगर तालेबाने हक को जब मैं फसाने जाती हुं तो वो मुजे अपने नालैन (जूतों) से मारते हंय ये उसका कहेना था के आपने अपने नालेन को हुक्म दिया तो वो भाग निकली और आपने ये आयत पळही. यवमा योहयी अलयहा फी नारे जहन्नम फत्तकु यावेहा जबाहो हुम व जोनुबहुम व झहुरोहुम हाझा मा कतरतुम ले अन्फोसेकुम फझुकु मा कुन तुम तकन्ने झुन.

फिर तो दुनिया वहां से भागी और आगे जा कर रास्तेमें झर का (सोने का) ढेर हो गई नागाह वहां दो अफगान दफारे हिन्द से ईसी मुकाम पर आये अेक का नाम था शुजाअतखान और दुसरेका नाम था रूसतम खान उस सोने के अंबार के करीब आअे तो शुजाअत खानने वो झेवर उठा लीया और रुस्तमखान से छुपाया तब रुस्तमखानने कहा के ये झर में मुझे हिस्सा दे तो शुजाअतखानने जोशमें आकर कहा के तेरी अक्ल और होश कहां है? तो रुस्तमने कहा के ये दोलत हक तआलाने अपनी महेरबानीसे अता की हय और उसकी तलब में अपने मकान से यहां तक आअे हंय. शुजाअतने दिल में ठाना के रुस्तम ये दोलत में से उसकी ताकत से हिस्सा झरुर लेगा और वो गझबनाक होकर मोका पाकर रुस्तम को तलवार के अेक वारमें काम तमाम कर दे मगर रुस्तमने भी तलवार खींची दोनों में तलवार के वार

पर वार होने लगे. और दोनों झखमी होकर बेहोश होकर झमीन पर गिरे. दुनिया ये तमाशा हझरतको दिखाकर ये उकदा केहती हुई गायब हो गई.

उकदा दर पश्ता महेबुबुल्लाह

आज हुं सो बाल कुंवारी, मसवा सुन कंथ प्यारे
वर बहेतरी मैंने कीती, छील पाळे छोळी जीते
में किस्से न हाथा देता, मोल खोयान लाहा लीता
कोई आ कहे ये मेने राई, वर बाप भोवे भाई
मत बोल औसा कोई माने, सत मेरा कोई न भाने
पर महमुदीन मेरी जाने, हुं सुधही आते पेछाने
जी मन दन कदरुं बता दहा, ने यहां सांईसदन सुधा मांधा

जब दुनिया ये दोनों अफगानों को मानिन्दे मुरदा कर के भागी और हझरतने तमाम वाकेआ देखकर उन पठानों की लाश पडी थी वहां तशरीफ फरमाकर आपने दुआ दी तो वो दोनों अफगान नई जिंदगी पाकर होश में आअे. शुजाअतखान के बाल लंबे थे वो सब खूनमें आलुदा थे तब हझरतने उन अफगानों से कहा के तुम अपना जिस्म और कपळे पाक करो ये कस्बे में बेफिक्र चले जाओ. तो हझरत के केहने पर उस गाउंमें गअे और वहां अमन चैन से रहेने लगे.

मुजफफरशाह और दुख्तरे धोबन

अेक रोझ हझरत शाह खव्वाझा मियां महमूद रहमतुल्लाह अलयह ईबादते ईलाहीमें मशगुल थे आप ईश्के ईलाही में मस्त थे उस वक्त गुजरातके बादशाह मुझफ्फर हलीम आपकी ईबादतगाह में हाजिर थे उस वक्त आप शुगुल अझकार में महव थे आपने बादशाह की तरफ नझर उठाकर भी न देखा तब बादशाह को दिल में ख्याल आया के में गुजरातका बादशाह हुं और ये तो दुरवेश हैं मगर मेरी कोई ईझझत नहीं करते हैं. इस बात का आपके दिलमें ख्याल आया के बादशाह को फख्र है तब आप उठे और बादशाह का हाथ पकडकर हुजरे में ले गअे. कहा के आंखें बंध करो बादशाह ने आंखें बंधकीं तब बादशाहने अपने आपको अेक वसी मेदानमें

जहां अेक तालाब था वहां खळा पाया उस वक्त बादशाहको पानी पीने की हाजत हुई तो उसने ईर्द गिर्द देखा तो तालाब पर अेक धोबी कपडे धो रहा था उसके करीब पहोंचा तब धोबीने कहा के तुम कहां से आ रहे हो और क्युं आअे हो? तब बादशाहने कहा मैं राह का भूला हुवा हुं मुझे भूख लगी हे अगर आपके पास कोई खाना हो तो मुजे खानेको दो. धोबीने कहा हमारे यहां खाना मुफ्त किसीको नहीं दिया जाता मगर ये मेरे धुले हुवे कपडोंका गठळा उठा लो तो मैं तुमको मेरे मकान पर खाना खिलाउंगा. बादशाह बहोत भूखा हुवा था ईस लिये धोबीकी बात मंझुर कर ली और धोबी के साथ गठळा उठाकर धोबीके मकान पहोंचे वहां खाना खाकर वहीं धोबी के घर बादशाह ठेहरा उस शहेरका नाम लोग बल्ख केहते थे. बादशाह हमेशा धोबी के साथ तालाब पर जाता और शामको धोबी के साथ वापस आता कुछ अरसा गुजरा तो धोबीके दिलमें ख्याल गुझरा के उसकी अेक लडकी औलादमें थी वो शबाब में पहोंची तो धोबीने उसकी औरतसे कहा के हमारी लडकी जवान हो चूकी हे तो उसका जोळा तलाश करना चाहिये. स्त्री फिक्र में थी के धोबी के दिलमें ख्याल आया के ये लडका अपने यहां हे वो शरीफ और नेक लळका हे वो मंझुर करे तो उसके साथ शादी कर दें ये सोचकर बादशाह से पूछा के तुमको शादी करना दरकार हे? तो बादशाहने मंझूर किया और शादी कर दी. धोबी की लळकी से बादशाह के तीन फरझंद हुवे और कुछ अरसे के बाद धोबी और धोबनका ईन्तेकाल हो गया और बादशाह उसकी मिल्कतका हकदार हो गया मगर कुछ अरसेमें बादशाह धोबीकी जो मिल्कत थी वो खर्च कर चूका क्युं के बादशाह से कोई महेनत न होती थी. जब मकानमें मआशकी तंगी होने लगी तो मियां बीबीमें जगडा पैदा हुवा. धोबी की लडकीने कहा के ईस शहरमें हझरत मियां महमूद रहमतुल्लाह अलयह रहेते हें वो रहेम दिल हैं लोगों को कर्जे हसना देते हैं वो गुजरातके बादशाह हैं. येही शहर बल्ख के शहेनशाह हैं और नाम उनका सैयद खव्वाझा मियां महमूद महेबुबुल्लाह है तो तुम उनके पास जाओ और अपना अहेवाल कहो तब बादशाह अपने तीनों फरझंदोंको लेकर चला अेकने बादशाहकी उंगली पकडी, दुसरेको पुश्त पर बिठाया और तीसरेको कमरमें बिठाकर सरे बाजार होकर हझरत की खिदमत में हाजिर हुवा और आपको देखकर पहचान गया और बहोत शरमिंदा

हुवा. तब हझरतने कहा शरमाओ नहीं मुझफ्फर क्या बात हय. तब उसने कहा मुझे पांचसो रुपिये (मुबलीग) कर्झ दो तब हझरतने कहा तुम मुझे कबाला (चीठ्ठी) लिख दो और उस पर महोर कर दो तो बादशाहने कबाला लिख दिया और उस पर महोर अंगूठेकी कर दी तो आपने पांचसो मुबलीग देकर रवाना किया. बादशाह खुश हुवा और अपने फरझंदोंको खिलाया कुछ अरसे के बाद पैसा खर्च कर डाला और वोही तंगी दर पेश हुई और मकानमें फाकेकी वजह से जगडा होने लगा. तब बादशाह लाचार होकर कुल्हाडी लेकर जंगल की तरफ रवाना हुवा तो दूर से कोई सुफेद लिबास पेहने हुवे पानी के किनारे खडे हुवे दिखाई दिअे. बादशाह उस तरफ चला तो वहां हझरत महेबुबुल्लाह रहमतुल्लाह अलयहने बादशाहको बुलाया. वो आपको पहचान गया मगर शर्म के मारे आंख नीची कर ली तब हझरतने बादशाहका हाथ पकडा और कहा आंखें बंधकरो जब आंखें बंधकरके खोलीं तो वही मुकाम बीरपुर हझरत की ईबादतगाह और वोही हुजरा और वोही महेफिल थी वहां बरसों के बरस गुझरे थे और यहां अेक पल. ये करामात हझरत की देखकर बादशाह बहोत ही फिक्र में था. यहां से हझरत से ईजाझत पाकर अपने तमाम वझीर वुझरा और लश्कर को लेकर वापस अहमदआबाद गया. बाद अेक मुद्दत के हझरतने अेक खादिमको कहा के बादशाह के पास जाकर अपना कर्ज ले आओ तब खादिम बादशाह की खिदमत में हाझिर होकर हझरतका पैगाम सुनाया के हझरतने जो आपको पांचसो रुपिये कर्झ दिया हय वो मंगवाया हय तो सुलतान बोला के हझरतका अेक दाम भी मेरे पास नहीं. ये जवाब सुनकर खादिम वापस आया और जो बात हुई वो झाहिर किया. आप बोले कोई फिक्र नहीं दोबारा खादिम को (चीठ्ठी) रुक्का जो बादशाहने लिख दिया था वो लेकर भेजा. खादिमने बादशाह की खिदमतमें हाजिर होकर रुक्का बादशाह को दिया. बादशाह रुक्का देखकर भी ईन्कार करने लगा के मैं गुजरातका बादशाह हुं और मुजे क्या झरुरत के मैं पीर से पैसे मागुं. और लुं. मगर उसके गवाह हों तो लावें. फिर खादिम हझरत के पास वापस आ कर हकीकत बयान की तब आपने फरमाया कोई फिक्र नहीं. गवाह बुलाउंगा और उनसे गवाही दिलवाउंगा. अेक रोझ हझरत सुलतान मुझफ्फरके यहां तशरीफ ले गये और कहा के तुझे फख्र बहोत है और हुकुमत के नशेने दिल तेरा वीरान किया हे.

मगर मेरे पांचसो रुपिये मुजे दे दे तब बादशाह बहोत गभराया. और कहने लगा के मुजे क्या झरुरत थी के आपके पाससे कर्ज लुं. मगर गवाह हो तो बहेतर हे. तब आपने खत बादशाह को दे कर कहा के खत बराबर है. सही और महोर भी मेरी है मगर मेरी समजमें नहीं आता के मैंने आपसे कर्जा क्युं लिया. ईस लिअे गवाह हो तो मेरे दिलकी परेशानी दुर होवे. तब आपने सुलतान को पकळकर कहा के चलो शहेर के दरवाझे की तरफ चलें तो सामने से अेक महाफा आता हुवा नजर आया, उसमें बादशाह की बीबी (धोबन) और तीनों बच्चे बेठे हुवे थे और वो केहने लगे के तू बडा बेशर्म और बेहया है. हम को छोळकर यहां आकर छुपा है ? ख्वाझा मियां महमूद रहमतुल्लाह अलयहेका प्यार हम पर कर्झका तकाझा करता हे कर्ज लेनेको बहोत रोज गुजरे हैं मगर आज तक उनको दिये नहीं ये केहकर वो महाफा वहांसे गायब हो गया तब सुलतान बहोत शरमिंदा हुवा और हझरत के कदमों पर गिरा और कदम बोसी की. हझरतने फरमाया के तुम्हारी बादशाही बेहतर हे या हमारी फकीरी?. बादशाह को तसल्ली देकर बादशाह के मेहमान ठेहरे और बीरपुर तशरीफ ले गअे.

हाकीम का सर नझर नहीं आता

अेक रोझ हझरत शाह महमूद दरियाई रहमतुल्लाह अलयहे को आपके वालिद साहब आपका हाथ पकळकर मद्रसे में ले जाकर उस्ताद के पास छोळ आये थे. वहां आप और बच्चों के साथ में कुरआन शरीफ पळह रहे थे के अेक महेमुदनगर का सरदार उसके सीपाहीयों को लेकर जा रहा था. उस वक्त मकतब के बच्चे कुरआन शरीफ पळहते थे तो उस हाकिम को देखनेके लिये मकतब से बाहर निकल आअे. उनके साथ हझरत भी मकतब के बाहर तशरीफ ले गअे. और आपने उस्ताद को बोला के हाकिम के तन पर सर दिखाई नहीं देता तब उस्ताद बोले के खामोश रहो ये हाकिम है. होश रखजो कौले नबीअे करीम हे के मन सकत सलम व मन सलम नजाहो. ये कोल पर अमल करो और अपनी झबान को संभालो, अगर ये सुन जाअे और खफा हो जावे तो बडी मुश्कील हो जावे और यहां रहेना मुश्कील हो जावे, वेसा केहकर उस्तादने आपको दो तमाचे मारे तो आप खामोश होकर सबक

पळहने लगे. हाकिम शिकार के लिये सीधा जंगल की तरफ रवाना हुवा, ईतने में उसके दो सिपाही आपस में लडने लगे और दोनों तलवारें खींच कर तेजबाझी करने लगे तो हाकिम उनको छुळाने दोळा तो अेक की तलवार हाकीम की गरदन पर लगी तो उसी वक्त हाकिम का सर गरदन से अलग हो गया. ये हरकत देखकर लश्कर में तेहलका मच गया. सबने मिलकर हाकिम को दफन कर दिया. तमाम कस्बे में ये बातका शोर मच गया और हझरतने फरमाया के अल्लह के हुक्म से जो हुवा वो बराबर हुवा. उस्तादने हझरतका हाथ पकळकर आपके वालिद साहब के पास ले गअे और कहा के ये गौसे खल्क हय और उनको सबक देने की मुझ में ताकत नहीं हे. ये उस्ताद की शिकायत सुनकर आप के वालिद साहबने फरमाया के अैसे खफा होनेका सबब क्या हय ? तब उस्तादने फरमाया, अय गौसे दीदार ! आपके साहबझादा और सब पळ्ह रहे थे और हाकिम का ईस तरफ से गुझर हुवा. उस वक्त आपने उसके हक में बददुआ की तो हाकिम का तन से सर निकल गया. उस वक्त मैंने हझरतको अेक दो तमाचे मारे और मैं बहोत डरता हुं के शायद मेरे हकमें बददुआ फरमा दें तो मेरा क्या हाल हो?. मेरे कुसुर को माफ कर दिजीये. और मैं उनकी उस्तादी के लायक नहीं हुं ये केहकर उस्ताद मद्रसे की तरफ रवाना हो गये तब से हझरत को आपके वालिद साहबने ईल्म पळ्हाया, तमाम उलुमे झाहिरी बातिनी से नवाझे.....

फकीर को रोटी का सुखा टुकडा दे...

हिकायत : फकीरी के नझद खुद पारस मी दास्त ब
महेबुबुल्लह ईझहार करदा गरेखता बुद

अेक रोझ अेक फकीर आपके दरवाजे पर हाजिर होकर खाना मांग रहा था, जब हझरतने उसकी आवाझ सुनी तो खादिम से फरमाया के उसे रोटी का सुखा टुकडा दे. शायद ये भूखा होगा. तो खादिमने फरमान के मुताबीक रोटीका सुखा टुकडा हाजिर किया, वो साईल देखते ही गझबनाक होकर केहने लगा, आप विलायत के शाहेजहां हैं मगर मकान में तो फाकाकशी है और दिल में केहने लगा के इनसे बहेतर मेरी फकीरी हैं क्युं के मेरे पास संगे पारस (पारसमनी) हय. और वो

खादिम से केहने लगा के तू अेक लोहेका पुराना बरतन ला दे. तब खादिमने अेक लोहेकी पुरानी कळ्हाई लाकर उस फकीर को दी तो फकीरने कळ्हाई पर वो पथ्थर (पारसमनी) घसी तो कळ्हाई सोनेकी हो गई, उस वक्त वो फकीर वहां से भागा के शायद ये पथ्थर मुजसे हझरत छीन न लें, ईस फिक्र में भागा तो खादिमने हझरत को ये फकीर की तमाम बात केह सुनाई तो आपने खादिम को कहा के जा और उस गुस्ताख फकीर को पकळ ला, उसी वक्त खादिम दोळा और फकीर को पकळ लाकर आपकी खिदमतमें हाझिर किया तो वो कांपता और डरता हुवा दस्त बदस्त खळा रहा. तब हझरतने उसे तसल्ली दी और कहा के त क्युं भागा था? तो उसने जवाब दिया के आप कळ्हाई और पथ्थर (पारसमनी) मुजसे छीन लेंगे ईस डरसे मैं भागा था. तब आपने आपके खादिम जीवाको फरमाया के तू जा और सात ईंटें लाकर हाजिर कर. तब खाजिम हुक्म के मुताबिक सात ईंटें लाकर हाझिर कीं तब हझरतने जीवाको कहा के ईस ईंटों पर पेशाब कर तो खादिम ने आपके हुक्म के मुताबिक उन ईंटों पर पेशाब किया तो खुदा के हुकम से वो ईंटें सोनेकी हो गईं, तब आपने उस फकीर को कहा के अय अहमके! मुजे तो मौलाने ईस्मेआझम अता किया हय, मुजे तेरे पारस की दरकार नहीं और ये सब चीझें मुरदार हैं. उसे उठा ले जा और तौबा कर, वो शरमिंदा हो कर हझरत से फैझवर होकर रवाना हो गया.

हैदराबाद-दकक्न के मुरादखान के गुमशुदा बेटे को बाप से मिला देना...

अेक शख्स का अेक पिसर गुम हुवा था. हैदराबाद का रहेनेवाला मुरादखान नामका पठाण था. उसका बाराह साल से लळ्का गुम हो गया था. और वो पठान उसके लळके के फिराक में ईधर उधर उसकी तलाश में भागा करता था. और लळके के गम में दिवानाझार फिर रहा था. के उसका अेक दोस्त उसको मिला और उसके हाले तबाहका हाल पूछा तो उसने अपने लळ्के के गुम हो जाने का वाकेआ कहा तो उसके दोस्तने तसल्ली देकर कहा के तू बीरपुर जा, वहां हझरत ख्वाझा सैयद महमूद दरियाई रहमतुल्लाह अलयह रेहते हैं और वो गुमशुदा की खबर लेते हैं, छुपी बातोंको वो कश्फ व करामात से बताते हैं और आरझुमंद की तमन्ना आप पूरी फरमाते हैं

और जो बीमार आता हे तो वो भी आपकी दुआसे शिफा पाता है. आपके दर पर कोई भी दाना हो या नादान और किसी भी मझहब का हो सबके साथ में आपका नेक बरताव होता है. आपके वहां न कोई गैर है न यार है. बल्के सभी ईन्सान अल्लाह तआलाकी मखलुक हैं ईसी तरहा आप सब पर महेरबान हैं. ये सुनकर मुरादखान को खुशी पेदा हुई और आपकी खिदमतमें हाझिर हुवा. उस वक्त आप जिक्रे ईलाही में अेसे मशगुल थे के आप मस्ती में झुम रहे थे. आप जिक्रे अझकार से फारिग हुवे और मुरादखानकी तरफ देखा तो उसने आपकी कदम बोसी की और अपनी तमाम रुदाद बयान की (अर्झ की) के मेरा पिसर गुम हुवा है. उसे बाराह साल गुझर चूके हैं. ईसकी फिक्र में आपकी खिदमत में आया हुं तो आप मेरा लळका मुझे मिला दो मैं उसको देखलुं, तब आपने तमाम मुल्क की झमीन को मुराकबा से देखा मगर कहीं पता न पाया तो आपने कहा के मैंने बहोतेरा ढुंढा मगर कोई पता चला नहीं. ये सुनते ही मुरादखान झारझार रोने लगा और शोरोगुल मचाने लगा. आपने फरमाया के गम मत कर, तेरा फरझन्द कामरु देश में है और अेक औरत उस पर आशिक होकर उसको ले गई है. और जादु से घेटा बना रखखा हे और उससे मोहब्बत रखती है. ये सुनते ही मुरादखान और गमगीन हुवा और आहें भरने लगा. तब आपने फरमाया, गभराव नहीं, ये केहकर उस लळके को कामरू देश से छुडा कर यहां हाजिर किया. उसके बापको मिलाया, उसे पास में बिठाया मगर वो घेटे की शक्ल में ही था तो आपने उससे कहा के उकदा रिश्तेका खोल और जादु को खोल तो उस उकदा जादु का खोला तो वो असली ईन्सानी शक्ल में हो गया बाप और लळका बगलगीर हुवे और आपने नमाजे शुक्राना अदा करके उनको वतन जाने की ईजाझत दे दी. वो खुशी खुशी वतन को रवाना हुवे.

शहेर पट्टन गुजरात को खबीस शैतान की शरारतसे छुडाना

शहेर पटन में अेक खबीस रहेता था. वो खुबसुरत औरतों को हेरान करता था. शहेर पटन में शहीदों के मझार हंय और शहेर में अेक खबीस रहेता था. और कइ ईन्सानों के सर फोडता और औरतों को सताता था. ईस सबब खल्के खुदा हेरान परेशान थी और शबोरोझ दुआअें मांगती के परवरदिगार ईस शयतान की शरारत

से हमको बचा ले. जब दुआ उनकी मकबुलियत पर पहोंची तो परवरदिगारने अपने हबीबे पाक के झरीअे जो अेक शहीद हें उनको हुक्म दिया के तमाम शहेर के शहीदों को इकट्ठा करो और खबीस को पकळकर कैद करो. ये फरमान सरवरे काअेनात सल्लाहो अलयहे वसल्लम का सुनकर तमाम शहीदों को बुलाकर अपने आका व मौला का फरमान सुनाया तो सबने खुशीबखुशी कुबुल फरमाया, सब ईकट्ठा होकर चले. ये बात का पता उस खबीस को चला तो वो कांपने लगा और केहने लगा के अब कहां जाउं ? मुझे वो अब कहीं भी भागने नहीं देंगे. ये सोचता था के शहीदों का लश्कर आ गया. उन शहीदों में से अेक ने घोडे से उतर कर उस खबीस को लात मारी तो वो मानिन्द गधे के आवाझ करने लगा और फौज के रोब से डरने लगा तो आपने उसको कब्झ करके अपना गुलाम बनाया. तो आप जो हुक्म देते वो बजा लाता. उसका नाम मुखबझ थाप उसको साथ लेकर अेक रोझ आप हझरत ख्वाझा महमूद दरियाई रहमतुल्लाह अलयहके पास मुलाकात को तशरीफ लाअे. उस वक्त वो खबीस आपके साथ गुलामी में हाजिर था और आप बावली नदी पर तशरीफ लाअे. वहां आपने अपनी सवारी का घोडा था वो उस खबीस मुखबझ को सोंप कर हझरत की मुलाकात के लिये तशरीफ लाअे. आपने उनको सीने से लगाया और जो उनके साथ में थे, जब हझरतने शहीद मर्द से कहा के तुम्हारे जिस्म में मुरदार (खराब) बू आती हय तो उस वक्त हझरत शाह दावल रहमतुल्लाह अलयहने मुखबझ खबीस की तमाम हकीकत कहे सुनाई और कहा के वो खबीस बावली नदी पर घोडा थामे हुवे हे. यहां नफर (गुलाम) बना कर लाअे हैं, वो आपके पास आने से डरता हय येह सुनकर आप खफा हो गअे और बहोत रंजीदा हुवे जिस सबब आपकी आंखों से आंसु बेहने लगे. तब हातिफे गैब से निदा आई के आपको मंझुर होतो उसके गुनाह बख्श दुं. और उसकी शरारत दुर कर दुं. तो आपने दुआ दी और कहा, बारी तआला ! तू बळा कुदरत वाला हे. तेरे लुत्फो करम से उस पर महेरबानी कर. ये दुआ करके खादिम को कहा के बावली नदी पर जो खबीस खडा हे. उसे मेरे पास बुलाला. तब वो खबीस नहाकर आपके सामने हाजिर होकर कुरनीस बजा लाया तब उसको देखकर आपने दरगाहे बारी में इल्तिजा की के खुदावंदा ! ईसकी खबासत दुर कर. ये फरमातेही उसकी सब नजासत दुर हो गई

और उसे विलायत मिली. आपकी नझरे तासीर किमीया थी और आपकी तकरीर अजब फैझयाब थी. ईस मझमुन पर ह. लतीफ साहबने चंद मिसरे लिखे हैं वो ये हंय.

नझम

नझर थी कीमिया तासीर उनकी
अजब बा फैझ थी तकरीर उनकी
सुखनका दुर्र जिसे करते ईनायत
दो आलमकी उसे मिल जाती दौलत
लतीफ अपना तू रख साबित अकीदा
किया कर उनके औसाफे हमीदा
न कुछ उनकी करामत बीच शक है
करामत उनकी बाकी हश्र तक है
असर है फिर करामत का
है मुन्कर मुनतझ बझाका
वहां ये कोम का क्या होगा हाल
बे कहे मुंहसे ना मसरुअ अकवाल
बुतों की शान में नाजिल है आयत
उसे देते हैं निस्बत औलिया साथ
न समजते हैं वो मकसूद उसका
न हासिल उनको है कुछ सूद उसका
मुझे या रब ! ये मझहब से अमां दे
इताअत मुझको शाहे इन्सो जां दे
ये कफसे तनसे जब निकले मेरी जां
मेरे ईमान का होना निगहेबां
तेरा पळहतेही पळहते इस्मे आझम
ब आसानी निकल जावे मेरा दम
तुफैले आल और अस्हाबो अहेबाब
दुआ ये कर कबूल अय रब्बे अरबाब !

ख्वाजा दरियाइ का श्रीनाथ द्वारा हिन्दुओके साथ जाना

मियां मनसुर बिन चांद मुहंमद तेहरीर करते हैं के अहमदआबाद शहर से अेक काफला श्रीनाथजी जानेको रवाना हुवा और कंई दिनमें बिरपुर में आकर जब गुझारा किया. फझर के वक्त वो काफलेवाले नाथद्वार के लिये रवाना हुअे उस वक्त हझरत शाह महमूद(रहमतुल्लाह अलयह) खेल रहे थे. और काफलेवालों का नझारा देख रहे थे. उस काफलेका अेक सरदार नेक किरदार था वो बोला के हम सब मिलकर अपने नाथ के द्वारे जाते हें उस वक्त आपने उससे कहा के जो तेरेसे हो सके तो हम भी तेरे साथमें आअें तब उसने दिलमें सोचा के ये मुसलमान हे मगर ये मर्दे खुदा है और गौसुलवरा हय. ये सोचकर उसने कहा के तुम शेर शाह हो और मेरे हमराह चलो ये केहकर अदब तसलीम अदा कर के आपको महाफेमें बिठाकर कंई दिन राह तय करके नाथद्वारा जा उतरे वहां वो सब काफलेवाले मुकाम करके खाने पकानेमें मसरुफ होकर खाने पीने लगे मगर हझरत मियां महमूद रहमतुल्लाह अलयह उनसे अलग होकर तमाशा देख रहे थे. और आपने ईरादा किया के मैं भी श्रीनाथ को देखुं और आप मनदिरके करीब तशरीफ लाअे तब उन हुनुदोंने अर्झ की के आप मुसलमान हो ईस लिये यहां से चले जावो. तब आपने फरमाया के जब तब तुमारे न देख आवें तब तक यहांसे हम न जाअेंगे. तो उन बेचारोंने सोचा के ये झबरदस्त मस्त है ये सोचकर हेरान हो गये. बुतखानेको बंद करने ताला लगा दिया तब आपको उनकी बात पर गुस्सा आया और आपने कलाम कहा उनकी झबानमें कलाम कहा

कलाम

माजा पुर बेलाबन क्या महेबा पर भोवे करम वैसा
जानुं नह बेपड को वाहीबा, करमे क्युं ले गाई ओ बधी
जीवहत्या करी अधरम कडवी रहे हे, के में बेलळी बोहतो हतो
लोधी अर्थ लोभ थका अलय बोलीया, केमें रस्ते सवारे पर
नाथ कहे धी, केदम बलागन ओगन करमानीला, केमे केरा नहीं
कनता झान ली हुं आधीला सामी सन ग्राह मोकीला केमे
पर मारे पर दरसर देधी, बहनत महमूद ये पाप पुराना थये
थी कान ओरसने जोर देधी

आप उस गांव के करीब अेक तालाब था वहां जाके बैठे. उस रात को काफलेवालों को बशारत हुई के खुदा के नेक बंदोंसे जुदाई अच्छी नहीं और तुम उन्से माफी मांगो. वरना तुमको बहोत बडा नुकसान उठाना पडेगा. उस वक्त सभी मिलकर आपकी खिदमतमें हाजिर हुवे और माफी मांगकर आपकी खातिर तवाजोह की.

उक्दह

गवारों क्युं देव पूजा जाय, क्युं भूले सीधी राहे आव सहेलीया पूतला थंका, करवत चीरे देह हाथ पांव वली जुदा जुदा घडीया मुखतरी बनवाला तेरा तब कौन कौन पातेरीनी गहत छीदायो बहोत है तुमको हान खोटा धंधा देख आपस में पूतला खडीया जान, आग सूरजको नमता छोडो, राह तुलो जिस तरी मुखसे पडो कल्मा नबीका, चिश्ती होवे बेहिस्ती बंदा महमूद महमूद खास नबीका मानो हिन्दु बोल गले जनोई तोडकर आवो, दीन में दिलका मन्का खोल.

आपने उन हुनुंदोंसे ईकरार लिया के यहां कोई मुसलमान आअे उसे हरगिझ मना मत करना और औलिया अल्लाहके मजारों पर जाना उन्से कभी बुराई न करना. ये नसीहत करके आपने उनको माफ किया.

पथ्थर को मिस्री (शककर) बना देना...

ईस्लामखान नामी अेक मुदर्रिस हझरत काझी महमूद दरियाई रहमतुल्लाह अलयह के रोझे मुबारक में जा कर बच्चों को पळ्हाते थे और अेक रोझ उनके दिलमें खयाल आया के मेरे मत्कब खानेमें हझरत मुतलक आते नहीं, ये मेरे दिलमें उनका तसव्वुर था के ईतने में हझरत तशरीफ लाये तो मैंने उनको ताअझीम से बिठाअे. ईस मेहफिल में हझरत जलवा अफरोझ हुवे थे और उस वकत अेक हाफिझ भी सबक पळ्ह रहे थे. उस वक्त हझरतके पोता हझरत प्यारुल्लाह रहमतुल्लाह अलयह हाजिर थे, सबक हाफिझ का सुन रहे थे. मुजे सदआफरीं फरमाकर कहा, अय ईस्लामखान ! शयतान के बारे में तेरा क्या कोल हे? तब कहा के ईबलीस आतिश से बना हे. फिर आपने कहा हक है. मगर ईबलीस मिस्ल समंदर हे. और

उसको झरर नहीं लागु हुवे अगर ये बात जब सुनी और ये बात शरीअत और हकीकत के मुताबिक पाई तो खुश हुवे और मुजको मरहबा कहा. उस मजलिस में अेक और शागिर्द थे और उनने अर्झ की के मुज पर ईस्तहाका दस्त रस हे और मुजे मिसरी खानेकी हवस हे. ये बात जब हझरतने सुनी तो वहां अेक पथ्थर पडा था वो पथ्थर उसको दिया के ले ये मिसरी हे. तो पथ्थर मिसरी बन गया. ये देख कर सब दंग हो गये और वो वझन में दश शेर के बराबर था.

हजरत ख्वाजा महमूद महेबूबुल्लाह दरियाइ के दामाद हजरत अब्दुलगनी रहमतुल्लाह अलयहे की वफात

मलिक दाउद से नकल है के हझरत महमूद दरियाई रहमतुल्लाह अलयह के दामाद हझरत अब्दुलगनी थे और आपका विसाल चांपानेर करीब आया और सकरातका वक्त था. उस वक्त आपने वसीयत की के मुजे उत्तर जानिब के दरवाजे पास दफन करना. आपकी वसीअत के मुताबिक जब आपका विसाल हो गया तो आपको गुसल देकर कफन पहेनाकर आपका जनाजा लेकर दरगाह शरीफ के करीब पहोंचे. उस वक्त हझरत महमूद दरियाई रहमतुल्लाह अलयहे आपके साथीयों को लेकर वहां तशरीफ लाअे और हझरत अब्दुलगनी साहब के खादिम भाई जी से कहा के आपके ताबुत (लाश) पर से कपळा हटाव और कफन के बंधखोल दे. ताके में मुंह देख लुं और आखेरी अलवीदा कर के मुसाफा करके चहेरा देख लुं. तब खादिमने आप के हुक्म की तामील की तो आपने हझरत अब्दुलगनी रहमतुल्लाह अलयह से फरमाया, उठो मैं तुमसे मिलने का मुशताक हुं. ये आवाझ सुनते ही आपने आंख खोली और उठ बैठे हुवे. ये हाल मबलुक देखकर गभरा गअे और कुछ दुर गअे और बेहोश हो गअे तो उनकी आंखों पर हाथ रखकर आंखें बंधकर दीं. अैसेमें हझरत महमूद दरियाई रहमतुल्लाह अलयह के भाई हझरत मौलाना शाह अहेमद रहमतुल्लाह अलयह वहां तशरीफ लाअे. आप हझरत दरियाई रहमतुल्लाह अलयहने हझरत अब्दुलगनी रहमतुल्लाह अलयह को फरमाया के मेरे भाई आपको मिलने के लिअे तशरीफ लाअे हंय तो आपने करवट बदलकर हझरत मौलाना

अहेमद रहमतुल्लाह अलयहकी तरफ आंख खोल कर देखा और फिर आंखें बंधकर ली. फिर बाद हझरतने फरमाया, आपको जो खाने की झरुरत की चीझें पेश करता था वो बनीया रामा आप से मिलने को आया हे ये सुनते ही अपनी आंखें खोलकर बनीये की तरफ देखा तो बनीया ये हालत देखकर गश खाकर झमीन पर गिरा. ये हाल देखकर हझरत मौलाना अहेमद रहमतुल्लाह अलयहने फरमाया, हझरत ! आप ईजाझत दो तो ईस मैयत को दफन कर दें, अगर आप ईनको जिंन्दा कर दो तो तमाम खलकत आपके पास मुर्दे लेकर हाजिर होंगे और आप ईस काम में लगे रहोगे और आप जिक्रे हक न कर सकोगे. फिर आपने फरमाया, ठेहरो तो मैं शिजरा और कलमा देकर उनको जन्नत की तरफ रवाना करुं. फिर आपने कुछ कलमा पळहे और हझरत अब्दुलगनी साहब के सर पर टोपी रखखी और फरमाया के शजरा अपने हाथों में लो तो आपने दोनों हाथ लंबे किये तो हझरतने आपको शजरा शरीफ हाथो में दिया वो आपने ले लिया. बाद में आपका जनाझा उठाकर आपकी वसीयत के मुताबीक दफन कर दिया.

बारीश की दुआ के लिये सैयदजादे नजमुद्दीन और सैयद अब्दुल मुस्तफाका दरियाइ दुल्हाकी बारगाहमें आना

गुजरातमें अेक साल केहत साली हुई उस अरसे में मियां हम्माद नूरी आपकी खिदमत में हाझिर हुवे तो आपने उनसे पूछा के तुम्हारी खेतीका क्या हाल हे? मियां हम्माद बोले के बगेर पानी के खेती सुख रही हे आप दुआ फरमावो ताके बाराने रहेमत नाझील होवे. आपने कहा चलीये खेतमें जाअें. और सैर कर के वापस आअें. तो मियां हम्माद बोले, खेत मेरा दुर हे और ईस वक्त गरमी बहोत हे. तब आपने फरमाया, आंखे सें बंद करो, और कुछ देर के बाद कहा, आंखें खोल दो, जब आंखें खोल के देखा तो अपने को खेत में पाया. फीर हझरतने फरमाया, अेक रस्सी लाव और मेरे हाथ पैर ईस रस्सी से बांधो और मुजे उंधा लटका दो. तब मियां हम्माद ने अर्झ की के हझरत ! अेसी गुस्ताखी हमसे हरगीझ न होगी. तब आपने मियां हम्माद के खेडूत से कहा के में अपने हाथ से बांधपाउं और तु ईस दरख्त की डाल से मुजे लटका दे. तो उस किसानने हझरत को लटका दिये. तो आपने फरमाया, ये

रस्सी है उससे चंद बार मुझे मार, तो उसने रस्सी से अेक दो हाथ मारा था के अब्र थिर आया और पानी बरसने लगा और नदीयों में झबरदस्त पुर आया. खुदावंद करीम ईस तरह महेरबान हुवा के खेती खलकत की आबाद हो गई.

बयान दीगर बारान बंद सुदा बुद

हिकायत के रावी बंदा महंमद हें वो इस तरह बयान करते हैं के ईस कस्बे के रेहनेवाले सैयदझादे अेक महमूद नजमुद्दीन और दुसरे सैयद अब्दुल मुस्तफा और तीसरे जान मोहंमद ये तीनों भाईयों से रिवायत हे के अेक साल बारिस की मोसम में कई हफतों तक बारीस नहीं हुई और खेती सुखने लगी. ईस गम से खलकत अेकदम रोने लगी और हझरत की खिदमत में हाजिर होकर अरझ करने लगे के हमने कर्झ लेकर खेती किया है मगर बारिश आती नहीं ईस लिये हम सब गमगीन हैं और बगेर पानी के खेती सुखती है आप हमारी मदद फरमाअें. क्युं के आप अल्लह के महेबूब हैं. तब हझरतने सब पर महेरबान होकर दुआ की और अेक साअत गुझरी मगर बारिश हुई नहीं तो फिर हाझरीन ने आपका दामन पकडकर आजीझी की तो आपने फिर उन्के हक्मे दुआ की मगर कोई आसार बारिश के दिखाई नहीं दिये तो सब हाजिरे महेफिल हेरान रहे के जो हझरत फरमादें वो उसी वक्त हो जाता है मगर अब की बार क्या वजह है ? फिर आपने आसमान की तरफ नझर कर के देखा तो लौहे महेफूझ पर लिखखा पाया के ईस साल केहत साली हे तो आपने अर्झ की के मोलाअे काअेनात ! तू आलम का मौला है ये केहकर आपने अपनी कसम दी और ये आयत पळही यम ओवल्लहो मंय यशाओ व यबसेतो व इन्दहु उमरा ले किताब.

जब ये आयत आपने पळही तो आपकी आंखों से खून के आंसु रवां हुवे और आपका पयरहन खूनवाला हो गया, उसी वक्त बारिस बरसने लगी और आसमान गरजने लगा, फिर तो ईस तरहा की बारिश हुई के आपने दुगाना अदा किया और अेक जिगरी (मल्हार) बनाई और आप जब मल्हार (जिगरी) पळहने लगे तो आपकी आंखों से खून के आंसु बहेने लगे...

जिगरी

जारे पपैया पीयु पर छाअे
दीगर लोबे न मित जगाअे....
मास असाढे पीयु सधाया
सावन मास संवरने आया....
भादर भर भर लेवुं निसासा....
आसापुर के सांई आसा....
चौवदस नदी नाले भाई....
मोर टहुके शब्द सुनाअे....
बारा मेख सवर यु आवे....
रसीये माते अंग नमावे....
पंथी सबही सवर कर आई....
पंखी सारी माले पाई....
घर घर का मन बीर फुटी....
नैयनो पावस बरसे मोती....
महमूदसांई सदन तअेरथ माने....
तौमत अेतना जीवा जाने....
लाईन बंधाई श्रीजन करीअे....
सोने चोंच मढाउं तेरी....

चित्तोड के किले की फतह के लिये - बादशाह बहादुरशाह का हजरत ख्वाजा दरियाइ दुल्हा की बारगाहमें आना...

गुजरात का सुलतान बहादुर शाह बडा झीहोश और जंग जवां बहादुर था. उसके दिल में ख्याल पयदा हुवा के चीतोड पर चढाई कर के फतेहयाबी हांसिल करुं ताके मेरी शोहरत दुनिया में होवे. ईस गरझ से चितोड जाने के लिये बीरपुर हझरत महमूद दरियाई रहमतुल्लाह अलयह की खिदमत में हाझिर होकर आप से दुआ की दरखास्त की के आप दुआ फरमाईये और आप चितोड मेरे साथ में तशरीफ ले

चलें क्युं के आप मेरे पीर हैं और आपकी दुआओं से मैं आज तक फुला फला हुं और कामयाबी का बाईस आप की दुआ हे. जब बादशाहने बहोत दरखास्त की तो आप बादशाह के हमराह चितोड तशरीफ ले गअे, वहां राणा सींगराज राज करता था. चितोड को फतेह करके बादशाह ने मालवा के शाह को शिकस्त दी और वहां से दख्खन के जानिब रवाना हुवा और मांडुगढ का किला फतेह करके वहां सुवा मुकर्रर करके वहां से दौलताबाद और अहेमदनगर पर काबिझ हुवा तो उनसे सुलहा कर के उनसे खिराज (खंडणी) मुकर्रर कर ली. फिर तो बादशाह के दिल में गुरुर पयदा हुवा के मेरा सानी हिन्दुस्तान में कोई बहादुर नहीं क्युं के मेरे पास 200000 (दो लाख) का झीहोश लश्कर हे और तमाम दख्खन के मुल्क के शाहों पर मेरी हकुमत है. ये उस सुलतान की फख्र की बातें सुनकर उमराओं और वझीरोंने मिलकर हझरत से कहीं जिस से आप नाराझ हो गअे और ताअज्जुब करके बैअत (शेअर) कहे.

बहादुरशाहकी बदतमीजी और हजरत महमूद महबूबुल्लाह दरियाइ का नाराज होना

शेअर

चु शेर आं न मानद दर मुरगेझार....
कुनद रुबाह लंग आं जा शिकार
खुखाई के बाला व पस्त आ फरीद
झबर दस्तो दहर झेरे दस्ता आ फरीद

ये हझरतने कहा तो उस वक्त महेफिल में अेक चुगलखोर भी था उसने बहादुरशाह से जाकर कहा के हझरतने आपकी शान में उपरका शेर कहा हे तो बादशाह बहादुरशाह को तो फख्र हो गया था और उसके दिल में हझरत की तरफ से कुछ बुराई पयदा हुई और उसने हझरत को केहला भेजा के आप अब हमारे मुल्क को छोडकर शेर दिलावर या हुमायुं के मुल्क में या दिगर मुल्क में तशरीफ ले जाईअे क्युं के अब आपका यहां रेहना मुनासिब नहीं. तब आपने उस जा ये बैत पळ्ही के अल मराओ मआ और आपने फरमाया के ये फरमान हे रब्बे आला के

माला माली फकराओ अयाली याने मुल्क हक हे मुल्क फुकरा और मिला शाहों को फुकरा से, फकीरों की झबां में ये ताकत हे जिसे चाहें बिठाअें और जिसे चाहें उठाअें और हमारे हाथों में ताकत हे और जिसे चाहें शहेर दें या तबाही और तू अब ईन्तेजार कर के अब तेरे सामने शेर आता हे वो तुजे बलामें डालेगा और तू आराम भी नहीं पायेगा, तुने मेरे सोजे जिगर को जलाया है. ईस लिये तुजे भगाने को शेर आया हे. और उसके डरसे भागा जावे और मौत के लिअे गोता मारे, हमने दुआओं से तुजे पाला था ईस लिये तू अब कांटे की तरह देखता हे तो देख, अब ईस दरख्तकी जळ उखाड कर उसे दरिया के बीचमें डालता हुं. अल गरझ ईस शान के साथ आप अपने मकान की तरफ रवाना हुअे.

गुजरातकी हुकुमत हुमायु और मुगलोके नाम करना

लिखखा है कि थोडी मुद्दत के बाद जब मुकाम मंदशोर के करीब पळा था वहां लश्कर के साथ में पळा था. उस वक्त हुमायु बादशाह वहां आया तो बहादुरशाह वहां से भागकर अहेमदआबाद आया तो फिर हुमायु वहां आकर तख्त पर बेठा और नव महिना और पंदरा रोझ तख्त पर बेठा रहा. फिर अकबराबाद के लिये रवाना हो गया. फिर बहादुरशाह गुजरात में छुपता फिरता रहा. आखिर थक कर दीव बंदर पर जाकर कश्ती पे सवार होकर फिरंगीयों के हाथ दरिया में मार गया.

दख्खन (साउथ इन्डिया) के दो ब्रह्मन को औलादके लिये लुकमा देना...

हझरत चांद महंमद रहमतुल्लाह अलयह फरमाते हैं के दख्खन शहेर की रहेनेवाली दो झईफा बरहेमनझादियां हझरत के औसाफ सुनकर बीरपुर हझरत की खिदमत में हाजिर हो कर अर्झ करने लगीं के हम दोनों बे औलाद हैं और हमको ख्वैश और गैर ताना देते हैं और बांझ कहेकर हेरान करते हैं तो हम आपके नाम की शोहरत सुनकर आपकी दुआ लेने के लिअे आई हैं. उस वक्त आप अपने मुंह में कोई चीझ डालकर चबा रहे थे. उस में से आपने ईन दोनों औरतों को अेक अेक लुकमा बनाकर दिया.

उनमें से अेकने तो फौरन लुकमा खा लिया मगर दूसरीने खाने में शक ला कर खाया नहीं और दूसरी से केहने लगी के तू बराहमन झादी होकर हझरत का दिया हुवा लुकमा खाई है और उसने जो लुकमा उसे दिया था वो लुकमा अेक जगह पर झमीन में दफन कर दिया और वो दोनों अपने वतन को रवाना हो गईं. जो अकीदतमंद थी और उसने लुकमा खाया था तो उसे हमल रहा और नव महिने पूरे हुवे तो उसको लळका पयदा हुवा और लळका अेक साल का हुवा तो वो आपकी खिदमत में हाजिर हुई और नझर जो लाई थी आपके सामने हाजिर की और दूसरी वोह औरत जिसने लुकमा नहीं खाया था वो भी साथ में हाजिर हुई थी. उस वक्त वहां हझरतने उसको कहा, क्या तेरे लिये मैंने दुआ नहीं की थी या तूने उस लुकमे को नहीं खाया और कहीं फेंक दिया था? तो उसने आपको जवाब दिया, हझरत ! मेरी गलती हुई और मेरे दिल में शक पयदा होनेसे वो लुकमा छुपाकर गुझरगाह में दफना दिया था, तो आपने फरमाया, तुने जहां वो लुकमा दफन किया था वहां तलाश करके यहां लाज तो वो उस जगाह दोळी जहां लुकमा दफनाया था. वहां जाकर जमीन खोदी तो उसने चीडीयासा लडका पाया मगर वो बे-जान था ईन्सान की शक्ल में तो वो वहां से उठा लाई और हझरत के आगे रखखा. तब आपने फरमाया, के ये लुकमा है उसे खा ले तो छे महिने में तुझे लडका पयदा होगा. खुदा की महेरबानी से मेरी दुआओं से लडका पेदा होगा मगर तेरे लिये बहेतर येही हे के तेरी रुस्वाई दुनिया में ना हो. फिर वो अपने वतन दखखन की तरफ रवाना हुई और छे महिने बाद उसे लडका पैदा हुवा.

पानीका फटा हुवा मट्टी का मटका दुबारा बना देना

हझरत वजीहुद्दीन अलर शाह नकल करते हैं के चांपानेर पहाड के नीचे अेक कूवा है वहां आपकी मुरीदा रहेती थी. वो गरीब महेनत मझदुरी करती और अपना गुझारा करती थी. वोह अेक झईफा के वहां पानी लाकर उसको देती थी. अेक रोझ का मोका हुवा के वो बेचारी कुवे पर पानी भरने को गई और पानी भरकर वापस हुई तो कूवे के करीब पानी ढुलता था ईस लिये वहां कीचळ हुवा था और वो पानी का मटका लेकर वहां से गुझरी तो उसका पांउ फिसला तो उसके सर पर पानी का

भरा हुवा मटका था वो गिरकर फूट गया तो वो बेचारी उस बुढी मालकन के डर से रोने लगी. ईस बात की खबर हझरत दरियाई दुल्हा महमूदमहेबूबुल्लाह रहमतुल्लाह अलयह को हुई तो आपने उस पर महेरबानी फरमाकर खादिम को भेजकर उसको पैसा भेजे के ईन पेसों से नया मटका खरीदकर पानी भरकर लेजा. मगर उस गरीब बाईने ईनकार किया के अगर मैं नये बरतनमें पानी भरकर जाऊँगी तो वो मुझ पर बोहतान बांधेगी और भला बुरा केहकर मुजे परेशान करेगी. अेसा केहकर वो झारझार रोने लगी और केहने लगी के मेरा टुटा हुवा घळा दुरस्त करवा दो तो आपकी बडी महेरबानी होगी. ये सुनकर खादिम हझरत की खिदमत में हाजिर हुवा और पूरा वाकेआ बयान किया तो आपने फरमाया, वो रंजीदा औरत से केह दे के वो घळा (मटका) के टुकळे लेकर चली आये. तब खादिमने उस औरतसे कहा तो वो सब के सब टुकळे ईकठ्ठा करके हझरत की खिदमत में हाजिर हुई तो आपने उन टुटे हुवे बरतन के टुकडों पर हाथ रखकर कुलनकसा और कुल यवमा फीशान पळहे और वो बरतन दुरुस्त कर दिया और कहा के खुशीसे लेकर जा. ये रिवायत वजीहुद्दीन बयान करते हैं के ये करामत मैंने अपनी आंखोंसे देखी हे. उस वक्त ईमामुद्दीन भी हाजिर थे.

ख्वाजा महमूद महेबूबुल्लाह दरियाइ का अपने दामाद अब्दुलरझझाक को सुपारी का टुकडा देना...

हझरत अब्दुलरझ्झाक रहमतुल्लाह अलयह बयान करते हैं के रमझानुल मुबारक की छब्बीसमी तारीख थी और असर का वक्त था उस वक्त मंय हझरत की खिदमत में गया और रोझा ईफतार करने के बाद आप मुझे सुपारी देने लगे और कंई बार आपने आपके मुंहमें डालकर सुपारी मुझे दी और मैंने उसे खाई तो आपने फरमाया के ये जिगरी तुम खुश्ईलहानी से सुनाओ ताके मैं सुनुं खुशहाली से.

जिगरी गुफ्त महमूद महेबूबुल्लाह (रहमतुल्लाह अलयह)
मीत सलुना में पाया, जिसका था मुझे हावा
सखी समानी बचे हुं, रानी मलमल करुं बधावा

पर थी सारी जिसको हांडी, कहीं खोज न पाया
अवमत मेरी मनचत नाहीं, सो घर बैठे आया
प्यार किया मुझ महुत चढाई, तेयह लागा ईत मीठा
हाथ मुंह देकर सबको सहीया, जब ओ मीठा दीठा
शेह मेरा तब पास न छोरी, तल तल हंस कंठा लावे
महमूद मन में भी राखे, सहाग अनंग नमावे.

हझरतने असर की नमाझ पळही और जब आपने दाअें तरफ सलाम फेरा तो आप फरमाते हैं के मैंने तखते नबुव्वत देखा और जब बांअे तरफ सलाम फेरा तो मैंने सरकारे दोआलम सल्लल्लाहो अलयहे वसल्लमको देखा और मगरिब की नमाझ हुझूर सल्लल्लाहो अलयहे वसल्लम के साथ में पळही तो फरमाया ये घर हमारा बेशुबाह शक रहे तुम्हारी ये मुबारक रात शबे कद्र है. और निहायत पुर सुरुर मकबूल है. और हझरत अब्दुलरइझाक रहमतुल्लाह अलयह केहने लगे, आपके केहने से मैं अपने मकान पर नहीं गया और दूसरे रोझ आपने मुझे मकानपे जाने की ईजाझत दी और मैं अपने मकान पर गया और रात को बाद नमाज तरावीह और ईशा पळहकर फारिग होकर कुछ वझाईफ पळहकर फारिग होकर सोया तो ख्वाबमैं अेक रुहे मुजस्सम रास्तेमें जाते हुअे देखा और उनमेंसे किसीने कहा के ये शफीउल मुझनबीं सल्लल्लाहो अलयहे वसल्लमकी रुहे तैयेबा ताहेरा हय, मैं खैरुलवरा की नझदीक गया और खिदमते आलीमें जा कर अर्झ की के ये खबर आपसे हैं या कोई गैर से हैं ? हयाती लकुम रहमते व ममाती लकुम रहेमतुम.

हझरतने फरमाया के ये गलत नहीं, ये मेरा फरमान है. जब मैं बेदार हुवा तो ये पळह लिया, या अलतो या अलसतो. मैंने जाकर मुखबिरों से ये पूछा और ईस्लामखान को भी ख्वाब में सरकारे मदीना का दीदार हुवा तो उनसे पूछा के ये बात सच है ? तुमने आज ख्वाबमें क्या देखा हे तो वो बोले के मेरे ख्वाबमें खैरुल वराको देखा हे और मैंने गुफतेगु की और आपके फरमानसे मैंने कुरआन शरीफ का दूसरा पारा पळहा तो आपने फरमाया, ईसे बार बार पळहीयेगा और जब तक मुरशिदसे न देखें वहां तक दूर तालिब की न हो और पीरसे कुछ तलाश करे ताके यकीन आ जाअे.

हिन्दुस्तान के मशहरो मारुफ वली-अे कामील हजरत सैयद शाह मीरां सैयदअली दातार के पीरो मुर्शीद हजरत ख्वाजा महमूद दरियाइ दुल्हा से शहादत अता करना और मान्डु (मध्यप्रदेश) का किला फतेह होना....

न-क-लस्त के चूं सुलतान मुजफफर रहमतुल्लाहे अलैहे वालीअे मुल्के गुजरात बराअे फत्हो हिशारे शादियाबाद उर्फ मांडूगढ अजम नमूद व दर महमूदनगर उर्फ बीरपूर व खिदमते फैजे दरजत पीरे खीद हजरत महबूबुल्लाह आमदह कदमबोस शुद । दर आं लश्करे जफर-पैकर मुजफफरशाह जनाब सैयदुस्सादात शाह सैयद डोसनमियां साहब बाशिन्दअे नहरवाला उर्फ पट्टन, खलीफ-अे हजरत महबूबुल्लाह सूबा पानसद सवारां बुदन्द, खल्फे अशरफे इशां मस्उदे अजली व मकबूले लम-य-ज-ली ब-उम्रे दवाजदेह साले हमराहे खिदर बुदन्द, दर खानअे खुद ब पट्टन बुदन्द, फौजे सुलतानी ब बिस्यार जां-फशानी जंगी दन्द, अम्मा किल्अहअे मांडू मफतुह न गर्दीद । बर्दीमुजब सुल्तान मुनजजेमां रा पुरसिद के, चे सबब अस्त के किल्अह फत्ह नमी गर्दद ? हमा रम्माल व रह्हाल ब किताबे रमले खुद तलाश नमूदा, गुफतन्द के, शख्से नेक रविशे मुसम्मा ब सैयदअली कोदके वली हस्त, अगर उ रा ब तल्बीदह के फत्हे इं हेशार ब नामे आं सआदत अेसास्त । फिलफौर, सुल्ताने आलीशान शख्से मुय्तबरे रा अज मुलाजेमान बराअे तलबे सैयदअली साहब ब फरस्ताद । आं हजरत ब हुकमे रब्बुल इजजत आमदाहब सुलतान मुलाकी शुदन्द, वकती के अज पट्टन राही शुदन्द । दर अस्नाअे राह ब करिया उन्हावा मकाम नमूदा, आं जा रा पसंद फर्मूदा व कब्रे खुद कंदायीन्दह पुर अज गल्लअे गन्दुम कुनायीन्दाह बुदन्द । ब मुजर्रद दर आमदने अज खाना बरोज पंजशब्मा, ब वकते जोहर ब खिदमते महबूबुल्लाह (ख्वाजा मियां महमूद दरियाइ) हाजिर शुदन्द व आं हजरत आं ममां आबदस्त मीफर मुदन्द, पिदरे इशां जनाब सैयद डोसनसाहब अर्जन मुदन्द, या पीर दस्तगीर । दरबारे इं कोदके सगीर चीजे दुआ कुनैद । ब कोदक फर्मूदन्द, अय जानेमन ! आं चे मतलब तू बाशद ब तलब । अर्ज नमूद, या पीर ! मोरा शहादत बायद । फर्मूदन्द,इं म ख्वाह के तूहनूज कोदक हस्ती । अर्ज कर्द, या पीर । दिलम रागिबे शहादत अस्त । फर्मूदन्द, खैर, तोरा फर्दा शहादत ख्वाहद शुद । इं फर्मूदा, सेह कत्रअे आबे वुजू ब ऊ दादन्द, ब नौशानी दन्द व फर्मूदन्द के, मा तोरा मर्तबअे शहादत दादैम व हर जा के लाशअे तू रफता काइ मशवद, आं जा मजारे तू ख्वाहद शुद । अल-किस्सा, अलस्सबाह बरोजे आदीना किल्अह मफतुह गर्दीद व मीरां

सैयदअलीसाहब शहीदे अकबर शुदन्द, पस सुल्ताने आलीशान लाशा मुबारके सैयदजादा रा ब अेजाजे तमाम व अेहतेरामे ताम्मा, ब उन्हावा फरस्ताद व दुख्तरे नेक अख्तर सैयदी के नाम-जद ब सैयदजादा बूद दर अैन वकते शहादते शौहरे खुद जान ब-हकके तस्लीम नमूद। हर दू रा ब कर्याअे मजकूरा (उनावा) मदफुन साख्तन्द व आं सैयदजादा रा दर मजारे के खुद कन्दायीन्दा पुर अज गन्दुम कुन्दायीन्दा बुदन्द ब-गार निहादन्द। इं चुनी तसर्रुफ महबूबुल्लाह ता कियामे कियामत जारी अस्त। (ब-हवाला : तोहफतुल कारी कलमी पेज-204-205)

रिवायत लीखते है की जब गुजरात के बादशाह सुलतान मुजफफरशाह हलीम रहमतुल्ला अलयहे ने शादीवाबाद उर्फ मांडुगढ का किल्ला जीतनेका इरादा किया तब उन्होने महमूदनगर उर्फ बीरपुरमें अपने पीरो मुर्शद, फैझे करम के दरिया हजरत ख्वाजा महमूद दरियाइ दुल्हा रहमतुल्लाह अलयहे की खिदमत में हाजीर हुअे और कदम बोसी की। फिर बादशाह मुजफफरशाह के सिपेसालार हजरत सैयद शाह डोसन (डोसुमीयां) साहब नहरवाला उर्फ पट्टन के बासींदे थे वो हजरत सैयद मीरा सैयद अली दातार के वालिद थे और हजरत ख्वाजा महमूद दरियाइ दुल्हा रहमतुल्लाह अलयहे के खलीफा थे वह 500 घोडेसवारो के सिपेसालार थे। उन्के नेक शेहजादे सैयदअली जीन्की उम्र तकरीबन 12 साल की थी वह अपने वालिदे गिरामी के साथ नहीं थे बल्की वह अपने घर पट्टन में ही थे। सुल्तान का लश्कर बडी बहादुरी से जंग खेली मगर मांडुगढ का किल्ला फतह नहीं हुवा। सुल्तान मुजफफरशाहने नजूमीओने पूछा किल्ला फतह न होने की वजह कया है तब उन्होने सारी किताबे देखने के बाद बताया की एक नेक इन्सान जीनका नाम सैयदअली है उन्की उम्र बहोत कम है लेकीन वह पैदाइशी वली है और यह किल्ला फतह होना उन्ही के नाम लीखा हुवा है। तब सुलतानने फौरन सैयद मीरां सैयदअली दातार रहमतुल्लाह अलयहे को बाइजजत बुलाअे और अल्लाह के हुकमसे मीरा दातार रहमतुल्लाह अलयहे घरसे रवाना हुअे और पट्टन की और निकले रास्तेमें उनावा गांव आया वहीं कयाम किया और वह जगह आपने बहुत पसंद आइ और वही जगह पर अपनी कब्र अनवर खुदवाइ और उसमें गेहूंसे भर दी। आप घरसे निकलने के बाद अपने पीरो मुर्शद ख्वाजा दरियाइ दुल्हा रहमतुल्लाह अलयहे की खिदमतमें जुमेरात को जोहरके वकतमें हाजीर हुअे तब आप वजू फरमा रहे थे। हजरत सैयद मीरा सैयद अली दातार के वालिदे गीरामी जनाब सैयद डोसन साहबने अज्र की हे पीर दस्तगीर। यह मेरे छोटे बच्चे के लीये दुआ फरमा दो। तब सरकार ख्वाजा दरियाइ दुल्हा

रहमतुल्लाह अलयहेने फरमाया के हे अजीज फरजंद जो चाहो वो मांगो । तब सैयद मीरा दातार रहमतुल्लाह अलयहेने कहा, या पीरो मुर्शद मुजे आपकी दुआसे शहादत चाहिये । यह सुनकर हजरत ख्वाजा दरियाइ दुल्हा रहमतुल्लाह अलयहे ने फरमाया के बेटा सैयद मीरा अभी तुम बहोत छोटे हो और तुम्हारी उम्र अभी शहादतकी नहीं है तो तुम ऐसी चिज मत मांगो । लेकीन उस वकत हजरत सैयद अली दातारने कहा गुजारीश की, या हुजूर मेरा दिल तो सिर्फ शहादत ही चाहता है । तब हजरत सरकार दरियाइ दुल्हा रहमतुल्लाह अलयहे ने फरमाया के ठीक है तो तुम्हे कल यानी जुम्आ के रोज तुम्हे शहादत नसीब होगी । और जीस जगह तुम्हारा जनाजा रुक जाओ उसी जगह आपका मजारे अनवर बनेगा । तो कहनेका मतलब यह की जुम्आके रोज मांडुगढ का किला फतह हुआ और हजरत सैयद मीरा सैयदअली रहमतुल्लाह अलयहे शहिदे अकबर हुअे । इस्लामी जंगमें शहादत और वह भी जुम्आ के रोज मीली इसी वजहसे शहीदे अकबर कहे गये । शाह मुजफफरशाहने हजरत सैयद मीरा सैयदअली रहमतुल्लाह अलयहेकी जनाजा को पुरा अदबो अयाल और ताजीम के साथ उनावा गांव भेजी । तो उस वकत आपकी मंगेतर यानी जीसके साथ आपकी शादी होने वाली थी वह पाकीजा सैयदा तैयबा ताहेरा भी अल्लाहके हुकमसे इस दुन्यासे कुच फरमा गये और इन दोनो को गांव उनावा में ही दफन कीये गये और जीस कब्रमें हजरत मीरा सैयदअली रहमतुल्लाह अलयहेने गेहूं भरे थे उसी कब्र मुबारकमें उन्हे सूपूर्दे खार्क किये गये ।

हजरत महबूबुल्लाह ख्वाजा महमूदशाह दरियाइ दुल्हा अलयहिर्रहमा का तसव्वुर, इख्तियार, फैजान, करामात और मकबूलियत आज भी जारी है और कयामत तक जारी रहेगा इन्शाअल्लाह सुब्हानल्लाह !

हजरत सैयद मीरां अली दातार रहमतुल्लाह अलयहे के दादा गुजरात के दरमियानी दोरमें आये थे । 830 हि.स. 1426 इ.स. में आये । अहमदआबादमें सुलतान अहमदशाह बादशाह इ.स.1411 से 1442 में दरबारमें आकर गुजरातमें रहेनेकी परवानगी मांगी थी । अहमदशा बादशाहने आपको इजजतसे बुलाया और लश्करमें सिपेसालार बनाया । अहमदशा बादशाहने सैयद इल्मुद्दीनसे कहा घोडे सवारो को लेकर लीलापुर गांव जाव । पट्टन नगर के भील और डाकुओके केर त्राससे अवामको (लोगोको) बचाओ । हिजरी सन 880 इ.स.1475 में इल्मुद्दीनने राजा मेवास के साथ जंग की भीलो और डाकुओके जुल्ममें अवाम (प्रजा) को बचाया । हजरत सैयद अलीके वालिदका नाम दोस्त मोहम्मद (डोसुमीयां) था । वालिदाका नाम आयेशाबीबी था । आपका खानदान सनुसीडोल में रहेता था वहां से कडा मानेकपुर जुनेमें आये वहां से गुजरात आये

। आपकी सैयद अली दातार रहमतुल्लाह अलयहे की पैदाइश 29 रमजान 876 ही.स. और इ.स.1474 जुमेरात के दिन वफात मु.चांद 29 मोहर्रम हि.स.898 इ.स.1492 मु.मान्डु(मध्य प्रदेश) में शहीद हुवे दफन मु.उनावा, ता.जी.महेसाणा । ख्वाजा दरियाइ की पेदाइश के तीन साल बाद पेदा हुअे 22 सालकी उम्र पाइ थी । उस वकत ख्वाजा महमूद दरियाइ रहमतुल्लाह अलयहे की 25 सालकी उम्र थी ।

ख्वाजा महमूद महेबूबुल्लाह दरियाइ दुल्हा और जोगी बालनाथ जादुगर की मुलाकात...

हझरते अब्दुलरझ्झाक रहमतुल्लाह अलयहे जो हझरत के दामाद थे वो हिकायत बयान करते हैं के अेक राहिब बालनाथ जादुगर था उसके पास चारसो चेले थे और वो भी जादुगरी के फन में हुशयार थे उस जोगी की उम्र चारसो साल की थी और वो हझरत महमूदमहेबूबुल्लाह रहमतुल्लाह अलयह की खिदमत में हाझिर हुवा और अेक हिन्दी दोहरा आपको सुनाया वो ये हे.

दोहरा

जब हम तुमसे बिछडे, दुखी हुवे मन माह....
हम तो तुमको सवरते, तुम जानते के नाह...

जवाब दोहरा

जब तुम हमको सवरते, हम होते तुम पास....
कुनजी केरी बीजहबी...मन में करो ब मास...

आपने कहा के तुजे ये भी याद हे के हमने तुजे गम से आझाद किया और हम तुजे लंका में मिले थे और कंई दिन तक हम साथ में रहे थे. तु अेक औरत पे आशिक था और उसके खावींदने तुजको कतल करने का ईरादा किया था उस वक्त हमने तुजे बचाया था ? ये सुनकर वो गभरा गया और अर्झ की आपको आप पानी के किनारे चलें तो मैं आपको जादु बताउं याने उस पानी पे चलें तो हम आपको दिखाअें. तो आप उसकी बात पर पानी के किनारे चले वहां अेक पीपल का दरख्त था वहां आप और जोगी साअेमें बेठे, जोगी फख्र से पानी पे चला तो उसके टखनों तक पानी आया. साथ में हझरत निझामुद्दीन थे, उनको कहा, आप पानी पर चलीये, आप उस

पानी पे तीन बार चलकर पार उतरे, ये देखकर वो शरमाया, दिल में परेशान हुवा, फिक्र करने लगा और जब जेब से अेक रुमाल निकाला और केहने लगा के ईसमें अैसी खूबी हे के ईस में कोई चीझ रख दुं तो वो दस मन वझन की बन जाये, ये चीझ आप गरीबों को खिलाना, आपके पास हो तो उसे झाहिर करो, ये सुनकर आपने उसे महोब्बतसे जवाब दिया के ये बकवास बेकार दर्दे सर की हे, ये अकसीर बेसुद हे. मगर अकसीर अेसी पेदा कर के झबान से निकलते ही पथ्थर और मिट्टी भी सोना बन जाये और कहा कल्मा पळह के तेरा दिलो दिमाग दुरस्त हो जाये, ये केहकर आपने पीपल के दरख्त को कहा अय दरख्त ! सोनेका बन जा,ये आपके फरमाते ही पीपलका दरख्त सोनेका हो गया और फिर आपने फरमाया के अब तू असली शक्ल का हो जा तो वो फोरन असली सुरत में हो गया. ये देखकर जोगी परेशान हो गया. उस वक्त हझरतने वो अकसीर का रुमाल पानी में डाल दिया, ये देखकर जोगी गझबनाक और लाचार होकर कहेने लगा के आप महेबूबे रब हो और कलंदर हो, आप शजर को और खाक को सोना बना देते हो मगर मैंने तो बळी महेनत से रुमाल (अकसीर) कमाया था वो आपने पानीमें डूबो दिया, मेरी बहोत साल की महेनत खो गई और जो अल्लाह के वली हैं वोह गरीबों को और मोहताजों को झरर नहीं पहोंचाते. ये सुनकर हझरत खुश हुवे और आपके कदमों के नीचे की खाक उठाकर उसको महेरबान होकर दी और फरमाया के ये मेरे पेरों के नीचे की खाक को तेरा जी चाहे वहां आझमा, ये तेरी अकसीर से भी बहोत बहेतर है तू उसे आझमा, कुछ पैसों को लाकर गरम करके गलाकर ईस खाक को उसमें जोगीने डाला तो वो तला (सोना) हो गया. ये करामत देखी तो वो अपने कुफ्र से बेझार हुवा और वो ईमान लाया. झबान से कल्मा पळहकर दिल से ईमान लाया और कहेने लगा, हक तआला मौजुद है और मोहंमद सल्लल्लाहो अलयहे वसल्लम बरहक नबी हैं. फिर हझरतने उसे मुरीद बनाया और प्रेमगली (कोहेअलत) रहेने की ईजाझत दी और उसकी उम्र दराझी के लिये दुआ दी, करामत से उसे नवाझा और कहेते हैं के जोगी बालनाथ अब तक जिंदा हैं. कुरआन मजीद में ये आयत है के खुदा जिसको चाहे हिदायत दे और जिसे चाहे उसे गुमराह करे, आयते कुरआनी फला मुदिल्लल व मंय युद-लिल-हो. फला हादिया लह.

असर हजरत शाहेआलम व हजरत महमूद महेबुबूल्लाह दरियाइ दुल्हा की दुआ का असर जो कामीयाब है

गुजरात के बादशाह मुझफ्फर के दो फरझंद थे. सिकंदरशा की वालेदा भूज के राजा की लडकी थी. और वो हझरत शाहेआलम रहमतुल्लाह अलयहकी मुरीदा थी. और चितोड के राजा की लडकी से बहादुरशाह पयदा हुवा था. उसकी मां हझरत खवाजा महमूद दरियाई रहमतुल्लाह अलयह की मुरीदा थी और उससे आप राझी थे. आपने अेक रोझ फरमाया, हमने बहादुर शाह हो गुजरात की हुकुमत दी और हझरत शाहेआलम रहमतुल्लाह अलयहने सिकंदर की अम्मा को फरमाया, हमने गुजरात की हुकुमत सिकंदर शाह को दी हय. अमरे ईलाही से मुझफ्फर शाह का ईन्तेकाल हो गया. खुदा उस पर रहेमतें नाजिल करे, आमीन.

मुजफफरशाह के इन्तेकाल के बाद

मुझफ्फरशाह के ईन्तेकाल के बाद सब वझीर ईकट्ठा हुवे और मश्वरा किया के बहादुरशाह को मार डालें और सिकंदर शाह को तख्तनशीन करें. ये खबर सुनकर बहादुरशाह भागकर उस के मामुं के घर चितोड के राना को जाकर सब हकीकत सुनाई. खादिमों से कहा के अगर खवाजा सैयदना महमूद रहमतुल्लाह अलयह आयें तो मुजे खबर देना क्युं के आपसे मिलने की मेरी तमन्ना हे. जब हझरत का अेक रोझ बराअे फातेहा वहां पर आना हुवा. आपके आनेकी खबर राना को हुई और आपसे मिलकर राना की आंखें बहेने लगी तो आपने फरमाया, आंसु न बहा, जो खुदा को मंझुर होता हे वही होता हे. तब रानाने जवाब दिया के मुझफ्फर के मरनेका गम नहीं मगर शाहजादे की जुदाई का मुजे गम हे. उसको देखने की आरझु हे तो हझरतने फरमाया, आंखें बंद कर, शाहझादे को देख ले. जब रानाने आंखें बंद कर के खोली, तो अपने आपको चितोड में अपने बापके बगीचे में शाहझादे को देखा वो आईने के सामने खळा था. उस वक्त कहा, अय शहेझादअे जहांगीर! और झरा पीछे नझर की तो वालेदा को देखकर हेरान हुवा. अलगरझ मादर से मिलाकर महेबूबे खुदा से मुशर्रफ हुवे और शुक्र बजा लाअे, उस वक्त हझरतने कहा के तेरा मुकद्दर बुलंद हे. तू गुजरात का हाकिम होगा और राना से फरमाया, आंख खोल दे तो देखा

के वहां न चितोड हे न बगीचा और न कूवा तो ताअज्जुब करके रझा लेकर राना घरकी तरफ रवाना हुवा तो कनीझों ने राना से कहा, क्युं ईतनी ताकीद है? और हजरत खवाजा दरियाई सरकारसे क्युं अपना मतलब ब्यान नहीं किया, तो वो बोला के फकीरों से क्या हो सकता हे ? ये कहेकर मकान में आराम के लिये गया बहादुरशाह के भाग जाने के अव्वल लश्कर लेकर अहेमदनगर से लश्करे जर्रार लेकर मुसलमानों को हेरान करके वहां से मुसलमान की लळकीयों को गिरफतार करके उनको नाचगाने सीखानेकी तालीम दी. और जब नाचने गानेमें होंशियार हो गईं तो राजा के सामने दरबार में लाई गई और नाच गाना शुरु हुवा. उस वक्त बहादुरशाह दरबार में हाजिर था और राजा का छोटा लळका भी वहां हाजिर था, अचानक उसके मुंहसे अेसा सुखन निकला....

शेर

मुसलमानों की क्या औरतां हैं खुब
बजाने नाचने गाने में मशहुर
अजब यक तोर से बतलावे भावे...
दिलों को नाच नखरा से लुभावे....

बहादुरशाह को इब्रत हुई

ये सुनकर बहादुरशाह को ईबरत हुई और तलवार को मियान से निकालकर उस मगरुर के सर पर अैसा वार मारा के उसका सर गरदन से अलग हो गया. उस वक्त उसकी मां भी वहां हाजिर थी, सोचकर केहने लगी के शेर बहादुरने गझबका बदला लिया. अगर ईस वक्त मैं कुछ कहुं तो मेरा खाविंद भी कत्ल हो जाअेगा. ये सोचकर रानीने सिपाहीयोंसे मुखातिब होकर कहा के तुम बहादुर से जंग न करना, लळका तो मेरा मरा हे, और ये भी तो मेरा फरझंद हे. कुंवरने गुस्ताखी की उसकी सझा उसको मिल गई और रानीने बहादुर शाहसे कहा, अगर तुमको गुजरात की हुकुमत मिल गई तो मुजे क्या ईनाम दोगे? तो वो बोले के अव्वल तो चितोड को जीतकर राना को हराकर यहां की हुकुमत तुम्हारे हवाले करुंगा. ये गुफतगु हो रही थी के गुजरात के वझीर का खत लेकर कासिद हाजिर हुवा, उस में लिखा था के तुमको

गुजरातका बादशाह बनाया जाता हे क्युं के गुजरात में सिकंदर शाह को कंई सरदारोंने मिल कर कत्ल कर दिया था, ईस बात पर बहादुरशाह को भी ये गुमान हुवा और वो हझरत महमूद दरियाई रहमतुल्लाह अलयह की खिदमत में हाजिर हुवा और अर्झ की के आप मेरी मदद करो. और आपके साहबझादा हझरत जमाल मुहंमद साहब को मेरी मदद के लिये भेजो ताके मैं चितोड पर सवारी करुं. तो हझरतने रजा दी और बहादुर शाहने चितोड पर हल्ला पुकार दिया. और जंग हुई मगर फतेहयाबी हुई नहीं. तब हझरत जमाल मुहंमद साहबने दोहरा लिखकर वालिद साहबकी खिदमत में रवाना किया.

दोहरा

मान सरोवर वरसे के पुर साजन वरसे नीर
वे कोरुं कायर बहा सो कायर पानी मांह...

ये दोहरा पळहकर हझरत खवाजा महमूद रहमतुल्लाह अलयहने जवाब दिया

जवाबे दोहरा

पानी पहेलां मोजळा ते कायर केरा काम
के लळने से भागे हारने हीश हाम
लडाई सुन चितोड की सो सोरुं बचा जाउ....
कायर कंपे ने थर थरे अलसु उठे ना पाय....

रानी को उदेपुर की गादी सोंपना

जब हझरत जमाल मोहंमद साहबने आपके वालिद साहब की तरफ से दोहरेका जवाब सुना तो आपने फिर आपके बळे भाई हझरते लाडमोहंमद रहमतुल्लाह अलयह को अेक खत लिखकर हवा में डाल दिया तो वो खत बीरपुर आया और आपकी वालेदा साहेबा ने फरमाया के मेरे लखते जिगर जमाल मोहंमद की खुश्बु आ रही हे. ईतने में वो खत हवा में से गिरा, वो खत लाड मोहंमद साहबने पळहा तो आप उसी वक्त तैयार होकर चितोड रवाना हुवे. और उसी रोझ चितोड फतेह हुवा और रानाको पकळकर केद करके रानी को उदेपुर की गादी सोंपी और अपना वादा पूरा करके बहादुरशाह अहमदआबाद वापस आया.

प्रेमगली (कोहे अलत) पहाड की गुफा की गारमें अल्लाह त्आलाको याद करना व कइ सालके रोजे रखना

अेक रोझ हझरत खवाजा महमूद रहमतुल्लाह अलयह अपने चाहनेवाले मोतकिदों की महेफिल में बेठ कर झिक्रे ईलाही कर रहे थे और आपने जनाबे बारी में अर्झ की के परवरदिगार ! मुजे कोई तनहाई में रेहकर तेरी ईबादत का मौका अता फरमा, मैं तने तनहा तेरी ईबादत में मशगुल होकर तेरी ईबादत करता रहुं, उसी वक्त आपने ये जीगरी कही.

कलामे जिगरी

तू क्या जाने प्रेम कहानी, तुज तन लोहु हो टेळा पानी
ते जीव अपना आल गंवाया, धोकर हाथ न उस मन लाया
ना तुझे बात प्रेम की बीते, नाते प्रीत सवरकर लीती
बिरहा आई ना तन डहीया, करवत धावन तें सर सैया
अेक तल नेयनुं नीधन खोअे, ओगुन अपने सवरने रोअे
झाहन ना तेरे को दवन लागा, जो जल डुंगर कडकने भागा
आंचने तेरे को बन सुखा, तुजे तन मास न जलकर भागा
काझी महंमद तन अल्लाह प्यारा, बीनो महमूदखास तिहारा
गुन हो लु भाने अनवर, कुछ बुजीह प्रेम कहानी

महबूबुल्लाह खिताब - अल्लाह तआलाकी जानिबसे हजरत महमूद दरियाइ दुल्हा को महबूबुल्लाह का खिताब मिलना

ये जिगरी केहकर आप हझरत महमूद दरियाई रहमतुल्लाह अलयह पहाड के अंदर जाकर मौलाकी ईबादत करने लगे. और महिने के बाद रोझा इफ्तार फरमाते, उस वक्त आप अेक खजूर खा लेते थे. रोझ हररोझ अेक कतरा पानी से रोझा ईफतार करते थे. ईस तरह सात माह पूरे किये मगर आपके दिल को फिर भी करार न आया तो आपने छे महिने का चिल्लाह किया तो आप हररोज अेक कतरा पानी से रोझा ईफतार करते और हर छे माह को अेक खजूर से रोझा ईफतार करते फिर भी आपके

दिल को करार न हुवा तो आपने अेक सालका चिल्ला किया, अेक वक्त अेसा आया के आपने नफस ने पानी मांगा, आपने फरमाया के तू मेरे जिस्म से बाहर आजा ताके मैं तुजे पानी पीलाउं, जब नफस आपके जिस्म से बाहर आया तो उसे पानी पिलाया और पानी पीके सयराब हुवा, फिर नफस ने कहा के मुजे आप जिस्म में आने की ईजाझत दो और गिझा खाने की रझा दो मगर आपने नफस को जिस्म में आने की रझा नहीं दी और फरमाया, तेरे ही खातिर मुजमें और मौलामें जुदाई हे, ये सुनकर नफसने बहोत आहो झारी की मगर आपने नफसको जिस्म में नहीं लिया, उस वक्त हातिफ से आई के क्या फरिश्तों के बराबर का दरजा चाहते हो या उससे झियादा क्युं के फरिश्तों में नफस नहीं, ये सुनकर हझरत गभराये और नफस को अपने हाथ से जिस्म के अंदर लिया, गरझ ईसके बाद खिताब मौलाकी जानिब से आया के आपको महेबूबुल्लाह का खिताब मौलाकी तरफ से मिला. ये सुनते ही आपने कहा, अय मौलाअे वाहिद! तेरे सिवा ईस गुफतार का कौन शाहिद हे? तो उस वक्त ईर्शादे बारी हुवा के ईस गवाही के लिये शफीउल खल्क सरकारे दोआलम रसूलुल्लाह सल्लल्लाहो अलयहे वसल्लमको आपके खुलफा के साथ में भेजे, उस वक्त आपके हमराह सब खानदानों के मशायख साथ में थे, उस वक्त हझरतने अमामा और कमीझ (पेहरन) खुदने अता फरमाया और विलायत, गौसीयत और कुत्बीयत की अता और हझरत खवाजा मुईनुद्दी अजमेरी और बदीउद्दीन मकनपुरी और जनाब हझरत मोहियुद्दीन गौषे आजम बगदादी रहमतुल्लाह अलयह गौसुल वराने अपनी तरफ से खिलाफत अता की और फिर आसमान और झमीन से भी निदा आई, महेबूबुल्लाह, उस वक्त आपने अेक जिगरी लिखी.

नात शरीफ - कलाम दर शाने
हझरत रसूलुल्लाह सल्लल्लाहो अलयहे वसल्लम

साजन आया गली हमारे, खिली मेरी दयहारे
नयन भरी भरी शरमाकर सो, पाउं तले की खिसयारे
लोग सभाया देखने आया, उगा पुनम चंदा रे

जिसने देखा उन शीश नमाया, होकर रहीयो बंदा रे
मिल सैयां रंग रेलीयां गाउ, जब शेह मंहदी लाओ रे
धुल धुल रंग सो मुज तन बेठा, देती सांई बळहा रे
जंग भाग महमूद के, सो नबी नबी महमूद पाओरे
जिसके रंगीन पे जगा रात, सो मुझ अल्लहने मिलाया रे

कलामे दिगरदर शाने रसूले अकरम सल्लल्लाहो अलयहे वसल्लम

नात शरीफ

हुई सोहागन सैयू मैं शहे जां पाया...
बळीयां कुरबानी रे जिस गलीयां आया...
चोया चंदन बासकर फिर तख्त संवारुं....
नौशाह आया चाउं कर लुं उतारुं....
नैन खोलन रैन मान शहेदीं जगाउं.....
खोले घूंघट प्यासु हम प्रेम चखाउं....
नौशाह खडा उतावला तीस न लाउं तोरे....
लोग तमाशा मिल रहा तिल पास न छोडे....
महमूद ईंछा न पोगीयां रंग सांई ने दीता....
काझी महमूद तन पीयुं मे लहीया चाहेलधा मिता

गारे प्रेमगली से बहार आना...

जब सरकारे दो-आलम सल्लल्लाहो अलयहे वसल्लम और हझरत खुल्फाओ राशेदीन रिदवानुल्लाहे तआला अलयहिम अजमईन और हझरत गौसुल आझम दस्तगीर और हझरत मोईनुद्दीन चिश्ती और बदीउद्दीन कुतबुल मदार रहमतुल्लाह अलयहे अजमईन तशरीफ गार से ले गओ, उस वक्त हझरत महमूदमहेबूबुलल्लाह रहमतुल्लाह अलयह गार से बाहर तशरीफ लाओ, उस वक्त आपके फरझनदान और ख्वेशे अकरबा सबको आपने अपने पास बिठाया.

नाइ का हजामत करने आना और वसवसा होना...

उस वक्त अेक हज्जाम आईना लेकर आपकी खिदमत में हाझिर हुवा. उस वक्त आपने फरमाया, अय हज्जाम (नाई)! मेरी हजामत कर, जब नाईने हजामत बनाना शुरु किया, उस वक्त उसके दिलमें ख्याल आया के हझरत सालभर के रोझे रखते हैं मगर आपका चहेरा मुबारक तो झाफरानी खुश्नुमा मालुम होता है !! आपको ईस बातका ईल्म हुवा के हज्जाम को वसवसा पैदा हुवा है, उस वक्त जब आपकी गरदन मुबारक की हजामत कर रहा था तो आपने अपनी गरदन हिला दी जिससे आपको कान पर झख्म लगा मगर उसमें से खून का अेक कतरा भी नहीं निकला, फक्त पानी का कतरा निकला जिस सबब हज्जाम थरथराने लगा तो आपने उसे तसल्ली दी और आपने दोहरा कहा

दोहरा गुप्त महेबूबुल्लाह

रती रगत ना नीसरे जो तन चीरे कोई
जे तन राता रब सो उस तन रगत ना होय....
उक्दा दर परदा तोरे गुप्ता महेबूबुल्लाह रहमतुल्लाह अलयह
जे बुजे ये लोकबानी को जीना नहीं
क्या क्या वाने सरभी तो मिल्या सांई....
उभरी सांई सेवतीं मे जनम गुळीयां....
नैना लोहु रोय रोय तो मीत में पाया....
आं तजामें नीरसुं तन मास न रहीया....
सेज काटुं सोये सोये यु मीत मे लीता.....
में जीवन अपना साईल को तील सुखना लहीया....
को क्या बुजे लोकडा मुझ माह जो बीता....
छोड सवारथ अपनी क्या पीयुका कीता....
महमूदअपना पीर पाया चाहेलधा मीता....

बुखारा के हाजीयोंका हजरतकी मुलाकात को आना

हझरत शाह मन्सुर रहमतुल्लाह अलयह यूं रिवायत फरमाते हैं के बुखारी शहेर के सात बाशिन्दे थे. वो हज्जे बयतुल्लाह जानेसे पहेले गुजरात में आअे और उन्होंने हझरत मियां महमूद रहमतुल्लाह अलयह के औसाफ सुने तो वो जैसा उन्होने सुना था वैसा ही बीरपुर आनेके बाद पाया और हझरत के साथ में वो पीरमगली पहाड पर हाजिर हुवे वो वहां रातको ठेहरकर शब गुझारी की और जब वक्त सुब्हा हुई तो ईरादा हज्जे बयतुल्लाह का था तो चलने का ईरादा किया और आपसे रुखसत होकर चलने लगे तो उनमेंसे अेकने हझरतकी खिदमत में रहेने को कहा, तब उन छे ईन्सानोंने उसे कहा के हम साथ में आअे हैं, तु यहां हमारा साथ छोळकर ठहर जाये ये मुनासिब नहीं हे और हम तुजे छोळ सकते नहीं. मगर उसने माना नहीं तो मजबुरन वो उसे छोळकर यहां से हझरत की ईजाझत लेकर रवाना हुवे और वो सफर करते हुवे काफी अरसे के बाद का 'बा शरीफमें पहोंच कर खानअे का 'बाका तवाफ कर रहे थे. उस वक्त यहां बीरपुर में जो बुखारे का रहेनेवाला हझरत की खिदमत में ठेहरा हुवा था उसे हझरतने पूछा, क्या तुझे हज करने की आरझु हे? तो उस वक्त उसके दिलमें हज करने की तमन्ना हुई तो आपने उसे करीब बुलाकर कहा के तू भी हज्जे बयतुल्लाह को ईन्शाअल्लाह जाअेगा और उसका हाथ पकडकर दुआ फरमाई और आंख बंधकरने के लिये कहा तो उसने आंख बंधकी तो आपने दोबारा ईरशाद फरमाया के आंखें खोल दे. जब उसने आंखें खोलीं तो उस वक्त अपने छे साथी खाने काबा का तवाफ कर रहे थे उनके साथ वो भी तवाफ में शामिल हो गया, उस वक्त उन साथीयों ने पूछा के हम तुजे परमगली के पहाड पर हझरत के पास छोळकर आअे थे, तू किस तरह यहां आ पहोंचा हैं? तो उसने कहा के ये बात हरगिझ मत पूछो मगर उन लोगोंने बहोत तकाझा किया तो आखिर मजबुर होकर कहा के मैं पहाड पर बेठा हुवा था तो उस वक्त हझरतने मुजे बुलाकर फरमाया, वो जगा पर खुशनुमा बाग था, मैं हेरान हुवा, उस बाग में कई तरहा के परिन्दे खुश ईल्हानी से चेहचहाते थे और तरहा तरहा के ईन्सान वहां मौजूद थे, और सब के सब यादे ईलाही में मस्रुफ थे, वहां अेक महेल खुशनुमा था, वहां झुला बंधा हुवा था. उसपे हझरत तशरीफ फरमा थे, वहां विर्दे ईलाही ईस तरहां से हो रहा था, लाहलाहा ईल्लल्लाह हसबी रब्बी

जल्लशाह मा फी कल्बी गैरुल्लाह, वो गौसुल खल्क उस पर कलमा बार थे, वे करते हम्द हक और नाअते सालार.

लाहलाहा ईल्लशाह मोहम्मदुर रसूलुल्लाह

जब वो हज से फारिग हुवा. तो उसने पुरा वाकेआ गुझरा हुवा सुनाता था मगर वाकेआ पुरा होने नहीं पाया था के वो गुंगा हो गया तो उसके साथी उसे हमराह लेकर हज से फारिग होने के बाद बीरपुर हाजिर हुवे और आपके मझारे अकदस पर से पानी जाम उतारके उस गुंगे को पिलाते थे, कुछ दिनों में उसका गुंगापन दुर हुवा और वो सातों ईन्सान अपने वतन की जानिब रवाना हुवे.

★★★★★

खवाजा महमूद दरियाइ रहमतुल्लाह अलयहे के चंद अश्आर

तुम्हारी फैज बख्शी से जहां आबाद या महमूद
तुम्हारी अेन लुत्फी से जहां बस शाहया महमूद
तुम्हारी जातशे हुं तालबे इमदाद या महमूद
के तुम्हो कुदवतुल अबरार ओर कुल अवताद या महमूद
तुम्हारी मदहे कीये अय मीयां जो मुजसे बन आई
हुवा आफाक में झाहीर तुम्हारा नाम दरियाई

मेरी अेक आरझु अब तुमसे हे दीलवाइ यो साहब
तमामी हश्र के आफात से छुडवाइ यो साहब
शराबे होझ कवशर पर मुझे पीलवाइ यो साहब
मुझ आशी के उपर अपनी महेर फरमाइ यो साहब
के तुमने कंइ हझारुं पर तलतफ नाम फरमाइ
हुवा आफाकमें झाहीर तुम्हारा नाम दरियाई

कुरआनकी आयतोंको आस्मानमें बताना

अेक रिवायतमें आपके तालिब इल्मी झमानेके हालात यूं लिखखे पाअे जाते हैं के हझरते महमूद आपके उस्तादे गिरामी शेख अहमद रदियल्लाहो अन्होके पास मद्रसेमें तअलीम हासिल करनेके लिये जाते थे. कभी कभी रुहानी जझबातमें आकर उस्तादको कुरआनकी आयतें आस्मानमें दिखाते. उस्ताद ये रुहानी ताकत देखकर गभराये और आपके वालिदे गेरामी के हवाले करके फरमाने लगे, सरकार ! आपके साहबझादेको पढानेकी ताकत मुजमें नहीं, ये तो कुरआन की आयतें मुझे आस्मानमें दिखाते हैं ये पढे लिखखे हैं. हझरते हमीदुद्दीनने फरमाया के ठीक है अब हमारे फरझंदको हम पढाअेंगे. इन वाकेआतके बाद हझरते हमीदुद्दीनने आपको हर तरहका इल्म सीखा कर आलिमे रब्बानी बनाया.

कुरआन के पैगाम को शेअरो शाअेरी में पेश करने की अजब लियाकत

हझरत महमूद दरियाई दूल्हा बीरपुरी रहमतुल्लाहे अलयह अल्लाह के वली, गौष, कुतुब होनेके साथ अेक अच्छे हाफिझे कुरआन भी थे. आपमें कुरआनेपाक पढने, समजने और समजाने की अजीबो, गरीब, लियाकत थी. कुरआन की आयतों के हुकमोंको अपनी महबूब झबान हिन्दीमें शेअरो शाअेरी के रुपमें अवामके सामने पेश करते थे. जिसके नमूने कुछ तोहफतुल कारी किताबमें पाअे जाते है. बतौर नमूना पेश करते है. कुरआने पाकके पेहले पारेके पेहले रुकूअकी शुरुकी ये आयते करीमा अलिफ, लाम, मिम, झालेकल किताबो ला-रय-ब फी हे-होदल्लील मुत्तकीनल्झी-न युअ-मेनून बिल गैबे व युकीमुनस्सलात ईस आयतका तरजुमा है. (अलिफ लाम मिम) ये वोह किताब है जिसमें कोई शक नहीं, हिदायत है उन परहेझगारोंके लिये जो ईमान लाअे गैबकी बातों पर और नमाझ कायम किये. इस आयतका पैगाम हझरते महमूद दरियाई अेक शेअरमें यूं पेश करते हैं,

1. सबा उठ लेजन अपने इलाह का नाउन
   पांचों वक्त नमाझ गुझारो, दाईम पढो कुरआन

तरजुमा : सुब्हमें उठ कर अपने मअबूदका नाम लो. पांचों वक्त की नमाझ पढो

और तिलावते कुरआन हमेशा करो, और आगेकी आयत है व मिम्मा रझकनाहुम युन्फेकुन, वल्झी-न युअ-मेनून बेमाउन्झे ल ईलय-क इस आयतका तरजुमा है, और वोह जो हमारी दी हुई रोझीमें से खर्च करें और ईमान लाअें, उस पर जो महबूब पर कुरआन नाझिल किया. इस आयतका पैगाम शेअरमे यूं पेश करते हैं,

2. खाओ हलाल, मुख साचा राखो दुरुस्त ईमान
   छोडो जंजाल जूठे सब, माया राखो, जो मन होवे ज्ञान

तरजुमा : हलाल रोझी खाओ, मुंहसे सच बोलो और ईमानको दुरुस्त रख्खो, दुनियाकी जूठी जंझाल छोडो, महोब्बत रख्खो अगर तुम्हारे मन में ज्ञान होवे.

हजरत ख्वाजा महमूद दरियाइ दुल्हा रहमतुल्लाह अलयहेको गैबसे काझीका लकब और मुबारकबादी

हझरत महमूद दरियाई बीरपुरी अलयहिर्रहमाह के लकबोंमें अेक लकब काझी भी है. आपको काझी लकब कैसे मिला ? इसको जाननेसे पेहले ये जानना जरूरी है के काझी कोई बिरादरी और झातका नाम नहीं है, या अटक नहीं है. बलके काझी अरबी लफ्झ है. जिसका मअना न्यायाधीश होता है ये अेक दरजा है जो न्याय करनेवालोंको मिलता है. अब हम ये जानें के हझरते महमूदको काझीका लकब कहांसे मिला अैर कब मिला ?

रिवायत है के अहमदआबाद के दो दोस्त दक्कन शहेरमें तेजारत करने के लिये साथ गये. (6) साल के कारोबारमें नफा पाअे तो इन दोनोंमें से अेकने घर आनेका इरादा किया. दूसरा अपने दोस्तको छोडनेके लिये कुछ दूर तक सफरमें आया, इस सफर के दरम्यान अेक शहीद के मझार के पास ठेहरे जहां लीमका झाड और कुंवा था. वहां ठेहरकर साथमें लाई हुई रोटी और मछली खाई. मछली के कांटोंको कुवेमे डाला और खानेसे फारिग होकर छोडने के लिये आनेवाले साथीने वापस जानेकी इजाझत चाही और कहा के भाई ! मैं वापस जाता हुं तुम जब घर पहोंचो तो ये (6) हजार रुपिये मेरे घर दे देना और मेरी खेरीयतकी खबर देना. किस्सा मुख्तसर ये के ये केहकर ये शख्स दक्कन वापस हुआ और घरवाला अहमदआबाद अपने घर पहोंच गया. जब ये घर पहुंचा तो उस दोस्त की औरत अपने शोहरकी खेरीयत मालूम

करने के लिये आई और पूछने लगी, आपके भाईकी कया खबर है? वो कहां है ? इसने जवाब दिया के मैं नहीं जानता, वोह बहोत झमानेसे मुझसे जुदा हो गये हैं. ये बुरी खबर सुनकर वोह बहोत गमगीन हुई और घर वापस आकर सब्र करते हुअे खुदाकी बारगाहमें शोहरकी खैरीयतकी दुआ करने लगी. लाचार और मजबूरीकी हालतमें खाने पीने के लिये अपना घर अेक सोदागरको बेच दिया. उस नेक सीरत सौदागरने उसी घर के अेक कमरे में रेहनेकी इजाझत दी. औरतने उस कमरेमें (6) सालका झमाना गुझार दिया (6) सालके बाद इसका शोहर दक्कनसे अपने घरमें आया, जैसे घरमें दाखिल हुआ तो घरकी बदली हुई सूरत देखकर तअज्जुबमें पड गया. शोहरने घर के अंदर जाकर घरके हालात देखना चाहा, घरमें गया तो सोदागर नझर आया. सोदागरने पेहचान लिया के यही घर मालिक है. सोदागरने उसकी बीबीको बुलाया और खबर दी के तुम्हारा शोहर आया है, औरतने अपने शोहरकी मुलाकात की और अपने कमरेमें लेकर रेहने लगी. शोहरने अपने भेजे हुवे (6) हजार रुपियोंके बारेमें औरतसे पूछताछ की. औरतने गुस्सेमें आकर जवाब दिया के (12) सालके बाद घर आअे हो और (6) हजार रुपियोंका इल्झाम लगाते हो आपको शर्म नहीं आती ? ये सुनकर शोहर तअज्जुबसे कहेने लगा के मैंने मेरे फलां साथी के साथ (6) हजार रुपिये भेजे हैं और तुम केहती हो हमको नहीं मिले ? यूं औरतके साथ लडकर घरसे उठा और अपने हमसफर दोस्त के घर पहोंचा और उससे मुलाकात करके केहने लगा, तुमने खूब किया. मेरे (6) हजार रुपिये मेरी औरतको अब तक नहीं दिये ? उस दोस्तने इसको बुरी बुरी गालीयां दी, हंगामा मचाया और चिल्लाकर कहेने लगा, भाईयो मेरी मदद करो, ये शख्स मुझ पर (6) हजार रुपियोंका इल्जाम लगाता है, खुदाके वास्ते मेरी मदद करो. झगडा इस हद तक पहोंचा के मामला अहमदआबाद के काझी और हाकिमों तक पहोंचा. काझी और और हाकिमने गवाह तलब किये पर गवाह कहांसे लाते ? शरमिन्दह होकर वापस आअे. आखिरकार लोगोंने मश्वरा दिया के बीरपुरमें अेक काझी है. जिनका नाम महमूद बिन हमीदुद्दीन चाहेलदह हैं, ये काझी बे देखे और बगैर गवाही के हर केसका फैसला कर देते हैं. ये सुनकर ये लोग अहमदआबादसे बीरपुर गये. बीरपुरमें खेलते हुअे बच्चोंसे पूछा के मियां महमूद कहां है ? हझरते महमूद खुद खडे

थे. ये सुनकर कहने लगे, अगर मियां महमूदको तलाश करते हो तो वोह कहीं और होंगे और अगर गरीब महमूदकी तलाश हो तो ये खडा हुआ है जो पूछना चाहो पूछो. वो शख्स पूछनेसे घभराने लगा, हझरतने फरमाया, अहमदआबादसे पूछने के लिये यहां आये हो और हैरान क्युं हो ? उस शख्सने कहा, हझरत ! आप बच्चे हो, आपको मैं क्या पूछुं ? आपको पूछनेसे क्या जवाब मिलेगा ? हझरतने तीन बार फरमाया, जो कुछ पूछना चाहते हो पूछो, बारबार केहने पर उस शख्सने अपना गुझरा किस्सा सुनाया. हझरतने सुनकर फरमाया, कोई गवाह है ? हझरतके इस सवाल पर वोह शख्स दिल ही दिलमें गमगीन होकर सोचने लगा के अफसोस ! अगर मेरी रकमका फेसला यहां न मिलेगा तो कहां जाउंगा ? हझरतने फिर सवाल किया, कोई गवाह है ? उस शख्सने अर्झ किया के हझरत ! अगर गवाह होता तो आप तक आनेकी क्या जरुरत होती ? किसी भी काझीसे फेसला करवा लेता, हुझूर गवाही नहीं है कहांसे लाउं, हझरते महमूद ये सुनकर फरमाने लगे, अय शख्स ! जिस जगह तूने ये रुपिये दिये हैं वोह जगह याद है ? उसने कहा, हां उस जगह अेक लीमका झाड है, झाडके करीब अेक शहीदका मझार है मझारके करीब अेक कुवां भी है, वहीं पर हमने मछली खाकर उसके कांटे भी कूवेमें डाले थे. हझरतने तसल्ली देते हुवे जवाब दिया के शरीअत में दो मोअतबर गवाह चाहिये मगर तुम तो चार गवाह रखते हो कोई, फिक्र करनेकी जरुरत नहीं आपने हुक्म फरमाया, अपनी आंखोंको बंधकर दो, सबने आंखें बंधकर दी. जब खोली तो उसी जगह पहोंच गये जहां शहीदका मझार है. ये माजरा देखकर वोह खुश होकर कहेने लगा, सरकार ! यही मझारे शहीद है. आपने कब्रे शहीदकी तरफ चेहरा फरमाकर फरमाया, (कुम बेइझ- निल्लाह) अय अल्लाह के बंदे ! अल्लाह के हुकमसे खडे हो जाव और गवाही दो. कब्रवाले बुझुर्ग कब्रसे निकले और जवाब दिया अय महबूबुल्लाह ! इस शख्सने इसे यहां बेठकर (6) हजार रुपिये दिये थे. मैं इस बातकी गवाही देता हूं. लीमके झाडको अल्लाहने बोलनेकी ताकत दी और वोह बोल उठा मेरे सायेके नीचे बेठकर इस शख्सने (6) हजार रुपिये दिये है, मैं इस बातका गवाह हूं. फिर कूवेने गवाही दी और कुवेमें जो मछलीयोंके कांटे डाले थे उससे मछली झिंदा हुई और उन्होंने भी इस बातकी गवाही दी. फिर हझरत महमूदने फरमाया इस शख्सने तुम्हारा रुपिया अपने घरके फलां

कोनेमें दफन किया है. इसे मालिकके हवाले करो, नहीं तो तुम्हें केद करके पहाडोंमें फेंकवा दूंगा. ये सुनने के बाद रुपियों को हडप करनेवाला डरा और कुबूल किया. हझरते महमूदने फिर आंखें बंधकरनेका हुकम दिया और अेक घडीमें सारा काफला दक्कनसे अहमदआबाद पहोंचा और रकमवालेको रकम हवाले की. हझरते महमूद ये फेसला फरमाकर बच्चोंके साथ खेलने लगे. उसी वक्त हझरते हमीदुद्दीनके कानमें गैबसे अेक आवाझ आई. अय हमीदुद्दीन ! आपके साहबझादे महमूदको मैंने खुद आपका नायब बना दिया है. जब खेलकर वापस आअे कोझात (यअनी) फेसलेकी झिम्मेदारी और काझी (न्यायिक) की पोस्ट अता कर देना और मुबारकबाद देना, हझरते महमूद दरियाई जब खेलकर वापस आये तो आपसे वालिदे गेरामीने फरमाया के अय महमूद ! तुमको हातिफे गैबीने काझीका दरजा अता फरमाया है और मुबारकबाद भी दी है. हझरते महमूद उसी झमानेसे काझी महमूदके लकबसे झियादह मशहूर हुअे.

ई सआदत बझोरे बाजु निस्त
ता न बख्शाद खुदाअे बखशिंदा

बीरपुरकी पीरमगली में हाफिझ का लकब गैबी आवाझ से पाना

तोहफतुल कारीमें रिवायत बयान की है के हझरत महमूद दरियाई बचपन ही से रातों में इबादत गुझार और हमेशा के रोझदार थे जैसा के आपके बारेमें आपके वालिदने दूधपीने के झमानेमें फरमाया वैसे ही वोह इबादत गुझार बने. आपका तरीकअे इबादत ये था के वोह अपने कमरेमें लोहे की कीलों का बिस्तर बिछा रखते. और उसी पर बैठकर अल्लाह की इबादतमें मशगूल होते. कभी कभी इबादत के जझबात का ये आलम हुवा के डेढ साल तक न सोये और डेढ साल के बाद जब नींदका गलबा आया तो कीलों के बिस्तर पर लेट गये. लोहे की कीलों पर सोनेकी वजहसे आप के बदनमें दर्द पैदा हुआ. और नींद न आई तो उठ खडे हुअे और खडे खडे नफल नमाझ शुरु कर दिये. आपकी उम्रशरीफ जब 8 सालकी हुई तो अेक बार इसी तरह इश्के इलाही के जझबातमें आकर अपना घर छोडकर पीरमगली

पहाळ पर आये और खादिमों को पहाळ के उपर छोडकर तन्हाई (अेकांत) के लिये पीरमगली के अंदर तन्हा दाखिल होने लगे तो अचानक गैबसे आवाझ आई. या हाफिझो, या हाफिझो, या हाफिझो. अचानक ये गैबी आवाझ आना इस बात की दलील है के आपकी इबादत और रियाझत खुदा की बारगाह में मकबूल हैं.

दरियाई दुल्हा का लकब कैसा हुवा ?

तोहफतुल कारी किताबके लेखक अेक रिवायतमें यूं लिखते हैं के रुम के बादशाह की अेक बेटी थी. जिसका नाम मलेका सुल्ताना था. ये बेटी हझरत दरियाई दूल्हा अलयहिर्रहमा की मुरीदा थी. मलेका सुल्तानाने अेक दिन अपने वझीर से फरमाया के दरिया के टापु में अेक आलीशान मकान बनाने की तमन्ना है वझीरने साहबझादी सुल्ताना की तमन्ना पूरी करते हुअे अेक आलीशान मकान तैयार कर दिया. और उस जगह का नाम सुल्तान बंदर रखा. बंदर बनाने की वजहसे बस्ती आबाद हो गई. उसी बस्तीमें अेक बडा ताजीर शेख अहमद नामसे रेहता था. अेक रोझ अपने बाल-बच्चों के साथ दरियाई सफर के लिये निकला. कश्ती दरिया के भंवर में फंसी और डूब गई. शेख अहमद और उसका खानदान मालसामान के साथ डूब गया. शेख अहमद बेपारीयों और सोदागरोका सरदार था और उसीके दमसे दूसरे सोदागरोंका कारोबार चलता था. शेख अहमदके इन्तेकालसे दूसरे सोदागरोंका कारोबार बंध हो गया. और दुसरे शेहरकी तरफ लोग चलने लगे और शेहर वीरान होने लगा. ये हालत देखकर मलेका सुल्तानाको बहोत झियादह गम हुआ. इसी गममें दरियाके किनारे आकर अपने सरको सजदेमें रखकर खुदाकी बारगाहमें अपने पीरो मुरशदका वसीला तलब करते हुअे दुआ करने लगी और अपने पीरो मुरशद हझरत दरियाई दूल्हाको मददके लिये पुकारने लगी. रब तआलाने उसकी दुआ कुबूल की. जब साहबझादीने सजदेसे सर उठाया तो क्या देखती है के हझरत दरियाई दूल्हा बीरपुरसे मुल्के रुममें सुल्तान बंदर पर उसके पास आकर खडे हैं. आपको देखते ही सर कदमोंमें रखकर अर्झ करने लगी, या पीर ! मेरी मदद फरमाईये. अगर इस वक्त आपने मदद न फरमाई तो मैं मर जाउंगी. गमख्वारोंके आका हझरत दरियाई दूल्हाने फरमाया, कहो क्या कहेना चाहती हो ?

इस वक्त जो कहोगी वोह काम पूरा किया जाअेगा. मलेका सुल्तानाने बंदरगाह बसानेका और शेहर आबाद करनेका और शेख अहमदकी कश्ती डूबनेका सारा वाकेआ बयान किया. और अर्झ किया, या पीर ! शेख अहमदके इन्तेकालसे सोदागर भागे जा रहे है शेहर वीरान होता चला जा रहा है. अब तमन्ना ये है के शेख अहमदको दरियासे वापस निकाले. हझरते महमूदने अपनी झबानेपाकसे दुआ के कुछ अल्फाझ निकाले और गैबसे जवाब मिला कबील्तो यअनी कुबुल किया मैंने मगर साहझादीको इत्मीनान न हुवा और कदम पकडकर रोने लगी. तो हझरतने फिर दुआ फरमाते हुअे फरमाया अय शेख अहमद ! झिंदा होकर दरियासे बहार आईये. ये कहेकर हझरत महमूद दरियाई थोडी देर खामोश रहे. मगर उसी तरह आवाझ आई, कबील्तो कुबूल किया मैंने. मगर शेख अहमद नझर न आये, तो तीसरी बार आवाझ दी तो शेख अहमद अपने बाल बच्चों और सामान के साथ सही सलामत झिंदा बाहर आये. ये देखकर सुल्ताना खुश हो गई और अपने घर ले जाने लगी तो हझरते महमूद ये केहकर गायब हुवे के अय सुल्ताना ! याद रखना, अेक झमानेके बाद मेरा अेक नबीरा (पोता) मोहंमदशरीफ यहां आयेगा, उसे अेक मकान बना देना. गायब होते ही सुल्तान बंदरसे बीरपुर मिनटोंमें आ गये. कुछ मुद्दत गुझरने के बाद आपके पोते शेख मोहंमद शरीफ सुल्तान बंदर तशरीफ ले गये. सुल्ताने रुमके साहबझादोंने आपको दुरवेश सिफत देखकर पूछा, हझरत ! आप कहांसे तशरीफ ला रहे हैं ? हझरत मोहंमद शरीफने फरमाया, मैं बिरपुर उर्फे नुरपुर गुजरातसे आ रहा हूं और हझरत महबूबुल्लाह महमूद दरियाई दूल्हा का पोता हुं, ये सुनकर यकीन न करते हुअे कहा के हझरत अगर आप उन्के खानदानके हैं तो हम जो चाहते है वोह पूरा कर दिजीये. हझरत मोहंमदशरीफने फरमाया, वोह क्या बात है ? लोगोंने कहा, शेख अहमदका अेक बेटा पैदाइशी नाबीना है, उसे आप बीना (देखता) कर दीजीये. हझरतने अपना हाथ नाबीनाकी आंखों पर फिराया. वोह बीना हो गया (सुब्हानल्लाह) ये करामत देखकर बस्ती के लोग आपके मुरीद व मोअतकिद बन गये. उसी बस्तीमें अेक सैयदझादे थे उनकी बेटीसे आपका निकाह हुआ और दो बेटे हुअे. सैयदना मोहंमद शरीफ और उनके साहबझादे वहीं रहने लगे और आपका इन्तेकाल भी वहीं हुआ. तीनों बुझुर्गों की कब्रें आज भी सुल्तान बंदर पर ही है. (पाना नं.157)

मियांसाहबकी कश्ती तुफाने दरियासे बचाकर किनारे निकाला

तोहफतुल कारीके लेखकअेक और रिवायत बयान करते हैं के सोदागरोंमें से अेक सोदागर मियां साहब नामी था. वोह अपना सामान कश्तीमें भरकर हरमुझ (ईरान बंदरगाह) तरफ जाता था. अचानक दरियामें हवाका तुफान आया. करीब था के कश्ती दरियामें डूब जाती के मियांसाहबने हझरत महमूद दरियाई दूल्हा को इमदादके लिये पकारा के या पीर ! मदद किजीये. आपको याद करना था के आप बीरपुरसे ईरानकी बंदरगाह तरफ पहोंच गये और कश्तीको तुफानसे बचाकर किनारे पर पहुंचाया. उस मदद करनेके वक्त आपका पैराहन मुबारक कांधेसे फट गया. जब आप उसी हालतमें बीरपुर फोरन तशरीफ लाअे तो मजलिसमें बेठे हुअे लोगोंने अर्झ की, हुझूर ! आपका (जुब्बा) कैसे फट गया ? आपने जवाब दिया के मेरे अेक चाहनेवाले मियांसाहब खोमारीकी कश्ती दरियाके तुफानमें डूबनेवाली थी, उसने मुजे याद किया और मैं वहां पहोंच गया और उसकी कश्तीको हुरमुझकी बंदरगाह तक पहोंचा दिया ये जुब्बा उसीमें फटा है. मजलिसमें बेठनेवालोंने उस दिन और तारीखको लिख लिया. मियां सोदागर खोमारी जब ईरानके सफरसे बीरपुर वापस आया तो उससे लोगोंने पूछा, क्या इस तारीखमें ये बनाव हुआ था ? उसने इकरार किया और आपका कदम चुमने लगा.

आने दो या डूबो दो अब तो तुम्हारी जानिब
कश्ती तुम्हीं पे छोडी लंगर उठा दिये हैं

सोदागर अझीझुल्लाह कश्ती तुफाने दरियासे बचाई

तोहफतुल कारीकी अेक रिवायत दूसरी इसी तरह है के सुरत बंदरगाहसे अझीझुल्लाह नामी सोदागर तिजारतका मालो, सामान कश्तीमें भरकर समंदरी रास्तेसे हुरमुझ (ईरान) की तरफ रवाना हुवा. जब उसकी कश्ती सिकंदरी टापुके पास आकर भंवरमें फंसी और डूबनेका खतरा पैदा हुआ तो सभी मुसाफिरोंने तौबा इस्तिगफार करते हुवे नजाते तुफान की दुआ की. मगर दुआकी मकबूलीयतकी कोई तासीर नझर न आई और जानो दिलको मौतके मुंहमें लुकमा बनाकर रख

दिया. उसी वक्त अझीझुल्लाह सोदागरको ये बात याद आई के गुजरातके कस्बअे बीरपूरमें अेक बुझुर्ग हझरत महमूद दरियाई रहेते हैं और उनके बारेमें ये सुना है के वोह बेसहारा लोगोंकी फरियाद सुनते हैं और मुश्किल दूर फरमाते हैं. ये सोचकर दिलमें ईरादा किया के अगर हझरत हमारी मदद फरमाअेंगे तो मैं ईस कश्तीके मालका दसवां हिस्सा आपकी खिदमतमें कुरबान कर दूंगा. ये निय्यत करके सोदागरने जैसे ही आपकी मदद मांगी हझरत महमूद दरियाई मुशकिलकुशा बनकर बीरपुरसे मिन्टोंमें ईरानी समंदरकी मौजों पर जाकर खडे हो गये और कश्तीको सहारा देकर किनारे लगाया और ये केहकर गायब हुअे के मालका दसवां हिस्सा बीरपुरमें पहोंचा देना. सोदागर अझीझुल्लाह जब सफरसे वापस आया वअदेके मुताबिक मालका दसवां हिस्सा लेकर बीरपूरमें हझरतकी खिदमतमें हाझिर हुआ. हझरतने ये माल लेकर गरीबोंको तकसीम कर दिया (पे. 165)

नोट : हझरत महमूद दरियाई दूल्हा अलयहिर्रहमाकी उपर झिक्र की हुई दरियाई करामतें पढनेके बाद दिल यकीनके साथ बोल उठता है के आपकी हुक्मरानी दरियाके तुफानोंमें चलती थी. और डूबती कश्तीको तिराने या बचानेकी करामतें आपसे बारबार झाहिर हुई थीं इस लिये अवाममें आप दरियाई दूल्हा के लकबसे मश्हूर हुअे और आज तक मश्हूर हैं.

हझरत महमूद दरियाइ दूल्हा अलयहिर्रहमह के खुल्फाअे किराम

हझरत महमूद दरियाइ दूल्हा अलयहिर्रहमहकी झातेपाक बाकरामत बा अख्लाक फकीरी मिजाझ और बंदानवाझ होनेकी वजहसे खासोआममें मकबुल थी. गदा और अमीर, अपना पराया, बादशाह और फकीर सभी आपके दरके दीवाने थे. यही वजह थी के आपके दस्ते हक पर लाखों लोगोंने बयअत की और सेंकडोंने इस्लाम कुबूल किया. बहोतसे गुमराहोंको राहे हक मिली, आपही के रुहानी फैझका ये नतीजा है के हिन्दुस्तान और परदेशों और खास करके गुजरातके शेहरोंमें आपके खुल्फाकी तअदाद झियादह नझर आती है. आपके खुल्फाकी फेहरिस्त और उन्के हालात लिखने के लिये दूसरी अैसी किताब लिखवें तब भी

नाकाफी है. हम यहां आपके मशहूर खुल्फाके नाम आपकी खिदमतमें पेश करते हैं.

1. खलीफअे अव्वल, साहबझादये कलां, तोहफअे रसूल, शैखुल इस्लाम हझरत सैयदना शाह लअल मोहंमद उर्फे लाड मोहंमद बीरपुरी है जो हझरत दरियाइ दूल्हाके बडे बेटे हैं आपका मझारेपाक बीरपुरमें दरगाह शरीफमें है.
2. खलीफअे महबूबुल्लाह हझरत सैयदना शाह जमालुल्लाह अलयहिर्रहमह, आप हझरतके सबसे छोटे बेटे हैं, आप अपने झमानेके गौष थे, आपका मझारेपाक भी बीरपुर दरगाह शरीफमें हैं.
3. हझरत सैयदना प्यारुल्लाह खलीफअे महबूबुल्लाह, आप हझरत दरियाइ दूल्हाके पोते और हझरत लअल मोहंमदके बेटे हैं. आपका मझारेपाक बीरपुर दरगाह शरीफमें हैं.
4. हझरत सैयदना चांद मोहंमद अलयहिर्रहमह हैं, आप हझरत दरियाइ दूल्हाके भाइ हैं. आपका मझारेपाक बीरपुर दरगाहशरीफमें है.
5. हझरत अल्लामह मौलाना सैयद अब्दुल कवी इब्ने चांद मोहंमद अलयहिर्रहमह हैं आप दरियाइ दूल्हा के भतीजे हैं. आपका मझारेपाक मु.भालेज जी. आणंद में है.
6. हझरत सैयदना शाहपीर शरफुद्दीन अलयहिर्रहमह आप हझरत दरियाइ दूल्हाके भाइ और खलीफा हैं आपका मझारेपाक बीरपुर दरगाह शरीफमें हैं.
7. हझरत सैयदना पीर जहांगीर रहमतुल्लाहे अलयह, आपका मझारे पाक मु.मेघरेझ जी. अरवल्ली गुजरातमें है.
8. हझरत सैयदना अब्दुर्रइझाक जअफरी रहमतुल्लाहे अलयह, आप हझरत महमूद दरियाइ दूल्हाके दामाद हैं. आपका मझारेपाक बालासिनोर तालाबके करीब है.
9. हझरत सैयदना जमाल कादरी रहमतुल्लाहे अलयहे, मु. चांपानेर पावागढके रहेनेवाले थे.
10. हझरत शेख ताजन रदियल्लाहो अन्हो, आप मजझुब थे. हझरत दरियाइ दूल्हाके बयानात हिन्दी भाषामें शेअरो शाअेरीमें लिखे थे.
11. हझरत पीर मलेक दौलत रेहमतुल्लाहे अलयह, हझरत दरियाइ दूल्हाने आपको

मु. मालवा मध्यप्रदेशमें मकान और जमीन जागीर अता की और दीनी खिदमतोंके लिये झिम्मेदारी दी.

12. हझरत पीर मलिक ताइब रदियल्लाहो अन्हो, आप अपने वक्तके बडे काझी थे.
13. हझरत पीरे तरीकत रुकनुद्दीन रहमतुल्लाहे अलयह.
14. हझरत पीर बाजन रहमतुल्लाहे अलयह
15. हझरत पीर मूसा रदियल्लाहो अन्हो
16. हझरत पीर सैयद मुस्तफा रदियल्लाहो अन्हो
17. हझरत इमादुल मुल्क वझीरे गुजरात रहमतुल्लाहे अलयहे, आपका मझार बीरपीर शरीफमें है.
18. हझरत शाह पीर अली मोहंमद रहमतुल्लाहे अलयहे, आपका मझार मु.पांडळवाडा ता. खानपुर, जी.महीसागर में हैं.
19. हझरत सैयदना दोस्त मोहंमद उर्फे डोसुमियां, मु.उनावामें आपका मझार है. आप सैयदना सैयद अली मीरां दातारके वालिद साहब हैं.

विर्दे अस्माओ महमूदी

तोहफतुल कारी पेज 3 में रिसालओ फवाइदे महमूदीयहके हवाले हल्ल मुश्केलातका अमल लिखकर बताया है के अगर कोइ मोहब्बते इलाहीकी तलबके लिये या न पूरी होनेवाली मुरादोंको पानेके लिये हझरते महमूद दरियाइ दूल्हाके वसीलेसे हररोझ हर नमाझके बाद सात बार कामिल अकीदे और परहेझगारीके साथ पढेगा इन्शाअल्लाह अपनी मुरादको पहोंचेगा. हझरतके अस्माओ गिरामी ये हैं,

बिस्मिल्ला हिर्रहमा निर्रहीम

अल्लाहुम्म सल्ले अला मोहंमदिन नबीय्येका व आलेहिल करीम

1. इलाही बहुरमते हझरत मियां महमूद रहमतुल्लाह अलयह
2. इलाही बहुरमते हझरत काझी महमूद रहमतुल्लाह अलयह
3. इलाही बहुरमते हझरत शैख महमूद रहमतुल्लाह अलयह
4. इलाही बहुरमते हझरत शाहिदुल्लाह महमूद रहमतुल्लाह अलयह
5. इलाही बहुरमते हझरत मशहूदुल्लाह महमूद रहमतुल्लाह अलयह

6. इलाही बहुरमते हझरत अशिकुल्लाह महमूद रहमतुल्लाह अलयह
7. इलाही बहुरमते मअशूकुल्लाह महमुद रहमतुल्लाह अलयह

इब्ने शैखुल मशाहेख हमीदुद्दीन उर्फे चाइलधा अलमुखातिब बे हाझेहिल खिताब मिन रसूले रब्बिल आलमीन अल अब्बासी मुज्जन शाही हाजाते मन बेचारा रा बरआवुर्दह गरदानी बहुरमते इलाही आखिरुझ्झमानी (सल्लल्लाहो अलयहे वसल्लम) आमीन...आमीन...आमीन...(ये विर्द दुरुदे महमूदीके नामसे भी मशहूर है)

खौफे खुदासे डरना और पीरमगलीमें जाकर रोना

तोह-फतुल कारी के लेखक बयान करते हैं के अेक मरतबा जुम्मा के दिन बिरपुरकी जामेअ मस्जिदमें हझरत शाह अब्दुल गफुर कुद्दसिर्रहुलअझीझ वाअझ बयान कर रहे थे, हझरत शाह अब्दुल गफुर वाअझमें बयान करने लगे के शयतानने आदम अलयहिस्सलामको सजदा न किया तो रब तआलाने उससे पूछा के तुने सजदा क्मुं न किया ? शैतानने जवाब दिया उसको तुने मिट्टीसे पैदा किया और मुझे आगसे. लेहाझा मैं उसे सजदा क्मुं करुं ? रब तआलाने फरमाया, मरदूद जा तुज पर कयामत तक मेरी लअनत. हझरत दरियाइ दूल्हा इला सुनकर ये सोचके रो पडे के मैं भी खुदाका गुनेहगार बंदा हुं कही खुदा मुझसे नाराझ न हो जाअे. दूसरी बार शाह अब्दुल गफुर अलयहिर्रहमने जब वाअझ फरमाया तो आपने बयान किया के उम्मते मोहंमदीयहमें कयामत तक 73 फिरके होंगे जिसमेसे अेक जन्नती बाकी जहन्नमी होगे. हझरत महमूदने इला सुना और मस्जिदसे रोते रोते कोहे अलत (पीरमगली)की तरफ निकल पडे. खौफे इलाहीमें शेअर पढते जाते और अपने जिस्मके उपर कोडे मारते जाते. कोडे मारते मारते आप बेहोश हो गये, हझरते इस्राफील और इझराइल जैसे फरिश्तोंने इल्हामके झरीअे आपको होशमें लाकर तसल्ली दी मगर खामोश न हुवे. बल्के अपनी मगफेरत के लिये हिन्दी झबानमें मुनाजात बारगाहे इलाहीमें पढते रहे और रोते रहे. आखिरकार हुकमे रब्बीसे सरकारे मदीना राहते कल्बो सीना सल्लल्लाहो अलयहे वसल्लम ब जल्वअे रुहानी आपके पास तशरीफ लाअे और दरियाइ दूल्हाको अपने सिनये पाकसे लगाया, अपना थुक मुबारक आपके मुंहमें डाला तो होशमें आये. सरकारे दो आलम

सल्लल्लाहो अलयहे वसल्लमने मअलुम किया, बेटा महमूद! इस कदर रोनेकी वजह क्या है ? हझरते महमूदने अर्झ किय, या रसूलल्लाह सल्लल्लाहो अलयहे वसल्लम मैने वाअझमें सुना है के उम्मते मोहंमदीयहमें (73) फिरके होंगे, उन्मेंसे अेक जन्नती होगा बाकी सब जहन्नमी होंगे. ये सुनकर मैं इस फिक्रमें रो रहा हुं के न जाने मैं कौनसे फिरकेमें कयामतके दिन उठाया जाउंगा ? हुझूर सरकारे मदीना सल्लल्लाहो अलयहे वसल्लमने तसल्ली देकर फरमाया, अय महमूद कुरआनने फरमाया है, अला इन-न अवलिया अल्लाहे ला खौफुन अलयहिम वलाहुम यह झनून. बेशक! अल्लाहके वलीयोंको कोइ खौफ और गम नहीं है, और हुझूरने हदीषेपाक भी बयान की के बेशक अल्लाहके वली मरते नहीं बल्के वोह अेक घरसे दूसरे घर जाते हैं, और अय महमूद! तुम्हारा मुकाम तो अर्श पर इत्ना बुलंद और आला होगा के अेहले मेहशर देखते ही रह जाअेंगे. हझरते महमूदने सरकारे मदीना सल्लल्लाहो अलयहे वसल्लमकी झबाने पाकसे जब ये खुशखबरी सुनी तो खुश हुवे और शुक्र बजा लाअे.

हझरत शाहेआलम का कब्रसे निकलकर हझरत महमूदको तबर्रुक देना

तोह-फतुल कारी के लेखक रिवायत बयान करते हैं के हझरत शाहेआलम सैयद मोहंमद बुखारी अहमदआबादी रदियल्लाहो अन्हो के इन्तेकालकी खबर हझरते महमूदको रोशन झमीरीसे हुइ तो आपकी झियारत के लिये अहमदआबाद गये. हझरत शाहेआलम बुखारी अलयहिर्रहमह बुखारीने अपने इन्तेकाल से पेहले अपने सज्जादह नशीनको वसीयत की थी के मेरी ये पघडी और जुब्बा मियां महमूद बीरपुरीको दे देना. हझरते महमूद दरियाइ जब अहमदआबाद पहोंचकर झियारतकी मजलिसमें हाझिर हुअे, बाद झियारत के ओल्मा, अवलिया हझरते शाहेआलम बुखारीकी तअरीफ और खूबीयां बयान कर रहे थे. बातचीत के दरमियान जब हझरत सैयद मोहंमद बुखारी का नाम लेनेकी जरुरत पडती तो आपके गादीनशीन आपका नाम न लेते बल्के आपके शाही लकब शाहेआलम से याद करते मगर उसी मेहफिलमें हझरते महमूद दरियाइ दूल्हा हझरत शाहेआलमका झिक्र करते, तो शाह मुज्जन केहकर याद करते और खूबियां बयान करते आपको

जब शाहे आलमको शाह मुज्जन केहकर बार बार याद किया तो आपके गादीनशीन हझरते महमूद! बीरपुरी पर गुस्से हो गये और फरमाया मियां महमूद बहोत बेअदबी करते हो बोलने के आदाब नहीं. शाहेआलमको शाह मुज्जन कहेते हो मियां महमूद उठ जावो और दूसरे मकान में चले जावो, तुम जैसे बे अदबों को हझरत की पघडी और जुब्बा देना जाइझ नहीं. हझरते महमूदने फरमाया, मुझे मअलूम है के हझरत शाहेआलमको शाह मुज्जन के लफ्झसे जो मैंने याद किया वोह तुम सबको बुरा लगा है मगर ये बंदा हझरत शाहेआलमको खुश करनेके लिये शाह मुज्जन कहकर याद करता है, बे अदबी करने के लिये नहीं कहेता. और ये जुब्बा, ये पघडी आप लोग रखखो हझरत मुज्जन यही नाम सुनकर मुझसे मिलेंगे, पघडी और जुब्बा देंगे उन्के राझसे आप लोग वाकिफ नहीं हो, अगर देखना है हमारे साथ चलो ये केहकर हझरत महमूदने गादीनशीन का हाथ पकडा और ओलमा, अवलिया और आम मुसलमानोंकी बडी जमाअत लेकर हझरते शाहेआलम अलयहिर्रहमह की कब्रे अन्वर पर हाझिर हुअे. बाद सलाम फातेहा ख्वानीसे जब फुरसत पाअे तो हझरते महमूद हझरते शाहेआलमकी कब्र शरीफके सिरहाने तरफ गये और हझरत शाहेआलमकी तअरीफमें कुछ ये शेअर पढने लगे.

मार पडोशी लोग बर आना
पडया फुल चोसर गुथयाणा

तरजुमा : हमारा पडोशी कब्रस्तान गया और लोग बाहर आअे उन्की कब्रकी चारों तरफ फुलकी चादर गुंथा गइ.

कुत्बे आलमकी शानमें ये कहने लगे

कुत्बे आलम तने जो हुं पाउं
चुन चुन कलीयां आज बीछाउ

तरजुमा : अय कुत्बे आलममैं जो मैं आपको पाउ कलीयां चुन चुनकर आपके कदमोंमें बिछाउं.

आज मीठा मुज्जनशाह पाउं
पाउं लागी उसे मनाउं

तरजुमा : आज जो मुज्जनशाह यअनी शाहेआलमको पाउंतो उन्को पाउंपडकर मैं मनालुं

ये आखरी शेअर आपकी झबानेपाकसे तडपके साथ निकलना था के अचानक कब्रे अनवर फटी और चौदहवींके चांदकी तरह नूरानी चेहरेके साथ हझरत शाहेआलम कब्र अन्वरसे सिनेके बराबर बाहर नझर आये. और अपने अेक हाथसे पघडी और जुब्बा मुबारक और दूसरे हाथमें गरम हल्वा और (20) रोटी गरम गरम लेकर फरमाने लगे, अस्सलामो अलयकुम महबूबुल्लाह! आइअे और ये तबर्रुक लीजीये. हझरत महबूबुल्लाह दरियाइ दूल्हाने व अलयकोमुस्सलाम केहकर आजीझी के साथ आपका तबर्रुक यअनी पघडी और जुब्बा वगैरह लेकर सर पर ख्खा और बोसा दिया और रोटी और हल्वा हाझिर रहेनेवाले लोगोंमें तकसीम कर दिया. उस वक्त हझरत शाहेआलम मुस्कुराये और फरमाने लगे, अय महमूद दरियाइ दूल्हा! तुमने मुझे मख्लुके खुदाके सामने बुलाकर शरमिंदा किया. हझरते महमूदने फरमाया, या हझरत! ये शरमिंदा होनेकी बात नहीं बल्के मख्लूके खुदाको यकीनके साथ ये बात झाहिर हुइ के हझरते शाहेआलम दुन्यवी झिंदगीकी तरह अपनी कब्रमें भी झिंदा हैं, ये सुनकर हझरत शाहेआलम अपनी कब्रशरीफमें तशरीफ ले गये और कब्र बंद हो गइ. जब इस किस्सेकी खबर गुजरातके शेहर शेहर और गांव गांवमें फैली तो लोग तअज्जुबमें पड गअे.

आलम के ये दूल्हा हैं मेहफिल ये उन्हींकी हैं
है उन्हीं के दमसे सब ये अंजुमन आराइ

वलीका तमाचा भी शाइर बनाता है

तोह-फतुल कारीमें रिवायत बयान की गइ है के अेक बार हझरत महबूबुल्लाह दरियाइ दूल्हा अलयहिर्रहमह बयतुल्लाह शरीफके सफरके इरादेसे बेठे थे. उसी वक्त मियां शेख सामी जीयोकी वालेदा अपने बेटेको लेकर मिन्नत, समाजत और आजीझी के साथ हझरत महमूद दरियाइ दूल्हाकी बारगाहमें हाझिर हुइ. लडका हझरतके पास चूप हो कर बाअदब खडा हो गया. हझरत महमूद दरियाइ दूल्हा अलयहिर्रहमहने फरमाया, जो आरझु हो मांगो, इत्ना केहना था के शेख सामीकी वालेदा बोल उठी, या पीर! मैं उममीदवार हुं के इस लडके के लिये कुछ अच्छी दुआ किजीये. हझरत महमूद दरियाइ दूल्हा अलयहिर्रहमहने उस लडकेको अपने करीब

बुलाया और उसको गाल पर अेक तमाचा झोरसे मारा. बच्चेने रो दिया, बच्चेके रोनेकी वजहसे उसकी मांको बहोत रंज हुआ और फिक्रमंद होकर वोह भी अफसोस करने लगी. हझरत महबूबुल्लाह दरियाइ दूल्हाने इसका रोना देखकर फरमाया के, तुम्हारे बच्चेके बारेमें मैंने ये चाहा था के अवलियाकी जमाअतमें दाखिल कर दुं लेकिन खुदाकी मरझी ये है के वोह खुदाकी मअरेफतके बारेमें हिन्दी झबानमें शेअरो शाअेरी करेगा अच्छे कलाम लिखेगा, उसी झमानेसे शेख शामी हिन्दीके मशहूर शाइर बन गये.

जुतीयां सर पर रखनेसे बायड गांवके शहीद और ताजदार

रिवायत है के हझरते महमूद दरियाइ दूल्हा मोडासामें हाझिर थे, वहां आपकी खिदमतमें दो दोस्त हाझिर हुअे, अेक का नाम महमूद और उसके खादिमका नाम सींधी था, दोनों आकर आपके कदम चूमने लगे. उन दोनोंमेंसे जो शख्स सिंधी नामका गुलाम था वोह हझरतकी बारगाहमें बार बार सलामी करता और आपकी जुतीयां मुबारकको सर पर रखता था. हझरते महमूदको इसका ये काम बहोत अच्छा लगा और फरमाया अय सिंधी तुझको हम शहादतका दरजा देते हैं. और महमूदको बायड गांवकी विलायत और हुकूमत अता करते हैं, और दुआ करते हैं के तुम दोनोंसे इस शेहरमें बहोत करामतें झाहिर होंगी. ये दोनों, हझरतसे इजाझत लेकर बायड आये. रातमें बायड शहेरमें कयाम किया, उसी रातमें सुब्ह होनेके करीब वक्तमें डाकुओंकी जमाअतने गांव पर हम्ला कर दिया. गांवके लोग और बायडका राजा भी उन्के मुकाबिल मुकाबलेके लिये खडे हो गये और उन्का पीछा किया, उसी लडाइमें डाकुओंके हाथसे सिंधी शाह शहीद हुअे, जैसा के हझरते महमूदने फरमाया था वैसा ही हुआ. आपका मझार आज भी बायड ता. मोडासामें करामतों और फैझका दरिया है.

रखनेको अगर मिल जाअे नअलैने पाके महमूद
फिर तो हम भी कहेंगे के ताजदार हम भी हैं

हझरते महमूदके झिक्रसे भालेजकी मछलीयों पर आग बे असर

रिवायत है के अेक मरतबा हझरत महमूदके साहबझादे हझरत जमालशाह अलयहिर्रहमह अपने चचेरे भाइ हझरत मौलाना अब्दुल कवी रहमतुल्लाहे अलयहकी मुलाकातके लिये भालेज तशरीफ लाये. कुछ बातचीतके दरम्यान हझरत जमालशाह अलयहिर्रहमहने फरमाया के भाइ! आज अगर मछली पकाइ जाये तो जी भरकर खाउंगा, मौलाना अब्दुल कवीने फरमाया, भाइ! इस जगह मछली कम मिलती है, अगर मिलेगी तो उस मछलीको पकाना मुशकिल होता है. हझरत जमालशाहने पूछा, अैसा कयुं ? मौलाना अब्दुल कवी साहबने जवाब दिया, यहांकी नदीके किनारे हझरत महमूद दरियाइ अलयहिर्रहमहने ला इलाहा इल्लल्लाहो का झिक्र किया है, इबादत और रियाझत की है. उस झिक्रकी आवाझ मछलीयोंने जबसे सुनी है उसकी बरकतसे उनको आग असर नहीं करती. हझरत जमालशाहने फरमाया के, मछली उमदा खोराक है, उसके खानेमें लझ्झत है और यहां के लोग इस लझ्झतसे महरुम रेहते हैं. बेहतर ये है के हझरते महमूदकी बारगाहमें जाकर इस महरुमीको इस गांवसे दुर करनेकी दरख्वास्त की जाअे मौलाना अब्दुल कवी अलयहिर्रमहने फरमाया हझरत आप कहीये वोह आपके वालिद है आपकी बात कुबुल करेंगे. हझरते जमालशाहने ये दरख्वाश्त कुछ अशआर पढ कर हझरत महमूद दरियाइ दूल्हाकी बारगाहमें अर्झ की, तो गैबसे मौलाना अब्दुल कवी रहमतुल्लाहे अलयहके कानमें आवाझ आइ, अय भतीजे! मछली पकावो. ये हुकम पाकर हझरत मौलाना अब्दुल कवीने हझरत जमालशाहके लिये मछली पकाइ गई. आपने खाकर खुदाका शुक्र किया. उसी झमानेसे भालेजमें मछली पकने लगी.

सालों साल पुरानी कब्रसे मुरदहको झिंदा किया

तोह-फतुल कारीमें रिवायत है के अेक मरतबा हझरत महमूद दरियाइ दूल्हाकी तअरीफ सुनकर मिस्रसे सात इसाइ आपकी बारगाहमें आये और अर्झ करने लगे, या पीर! हमारे पयगम्बर हझरत इसा अलयहिस्सलामका मोअजिझह था के (400) साल या (500) सालके मुरदोंको खुदाके हुकमसे झिंदा करते थे, आपके

पयगम्बरमें कया खूबी है ? हझरत महमूद दरियाइ दूल्हाने फरमाया हमारे साथ कब्रस्तानमें आए ताके हमारे पयगम्बर सल्लल्लाहो अलयहे वसल्लम का मोअजिझह कया है दिखाउं. अेक पुरानी कब्र के सिरहाने के पास जाकर खडे हो गये और फरमाया, कुम बेइझनिल्लाह, अल्लाह के नामसे खडा हो जा. मुरदह कब्रसे खडा हो गया और केहने लगा, या पीर! सकरातकी कडवी तकलीफका घूंट अभी तक हमारे मुंहमें बाकी है, इस गरीबके लिये दुआ फरमाइये, जैसे पेहले मैं आरामसे था वैसा हो जाउं. हझरत महमूद दरियाइ दूल्हाकी दुआसे फिर वैसेही हो गया और कब्रमें चला गया. हझरत महमूद दरियाइने इसाइयोंसे कहा अय इसाइयों! देखा ये मोहंमद पर इमान लानेवालोंकी खूबी है. और हमारे पयगम्बरकी खुबीयां तो इत्नी हैं के हमारे इल्ममें नहीं समा सकतीं. ये देखनेके बाद ये सातों इसाइ हझरते महमूदके हाथ पर इमान और इस्लाम लाये और मुसलमान हो गये (पे-71)

खुदाके सब बंदे हें पर खुदा मिलता नहीं उन्हे
खुदा मिल्ता है उन्को जो बने बंदे मोहंमद के

जरगाल गांवके गवय्येकी औरतसे जादुको दुर किया

तोह-फतुल कारीमें रिवायत बयान की गइ है के हझरत महमूद दरियाइ दूल्हा अलयहिर्रहमह जरगाल गांव ता. बालासिनोरमें तशरीफ लाअे थे वहां अेक गवय्या रहता था उसने आपकी खिदमतमें आकर अर्झ किया, या पीर! मेरी बीवी हामेला है, 13 महिना हो चुका है मगर अभी तक बच्चा नहीं जनी है. इस वजहसे खाना पीना भी बंद हो गया है. और बहोत बीमार हो गइ है. अगर वोह मर गइ तो बहोत बुरा होगा. या पीर! आपसे उम्मीद रखता हुं के मेरी मुराद पुरी करेंगे. हझरते महमूद अलयहिर्रहमहने फरमाया के अय गवय्ये! तेरी औरत जादुमें फसी हुइ है बहोत मुश्किल से छूटकारा होगा. गवय्येने अर्झ किया या पीर! मेरा कोइ जानी दुश्मन तो नहीं है. मगर कमनसीबी और बदबख्ती से इस मुसीबतमें फसा हुं. हझरते महमूदने फरमाया, तु यकीन नहीं करता मगर उसकी हकीकत हमसे सुनो के इससे पेहले तेरी औरत दुसरे गवय्ये के साथ गलत ताल्लुक रखती थी और बदफेअली करवाती थी उसी वक्तसे इस औरत पर उस गवय्येने जादु कर दिया है और वोह मान्डवा गांवमें

रेहता है. अगर तु कहे उसे बुलवाकर ये बात कुबूल करवाउं या तु खुद अपनी बीबीसे पूछकर बता के ये बात सच है या नहीं! येह गवय्या सलाम करके अपने घर गया और अपनी बीबीसे सारा मुआम्ला पूछा, औरतने कहा, हझरते महमूद दरियाइ दूल्हाने जो कुछ फरमाया है बिलकुल सच है, आपके फरमानमें कोइ शक की बात नहीं है. गवय्येने आपकी खिदमतमें आकर अर्झ किया के औरत इ रार करती है, अब अल्लाह के वास्ते दरयादिली के साथ महेरबानी फरमाकर करम किजीये. हझरतने फरमाया, तेरी बीबी को मादये मेडक (देडके की मादा)को जलाकर जादु किया है इस लीये ठीक होना बहोत मुश्किल है, खुदा के नझदीक आसान है ये केहकर हझरत महमूदने आग को जल्वाया जब आग खूब तेझ हुइ हझरते महमूदने फरमाया, अय दोस्त, मेडक (देडका) वापस कर जो मेडक फलां गवय्येने जादु के लिये तुझे दिया था, अभी आग जल रही थी के अचानक उस आग से मेडक झिंदा होकर बाहर निकला हझरते महमूदने उस मेडकको कोइ चीझ पीलाकर फरमाया, अय जादु, मेडकके बदनसे बाहर निकल, आपका हुक्म पाते ही जादु मेडकसे निकलकर जादु करनेवाले मांडवा गांवके गवय्येके बदनमें लोट गया. और इस गवय्येकी औरतको हमलसे लडका हुवा और मरनेसे दोनों बच गअे. (पेज-86)

उन्के हाथ के जव के दाने भी सोना होता है

तोह-फतुल कारीमें रिवायत बयान की गइ है के अेक गाय कोहेअलत (पीरमगली पहाड) के उपर बीरपुरकी गायों के टोलेके साथ आती थी. (12) सालका झमाना गुझर गया मगर इस गायके मालिक का पता न चला. अेक रोझ गोवालेने दिलमें सोचा आज इस गायके पीछे पीछे जाउंगा और देखुंगा के ये गाय कहां जाती है ? और इसके मालिकका पता लगाकर उससे गाय चरानेकी मझदुरी लुंगा. वोह गाय चरकर जब पीरमगलीकी तरफ वापस हुइ तो गोवाला उसके पीछे पीछे चल दिया. गाय पीरमगलीकी गुफामें दाखिल हुइ, गोवाला भी उसकी दूम पकडकर पीछे पीछे चला. गाय झोर और ताकत लगाकर पहाडके अंदर चली जा रही थी और पहाड भी उसको जगह देता चला जा रहा था और उंचा भी हो जाता था. गाय जब झोर लगाकर पहाडमें जाती थी. उस वक्त गायके सिंग पथ्थरमें लगते थे. उस सिंगके निशान आज तक पीरगलीके दरवाझे के करीब मौजूद हैं. हझरतकी

बारगाहमें आनेवाले मुसाफिर उसे तअज्जुबसे देखते हैं. किस्सा मुख्तसर ये हुवा वोह गाय गुफाके अंदर चली गइ जहां जर सकतनामी औरत उस गायका दूधदोहने के लिये बेठ गइ. हझरत महमूद दरियाइ दूल्हाने फरमाया, अय जहांजर मैंने तुमको कहा था के इस गाय के चरानेकी मझदुरी उसके गलेमें बांधकार रवाना करो मगर तुम्हारे समजमें नहीं आता ? आखिरकार आपने फरमाया के जाव इस गायके चरानेवाले गोवालेको ये जव दे दो. जहांजर जव लेकर आइ और कहा के अपनी कंबलको फेलावो. गोवालेने अपनी कंबल फेलाइ. गोवाला वोह जव के दाने लेकर दिलही दिलमें कहा के, अफसोस अफसोस! हझरत महमूद दरियाइ दूल्हाने (12) साल गाय चरानेकी मझदुरीमें जव के दाने दिये हैं. ये अफसोस झाहिर करते हुअे कंबलमें बांधे हुअे जवके दानोंको झमीन पर डाल दिये. मगर कुछ जवके दाने कंबलमें लगे हुअे थे वोह दाने लेकर जब घरमें आया तो वो दाने सोना बन गअे. सुब्हके वक्त जवके दाने लेकर सोनारकी दुकान पर आया और बेचा, उस सुनारने गोवालेका सारा वाकेआ बापुखान नामी हाकिमके सामने बयान किया. बापुखान हाकिमने गोवालेको बुलाया और पूछा के ये जव कहांसे लाया तु? गोवालेने कहा के मैं नहीं बताउंगा अगर बताउंगा मर जाउंगा. मगर हाकिमने जब बहोत डांट फटकार कर पूछा तो गोवालेने सारा किस्सा बता दिया, अभी ये बात पूरी होना ही था के गोवाला फोरन मर गया, क्युं के हझरत महमूद दरियाइ दूल्हाने फरमाया था के अगर हमारे राझकी बातें किसीको कहेगा तो मर जाअेगा.

अहमदनगर के सात झालिमोंको बीरपुरमें बेठे बेठे तबाह कर दिया

तोह-फतुल कारी की रिवायत है क अेक शख्स शेख फाझिल नामका अहमदनगरसे हझरते महमूदकी बारगाहमें बीरपुर आया और फरियाद की, या पीर! अहमद नगरमें कुछ लोग मेरे हासिद हो गये हैं और मुझे परेशान करते हैं. इन्की तकलीफसे परेशान होकर वतन छोडकर आपकी बारगाहमें आया हुं उम्मीद रखता हुं के आप मेरी मदद फरमाअेंगे और मेरी तकलीफ दूर फरमाअेंगे. हझरते महमूद अलयहिर्रहमहने पूछा के तुम्हारे दुश्मन कितने हैं ? शेख फाझिलने कहा के वोह सात

शख्स है. हझरते महमूदने अपने हाथसे सात मुठ्ठी मिट्टी उठाइ और उसके सात लड्डु बनाअे. लड्डु बनाकर तोड दिये और फरमाया अय शेख फाझिल! जावो तुम्हारे दुश्मनोंको मैंने तबाह कर दिया, तुम दिली शांतिके साथ अपने वतन जाओ. शेख फाझिल हझरते महमूदकी इजाझत लेकर अपने वतन अहमदनगरकी तरफ वापस लौटा. दरम्याने सफरमें उसने सुना के फलां फलां शख्स अेक दिन अेक गुंबदके उपर बेठे थे. अचानक वोह गुंबद गिरा और उस पर बेठनेवाले कझाअे इलाहीसे मर गये. (ये सात शख्स वही थे जो शख्स फाझिलके उपर नाहक झुल्म करते थे) शेख फाझिल ये सुनकर बहोत खुश हुआ और अपने वतन आया

परीन्दों के गमरख्वार रख्वाजा महमूद पिया

तोह-फतुल कारीमें रिवायत है के हझरत महमूद दरियाइ दूल्हा अलयहिर्रहमह अेक बार पीरमगली की तरफ घुमने के लिये गअे हुअे थे. अचानक क्या देखते हैं के दो कबूतर जिस्में अेक मादह और दूसरा नर है, उडते उडते आये और चरने लगे. मन्झुरे इलाही उन दोनोंमेंसे अेक मर गया और दूसरा उसके सिरहाने बेठकर रोने लगा. हझरते महमूद दरियाइ दूल्हा उसके करीब आकर उसका हाल पूछने लगे. कबूतरने अपनी झबानमें अर्झ किया, या पीर! मेरा जोडा था. हझरते महमूदने फरमाया, कहांसे आ रहे हो और कहां जा रहे थे ? कबूतरने अर्झ किया, या पीर! हम पुरब देशके रेहनेवाले हैं हमारे देशमें दुष्काळ पडा है, ये साल सुखा होनेकी वजहसे हम मुल्के गुजरातकी खुबीयां सुनकर यहां खाने-पीने आये थे. मन्झुरे इलाही ये हुआ के मेरा साथी मर गया, या पीर! बगैर इसके अब मेरा झिंदा रेहना भी मुश्किल है. हझरते महमूद कबूतरकी अर्झ सुनकर महेरबान हुअे और सरको सजदेमें रखकर खुदाकी बारगाहमें रो रो कर कबूतर और दुष्काळ न होनेकी दुआ की के अय खुदावंद जब तक ये महमूद इस दुनियामें बा हयात है इस दुनियामें कभी दुष्काळ न भेजना. हझरते महमूदकी दुआ बारगाहे इलाहीमें कुबूल हुइ और मुरदह कबूतर भी झिंदा होकर अपनी मादहके साथ मुल्कमें रवाना हो गया. और हझरते महमूद जब तक इस दुनियामें बाहयात रहे रबतआलाने आपकी झिंदगीमें किसी देशमें दुष्काळ नहीं भेजा (पेज-81)

अहमदआबाद के खलीफा के घरमें झबह किये हुअे परींदोंको झिंदा करना

तोह-फतुल कारीमें रिवायत बयान की गइ है के अेक मरतबा हझरते महमूद दरियाइ दूल्हा अहमदआबाद जा रहे थे. दरम्याने सफरमें आपके अेक खलीफाने आपके आनेकी खुशीमें मुरघे और परींदे झब्ह करके बाल और खाल साफ करके दअवत करनेके लिये रखखा. आप जब तशरीफ लाअे तो खलीफा साहबने हझरते महमूदको खुशी ब खुशी अपने घरमें बिठाअे, अचानक हझरते महमूदकी नझर उस झबह किये हुअे परींदों और मुरघों पर पडी. आपने उसे देखकर फरमाया, ये परींदों और मुरघोंको क्युं झबह किया है ? खलीफा साहबने अर्झ किया, हुझूर आपकी दअवतके लिये ये झबह किया है. हझरत महमूदने फरमाया, मे इसे न खाउंगा. हझरतके खलीफाने अर्झ किया, हुझूर! ये मुरघे आपकी दअवतके लिये खरीदकर लाया हुं. आपने फरमाया, मैं नहीं खाउंगा खलीफा साहबने अर्झ किया, हझरत! अगर आपको खाना मंझूर नहीं है तो इसे झिंदा कर दिजीये ताके ये परीन्दे उडकर चले जाअें. हझरते महमूदने फरमाया, उसे टोकरीके नीचे छुपाकर आप दूर बैठ जावो. खलीफा साहबने झबह किये हुअे परीन्दों के उपर टोकरी ढांक दी. हझरते महमूद टोकरी के करीब जाकर कुछ शेअर हिन्दीमें पढने लगे जब अशआर पढना बंद किये, आपने खलीफाको हुक्म फरमाया, भाइ! टोकरी उठावो, जब टोकरी उठाइ गइ तो झबह किये हुवे सब मुरघे और परीन्दे झिंदा होकर उड गअे.

खंभात के खलीफा की दअवतमें भी बकरे को झिंदा किया

तोह-फतुल कारीमें नकल है के हझरते महमूद दरियाइ दूल्हाका मअमूल था के पांचों वक्त की नमाझ अदा करनेके लिये सरकारे मदीना राहते कल्बो सीना मोहम्मदुर्रसूलुल्लाह सल्लल्लाहो अलयहे वसल्लमकी बारगाहमे (मदीना शरीफ) पहोंचते. आपके खलीफा खंभातमें रहेते थे. आपने सुना के हझरत महमूद दरियाइ दूल्हा पांचों वकत हमेशा नमाझ के लये सरकारे मदीना सल्लल्लाहो अलयहे वसल्लमकी बारगाह में तशरीफ ले जाते है. उन्होंने अफसोस करते हुअे कहा के, अफसोस! आनेजाने की मैं खबर नहीं रखता ? अेक बार खलीफा साहब आने

जानेकी राह पकडकर बेठ गये. आपकी मुलाकात की फिक्रमें थे के अचानक मुश्क, अंबर और संदलकी खुश्बू आने लगी. मगर जब कोइ नझर न आया तो खलीफा साहबने अल्लाहकी कसमें दी, बहोत रोये और झाहिर होनेकी इल्तेजा की तो हझरते महमूद दरियाइ दूल्हा अलयहिर्रहमहको देखा और अपने घर ले गये और तख्त पर बिठा कर महोब्बत झाहिर करते हुअे अेक बकरा जबह किया. समोसे, कोफते, नान पुलाव वगैरह बनाकर दस्तरखान बिछाया और हर तरह के रंगबेरंगी खाने रखखे. हझरते महमूद दरियाइ दूल्हा अलयहिर्रहमाको और आपके साथीयोंको दस्तरख्वान पर बिठाया. आपके आसपास हवा डालनेवालोंको खडा किया. हझरते महमूदने फरमाया इस कदर कयुं तकलीफ की? खलीफा साहबने अर्झ किया आप हुझूर के खातिर हझरते महमूदने फरमाया गरीब के उपर इतना बोझ करना जाइझ नहीं है. फिर फरमाया ये जो कुछ बनाया है .सका गोश्त, खाल, रगें, हड्डीयां और खून वगैरह जमा करने हमारे पास लावो, नहीं तो मैं खाना न खाउंगा. मजबूरन हुक्म पर अमल करते हुअे बकरेकी ये तमाम चीझोंको आपकी बारगाहमें हाझिर किया गया. आपने फरमाया इन तमाम चीझोंको टोकरीके नीचे छुपादो. खलीफा साहबने उसे छुपा दिया. उसके बाद हझरते महमूद दरियाइ दूल्हाने अपनी जीगरी शाअेरी पढना शुरु किया. थोडी देरके बाद वोह बकरा फिर वैसाही झिंदा हो गया.

अफझलरवां अफघानी को इस्मे आझम न सीरवानेमें हिक्मत

तोह-फतुल कारीमें रिवायत नकल है के अफघानी कौममें से अेक अफघान अफझलखां हझरत महमूदकी बारगाहमें इस्मे आझम शिखने के लिये आया, अफझलखां (12) साल आपकी खिदमतमें रहा मगर आपने इस्मे आझम न सीखाया. आखिरकार अेक दिन अफझलखाने हझरते महमूदकी बारगाहमें अर्झ किया के हुझूर में बंदा आपकी खिदमतमें इस्मे आझम शिखनेकी आरझुसे (12) सालसे हुं मगर अब तक मुरादको नहीं पहुंचाइ आखिर न सिखानेमें क्या सबब और हिकमत है ? हझरते महमूदने फरमाया, खानसाहब! अभी तुम इस्मे आझम सिखनेके लायक नहीं बने हो. खानसाहबको ये बात सुनकर तअज्जुब और रंज भी

हुआ. हझरते महमूद उसको अपने साथ अेक जंगलमें ले गअे और अेक झाडके सायेमें बिठा दिया. उस झाडके नीचे अेक शख्स दुसरा गरीबकी शक्लमें बेठा हुआ था के अचानक अेक घोडेसवार वहां आ पहोंचा. घोडे सवार अपने साथ सामानकी गठडी भी लाया था. उस गठडीको उठाने के लिये उस बेठे हुअे गरीबको हुक्म किया के, अय शख्स! ये मेरी गठडी उठाकर मेरी मंझिल तक पहोंचा दे. वोह शख्स हां और ना केहकर बहाने करता था. घोडे सवारने उस गरीबको अेक चाबुक मारा, वोह बेचारा मजबूर होकर के उसकी गठडीको घर पहोंचा दिया और कुछ नहीं बोला. बल्के खुशी ब खुशी उस झाडके नीचे आकर बेठ गया. अफझलखान साहब उसकी ये आदत देखकर आग बगोला हो गये और हझरते महमूद दरियाइ दूल्हासे केहने लगे, या पीर, अगर इस वक्त मुझे इस्मे आझम मअलूम होता तो मैं ये घोडे सवारको मार डालता. हझरते महमूदने फरमाया के, सब्र और बरदास्तकी ताकत तुझमें न होनेकी वजहसे मैंने तुझको नहीं सिखाया. अफझलखान देखो, इस शख्सको मैंने इस्मे आझम सिखाया है. किती तकलीफ उठाकर सब्र करके चाबुक का मार खाया और अेक लफ्ज बददुआ का झबानसे न निकाला. इस्मे आझमके आमिलको अैसा सब्र होना चाहिये, आखिर कार खानसाहबने अपने गुस्से से तौबा की और अपने मकसदको पाकर जो कुछ देखा अपने दोस्तोंको घर जाकर बताये.

महमूदपुरा के हाजी को अरब के जंगल में रवाना रिवलाकर मक्का शरीफमें पहोंचा दिया

तोह-फतुल कारीमें रिवायत नकल है के अेक शख्स हसन मोहम्मद जो महमूदपुरा का रेहनेवाला था वोह हज्जे बयतुल्लह शरीफ के लिये अरब मुल्कका सफर राहे दरियासे किया. दरिया पार करनेके बाद जंगलमें रास्ता भुल गया. भुख और प्यास से बेचेन हुआ, अचानक होशमें आकर हझरते महमूद दरियाइ दूल्हा अलयहिर्रहमको बहोत रोरोकर पुकारा और मदद चाही, उस वक्त हझरते महमूद बीरपुर शरीफमें मजलिसमें हाझेरीन के साथ खाना खा रहे थे, जब उस हाजी मुसाफिर के हालसे वाकिफ हुअे तो रोटीयां और पानी का कुंजा हाथमें लेकर फरमाने लगे के हाजी हसन मोहंमद महमूदपुरी अरब के जंगलमें भूखा, प्यासा है.

और वोह मुझे याद करता है मैं अभी जाता हुं हाजी हसन मोहंमदको खाना, पानी खीलाउंगा और मक्का शरीफ की झियारत कराउंगा, ये कहेकर गायब हुअे और मिन्टोमें अरब के जंगलमें खाना और पानी लेकर पहोंच गअे. मजलिसमें बेठनेवालोने उस दिन और तारीखको लिख लिया, हाजी हसन मोहंमदने जब हझरते महमूदको जंगलमें देखा, दौडकर कदमबोसी की. हझरत उसे खाना खिलाकर मक्का शरीफमें छोडकर वापस आ गये. हाजी हसन मोहंमदने भी इस तारीख और दिनको लिख लिया, जब अपने वतन वापस आया हझरतके कदम चुमकर मजलिसवालोंसे सारा हाल झाहिर किया (पेज-83)

वुजू से बचे हुवे पानीसे बरसों सुरवा झाड फिर ताझा

तोह-फतुल कारीकी अेक रिवायतमें बयान है के हझरत महमूद दरियाइ दूल्हा अलयहिर्रहमह अेक बार मेहफिले सिमाअमें कव्वाली सुनने में मशगूल थे और आपके खादिम अेक झाड को काट रहे थे. हझरते महमूदने फरमाया, इस झाडको न काटो, खादिमोंने अर्झ किया, हुझूर! ये झाड बहोत झमानेसे सुखा पडा है, इस सुखे को रखने का कया मकसद? हझरतने फरमाया के जीस्ने इस झाडको सुखा किया है वही ताजा भी करेगा. ये फरमाकर खादिमोंको पानी लानेका हुक्म फरमाया, जब पानी लाये आपने उस पानीसे वुझू फरमाया. और वुझूका बचा हुआ पानी झाडके चारों तरफ डाल कर कुछ शेअर (जीगरी) पढते रहे. हुक्मे रब्बी से वोह झाड फिर हरा भरा हो गया (पे-105)

अलीणा के मलिक फददु की बाअदब और बेअदब लडकियों का अंजाम

हम यहां से जायेंगे नहीं क्युं के यहां से जाने के लिये हमारे रबकी तरफ से हुक्म नहीं. मगर सुलतान तुझको ईस जहानसे निकलना पळेगा. आपने सुलतान के हुक्म को रद कर दिया और आपने उसके हकमें बद्दुआ फरमाई. जब किसी की कझा आनी है तब उसके दिल की आंखें बंद हो जाती हैं. और सुलतानने दोबारा हझरत को खबर भिजवाई मगर वो आप तक जाने न पाई. हझरत की बहन के साहबझादा हझरत मियां अब्दुलवहूद रहमतुल्लाह अलयह उस पैगाम से आगाह हुवे तो सुबह के वक्त आपके मामुके पास तशरीफ लाअे उस वक्त और हझरतको हकीकत से आगाह किया तो आपने फरमाया के जो पानी तुम देखते हो वो खून नझर आता हो आप हुजरामें तशरीफ ले गअे और मुसल्ला उठाकर कहा के देखो ये सर सुलतानका पडा है. ये देखकर हझरत अब्दुल वहूद रहमतुल्लाह अलयह आपकी मामी साहबा के पास गअे और कहा, ये राझे निहां है और हझरतने सुलतान का सर काटकर मुसल्ले के नीचे रखा है. ये बात सुनकर महेल के सब लोग खामोश हो गअे

गुजरात की हुकुमत अकबर के नाम कर देना

और हझरतने कहा, गुजरातकी सल्तनत फना करके अकबर के हाथ दी, अलगरझ उसी रात को बुरहानुद्दीन नेमक ने तलवार से महमूद का सर काटा और खुद तख्त पर बेठा तो दूसरे रोझ सब शहेर में गोंगा उठा घर घरमें के बुरहानुद्दीन जो पैसे से खरीदा था वो आज तख्त पर बेठा है, शाह को मार करके, फिर तो जासूसोंने जलालुद्दीन अकबर को खबर दी के गुजरात की हुकुमत आपको हझरतने दी है. और आपको ईस बात से आगाह करते हैं. तो तुम जल्दी से अहमदाबाद आओ क्युं के आपने फरमाया है के सुलतान को फना करके गुजरात की बादशाहत देहलीके जलालुद्दीन अकबर को दी है, ये सुनते ही जलालुद्दीन अहमदआबाद आअे.

अकबर जलालुद्दीन का हमला करना

सुलतान मुझफ्फर सुलतान बुरहानुद्दीनसे डर कर भागा और सरखेझ में जाकर दम लिया. उसके पास कुछ सवार और प्यादे भी थे. उस वक्त मुझफ्फर का लश्कर बहोतसा तबाह हुवा. मुझफ्फर के कई उमराव भी मारे गअे तो वहां से मुझफ्फर भाग के अपने मामु के वहां पहोंचा और छुप गया. ये खबर जलालुद्दीन को मिली तो वो भी लश्कर लेकर उसके पीछे पहोंच गया. राजा जलालुद्दीनने कहेला भेजा के मुझफ्फर को मेरे हवाले कर दो वरना आपने मुल्क की आस छोड दे. ये बात सुनकर राजा डर गया और अपने वझीरों को मशवरे के लिये हाजिर किया तब वझीरोंने कहा के सुलतान को पकडा दो. तब राजाने अपने भानजे को पकडकर हाजिर किया तो मुझफ्फरने हीरे को चुस लिया और उसी वक्त अपनी जान दे दी और दूसरी रिवायत ये है के खुद अपने हाथ से अपने पेट में खंजर मारकर जान दे दी, ये जो अल्लाह का हुकम था वोह हुवा उस पर किसी शायर ने दोहरा कहा है,

दोहरा दर शान राजा मोर वे
भळवा भारा कुछ का...कल खोटे मत है....
सभी मोरवे कारने....दी मुख मुझफ्फर दिन...

मुझफ्फर शाह की दो साहबझादियां थीं, उन पर जलालुद्दीन अकबर आशिक हुआ और उनको अपनी बीबी बनाने का ईरादा किया. ये सुनकर दोनों साहबझादियोंने हीरा झहरीला चुसकर अपनी जानें दे दीं सुन लो ये सच है, कोल बुझुर्गो का कभी टलता नहीं, क्युं के हझरत की बददुआ से मुझफ्फरका कोई ईस जहां में नामो निशान न रहा.

बयान आना अकबर का दहेली से और तख्त नशीन होना गुजरात पर

जब सुलतान तख्त पर बैठा तो तमाम जागीरदारों पर सख्त हुआ. वझाईफदारों की जागीरें जप्त कर लीं मगर उनमें से शहाबुद्दीन अेहमद नामी खान था वो सुलतान का प्यारा था, उसने मौका पाकर सुलतान से कहा के वझाईफदार और मशाईख और सादात अकसर हैं मगर उन सब की जागीरें जप्त में आ गई हैं ईस लिये सब

दिलगीर हैं उनके हकमें आपका क्या हुक्म हैं? आप फरमाअें वैसा करुं. तब सुलतानने कहा, जो हकदार हैं उनको बुलवाओ ताके उनको देखकर फरमान दिया जाये. उस वक्त खानने शहेर में अेलान करवा दिया के जो भी वझाईफदार आये वो अपने साथ में फरमान लेकर दरबार में हाजिर हो जाये. तीन रोझ के बाद सारंगपुर में शहाबुद्दीन अहेमदके खातिर हम सबको बुलवाअे है. ये हकीकत हझरत शाह जमालुल्लाह रहमतुल्लाह अलयह के पास आकर जागीरदारोंने की. आप भी साथ चलो ताके हमारी मुशकिल कुशाई हो जाये. तब हझरत जमालुल्लाहने फरमाया, मुजे अकबर से कोई सरोकार नहीं और तुमको मतलब हो तो तुम जाओ. ये सुनकर तमाम जागीरदारों ने मश्वरा किया के हझरत शाह जमालुल्लाह रहमतुल्लाह अलयह तो गनी हैं और हरगिझ नहीं आअेंगे. फिर हम सब मिलकर चलें सब के सब जमा होकर शहाबुद्दीन नवाब के पास हाजिर हुवे तो नवाब सुलतान के पास जाकर कहने लगा के सब जागीरदार आये हैं तो सुलतान ने फरमाया सबको मुझसे मिलाओ.

अकबर बादशाह का हजरत सैयद जमालुल्लाह दरियाइ को मीलने आना...

उस वक्त महावतको हुक्म दिया के हाथी को दीवाना करके लाओ. जब दीवाने हाथी को उन जागीरदारों की तरफ छोड दिया तो उससे कहा के अपने पेरों से कुचल डाले. फिर सुलतानने कहा के अैसा कोई वली है के हम उनसे नेक रास्ता हांसल करें? तो वझीरोंने कहा, हां सुलतान हैं हझरत शाह जमालुद्दीन (रहमतुल्लाह अलयह) और वो बडे साहबे करामत हैं और वो नूरे नझर हझरत शाह खवाजा सैयद महमूद महेबूबुल्लाह उर्फे दरियाई दुल्हा (रहमतुल्लाह अलयह)के फरझंदे दिलबंद हैं और अेक ने कहा, वो मगरुर हैं और दुनिया की दौलत से भरपुर हैं और कहने लगा के उनकी खादिमा अेक सो बीस (120) हैं और हर अेक खादिमा का हुजरा अलग अलग हैई ये सुनकर सुलतान बोला के यहां कोई दाना झीहोश और आकिल है? उस वक्त नवाब शाहबुद्दीन हाजिर थाइ, वो अपने को दाना समझता था, ईसने सुलतान से कहा के ईस बंदे को अगर हुक्म हो तो ईस पीर का जासूस बनूं. तब सुलतानने कहा, तू फकीरों की तरह अपना भेस बना और लिबास पहेनकर

दुरवेशकी सुरत बना और झोली हाथ में लेकर हझरत के घर जा और वहां गदाई करके तुजे टुकडा खाने का देवे, मगर तू हरगिझ उसे खाना नहीं और पूछे तो कहेना के मै अंजाना हुं क्युं के आपका खाना कराहत, नारवा और शुबाहदार हैं क्युं के आपने अेक सो बीस खादिमा रखी हैं, कैद करके अपने घर में आप पर उनका नानो नफका वाजिब हैं, अगर पहोंचता हो तो बहेतर हे वरना आपके घर का खाना शरीयतमें दुरस्त नहीं अलगरझ वो सब बातें सुलतानने बताई सबके सब याद रखकर हझरत के दरवाझे पर हाजिर हो गया. उस वक्त हझरत मस्जिद में वाअझ फरमा रहे थे और गदा को आपने आपके पास बुलाकर नजदीक बिठाकर खाना मंगवाया और दुरवेश से कहा के खा तो वो बोला के मैं नहीं खाउगा ईस खाने को रवा कर दो तो खाउं तब हझरतने कहा, किस तरह ये खाना ना रवा है? तो वो बोला के आपके कबजे में अेकसो बीस खादिमा हैं. उनका नानो नफका आप. पुरा करते हैं? ये सुनकर हझरतने फरमाया के तू हर हुजरे में गदाई कर, जिस हुजरे मैं हाजिर ना हुं वो औरत और मिलकियतका तु वारस बने, फिर वो मस्जिद के दरवाझे से निकलकर हुजरा दर हुजरा फिरा मगर कोई हुजरा अैसा न पाया के हझरत वहां हाजिर न हों. ये देखकर फिर मस्जिद की जानिब गया तो वहां भी हझरत वाअझ फरमा रहे थे. ये देखकर वापस सुलतान के पास गया और तमाम सरगुझता वाकेआत उससे बयान किये तो सुलतान को अकीदतमंदी हुई और आपकी मुलाकात के लिये दिवानावार फिरता हुवा सैर करता हुवा आपके आईना महेल के करीब आया तो दरयाफ्त किया, ये महेल किसका नझर आ रहा हे के ईसका सानी शहेर में कोई और महेल नहीं, उस वक्त सबने कहा के ये महेल हझरत का हे जो हझरत ख्वाजा सैयद दरियाई महमूद रहमतुल्लाह अलयहके फरझंद हझरत शाह जमालुल्लाह रहमतुल्लाह अलयह का हय. फिर सुलतान ने कहा जिसने सल्तनत गुजरात की फना कर दी? तब वझीरों ने कहा हां बादशाह! ये वोही अल्लाह के प्यारे हंय, उस वक्त मशायख साथ आये थे तो वझीरों ने कहा के मशायख के साथ में आप वझीफा कर रहे हैं तो सुलतान वहां सवारी से उतरकर आपके दिवानखानेमें जा बैठा और हझरत को खबर पहोंचाई के सुलतान अकबर दीदार का तलबगार है. और आप कदम रंझा फरमाअें और बाहर तशरीफ ले आअें. तब हझरतने जवाब

दिया के हम झोहर के वक्त बाहर आऐंगे अगर सुलतान को मिलना है तो बेठे वरना उनको अखतीयार हे. ये सुनकर सुलतान आझुर्दा हुवा और वहां से उठकर अपने मकाम पर गया और पचास सवार और सो प्यादे छोड गया और केह गया के आपको महाफे में बिठाकर मेरे महेल में ले आना, जब झोहर के वक्त हझरत बाहिर तशरीफ ले आऐ तो उस वक्त बादशाह के खादिमोंने कुरनिस बजा लाकर अर्झ की के हझरत! अकबर शाह यहां चंद साअत बेठकर अपने महेल में गया है और हमको आपको साथ में ले जाने के लिये यहां छोड गया है तो आप करम फरमाकर महाफे में बेठकर तशरीफ ले चलें. उस वक्त आपके पास आपका खादिम झीहोश मौजूद था तो आपने उससे मशवरा लिया के मुझे सुलतान अकबर ने बुलवाया हे ईसमें तेरी क्या राय हे? तो उसने अर्झ की, हझरत! वहां झुरुर जाना चाहिये क्युं के सुलतान आपकी मुलाकात को यहां तक आया था और उसकी तमन्ना आपसे मिलनेकी है तब आप महाफे में बेठकर रवाना हुअे. आपके साथ में सरखील को लिया था. आप जब सुलतान के महेल के करीब पहोंचे तो बादशाह ने वहां दरवाजे पर हाथी खडा रखखा था. महावत भी हाजिरे खिदमत था. जब हझरत का महाफा करीब आया तो सुलतान ने फिलबान से फरमाया के हाथी मजनुं को पीरकी तरफ रवाना कर. ईस हरकत से बेल डरे और भळकने लगे तो हझरतने हाथ में रस्सी पकडकर उस पर फिराई और बेलों से कहा, अय दिलावर! मत भागो और होंशियार रहो भागने से तुम को शरम आनी चाहिये क्युं के तुम बेल हो? महेबूबे रब के और अेक हाथी से क्युं दबते हो? ये सुनकर बेल दुम उठाकर हाथी के जानिब सर हिलाकर चले तो हाथी अपनी जगाह पर थम गया और महावत उस पर गुस्सा करने लगा और बहोत अंकुश मारे मगर उसमें चलने की कोई ताकत नहीं थी. हाथीने अपना सर झुकाकर हझरत को सलाम किया और हझरतके रोब से हाथी वहां लरझता था. ये सुलतान झरुखे में बेठा हुवा देख रहा था और उसने फिलबान से कहा के तु हझरत से बे अदब क्युं हुवा? उस वक्त हझरत शाह के करीब पहोंच गये तो सुलतान वहां से उठकर सात कदम चल कर आपके ईस्तकबाल को गया और आपको मस्नद पर बिठाकर खुद खडा रहा मगर वक्ते मुसाफा के सुलतान के हाथ को हझरतने दबाया और आपकी आसतीं से दो शेर निकले ये देखकर सुलतानने शोरो गुल किया और डरते हुवे

हझरतको तख्त पर बिठाया. उस वक्त अहेमद शाहबुद्दीन और अमीर और हुकमरां को बुलाकर सुलतानने कहा, हझरतकी आस्तीनोंमें दो शेर हैं, अगर उनको छोड दें तो नाहक हमको वो मार डालें. ईसलीये बहेतर हे के उनको अेकसो बीस गाउं हैं वो उनको नझर कर दो ताके वो यहां से अपने मकान पर तशरीफ ले जाअें. तब अहेमद शाहबुद्दीन खान आपके पास हाजिर हुवा और अर्झ की के हझरत! आपको आफरीन है के अेक बदझन को आपने अकीदतमंद कर दिया और सुलतान की अर्झ हे के अगर आप यहां ठेहरना चाहें तो मकान आप ही का है वरना आप अपने मकान पर तशरीफ ले जाअें और आप चलें तो में आपके साथ चलुं, तब हझरत ने फरमाया के सुलतान की ईताअत कर, मगर जो वझाईफदार आअे थे उनको हाथीने सताअे और नाहक मारे हें, अगर उनके वझीफे वापस देवे तो हम भी वझीफा लें, फिर नवाब अहेमदखान सुलतान के पास गया और हकीकत से आगाह किया तो सुलतान ने हुक्म दिया के उन सबकी जागीर वापस दे दो. और वझीफादारों को जागीर हझरतने वापस दिला दी और आप मकान पर तशरीफ ले आअे.

विसाल जनाब हझरत जमालुल्लाह रहमतुल्लाह अलयह

हझरत शाह जमालुल्लाह रहमतुल्लाह अलयहने अेक ईमारत आपकी ईबादत गाह बनाई थी और उसमें आप ईबादत किया करते थे. और हर अेक के लिये हाजत बर लाने की दुआअें करते थे. मगर लोगोंका झुल्म और रंग देखकर आप आहोझारी करते. अेक रात आपने जनाबे बारीमें मुनाजात की के अब दुनियाका गम मुजसे सहा नहीं जाता. ईस लिये तू मुझे अपनी तरफ बुलाले. ईसी दोरमें तीन दिन गुझरे तब आपने ख्वाबमें देखा के आप अर्झ करते हें के दुनिया से मुजे मोहब्बत नहीं हैं. उस वक्त आपके वालिद साहब से ख्वाब में अर्झ की के बाबा. मुजे आपकी आगोशमें ले लो. उस वक्त आपके वालिद साहब हझरत खवाजा महमूद दरियाई रहमतुल्लाह अलयहने फरमाया के सुलतान अकबर दिलोजान से मोहब्बत करेगा. फिर आपने अर्झ की मसाकीन और गुरबा का दुख बरदास्त नहीं होता आप दुआ फरमाईअे ताके मेरी उम्र कोता होवे फिर वालिद साहब ने फरमाया के अभी आपकी उम्र के

बारा साल बाकी हे. तब आपने अर्ज की ये मुजे नहीं चाहिये तब वालिद साहबने फरमाया के अब बाकी बारा रात और दिन हंय और ये गुझर जाऐंगे तो तुम मोत का जाम पीयोगे. ये गुफतार बाबा की सुनकर अपनी आल औलाद को बीरपुर की तरफ भेजे और आपने अेक दोहरा लिख भेजा.

दोहरा गुफ्त जमालुल्लाह रहमतुल्लाह अलयह

सुख के दिन सोना भी बासे बसे सो दुख
प्यारा तुझे मालुम हैं सेवा करब सुख

कलाम फरह अन्जाम गुफ्त जमालुल्लाह रहमतुल्लाह अलयह

बल हां हां हान मुरख, चीतरे मन मान हांन
कोन सो कंबल काया तेरी, हीळा नैन और दांत
हेरी अमुलख अंखीयां तेरी मलजा से किस भांत
हाथी घोडे जीन घर जाके, झूलते दिन और रात
सोकस काजन आअे आंगन, प्यादा गये उस बार
देख तमाशा दुनिया केरा, जिया सपना रात
केह पछतावे जाग जमालु, मतरे मिले मिले हात

कलाम दोहरा वो जब के आअे, जवाब इसका हुवा उपर अबाअे

जवाब दोहरा लिखूंमैं अयामे, करोपड गोरतुम उसके बयां मे

जवाब दोहरा

जान जमालु बात अटल से उंची गई
बाझी गई नघात बाझीगर मनडे नहीं.

हझरत शाह जमालुल्लाह रहमतुल्लाह अलयह अहमदआबाद शहरकी खल्कत की झियारत कर के बीरपुर तशरीफ ले आअे और आपकी वफात हो गई. ये खबर सुनकर सुलतान जलालुद्दीन अकबर बहोत ही अफसोस करने लगा और केहने लगा के मुजे मालुम न था और में मुलाकात से मेहरुम रहा. हझरत को आपके वालिद साहब के रोझे में सब ख्वैशो अकारबने मिलकर मदफन किये.

शाह प्यारुल्लाह नूरुल्लाह वल्द शैखुल ईस्लाम हझरत शाह लाडमुहंमद रहमतुल्लाह अलयह

हझरत ख्वाजा सैयद शाह प्यारुल्लाह रहमतुल्लाह अलयह हझरत शाह लाडमुहंमद शैखुल ईस्लाम रहमतुल्लाह अलयहके साहबझादे और हझरत काझी मियां महमूद महेबूबुल्लाह उर्फे दरियाई दुल्हा के पोते हें. आपके औसाफे गिरामी लातादाद हैं. आपने कभी दुनिया की दौलत की तमन्ना नहीं की मगर आपके मुरीदेन रोज बरोझ आपकी खिदमत में नझरो नियाझ लेकर हाजिर होते थे, साथमें नगद याने रुपिअे हदीया में लाते और आपके हुजरे मुबारक में जमा रखते. जब जुमाकी रात आती तो आप हझरत हुजरे में जाते, वहां दुनिया की नेअमत बेहद होती तो उसे देखकर आप फरमाते के किस लिये ये सब जमा किया गया है? उस वक्त खुदाम अर्झ करते के अय हझरत गौसुलवरा मुरशिद व पीर! ईसमें हमारी कोई तकसीर नहीं क्युं के ये तो तुलबा और मुरीदां सिदक दिलसे नझराना लाअे हैं. ये सुनकर हझरत खामोश रहे और जुमा के रोझ तुलबा और मिस्कीनोको जमा कर के बांट देते यहां तक के आपके हुजरे में मिट्टी का बरतन भी नहीं रेहने देते थे और जब मकान खाली देखते तो ये कुछ दोहरा खुश होकर कहते थे. हझरत प्यारुल्लाह रहमतुल्लाह अलयह की ये आदत थी के हर जुमा को जो कुछ हाजिर होता वो सब तकसीम कर देते. आपके मुरीद अेसे यकीनवाले थे के ईसी तोर हर हफता हुजरा खाली होता तो वो भर देते थे और आप बांटते रेहते, अेसे आप तवक्कलवाले थे. और दुनिया के झरो दीनार से बेझार थे. आपके पास जो भी माल दोलत आता उसे आप बांट देते थे.

हझरत खवाजा सैयद प्यारुल्लाह रहमतुल्लाह अलयह

हझरत शाह प्यारुल्लाह रहमतुल्लाह अलयह पहाळों में हमेशा ईबादत व जिक्रो ईफ्कार के लिये जाया करते थे. और वो दुनिया को कोई तकलीफ नहीं देते थे. आपका अेक वाकेआ ईस तरह से रावी ने बयान किया है के अेक रोज आप पहाळ पर चिल्लाकशी के लिये तशरीफ ले गअे. उस वक्त आपके पास दस खजूरें थी ईसी पर आपने चिल्ला पुरा किया. और बाद फारिग होने के बीरपुर में अपने मकान पर तशरीफ लाये और आपने मुसल्ले को खोला. अेक चूंटी (कीडी) उसमें से निकल

आई. उस वक्त हझरतने कहा के ये तरीकअे उलफत हे प्यारुल्लाह रहमतुल्लाह अलयह क्युं के तुमने ईस चूंटी को बेवतन किया हे और उसको रंझ में डाला के ईस लिये तुम्हारी ईबादत मकबुले दरगाह नहीं, ये अफसोस की बात हे. ये केहकर आपने अपने दिल में सोचकर पहाड की तरफ वो चूंटी को लेकर तशरीफ ले गअे और उसे उसके मुकाम पर पहोंचाकर आप मकान पर वापस तशरीफ लाअे और चूंटी का दिल दुखाया नहींई ईस नकल के मुताबिक अेक गझल हे उसे बयान करता हुं.

गझल सुफी अझ हझरत अब्दुललतीफ रहमतुल्लाह अलयह
वलागर तुजको हे ख्वाहिश, लिकाअे हझरते बारी
खयाले माशीया अल्लाह से, तो अपने दिल को कर आरी
अगर कुछ होश हे तुजको, दिल आसाई का पशा कर
यहां हरगिझ रवां मत रख, जहां की तूं दिल आझारी
रफीक अगरझ तुझको हो तौफीक, आहसन हसन, कारी गर
के जुझ अफआल खुश गोई, करे ता हश्र में यारी
हदीसे सरवरे दीं हे, के दुनिया कशत उकबा हे
यहां पर कुश्त गारीश्तिजस वजहे की बारवी बारी
भरोसा क्या हे दमका, वो आवे या के ना आवे
तूं हो बेदार वक्ते नीम शब कर जुर्म से झारी
अनीसे गम झदा हो और जलीसे खासगान हो
हमीमे महेरबां हो बे-कसों की कर मददगारी
ईलाही वास्ते मकबुल, हक शाह प्यारुल्लाह
लतीफे कमतरी को, दे नबीकी हुक्म बरदारी

हजरत शाह प्यारुल्लाह नुरुल्लाह रहमतुल्लाह अलयह का चारपाई उचकना

हझरत शाह प्यारुल्लाह रहमतुल्लाह अलयह मोडासा शहर में मुकीम थे. वहां अेक नया हाकिम आया और उसने हर मकान से अेक अेक चारपाई लाने को सिपाही भेजे, मजदुर के हाथ से जब वो चारपाई हमालों ने लाकर ईखट्टा की और कस्बे की तरफ

रवाना हुवे, उस वक्त हझरत शाह प्यारुल्लाह रहमतुल्लाह अलयह दहेलीझ पर खडे हुवे थे. उस वक्त आपकी तरफ अेक आदमी दोळा और हझरत को पकड लाया और हझरत के सरपे अेक खाट उठवाई, आप पर कुछ रहेम न खाया. जब किले के दरवाझे पे आप पहोंचे, उस वक्त हाकिमने आपको देखा और गोरसे देखा तो चारपाई सरसे उपर है तो उस वक्त हाकिम ने कहा सिपाहीयों से के ये कौन ईन्सान हे? ये कोई गौस अेहले करामत या कुतुबे जमां हे?! अलगरझ उस वक्त अेहले मजलिस देखने लगे गौरसे और केहने लगे के ये तो हझरत महेबूबे सुब्हान हबीबुल्लाह हझरत शाह प्यारुल्लाह रहमतुल्लाह अलयह नूरुल्लाह हैं, ये सुनकर हाकिम हझरत के कदमबोस हुवा और अपने गुनाहों की मुआफी मांगी. उस वक्त हझरत हाफिझ का मिसराअ पढे.

हझरत शाह प्यारुल्लाह नूरुल्लाह रहमतुल्लाह अलयह जब वो हाकिम जिसने आपके सरपे चारपाई रखवाई थी, वहां से आप अपने मकान की तरफ वापस लोटे और उस मगरुर हाकिम के हकमें बददुआ की तो हाकिम अपने ओहदे से माअझुल कर दिया गया. आपके औसाफ बहोत हैं मगर फिलहाल यहां लिखने की गुंजाईश नहीं, ईस लिये यहां से अब आपके साहबझादा हझरत दलीलुल उलमा शाह सालम रहमतुल्लाह अलयह के कुछ वाकेआत यहां तेहरीर करता हुं.

हझरत दलीलुल उलमा शाह सालम बिन शाह प्यारुल्लाह की दुआओंसे बोरसद की हिन्दु औरतको लडका होना...

हझरत शाह सालम रहमतुल्लाह अलयह अेक रोझ कस्द करके मुसाफिर होकर बोरसद तशरीफ ले गअे. वहां पर अेक हरजी नामका हिन्दु कोम का आशिक रहेता था और उसने सुना के हझरत शाह मियां महमूद महेबूबुल्लाह उर्फे दरियाई दुल्हा के पोते बीरपुर से ईस कस्बे बोरसद में तशरीफ लाये हैं, ये सुनकर वोह उसकी औरत को साथ लेकर आपकी खिदमत में हाजिर हुवा और अदबसे मर्दोझन दोनों ने आपकी कदम बोसी की और अपना मकसद बयान किया के या हझरत! आप दुआ करो ताके हम हमारा मकसद पाएं. आपने फरमाया के ये तेरी औरत बेऔलाद है, ईससे तेरा घर आबाद होगा. मेरे अजदाद की बरकत से परवरदिगार दो लळके देगा.

अलगरझ हमल पर दस माह गुझरे तो उसके वहां उसी औरत के पेट से लडका पयदा हुवा और उसके बाद दूसरा भी लडका पयदा हुवा. ईसी तरहा अब तक बोरसद में उनकी औलाद है.

हझरत अब्दे मुन्ईम ईब्ने शाह लाड महंमद रहमतुल्लाह अलयह

हझरत शाह लाडमहंमद रहमतुल्लाह अलयह के हझरत शाह प्यारुल्लाह रहमतुल्लाह अलयह के सिवा तीन और फरझंद थे, वोह हझरत अब्दे मुनइम रहमतुल्लाह अलयह हझरत शाह महंमद सालेह रहमतुल्लाह अलयह और हझरत शाह वली अल्लाह रहमतुल्लाह अलयह हैं ये सब आपके साहबझादे थे. उनमें हझरत शाह वलीअल्लाह रहमतुल्लाह अलयह शैखुल वक्त थे और हझरत शाह अब्दे मुन्ईम रहमतुल्लाह अलयह बहोत बळे अल्लामा थे, उस वक्त के जैयद उलमा हझरत शाह उमर शाह रहमतुल्लाह अलयह थे. उनसे जो मस्अला हल न हो सकता तो हझरत शाह वलीअल्लाह से हल कराते थे. आपको परवरदिगारे आलमने इल्मे लदुन्नीसे नवाझा था और आप हमेशा झिक्रो फिक्र में तमाम वक्त गुझारते थे.

हझरत शाह अब्दे मुन्ईन रहमतुल्लह अलयह

हझरत शाह प्यारुल्लाह रहमतुल्लाह अलयह रमझान के महीने में तरावीह पळ्हाते थे, उस वक्त आपके मुकतदीयों में हझरत शाह वलीअल्लाह रहमतुल्लाह अलयह और हझरत शाह अब्दे मुन्ईम रहमतुल्लाह अलयह और हझरत शाह महंमद सालेह रहमतुल्लाह अलयह और चोथे हझरत शाह उमर पीर आलिमे जय्यद रहमतुल्लाह अलयह और उनके सिवा और भी ईन्सान मौजूद थे, जब किराअत हझरत प्यारुल्लाह रहमतुल्लाह अलयह पळ्ह रहे थे. उस वक्त हझरत शाह उमर रहमतुल्लाह अलयहने लुकमा दिया तो उस वक्त हझरत शाह अब्दे मुन्ईम रहमतुल्लाह अलयह खफा हुवे और केहने लगे के चचा अब्बा को क्युं तुमने लुकमा दिया और उनसे तुमने गुस्ताखी की क्युं के अभी तुम बच्चा हो और ईतनी जुरअत तुम में कहां! खबरदार? अब कभी ऐसी गुस्ताखी नहीं करना. बुझुर्ग का अदब और ताअझीम करना, उस वक्त हझरत शाह प्यारुल्लाह नूरुल्लाह रहमतुल्लाह अलयहने फरमाया के उनको कुछ मत कहो ये

बराबर (सही) हे क्युं के मेंने लोहे महेफुझ पर लिखखा हुवा देखा हे के उमर गलती को दुरस्त करनेवाले हैं. फिर हझरतने तरावीह की निय्यत की और भतीजे को ईझझत दी.

हझरत शाह उमर बिन शाह अब्दे मुन्ईम रहमतुल्लाह अलयह व राफझी

हझरत शाह उमर बिन शाह अब्दे मुन्ईम रहमतुल्लाह अलयह के झमाने में मिरझा अेलम कली बेग नामी मुगल बीरपुर में हाकिम था और वो हर साल झमींनदारो को और मशाईखों को अनाज की चीठ्ठी देता था ये दस्तुर हझरत शाह हमीदुद्दीन रहमतुल्लाह अलयह के झमाने से चला आता था मगर ईस कमीने मुगलने हकदारोंको चीठ्ठी देना बंधकर दिया तो उस वक्त हझरत के पास तमाम मशाईख और झमीनदार आकर अर्झ करने लगे के हझरत! ईस मुगल राफझीने हमारी अनाजकी चीठ्ठी बंद कर दी हे और ये सिलसिला हझरत शाह हमीदुद्दीन रहमतुल्लाह अलयह से चला आ रहा है तो आप और हम सब मिलकर उसके पास चलें और आपके झरीये से हमारा सबका काम बन जाअे, उस वक्त आपने फरमाया के मुजे ईस वक्त ईस काम से दुर रहेने दो, तुम सब मिलकर जाओ, सबने ईसरार किया मगर आप तो अपने विर्द वझाईफ में हर वक्त रहा करते थे और कभी दुनियादार हाकिमसे मिलते नहीं थे ईस बात से ये मुगल पूरा वाकेफ था और जब दीगर मशाईखोंने उसकी खिदमत में हाझिर होकर चीठ्ठी का कहा तो उसने बहाना किया के हझरत शाह उमर रहमतुल्लाह अलयह यहां तशरीफ लाअें तो में चीठ्ठी दुंगा. ये बात उसकी सुनकर तमाम झमीनदार आप हझरत की खिदमतमे हाझिर हुवे और अर्ज की के हझरत! मुगल ने आपके वहां आने पर चीठ्ठी देने का वादा किया हे तो आप करम फरमाकर हमारे साथ तशरीफ ले चलो तो बहेतर होगा. तब आपने फरमाया के ये मुगल राफझी बळा झुठा और झबानदराज है. और बहोत बडा फितनाअंगेझ है, ईस लिये फसादखोर जानी दुश्मन हमारा है, ये सब बातें जो उसने कहीं वो सब फितना से खाली नहीं और वो गल्लाकी चीठ्ठी हरगिज नहीं देगा. मगर सब झमीनदार आपको लाचार करके साथ ले गअे. जब आप उस हाकिम नाबकार के मकान पर तशरीफ ले गअे, उस वक्त उस कमीने ने आपकी तरफ हिकारत से देखा और शेखी

करके मुस्कुराया और आपके साथ में बदी से पेश आया. आप दिलगीर होकर वापस आपके दौलतखाने पर तशरीफ ले आअे और दिलगीर होकर दरगाहे जददी के मझार पर हाझिर हुवे और मझारे अकदस पर जो गिलाफ था, उस गिलाफ में अपना सर डालकर अर्झ की या जददी! मुजे मीरझां ने दुनिया में खजल (शरमीन्दा) किया है. ईस तरहा आहोझारी गिलाफ के अंदर मुंह रखकर करते रहे और अपना मुंह बाहर न निकाला, जब तक उनको झाहिर न हुवा. आपका जवाब मिल गया तो आप मकान पर तशरीफ ले आअे तो उस वक्त आपको शिददत की बुखारने झोर किया, ये आपकी बुखार की खबर कसबे में घर बघर फेल गई और तमाम के तमाम आपकी खिदमत में हाझिर हुवे और हकीम और तबीबों को हाझिर किये, जब उन्होंने आपकी नब्झ देखी तो सब रोने लगे उस वक्त आपने अेक मिसरा फारसी का पळ्हा.

फर्द फारसी

तबझदाअे इश्क रा न बझ म गीर अय हकीम
रंजे तू बे फायदा अस्त मर्झे मन ला दवा अस्त

सब हाजिराने मजलिस के दिल चक हो गअे और कहेने लगे के अब हझरत को वासिले हक होनेका ईमकान हे मगर हमको ये मिरझां बरबाद कर देगा, उस वक्त आपने फरमाया के कुछ गम मत करो, खुदावंदे करीम कादिरे मुतलक हे और ईस मिरझां को जहन्नम में दाखिल कराके मैं मौला के नाम पर जान हाजिर कर दुंगा. आपका ये केहना था के हाकिम मिरझां के जिस्म में अैसा दर्द पेदा हुवा के उसको पालकी में सुलाकर हझरत की खिदमत में हाजिर हुवे और शोरो गुल करने लगे और केहने लगे के आप दुआ फरमाओ ताके उसे शिफा मिले, अब आपसे हरगिज सरकशी न करेगा और आपके कहेने के मुताबिक करेगा. आप रहेम फरमाओ तब आपने फरमाया के उसके जिगर को हझरत मियां महमूद महेबूबुल्लाह उर्फे दरियाई दुल्हा रहमतुल्लाह अलयह के तीरने छेद दिया है ईस लिये ये झख्म अच्छा नहीं होगा और फिर वो वापस फिरकर मिरझां के मकान में दाखिल हुवे और वहां जाकर देखा तो मिरझां मरा हुवा था. और उसका जनाझा अहमदआबाद पहोंचाया और उसको ईसके दादा के कब्रस्तानमें दफनाया.

हझरत शाह उमर बिन अब्दुल मुन्इम रहमतुल्लाह अलयह दूसरे रोझ सूअे उकबा तशरीफ ले गअे, उनकी हिकायत यहां खत्म करके उनके भाईयोंका बयान सुनो, बीबी रझीया नुसरतके शिकमे पाकसे पांच फरझंद तवल्लुद हुअे.

प्यारुल्लाह नुरुल्लाह रहमतुल्लाह अलयहे के फरजंदो के हालात

हझरत बीबी रझीया नुसरत हझरत शाह अबू मोहंमद रहमतुल्लाह अलयह की साहबझादी थी. आपके अव्वल फरझंद शाह सालम मुसम्मा रहमतुल्लाह अलयह और दूसरे साहबझादा हझरत शाह सादुल्ला रहमतुल्लाह अलयह हैं. उनका मझारे मुबारक प्रांतिज में तालाब की बोख में है, वहां आपके मझारे अकदस पर वहां के रहेनेवाले आपके शैदाई वहां जाकर नझरो न्याझ मझारे अकदस पर हाजिर होकर करते हैं और तीसरे साहबझादा हझरत शाह मारुफ रहमतुल्लाह अलयह हैं. उनका मझारे अकदस परगना मोन्धा (ता. कपडवंज) में है और चोथे साहबझादा शाह तैफुर रहमतुल्लाह अलयह हैं. और उनका मझार अलीणा में है. और पांचवें साहबझादा हझरत शाह मनसुर रहमतुल्लाह अलयह हैं. उनका मझार सोरठ काठीयावाड के नवानगर में है. ये सब हझरत के प्यारे नबीरे थे. और वालिद साहब के हुक्म से मुसाफिर हुवे थे और घर से निकलकर जा-ब-जा आलम में सैयाही करते थे, उनमें से हझरत शाह मनसुर रहमतुल्लाह अलयह झबरदस्त मस्त थे और वो बरहना रहेते थे.

जामनगर-नवानगर में हजरत पीर सैयद शाह मनसुर बीन शाह प्यारुल्लाह का शुके कुवेको हराभरा कर देना.

हझरत शाह मनसुर रहमतुल्लाह अलयह अेक वक्त आपके साथ में दो दुरवेशों को लेकर नवानगर में उतरे. उस वक्त वहां का राजा जाम नामी था. और उसको कहा के तू तेरी लळकी दे वरना अपने मुलक से हाथ उठाले, अगर तुने लळकी नहीं दी तो मैं तेरे राज को ताराज कर दुंगा. आखिर तु फकीरों की तरह मोहताज हो जायेगा. ये सुनकर राजाने वझीरों को बुलाकर मशवरा किया और राजा ने कहा, तुम सब वझीर मिलकर कोई तदबीर करो ताके हझरत यहां से चले जा. दिलगीर हो कर उस

वक्त सबने मिलकर मशवराह करके हझरत से कहा अगर आपको राजा की लळकी की ख्वाहिश है और आप शाहे महमूद रहमतुल्लाह अलयह के पोता हो तो हम कहे वो काम करो, तब आपने उनसे कहा के केह दो जो कुछ तुम्हारे दिल का मकसद हे क्यों के हक तआला बडा कारसाझ है और मुश्किल को आसान करनेवाला है. तब वझीरोंने हझरत से कहा के राजा का बाग है उसमें अेक कूवा है वो कदीमी सुखा है. उसमें पानी का कतरा भी नहीं और बाग में सब पौदे भी खुश्क हैं अगर बाग हराभरा हो जावे और कूआ पानी से लबरेझ हो जाये तो आपको लळकी दे दें उस वक्त आपने फरमाया ईन्शाअल्लाह हम कल जाअेंगे और वोह बाग सुखा है उसको देख आएगे. आप फजर को उठकर तशरीफ बागमें ले गअे और उस कुअेमें आपने लोआबे दहन डाला तो उसी वक्त कुआ जोश में आया, पानीसे लबरेझ हो गया और बाग भी हराभरा हो गया तो फिर बागबांने राजा को जाकर खबर दी के हझरतने गुलशन कर दिया है, आप चलीये वहां, और नझर से देखा के कुआ लबरेझ है, अलगरझ राजा वझीरों को लेकर बाग में गया. और देखकर हेरान हो गया, जब वहां उसने दरख्तों की तरफ देखा तो बहोत सोच में पड गया और उसकी अकीदतमंदी ईतनी बढ गई के वो हझरत पे दिलोजान से फरेफता हो गया. राजा कचेरी में आया और हझरत शाह मनसुर रहमतुल्लाह अलयह को बुलवाअे और राजाने लळकी को संवार के मजलिस में लाकर बिठाई और राजाने हझरत को कहा के, ये लडकी आपको नझर की, आप चाहें तो उसे निकाह में ले सकते हैं. ये सुनकर हझरत ने कहा, ये लळकी मुझे मंजूर है और आपने लळकी के सरपे हाथ रखखा तो उसी वक्त वो भी हझरत की तरह मस्त बन गई और उसी वक्त उसकी झबान से कल्मा जारी हुवा. हझरत के तुफेल वो भी मकबुले रब हो गई.

हजरत महंमद चांद बिरादर हझरत ख्वाजा महमूद महेबूबुल्लाह रहमतुल्लाह अलयहे को चुराया हुआ अनार आपको खाने देना...

हझरत शाह महंमद चांद रहमतुल्लाह अलयह बडे साहिबे करामत और वली उल्लाह थे. और हर वक्त ईबादत रियाझत में मशगुल रहा करते थे. आपकी झबान से

कभीं भी गलत या फहेश अलफाझ नहीं निकले हैं और आपने कभी मकरुह या मशकुक गिझा नहीं खाई. अेक वक्तका वाकेआ हय के अेक शख्स किसी बागमें से अनार चुराकर लाया और उस वक्त आप हझरत के मलफुझात में से महमूदखानी पळह रहे थे के वो अनार काटकर खादिम ने अेक तबक में उसके दाने रखकर आपके सामने लाकर रखखा. तब आपने उस वक्त दानों की तरफ ईशारा कर के कहा के अय दाने जा यहां से! ये सुखनके सुनते ही अनार के दाने तबक में से कीळों की तरह चलकर रवाना हो गअे तो सब हाजिराने मजलिस ये देखकर ताअज्जुब में हुवे. तब हझरतने फरमाया के ये ममनुअ (नाजाईझ चोरीका) था. ईस अनार के दाने कीळों की तरह चले गये. आपने अनार के लानेवाले से कहा के नाजाईझ गिझा दुरवेश को नहीं खिलाना. वो अनार को लानेवाला बहोत पछताया और अपने गुनाह की माफी मांगी और सिदक दिलसे तौबा की और वो हझरत का तालिब हुवा.

हिकायत हझरत महंमद चांद साहब बिन हमीदुद्दीन रहमतुल्लाह अलयह का शेरसे बात करना...

हझरत शाह महंमद चांद रहमतुल्लाह अलयह अेक रोझ पीरमगली पहाळ पर ईबादत के लिये तशरीफ ले जा रहे थे के वहां अेक शेर रास्ते में मिला और बीच रास्ते के खळा हो गया. आपने उस शेर से फरमाया के तू किस लिये रास्ते में खळा है? तो उसने अर्झ किया, हझरत, मुजे अेक अझदहेने परेशान कर रखखा है, वो मेरे मकान में घूस गया है. बाहर नहीं आता, मुजे परेशान कर रखखा है. आप उस झालिम अझदहा से मेरा मकान वापस दिलाओ. ईन्साफ करके मेरी मुश्किल हल कर दो, ये अर्झ कर के शेर अपने मकान की तरफ गया तो वो अझदहा नींद से जागा और दुम हिलाकर उसके मुंह से अेसे शोले निकले के जैसे कहेर की बिजली चमकती हो और वहां जो सब्झ घास उगी हुई थी, वो भी जलकर खाक हो गई. उस वक्त हझरत ने ईस्मे आझम पळह कर आपने फरमाया अझदहा! अगर शेखी करता है तो तेरी शेखी सब मिट जायेगी. त मिसल मेडक के हो जायेगा. ये सुनते ही अझदहा डरा. कांपने लगा, शेर के मकान को छोडकर भाग गया. शेर खुश होकर अपने मकान में गया. हझरत

महंमद चांद रहमतुल्लाह अलयहके मनाकिब बहोत हैं मगर यहां फिलहाल गुन्जाईश नहीं है. ईस लिये उनके साहबझादा हझरत मौलाना अब्दुल कवी रहमतुल्लाह अलयह के कुछ मुनाकीब लीखता हुं.

हझरत शाह अब्दुल कवी बिन हझरत शाह चांद महंमद रहमतुल्लाह अलयह का गांव भालेजमें आगको बुझाना

हझरत अब्दुल कवी रहमतुल्लाह अलयह भालेज गाउं में मुकीम थे. आपने वहां अेक हुजरे में कियाम किया था. उस वक्त भालेज में आग लगी जिससे मकान जलकर खाक हो गये. क्युं के उस वक्त हवा चल रही थी. ईस गमसे वहां के लोग तिल्मिला रहे थे. और चारों तरफ से लोग ईखट्ठा होकर हझरत की खिदमत में हाजिर होकर अर्झ करने लगे के, हझरत! तशरीफ ले चलो. आगमें हमारी बस्ती के मकान बरबाद हुअे जाते हैं. उस वक्त आप हुजरे से उठे और जहां आग जल रही थी वहां तशरीफ ले गअे. आपने अेक पानी का भरा हुवा बरतन लेकर उस पर आयाते कुरआनी पढ्ह कर आगकी तरफ छिळका. उसी वक्त वो आतिश (आग) सर्द हो गई. हझरत के तुफेल उनका माल सामान सब बच गया. आपके मनाकिब बहोत से हैं मगर यहां गुंजाईश नहीं , ईस लिये उनके साहबझादगान का झिक्र लिखता हुं.

हझरत शाह अब्दुल कवी रहमतुल्लाह अलयह के साहबझादे शाह हामिद और उनके खलफ (लळका) हझरत शाह महंमद मीर आरिफ रहमतुल्लाह अलयह हुवे. और वो बहोत बडे मुत्तकी थे. उनके साहबझादा हझरत शाह महंमद चांद सानी रहमतुल्लाह अलयह हुवे और वो बडे झीवकार और अेहले मआनी थे और उनके पांच खलफ (शाहझादे) थे. उनमें से दो झिन्दा रहे वो थे हझरत शाह हामिद कवी और दीगर हझरत शाह अब्दुन्नबी.

उम्मुल ओलीया हझरत बीबी हदीया अलयहीर्रहमा की दुआओसे बलाओ दुर होना...

अर्द महमूद का बनसराखें कलके अेख
ईझत दो हो जगमें सो बीबी हदीया देख
दुआ करे तीना वालिद हर हरीन बे दुआ ना घर कहुं
जगत करामत जानीअे सो साल हिन्द सवह

बीबी हदीया अलीणे में जाकर मुकीम हुई वहां हुजरे में रही, अलीणे की सब बलाअें आपकी दुआ से खो गई और वहां आपकी करामात बहोत सी जाहिर हुई और आपकी दुआ से सबकी मुराद बर आई आपके वाकेआत बहोत हैं.

हजरत शाह अली रजा साहब बीन हजरत शेख सैयद हाजी मोहम्मद याकुब (कुद्दस सिर्रहु) का बयान

हजरत शाह अली रजा साहब हजरत काजी महमूद दरियाइ साहब के खानदान में पेढीनामे में हैं । आपको दिल्ही से मोगल शहेनशाह शाह आलम सानी ने बीरपुर परगने की 1000 बीघा जमीन का फरमान हि.स.1127 में दीया था । आपको इस फरमान में हजरत कुतुब महमूद साहब (क.सी.) का सजजादा-नशीन लीख्खा गया है । आपका मजार मुबारक बीरपुरमें हजरत काजीखान (कुद्दस सिर्रहु) के मकबरे और चांदमीया के चोरा के दरमियान में है । हजरत शाह अली रजा सहाब के वालीदे बुजुर्गवार शेख हाजी मोहंमद याकुब को हीजरी सन 1112 में बीरपुर परगने के गांव का फरमान मोगल शहेनशाह शाह आलम ने दील्ही से दीया था । इस फरमान में आपको दरियाइ साहब का सजजादा-नशीन तहेरीर कीया है इस फरमान में दरियाइ साहब को शैखुल-कबीर का खीताब लीख्खा गया है । इस फरमान में मोहर (1) शाह अलीरजा बीन हाजी मोहंमद याकुब और (2) हजरत हाजी मोहंमद याकुब की भी है इस फरमान में हजरत हाजी मोहंमद याकुब को बीरपुर परगने के (1) कोळलम (कोयडेम) और (2) खाटा गांव दीअे गये है ।

हजरत काजी खान (कुद्दस सिर्रहु) का मकबरा हाकीम अमीर वफादारने तामीर करया है । ये मकबरा शाह आलमके जमाने के कुछ पेहले तामीर हुवा । दरगाह शरीफ के अंदर के मजारो का नकशा शाह सालम बीन प्यारुल्लाह सहाब (कुद्दस सिर्रहु) के हुकम से तीन तालीबे-इल्म (1) अब्दुल

कुद्दुस (2) अब्दुल कय्युम और (3) मौलाना अहेमद ने तैयार कीया है।

फारसी मलफुजु व दस्तावेजो से तरजुमा कीया राकीम । हाजी कमालुद्दीन जैनुद्दीन पीरजादा शुम्बा : ता. 2 फेब्रुआरी 1991, 16 मी रजजब 14 सदी, वकते जवाल मुंबइ।

खानदाने दरियाइ के बुजुर्गो के हालात व वाकीय्यात

हजरत सैयद शाह प्यारुल्लाह नुरुल्लाह वलीयुल्लाह रहमतुल्लाहे अलयह के अव्वल फरजंद शाह सालीम सहाबके बाद शाह सैयद अब्दुल हादी उर्फे शाह अल्हादीया सहाब थे । आप ख्वाजा दरियाइ के सजजादानशीन थे आपको दरगाह शरीफ ख्वाजा दरियाइ की फारसी की सनद अंग्रेज हुकुमतने अंग्रेजीमें देकर मु.नडीआद इस्तेकबाल किया था । आप बडे आलीमे दिन व शाहे बे कस्ब बुझुर्ग थे । आपके अेक ओर भाइ हझरत सैयद शाह मीयां अली थे । आप भी बडे आलीम थे । शाह अल हादीय्या सहाबके दो फरजंद हुअे (1) शाह सहाब उर्फे सैयद शहाबुद्दीन (2) हझरत शाह सैयद बाबु थे।

इनसे और शाखें भी आज बिरपुर शरीफमें मौजुद है । मगर हम आगे याने के हझरत सैयद शाह अलहादीया के फरजंद यानी की हझरत सैयद शाह शहाबुद्दीन उर्फ शाह सहाब से जो साख चली उसपे निगाह करे । शाह सहाब से हझरत ख्वाजा शाह मोहंमद मीठा उर्फे शाह मीठा पैदा हुवे । आप भी अपने जमानेके बडे आली कद्र आलीम व परहेझगार वली-अे कामिल थे । आपके तीन फरजंद हुवे जो तमाम बडे आलीमे दीन मुफफकीर व इबादत गुजार वलीअे कामिल हुवे । (1) सैयद ख्वाजा हाशम उर्फे हाश्मीमीयां (2) सैयद ख्वाजा सिराजुद्दीन (3) सैयद ख्वाजा इल्मुद्दीन उर्फे शाहेआलम मीयां ये बुझुर्गोंकी शाखे आज तक मौजुद है।

अब उनकी औलादोमें.... हजरत पीर सैयदशाह ख्वाजा अब्दुल जब्बार उर्फ जभुमीयां रहमतुल्लाह अलयहे आलिमे बा अमल थे । आपके वालीद सैयद ख्वाजा इल्मुदीन उर्फ शाह सहाब थे । इनके दो और भाइ थे (1) सैयद ख्वाजा हाशेममीयां (2) सैयद ख्वाजा सिराजुद्दीन इन्ही की और औलादे भी आज बीरपुर शरीफमें मौजुद है । आपने तोहफतुल कारी मलफुज हिजरी सन 3 शाबान 1193 में फारसी में नकल लिख्खी है । जीसे करीब 211 का वकत गुजर चुका है । (इसके अलावा दुसरी दीनी किताबे भी लिख्खी थी जो अरबी व फारसीमें थी) उसकी नकल हजरत पीर सय्यिद अल्हाज कमालुद्दीन बिन मोहदिसे गुजरात जैनुद्दीन नाना हुजुर के पास थीं (ये मुंबइ में रहेते थे) इन्होने

एक खत जो मेरे पास मौजुद है इसीमें आपने हजरत अब्दुल जब्बार रहमतुल्लाह अलयहे ने शजरा शरीफ कोर्टमें रजीस्टार कीया था वैसा लिख्खा है उसकी फोटो कोपी से मुजे मुंबइ से ता.20 ओगस्ट 1984 को लीख्खा है। आप अब्दुल जब्बार के चार सहाबजादे थे (1) रहेमुमीयां (2) लीमामीयां (3) बाकिरमीयां (4) कमालुद्दीन हुवे। ये चारों की शाखें बीरपुरमें मौजुद है।

हजरत पीर ख्वाजा सैयद अल्हाज कमालुदीन रहे. बडे इबादत गुजार बाअमल साहिबे कश्फ बुजुर्ग थे आपने गुजरात के बेश्तर इलाके का दौरा कीया था। (हजरत शाह कमालुदीन उर्फ कमुदादा को इ.स.1865 अंग्रेज हुकुमतने मुंबाइ इलाकेके गवर्नर इन काउन्सील की जानिबसे सनद नं.118 अेकर जमीन 119 देकर हजरत ख्वाजा सैयदना शाह महमूद दरियाइ की वहीवट करनेके तौर पर सनद दी थी आपको सजजादानशीन भी लिख्खा है। जो संपादक के पांचवी पुस्त के जद्दे आला है)हदीसे नबवी और कुरआने पाक की तफसीरे वगेरा इल्म अपने घरके आलीमो फाजीलोसे हांसिल कीया था। आपके कुल छह (6) सहाबजादे थे ये तमाम आलीम, फाजील थे अपने 6 बेटो-बेटी दामाद के साथ में यानी 14 बेटे बेटोकी बीबीयों और वो दादा-दादी यानी कुल 16 अफराद एक घरके हजजे बयतुल्लाह गये थे। आप लोग सबके सब बडी उम्र और कसीर औलादवाले कुम्बे के भाइ, भतीजे, नाती नवासेवाले थे। **इस बीना पर आज बीरपुर शरीफ में पहेचान इन घरवालोकी कमुटोला के नामसे होती है।** ये कुम्बे में हर दोरमें बडे बडे नामवर इल्मी तहेजीबी, खुश अखलाक और दुन्या के मामलात से दुर रह कर इल्मेदीन इस्लामी तब्लीग, मुरीदैन व मोअतकीदीन में हमा वकत सफरमें गुजारते थे। सफरकी बिना पर जाअेदाद - मिलकीयत से दुर रहे कयुंके... अल्लाह त्आला ने इस कुम्बे से बडा काम लीया यही छेह-छेह (यांने भाइओने) गुजरात, राजस्थान, मध्यप्रदेश, महाराष्ट्र और दकक्नके दौरे किये। दूर देहातो में जा-जाकर इस्लामकी सच्ची तबलीग अपने बुजुर्गो के नकशे कदम पर चलके की। जीनके नाम कुछ इस तरह है (1) सैयद मौलाना हाजी दोस्त मोहंमद (2) सैयद मौलाना हाजी मुफती जमालुद्दीन (3) सैयद ख्वाजा हाजी मुफती शाहआलम (4) सैयद मौलाना हाजी कासममीयां (5) सैयद हाजी मौलाना अकबरमीयां (6) सैयद ख्वाजा हाजी मुफती आलीमे रब्बानी शाह सहाबमीयां।

हजके मौके पर दादीजान ने अल्लाह त्आलके घरमें और मीना मुजदलफा मकामे इब्राहीम, सफा-मरवाह और मदीना शरीफमें दुआ करते के अल्लाह त्आला मेरी हर एक नस्लमें तुं हाजी रखना वैसा ही हुवा है। आज वही छट्ठी पुस्तमें नस्ल ब नस्ले अल्हम्दो लिल्लाह हाजी है। ये परहेजगार मां की

सच्ची दुआ हैं । फिर इन्ही से जमालुद्दीन बिन कमालुद्दीन बिन अब्दुलजब्बार रहमतुल्लाह अलयहे आप से पांच फरजंद हुअे जीनके नाम हस्बेजैल है (1) साहेबमीयां (शहाबुद्दीन) (2) मोसुमीयां (3) वलीमीयां (4) सैयदमीयां (5) मुरादमीयां हुवे और एक सहाबजादी हुइ थी । हजरत पीर अल्हाज मौलाना शाह जमालुद्दीन की शादी सैयदा साबडीबीबी (साबेराबीबी) से हुइ थी । मलीक रसूलमीयां बिन हुसैनमीयां बिन छाबामीयां बिन मलीक रसुलमीयां से हुइ थी । (इनका खानदान आगे चलके हजरत काजीखान सहाबसे जाकर सिलसिला मीलता है, यह काजीखान सहाब हजरत सैयद शाह हमीदुद्दीन चाहिलदा आरिफ बिल्लाह रहमतुल्लाह अलयहे के दामाद है आपकी शाहबजादी सैयदा अमतुरउफ उर्फे बीबी सहाबासे निकाह हुवा था । इन्हे बिरपुर परगना के गाम राजेणा व लीमरवाडा इनामी तौर पर मिले थे । बादशाही दोरमें ये दस्तावेज फारसी में थे । अंग्रेजी हुकुमतने इ.स.1760 में मु.खेडा बुलाकर अंग्रेजी में सनद कर दी थी और ये मलीक खानदानवालो को दीये थें । ता.7-3-1987 6 रजजब हि.स. 1407 पीरजादा हाजी कमालुद्दीन जैनुद्दीन सहाब के खतमें मुजे लिख्खा है) मेरे दादा हजरत सैयद शाह मौलाना शहाबुद्दीन मु.बालासिनोर में तलाव दरवाजा के पास आइ हुइ खजुरी मस्जीद में 40 साल इमामत पर फाइजी रहे । बालासिनोर से बीरपुर नवाब सहाबकी खानगी टपाल आप कभी कभी लाते ले जाते थें । फजर की नमाज के बाद बिरपुर आते जोहरकी नमाज के वकत वापस चले जाते । इस तरहा मुकाम वरघरी ता.लुणावाडा जी.पंचमहाल की मस्जीद की बुनियाद भी आपने डाली थी । वहां भी 15 साल इमामत का फरीजा निभाया था । सबके सब पांचो भाइ दीनदार और आलिमे बा अमल थे । हमारी दादी अम्मा सैयदा अजोबीबी थे आप भी बडी इल्म्वाली परहेजगार खातुन थीं । इनमें हजरत शहाबुद्दीन बिन जमालुद्दीन सहाबसे आगे लिख रहा हुं इनके पांच फरजंद थे ।

अे (1) पीरजादा सैयद अब्दुलर्रहेमान बीन शहाबुद्दीन (साहेबमीयां)

आप पोलीस में थे दीन-दुन्यवी इल्म घरके लोगो से व बीरपुरमें हांसील कीया । आपकी शादी कारंटा शरीफ जनाब पीरजादा नुरबीबी के साथ हुइ थी आप बडे अब्बा (संपादक) के थे । भर जवानीमें इन्तेकाल फरमा गये बडी अम्मा कारंटा शरीफ चले गये । यहां अपने वालीदा व भाइओके साथ रहेते थे । आप के एक फरजंद हुवे, जनाब पीर सैयद कमरुद्दीन बाबा के वालीद का इन्तेकाल 14 रजजब 1943 में हुआ मदफन बीरपुरमें हुआ और वालीदा हजीयाणी नुरबीबी का इन्तेकाल ता.28-10-92 को हुवा मदफन कारंटा शरीफ कीये है ।

नाम : पीर सैयद कमरुद्दीन अे. पीरजादा

पैदाइश : 20 शाबान हि.स.1363, इ.स.4-4-1944 दिन हुइ थी।

11 सालकी उम्रमें यानी 11 शव्वाल जुन महिनेमें इ.स.1955 को अहमदआबाद दारुल उलुम शाहेआलम (जमालपुर) में दाखिल हुअे। फिर हर साल उर्स कारंटा शरीफ में जाते मेरे वालीद पीर सैयद फतेह मुहम्मद बाबा साहब रहमतुल्लाह अलयहे (संपादक) की दुकान के टेन्ट मंडप लगाते। चाचा-भतीजा साथमें रहते थे। उन्हे आलीम की सनद मु.चांद 20 शाबान हि.स.1381 इ.स.1962 को मीली सनद लेकर कारंटा गये। कुछ दिनोके बाद उर्स मख्दूमे कारंटा जानेके बाद वालीद साह सय्यिद फतेहमोहंमद सहाब को मेरे नाना हुजुर सैयद शाह अल्हाज अब्दुलरझझाक रहमतुल्लाह अलयहेने फरमाया के मीया आपका भतीजा आलीम की सनद लेकर आया है। और अभी तक कारंटा से बीरपुर क्युं नहीं आये। आप फौरन उन्हे बिरपुर बुलालो वालीदने बिरपुर बुलाये में कमरुद्दीन बाबा दादा हुजुर पीर अब्दुलरझझाक बावा को मिलने गअे। आपने अमामा, नये कपडे, जुते, शेरवानी, अचकन वगेरह का इन्तेजाम करवा दीया। ये सारा इन्तेजाम फतेहमोहंमद चाचाने करवाया था। एक शानदार जुलुस यह जुलुस बिरपुर घांचीवाड (शेख भाइओकी मस्जीद) अब मस्जीदे अलीफ से निकला इस जुलुसमें बिरपुर के तमाम बडे हजरात अहमदचाचा, यासीनचाचा, गुलाम मुहंमदचाचा, मुराद दादा, शहाबुद्दीन मीयां, नजुमीयां, फजलीमीयां, अहमदमीयां, मलीक इनायत शाह, मलीक अहमद शाह, उमरावमीयां मलीक वगेरे शामील थे। ये जुलुस मेइन बजारसे कस्बामें होता हुवा दरगाह शरीफ पहुंचा। उस वकत बीरपुर शरीफ के तमाम बडे मशाइख आस्तानअे ख्वाजा दरियाइ पर आपके इर्शाद मुबारक पर मेरे लीये हाजर रख्खे थे। दरगाह शरीफमें जानेके बाद दादा हुजुरने कहा मौलाना कमालुद्दीन वायज करो में नया था। लोग जीतने मौजुद थे उस वकत के जय्यद, आलीम, फाजील थे और दादा हुजुर का हुकम था कया करता। अल्लाह त्आलाने मुजे हिम्मत दी। ख्वाजा दरियाइ के सामने इन्ना आतयना कल कवसर पर मेने थोडी देर वायज बयान की। फीर दादा हुजुर शाह सय्यिद अल्हाज अब्दुलरझझाकबाबा रहमतुल्लाह अलयहे कहा अच्छा बेठ जाओ। इसी आयत को उन्वान बनाकर बडे अच्छे अन्दाज में वायज किया था।

खिलाफत १ : **बिल आखिर आपने मुजे दरगाह शरीफके अंदर ही अमामा बांधा और सिलसिलअे दरियाइयाह सुहरवर्दीया वगेरे सिलसिलोकी खिलाफत दी। सब के सब ने दुआ से सरफराज फरमाया था। बादमें बडे बडे पीरजादा गान (सय्यदजादो) ने मुजे दादा हुजुरके कहने पर अमामा पहेनाये सलाम दुआ**

बाद दादा हुजुरने मुजे एक पेन अपनी जेबसे निकालकर दी मौलाना कमालुद्दीन यह रख्खो आपको बहुत काम आयेगी। में छोटा था भला पेन से क्या काम करुंगा वोह पेन जो काम कर गइ इससे दुन्या खास कर गुजरात व पुरी दुनिया जानती है के आप तयबाह के सह तंत्री (1) सुन्नी कोण (2) बहारे शरीअत (3) जिक्रे जमील (4) सिरते सैयदुल मुरसलीन दिगर गुजराती में बेशुमार किताबे आपने अनुवाद और संपादक की है। सनद मिलने के बाद आपने मुजे कहा दो-चार दिन बाद रमजान शरीफ आनेवाले है आप साठंबा तरावीह पळहाने जाना में आपको छोळने आउंगा। खैर उसी रमजान में इत्तेफाकसे बिरपुर मस्जीदे चाहेलदाह के इमाम हजरत पीर सैयद अल्हाज अनवरमीयां जुनेदी दरियाइ रहमतुल्लाह अलयहे बिमार हुवे। मुजे दादा हुजुरने कहा अब आप कही नही जाओगे रमजान की तरावीह व नमाजे यहीं अदा करवाओगे। अलहम्दोलिल्लाह मुजे बडा फख्र हुवा। जो मस्जीदमें शाह ख्वाजाओ ख्वाजगान पीर हमीदुद्दीन रहमतुल्लाह अलयहे ख्वाजा दरियाइ व मेरे तमाम अजदादने यहां नमाज पळही और पळहाइ वही जगह मुजे नशीब हुइ थी। आप मुजे टींटाइ, बालासिनोर, हलदरवा वगेरह जानेको कहते थे। हजरतने दारुल उलुम शाहे आलम जमालपुर अहमदाबाद मे करीब २५ साल गुजारे थे आज भी आप वहां सरपरस्त है। उन्के अलावा बालासिनोर, टंकारीया, बडौदा दिगर दारुल उलुम सुन्नी मुस्लिम कमीटी गोंडल और दिगर इस्लाम तन्जीमो में आप सरपरस्त है। आपने करीब सात बार हजज की है। आफ्रिका, इंग्लेन्ड, सउदी अरब, पोर्टुगीज, फ्रान्स, केनेडा, अमेरिका दिगर और दुन्या के देशो और काश्मीर-कंडला से किछौछा लखनउं इन्दोर वगेरह हिन्दुस्तान का भी दौरा किया है। आपका पोताभी हाफिज व आलीम की सनद पर फाइज है। आपकी चौथी पुस्त देखनेवाले हमारे खानदानमें नसीब पानेवाले है। आपने अपने वालीदो और अपने दादाओंको नहीं देखा है बल्के आपने तो अपने वालीद को भी नहीं देखा था। अल्लाह त्आला आपकी उम्रमें इजाफा करे... आमीन... आपकी वालेदा सैयदा पीरानीमां नूरबीबी व बेटा अब्दुल मुस्तुफामीयां को भी आपने हजज करवाया है आप भी आपके वालीद के जा-नशीन है।

खिलाफत 2 : ता.25-3-86 मु.किछौछा शरीफ, खानकाहे अशरफी में हजरत पीर सैयद मौलाना शाह मुहम्मद मुख्तार अशरफ अशरफी जीलानी कादेरी सहाब रहमतुल्लाह अलयहे सिलसिलाओ अशरफी कादेरी की खिलाफत इझाजत वगेरे 14 खानवादोसे नवाजा था।

खिलाफत 3 : 1999 की सालमें ता.6 अेप्रिल की हज जियारत के बाद बगदाद शरीफ आस्तानाअे हुजरु गौषे पाक रदियल्लाहो त्आला अन्हो के सजजादानशीन व नाजीम हजरत पीर सैयद अब्दुलरहेमान उर्फ जहीरुद्दीन कादेरी दामतहु आलीया ने कादरी सिलसिलाकी खिलाफत से नवाजा था।
खिलाफत 4 : 1979 में हजरत पीर मुफतीये आजम (कानपुर) सुलतानुल मुनाजेरीन किब्ला शाह रफाकत हुसैन मुजफफरपुरी रहमतुल्लाहे अलैहेने पीराने पीर कुत्बुल अकताब सैयदना शाह कुत्तुब महमूद जलाली सुहरवर्दी (खलीफ-अे मख्दुम जलालुद्दीन बुखारी, सुहरवर्दी रहमतुल्लाह अलयहे) कारंटा शरीफ की जामेअ मस्जीदमें इशारा थुदा, खिलाफतो-इजाजत से नवाजा वोह खिलाफते ये है, कादेरी, चिश्ती, अशरफी, हामेदी, बरकाती, जियाइ वगेरा खिलाफतो इजाजत से नवाजा अलहम्दो लिल्लाहे अलाजालिक।
शादी : आपकी पहेली शादी अपने मामु सहाबकी बेटी सैयदा कुरैशाबीबी साहेबह के साथ हुइ थी इन्ही से (1) हाजी अबुल मुस्तुफामीयां (2) जमालुद्दीन (3) फातेमाबीबी औलाद हुइ थी।

बी (2) पीरजादा सैयद अहमदमीयां शाहबुद्दीन (साहेबमीयां)

हमारे चाचा जनाब हजरत सैयद अहमदमीयां साहब दीनदार नमाजी और बिरपुर शरीफ की मस्जीद व दरगाह शरीफ दरियाइ सरकारके ट्रस्टी रहे। वह जवानीमें पान व तमाकु की तिजारत करते थें आप गालीबन 85 सालकी उम्रमें ता.6-5-1987 के रोज वफात पाअे।

उनके चार सहाबजादे थे (1) पीरजादा सैयद जमालुद्दीन (2) मुहंमदमीयां (3) हुसैनमीयां (4) जैनुद्दीन (युअेसअे वाले)
(1) जमालुद्दीन अहेमदमीयां साहेब बिरपुर ग्राम पंचायत के मेम्बर भी थे दरगाह शरीफमें भी काफी वकत खिदमत की। उन्की शादी बिरपुर (महेमुदपुरा) में सैयद गुलामनबी बिन मुहंमदमीयां की बेटी सुरोबीबी से हुइ। आप सन 1987 मे जेल में गाजी के हेसीयत से रहे। उनकी वफात ता.21-7-2003 को हुइ मु.चांद 3 जमादील आखर हि.स.1424। सैयद जमालुद्दीन सहाब तिजारत व खेती का काम करते थे उनके दो सहाबजादे (1) पीर सैयद रियाजुद्दीन (2) पीर सैयद अेजाजुद्दीन और एक सहाबजादी सैयदा जहांआराबीबी है जो संपादक की झोजह (पत्नी) है। जनाब रियाजुद्दीन नोकरी और जनाब अेजाजुद्दीन सरकारी टीचर है मु.कहान, ता.जी.भरुच।
(2) पीरजादा सैयद मुहंमदमीयां अहमदमीयां साहब अेसटी में कंडकटर थें और आप मु.धोलका, जी.अहमदाबाद में रहे थें। आपकी शादी मु.धोलका के

रहेवासी शाह सैयद मुर्तुजामीयां अल्वीयुल हुसैनी साहब की शहाबजादी सैयदा नसीमबानु से हुइ थी । आप दीनी काममें हाथ हीस्सा लेते थे । आपके एक सहाबजादा और तीन सहाबजादीयां हैं । 1) पीर सैयद हमीदुद्दीन उर्फ प्यारे साहब और सहाबजादीओमें 1) सैयदा सफीयुन्नीशां 2) सैयदा फरजुन्नीशां 3) सैयदा साहिस्ताबीबी है । आपका सहाबजादा सैयद हमीदुद्दीन धोलका में ही रहेते है और पेशे से वकालत कर रहे है । अभी आप सरकार दरियाइ रहमतुल्लाह अलयहे दरगाह शरीफ ट्रस्टमें ट्रस्टी भी है (पीरजादा मुहंमदमीयां आपका विशाल चांद 11 जुमेरात रमजान ही.स.1427 इ.स.5-10-2006 में हुआ)

(3) पीरजादा मौलाना सैयद हुसैनमीयां अहमदमीयां साहेब दारुल उलुम शाहे आलम में पढे और गुजरात के कइ गामोमें इमामत की, फिलहाल घर पर ही है । आपकी शादी अपने चाचा पीर सैयद यासीनमीयां सहाबकी सहाबजादी सैयदा मकसुदा बीबी से हुइ । आपके तीन सहाबजादे और एक सहाबजादी है । 1) सैयद हफीजुद्दीन 2) सैयद मौलाना कारी मोहंमद हाशेमीमीयां 3) सैयद सद्दाम हुसैन 4) सहाबजादी सैयेदा शबानाबीबी ।

(4) जनाब पीरजादा जैनुद्दीन अहमदमीयां साहब आप पेशे में टीचर थे और आपकी शादी अपने मामु के यहां यानी मलेक खानदानमें हुइ । मकसुदाबीबी इब्ने अहमद हुसैनमीयां से हुइ आप भी टीचर थे । आप बिरपुर दरगाह शरीफके ट्रस्टी भी रहे बादमें आप अपनी बीबी और बच्चे के साथ अमेरीका जाकर बसे । आपकी वफात चांद 21 बुधवार जिल्हज 1430 ता.9-12-2009 को हुइ । आप के दो सहाबजादे 1) सैयद खुरशीद अहमद 2) सैयद सीराजुद्दीन व सहाबजादीयां 3) सैयदा अतीयाबानु 4) सैयदा नाजनीनबानु है जो सभी आज भी अमेरीकामें बसे हुवे है ।

सी (3) पीरजादा सैयद सुफी गुलाम मुहंमद शहाबुद्दीन (साहेबमीयां) हमारे चाचा जनाब हजरत सैयद गुलाममहंमद सहाब जवानी में कपडे की तिजारत करते थे । फिर बीरपुर जामे दरियाइ मस्जीदमें इमामत पर फाइज रहे खिदमत देते रहे । आपकी शादी सैयदा जोहराबीबी इब्ने सैयद उस्मानमीयां इमाममीयां बुखारीकी बेटी से हुइ थी । आपके एक सहाबजादा सैयद इखत्यार अहेमद और एक शहाबजादी सैयद महेमुदाबीबी है । सैयद इखत्यार अहेमदने अपनी वालेदा के साथ सन 2010 में हज किया था । आपकी शादी आपके चाचा के यहां हुई । सैयदा खैरुन्निशां (फातमाबीबी) से हुई आपके तीन फरजंद है ।

डी (4) पीरजादा सैयद यासीनमीयां सहाबुद्दीन (साहेबमीयां) सैयद यासीनमीयां सहाब मेरे (संपादक) के चोथे नंबर के चाचा थे । आप जवानीमें डेसर, वरछेसर,

सावली वगेरह गांवमें रहेकर दीन का काम अंजाम देते थे । फिर बीरपुर ग्राम पंचायतमें (कारकुन) रहे । जीन बलाओ आपसे जल्दी दुर हो जाती थी । **आपने गुजरातीमें खजान-ऐ-दरियाइ नामकी किताब लीख्खी थी** । मेरे वालीद के गुजरनेके बाद आपने दिली मोहब्बत के साथ हमारी देख-भाल रख्खी थी । आपकी वफात उर्स ख्वाजा दरियाइ के मु.चांद 5 रबीउल आखर को इन्तेकाल हुवा था । आप सहाबके तीन सहाबजादे और सात सहाबजादीया है सहाबजादोमें 1) सैयद निजामुद्दीन 2) सैयद नइमुद्दीन 3) सैयद मौलाना नशीरुद्दीन है ।

इ (5) मेरे वालीद हजरत पीरजादा सैयद फतेमुहंमद साहेबमीयां इल्मे दीन घर के लोग वालीद, चाचओंसे शीखा । तीन-या चार धोरण का गुजराती इल्म शीखा । भाइओंके साथ पान की दुकान दरगाह शरीफके काम व तंबाकु बीडी बनवानेका काम था । बीरपुर शरीफमें आपकी बडी इजजत थी आपने खेती भी की और पौदे (जाड) भी काभी जमीन में लगाये थे । हमारी एक जमीन में करीब 60 से 70 आम के पेड लगाये थे जो काफी बडे थे । 1973 की बारिश की जयादा रेल (पुर) आनेसे बह गये थे । कुछ बडे पेड थे लेकिन घरेलु हालातने मजबुर करके बील आखिर 1983 में खुद मेने ही उसे कटवा डाले थे । ये मेरी जीन्दगीका सबसे बडा दर्द रखनेवाला काम कीया था । वकत की मजबुरी हालत ने मजबुर कीया था कयुंके कोइ सहारा न था खाना, पीना, स्कुल मद्रसा के लिये दिगर दुन्यवी कामो के लिये रुपिये नही थे । वालेदा अकेली तन्हा थी और कोइ कमाइ का साधन न था लंबी जमीन नहीं थी । कया करते वालिदका विसाल ता.14-11-1976 हि.स.1396 चांद 21 जील्कद सुब्ह 11 बाद रोज हुवा था । नाना हुजुर मुजे और भाइ पीर सैयद अल्हाज शफीयुल्लाह सहाबको ता.14-05-1977, जमादिउल अव्वल चांद 25 हि.स.1397 को बीरपुर शरीफसे अहमदआबाद दारुल उलुम शाहे आलममें दाखिल कराके इल्मे दीन हांसिल करने नानाजान हजरत पीर सैयद अल्हाज अब्बुलरझझाक (रहमतुल्लाह अलयहे) रख गये थे । उस वकत हजरत किब्ला हाजी पीर सैयद मौलाना कमालुद्दीन ओ, पीरजादा दारुल उलुम शाहे आलममें मौजुद थे । इन्हे देखभाल और कियादतमें सोपें थे, कुछ वकत के तकाजेने मुजे मजबुर कीया दारुल उलुम की पळहाइ छोडकर बीरपुर आना पडा था । कयुं जब मेरी ही 10 सालकी उम्र थी मेरे बाद पीर युसुफमीयां, कुरेशाबीबी और आइशाबीबी ये तीन भाइ बहन छोटे थे । ये हालत व घरके खानकाह दिगर पोजीशनसे हमे मजबुर कर लीया था । नाना हुजुर की सब मिलकीयत, अम्मा सहाब के हाथो आइ थी । इन्ही मकान, किताबो और सोहबतकी वजहसे दीनदारी इल्म, फजल इजजतो

व दोलत नसीब हुइ थी। अम्मा सहाबने सारे करीब 12 मकान किराये दीये थे ये इन्ही भाडों से हमारा गुजरान होता एक वकत था, अम्मा सहाब के पास करीब 80 तोला सोना और 20 किलो उपर चांदी थी। लेकीन वकत करवट लेते है (इम्तेहान-इल्मी व अमली हर एक पर आता है ऐसा दौर हम पर भी गुजरा थां) की सुब्ह चाय भी न मीलती थी, दुसरी तो बात दुरकी थी। खैर मां की दुआ नाना जान वालिद वालेदा की तालीम, तरबीयत और हिम्मत, होंसले ने हमे वापस वहीं मोड पर लाकर रख दीये है। ये सारा मंजर ख्वाजा दरियाइ सरकारकी सच्ची मुहब्बत से नसीब हुवा। हर वकत आपकी सवानेह हयात पढना-दिखाना फैलाने का काम करते रहे, करते रहेंगे इन्शाअल्लाह और दीन-रात हमें कामीयाबी नसीब हो वैसी आप भी दुआ करे आमीन। बडे भाइ पीर शफीयुल्लाह सहाबको कारी की शनद दारुल उलुम शाहे आलमसे मीली थी। उसके बाद 6-10-1985 बरोज इतवार को चांद 10 मोहर्रमुल हराम को हजरत किब्ला हाजी पीर कमालुद्दीन जैनुद्दीन (मुंबाइवाला) की जेरे सदारतमें (1) खिलाफत की सनद हजरत पीर सैयद अल्हाज मुफती अे गुजरात शाह कमरुद्दीन बाबा अे. दरियाइ अशरफी ने सिलसिलाअे आलीय्याह, अशरफीयह, कादरीय्याह, चिश्तीया वगैरा की खिलाफत दी थी।

खिलाफत 2 : बगदाद शरीफसे हजरत शेख सैयद मीरा अब्दुलकादीर जीलानी बगदादी रदीयल्लाहो अन्होके सजजादानशीन की जानिबसे भी को जनाब पीर सैयद जहीरुद्दीन कादरीने खिलाफत अता की है।

खिलाफत 3 : हजरत सैयद शैखुल इस्लाम मोहंमद मदनीबावा किछौछवीसे भी को भी खिलाफतसे नवाजा था। आपने दरियाइ सरकार गुजराती, इंग्लीश, उर्दुमें किताबे लीख्खी व शायेअ की है।

हजरत सैयद शाह शफीयुल्लाह की शादी मु.महेमुदपुरा के पीरजादा सैयद अब्दुलरहीम फिरोजमीयां सहाब की बेटी सैयदा हाजराबीबी के साथ ता.23-5-1992 चांद 20 जील्कद ही.स. 1412 के दीन हुइ। इस दीन (संपादक) का भी निकाह हुवा था याने दोनो (संपादक) भाइओकी शादी एक दिन एक साथ हुइ थी आपकी पांच औलाद है।

1) जकीय्याह बीबी उर्फे तौहाबीबी -धो.10 पास
2) हसन मुसन्ना उर्फ तुफैल अहमद - धो. 10 पास
3) अब्दुल रजजाक - कलास -6 ४) मोहंमद जीलानी - कलास -5
5) सायेमाबीबी कलास-3

आपने केन्या, तांजानिय्या, मलावी, मोजाब्बीक, साउथ आफ्रीका, दुबाइ, कोमोरोस देशो के काफी बार दौरे कीये है। दीन-इस्लामी की बडी

खिदमत करते है आपने मु.भिलोडा, महीसा, बरेणा, बडौदा वगेरे कइ जगह मस्जीद मद्रसोकी बुनियाद रख्खी हैं । आप न्युज पेपर राजदंड इस्लामी माहनामा फलाहे इस्लाम चला रहे है ।

इस तरह दीनके काम में तीनो भाइ याने पीर शफीयुल्लाह, पीर मो.मदनीमीयां (संपादक), पीर युसुफमीयां ने अपने अपने जीम्मे एक -दुसरे का काम एक जी जां, एक साथ मीलकर (तीन-तार-एक साथ) करते रहे । खानकाहो व दीन दुन्यवी तरककी करते करते बिल आखीर ता.21-7-2007 को में खुद (संपादक) कुछ मजबुरी बरदास्त न आने की वजह से अपने भाइसे अलग हो गये खैर हर वकत नइ बात सोच दिलाता है । खुद मुख्तार होकर वो चेलेन्ज बील आखीर पा लीया जो जीसके लिये निकाला गया था । अलहम्दो लिल्लाह तीसरे भाइ पीर सैयद मो.युसुफमीयां ने इल्म बीरपुर लुणीशरीफ, जोधपुर, टंकारीया, मद्रसों व दारुल उलुमोंसे लीया । इन्होने भी अपने नाना के मुरीदैन व मोतकीदेन से रिश्ते बनाये रख्खे आज अपनी तरहा दीन का काम अंजाम देते है । इनकी शादी अहमदआबाद के नशरीनबीबी बीन्ते छोटुमीयां कादरी नडीआद के रहेनेवाले हैं खानदाने कादरीय्या में की है ।

ता.29-05-2006 को निकाह कीया गया इन्के 1 बेटा पीरजादा हामीदअकमल है 1 बेटी का नाम हामेदाबीबी है । बेटा इंग्लीश मीडीयममें लुणावाडा में पढ्हते है, बेटी छोटी है । हजरत पीर सैयद अल्हाज कमरुद्दीन दादा सहाबने ता.17 जुलाइ इ.स.2007 मु.चां 6 हि.स.1429 खिलाफतो व इजाजतो से नवाजा था । मेरी दो बहेने है कुरेशाबीब व आयेशाबीबी है । दोनों का निकाह 30-5-1999 को हुवा था । पहेली बहन के बेटे का नाम शहाबुद्दीन बेटी का नाम मैमुनाबीबी है ... पिरजादा रियाजुद्दीन जमालुद्दीन से हुवा (ये संपादक के बीवी के सगे भाइ है) दुसरी बहनके 2 बेटे - 1) बाकीर अहमद 2) मोहंमद शैलानी और 1 बेटी अशियाबीबी है । इन्होका निकाह पीरजादा शकील अहमद महमुदमीयां से हुवा है । मगर कुछ ना इन्साफी की वजहसे करीब 4 सालसे अहमदआबाद अपने भाइ (संपादक) के अपने बच्चोंके साथ रहेते है अल्लाह त्आला अपनी मदद फरमाये (आमीन)

हजरत पीर सैयद मौलाना शाह अल्हाज कुत्बेजमां ख्वाजा अब्दुलरझाक बिन शाह सहाबमीयां रहमतुल्लाह अलयहे (संपादक) के नाना हुजुर थे । आपकी पेदाइश 5-8-1900 सालमें हुइ थी । इल्मे दीन वालिद, चाचा से और आपके ससुर हजरत पीर सैयद हाफेज व मोहद्दीस अल्लामा अश्शाह वलीअे कामील मोहद्दिसे गुजरात जैनुद्दीन बीन इल्मुद्दीन बिन कमालुद्दीन रहमतुल्लाह अलयहे से अरबी, फारसी की सनद ली । बादमें मुरीद

